श्रीतुकाराम-चरित
जीवनी और उपदेश
लेखक—
श्री लक्ष्मण रामचन्द्र पांगारकर बी० ए०
अनुवादक।—
श्री लक्ष्मण नारायण गर्दे

श्री

अनुक्रमणिका

अध्याय विषय पृष्ठ-संख्या

ग्रन्थकारकी प्रस्तावना ... ५

पूर्वखण्ड—कर्मकाण्ड

मङ्गलाचरण ... २१
१ काल-निर्णय ... २९
२ पूर्ववृत्त ... ६१
३ ससारका अनुभव ... ८२

मध्यखण्ड—उपासनाकाण्ड

४ आत्मचरित्र (बीजाध्याय) ... ११७
५ वारकरी सम्प्रदायका साधनमार्ग ... १३२
६ तुकारामजीका ग्रन्थाध्ययन ... १७७
७ गुरु कृपा और कवित्व-स्फूर्ति ... २६१
८ चित्तशुद्धिके उपाय ... २९२
९ सगुणभक्ति और दर्शनोत्कण्ठा ... ३५७
१० श्रीविठ्ठल स्वरूप ... ४०४
११ सगुण-साक्षात्कार ... ४२५

उत्तरखण्ड—ज्ञानकाण्ड

१२ मेघ-वृष्टि ... ४६३
१३ चातक-मण्डल ... ५१६
१४ तुकाराम महाराज और जिजामाई ... ५५०
१५ धन्यता और प्रयाण ... ५६६

ॐ

चित्र-सूची

संख्या	नाम	पृष्ठ
(१)	श्रीविठ्ठल	प्रस्तावनाके सामने
(२)	श्रीविठ्ठल रुक्माई, पण्ढरपुर	मंगलाचरणके सामने
(३)	श्रीतुकाराम	२१
(४)	तुकारामजीका जन्मस्थान	८७
(५)	श्रीतुकारामजीके हस्ताक्षर	२५६
(६)	भण्डारा पहाड़	१२६
(७)	इन्द्रायणीका दह और भामनाथ	४१५
(८)	तुलसीवन और शिवा	४४
(९)	वैकुण्ठगमनके स्थानमें नांदुरगीका वृक्ष	५७७

प्रस्तावना

भगवान् श्रीपाण्डुरङ्गकी कृपासे आज श्रीकृष्णजन्माष्टमी (संवत् १९७७) के परम शुभ अवसरपर मैं अपने पाठकोंको श्रीतुकाराम महाराजका यह चरित्र भेंट करता हूँ । चरित्रग्रन्थोंमे मेरा प्रथम प्रयास 'महाकवि मोरोपन्त और काव्यविवेचन' था जो आठ वर्षके सतत उद्योगके फलस्वरूप संवत् १९६५ में (मराठी भाषामें) प्रकाशित हुआ । इसके अनन्तर श्रीएकनाथ महाराजका संक्षिप्त चरित्र संवत् १९६७ के पौष मासमें और ज्ञानेश्वर महाराजका चरित्र और ग्रन्थ-विवेचन संवत् १९६९ के चैत्र मासमें प्रकाशित हुआ । इसके आठ वर्ष बाद यह ग्रन्थ प्रकाशित हो रहा है । श्रीतुकाराम महाराजके ऋणसे अंशतः मुक्त होनेका यह सुअवसर भगवान्‌ने प्रदान किया, इसके लिये उन दयाघन श्रीनारायणके चरणकमलोंमें प्रणामकर किञ्चित् प्रास्ताविक आरम्भ करता हूँ ।

सबसे पहले इस ग्रन्थके आधारके सम्बन्धमें कुछ कहना आवश्यक है । प्रथम और मुख्य आधार श्रीतुकारामकी अभङ्गवाणी ही है । महाराजका चरित्र यथार्थमें उनके अभङ्गोंमें ही चित्रित है । उनका अन्तरङ्ग, उनका अभ्यास, उनके अनुभव और उपदेश उनके अभङ्गोंमें इतनी उत्तमताके साथ निखर आये हैं कि इतना सुन्दर वर्णन और किसीसे भी बन न पड़ेगा । महाराजके अभङ्गोंको जो जितनी ही आस्था, आदर और चावसे पढ़ेगा और मनन करेगा, उसके सामने महाराज भी अपना हृदय, उतना ही अधिक, खोलकर रख देंगे । महा-राजकी पूर्वपरम्पराको अवश्य ही समझ लेना होगा । मैं यह निःसंकोच और निधड़क कह सकता हूँ कि परम्पराको समझते हुए श्रीतुकाराम महाराजकी वाणीके [illegible]

कुछ दिन यानी बीस-पचीस वर्ष बीते हैं। श्रीतुकाराम महाराजके अभङ्ग उनके सहज उद्गार हैं उनमें कृत्रिमता नाममात्रको भी नहीं है— न विचारोंमें है, न भाषामें ही। कुछ ग्रन्थ ज्ञानसंग्राहक होते हैं, कुछ उपदेशपरक और कुछ स्वगतभाषणरूप। तुकाराम महाराजने जो अभङ्ग रचे वे संसारके ज्ञानभण्डारको भरनेकी बुद्धिसे नहीं रचे। संसारको सीख देनेके लिये कुछ अभङ्ग उन्होंने कहे हैं सही, पर अधिकांश अभङ्ग उनके भगवान्‌के साथ एकान्तकी सहज स्फूर्तिसे ही निकले हुए हैं। अथवा कुछ ऐसे भी अभङ्ग हैं जो उनके स्वगतसंभाषणसे निकल पड़े हैं। 'तुका कहे करूँ, मनसे संवाद।' अपनी ही बात, आपसे ही, ऐसा उनके मनका बैठक था, इससे उनके अभङ्ग प्रायः उनके स्वगतभाषणोद्गारसे ही हैं। अनेक प्रसङ्गोंका वर्णन इस चरित्रग्रन्थमें उन्हींके अभङ्गोंद्वारा हुआ है। स्थान-स्थानपर जो उनके अभङ्गोंके अवतरण दिये हैं उसका कारण भी यही है।

श्रीतुकारामकी अभङ्गवाणी ही इस चरित्रका मुख्य और प्रथम आधार तो है ही। पर इन अभङ्गोंका चुनाव कैसे किया किन-किन संग्रहोंको देखा और किनको प्रमाण माना यह भी यहाँ बता देना आवश्यक है। सबसे पहले माधवचन्द्रोबाने संवत् १९२१–२४ में तुकारामकी 'गाथा' शिलाप्रेसमें छापकर प्रकाशित की। इसमें ४४२८ अभङ्ग थे। इसके पश्चात् बम्बई-शिक्षाविभागके डाइरेक्टर सर अलेक्जैण्डर ग्रांटकी सिफारिशसे बम्बई-सरकारने चौबीस हजार रुपया खर्च करके विष्णुशास्त्री पण्डित तथा शङ्कर पाण्डुरङ्ग पण्डितसे संशोधन कराकर साढ़े चार हजार अभङ्गोंका एक संग्रह इन्दुप्रकाशप्रेससे छपवाकर प्रकाशित किया। इन पण्डितद्वयने देहू, तळेगाँव, कडूस और पण्ढरपुरकी पुरानी हस्त लिखित प्रतियोंको देखकर एक प्रति तैयार की और इस प्रकार यह ग्रन्थ संवत् १९२६ में प्रकाशित हुआ। इसपर वारकरियोंके तत्कालीन प्रसिद्ध नेता भाऊ काटकरकी मुहर लगी है और बड़े-बड़े अक्षरोंमें यह लिखा है कि 'इस ग्रन्थको हमने देहू स्थानमें देखा है। यह सबके मैनेयोग्य है।' इस ग्रन्थमें आरम्भमें श्रीतुकाराम

महाराजका चरित्र अगरेजी और मराठी भाषाओंमें दिया गया है। जो महीपति बाबाके आधारपर लिखा गया है। इसमें पादटिप्पणियोंमें पाठभेद तथा कठिन शब्दोंके अर्थ दिये गये हैं। जिन पुरानी हस्तलिखित प्रतियोंपरसे यह ग्रन्थ उतारा गया, उन प्रतियोंको मैंने देखा है। ये सब प्रतियाँ सौ-सवा-सौ वर्षके आगेकी नहीं हैं, तथापि उनकी कोई परम्परा तो अवश्य है। इन पण्डितद्वयको सन्ताजी जगनाडेकी बही देखनेको नहीं मिली, यह भी स्पष्ट है, तथापि सब बातोंका विचार करते हुए 'इन्दुप्रकाश' से प्रकाशित यह सग्रह बहुत अच्छा है। छपे हुए सग्रहोंमें सबसे अच्छा सग्रह यही है। इसके बाद मॉडगॉवकरजीने भी पाठभेदोंके साथ एक सग्रह छापा है। आपटे और निर्णयसागर आदिने भी विषयविभाग करके भिन्न-भिन्न सग्रह प्रकाशित किये हैं। तुकाराम तात्याका नौ हजार अभङ्गोंका सग्रह सवत् १९४६ में प्रकाशित हुआ। तुकाराम महाराजके अभङ्गोंका सुस्थिर एकाग्र दृष्टिसे विचार करनेपर इस सग्रहमें सगृहीत अनेक अभङ्ग तुकारामके नहीं प्रतीत होते, पर इसका यह मतलब नहीं कि इस सग्रहके ऐसे सभी अभङ्ग जो अन्य सग्रहोंमें नहीं हैं, प्रक्षिप्त हों। बात यह है कि अभीतक अभङ्गोंकी पूरी खोज और परख अच्छी तरहसे होने ही न पायी है। पुराने सग्रहोंमें प्रायः साढे चार हजारसे अधिक अभङ्ग नहीं हैं और तुकारामके सर्वमान्य अभङ्ग इतने ही हैं। सवत् १९६६ में श्रीविष्णुबोवा जोगने सार्थ सग्रह छापा। सब अभङ्गोंका अर्थ लगानेका यह प्रथम ही प्रयास था। इस दृष्टिसे यह सग्रह अच्छा है। इस सग्रहके साथ बारह पृष्ठोंकी एक प्रस्तावना श्रीविष्णुबोवाने जोड़ी है और उसके बाद ही उन्हींके आग्रहसे मेरा लिखा हुआ श्रीतुकाराम महाराजका अल्प चरित्र बारह पृष्ठोंमें आ गया है। पण्ढरपुरमें श्रीतुकाराम महाराजके अभङ्गोंकी दो प्राचीन बहियाँ हैं जो वारकरीमण्डलमें प्रसादस्वरूप मानी जाती हैं। एक वहाँके बडवों यानी पण्डोंकी बही और दूसरी मालियोंकी। पहली बही दो सौ वर्ष पुरानी, सुविख्यात विट्ठलभक्त श्रीप्रह्लादबोवा बडवेके समयकी मानी जाती है। यह बही गङ्गुकाकाके मठमें है। दूसरी बही मालियोंकी

देहूकर तथा वासकरके अखाड़ोंमें सम्मान्य है। सरकारकी मददसे पूनेके आर्यभूषणप्रेसने श्रीहरिनारायण आपटेके तत्त्वावधानमें चार हजार ग्रन्थमें अभंगोंका संग्रह और भाविकोंकी सहायतासे पुस्तकविक्रेता श्रीमोडबोलेजीने जगद्धितेच्छुप्रेससे साढ़े चार हजार अभंगोंका संग्रह प्रकाशित किया। ये दोनों संग्रह संवत् १९७ में प्रकाशित हुए। दोनों ही संग्रह सम्प्रदायमान्य हैं और वारकरियोंके भजनोंमें इन्हींसे काम लिया जाता है। इनके सिवा दो संग्रह और हैं। श्रीतुकाराम महाराजको वैकुण्ठ सिधारे पूरे तीन सौ वर्ष भी न बीतने पाये थे कि उनके अभंगोंमें पाठभेद और प्रक्षिप्त अभंगोंका झगड़ा चल पड़ा और उनके असली अभंगोंके विषयमें सबकी एक राय होना बड़ा कठिन हो गया। ऐसा क्यों हुआ यह भी एक प्रश्न है और इसीका उत्तर ढूँढ़नेके प्रसंगमें श्रीतुकाराम महाराजके असली अभंगोंका संग्रह ढूँढ़ निकालनेकी ओर सब शोधकोंका ध्यान लगा। आशाकी यह एक झलक-सी दिखायी दी कि यदि श्रीतुकाराम महाराजके लेखक गंगाराम मवाळ और सन्ताजी तेली जगनाडेद्वारा लिखित अभंगोंकी बहियाँ कहींसे मिल जायँ तो तुकाराम महाराजके असली अभंगोंका पता लगाना बहुत सुगम हो जायगा। इसी आशासे संवत् १९६ में मैंने तळेगाँव जाकर जगनाडेके घरके बेठन देखे। उनमें सन्ताजी और उनके पुत्र बाळाजीके हाथकी बहियाँ मिल गयीं। उनमें तीन जगह हस्ताक्षर 'सन्ताजी तेली जगनाडे' इस लेखको पढ़कर मुझे बड़ा हर्ष हुआ और ता० २८-४-१९ ई० के 'केसरी' में मैंने दो कालमोंका एक लेख लिखकर इस अमूल्य सम्पत्तिकी ओर सबका ध्यान आकर्षित करनेका प्रयत्न किया। सन्ताजीके एक लेखमें शाके १५९८ (संवत् १० १) और दूसरे लेखमें शाके १६११ (संवत् १०४५) लिखा हुआ है। इससे यह भी पता चला कि सन्ताजी तुकारामजीके प्रयाणके पश्चात् चालीस वर्ष और जीवित रहे। सन्ताजीके हाथका लिखा यह अभंगसंग्रह उतारकर प्रकाशित करनेका काम तो मुझसे नहीं बन पड़ा पर शोधकोंकी रुचि तो उस ओर लग ही गयी। श्रीदत्तोपन्त पोतदारने सन्ताजीकी

वहीपरसे २५८ अभङ्ग उतारे और उन्हें भारत इतिहास-संशोधक-मण्डलके पञ्चम सम्मेलन वृत्तमें प्रकाशित किया। इसके पश्चात् सन्ताजीकी और एक वहीका पता लगाकर थानेके श्रीविनायकराव भावेने श्रीतुकाराम महाराजके 'असली अभङ्गोंका संग्रह' दो भागोंमें हालमें ही प्रकाशित किया है। यह संग्रह बड़े महत्त्वका है। इसमें तेरह सौ अभङ्ग हैं। ये अभङ्ग तुकारामजीके असली अभङ्ग हैं। इसमें संदेह करनेका कोई कारण नहीं रह गया है। श्रीविनायकरावजी लक्ष्मीजीके कृपापात्र हैं और विद्वान् भी हैं, उन्होंने यह सत्कार्य निःस्वार्थ प्रेमसे किया है। यह 'सन्ताजीसंहिता' या 'जगनाडीसंहिता' अभी अधूरी है। इस संग्रहमें छपे हुए अभङ्ग सन्ताजीके हाथके हैं और शुद्ध लेखनपद्धति अवश्य ही तुकारामजीके समयकी और साथ ही सन्ताजीके हाथकी है, यह बात भी ध्यानमें रहे। श्रीतुकाराम महाराजका अध्ययन कितना विशाल और किस उच्च कोटिका था सो आगे पाठक देखेंगे ही। सन्ताजीकी शिक्षा दीक्षा जैसी थी उसी हिसाबसे उनके लेखनमें शुद्धि अशुद्धि आ गयी है। देहूमें मैंने दस-बीस बार चक्कर लगाये और तुकारामके वंशजोंके यहाँके प्रायः सब पोथियोंके वेष्टन और कागज पत्र देखे हैं, और इन सबका उपयोग इस चरित्रग्रन्थमें यथास्थान किया है। देहूमें तुकारामजीके खास घरमें तुकारामजीके हाथकी लिखी एक वही सुरक्षित रखी है। इसे देखनेके लिये बड़ा प्रयत्न करना पड़ा है। इसमें महाराजके दो सौ पचीस अभङ्ग हैं। इसका लेखनप्रकार तुकारामजीके समयका और सन्ताजीकी बहीका-सा ही है। पर जो कुछ लिखा है वह शुद्ध और सुव्यवस्थित है। तुकारामजीके वंशज पूर्वपरम्परासे इस बहीको तुकारामजीके हाथकी लिखी वही मानते चले आये हैं। इस बहीमेंसे दो अभङ्गोंका फोटो इस ग्रन्थमें जोड़ा है। तुकारामजीके हाथके अक्षर कम से कम उनकी सही प्राप्त करनेके लिये मैंने नासिक और त्र्यम्बकमें रहनेवाले देहूकरोंकी मूल बहियोंको देखा। उनकी सही मिल जाती तो बड़ा आनन्द होता! अस्तु। और एक 'अभङ्गगाथा' का उल्लेख करके यह गाथा समाप्त

करूँगा । वहिणाबाईका अभंग संग्रह मुझे थिऊरमें मिला है । छपा हुआ संग्रह नकलसे छपा है, असलसे नहीं । छपे हुए संग्रहमें एक अभंग इस प्रकार है—

कळों आलें तुझें लिंग । देया तू माझें पोषण ॥१॥
आठविती मांस रूपा । सदा निर्गुणीच लपा ॥२॥
याट पाहे भाट ध्याची । सत्तानुरेचि मुळींची ॥३॥
वहेणी म्हणे परदेशी । येथें आम्हां सगें जीसी ॥४॥

इस अभंगको पढ़ते ही ऐसा लगा कि यह तुकारामका ही अभंग है और 'गाथा' में देखा तो सचमुच ही यह तुकारामका अभंग निकला । इन्दुप्रकाश, भावभूषण और जगद्धितेच्छु प्रेसोंद्वारा प्रकाशित संग्रहोंमें कुछ शब्दोंके हेर-फेरके साथ यह अभंग छपा है । वहिणाबाईके असल संग्रहमें यह अभंग इस प्रकार है—

कळों भल तुझ लिंग । देवा तू माझ पोषन ॥१॥
आठवितो याच रूपा । सदा निर्गुणीच छपा ॥२॥
घाट पाहे आठवा ची । सत्ता मोरे मुळिची ॥३॥
तुका म्हणे परदेसि । येथें आम्हां संगें जीसी ॥४॥

सन्ताजीकी गाथामें 'इन्दुप्रकाश' का-सा ही पाठ है । इन्दुप्रकाश 'गाथा' दो साम्प्रदायिक 'गाथाएँ' सन्ताजीकी 'गाथा' वहिणाबाईकी 'गाथा'—ये ही पाँच संग्रह मुख्य हैं । ६ वाँ संग्रह अभी छपा नहीं है । कुछ पाठभेद हैं छुटि-मशुद्धिके कुछ हेर-फेर हैं, इनका संशोधन होना आवश्यक है; तथापि तात्पर्यार्थकी दृष्टिसे देखते हुए 'गाथा-गाथामें' बहुत बड़ा अन्तर नहीं है । सम्प्रदायके सिद्धान्त यदि परिचित हों, श्रीतुकाराम महाराजके विचारों और भावनाओंका अन्तरङ्ग परिचय हो कम-से-कम विचारोंकी अन्तर्धारा बँधी हुई हो तो किसी भी संग्रहसे काम लिया जा सकता है । अभंगोंके शुद्ध पाठ तभी मिल सकते हैं जब या तो तुकाराम जीके हाथकी कोई प्रति मिले अथवा सब उपलब्ध प्रतियोंके अभंगोंको बड़ी तत्परतासे शोधकर परम्परा और संशोधन—दोनों प्रकारसे सर्वमान्य हो सकनेवाला कोई नवीन संग्रह प्रस्तुत किया जाय । मैंने अबतक-

के सभी सग्रहोंमें खास-खास महत्त्वपूर्ण और मार्मिक अभङ्गोंको मिलान करके देखा है और इस प्रकार सम्प्रदायपरम्पराकी दृष्टिसे वारकरियोंमें प्रेमसे सम्मिलित होकर तथा आलन्दी, देहू, पण्ढरीमें परम्परानुसार कथा कीर्तन-प्रवचन सुनने और सुनानेसे प्राप्त सम्प्रदायशुद्ध विचारपद्धतिके अनुसार इन अभङ्गोंका अध्ययन और मनन किया है। इस चरित्रग्रन्थका जो प्रथम और मुख्य आधार है अर्थात् श्रीतुकाराम महाराजके अभङ्ग, उसका यहाँतक विवरण हुआ।

ग्रन्थका दूसरा आधार है शोध। बहुतोंको इस बातका बड़ा आश्चर्य होता है कि एक ही मनुष्य शोधक और भावुक दोनों कैसे हो सकता है! मेरे विचारमें संतोंका चरित्रलेखक तो भावुक, रसिक और चिकित्सक यानी शोधक होना ही चाहिये। परम्परा, उपासना और भक्तिभावकी उत्कटताके बिना संतोंके रहस्य नहीं जाने जा सकते, न उनके ग्रन्थ ही समझमें आ सकते हैं। इस युगमें खोजसे बेखबर रह करके भी तो काम नहीं चल सकता। इसलिये जहाँतक हो सकता है, मैं दोनों ही बातोंको चरित्रग्रन्थोंमें मिलाता हूँ। प्रस्तुत ग्रन्थके लिये, खोजका काम जितना भी मैं कर सका उतना मैंने किया है। इसका दिग्दर्शन भी ऊपर कुछ करा चुका हूँ। यों तो सारा ग्रन्थ ही खोजसे भरा हुआ है। यहाँ उसका विस्तार कहाँतक किया जाय? देहूमें दस-बीस बार जाकर वहाँकी पोथियाँ, कागज-पत्र और बहियाँ देखीं और उनमेंसे उतना ही मसाला इस ग्रन्थमें लगाया है जितना कि इसके लिये पोषक और आवश्यक था। श्रीशिवाजी महाराजके श्रीतुकारामतनय श्रीनारायण बोवाको लिखे दो पत्र मुझे प्राप्त हुए हैं। तुकारामजीके पुत्रोंकी जायदादका बटवारा और बहिणाबाईके पतिके सम्बन्धका एक व्यवस्थापत्र इत्यादि कई कागज-पत्र मेरे हाथ लगे हैं, पर इस ग्रन्थमें उनकी चर्चा चलाकर ग्रन्थका कलेवर बढाना मैंने उचित नहीं समझा। तुकारामजीकी आजदिनतककी वंशावली देहू, पण्ढरपुर, नासिक और त्र्यम्बककी वंशावली तथा प्राचीन लेखोंसे मिलाकर तैयार की, सो भी इस ग्रन्थमें नहीं जोड़ी है। तुकाराम-जीके और सवंशज देहूमें तथा अन्यत्र भी बहुत हैं। तुकाराम महाराज

के अनन्तर उनके कुलमें उनके पुत्र नारायण बोवाके अतिरिक्त गोपाल बोवा, रायोबा और वासुदेव बोवा—तीन पुरुषोंने अच्छी ख्याति लाभ की। नारायण बोवाको छत्रपति श्रीशाहु महाराजने तीन गाँव भेंट किये थे। देहू गाँवकी सनदमें यह लिखा है कि स्वामी तुकोबा गोसाँई के पुत्र नारोबा गोसाँईने प्रसिद्धगड़ दुर्गमें पत्र भेजा, उसमें लिखा कि श्रीतुकाराम महाराज देहूमें भगवत्कथा-कीर्तन करते हुए अदृश्य हो गये, यह बात प्रसिद्ध है। उन्हींके हाथों इन श्रीभगवान्‌की मूर्तिकी पूजा हुआ करती थी। कीर्तन करते हुए तुकारामजीका अदृश्य होना इस बातकी सर्वत्र प्रसिद्धि तथा तुकारामजीका मूर्तिपूजन करना—ये तीनों बातें नारायण बोवाने बड़े महत्त्वकी कही हैं। इस ग्रन्थके पूर्वपीठिकाध्यायमें लोगोंमें मिले हुए कागज-पत्रोंका पूरा उपयोग किया है। इस चरित्रमें तुकारामजीके परपोते गोपाल बोवाका नामोल्लेख कई स्थानोंमें किया गया है। यह गोपाल बोवा तुकाराम महाराजके मझले पुत्र विठोबाके पोते हैं। रायोबा विठोबाके परपोते हैं। विठोबाके दो पुत्र एक गोविन्द और दूसरे गणेश। गोविन्दके पुत्र गोपाल बोवा हुए और गणेशके त्र्यम्बक और फिर त्र्यम्बकके रायोबा।

तुकारामजीके प्रथम पुत्र महादेव बोवा थे। इनके वंशमें वासुदेव बोवा हुए—तुकारामजीके महादेव, महादेवके आबाजी, आबाजीके मुकुन्द और मुकुन्दके वासुदेव। तुकारामजीके बाद वासुदेव बोवा ही सबसे अच्छे निकले। यह भी कहा जाता है कि इन्हींसे देहूका सम्प्रदाय चला। वंशावलीका शेष विवरण यहाँ देना अनावश्यक है। चरित्रमें [illegible] बहिणाबाई और शङ्कर स्वामीके सम्बन्धमें जो ढूँढ़-खोज की उसका उपयोग यथास्थान किया है। निळोबारायका हस्तलिखित [illegible] ग्रन्थ मिला उससे भी काम लिया है। देहू और लोहगाँवके वर्णन तथा शिलालेख भी पाठक देखें। इस ग्रन्थका 'प्रक्षनिर्णय'—अध्याय खोजसे ही भरा है। ग्रन्थमें जहाँ-तहाँ वारकरी सम्प्रदायका स्वरूप दरसाया है। जहाँ जो कागज-पत्र पुरानी बहियाँ और बेलन मिले उन सबकी खोज ठीक तरहसे की है। खोजसे कोई स्थान अभी यदि खाली रह गया

हो अथवा किसीकी खोज इसके बाद प्रकट हो तो उसके लिये मैं जिम्मेदार नहीं हूँ। आठ वर्षसे इस ग्रन्थकी पुकार मची है और इसके बारेमें अनेक लेख और व्याख्यान प्रसिद्ध होते रहे हैं, फिर भी यदि किसीने कोई बात मुझसे छिपा रखी हो तो यह उन्हींका दोष है।

इस चरित्रग्रन्थका तीसरा आधार है तुकारामजीके प्रयाणकालसे लेकर अबतक उनका जो जो चरित्रकथन और गुणकीर्तन हुआ, जो-जो आख्यायिकाएँ ख्यात हुईं, जो-जो चरित्रग्रन्थ और प्रबन्ध लिखे गये—उन सबका पर्यालोचन। इस सम्बन्धमें भी दो बातें कहनी हैं। इस ग्रन्थमें तुकाराम महाराजकी गुणावली और भगवत्कृपाके प्रसङ्गोंका वर्णन पाठक पढ़ेंगे। इस गुणावली और भगवत्कृपाके दिव्य प्रसङ्ग महाराजके जीवनकालमें सबपर प्रकट हो चुके थे। इस कारण उनके समकालीन तथा पश्चात्कालीन सभी सत कवियोंने प्रेममें विभोर होकर उनका वर्णन किया है। इन्द्रायणीके दहमें तुकारामकी बहियोंको भगवान्‌ने जल-से उबार लिया। यह घटना सवत् १६९७ से भी पहले कोल्हापुरतक गाँव-गाँवमें फैल चुकी थी। इसी सवत् १६९७ का एक लेख बहिणाबाईके आत्मचरित्रमें मिलता है कि कोल्हापुरमें जयराम स्वामी हरिकीर्तन करते हुए श्रीतुकाराम महाराजके अभङ्ग गाया करते थे। रामेश्वर भट्टने तुकाराम महाराजकी जो स्तुति की है उसका प्रसङ्ग आगे आवेगा ही। इन्हींकी एक आरतीमें एक चरण इस आशयका है कि, 'पत्थरसहित बहियोंको जलपर ऐसे रखा जैसी लाई छिटकी हो।' सदेह वैकुण्ठ-गमनके विषयमें रङ्गनाथ स्वामीका बड़ा ही सुन्दर पद अन्तिम अध्यायमें आया है। इन्हींके भाई विठ्ठल (जन्मसवत् १६७२) की प्रसिद्ध प्रभाती 'उठि उठि बा पुरुषोत्तमा' में यह चर्चा भी आ गयी है कि, 'उनकी बहियोंको तुमने पानी लगनेतक न दिया'। सवत् १७४३ में देवदासने जो 'सन्तमालिका' रची उसमें कहा है कि 'जातिके बनिये तुकाराम, तेरे भजनमें बड़ा गाढा प्रेम है। इसीसे तूने उस पुरुषोत्तमको पा लिया, जो तेरे कागज भी जलसे तारने चला आया।' श्रीधर स्वामीके 'सन्तप्रताप' में बहियोंके उबारे जानेकी बात लिखी है। सवत् १७३५ के

बाद सन्तगुणकीर्तनोंमें तुकारामजीकी बहियोंके तारे आने तथा उनके सशरीर वैकुण्ठ सिधारने—इन दोनों ही घटनाओंका कीर्तन किया गया है। शिवदिनकेसरी मध्वमुनीश्वर वैद्यनाथ महाराज आदिने अपने पदोंमें तुकाराम महाराजकी स्तुति करते हुए इन दो कथाओंका स्मरण किया है। समर्थ श्रीरामदास स्वामीके सम्प्रदायवालोंने भी तुकारामजीके प्रति अत्यन्त प्रेम व्यक्त किया है। समर्थ और तुकाराम एक दूसरेसे अवश्य ही मिले होंगे। 'मिलाके जिससे छोटे-बड़े सबको परख ले' 'महान्त महन्तको दे' इत्यादि सीख 'दासबोध' द्वारा देनेवाले समर्थ दक्षिणमें कृष्णानदीके तीरे संवत् १७ १ में आये। इसके पाँच वर्ष बाद संवत् १७ ७ में तुकाराम अदृश्य हुए। इन पाँच वर्षोंके कालमें समर्थ तुकारामजीसे कभी न मिले हों यह तो असम्भव ही प्रतीत होता है। रामदास-तुकाराम-मिलनके कथाप्रसङ्ग रामदासी ग्रन्थोंमें वर्णित हैं। उद्धव-सुतने समर्थचरित्रमें तथा रङ्गनाथ भास्कर स्वामी वामन निवराज, गोंदके बोवा और जनराम स्वामीने लिखा है कि पण्ढरपुरमें तुकाराम रामदास मिले।

भीम स्वामीके 'भक्तलीलामृत' में तुकारामचरित्र बीस अभङ्गोंमें है। पर इन बीस अभङ्गोंमें भी समर्थ-तुकाराम-मिलनका प्रसङ्ग वर्णित है तथा और भी कई प्रसिद्ध और अप्रसिद्ध आख्यायिकाएँ हैं। 'दास विश्रामधाम' की भी यही बात है। तुकारामजीकी कई अनोखी बातें इस ग्रन्थमें हैं। उनकी विपत्ति उनके धैर्य, निस्पृहता और असीम प्रेमाभक्तिका बहुत अधिक वर्णन है। संतोंकी छोटी-बड़ी सभी गाथाओंमें तुकारामका गुणकीर्तन हुआ है। तुकारामजीकी सब आख्यायिकाओंको एकत्र करके और उनकी कुलपरम्परा जानकर सन्तचरित्रकार महीपति बाबाने पहले (संवत् १८१९) 'भक्तविजय' में पाँच अध्यायोंका और पीछे (संवत् १८३१) 'भक्तलीलामृत' में सोलह अध्यायोंका तुकाराम चरित्र लिखकर तुकाराम महाराजकी बड़ी सेवा की। इन सब बातोंसे यह अच्छी तरह मालूम हो जाता है कि किस प्रकार महाराष्ट्रके क्या वारकरी और क्या अन्य सभी सम्प्रदायोंके लोगोंमें तुकारामजीकी कीर्तिपताका फहराती रही। परंतु सबसे बढ़कर तुकारामजीके सम्बन्धमें

मोरोपन्तकी तीस-पैंतीस आर्याएँ हैं जिनमें उन्होंने तुकाराम, तुकारामके अभङ्ग, इन अभङ्गोंके कीर्तनोंपर और कीर्तनोंद्वारा जनसमूहपर होनेवाले परिणामोंका बड़ा ही मार्मिक वर्णन किया है। तुकाजी 'विमद, विराग, विमत्सर' थे, नारद-प्रह्लादके समान लोगोंको हरिकथामृत पान करानेके लिये वैकुण्ठसे उतरे थे। ऐसे यह ज्ञानाम्बुधि और 'मूर्तिमान् भक्तिरस' श्रीतुकारामको सब लोग 'प्रेमसे गावें, ध्यावें और अपने पापोंको तुका-बानीसे भस्म करें।'

स्वात्मानुभव देखते तुकजी केवल सखा जनकजीके।
वैराग्य देख जिनका डोलन लागे अंग सनकजीके ॥१६॥
वाणी अभंग जिनकी बिन होके हो न हरिकथा साँची।
श्रोता अभंग पाते स्तन मातासे प्रसन्नता साँची ॥१९॥
बहु जड-जीवोंको जो सुभक्तिकी दें सीख तुका ज्ञानी।
उन सम कोई होगा कभी कहीं क्या भक्त तुका-वानी ॥२०॥

(हिन्दीपद्यानुवाद)

'इन्दुप्रकाश' वाले सग्रहके प्रकाशित होनेके बादसे तुकाराम महाराजके चरित्र और अभङ्गोकी ओर लोगोंका ध्यान विशेषरूपसे लगा। इस सग्रहमें दिये हुए चरित्रके आधारपर बगला और कर्णाटकी भाषाओंमें तुकाराम महाराजके चरित्र लिखे गये। श्रीबालकृष्ण मल्हार-हसका सुन्दर निबन्ध (सवत् १९३७), श्रीकेलुसकरलिखित चरित्र (सवत् १९५३), श्रीभिडेजीका 'तुकाराम बोवा' प्रबन्ध और फिर इन्दौरके प्रो० शान्ताराम देसाईग्रथित 'तुकाराम अभङ्गरत्नोंके हार' शीर्षक सत्यजिज्ञासाप्रधान और थाह लेनेवाला हृदयकी लगन-लगा निबन्ध—ये सब निबन्ध और ग्रन्थ प्रकाशित हुए। फ्रेजर साहबने तुकारामके कई अभङ्गोंका जो अङ्गरेजी अनुवाद किया वह प्रसिद्ध है।

हमारे ईसाई भाई भी श्रीतुकारामकी गुण-गौरव-सेवामें हमसे बहुत पीछे नहीं हैं। डा॰ मेरी भाटकेरका प्रबन्ध भी अच्छा है और रेवरेण्ड नेहेम्या (पूर्व हिंदू श्रीनीलकण्ठ गोरे) का लिखा हुआ 'तुकारामका धर्मविषयक ज्ञान' निबन्ध बहुत ही विद्वत्तापूर्ण है। रेवरेण्ड नवलकर और डॉ॰ मैक निकलके अङ्गरेजी भाषामें लिखे लेख नामोल्लेखयोग्य हैं। यहाँकी तुकाराम-चर्च-सोसायटी तुकारामकी वाणीका प्रचार करनेमें बहुत यत्नवान् है। अबतक भिन्न-भिन्न लोगोंने अपने-अपने ढङ्गसे तुकारामके चरित्र और अभङ्गोंके विषयमें जो कुछ भी लिखा, उन सबको धन्यवाद देकर अब प्रस्तुत ग्रन्थकी दृष्टिके विषयमें दो शब्द लिखता हूँ।

इस ग्रन्थके (१) अभङ्गोंका सूक्ष्मावलोकन, (२) लोक और (३) भक्तजनके प्रवर्तीका निरीक्षण—ये तीन आधार बताये। अब इस ग्रन्थका स्वरूप संक्षेपमें निवेदन करता हूँ। मङ्गलाचरणके पश्चात् पहले कालनिर्णयका प्रश्न हल किया है। इसके बादके दो अध्यायोंमें तुकारामका पूर्वचरित्र है और फिर प्रथम मध्यखण्ड उपासनाप्रधान है। यह उपासनाखण्ड श्रीतुकाराम महाराजके वचनोंके ही आधारपर विस्तार पूर्वक लिखा है जिसमें ऐसा प्रयत्न किया गया है कि महाराष्ट्रीय भागवत धर्मानुयायियों अर्थात् वारकरियोंको और सामान्यतः सबको ही इस भागवततत्त्वप्रदायका विशुद्ध मूलक्रमसे यथार्थ परिज्ञान हो, और यह मालूम हो कि तुकाराम किस साधनक्रमसोपानसे साक्षात्कारकी पैठीतक चढ़ गये उनके सामने सगुणोपासनाका रहस्य खुल जाय, उन्हें श्रीविठ्ठल-स्वरूपका बोध हो और उनके लिये परमार्थमार्गपर चलना सुगम हो, भक्तिमार्गको वे स्पष्ट देख लें। यही इस विस्तारका मुख्य हेतु रहा है। भावुक भगवद्भक्तोंको यह मध्यखण्ड बहुत प्रिय और बोधप्रद होगा। वारकरी सम्प्रदायकी सिद्धान्तस्वरूपिणी बतलाकर एकादशीव्रत नाम-संकीर्तन, सत्संग और परोपकारका महत्त्व तथा तुकारामजीके पूर्वाभ्यास

का विवरण बताकर विस्तारके साथ अन्तरङ्ग प्रमाणोंको देते हुए यह चर्चा चलायी है कि उन्होंने किन-किन ग्रन्थोंका अध्ययन किया था और किस ग्रन्थसे क्या पाया था। सातवें अध्यायमे गुरुकृपा और गुरु-परम्पराका विवरण है। चित्तशुद्धिके साधनोंमें पाठक तुकारामजीकी लोकप्रियताका रहस्य, मनोजय, एकान्तवास, आत्मपरीक्षण और नाम-संकीर्तनका आनन्द लें। फिर भक्तिमार्गकी श्रेष्ठता, सगुणनिर्गुणविवेक, श्रीविट्ठलोपासना और श्रीमूर्तिपूजा, भगवन्मिलनकी लगन—इन सबको देखते हुए सगुण प्रेमको चित्तमें भरते हुए विट्ठलस्वरूपका परिचय प्राप्त करके श्रीविट्ठलमूर्तिको ध्यानसे मनोमन्दिरमें बैठावें और रामेश्वर भट्ट और तुकाराम महाराजके बादके मर्मको जान तुकारामकी ध्यान-निष्ठाको ध्यानमें ला श्रीतुकारामके साथ सगुण-साक्षात्कारके उनके आनन्दका प्रतिआनन्द लाभ करें। इस ग्रन्थका मध्यखण्ड श्रीतुकाराम-चरित्रका हृदय है। इसी हृदयको लेकर आगे बढ़िये। मेघवृष्टिमें तुकारामजीने संसारियोंको बार-बार कैसे जगाया है, दाम्भिकोंका कैसा भण्डाफोड़ किया है, यह देख लें। पीछे तुकाराम और शिवाजी-प्रकरण समग्र पढ़नेके पश्चात् पाठक यह समझ लेंगे कि सन्तोंपर संसारियोंकी ओरसे जो आक्षेप किये जाते हैं वे कितने अयथार्थ हैं। इसके अनन्तर सोलह शिष्योंकी वार्ताएँ, निलोबारायकी महिमा और इनके बादके वारकरी नेता, तुकारामबाबा और जीजाबाईका गृहप्रपञ्च, दोनोंकी ओर-छोरकी दृष्टियोंका मध्य देखते हुए यह देखें कि श्रीतुकाराम महाराज ज्ञान-भक्तिके परमात्मानन्दको कैसे प्राप्त हुए और कैसे सशरीर वैकुण्ठ सिधारे।

धन्यवादके दो शब्द

इन्दौरसंस्थानाधिपति श्रीमन्त सवाई तुकोजीराव होल्करने इस चरित्रग्रन्थका लेखन प्रायः समाप्त हो चुकनेपर इस सत्कार्यके निमित्त

बहुत बड़ी ग्रन्थसहायता की, इसके लिये मैं उनके प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करता हूँ। तुकाप्रेमी श्रीशिवराम कृष्ण केळकरजी तथा रा० कर्नल कीर्तिकर और इस ग्रन्थकी हस्तलिखित प्रतिके पढ़ते हुए पत्रोंद्वारा सहायता करनेवाले श्रीभिडेजीके भी बड़े उपकार हैं। भगवान् श्रीपाण्डुरङ्गके उपकार तो शब्दोंद्वारा व्यक्त हो ही नहीं सकते हैं। तुकारामजीसे यही कहना पड़ता है कि—

बस करो स्वामी अब ये वचन।
तेरे उपमान वाणीरूप ॥ १ ॥
तेरा लिया तेरे चरनोंपे रखा।
भार है उतारा पांडुरंग ॥ २ ॥

पूना 'मुमुक्षु' कार्यालय
जन्माष्टमी
संवत् १९७७

साधुसन्तोंका दासानुदास—
लक्ष्मण रामचन्द्र पांगारकर

पूर्व खण्ड-कर्मकाण्ड

श्रीरुक्मिणीवल्लभाय नमः

मंगलाचरण

समचरणसरोजं सान्द्रनीलाम्बुदाभं
जघननिहितपाणिं मण्डनं मण्डनानाम् ।
तरुणतुलसिमालाकन्धरं कञ्जनेत्रं
सदयधवलहासं विट्ठलं चिन्तयामि ॥

अभङ्ग

सम चरण दृष्टि विटेवरि साजिरी ।
तेथें माझी हरी वृत्ति राहो ॥ १ ॥
आणिक न लगे मायिक पदार्थ ।
तेथें माझें आर्त नको देवा ॥ध्रु०॥
ब्रह्मादिक पदें दुःखाची शिराणी ।
तेथें दुश्चित्त झणी जडों देसी ॥ २ ॥
तुका म्हणे त्याचें कळलें आम्हां वर्म ।
जें जें कर्म धर्म नाशिवन्त ॥ ३ ॥

'जिनके चरण और नेत्र सम हैं ऐसे भगवान् ईंटपर खड़े बड़े ही भले लगते हैं। हे भगवन्! हे हरि!! मेरी चित्तवृत्ति सदा वहीं लगी रहे। और कोई मायिक पदार्थ मुझे नहीं चाहिये, भगवन्! उसमें मेरा मन कभी न लगे। ब्रह्मादिक पद दुःखोंके ही घर हैं, उनमें मेरा चित्त कभी

(४)

हे रुक्मिणीवल्लभ ! तुम्हारी छविमें मेरी आँखें गड़ जायँ । हे नाथ ! तुम्हारा रूप मधुर है, नाम भी तुम्हारा वैसा ही मधुर है । ऐसा करो कि इसी माधुरीमें मेरा प्रेम सदा बना रहे । अरी मेरी विठामाई ! मुझे यही वरदान दे और मेरे हृदयको अपना घर बना ले । तुका कहता है, मैं और कुछ नहीं चाहता, सारा सुख तो तेरे चरणोंमें ही है ।

(५)

सुंदर सुकुमार, मदनमोहन । रवि-ससि-मान, हर लीने ॥ १ ॥
कस्तूरीलेपन, चंदनकी खौर । सोहै गर हार, वैजयंती ॥टेक॥
मुकुट कुंडल, श्रीमुख सोहत । सुख-सुनिर्मित, सबै अंग ॥ २ ॥
पीत पट धारे, पीतांबर काछे । घनश्याम आछे, कान्हा मेरे ॥ ३ ॥
जी मेरो अधीर, मिले क्यौं मुरारी । छूटो तुम नारी, तुका कहे ॥ ४ ॥

(६)

सुंदर सो ध्यान, ठाढे ईंटासन । कर कटि-सन, मन भावै ॥ १ ॥
गले वृंदा-माल, काछे पीतांबर । मोहे निरंतर, सोई ध्यान ॥ध्रु०॥
मकर कुंडल, जगमगें स्रवन । कौस्तुभ रतन, कंठ राजे ॥ २ ॥
तुका कहे मेरो, यहै सर्व सुख । जो देखूँ श्रीमुख, प्रियतम ॥ ३ ॥

(७)

श्रीअनंत मधुसूदन । पद्मनाभ नारायण ।
जगव्यापक जनार्दन । आनन्दघन अविनाश ॥ १ ॥
सकल देवाधिदेव । दयार्णव श्रीकेशव ।
महानंद महानुभाव । सदाशिव सहजरूप ॥ध्रु०॥

कमलावर विश्वंभर । मधुसूदन करुणाकर ।
सहस्रपाद सहस्रकर । क्षीरसागर शेषशयन ॥ २ ॥
कमलनयन कमलापति । कामिनि मोहन मदनमूर्ति ।
भवतारक धाराक्षिति । वामनमूर्ति त्रिविक्रम ॥ ३ ॥
सर्वेश सगुण निर्गुण । जगजीवन जगन्मोहन ।
वसुदेव देवकी-नंदन । बालरौंगन † बालकृष्ण ॥ ४ ॥
तुका रखी शरणी । ठौर दीजै निज चरण ।
विनय भरी कीजै श्रवण । भवभंजन ते सुधारो ॥ ५ ॥

(८)

जो नित्य निरामय अद्वय आनन्दस्वरूप और योगीजनोंके निज ध्येय हैं वही समचरण श्रीविठ्ठलरूप देखो, भीमातीरपर, ईंटपर विराज रहे हैं। पुराण जिनकी स्तुति करते नहीं अघाते और वेद भी जिनका पार नहीं पाते वही श्रीपुण्डरीकके प्रेमसे साकार बन आये हैं। तुका कहता है सनकादिक मुनिगण जिनका ध्यान करते हैं वही हमारे कुलदेव यह श्रीपाण्डुरङ्ग महाराज हैं।

---

* अर्थात् श्रीक्षितिधारक—पृथ्वीको धारण करनेवाले। इस विषयमें गीता अध्याय १५ श्लोक १३ में भगवान् कहते हैं—'गामाविश्य च भूतानि धारयाम्यहमोजसा' अर्थात् पृथ्वीमें प्रवेश कर मैं सब भूतोंको धारण करता हूँ। इसका ध्यान करते हुए ज्ञानेश्वर महाराज कहते हैं, जो पृथ्वीमें धूल ढेला हैं इसीसे इस महासमुद्रमें यह मिट्टीके ढेले-सी पृथ्वी घुल नहीं जाती।

† बालरौंगल—यह मराठी शब्दप्रयोग हिन्दी-अनुवादमें भी ज्यों-का-त्यों रहने दिया है। 'रौंगने' का अर्थ है रेंगना और रेंगना-रौंगना हिन्दीमें भी कहते ही हैं। —अनुवादक

(९)

श्रीविट्ठल-नाम-सङ्कीर्तन बड़ा ही मधुर है। विट्ठल ही तो हमारा जीवन है और झाँझ-करताल ही हमारा सारा धन है। 'विट्ठल, विट्ठल' वाणी अमियरससञ्जीवनी है। तुका रँगा है इसी रङ्गमें, अङ्ग-अङ्गमें विट्ठल श्रीरङ्ग हैं।

(१०)

मेरी विठामैया प्रेम-रस पनहाती है, छातीसे लगाकर अपना अमृतस्तन मेरे मुखमें देती है। अपने पाससे जरा भी बिछुड़ने नहीं देती। जो भी माँगता हूँ, देती है, 'ना' तो कभी करती ही नहीं। निठुराई नामको भी नहीं, दयाकी मूर्ति है। तुका कहता है, वह अपने हाथसे जो कौर मेरे मुँहमें डालती है, वह ब्रह्मरस ही होता है।

(११)

आषाढी आयी, कार्तिकीकी हाट लगी। बस, ये ही दो हाट काफी हैं और व्यापार अब करनेका कुछ काम नहीं। यहाँ भक्तिके भावसे कैवल्यआनन्दकी राशियोंका लेन-देन करो। विट्ठल नामका सिक्का यहाँ चलता है, उसके बिना कोई किसीको यहाँ पूछता नहीं।

(१२)

नैहर है मेरा, पंढरी-पत्तन। कूटत धान, गाऊँ गीत॥ १॥
राई रखमाई, सत्यभामा माता। पंडुरंग पिता करें वास॥ टेक॥
उद्धव अक्रूर, व्यास अंबरीष। नारद मुनीश, भाई मेरे॥ २॥
गरुडजी बन्धु, लाडिले पुंडलीक। तिनके कौतुक, गेय मेरे॥ ३॥
मेरे बहु गोती, सत ओ महत। नित्य सुमिरत, सर्वनाम॥ ४॥

निवृत्ति ज्ञानदेव सोपान चांगजी । मेरे जीके हैं जी, नामदेव ॥ ५ ॥
नागा जनमित्र, नरहरि सुनार । रैदास कबीर, सगे मेरे ॥ ६ ॥
सुनो सूरदास, भारी सांवताजी । मीरा गुजराती प्यारी प्यारी ॥ ७ ॥
चोखामेला संत जनके हार । कभी ना बिसार हरि-दास ॥ ८ ॥
भीनके भीतम, एका-जनार्दन । पावन भीखनद मीराबाई ॥ ९ ॥
अन्य मुनि संत, महंत सज्जन । सबके चरण माथे धरूँ ॥ १० ॥
सुख संग बढ़े पंढरी-दर्शन । तदीय कीर्तन करूँ सदा ॥ ११ ॥
तुका कहे माता, पिता मेरे वे ही । गुरुरूप गुही, गुरुस्वामी ॥ १२ ॥

(१३)

इन सन्तोंके बड़े उपकार हैं। क्योंकर निभाऊँ ! ये मुझे निरन्तर जगाते रहते हैं। क्या देकर इनका एहसान उतारूँ ! इनके चरणोंमें यदि अपना प्राण भी अर्पण कर दूँ तो वह भी अत्यल्प है। जिनका स्नेह आलाप भी हितगर्भ उपदेश होता है वे कितना कष्ट उठाकर मुझे शिक्षा देते हैं ! बछड़ेपर गौका जो भाव होता है उसी भावसे ये मुझे सम्हाले रहते हैं।

(१४)

जो ब्रह्मरूप हैं उनके कर्म भी संकल्पविकल्परहित होनेसे ब्रह्मरूप ही होते हैं। स्फटिकमणिको जिस रंगकी वस्तुके पास रखो उसी रंगकी दिखायी पड़ेगी पर वास्तवमें वह रहती है उपाधिसे अलग ही। बच्चे अनेक प्रकारकी बोलियोंसे माताको पुकारते हैं पर उन बोलियोंका यथार्थ्य ज्ञान माताको ही होता है। ऐसे जो उपाधिरहित भक्तज्ञानी हैं, तुका उनकी वन्दना करता है, बार-बार उनके चरणोंमें गिरता है।

(१५)

सन्तोंने मर्मकी बात खोलकर हमें बता दी है—हाथमें झाँझ, मजीरा ले लो और नाचो। समाधिके सुखको भी इसपर न्योछावर कर दो। ऐसा ब्रह्मरस इस नाम-सङ्कीर्तनमें भरा हुआ है। भक्ति-भाग्यका बल-भरोसा ऐसा है कि उससे इस ब्रह्मरससेवनका आनन्द दिन-दिन बढता ही जाता है। चित्तमें अवश्य ही कोई सन्देहान्दोलन न हो। यह समझ लो कि चारों मुक्तियाँ हरिदासोंकी दासियाँ हैं। इसीसे तुका कहता है, मनको शान्ति मिलती है और त्रिविध ताप एक क्षणमें नष्ट हो जाते हैं।

(१६)

सदा-सर्वदा नाम-सकीर्तन और हरि-कथा-गान होनेसे चित्तमें अखण्ड आनन्द बना रहता है। सम्पूर्ण सुख और शृङ्गार इसीमें मैंने पा लिया और अब आनन्दमें झूम रहा हूँ। अब कहीं कोई कमी ही नहीं रही। इसी देहमें विदेहका आनन्द ले रहा हूँ। तुका कहता है, हम तो अग्निरूप हो गये, अब इन अङ्गोंमें पाप-पुण्यका स्पर्श भी नहीं होने पाता।

(१७)

नाम-सकीर्तन सुगम साधन। पाप-उच्छेदन जडमूल॥ १॥
मारे मारे फिरो काहे बन बन। आवें नारायण घर बैठे॥ टेक॥
जाओ न कहीं करो एक चित्त। पुकार अनन्त दयाघन॥ २॥
'राम कृष्ण हरि विट्ठल केशव।' मन्त्र भरि भाव जपो सदा॥ ३॥
नहि कोई अन्य सुगम सुपथ। कहूँ मैं शपथ कृष्णजीकी॥ ४॥
तुका कहे सीधा सबसे सुगम। सुखी-जनाराम रमणीक॥ ५॥

(१८)

कोटि-कोटि आनन्द मेरे पेटमें समा गये। नामका अखण्ड प्रेम प्रवाह चलता है। राम-कृष्ण नारायण नाम अखण्ड जीवन है, कभी भी खण्डित होनेवाला नहीं। इह-परलोक दोनों, तुका कहे, इनके समतीर हैं।

(१९)

हरिभक्त दास मागहिं मन चिंता । तुम्हके निकट नारायण ॥ १ ॥
नहिं सिर भार संसार मोहम । हरें मनरोग पांडुरंग ॥ टेक ॥
रहो मन धीर सदा समाधान । तुम्हके निधान संग वाके ॥ २ ॥
तुका कहे मेरे सखा पांडुरंग । व्यापि रहे अम्र सकले ही ॥ ३ ॥

श्रीतुकाराम

ॐ

श्रीतुकाराम-चरित्र

पहला अध्याय

काल-निर्णय

जो-जो कुछ धर्मसे है उसकी रक्षा करनेके लिये प्रतियुगमें मैं आया करूँ, यह तो स्वभाव-प्रवाह ही है और यह पहलेसे ही चला आया है। (४९) इसी कामके लिये मैं युग-युगमें अवतार लेता हूँ। पर इस बातको जो समझे वही बुद्धिमान् है। (५७)

—श्रीज्ञानेश्वरी अ० ४

श्रीतुकाराम-चरित्रकी महिमा

इस प्रथमाध्यायमें श्रीतुकाराम महाराजके जीवनकी मुख्य-मुख्य घटनाओंका कालानुक्रम निश्चित करना है। तत्त्व-दृष्टिसे विचारें तो

महात्माओंके जीवनका हिसाब ही हम क्या लगा सकते हैं ! मृत्युको मारकर जो चिरजीव हुए और काल-मायाको नाथकर उसपर नाचते हुए जो लोक-संग्रहमात्रके लिये स्वेच्छासे भूलोकमें विचरते रहे उनका जन्म क्या और मृत्यु ही क्या ! जीवन्मुक्त महात्मा लोक-कल्याणकी विमल सूक्ष्म वासना चित्तमें धारण किये समय-समयपर भूलोकमें अवतीर्ण हुआ करते हैं, और कुछ सत्सङ्गियोंको अपने सत्सङ्गका असामान्य लाभ दिलाकर जहाँ-के-तहाँ ही विलीन हो जाते हैं । जन्म-मरणका तो हमलोग उनपर मिथ्या ही आरोपण करते हैं । यथार्थमें सूर्यभगवान् तो अपने स्थानमें ही स्थिर रहते हैं पर उदयास्तको 'भान' मानकर हम उनपर उनके उगने-डूबनेका आरोपण किया करते हैं । हमारा दिन-मान भी ऐसा ही होता है कि जब हमारे घरकी छतपर सूर्यका प्रकाश आता है तब हम समझते हैं कि सूर्योदय हुआ और जब हमारे घरसे सूर्यभगवान् नहीं दिखायी देते तभी हम सूर्यास्त मान लेते हैं । श्रीराम-कृष्णादि भगवदवतारोंमें और अन्य विभूतियोंके चरित्रोंकी भी यही बात है । उनका अजन्मा होकर भी 'जन्मना', अक्रिय होकर भी 'कर्म करना' और अमर होकर भी 'मरना' ही यथार्थमें उनका चरित्र है । तुकाराम महाराजके ऐसे चरित्रका विचार करनेसे उनका चरित्र लिखना असम्भव ही हो उठता है । तुकारामजी कहते हैं, 'हम वैकुण्ठवासी हैं यहाँ वैकुण्ठसे आये हैं ।' ऐसे वैकुण्ठवासी तुकारामका चरित्र कहाँसे कब आरम्भ हुआ और कहाँ जाकर कब समाप्त हुआ, यह भला कौन बता सकता है ? तुकारामजीने स्वयं ही बताया है कि हम कहाँसे आये और किसलिये आये । 'धर्मका रक्षण हो, कलिकालका दमन हो और सब लोग भक्तिसे भगवान्‌का जय-जयकार करें' यही उनके अवतीर्ण होनेका प्रयोजन था और उनका चरित्र भी उन्हींकी वाणीसे 'आम्ही आलों वैकुंठीचे । करूँ कृति सन्तोंकी ।' यही था । भगवान्‌का सन्देशा ले करके ही यह आये थे । 'पुण्य जो हरि पदको दरित सुधार

सुदेश भक्ति पथ ।' भक्तिका डङ्का बजाने, कलिकाल-नागको नाथने, वेद-नीतिका प्रचार करने, भगवान्‌के सुखद सुरम्य भक्ति-मार्गका सन्देशा लेकर वह आये थे । अर्थात् वह सिद्धरूपसे—भगवद्विभूतिरूपसे ही अवतीर्ण हुए थे । ऐसे सत्पुरुषका चरित्र सामान्य साधकके चरित्रका सा लिखना क्या समुचित होगा ? अकाल पड़ा, स्त्री-पुत्र अन्नके विना भूखों मर गये, मन विकल हुआ, चित्तपर विषाद छा गया और फिर इससे वैराग्य हो आया । तब भण्डारा-पर्वतपर गये, ग्रन्थोंका अध्ययन और नामस्मरण करने लगे । स्वप्नमें गुरुने आकर दर्शन दे अनुग्रह किया, इससे वह कृतार्थ हुए, कवित्वस्फूर्ति हुई, मुखसे अभङ्ग-गङ्गा प्रवाहित होने लगी, हरि-कीर्तनोंकी धूम मचायी और अन्तमें परलोक सिधारे । इन बातोंके अतिरिक्त श्रीतुकाराम महाराजका चरित्र और हम क्या वर्णन कर सकते हैं ? इन बातोंमें सासारिक दुखोंका जो भाग है वह तो कितने ही ससारियों और साधकोंके भागमें बदा ही रहता है । इसी रास्तेहीपर तो सब चल रहे हैं । पर इन्हें तुकाराम महाराजकी-सी दिव्य स्फूर्ति नहीं होती, इसका कारण क्या है ? दुर्भिक्ष, अपमान, आपदा, स्त्री-पुत्र-विरह इत्यादि बातोंसे अत्यन्त दुखी होकर तुकाराम ससारसे उपराम हुए, यही तो हम चरित्रकार तुकाराम-चरित्र सुनावेंगे, पर ऐसी-ऐसी आपदाओंका रोना रोनेवाले असख्य जीव इस ससारमे हैं । पर इन सबको तुकारामकी-सी उपरामता अशत. भी क्यों नहीं होती ? नाना प्रकारकी विपत्तियोंसे घबराकर कुएँमे जा गिरनेवाले या अफीम खाकर आत्महत्यापर उतारू होनेवाले अथवा 'हाय पैसा !' करते हुए मरनेवाले सींडमें लिपटी मक्खीकी तरह धनके ही पीछे पड़े हुए उसीमें मर मिटनेवाले जीवोंकी इस ससारमें कोई कमी नहीं है । कमी है उन्हीं लोगोंकी जो विपत्तियोंपर सवार होते हैं, उनसे दब नहीं जाते । धनको तुच्छ समझनेवाले, विपत्तियोंके पहाड़ोंको ढा देनेवाले तुकाराम ऐसे ही रणबाँकुड़े वीरोंके सरदार थे । ऐसे वीर, ऐसे वीर-शिरोमणि

जिन्होंने मायाको जड़-मूलसे उखाड़ डाला, वहाँसे पैदा होते हैं, यही तो भ्रम है। बात यह है कि जो महात्मा हैं वे महात्मा ही हैं। उनके सम्बन्धमें कार्य-कारण-परम्परा जोड़नेकी हमारी विचार-पद्धति बेचारी बेकार ही हो जाती है। तुकाराम-जैसे सन्त-और एक ही जीवनके फल नहीं 'अनेकजन्म-संसिद्ध' होते हैं। तुकारामने देहूग्राममें और उसके चतुर्दिक् जो पुण्य-कर्म किया वही पुण्य-कार्य वह पूर्वजन्मोंमें भी करते रहे, इसीसे विपत्तियोंके बड़े-बड़े दुर्गोंको उन्होंने आसानीसे जीत लिया। विपत्तियोंके आनेसे उन्हें वैराग्य हुआ यह कहना तो यहाँ शोभा नहीं देता। यहाँके योग्य बात यही है कि उनके जन्म-सिद्ध अपार ज्ञान-भक्ति-वैराग्यके सामने विपत्तियाँ बादलकी भाँतिकी तरह उड़ गयीं। तुकारामजीने स्वयं ही कहा है 'पिछले अनेक जन्मोंसे हम यही करते आये हैं' संसार-दुःखसे दुःखी जीवोंको विश्वास दिलाकर ढाढ़स बँधाते हरिके गीत गाते, वैष्णवोंको एकत्र करते और पत्थरोंतकको पिघलाते—यही सब तो करते—आये हैं। जन्म-जन्म यही करते आये हैं और इस जन्ममें भी यही करना है। इनके सिवा और कौन ऐसा कर सकता है! एक स्थानमें इन्होंने कहा है कि 'भगवन्! जब जब आपने अवतार लिया तब-तब भक्तिका आनन्द लूटने और वह आनन्द सबको वितरण करने मैं भी आपके संग आया हूँ।' प्रभुके प्रत्येक अवतारमें आकर उन्होंने भक्तिका डंका बजाया और आगे भी बजाते ही रहेंगे। ऐसे जिन श्रीतुकारामने महाराष्ट्र-देशके देहू-स्थानमें आकर अवस्थान किया उनकी इन सब लीलाओंकी एक माला गूँथकर तैयार करना उन्हींसे बन पड़ सकता है जो वैसा ही दिव्यदृष्टिसम्पन्न महात्मा हो अथवा जो ऐसे भगवद्विभूतियोंके आगे-पीछेके सब चरित्रोंमें एक-सी मर्यादित होनेवाली अन्तःसलिला जीवन-धाराको प्रत्यक्ष कर सकता हो। यह परम सौभाग्य किसको प्राप्त है! हम तो अपने अन्तरङ्ग सज्जनोंके भी अन्तर्गत मनोव्यापारोंका ठीक-ठीक पता नहीं लगा सकते उनके

स्वभाव, गुण, दोष और चेष्टाओंकी गॉठें नहीं खोल सकते, उनके क्रम-विकासके इतिहासके गोरखधन्धेको नहीं सुलझा सकते, उनके चरित्रोंके विविध प्रसङ्गोंका वास्तविक स्वरूप नहीं जान सकते, और यहाँतक कि अपने ही मनकी बातोंतकको नहीं समझ पाते। ऐसी अवस्थामें तुकाराम-से दिव्य पुरुषोंके चरित्रोंका रहस्य भला क्या जान सकते हैं? सच है, महात्माओंके चरित्र वर्णन करनेका काम आसमानपर खोल चढानेका-सा ही साहस है! महात्माओंके चरित्र महात्मा ही जान सकते हैं, महात्मा ही लिख सकते हैं। स्वय सन्त हुए बिना सन्त चरित्रका रहस्य नहीं जाना जा सकता। तुकाराम-जैसे सन्तका चरित्र तुकाराम-जैसे सन्त ही लिखें तभी उनका चरित्र-कथन यथार्थ हो सकता है। इतना सब कुछ सोचते हुए भी मैंने यह चरित्र लिखनेका साहस किया है। कविकुलतिलक कालिदासके कथनानुसार मेरा यह प्रयत्न कहीं ऐसा न हो जैसे कोई बौना मनुष्य ऊँचे वृक्षकी ऊँची डारमें लगे फलोंको तोड़नेके लिये अपने हाथ ऊँचे करे। इस बातका भय भी मुझे हुआ, पर बालकपर बड़ोंकी कृपा होती है। फल तोड़नेकी बालककी इच्छा जान बड़े उसे अपने कन्धोंपर उठा लेते हैं, और उनकी ऊँचाईका सहारा पाकर बालक अपना हठ पूरा कर लेते हैं। मैंने यह चरित्र लिखनेका साहस किया है, यह ऐसा ही है और साधु-सन्तोंके कृपाशीर्वादका ही इसे सहारा है। इस बाल-हठको पार लगाना भी उन्हींका काम है। भक्तोंके चरित्र भगवान्‌को प्रिय होते हैं। ज्ञानेश्वर महाराज कहते हैं कि 'जो मेरे (भगवान्‌के) चरित्रोंका कीर्तन करते हैं वे भी मुझे प्राणोंसे भी अधिक प्यारे लगते हैं। (२२७) और जो मेरे भक्तोंकी कथा कहते हैं उन्हें तो मैं अपने परम देव मानता हूँ।' (२२८) [ज्ञानेश्वरी अ० १२] श्रीगीता ज्ञानेश्वरी माताके इन वचनोंके अनुसार यह पुण्य-कार्य भगवान्‌को प्रसन्न करनेका सर्वोत्तम साधन जान,

चित्तमें दृढ श्रद्धा धारण कर श्रीपाण्डुरङ्ग भगवान्का स्मरण करके मैं इस साध्यको आरम्भ करता हूँ।

२ काल-गणनाका महत्त्व

श्रीतुकाराम महाराजका जन्म कब हुआ, कब उन्हें गुरूपदेश प्राप्त हुआ, कब वह यहाँसे चले गये उनके जीवनकी मुख्य-मुख्य घटनाएँ कब किस क्रमसे हुईं और उनकी कुल आयु कितनी थी इन बातोंकी चर्चा अबतक थोड़ी-बहुत हो चुकी है। पर सब पहलुओंसे इन सब बातोंका पूर्ण विचार करके निर्णय करनेका काम अभीतक नहीं हुआ है। इसलिये इस निबन्धमें यह निर्णय करनेका काम यथासाध्य पूरा किया जाय। परमार्थ-दृष्टिमें काल-गणनाका विचार कोई बड़ा महत्त्व नहीं रखता, पर इतिहासकी दृष्टिमें इसका बड़ा महत्त्व है। महात्माओंके जीवनचरित्रोंसे मुमुक्षुजन यही जानना चाहते हैं कि उन महात्माओंमें कौन-कौन-से विघ्न कठिन थे और वह विघ्न सम्पदा उन्होंने कैसे पायी, परिस्थितिसे कहते-भिड़ते हुए वे महत् पदपर कैसे आरूढ हुए, वैराग्य उन्हें कैसे प्राप्त हुआ उन्होंने क्या-क्या अभ्यास किया कैसी दिनचर्या और जीवनचर्या बनायी उनकी ज्ञान-भक्ति और भगवन्निष्ठा कैसी थी सङ्कटोंसे भगवान्ने उन्हें कैसे उबारा संसारको वे क्या शिक्षा गये इत्यादि। मुमुक्षुओंका तो यही ध्यान रहता है और यही ठीक भी है; क्योंकि सन्त-चरित्रोंको देख अपना चरित्र सुधारने सन्तोंके निर्मल चरित्र-दर्पणको अपने सामने रखकर उनके भक्ति-ज्ञान-वैराग्यको प्राप्त होने उनके पदचिह्नोंको देख-देख उसी रास्तेसे चलनेकी शुभेच्छा भगवत्कृपासे जिन्हें प्राप्त हुई हो उन्हें काल-गणनाकी-सी नीरस-सी चर्चा लेकर क्या करना है! अमराईमें बैठा हुआ मनुष्य क्षुधित होनेपर आम्रफल तोड़कर खा लेना ही सबसे आवश्यक कर्म समझेगा। उसे इस चर्चासे क्या प्रयोजन कि वे पेड़ कितने कब

कैसे, कहाँसे पाकर लगाये और कितने बरसमें ये फले ? क्षुधा-निवृत्तिकी चित्तवृत्तिमें इस चर्चाका कोई खास महत्त्व नहीं है। उसका काम क्षुधा-निवृत्तिका साधन करना है, इधर-उधर देखना नहीं। महान् भक्त प्रह्लाद किस शताब्दीमें, किस जातिमें, किस देशमें, कब पैदा हुए और कबतक जिये। भागवत ग्रन्थ किसका बनाया है—वेदव्यासदेवका या बोपदेवका अथवा इसकी रचना किस शताब्दीमें हुई इत्यादि बातोंकी चर्चा परमामृतके प्यासे परमार्थके साधकोंको नीरस-सी ही जान पड़ेगी। वह प्रह्लादके जीवन-रसको पानेके लिये छटपटाने लगेगा जिससे प्रह्लादने पिताके सब अत्याचारोंको सहकर नारायणके परम रसका पान किया ! इतनी-सी उमरमें इतना महान् तप और ऐसी अटल निष्ठा। इसीके ध्यानमें निमग्न होकर वह प्रेमभरे अन्तःकरणमें प्रह्लादको अपने नेत्रोंमें चित्रित कर लेगा, और 'पुकारते ही दौड़े आकर खम्भको फोड़कर बाहर निकलनेवाले ऐसे दयालु मेरी विठामाईके सिवा और कौन हो सकते हैं ?' इस कथा-रहस्यको हृदयमें धारण कर तुकारामके समान वह भगवत्प्रेमानन्दमें उछलने और नाचने लगेगा। सच्चे भक्तोंका यही मार्ग है और अपने परम कल्याणका यही साधन है, इसमें कोई सन्देह नहीं। तथापि आधुनिक पद्धतिसे चरित्र-ग्रन्थ लिखनेवाला लेखक काल-गणनाकी उपेक्षा भी नहीं कर सकता। इतिहास और समाज-शास्त्रकी दृष्टिसे काल निर्णयका बड़ा महत्त्व है। काल निर्णय इतिहासका नेत्र है, काल-निर्णयके बिना इतिहास अन्धा रह जाता है। ठीक-ठीक काल निर्णय न होनेसे कार्य-कारण-सम्बन्धको समझना असम्भव होता है, कितने ही निराधार भ्रम लोगोंमें फैल जाते हैं और 'कहींकी ईंट और कहींका रोड़ा' लेकर 'भानमतीका कुनबा जोड़ा' जाता है। इसलिये काल-निर्णयका काम छोड़ नहीं दिया जा सकता। अतएव इस प्रथम अध्यायमें ही यह काम कर लें, तब द्वितीय अध्यायसे श्रीतुकाराम महाराजका कालक्रमानुसार चरित्र वर्णन करेंगे।

३ ज्योतिर्विदोंकी सहायता

आरम्भमें ही मैं यह बतला देना चाहता हूँ कि तिथि-वार और शक-संवत् आदिका मिलान प्रसिद्ध ज्योतिर्विदोंसे ठीक-ठीक करा लिया है और तभी यह अध्याय लिखा है। पूनेके प्रसिद्ध ज्योतिषी श्रीकेतकर, श्रीलेले और ग्वालियरके प्रो० आपटेने इस काममें सहायता की है। पर सबसे अधिक (स्वर्गीय) लोकमान्य तिलकका उपकार है जिन्होंने आठ दिनमें सब गणित करके मुझे जिन शक-तिथियोंकी आवश्यकता थी उनका निर्णय करके एक कागजपर लिखकर मेरे हवाले किया। इस अध्यायमें जो ज्योतिर्गणित है वह सब लोकमान्य तिलकका है। जिन ज्योतिर्विदोंने इस कार्यमें मेरी सहायता की उन सबके प्रति मैं यहाँ कृतज्ञता प्रकट कर काल-निर्णयके प्रसङ्गकी ओर आगे बढ़ता हूँ।

४ प्रयाण-कालके बारेमें तीन मत

श्रीतुकाराम महाराजके जन्म-संवत्के सम्बन्धमें कोई निश्चित प्रमाण नहीं मिला है। जो है अनुमान है और ऐसे अनुमानोंके चार मत हैं। प्रयाण-कालके सम्बन्धमें भी तीन मत हैं। इन सब मतोंका परीक्षण करके यह देखा जाय कि इनमें ग्राह्य मत कौन सा है। जन्म-काल या प्रयाण-काल कुछ भी हो तो भी उससे किसीका कुछ बनता-बिगड़ता नहीं। काल-निर्णयका विषय कोई आग्रहका विषय भी नहीं है। गणितके द्वारा ही इस विषयमें निर्णय किया जा सकता है। पर जहाँ गणितकी सहायता भी पूरा काम नहीं देती वहाँ तारतम्यसे काम लेना पड़ता है। जन्म-काल अथवा प्रयाण-काल कोई भी एक काल निश्चित करके तब दूसरा काल निश्चित करना ठीक होगा। पहले प्रयाण-काल निश्चित करें। इस सम्बन्धमें जो तीन मत हैं वे इस प्रकार हैं—

(१) प्रयाण-कालके सम्बन्धमें जो सबसे प्राचीन लेख मिलता है

वह तुकाराम महाराजके लेखक सन्ताजी जगनाडेके पुत्र बालाजी जगनाडेके हाथका लिखा है। इन दोनों पिता-पुत्रके हाथकी लिखी अभगोंकी बहियाँ तलेगाँवमें हैं। बालाजीके हाथकी बहीमें २१६ वें पृष्ठपर यह लेख है—'श्रीनृपशालीवाहन शक १५७२ विकृति नाम सवत्सर फाल्गुन बदी २ द्वितीया वार सोमवारके दिन तुकोबा गोसाई वैकुण्ठ गये। स्वशरीरसहित गये।' इस लेखसे तुकाराम महाराजकी प्रयाण-तिथि फाल्गुन वदी २ सोमवार शाके १५७२ है।

(२) देहूमें देहूकरोंके यहाँ पूजामे जो अभगोंकी बही है उसमें अन्तके एक पृष्ठपर यह लेख है—'शाके १५७१ विरोधी नाम सवत्सर फाल्गुन बदी द्वितीया, वार सोमवार। उस दिन प्रातःकालमें तुकोबाने तीर्थको प्रयाण किया। शुभ भवतु मगलम्।' यही समय महीपतिबाबाने भी भक्तलीलामृत अ० ४० में दिया है। जगनाडोंकी बहियोंके लेखोंके बादके ये दोनों लेख हैं और ये ही बहुत माने गये हैं।

(३) प्रसिद्ध इतिहासकार (स्वर्गीय) राजवाडेका यह मत है कि फाल्गुन बदी द्वितीया, वार सोमवार शाके १५७० में आती है इसलिये प्रयाण-काल १५७० शाके मानना चाहिये।

५ मतोंकी मीमांसा

इन तीनों लेखोंमें फाल्गुन बदी २ समान है और सर्वथा प्रमाण है। कारण, देहूमें तथा वारकरियोंमें सर्वत्र ही इसी तिथिको, तुकाराम महाराजके प्रयाण कालसे ही, पुण्योत्सव मनाया जाता है। वर्षके सम्बन्धमें तीन मत हो गये हैं, पर कठिनाई यह है कि शाके १५७०, १५७१, १५७२ इनमेंसे किसी भी वर्ष फाल्गुन बदी द्वितीयाको सोमवार नहीं था। १५७१ में फाल्गुन वदी २ को सोमवार न पाकर राजवाडे महोदयने सोमवारके लिये प्रयाण-काल एक वर्ष पीछे घसीटा है, पर १५७० में भी

उस तिथिको सोमवार नहीं मिलता, रविवार आता है। १५७१ में शनिवार और १५७२ में गुरुवार आता है। फाल्गुन वदी २ को इन तीन वर्षोंमेंसे किसीमें भी सोमवार नहीं है। पर प्रयाण-कालको रखना होगा इन्हीं तीन वर्षोंके भीतर ही। शिवाजी महाराजका जन्म शिवनेरीदुर्गमें शाके १५४९ में* वैशाख शुक्ल २ को हुआ। दादाजी कोंडदेवकी सहायतासे स्वराज्य-संस्थापनका उद्योग उन्होंने शाके १५६५ के लगभग आरम्भ किया। शिवाजीकी मनोभूमि धर्मभूमि थी, जिजाबाई (उनकी माता) और दादाजीसे उन्हें जो शिक्षा मिली वह भी धर्म-शिक्षा ही थी। शिवाजीके हृदयमें यह विश्वास जमा हुआ था कि स्वराज्य-संस्थापनका उद्योग साधु-सन्तोंके कृपाशीर्वादके बिना सफल नहीं हो सकता। इसीसे चिंचवड-निवासी महात्मा देव और देहूके विदेह-देही श्रीतुकारामके पावन दर्शनोंका सौभाग्य उन्हें शाके १५६५ के पश्चात् ५।६ वर्षके भीतर ही प्राप्त हुआ और कीर्तन सुननेका भी उन्हें चसका लग गया। दादाजी पूनेके सूबेदार थे। एक संन्यासी महात्माके कहनेसे उन्होंने तुकाराम महाराजको पूनेमें बुलवाया और पूनावासी महाराजके कीर्तन सुनकर मुग्ध हो गये। तबके चित्तपर उनके ज्ञान-भक्ति-वैराग्यका रंग चढ़ गया जैसा कि महीपतिबावाने लिख रक्खा है। दादाजीकी मृत्यु १५६९७ शाकेके लगभग हुई १५६८ तक तो वह अवश्य ही जीवित थे क्योंकि १५६८ का उनका एक निर्णय-पत्र प्रसिद्ध है। इनका तुकारामजीको पूनेमें लिवा लाना उनके कीर्तनपर पूनावासियोंका मुग्ध होकर जयजयकार करना तुकाराम महाराजकी अनेक कथाओंका शिवाजीका श्रवण करना इत्यादि बातें शाके १५६६ और

* 'पाच सनदवाली' और 'शिवभारत' के अनुसार अब श्रीशिवाजी महाराजका जन्म-वर्ष शाके १५५१ (संवत् १६८६) माना जाता है। इसी प्रमाणसे जन्म-दिन फाल्गुन वदी ३ है।—अनुवादक

१५७१ के बीचकी हैं। शाके १५७०-७१ के लगभग तुकाराम, शिवाजी और रामदास तीनोंका मिलन अवश्य हुआ होगा। इसलिये इसके बाद और १५७२ के पहले अर्थात् ७०, ७१ और ७२ इन्हीं तीन वर्षोंमें किसी समय तुकाराम महाराजने प्रयाण किया होगा। इन तीन वर्षोंमेसे कौन-सा वर्ष निश्चित होनेयोग्य है यह देखनेके लिये एक बात विचारणीय है।

६ प्रयाण-काल-निर्णय

तुकाराम महाराजने अपनी धर्मपत्नी जिजाबाईको 'पूर्णबोध' नामसे ११ अभगोंमें जो उपदेश किया है वह प्रयाणके ४-५ ही दिन पहले किया होगा, यह उन अभगोंको देखनेसे ही स्पष्ट विदित होता है। 'तुकाराम और जिजाबाई' वाले अध्यायमें इन अभगोंका विस्तारके साथ विचार होनेवाला है इसलिये यहाँ इस प्रसगमें जितने अशका विचार आवश्यक है उतना ही करेंगे। इन अभगोंमें तुकारामजी जिजाबाईसे कहते हैं, 'घर-द्वार, गाय-बैल, बाल-बच्चे इन सबपरसे अपना ममत्व हटा लो और अपना गला छुड़ा लो। सबका अपना-अपना प्रारब्ध है, इसलिये तुम इनके मोहमें फँसकर अपना नाश मत करो। घर-द्वार, भाजन-छाजन सब ब्राह्मणोंको दानकर एकदम निश्चिन्त हो जाओ। इससे हम-तुम साथ ही वैकुण्ठ चले चलेंगे। देव, ऋषि, मुनि सब हम दोनोंका जयजयकार करेंगे।
यह सुख दोनोंको मिलेगा, देवता और ऋषि बड़ा उत्सव करेंगे, रत्न-जटित विमानमें बैठावेंगे, गन्धर्व नाम-गान करेंगे, सन्त-महन्त सिद्ध अगवानी करेंगे, सुखमात्रकी इच्छा वहाँ पूर्ण होगी। जहाँ अपने माता-पिता बैठे हैं वहाँ चलें और उनके चरणोंका आलिंगन कर उनपर लोट जायँ। जब इन नेत्रोंको माता पिताके दर्शन होंगे उस समयके सुखका मैं क्या वर्णन करूँ।'

इन अभगोंसे यह स्पष्ट ही जान पड़ता है कि 'पूर्णबोध' के ये अभग उन्होंने उसी समय रचे हैं जब वैकुण्ठकी ओर ही उनका ध्यान लगा था।

प्रयाणके पूर्व कुछ दिन वह बिनाईसे कहा करते थे कि 'हम अब वैकुण्ठ चले'। पर वह उनकी बात समझ न सकीं। वे अभंग उसी समयके हैं जब वे 'देवभूमि' 'आविरि विमान' 'वे वैकुण्ठवासी माता-पिता' नेत्रोंके सामने आ गये थे। शुक्ल दशमीसे ही वैकुण्ठकी रट लगी। उसी दिन भगवान् तुकारामसे मिलने वैकुण्ठसे आये। उस समय उनका सत्कार करनेयोग्य कोई सामग्री तुकारामके समीप नहीं थी। तब उन्होंने इस आशयका अभंग कहा है कि 'पाहुनेका अतिथि होकर घर आये हैं अब इनका क्या देकर सत्कार करूँ।' पानीमें चावलके कन धोकर सामने रख दिये। इस घटनाके स्मारकस्वरूप फाल्गुन शुक्ल १ को चावलके कनोंका ही भगवान्को भोग लगता है। इसे देहूमें अबतक 'कनिया-दशमी' कहते भी हैं।

और एक बात है वैकुण्ठ सिधारनेका निश्चय करनेपर ही उन्होंने जिजाबाईको 'पूर्वबोध' सुनाकर अपना कर्तव्य पूरा किया। यह केवल मेरी ही कल्पना नहीं है। निळोबारायने भी कहा है कि 'जाते स्वर्गको जाते हुए तुकारामने अपनी स्त्रीको उपदेश किया।' यह उपदेश उन्होंने किस दिन किया यह उन्हींके अभंगोंसे मालूम हो जाता है। प्रातःकाल है, द्वादशीका पर्वकाल है; शुक्लपक्षका आज सोमवार है ऐसे पर्वपर स्त्रीको कहा करके सब कुछ दान कर दो। फाल्गुन शुक्ल ११ को रविवार, १२ को सोमवार, १३ को मंगलवार, १४ को बुधवार, पूर्णिमाको गुरुवार, वदी १ को शुक्रवार और वदी २ को शनिवार इस प्रकार तिथि-वारका यह एक सप्ताह बन जाता है और पिल्ले के कैलेण्डरसे भी यह हिसाब ठीक मिलता है। फाल्गुन शुक्ल १२ को सोमवार था यह बात तुकाराम महाराजके अभंगसे ही सिद्ध है और इसी क्रमसे जन्त्री मिलाकर देखनेसे भी वदी २ को जब शनिवार ही आता है तब सीधा हिसाब यही है कि शाके १५७ -७१-७२ इन तीन वर्षोंमें जिस किसी वर्ष फाल्गुन वदी २ को शनिवार हो वही वर्ष तुकाराम महाराज-

के प्रयाणका वर्ष माना जाय। शाके १५७२ में इस तिथिको गुरुवार है, १५७० मे रविवार है, केवल १५७१ मे ही इस तिथिको शनिवार है। फाल्गुन शुक्ल १२ को सोमवार होना चाहिये सो इसी वर्षमे है और इसी क्रमसे वदी २को शनिवार है। इसलिये शाके १५७१ ही तुकाराम महाराजके प्रयाणका वर्ष मानना चाहिये। कई पुराने कागजोमे १५७१ मे ही तुकाराम महाराजके प्रयाण करनेका उल्लेख भी है। तात्पर्य, फाल्गुन वदी २ (पूर्णिमान्त मासके हिसाबसे चैत्र कृष्ण २) शाके १५७१ (सवत् १७०६) शनिवारके दिन प्रातःकाल तुकारामजी वैकुण्ठ सिधारे यह बात निश्चित हुई।* अब जन्म वर्ष देखें।

७ जन्म-वर्षके बारेमें चार मत

जन्म-वर्षके सम्बन्धमें चार मत इस प्रकार है—

(१) कवि चरित्रकार जनार्दन रामचन्द्रजीने लिखा है कि 'तुकाराम देहूमें शाके १५१० में पैदा हुए।'

(२) देहू और पण्ढरपुरकी तुकारामकी वंशावलीमें उनका जन्म माघ शुक्ल ५ गुरुवार शाके १५२० को लिखा है।

(३) इतिहासकार राजवाडेने वाईमें मिली हुई एक प्राचीन वंशावलीको प्रमाण मानकर और प्रमाणान्तरोंसे मिलानकर तुकाराम-जन्म शाके १४९० में माना है।

(४) 'सन्तलीलामृत' में महीपतिबाबाने तुकारामके प्रथम इक्कीस वर्षोंका जो चरित्र-विवरण दिया है उससे ये बातें मालूम होती हैं—

१३ वें वर्ष तुकारामके सिरपर गृहस्थीका सारा भार आ पड़ा।

१७ वें वर्ष उनके माता-पिता इहलोक छोड़ गये और पीछे बड़े भाई सावजीकी स्त्रीका देहान्त हुआ।

---

* इस दिन अंगरेज़ी तारीख ९ मार्च १६५० ई० थी।

१८ वें वर्ष साथकी तीर्थाटनको गये।

२ वें वर्षतक इन तीन वर्षोंमें इन्होंने गृह-सुख-दाराके साथ सुख पूर्वक गृहस्थी चलायी।

२१ वें वर्ष दिवाला निकला, घोर दुर्भिक्ष पड़ा, तुकारामकी ज्येष्ठ पत्नी और उससे उत्पन्न पुत्र दोनों अन्नके बिना हाहाकार कर मर गये।

महीपतिबाबाने यह विवरण देकर इसे तुकाराम-चरित्रकी 'पूर्वार्ध-समाप्ति' कहा है। इसका वाच्यार्थ ही ग्रहण करें और इन २१ वर्षोंको पूर्वार्ध मान लें तो तुकारामकी आयु ४२ वर्ष माननी पड़ेगी। महीपतिबाबा-ने तुकारामके प्रयाणका वर्ष १५७१ ही बताया है, इसमेंसे ४१ वर्ष घटा दें तो जन्मवर्ष शाके १५२९ १ आता है। यदि इस 'पूर्वार्ध-समाप्ति' को लक्ष्यार्थसे 'अज्ञान प्रकृतिका अन्त' मानें तो जन्मका कोई भी वर्ष मान लिया जा सकता है। पर बहुतोंने वाच्यार्थ ही ग्रहण किया है और जन्म वर्ष शाके १५१ माना है।

८ चार मतोंका विचार

इन चार मतोंमेंसे कौन ठीक उतरता है, यह प्रश्न देखना चाहिये। कवि चरित्रकारने जन्म-वर्ष १५१ दे दिया है पर कोई प्रमाण नहीं बताया है इसलिये वह ग्राह्य नहीं हो सकता। देहू और पण्ढरपुरकी वंशा वलियोंको मैंने देखा है। वे ५ -७५ वर्षसे अधिक प्राचीन नहीं हैं और इनमें जो जन्म-वर्ष १५२ दिया है उसके साथ इन्हींमें दी हुई जन्म-तिथि माघ शुक्ल ५ गुरुवारका मेल नहीं बैठता। माघ शुक्ल पञ्चमीको गुरुवार तो *नहीं था। इस वर्ष माघ शुक्ल ५ को रविवार था और माघ कृष्ण ५ को* सोमवार था इसलिये इसे भी प्रमाण नहीं मान सकते।

९ इतिहासकार राजवाडेका मत

इतिहासकार राजवाडेने जन्म-वर्ष शाके १४९ माना है और इसके

पक्षमें तीन प्रमाण दिये हैं–(१) वाईमें मिली हुई वंशावली, (२) निबन्धमालामें वामनविष्णु लेलेद्वारा प्रकाशित एक प्राचीन पत्र, जिसमें तुकारामके गुरु-उपदेशके सम्बन्धमें महीपति नामक किसी पुरुषके बनाये ५ अभग हैं, जिनमेंसे एक अभगका आशय यह है कि बाबाजी चैतन्यने शाके १४९३ प्रजापति नाम संवत्सर वैशाख बदी १२ को समाधि ली और उसके तीस वर्ष बाद तुकारामपर अनुग्रह किया। प्रजापति-संवत्सरसे ३० वॉ सवत्सर शार्वरी (शाके १५२२) है। पर तुकारामने एक अभंगमें कहा है कि माघ शुक्ल १० 'गुरुवार' देख गुरुने अङ्गीकार किया, इसलिये माघ शुक्ल १० को 'गुरुवार' का होना आवश्यक है। शाके १५२२में इस तिथिको गुरुका यह वार नहीं मिलता, मिलता है शाके १५२० विलम्वी सवत्सरमें अर्थात् उपर्युक्त महीपतिके अभगमें तीस वर्षकी जो बात लिखी है उसका अर्थ तीस ही नहीं, पचीस-तीस-जैसा है। इस प्रकार राजवाडेके मतसे बाबाजी चैतन्यने तुकारामको शाके १५२० विलम्ब नाम सवत्सरमें माघ शुक्ल १० गुरुवारके दिन उपदेश किया। जन्म-वर्ष शाके १४९० और गुरूपदेश-वर्ष १५२० मानकर इस बीचके तुकाराम-चरित्रके २१ वर्षका विवरण राजवाडेने वही माना है जो महीपतिबाबा बतलाते हैं। शाके १५७१ के फाल्गुन मासमें तुकारामने प्रयाण किया अर्थात् उस समय उनकी आयु ८१ वर्षकी थी। उपर्युक्त महीपतिके अभगमें शाके १४९३ में बाबाजी चैतन्यकी समाधि है और इसके तीस वर्ष अनन्तर तुकारामको उनका गुरूपदेश प्राप्त होता है। इसे सही मान लेनेसे तुकारामकी आयु उस समय २५-३० वर्षकी रही होगी यह स्पष्ट है। अर्थात् इस प्रकारसे उनका जन्म-वर्ष शाके १४९० मानना पड़ता है। (३) तुकारामने एक अभगमें कहा है, 'जरा कर्णमूलमें आकर बातें करने लगी', इससे भी राजवाडे यह अनुमान करते हैं कि तुकाराम स्वर्ग सिधारनेके समय बहुत वृद्ध हो गये थे।

इन तीन प्रमाणोंके अतिरिक्त एक प्रमाण राजवाडेजीकी ओरसे मैं

ही पेश किये देता हूँ। तुकारामजीके शिष्योंमेंसे एक शिवा कासेरे नामक शिष्य लोहगाँवमें रहते थे वहाँ उनका बनवाया हुआ एक कूप है और उसपर शाके १५१४ में खुदा हुआ एक शिलालेख है। उस शिलालेखको शोधकर उसपर एक प्रबन्ध मैंने शाके १८२७ में भारत इतिहास-संशोधक-मण्डलकी सभामें पढ़ा था। राजवाडेजी जिसे लोहगाँव बतलाते हैं वह लोहगाँव नहीं है यह बात मैंने उस लेखमें सप्रमाण बता दी थी और वह शिलालेख भी सामने रख दिया था। इस शिलालेखसे तुकारामका जन्म शाके १४९ में ही हुआ होगा इसी बातकी पुष्टि होती है।

१० उनके मतका परीक्षण

अब राजवाडेके मतानुसार तुकाराम-जन्म शाके १४९ में मान लेना कहाँतक युक्तिसंगत हो सकता है यह देखें।

बाखरकी वंशावलीको प्रमाण मानें तो उस प्रमाणमें प्रमाद मौजूद है। महीपतिबाबा और देहूकरोंकी वंशावली दोनों ही एक स्वरसे बतलाते हैं कि विश्वम्भरबाबाके दो पुत्रोंमेंसे हरि बड़ा था और मुकुन्द छोटा पर बाखरकी वंशावलीमें मुकुन्दको बड़ा और हरिको छोटा कहा है। इसके अतिरिक्त बाईकी वंशावलीमें तुकारामके दादाका नाम रंगनाथ और परदादाका नाम सोमाजी लिखा है। पर महीपतिबाबा और देहूकरोंकी वंशावली दोनों ही दादाका नाम बाल्हजी और परदादाका नाम शंकरबाबा बतलाते हैं। यहाँ यह भी ध्यानमें रखना चाहिये कि बाईमें किसी वारकरीके घरकी किसी पोथी में लिखी हुई वंशावलीकी अपेक्षा तुकारामके सत्-शिष्य और शोधक महीपतिबाबा और तुकारामके वंशजोंके वचन अधिक विश्वसनीय और मान्य हैं। इसलिये बाखरकी जिस वंशावलीमें ऐसी-ऐसी भूलें हैं उनका लिखा हुआ जन्म-वर्ष १४९ भी कहाँतक विश्वसनीय हो सकता है?

राजवाडेने जिन महीपतिके अभंग उद्धृत किये हैं वह महीपति कौन

थे ? कोई महीपति-नामधारी जरूर थे, पर महीपतिबाबा वह नहीं हैं, यह बात उन अभगांकी ही दो बातोंसे स्पष्ट होती है। कारण, यह महीपति कहते हैं कि तुकारामको ओतुरनामक स्थानमें गुरूपदेश प्राप्त हुआ, और भक्त-लीलामृतमे महीपतिबाबा लिखते है कि तुकारामको यह गुरूपदेश देहूमें प्राप्त हुआ। दूसरी बात यह है कि यह महीपतिबाबाजी चैतन्य और केशव चैतन्यको एक ही बतलाते हैं। और वारकरी-सम्प्रदायमें यह मान्यता है कि राघव चैतन्य, केशव चैतन्य और बाबाजी चैतन्य तुकारामकी गुरुत्रयी हैं अर्थात् बाबाजी चैतन्यके गुरु केशव चैतन्य और केशव चैतन्यके गुरु राघव चैतन्य थे। इन दोनों बातोंसे यह स्पष्ट होता है कि ताहराबादकर श्रीमही-पतिबाबाके ये अभग नहीं हैं। यह कोई दूसरे ही महीपति हैं। राजवाडे जिन वाईकी वशावली और महीपतिके अभगोंके आधारोंपर तुकारामकी ८१ वर्षकी आयुकी अट्टालिका खड़ी करते हैं वे आधार बहुत ही कच्चे हैं। इनको प्रमाण नहीं माना जा सकता।

'जरा कर्णमूले' वाली बातसे राजवाडेजीने अनुमान किया है कि मृत्यु-समयमें तुकाराम बहुत वृद्ध हो गये थे। कानोंके पासके बाल जब श्वेत होने लगते हैं तब उसे यमराजकी ध्वजा यानी यमराजके आगमनकी प्रथम सूचना मानने और कहनेकी परिपाटी पहलेसे चली आयी है। पर अतिवृद्ध होना ही उसका अभिप्राय नहीं है। बालोंका श्वेत होना ३८ वें वर्षसे ६० वें वर्षतक, अपनी-अपनी प्रकृतिके अनुसार आगे-पीछे आरम्भ हो जाता है। तुकारामको वयस्के १८ वें वर्षके बादसे ससारमें दुःख-ही-दुःख भोगने पड़े, इससे ४० वें वर्षके लगभग उनके मुँहसे 'जरा कर्णमूलमें आकर बातें करने लगी'—ऐसा उद्गार निकला हो तो क्या आश्चर्य है ! और 'जरा कर्णमूलमें आकर बातें करने लगी' इस वाक्यसे जरा या बालोंके श्वेत होनेका आरम्भ ही सूचित होता है। और यही अभिप्राय व्यक्त

करनेके लिये इस प्राचीन उक्तिप्रकारका प्रयोग किया जाता है। कथा-*सरित्सागर द्वितीय लम्बक द्वितीय तरंगका २११ वाँ श्लोक देखिये*—

अथ तस्य जरां प्रशान्तिदूतीं
श्रुतपार्श्वां क्षितिपस्य कर्णमूलम्।
सहसैव विलोक्य जातकोपा
बत दूरे विषयस्पृहा बभूव॥

यह सुभाषित तो प्रसिद्ध ही है—

कृतान्तस्य दूती जरा कर्णमूले
समागत्य वक्तीति लोकाः शृणुध्वम्।
परस्त्रीपरद्रव्यवाञ्छां त्यजध्वं
भजध्वं रमानाथपादारविन्दम्॥

संस्कृत-साहित्यसे ऐसे अनेक अवतरण दिये जा सकते हैं। यदि प्रयाण-कालमें तुकाराम सचमुच ही बहुत वृद्ध हुए होते तो वृद्धत्व-सूचक और भी कुछ उल्लेख उनके अभंगोंमें मिले होते और राजवाड़ेजी उन्हें उद्धृत भी करते। पर ऐसे उल्लेख कहीं हैं ही नहीं।

अब शिवा कसेरेके कूपकी बात रह गयी। इस कूपपर शाके १५६४ का लेख है। इससे तुकारामजीका जन्म इससे बहुत पहले हुआ होगा ऐसा अनुमान कोई करे तो वह भी नहीं माना जा सकता। तुकारामजीने शिवबापर अनुग्रह किया उसके बाद उन्हींकी आज्ञासे शिवबाने यह कूप बनवाया, ऐसा महीपतिबाबाने लिखा है पर यह सुनी-सुनायी बात ही उन्होंने लिखी होगी। कूपके शिलालेखमें 'शिवजी' नाम है। पर यह शिवजी तुकाराम-जीके शिष्य शिवबा कसेरा हैं या उनके कोई बाप-परदादा या और कोई, यह निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता। निश्चय इतना तो अवश्य हो सकता है कि तुकारामके शिष्य शिवबाने तुकारामकी आज्ञासे यह कूप बनवाया

होता तो उस शिलालेखमें जहाँ श्रीगणेश और श्रीकालिकाको प्रथम नमन किया गया है वहाँ उनके स्थानमें या उनके साथ ही 'श्रीपाण्डुरङ्गाय नम', 'श्रीरुक्मिणीविट्ठलाभ्या नमः' भी अवश्य होता। तुकारामका शिष्य होकर गणेश और कालिकाको तो स्मरण करे और विट्ठल-रखुमाईको भूल जाय, ऐसा नहीं हो सकता। इसलिये यह कूप बनवानेवाला शिवा कसेरा या तो तुकारामका शिष्य शिवा कसेरा नहीं है या कम-से कम कूप बनवानेके समयतक वह तुकारामका शिष्य नहीं था, यह बात सिद्ध होती है। इस तरह तुकारामका जन्म-वर्ष शाके १४९० मानलेकी पुष्टि इस कूपसे भी नहीं होती।

तुकारामकी आयुमर्यादा ८१ वर्ष माननेके विरुद्ध एक बड़ी बात यह भी है कि जिस समय तुकाराम वैकुण्ठ सिधारे उस समय जिजाई गर्भवती थीं। तुकारामके दोनों विवाह उनके माता-पिताके रहते ही हुए थे और माता-पिता उनके वयसके सतरहवें वर्ष मृत्युलोकसे विदा हुए, यह महीपतिबाबाने स्पष्ट ही कहा है। राजवाडेजी भी इस बातको मानते हैं कि तुकारामका प्रथम विवाह उनके वयसके १२ वें वर्षमें और द्वितीय विवाह चौदहवें वर्षमें हुआ। अर्थात् तुकारामकी द्वितीया पत्नी उनसे अधिक-से-अधिक ५, ६ वर्ष छोटी रही होंगी। अर्थात् प्रयाणके समय यदि तुकाराम ८१ वर्षके रहे हों तो जिजाई ७५-७६ वर्षकी रही होंगी। पर इस वयसमें उनके सन्तान होना असम्भव है। अपनी बातकी पुष्टिमें राजवाडेजीने निजामुलमुल्क, जर्मन तत्त्ववेत्ता गेटी और 'गुरुचरित्र' में वर्णित बाँझके वृद्धावस्थामे सन्तान होना, ये तीन दृष्टान्त उपस्थित किये हैं,

राजवाडेजी बतलाते हैं कि निजामुलमुल्क जब ८० बरसके थे तब उनके लड़का पैदा हुआ। पर इस लड़केकी याने निजाम अलीकी माता निजामुलमुल्ककी कौथी स्त्री थीं, कितने वर्षकी थी, तथा राजपुरुषोंकी

जन्म-कथाओंमें कभी-कभी कितने पेंच-पाँच होते हैं, इन सब बातोंका विचार उन्होंने नहीं किया है। नित्यमुमुक्षु-भक्तोंके उदाहरण महात्माओंके चरित्रोंमें देना भी प्रशस्त नहीं है। दूसरा उदाहरण गेटीका है। ६० वर्षतक वह ब्रह्मचारी रहे पीछे इन्होंने विवाह किया और विवाह भी एक युवतीसे किया। इसलिये यह दृष्टान्त भी यहाँ नहीं घटता। फिर शीतकटिबन्धके मनुष्योंकी बात कुछ है उष्णकटिबन्धके मनुष्योंकी बात कुछ और। इसलिये भी यह उदाहरण ठीक नहीं है। तीसरा उदाहरण 'गुरुचरित्र' में वर्णित स्त्रीका है। राजवाड़ेजी कहते हैं 'प्रसिद्ध गुरुचरित्र-ग्रन्थमें, मासिक धर्मके छूटे तीस-पचीस वर्ष बीत चुके थे, ऐसी एक बूढ़ी स्त्रीके संतान होना लिखा है। यह स्त्री प्रसूतिके समय ७०-७५ वर्षकी रही होगी।' यह कथा 'गुरुचरित्र' के ३९ वें अध्यायमें है। यह स्त्री सोमनाथकी पत्नी गंगा है। इस स्त्रीके ६० वें वर्ष श्रीगुरुकृपासे संतान हुई, यह तो गुरुचरित्रमें लिखा है पर राजवाड़ेजीने उसे ७०-७५ वर्षकी बना डाला है। इस कथामें उस स्त्रीके ६० वर्षकी होनेका कई बार उल्लेख हुआ है। दूसरे यह कि गंगाबाई बाँझ थी और उन्हें पुत्र-मुख-दर्शनकी बड़ी लालसा थी। जिजाई की बात तो ऐसी नहीं थी। यौवन प्राप्त होनेके समयसे ही उनके बच्चे होने लगे और उनसे उनका जी भी ऊब गया था। तीसरी बात यह कि गंगाबाई बाँझ थीं और बच्चा होनेके लिये उन्होंने कितनी मानतायें मानी थीं पुत्रके लिये वह ईश्वरसे प्रार्थना किया करती थीं और श्रीगुरुने अपनी सिद्धाईका एक चमत्कार दिखाया तो उन्हें ६० वर्षकी अवस्थामें पुत्र दिया। जिजाईके सम्बन्धमें ऐसी कोई बात नहीं है। जिजाईके सन्ततिकी कोई कमी नहीं थी। बच्चे-बच्चे पालने-पोसने इस झंझटसे उनका जी ऊब गया था और ऐसी अवस्थामें वयःके ७८ वें वर्ष जिजाईके संतान हो यह तो असम्भव है। इसलिये बात यह है कि प्रयाणके समय तुकारामकी आयु ८१ वर्ष नहीं थी और न जिजाईका मासिक धर्म ही छूटा था। चौथी बात

यह कि वयस्‌के २१ वें वर्षमें वैराग्य वरण करनेवाले तुकाराम ८१ वें वर्षमें भी ग्राम्यधर्मरत हों, यह बात भी जँचनेलायक नहीं है। वर्णाश्रम-धर्मका साधारण नियम यह है कि—

> शैशवेऽभ्यस्तविद्याना यौवने विषयैषिणाम्।
> वार्धके मुनिवृत्तीना योगेनान्ते तनुत्यजाम्॥
>
> (रघुवश सर्ग १। ८)

इस साधारण नियमको तुकारामने न माना हो, ऐसी बात तो समझके बाहर है। प्राचीन परम्परा यही है कि कोई भी धार्मिक हिन्दू ५०-५५ वयस्‌के बाद प्रायः ग्राम्यधर्ममें मन नहीं लगाते। फिर जो तुकाराम अपने अवतीर्ण होनेका यह प्रयोजन बतलाते हैं कि 'धर्मरक्षणके लिये हमारा सारा उद्योग है' जो अपनी 'वाणीसे वेदनीति ही कहते हैं' और 'वही करते हैं जो सन्तोंने किया', वह तुकाराम अपने इस अन्तिम पुत्रके गर्भमें आनेके समय ८१ वर्षके हो ही नहीं सकते।

११ संवत् १६८६ का अकाल

अब रह गया तीसरा मत, जिसके अनुसार तुकारामका जन्म-वर्ष शाके १५३० है। इसके पक्षमें ऐतिहासिक प्रमाण काफी हैं और परम्पराकी मान्यता भी है। महीपतिबाबाने जो यह कहा है कि २१ वर्षकी अवस्थामें जीवनका 'पूर्वार्ध समाप्त हुआ,' वह वाच्यार्थसे भी सही है और इसको प्रमाण माननेके लिये ऐतिहासिक आधार भी है। वाच्यार्थ लेनेसे तुकाराम महाराजकी आयु कुल ४१-४२ वर्ष माननी पड़ती है और इस प्रकार उनका जन्म वर्ष शाके १५३० ग्रहण करना ठीक है। महीपतिबाबाने लिख रक्खा है कि उनके वयस्‌के 'इक्कीसवें वर्ष विपरीत काल' आया अर्थात् घोर दुर्भिक्ष पड़ा और उसमें उनकी प्रथम स्त्रीको अन्नके बिना प्राण त्यागने पड़े। तुकाराम महाराजके वयस्‌का यह इक्कीसवाँ वर्ष (जन्म-वर्ष १५३०

माननेसे) शाके १५५१ में आता है और इतिहाससे यह बात मिलती है कि शाके १५५१ (अर्थात् १६८६ वैक्रम या सन् १६२९ ई० ईसवी) में केवल पूनेमें ही नहीं सम्पूर्ण महाराष्ट्रमें घोर दुर्भिक्ष पड़ा था। अब्दुल हमीद लाहोरी नामक एक मुसलमान इतिहासकारने शाहजहाँ बादशाहके शासनकालके प्रथम २० वर्षोंका एक इतिहास 'बादशाहनामा' के नामसे लिखा है। यह लाहोरी १६५४ ई० में मरे। यह तुकारामजीके समकालीन थे, 'बादशाहनामा' में इन्होंने लिखा है 'पिछले साल (सन् १६२९ ई०) बालाघाटकी तरफ बारिश नहीं हुई और दौलताबादकी तरफ तो एक बूँद भी पानी नहीं गिरा। इस साल (सन् १६३० ई०) आसपासके सब सूबोंमें नाजकी कमी हुई और दक्खिन और गुजरातमें तो हाय मची। यहाँके लोगोंका हाल ऐसा बेहाल हुआ कि कुछ कहनेकी बात नहीं। रोटीके एक-एक टुकड़ेपर जानकर और बच्चे बिकने लगे तो भी कोई गाहक न मिलता। बड़े-बड़े दानी एक-एक टुकड़ेके लिये हाथ पसारने लगे। जानवरोंमेंसे हड्डियाँ निकाल-निकालकर उन्हें पीस-पीसकर यह लोग आटेमें मिलाकर खाने लगा। यहाँतक नौबत आ गयी कि आदमी आदमीको खाने लगा! यहाँतक कि माँ-बाप अपने बच्चोंको खाने लगे। जहाँ-तहाँ लाशोंके ढेर दिखायी देने लगे। अच्छी-से-अच्छी जमीनमें भी एक दाना नहीं पैदा हुआ। कहीं एक बूँद पानी नहीं एक दाना अन्न नहीं यह हालत इन सूबोंकी हुई थी। (इलियट ऐण्ड डासन भाग ७ पृ० २४) इसीका उल्लेख एल्फिन्स्टनके इतिहासमें (पृ० ५०७) और ग्रान्ट डफके इतिहासमें (भाग १ पृ० ४१) किया हुआ है। तुकाराम महाराजके समकालीन इतिहासकारने शाके १५५१-५२के उस भीषण दुर्भिक्षका यह वर्णन किया है। शाके १५५१ का वर्षाकाल वर्षाके बिना ही बीता इससे उसी वर्ष दुर्भिक्षका सामना पड़ा। पर पहलेका जमा अन्न जहाँ जो था उससे यह वर्ष तो लोगोंने किसी प्रकार रो-धोकर बिता दिया। पर अब

शाके १५५२ में भी वर्षा नहीं हुई तब लोगोंके दुःखका कोई ठिकाना न रहा और यहाँतक नौबत आयी कि हजारों आदमी अन्नके बिना मर गये और आदमी आदमीको खाने लगे ! इस दुर्भिक्षके विषयमें अपने यहाँ घरका प्रमाण भी मौजूद है। राजवाडे महोदयने 'मराठोंके इतिहासके साधन' प्रकाशित किये हैं। इनके १५ वें खण्डमें शिवाजी महाराजके समयका पत्र-व्यवहार प्रकाशित हुआ है। लेखाङ्क ४१३-४१४ और ४१९ देखिये। मौजा निगुरडाके पाटील (गाँवके मुखिया) ने शाके १५५१ के कुआरमें ३१ मौजोंकी अपनी वृत्तिका आधा हिस्सा बेचते हुए लिखा है कि 'आफत और फितरतके मारे भूखों मर रहे हैं, इसलिये 'आधी पाटिलाई अपनी खुशीसे बेचते हैं।' शाके १५५३ में फिर इसी बची हुई पाटिलाईका आधा हिस्सा और बेचा है, क्योंकि 'दुर्भिक्षके कारण असह्य कष्ट है, खानेको अन्न नहीं है, व्यवहार करनेवाला कोई बनिया नहीं है।' इसके बाद शाके १५५५ में बचा हुआ हिस्सा भी यही कहकर बेच डाला है कि 'बड़ा भयङ्कर दुर्भिक्ष है, गाय बैल नहीं रहे, अन्नके बिना मर रहे हैं।' अस्तु ! यह सब शाके १५५२ के दुर्भिक्षसे महाराष्ट्रमें* कैसा हाहाकार मचा था, यह दिखानेके लिये ही लिखा है।

---

* महीपतिबाबाने भी उस दुर्भिक्षका वर्णन किया है। पर उन्होंने जो लिखा है वह सुनी-सुनायी बातोंके आधारपर लिखा है, अपनी आँखोंसे देखा हाल नहीं। प्रत्यक्षदर्शी श्रीसमर्थ रामदास स्वामी थे जिनकी आयु उस समय २१-२२ वर्ष होगी। इसी समयके लगभग उनका तीर्थयात्राकाल आरम्भ हुआ है। उन्होंने इस दुर्भिक्षका वर्णन इस प्रकार किया है—'सब पदार्थ निकल गये, केवल देश रह गया, लोगोंपर सङ्कटके पहाड़ टूट पड़े। कितने स्थान भ्रष्ट हो गये। कितने जहाँ-के-तहाँ मर गये। जो बचे वे अपने गाँव लौटकर मर गये। खानेको अन्न नहीं रहा। ओढ़ने-बिछानेको कपड़ा नहीं रहा। घर-गृहस्थीकी कोई चीज न रही।.. सब लोग उद्वेग-उद्भ्रान्त हो गये। दुश्चिह्न अभीतक मौजूद हैं। कितने जातिभ्रष्ट हो

१२ कान्हजीके शोकोद्गार

तुकाराम महाराजके प्रयाणके पश्चात् उनके छोटे भाई कान्हजीने जो विलाप किया है उसके १८ अभंग हैं। उन अभंगोंको देखनेसे यह कोई भी नहीं कह सकता कि किसी ८१ वर्षके वृद्धकी मृत्युपर यह शोक हुआ है। इन अभंगोंमें इतना करुण-रस भरा हुआ है कि उसे देख यही समझा जायगा कि तुकाराम सबको अपना पसारा समेटकर अकालमें ही चले गये। कान्हजी तुकारामकी पीठपर ही हुए थे, अधिक-से-अधिक ३-४ वर्ष उनसे छोटे होंगे। तुकाराम जब विरागी हुए तब कान्हजी लड़कर उनसे अलग हो गये थे। इस समय तुकाराम बीस-पचीस वर्षके रहे होंगे। पीछे जब कान्हजीने तुकारामकी योग्यता जानी, तब उन्हें बड़ा पश्चात्ताप हुआ और वह उनके शिष्य बने। प्रयाणके समय महाराजकी आयु यदि ८१ वर्ष होती तो कान्हजीके ऐसे अनुतापभरे उद्गार इतने वेगके साथ कभी न निकलते कि 'भैया जानकर मैंने तुमसे अति परिचयका ही व्यवहार किया' अथवा 'संसारमें मुझ बालकको तुम भुला दे गये' इत्यादि। तुकाराम यदि उस समय इतने वृद्ध होते तो उसका यह मतलब होता कि कान्हजीको ४ ५ वर्षतक उनका सत्संग-लाभ हुआ होता। कान्हजी भी वृद्ध होते उनके पूर्व कर्म छूटकर नूतन गाम्भीर्यमें परिणत हो गये होते जिसमेंसे ऐसे अनुतापका आवेग कभी न निकलता। कान्हजीके मुँहसे ऐसी बात भी न निकलती कि 'मेरी ओढ़नी छिन गयी' 'मेरा घर लुटा, बच्चे-बच्चे अनाथ हो गये' 'भरा-भरा घर उजड़ गया'। तुकाराम यदि उस समय वृद्ध होते तो ऐसे उद्गार न निकलते और ऐसे

गये। कितने विष खाकर मर गये। कितने अन्नमें धूल भरे कितनोंका दाग भी नहीं हुआ। मालूम होता है दुर्भिक्ष और परचक्र दोनों एक साथ ही हुए थे। (राजवाड़े और रामदासी वर्ष १ अङ्क १)

उद्गारोंमें तब कोई स्वारस्य भी न होता। इन सभी बातोंसे यही निश्चित होता है कि वृद्धावस्था आरम्भ होनेके पूर्व ही तुकाराम इहलोकसे चले गये। कान्हजीका एक उद्गार ऐसा भी है कि 'बच्चे बिलख-बिलखकर रो रहे हैं, उनके करुणस्वरसे पृथ्वी विदीर्ण हुआ चाहती है।' तुकारामकी आयु उस समय यदि ८१ वर्ष होती तो उनके सन्तान कोई ४० वर्षके, कोई ५० और कोई ५५ के होते और तब कान्हजीको यह भी न कहना पड़ता कि 'बच्चे दर-दर रोते फिर रहे हैं।' ये सभी उद्गार उस हालतमें व्यर्थ हो जाते। इन सभी उद्गारोंसे यही प्रकट होता है कि तुकाराम महाराज और तुकाभाई कान्हजीके सन्तान उस समय १५–२० वर्षकी अवस्थाके भीतर-बाहर रहे होंगे। कान्हजीकी वाणीसे यह भी नहीं झलकता कि तुकारामका गृह-प्रपञ्च इस समय समाप्त सा हुआ हो। दूसरी बात यह कि अकाल ही जब वियोग होता है तभी करुण-रस सोहता है—तभी स्फुरता भी है, यह तो रसज्ञ और रसिक जानते ही हैं। यह भी नही कह सकते कि ये अभग प्रक्षिप्त हों। कारण, ये तुकाराम महाराजके साथ रहनेवाले उनके लेखक सन्ताजी जगनाडेकी बहीपरसे श्रीभावेजीके 'असली गाथा, भाग १' में भी उतारे गये हैं।

१३ पूर्व-परम्परा

इन सब प्रमाणोंसे यह प्रमाणित हुआ कि तुकारामका जन्म-वर्ष शाके १४९० जितना आगेका तो नहीं है। जन्म-वर्ष १५३० माननेसे चरित्रके सब प्रसङ्गोंकी श्रृङ्खला ठीक जुड़ जाती है। महीपतिबाबाने २१ वें वर्ष पूर्वार्ध-समाप्तिकी जो बात कही है वह वाच्यार्थ और लक्ष्यार्थ दोनों प्रकार-से ठीक बैठ जाती है, जिजाई तुकाराम महाराजके प्रयाणके समय गर्भवती थीं, इस बातमें भी कोई विसङ्गतता नहीं आती (कारण, उस समय उनकी आयु ३६-३७ वर्ष रही होगी), महीपतिबाबाका यह कहना कि

'इक्कीसवें वर्ष विपरीत काल आया' शाके १५५१ के महादुर्भिक्षकी ऐतिहासिक घटनासे सिद्ध ही जाता है। और कम्प्युकीका विकल्प करना भी सार्थक होता है, और परम्परासे चली आयी हुई मान्यताको भी असमान्य करनेकी कोई आवश्यकता नहीं पड़ती। परशुराम पन्त तात्या गोडबोलेने शाके १७७१ में 'नवनीत' का प्रथम संस्करण प्रकाशित किया। उसमें उन्होंने लिखा है कि 'तुकाराम ४ वर्षकी आयुमें इहलोक छोड़कर परलोक सिधारे।' सरकारी सहायतासे प्रकाशित 'इन्दुप्रकाश' वाले संग्रह में कहा है कि 'शाके १५१ में देहू-स्थानमें तुकारामका जन्म हुआ। तुकाराम अदृश्य हुए। उस समय उनकी आयु ४२ वर्ष थी, यही सब समय-समायों और तुकारामके भक्तोंमें सर्वत्र प्रसिद्ध है। इस प्रकार सभी प्रमाणोंसे तुकाराम महाराजका जन्म-वर्ष शाके १५१ ही निश्चित होता है और इसीको मानकर तुकारामकी जन्म-कुण्डली बनानेसे ज्योतिष की चरित्र-फल बतलाता है वह भी तुकाराम महाराजके चरित्रसे मिलता है। इसलिये शाके १५१ (संवत् १६६५) में तुकाराम महाराजका जन्म हुआ इस बातको सब लोग मान लेंगे।

१४ गुरूपदेशका वर्ष

अब गुरूपदेशका समय निर्धारित करना है। जन्म शाके १५१ में हुआ १५५१-५२ के दुर्भिक्षमें उनकी स्त्रीका अन्नके बिना देहान्त हुआ, उसके पश्चात् उन्हें वैराग्य हुआ। अर्थात् गुरूपदेशका समय शाके १५५२ के पश्चात् ही है। पर वह शाके १५५८ के पूर्व ही हो सकता है। कारण इस प्रकार है। बहिणाबाई १५५ में जन्मीं और १६२२ के आश्विन मासमें शुक्लपक्षकी प्रतिपदाको समाधिस्थ हुईं। (गाथा बहिणाबाई भाग १ पृष्ठ १८१) अर्थात् उस समय उनकी आयु ७२ वर्ष थी यह बात उन्होंने स्वयं भी अपने निर्याणकालीन अभंगोंमें कही है। बहिणाबाई जब

११-१२ वर्षकी थीं तभी तुकारामने स्वप्नमें उन्हें दर्शन दिये। बहिणाबाई कोल्हापुरमें थीं, अपने पतिके साथ बैठकर जयराम स्वामीका कीर्तन सुना करती थीं, इन्हीं कीर्तनोंसे तुकाराम महाराजकी कीर्ति उनके कानमें पड़ी और तुकाराम महाराजकी ओर उनका ध्यान लगा। ऐसी अवस्थामें 'कार्तिक कृष्ण ५ रविवारको तुकाराम महाराजने स्वप्नमें आकर पूर्ण कृपा की।' कार्तिक कृष्ण ५ को (पूर्णिमान्त मासके हिसाबसे मार्गशीर्ष कृष्ण ५ को) रविवारका योग शाके १५६२ में आता है। इसलिये बहिणाबाई-के स्वप्नानुग्रहका समय मिति कातिक बदी ५ शाके १५६२ ही है। इस समयतक भगवान्‌ने तुकारामकी 'बहियोंको जलसे उबार लिया' की कथा कोल्हापुरतक फैल चुकी थी। इसके पश्चात् बहिणाबाई अपने पति और माता पिताके साथ देहूमें आयीं। वहाँ कुछ कालतक मम्बाजी बाबाके घर रहीं। मम्बाजीने उन्हें यही कहकर अपने यहाँ टिका लिया था कि 'आगे सोमवती अमावस्या है,' तबतक यहीं रहो। सोमवती अमावस्याका योग १५६२ के फाल्गुनमें, १५६३ के कार्तिकमें और १५६४ के श्रावणमें भी है। अर्थात् इन तीन वर्षोंमेंसे किसीसे भी वर्षमें वह देहूमें गयी होंगी। तथापि जब १५६२ में कार्तिक बदी पञ्चमीको श्रीतुकाराम महाराजका स्वप्नानुग्रह हुआ है तब यही अधिक सम्भव है कि गुरु-दर्शनकी उत्कण्ठा-से वह उसी वर्ष फाल्गुनमें ही देहू गयी हों। वहाँ जानेपर मम्बाजीने उन्हे बहुत कष्ट दिया। उसी कष्ट कहानीमें मम्बाजीकी इस शिकायतका भी जिक्र है कि रामेश्वर भट्ट जैसे विद्वान् भी जाकर तुकाके पैर छूते हैं, यह तो बड़ा भारी अनर्थ है। इन दोनों उल्लेखोंसे यह पता चला कि तुकारामकी बहियाँ रामेश्वर भट्टने डुबायीं और भगवान्‌ने उन्हें उबारा, यह बात शाके १५६२ के पहले ही सर्वत्र फैल चुकी थी। यह कथा बहिणा-बाईने १५६२ के कार्तिक मासके पहले सुनी, जब यह घटना हुई तभी

कुछ दिनोंमें ही सुनी हो या दो-एक वर्ष बाद सुनी हो। यह मान लेनेमें कोई हरज नहीं है कि यह घटना १५५१ के लगभग हुई होगी। तुकाराम जीको कवित्व-स्फूर्ति हुई और वे अभंग रचने लगे इस बातको १५५६ में दो-तीन वर्ष बीत चुके होंगे। 'तुकाराम अपने कीर्तनोंमें अपने ही बनाये हुए अभंग गाते हैं और उन अभंगोंसे वेदार्थ प्रकट होता है।' यह बात फैलते-फैलते रामेश्वर भट्टके कानोंतक पहुँची और तब तुकारामको विरोधी लोग कष्ट पहुँचाने लगे। इस अवस्थाको यदि १५६१ में रखते हैं तो उनके कवित्व-स्फूर्ति होनेका समय १५५७-५८ रखना होगा। इस हिसाबसे इसके पूर्व ही पर १५५२ के पश्चात् जिस किसी वर्षमें माघ शुक्ल दशमीको गुरुवार हो वही वर्ष उन्हें गुरूपदेश प्राप्त होनेका वर्ष मानना होगा। जन्त्री-में शाके १५५४ की माघ शुक्ल १० को गुरुवार है। इस प्रकार यह सिद्ध है कि शाके १५५४ संवत् १६८९ (अंग्रेजी तारीख १० जनवरी १६३३ ई०) माघ शुक्ल १० गुरुवारके दिन ब्राह्ममुहूर्तमें भण्डारा-पर्वतपर श्रीतुकारामको स्वप्नमें श्रीगुरुने उपदेश दिया।

१५ अभंग-रचनाका क्रम

श्रीगुरूपदेशके पश्चात् तुकारामजीको कवित्व-स्फूर्ति हुई। तुकाराम जीका एक अभंग है 'जाति शूद्र, वैश्य किया व्यवसाय (जाति शूद्र, वैश्य केला व्यवसाय)' यह किसी अगले अध्यायमें आवेगा। उसमें तुकाराम जीने अपने जीवनकी मुख्य-मुख्य घटनाएँ क्रमसे बता दी हैं। पहले घर गिरस्ती सँभाली व्यवसायमें हानि उठायी दुर्भिक्षमें प्रथम पत्नी अन्न बिना मर गयी वैराग्य हो आया श्रीविठ्ठल-मन्दिरका जीर्णोद्धार किया, स्वप्नमें इसके पश्चात् स्वप्नमें गुरूपदेश हुआ और इसके अनन्तर कवित्व स्फूर्ति हुई। कवित्व-स्फूर्ति शाके १५५१ में हुई मानें तो श्रीतुकारामजी-के श्रीमुखसे सतत पन्द्रह वर्षपर्यन्त अभंग-गङ्गा बहती रही। इन पंद्रह

वर्षोंमें सहस्रों अभंग उनके मुखसे निकले। सब अभंग आज नहीं मिल रहे हैं। कवित्व-स्फूर्ति होनेपर सबसे पहले उन्होंने बाललीलापर ओवियाँ रचीं और स्वयं ही बालबोधिनी (देवनागरी) लिपिमें बहीपर लिखीं। श्रीकृष्णद्वैपायन महर्षि वेदव्यासने श्रीमद्भागवत लिखा, उसके 'दशम स्कन्धमें हरिलीलामृत' है और उसमें 'जगदात्मा गोकुलमें क्रीडा कर रहे हैं,' यही श्रीकृष्णकी गोकुलकी बाललीलाका प्रसङ्ग है। 'उसकी नौ सौ ओवियाँ हैं' जिनका मर्म, महीपतिबाबा कहते हैं कि 'साधु सन्त ही स्वानुभवसे जानते हैं।

ये ओवियाँ ऐसी हैं कि इन्हें ओवी भी कह सकते हैं और अभंग भी। अभंग यों कह सकते हैं कि कुछ चरणोंके बाद 'तुका म्हणे (तुका कहे)' कहकर इतना ही टुकड़ा तोड़कर जोड़ा है। इन्हें अभंग कहें तो इनमें चरणोंकी सख्याका कोई ठिकाना नहीं, किसीमें तीन चरण हैं, किसीमें तीनसे अधिक और किसीमें तीसतक छोटे-बड़े कई चरण हैं। रचना ओवीके ढंगकी है। अभंगकी जो यह विशेषता है कि द्वितीय चरणमें स्थायी पद आता है सो इसमें नहीं है। ओवी बद्ध-सी रचना है इसलिये हम इन्हें ओवियाँ ही कहते हैं। अभंगका हिसाब लगायें तो ये बाललीलाके १०० अभंग हैं और चरण गिनें तो ९०० ओवियाँ हैं। बात एक ही है। देहू पण्ढरीके सग्रहोंमें बाललीला वर्णन पहले दिया है, पीछे 'पाण्डुरंगनमन' के २३१ ओवियोंके तीन अभंग दिये हैं। इन्दुप्रकाशसग्रहमें ये तीन अभंग पहले और बाललीलावर्णन पीछे दिया है। ये तीन और बाललीलाके सौ अभंग मिलाकर ओवीके ११२५ चरण होते हैं और कुछ सग्रहोंमें ओवियों-का जोड़ ११०० ११२५ जितना ही दिया हुआ है। यह बहिरंगकी बात हुई। वर्णित विषयको देखें तो २३१ ओवियाँ प्रास्ताविक हैं और सबसे पहले तुकारामजीने यही लिखा होगा। तुकारामजीके उपास्यदेव श्रीपाण्डुरंग

थे, इसलिये सबसे पहले उन्होंने उन्हींका चरित्र लिखा, यह स्वाभाविक ही है। मङ्गलाचरण आदिसे यह स्पष्ट ही ध्वनित होता है कि यह रचना करते हुए तुकारामजीको यह ध्यान है कि यह मेरी पहली ही रचना है। वो ही एक वर्ष पहले गुरूपदेश हुआ था इससे गुरुवन्दना भी इसमें स्वभावतः ही आ गयी है।

बाजलीलाकी ओवियोंके कुछ काल पश्चात् दळणोंकी गुलीडंडा, गेंद आदिके अभंग बने होंगे। शेष सब अभंगोंका कालक्रम निश्चित करना कठिन है। परन्तु बाललीलाके पश्चात् आत्मपरीक्षण दर्शन-लालसा परिचयकी धनिष्ठता कन्यता, पूर्णता और उपदेश ऐसा क्रम यदि इन सब अभंगोंका बाँधा जाय तो उसमें बहुत बड़ी गलती होनेकी सम्भावना नहीं है। बाललीलाके अभंग तुकारामजीने स्वयं ही लिखे। पीछे कीर्तन प्रसंग से करतालियों और श्रोताओंका जमघट ज्यों-ज्यों बढ़ने लगा और विशेष करके जबसे गंगाराम बोवा मवाळ और सन्ताजी जगनाडे अभंग लिखने-वाले मिल गये तबसे तुकारामजीका स्वयं लिखना छूट-सा गया होगा। इन लेखकोंने भी तुकारामजीके सभी अभंगोंको लिखा होगा यह तो नहीं कहा जा सकता। एक बार देहूमें एक वृद्ध वारकरीके मुँह सुना कि तुकारामजी-ने एक लाख अभंग भण्डारा-पर्वतपर रचे एक लाख इन्द्रायणीको भेंट किये और एक लाख लोगोंको दान किये। इसका अभिप्राय इतना ही समझमें आता है कि भण्डारा-पर्वतपर तुकाराम महाराज जब श्रीविठ्ठलके ध्यान और नाम-जपमें निमग्न थे तब भगवान्‌को सम्बोधन कर असंख्य अभंग उन्होंने कहे होंगे। वह इस समय एकान्तमें थे। एकान्तके इन अभंगोंको भगवान्‌के सिवा और कौन सुन सकता था? और उस आनन्दके अनुभवमें निमग्न तुकारामजीको भी उन अभंगोंको लिख रखनेकी सुधबुध न रही होगी। इन्द्रायणीके तटपर भी एकान्तवासमें यही हुआ करता था। कीर्तन प्रसंगसे अथवा अन्य अवसरोंपर

जो अभग उनके मुखसे निकले उनमेंसे कुछ—लगभग साढ़े चार हजार—अभग लेखकोंकी लेखनीतक पहुँचे । महाराजके हृदयमें स्वानन्दका जो भण्डार भरा हुआ था उसमेंसे बहुत ही थोड़ा अश हमारे आपके हाथ आया है । भगवान्‌के साथ उनका जो एकान्त हुआ उस समयका सारा सुख भगवान्‌ने ही लूटा और चार दाने सौभाग्यसे हमलोगोंको मिले हैं ! इन चार दानोंसे समूचे भण्डारकी कल्पना जो कोई कर सकता हो वह कर ले ! श्रीतुकारामजीके श्रीमुखसे जो भक्तिज्ञानगङ्गा अखण्डरूपसे सतत पद्रह वर्षतक प्रवाहित होती रही । उसमेंसे चार घड़े पानी जिन उदारात्माओंकी कृपासे हमलोगोंको मिला है उनके अपार उपकार हैं । महाराजने स्वय पूर्ण परितृप्त होकर जो चार मुट्ठी उच्छिष्टान्न हमें दिया है उसके परिमलमात्रसे जब समय-समयपर कृतार्थताकी तरग-सी उठा करती है तब जिन महाभागोंने साक्षात् तुकाराम महाराजके हाथों पद्रह-बीस वर्षतक बराबर प्रसाद पाया हो उन गगाराम, सन्ताजी, रामेश्वर भट्टादि पुण्यात्माओंके सौभाग्यकी कहाँतक सराहना की जाय ? श्रीतुकाराम महाराजका निज योगैश्वर्य तो अवर्णनीय ही है, परमात्माका सम्पूर्ण ऐश्वर्य उनपर प्रकट हुआ । वह कर्मी, ज्ञानी, योगी, भक्त, सभी कुछ थे, 'गगासागरसगममें सभी तरग एकमय' रूप थीं । 'तुका भये पाडुरग,' यही सच है, उनके अभगोंमें भी सब रग भरे हुए हैं, हर कोई अपने अधिकारके अनुसार चाहे जिस रगसे रञ्जित हो ले ।

१६ जीवन-क्रमका मानचित्र

यहाँतक जो विवेचन हुआ उससे श्रीतुकाराम महाराजके जीवन-क्रमका जो कालमानचित्र चित्रित होता है वह ऐसा है—

वयस् विक्रम संवत्　　घटना
वर्ष

१६६५ श्रीतुकाराम-जन्म ।

१३–१६७८ गृहप्रपञ्चका भार तुकारामजीके सिर पड़ा ।

१६ { १६७९ }
१८ { १६८१ } के लगभग तुकारामजीका प्रथम और द्वितीय विवाह हुआ ।

१७–१६८२ तुकारामजीके माता-पिता और भावजका देहान्त ।

१८–१६८३ तुकारामजीके बड़े भाई सावजी विरक्त होकर चले गये ।

२ –१६८५ मनका विषाद दबाकर प्रथम पुत्र सन्तानजी और दोनों पत्नियोंके साथ तुकारामजी गृह-प्रपञ्चमें उत्साहके साथ आगे बढ़े ।

२१–१६८६ 'विपरीत काल' और दिवाला । दुर्भिक्षका आरम्भ ।

२२–१६८७ दुर्भिक्षका भीषण रूप । दुर्भिक्षसे प्रथम पत्नीका देहान्त । पुत्रकी मृत्यु वैराग्य और भामनाथ पर्वतारोहण ।

२३–१६८८ श्रीविठ्ठल-मन्दिरका जीर्णोद्धार कीर्तन-भजनकी धुन ।

२४–१६८९ माघ शुक्ल १ गुरुवार श्रीगुरुका उपदेश—

२६ { १६९१ }
{ १६९२ } के लगभग कवित्व-स्फूर्ति ।

१ –१६ ५ रामेश्वर भट्टद्वारा पीड़न और सगुण-साक्षात्कार ।

४१–१७ ६ चैत्र कृष्ण २ (पूर्णिमान्त मासके हिसाबसे) शनिवार सूर्योदयके अनन्तर ४ घटिका दिनमें प्रयाण ।

दूसरा अध्याय

पूर्व-परम्परासे प्राप्त पैतृक सम्पत्ति मेरी, हे पाण्डुरङ्ग ! तेरी चरणसेवा है । उपवास और पारण ही मेरे लिये तेरे मन्दिरद्वार हैं । इसीके भोगमात्रका अधिकार हमें मिला है । वंश-परम्परासे ही मैं तेरा दास हूँ ।

—श्रीतुकाराम

१ देहूक्षेत्रका वर्णन

श्रीतुकाराम महाराजके अधिवाससे पुनीत और त्रिलोकविख्यात देहूग्राम पुण्यक्षेत्र पूना-प्रान्तमें इन्द्रायणी-नदीके तटपर बसा हुआ है । आलन्दीसे पाँच कोस, तलेगाँवसे चार कोस और चिंचवडसे तीन-चार कोसपर यह पावन तीर्थ है । पूनेसे वायव्य दिशामें, तलेगाँवसे पूर्व ओर, चिंचवडसे उत्तर ओर और आलन्दीसे भी वायव्य ओर है । देहूके चारों ओर थोड़ी-थोड़ी दूरपर, छोटे-बड़े अनेक पर्वत हैं । शेलारवाड़ी नामक रेलवे स्टेशनसे यह स्थान तीन मील उत्तरकी ओर है । स्थान छोटा-सा होनेपर भी भाग्योदय इसका महान् हुआ जो यहाँ श्रीतुकाराम महाराज अवतीर्ण हुए । तुकारामके समय यह स्थान नाम-संकीर्तनसे गूँजता रहता

था और इसी पुण्यके बलसे आगे चलकर यह स्थान महाराष्ट्रके महाक्षेत्रोंमें परिगणित हो गया । महाराष्ट्रका सबसे प्रधान क्षेत्र पण्ढरपुर है । तेरहवें शालिवाहन-शतकमें ज्ञानेश्वर महाराजके कारण आळन्दीक्षेत्रकी महिमा बढ़ी, सोलहवें शालिवाहन-शतकमें एकनाथ महाराजके कारण पैठणकी प्रतिष्ठा बढ़ी और सत्रहवें शालिवाहन-शतकमें तुकाराम महाराजके कारण देहू प्रसिद्ध हुआ । तुकाराम महाराजके पूर्व देहूमें दो-चार छोटे-छोटे मन्दिर थे और इनके आठवें पूर्वज श्रीविश्वम्भर बोवाने वहाँ श्रीविट्ठल-रखुमाई (रुक्मिणीकान्त श्रीकृष्ण) का मन्दिर बनवाया था । तबसे या यों कहिये कि तबसे उनके कुलमें पण्ढरीकी वारीका नियम विशेषरूपसे चला तबसे देहूग्राम एक पुण्यक्षेत्र बना । परन्तु इसका महान् पुण्य तभी प्रकट होकर चतुर्दिक् विख्यात हुआ जब तुकाराम महाराजने इस धरतीपर पैर रखे । तुकाराम महाराजके कारण ही देहूक्षेत्र महाराष्ट्रके महाक्षेत्रोंमें गिना जाने लगा । देहूक्षेत्रके सम्बन्धमें तुकाराम महाराजका एक अभंग भी प्रसिद्ध है जो तुकाराम महाराजके सभी प्रकाशित अभंगसंग्रहोंमें मौजूद है और सन्ताजीकी बहीमें भी होनेसे जिसकी प्रामाणिकता निस्सन्दिग्ध है । इस अभंगमें तुकाराम महाराज अपने समयके देहूक्षेत्रका वर्णन करते हैं—

धन्य है देहूग्राम पुण्यधाम जहाँ श्रीपाण्डुरङ्ग विराजते हैं । धन्य हैं यहाँके सौभाग्यशाली क्षेत्रवासी जो नित्य नाम-संकीर्तन करते हैं । इस देहूक्षेत्रमें विश्वपिता वामांगमें रुक्मिणीमाताके साथ कटिपर कर धरे उत्तराभिमुख खड़े हैं । सामने गरुड़-हनुमान अश्वत्थ-तले हाथ जोड़े खड़े हैं । दक्षिणमें श्रीसिद्धलिङ्ग श्रीहरेश्वर हैं और इन्द्रायणी-गङ्गाके तटकी अपूर्व शोभा है । वाराह-वनमें श्रीलक्ष्मीनारायण विराज रहे हैं और वहीं श्रीसिद्धेश्वरका अधिष्ठान है । द्वारपर श्रीविघ्नराज विराजे हैं और

बाहरकी ओर भैरव और हनुमान्जी पास-पास सुशोभित हैं। इसी स्थानमें यह दास तुका, श्रीविठ्ठल-चरणोंको हृदयमें धारण किये हुए, श्रीहरि-कीर्तन किया करता है।'

देहूमें इस समय श्रीविठ्ठलनाथजीका जो मन्दिर है और उसके बाहरकी ओर जो दालान बने हुए दिखायी देते हैं वे सब पीछे बने हैं। श्रीविठ्ठल रखुमाई (श्रीविठ्ठलनाथ और श्रीरुक्मिणीमाता) की मूर्तियाँ तो वे ही हैं जो तुकाराम महाराजके पूर्वज श्रीविश्वम्भरबाबाने स्थापित की थीं। तुकारामजीके समयतक वह श्रीविठ्ठल-मन्दिर जीर्ण होकर गिरनेको हो गया था। तुकाराम महाराजने उसका जीर्णोद्धार किया। अवश्य ही जीर्णोद्धारका वह काम, तुकारामजीकी जैसी आर्थिक अवस्था थी उसके अनुसार, सामान्य सा ही हुआ होगा। तुकाराम महाराजके पुत्र नारायण बोवाको तीन गाँवोंकी जागीर मिली, तबकी अवस्था कुछ और थी और उस समय तुकाराम महाराजकी कीर्ति भी सर्वत्र फैल चुकी थी। इसके बाद ही मन्दिरका बड़ा विस्तार हुआ और देहूके इगले पाटिल आदि धनिकोंने मन्दिरको इतना बड़ा और भव्य बनवा दिया। तथापि उपर्युक्त अवतरणमें तुकारामजीने देहूका जो वर्णन किया है वह आज भी यथार्थ है। सब देवता, देवस्थान और उनके पार्श्वस्थान ज्यों के त्यों वर्तमान हैं। पण्ढरपुरमें श्रीविठ्ठल अकेले ही ईंटपर खड़े हैं। श्रीरुक्मिणीजीका मन्दिर वहाँ पीछेसे बना है। और देहूमें श्रीविठ्ठल-रखुमाई पास पास ही खड़े हैं। इनकी मूर्तियाँ उत्तराभिमुख हैं अर्थात् मन्दिर भी उत्तराभिमुख है। सामने गरुडथान है। गरुड और हनुमान्जी भगवान्के सामने हाथ जोड़े खड़े हैं, पूर्वद्वारके समीप दक्षिणाभिमुख श्रीविघ्नराज हैं और बाहर भैरवजीका छोटा-सा मन्दिर है। मन्दिरके पश्चिम हरेश्वरका मन्दिर है और 'इनामदारों' की बड़ी हवेली है।

उसीकी पश्चिम तरफ तुकारामजीका खास घर है। जिस घरमें जिस कोठरीमें तुकारामजीका जन्म हुआ और जहाँ पीछेसे श्रीविट्ठल-मूर्तिकी नवस्थापना हुई उसका नाम-चिह्न अम्लान प्रकाशित है। तुकारामजीके खास घर और देहूके पश्चिम ओर इन्द्रायणीके समीप एक खँडहर है। कहते हैं कि यहाँ पहले मम्बाजीगोसाईका घर और बाग था। श्रीविट्ठल-मन्दिरकी परिक्रमामें ही दायीं ओर इनामदारोंकी हवेली और श्रीतुकाराम-जीका अपना खास घर है। पास ही एक गली है। इस गलीसे नीचे उतरनेपर बायीं ओर ही मम्बाजीका खँडहर है। ये सब स्थान परिक्रमाके भीतर ही हैं। एक बारकी घटना बतलाते हैं कि तुकारामजीकी भैंस मम्बाजीके बागमें घुस गयी। मनकी खार मिटानेका यह अच्छा अवसर जान उस मत्सरमूर्ति मम्बाजीने तुकारामजीपर झूठ-मूठ यह दोष मढ़ा कि इन्होंने जान-बूझकर भैंसको काँटोंकी बाड़ हटाकर, मेरी फुलवारीमें घुसा दिया। यह कहकर उन्होंने उन्हीं काँटोंकी बाड़ोंसे तुकारामजीको बेतरह मारा। जिस स्थानमें तुकारामजीपर इस प्रकार मार पड़ी वह स्थान तुकारामजीके घरकी पश्चिम ओर, इन्द्रायणीके सम्मुख है। इन सब स्थानोंके पश्चिम ओर श्मशान-वन है और उसमें श्रीसिद्धेश्वरका मन्दिर है। इस मन्दिरके पूर्व ओर श्रीलक्ष्मी-नारायणका मन्दिर है। ये मन्दिर छोटे छोटे और पत्थरके बने हैं। इन मन्दिरों और तुकारामजीके घरके पूर्व तथा उत्तर-पूर्वमें अन्य लोगोंके घर थे और अब भी हैं। देहूक्षेत्र उस समय ऐसा बसा हुआ था। इन्द्रायणी-नदी देहूक्षेत्रसे लगकर उत्तर ओर बहती है। मन्दिरके बाहर ओर नदीके किनारे पुण्डलीकका मन्दिर है। यहाँसे उधर ओर आगे बढ़नेमें डेढ़ मील लम्बा एक बड़ा दह है। इस दहके किनारे गोपालपुर बसा हुआ है और यहाँ पुराना पीपलका वृक्ष है। इसी वृक्षके समीप महाराजका अन्तिम कीर्तन और फिर महाप्रयाण हुआ। यहाँसे और नीचे उतरकर वहीं आप भीमपर कर्मान्धका स्थान है।

दहका यह बीचोबीच भाग है। यहाँ मुरलीधरजीका मन्दिर है। महाराज दहपर एकान्तमें जो बैठा करते थे सो इसी स्थानमें। यहीं रामेश्वर भट्टने उन्हें बहुत कष्ट दिया, तब महाराज एक शिलापर तेरह दिन ध्यानमें पड़े रहे। इसी अवस्थामें श्रीकृष्णने बालरूपमें उन्हें दर्शन दिये और उनकी बहियोंको जलमेंसे उबारा। इस प्रकार यह शिला भक्तजनोंके लिये अत्यन्त प्रिय और पूज्य हुई। तुकारामजीके स्वर्गारोहणके पश्चात् भक्त-लोग इस शिलाको ढकेलते हुए श्रीविट्ठल मन्दिरमें ले आये और मन्दिरसे सटा हुआ ही तुकारामजीकी प्रथम स्त्री रखुमाबाईका जो 'वृन्दावन' है, उसके सहारे वह शिला खड़ी कर दी। उस वृन्दावनके साथ शिलाका फोटो अन्यत्र दिया हुआ है। इन्द्रायणीके तटपर खड़े होकर पश्चिम ओर देखनेसे बायीं ओर छ मीलपर गोराडी या घोरवडीका पहाड़ दिखायी देता है। देहूसे ठीक पश्चिममें दो मीलपर भण्डारा पहाड़ और दायीं ओर दहके पारपर देहूसे आठ मीलपर भामगिरि या भामनाथ अथवा भामचन्द्र पर्वत दिखायी देता है। भण्डारा-पर्वतका फोटो दिया है और दहका भी एक फोटो है। श्रीक्षेत्र देहूका यह संक्षिप्त वर्णन है।

२ कुल-गोत्र

अब श्रीतुकाराम महाराजके विश्वपावन कुलका कुछ परिचय प्राप्त करें। भगवान्‌के भक्तोंका कुल-गोत्र देखनेकी वस्तुतः कोई आवश्यकता नहीं होती। भगवद्भक्त किसी जाति या कुलमें कहीं भी उत्पन्न हुआ हो, वह विश्ववन्द्य ही होता है। नारायणने जिसे अपनाया उसका कुल-गोत्र धन्य हुआ। जिसका देहाभिमान गल गया वह वर्णाश्रम-धर्मको पार कर गया। तीनों लोकको पावन करनेवाले महात्मा जिस देशमें, जिस कुलमें, जिस जातिमें जन्म लेते हैं, वह देश, वह कुल, वह जाति अत्यन्त पवित्र है।

पवित्र सो वंश पावन सो देश। जहाँ हरिदास, जन्म लेते॥

अर्थात् वह कुल पवित्र है वह देश पावन है जहाँ हरिके दास जन्म लेते हैं यह स्वयं तुकारामजीकी उक्ति है। और यह बिलकुल सही है, तथापि महात्माओंके चरित्रका सब प्रकारसे साङ्गोपाङ्ग विचार करते हुए, लौकिक दृष्टिसे उनके कुल और जातिका विचार करना पड़ता है। 'तुका वाणी (वणिक्) नाम महाराष्ट्रमें प्रसिद्ध है अर्थात् वह जातिके बनिया थे, यही लोग समझ सकते हैं। पर बात यह नहीं है। बनिज-व्यापार उनके घरमें कई पुश्तसे होता चला आ रहा था और तुकारामजीने भी अपने पूर्व वयस्में बनियेका ही काम किया इसीलिये वह बनिया कहाये। बनिया जाति उनकी नहीं थी। आजकल कुछ आत्माभिमानी विद्वान् उन्हें 'मराठा क्षत्रिय' बनानेके फेरमें पड़े हैं। पर अच्छा तो यही होगा कि हम तुकारामजीसे ही उनकी जाति और कुल पूछ लें। तुकारामजी कहते हैं—

जाती शूद्र वैश्य किया व्यवसाय। पांडुरंग-पाँव कुलपूज्य॥

अर्थात् 'जातिका मैं शूद्र हूँ धन्धा किया वैश्यका और उपासना की अपने कुलपूज्य देव (विठल) की।'

अच्छा किया कुनबी है नाथ। नहीं तो मारा जाता दंभके हाथ॥

'हे ईश्वर! तूने मुझे कुनबी बनाया यह अच्छा किया, नहीं तो दम्भसे मैं मारा जाता।'

भला शूद्र वंश। नहीं स्पर्श दंभ पाश॥१॥
अब तो मेरे नाथ। मात-पिता पंढरिनाथ॥ध्रु॥
वेद-वेदाचार। सो तो नहीं अधिकार॥२॥
सर्वभाव दीन। तुका कहे जाति हीन॥३॥

'शूद्र-वंशमें मैं जन्मा इससे दम्भसे तो मैं छूटा और अब है

पण्ढरिनाथ ! तू ही मेरा माँ बाप है । वेदाक्षर घोखनेका मुझे अधिकार नहीं । तुका कहता है मैं सब प्रकारसे दीन, जातिसे हीन हूँ ।'*

यही तुकाराम आगे चलकर अपनी करनीसे नरके नारायण हुए, विधिके विधाता बने, यह बात और है; पर उनका जन्म शूद्र-जातिमें हुआ था, यह उन्हींके वचनोंसे स्पष्ट है, महीपतिबाबाने 'भक्तलीलामृत' में कहा है कि—'वैष्णव भक्त तुकाराम शूद्र-जातिमें उत्पन्न हुए।' मोरोपन्त और निबन्धमालाकारने बड़े कौतुकके साथ 'शूद्रकवि' कहकर ही तुकाराम महाराजका उल्लेख किया है। तुकारामजीकी जातिके सम्बन्धमें यह विचार हुआ। अब इनके कुलका विचार करें। समर्थ रामदास स्वामीकी बखरमें हनुमन्त स्वामीने तुकारामका 'मोरे' कुल-नाम (अल्ल) दिया है और महीपतिबाबाने 'आंबले' कहा है। इनमेंसे सच्चा कुल नाम कौन सा है— मोरे या आंबले ? यह प्रश्न कुछ दिन पूर्व लोग किया करते थे। परंतु मैंने नासिक तथा त्र्यम्बकमें देहूकरोंके तीर्थपुरोहितोंके यहाँकी बहियाँ देखीं। उनसे मालूम हुआ कि इनका कुल-नाम 'मोरे' और उपनाम 'आंबले' है। त्र्यम्बकमें श्रीतुकाराम महाराज गये थे, यह बात पक्की है।

---

* तुकाराम महाराजके इन उद्गारोंसे कुछ लोग बड़ी अधीरतासे यह अनुमान कर बैठते हैं कि महाराजका यह ब्राह्मणोंपर कटाक्ष है। पर ऐसा नहीं है और ब्राह्मण भी इसे अपनी निन्दा न समझें। तुकारामजीने वेदोंके अक्षर नही घोखे, तथापि पुराणादि ग्रन्थ और अन्य प्राकृत ग्रन्थ उन्होंने देखे थे और ब्राह्मणोंको भी वह अत्यन्त पूज्य मानते थे, यह आगे चलकर आप ही प्रसगसे ज्ञात होगा। अध्ययनके साथ जो दम्भ, दर्पादि विकार उठा करते हैं, उन्हीं विकारोंका तिरस्कारभर यहाँ प्रकट किया गया है। 'विद्या विवादाय' का जो सामान्य प्रकार देखनेमें आता है उससे 'अक्षर घोखने' का अधिकार न होनेके कारण तुकाजी मुक्त रहे, इसी बातपर सतोष व्यक्त किया है।

पर नासिक और त्र्यम्बक दोनों स्थानोंमें तुकाराम महाराजके पुत्र नारायण बोवा और उनके वंशजोंके लेख हैं। तुकाराम महाराजके हस्ताक्षरका कागज फटकर नष्ट हो गया है यह देखकर बहुत दुःख हुआ। नासिकका लेख मुझसे पहले भी पा. न. पटवर्धनने प्राप्त करके प्रकाशित किया था। पर उन्हें असली लेख नहीं मिला था नकल मिली थी और नकलमें जो एक भूल थी वह उनके लेखमें भी आ गयी। अस्तु। नारायण बोवाका नासिकका असली लेख वेदमूर्ति ठाकुर गोविन्द गायधनीकी बहीमें है उस लेखमें तुकारामजीके पुत्रों और पोतोंके नाम हैं। यह लेख इस प्रकार है—'स्वस्ति नारोबा गोसावी पिता तुकोबा गोसावी दादा बोल्होबा भाई विठोबा गोसावी महादजी (गोसावी) विठोबाके पुत्र उधोबा रामजी गणेश गोसावी गोविन्द गोसावी महादजीके पुत्र आबाजी पितृव्य कान्होबा गोसावी उनके पुत्र लखोबा माता अवलिबाई कुणब वाणी (कुनबी बनिया) उपनाम आंबले गाँव देहू प्रान्त पूना कुल नाम मोरे। इस असली लेखमें नारोबा (नारायण बोवा) की माताका नाम 'अवलिबाई' है। श्रीपटवर्धनके लेखमें यह नाम 'अवन्तीबाई' है जो भूल है। तुकाराम महाराजकी स्त्रीका नाम जिजाबाई उर्फ आवलीबाई था। नारायण बोवाने अपनी जाति और कुलके सम्बन्धमें स्पष्ट ही लिख दिया है 'कुणब वाणी उपनाम आंबले कुल नाम मोरे।' त्र्यम्बकमें देहूकरोंके तीर्थोपाध्याय वेदमूर्ति चोंडभट बापूजी काण्वकी बहीमें नारायण बुवाका जो लेख है वह इस प्रकार है—'नारोबा पिता तुकोबा गोसावी दादा बोल्होबा भाई महादाजी और विठोबा भतीजे रामा और गणो और गोविन्दजी चचेरे भाई आबाजी माताजी जिजाईबाई जात कुनबी आंबले वास देहू प्रान्त पूना।' इस लेखमें नारोबाने अपनी माताका नाम 'जिजाईबाई' दिया है और जाति 'कुनबी' बतायी है। और भी कुछ लेखोंमें 'कुणब-वाणी'

अवले नामके उल्लेख हैं। इन सब लेखोंसे यह निर्विवादरूपसे निश्चित होता है कि तुकाराम शूद्र, कुणबी वाणी (कुनबी बनिया) थे, उनका कुल मोरे था और उपनाम आंबिले, आंबले, अबले था। जाति और कुल देहसे सम्बन्ध रखते हैं। जो देहातीत है उनके लिये जाति और कुल क्या ? साधकावस्थामें तुकाराम महाराजने परमार्थ-दृष्टिसे यह भी कहा है कि 'जिन्हें हृदयसे हरि प्यारे हैं वे मेरी जातिके है।' अस्तु तुकारामजी-के देहकी जाति और कुल देखा, अब उनके घरानेका विचार करें।

३ कुलकी पूर्व-प्रतिष्ठा

तुकारामजीका घराना बहुत सुखी, समृद्ध और प्रतिष्ठित था। देहू गाँवमें इस घरानेकी बड़ी प्रतिष्ठा थी, यह इस घरानेसे मिले हुए कागज पत्रोंसे जाना जाता है। देहूके ये लोग महाजन थे। तुकारामजी उदासीनवदासीन होकर यह महाजनी वृत्ति छोड़ चुके थे। पीछे नारायण बुवाने यह काम फिरसे प्राप्त करके सँभाल लिया। राजशक ५ कालयुक्त संवत्सर अर्थात् शाके १६०० (संवत् १७३५) के फाल्गुन-मासमें लिखा हुआ शिवाजी महाराजका एक आज्ञापत्र है। इसमें लिखा है—'तुकोबा गोसावीके पुत्र नारायण गोसावीने कहा है कि पूना परगनेके देहू-मौजेकी महाजनी मेरे पिताकी पैतृक वृत्ति है। पिताजी गोसावी (गोसाईं) हुए, इससे महाजनी चलाने-की वह उपेक्षा ही करते गये अब हम इसे न चलावें तो वृत्तिका लोप होता है। इसलिये महाजनी जो पैतृक वृत्ति है उसे हम चलाना चाहते हैं। अतएव पहलेसे जैसे यह वृत्ति चली आयी है वैसे ही उसे हम आगे चलावें ऐसा आज्ञापत्र करा दिया जाय।' इसपर महाराजने पूना-परगनेके देशाधिकारीको यह आज्ञा दी है कि 'इनकी महाजनी वृत्ति मौरूसी चली आयी है वैसी ही आगे चलायी जाय।' इस लेखसे यह जान पड़ता

है कि तुकारामजीने महाजनी नहीं चलायी पर यह वृत्ति इनके घरानेमें बहुत पहलेसे चली आती थी । तुकारामजीके पोतोंकी लिखी हुई एक फेहरिस्तमें भी 'श्रीतुकारामबाबा वास्तव्य क्षेत्र देहूकी क्षेत्र मजकूरकी महाजनकी' ये अक्षर हैं । तुकारामजीके पुत्र महादेव गोसा, विठ्ठल गोसा और नारायण गोसाका शाके १५११ का फारसीका एक कागज मिला है । इसमें महादेव गोसा अपने दोनों भाइयोंको लिखते हैं 'अपने पैतृक घर दो हैं एक श्रीसमीप, एक पेठ (बाजार) में महाजनीका घर । हमने महाजनीका घर और महाजनी की और तुम दोनोंको श्रीसमीपवाला घर और श्रीकी पूजा सौंप दी ।' और एक कागजमें लिखा है कि, 'श्रीविठ्ठलवाड़ीके (देहूमें एक खेतका नाम) श्रीके नाम पहलेसे है यह बात गाँवके पञ्चोंके मुँह पञ्च मुताबिक और पञ्च प्रधानने पक्की करा दी ।' यह लेख शाके १५४२ का है । इन सब लेखोंसे यह प्रकट है कि तुकारामजीके घरानेमें महाजनीकी पैतृक वृत्ति थी, बाजारमें महाजनीकी हवेली महाजनीका अधिकार और आमदनी थी । उसी प्रकार श्रीकी पूजा अर्चाके निमित्त 'पुश्तैनी इनाम' था । महाजनीकी हवेलीके अतिरिक्त इनका खास घर श्रीके समीप था । जिस गाँवमें बाजार लगता था उस गाँवमें महाजन और शेटे दो अधिकारी होते थे, इनके ओहदे बड़े समझे जाते थे । इसके भी अतिरिक्त इनकी कुछ खेती-बारी साहूकारी और व्यापार भी था तात्पर्य प्रतिष्ठित, बड़े कुलीन और सामान्य व्यापारी-घरानेमें तुकारामका जन्म हुआ । परन्तु इस घरानेमें देहूकी महाजनी ही चली आती थी सो नहीं, एक और पैतृक वृत्ति चली आयी थी । तुकारामजीने पहली वृत्तिकी उपेक्षा की पर दूसरी वृत्ति इतनी उत्तमतासे चलायी कि उससे देहूके ही क्यों, सम्पूर्ण महाराष्ट्र और अखिल विश्वके महाजन होनेके अधिकार सब लोगोंने एकमतसे उन्हें प्रदान किये हैं ।

यह महाजनी क्या थी इसे अब देखें । नया कुछ न करे, पूर्वजोंकी परम्परा-को ही बनाये रहे, इसीमें शोभा है ।

नया करो नहि कोई । राखो पूर्वतन सोई ।
पैतृक सम्पत्ति । राखो करके युक्ति ॥

'नया कुछ न करे, पुराना जो कुछ है उसे हर कोई सँभाल रखे । पैतृक वृत्तिका जो स्थान है उसकी हर उपायसे रक्षा करो । यह तुकोबाका ही उपदेश है ।'

४ परम्परासे प्राप्त श्रीविट्ठल-प्रेम

श्रीतुकाराम महाराज अपनी अनन्य भक्तिसे त्रिलोकमें वन्द्य हुए, तथापि जिस घरानेमें उनका जन्म हुआ उस घरानेका इतिहास देखें तो यह कहना पड़ेगा कि विट्ठल भक्तोंके घरानेमें जन्म होनेसे विट्ठल-भक्ति उन्हें आनुवंशिक संस्कारोंसे ही प्राप्त हुई थी । उनके घरानेमें उनके आठवें पूर्वज विश्वम्भर बोवा प्रसिद्ध विट्ठल-भक्त हुए । विश्वम्भर बोवाके समयसे ही देहूग्राम पुण्यक्षेत्र हो गया था । विश्वम्भर बोवाने देहूमें विट्ठल-मन्दिर बनवाया और उसमें जो विट्ठल-मूर्ति स्थापित कर पूजी वही मूर्ति तुकारामजीके समयमें और उसके पाँच सौ वर्ष बाद आज भी विराज रही है । इस अध्यायके शीर्षकमें जो अभंग हैं उनमें तुकारामजीने अपने पूर्वजोंकी भगवद्भक्तिका इतिहास ही बता दिया है । तुकाजी कहते हैं, पाण्डुरङ्गकी चरण-सेवा मुझे अपने पूर्वजोंसे मिली हुई पैतृक सम्पत्ति है । मेरे पूर्वजोंने एकादशी महाव्रतके उपवास और पारण करके श्रीविट्ठलको भक्तिसे अपने वशमें किया और उनके द्वारपाल बने । उन्होंने चरण सेवाका अंश हमारे भोगके लिये रखा है और इस प्रकार हमलोग वंशपरम्परासे विट्ठलके दास हैं । तुकारामजीके पूर्वजोंने

रूप दैवी सम्पत्ति दी और मुझे श्रीविट्ठलकी गोदमें डाला; मेरे माता-पिताने, मेरे पूर्वजोंने भगवान्‌की जो भक्ति की उसका मैं वारिस हूँ, उन्होंने जो रास्ता बताया उसी रास्तेसे मै चल रहा हूँ, उन्हींके आचरण-का मैं अनुकरण कर रहा हूँ इत्यादि । कितनी शुद्ध, निरभिमान और कृतज्ञतापूर्ण भावना है ! कोई भी मनुष्य जो अच्छा या बुरा होता है उसके दो ही कारण समझमें आते हैं, एक उसके कुलकी रीति नीति और दूसरा अपने-अपने पूर्व-जन्मजात संस्कार । किसीके पूर्व-संस्कार शुद्ध होते हैं तो कुलकी रीति-नीति अच्छी नहीं होती, ऐसी अवस्थामें यदि उसके पूर्व संस्कार बलवान् हुए तो वह 'भङ्गमें तुलसी' सा होता है । किसीका जन्म अच्छे कुलमें हुआ रहता है पर उसके पूर्व जन्मके दुष्ट संस्कार बलवान् हो उठते हैं, ऐसी अवस्थामें वह 'तुलसीमें प्याज' सा लगता है । पूर्व-संस्कार भी शुद्ध हों और जन्म भी उत्तम कुलमें हुआ हो, ऐसा तो बड़े ही भाग्यसे होता है । ऐसा शुद्ध दुग्धशर्करासंयोग जहाँ होता है वहीं 'शुद्ध बीजके सुन्दर मीठे फल' की सूक्ति चरितार्थ होती है । तुकारामजीका सिद्धान्त यही है कि 'बीज जैसे फल । उत्तम या अमंगल ।' अर्थात् बीज जैसे ही फल होते हैं, फलमात्र हैं बीजसे ही, चाहे वे उत्तम हों या अधम । जीवके संस्कार परम शुद्ध हो और ऐसे संस्कारोंके विकासके लिये अत्यन्त अनुकूल कुल और परिस्थितिमें उसका जन्म हो, यह तो बहुत बड़े भाग्यसे होता है । नौ पीढियोंतक विट्ठलोपासनाका पुण्यव्रत आचरण करनेवाले कुलमें तुकारामका जन्म हुआ ।

पंढरीची वारी आहे माझे घरी ।
आणिक न करीं तीर्थव्रत ॥ १ ॥
व्रत एकादशी करीन उपवासी ।
गाईन अहर्निशी मुखीं नाम ॥ २ ॥

पण्ढरीकी वारी (यात्रा) करनेका नियम मेरे घरमें चला आता है वही मैं करता हूँ, और कोई तीर्थ-व्रत नहीं करता। उपवासे रहकर एकादशीका व्रत करूँगा और दिन-रात मुखसे नाम गाऊँगा।'

यही तुकारामके कुलका व्रत था। तुकारामका एक अभंग है (एक-वचन हैं सन्त) उसमें वह कहते हैं 'अनायास पूर्व-पुरुषोंकी सेवा हो जाती है इसलिये इन देवताको पूजता हूँ।' श्रीविट्ठल हमारे 'कुलके कुलदेवी' हैं, वह हमारे 'कुलदैवत' हैं, और उनकी उपासना करना हमारा 'कुलधर्म' है इत्यादि उद्गार उनके मुखसे अनेक बार निकले हैं। जिनके कुलमें जो उपासना चली आती है उसी उपासनाको निष्ठापूर्वक चलानेसे वह कृतकार्य होता है। तुकारामका एक अभंग है 'कुलधर्मसे ज्ञान' (अर्थात् कुलधर्मसे ज्ञान होता है)। उसमें वह कहते हैं कि कुलधर्मका पालन करनेसे उद्धारका साधन मिल जाता है ज्ञान-ध्यान होता है शान्ति-भक्ति विश्रान्ति सब कुलधर्मसे मिलती है तथा, परोपकार आदि कुलधर्मके पालनमें आप ही हो जाते हैं। तात्पर्य, तुकोबाराय कहते हैं—

तुका कहे कुलधर्म प्रत्यक्षे देव।
यथाविध भाव यदि होय॥

'कुलधर्म देवतामें देवत्व प्रत्यक्ष करा देता है यदि यथाविध (शुद्ध) भाव हो।' यह तुकोबारायका अनुभव है और यही अनुभव अन्य संतोंका भी है। श्रीविट्ठलकी भक्तिका कुलधर्म पालन करते-करते ही उन्हें देवतामें देवत्व मिला—भगवन्मूर्तिमें भगवान् मिले भगवन्मूर्ति ही चिन्मय हुई। उस मूर्तिका ध्यान करते-करते अंदर-बाहर सर्वत्र विट्ठल ही भर गये।

इस पवित्र कुलकी भगवद्भक्तिका अरुणोदय यदि विश्वम्भर बोवाको मानें तो उसका मध्याह्न श्रीतुकाराम महाराज हैं। किसी भी महात्माके

चरित्रको देखा जाय तो यह देख पड़ता है कि जिस कुलको वह धन्य करता है उस कुलमें उसके पूर्व दस-पाँच पीढ़ियोंतक भक्ति, ज्ञान, वैराग्यादि गुणोंकी बराबर वृद्धि होती रहती है। ज्ञानेश्वर महाराजके कुलमे उनके परदादा त्र्यम्बक पन्त पहले भगवद्भक्त प्रसिद्ध हुए, एकनाथ महाराजके घरानेमें उनके परदादा भानुदास प्रसिद्ध हुए, समर्थ रामदासके घरानेमें नौ पीढ़ियोंसे श्रीरामचन्द्रकी उपासना हो रही थी, उसी प्रकार तुकाराम महाराजके घरानेमें नौ पुरुषोंसे पण्ढरीकी वारीका व्रत चला आ रहा था और तुकाराम महाराजके दादाके परदादा विश्वम्भर बोवा विख्यात विट्ठल-भक्त हो चुके थे। पवित्र कुल और पावन देशमें ही हरिके दास जन्म लिया करते हैं। पवित्रताके सस्कार, पावन रहन-सहन, शुचि आचार-विचार जब किसी कुलमें परम्परासे जमते हुए चले आते हैं तब उन सबके फल-स्वरूप तीनों लोकमें सत्कीर्ति-पताका फहरानेवाला कोई महात्मा अवतीर्ण होता है। इसीलिये हमारे धर्मशास्त्रमें कुलपरम्पराको शुद्ध बना रखनेका इतना कड़ा विधान है। हिंदू-समाजमें कुलधर्म और कुलाचारकी जो इतनी महिमा है उसका कारण यही है। पण्ढरीकी वारी (यात्रा) करनेवालोंको मद्य मास छोड़ना पड़ता है, इसके बिना उनके गलेमें तुलसीकी माला पड़ ही नहीं सकती। पण्ढरीकी यात्रा, एकादशी-व्रत, मद्य मास-परित्याग, हरिपाठादि अभगोंका पाठ और नित्यभजन प्रत्येक वारकरीके लिये अनिवार्य है। यह वारकरी-सम्प्रदाय तुकाराम महाराजके कुलमें नौ पीढ़ियोंसे चला आ रहा था, इससे उनके कुलके सस्कार कितने शुद्ध और पवित्र हुए होंगे इसकी कुछ कल्पना की जा सकती है। उत्तम कुलमें जन्म लेने और निष्ठापूर्वक कुलधर्म पालन करनेसे क्या फल मिलता है यह यदि कोई पूछे तो उसका सबसे अच्छा उत्तर श्रीतुकाराम महाराजका चरित्र है।

५ श्रीविश्वम्भर बाबा

तुकाराम महाराजके आठवें पूर्वज विश्वम्भर बोवा बचपनमें ही

पितृविहीन हो गये थे। यह और उनकी माता ये ही दो आदमी उस कुटुम्बमें रह गये थे। पीछे विश्वम्भर बोवाका विवाह हुआ। उनकी स्त्रीका नाम आमाबाई था। विश्वम्भर बोवाने अपने पिताकी वणिक्-वृत्ति ही आगे चलायी। उनका व्यवहार साफ था; झूठ कभी न बोलना, प्रारब्धसे जो मिल जाय उसका सत्कार्यमें व्यय करना, साधु संत-ब्राह्मण और अतिथि-अभ्यागतोंका सत्कार करना, घर-गिरस्तीके सब काम करते हुए नाम स्मरणमें मग्न रहना, रातमें भक्तोंको बुलाकर भजन करना, श्रीराम और श्रीकृष्णकी लीला सबको सुनाना और प्राणीमात्रमें दयाभाव रखकर तन-मन धनसे परोपकारार्थ उद्योग करना उनका नित्यक्रम था। विश्वम्भर बोवाका यह ढंग देखकर उनकी माता बहुत प्रसन्न होती थीं। उनका अन्तःकरण प्रेममय था। एक बार उन्होंने विश्वम्भर बोवाको बताया कि 'तुम्हारे बाप दादा पण्ढरीकी वारी बराबर करते चले आये हैं, तुम इस क्रमको कभी न छोड़ो तो ही संसारमें यशस्वी प्राप्त करोगे।

माताका यह उपदेश सुनकर उन्होंने पण्ढरी जानेकी तैयारी की। उन्हें स्वयं बड़ा उत्साह था फिर उसमें माताकी आज्ञा तब क्या पूछना है! विश्वम्भर बोवा चार भक्तोंको साथ लिये बड़े आनन्दसे भजन करते हुए पण्ढरी गये। वहाँका अपूर्व भजन-समारम्भ देखकर उन्हें अपनी देह का भी भान न रहा। वारकरी भक्तोंका मेला, चन्द्रभागाके निर्मल जलका यह विस्तीर्ण पाट, श्रीविट्ठलकी धाम्य सुन्दर सगुण मूर्ति पुण्डलीक नामदेव चोखामेळा आदि भगवद्भक्तोंकी अद्भुत लीलाओंका स्मरण करानेवाले वे पुण्यस्थान, हरिकीर्तन और नामसंकीर्तनका यह समय देखकर विश्वम्भर बोवाके चित्तमें प्रेमतरङ्ग हिलोरें मारने लगा। भगवन्मूर्तिके सामनेसे उनसे उठा न जाय।

> यह ब्रह्म सनातन। निज भक्तोंका हृदयस्थ॥
> नासिकाग्र दृष्टि किया ध्यान। देखते ही मन उन्मन॥

सर्वांग सुगंध सभार । कंठमें कोमल तुलसी-हार ॥
विश्वंभर देखे श्याम साकार । आनन्दाकार हृदय ॥
सगुण रूप नैनोंमें भाया । सोई हिय अंतर समाया ॥
सर्वत्र ब्रह्मानंद छाया । अनुपम पाया संतोष ॥

'वह सनातन ब्रह्म जो निज भक्तोंका हृदयरत्न है, नासिकाग्रपर उसका ध्यान करके देखा । देखते ही मन तन्मय हो गया । सर्वाङ्गमें उनके सुगन्ध-लेपन हुआ है, कण्ठमें कोमल तुलसी-माला पड़ी है । ऐसे उन घनसाँवरेको देखकर विश्वम्भरका मन आनन्दित हो गया । दृष्टिसे सगुणरूप देखा, उसीको हृदय-सम्पुटमें रखा, सृष्टिमें ही ब्रह्मानन्दका मजा देखकर चित्तको बड़ा संतोष हुआ ।'

इस प्रकार दशमीसे लेकर पूर्णिमाके कादौतक पण्ढरीमें रहकर विश्वम्भर बोवा बड़े कष्टसे देहू लौट आये । पण्ढरीका सब आनन्द उन्होंने अपनी मातासे निवेदन किया और उनकी आज्ञासे प्रति पखवारे पण्ढरीकी वारी करना आरम्भ किया । रात-दिन श्रीविठ्ठलका चिन्तन करते हुए उन्होंने क्रमसे आठ महीनेमें पण्ढरीकी सोलह वारियाँ कीं । प्रत्येक दशमीको एक समय खाते, एकादशीको निराहार उपवास-व्रत रहते और रातको जागरण करते । हरिकीर्तन श्रवणकर उनका अन्तःकरण प्रेमसे गद्गद हो जाता । पण्ढरीको बड़े उल्लासके साथ जाते, पर जब वहाँसे लौटना होता था तब गद्गद होकर अश्रुपूर्ण नयनोंसे भगवान्‌की मनोहर मूर्तिको देखकर लौटते हुए उनके पैर भारी हो जाते थे । भगवद्भक्तिमें विश्वम्भर बोवा इतने तन्मय हो गये थे । अन्तमें भगवान् उनकी भक्तिपर मोहित हुए और साकाररूपमें प्रकट होकर उन्होंने उन्हें हरिनाम-मन्त्रोपदेश किया । चित्त हरिचरणमें रत हो जानेसे घर-गिरस्तीके काममें उनका मन नहीं लगता था और इस कारण, जैसा कि दस्तूर है, कुछ लोग उनके गुण गाने लगे

और कुछ उनकी निन्दा भी करने लगे। विश्वम्भर बोवाकी अनन्यभक्ति देखकर भगवान्‌ने उन्हें स्वप्न दिया कि अब तुम्हें पण्ढरपुर आनेकी कोई आवश्यकता नहीं अब मैं ही तुम्हारे घर आकर रहूँगा। स्वप्नके अनुसार विश्वम्भर बोवा गाँवके सौ-पचास मनुष्योंको संग लिये देहूके समीप जो आम्रवन था वहाँ गये। वहाँ भिन्न स्थानमें सुगन्धित फूल, भरगजापूर्ण और तुलसीदल पड़े हुए देखे वहीं ठहर गये और वह भूमि खनने लगे तो सगुण श्याम पाण्डुरङ्ग-मूर्ति निकल आयी वामभागमें माता रुक्मिणी शोभायमान थीं कटिमें दिव्य पीताम्बर था गलेमें तुलसीके मञ्जुल हार थे। ऐसी सुन्दर मूर्ति देखकर सब लोग जयजयकार करने लगे विश्वम्भर बोवा उस मूर्तिको देहूमें ले आये और अपने घरके समीप इन्द्रायणीके तटपर बड़े ठाटके साथ उन्होंने उस मूर्तिकी स्थापना की और मन्दिर बनवाया। वहाँसे देहूग्राम पुण्यक्षेत्र हो गया।

६ विश्वम्भरजीके पुत्र

विश्वम्भर बोवाके देहावसानके पश्चात् उनकी की आमाबाई अपने दो पुत्र हरि और मुकुन्दके साथ काल व्यतीत करने लगी। पतिके सत्संगसे उनके भी अन्तःकरणमें भगवत्-प्रेम उदय हो चुका था। पतिके पीछे श्रीविठ्ठलकी पूजा-अर्चा उत्तम प्रकारसे चलाते रहना ही उन्हें प्रिय था। कुछ दिन ऐसे ही चला पर पीछे पुत्रोंकी राजसी प्रकृतिके कारण उनके विचारोंमें बाधा पड़ने लगी। हरि और मुकुन्दको 'सेना तुरंग शिविका आभरण'का शौक लगा। धारातीर्थकी ओर सिपाही बनकर वे दोनों माँका कहा न मान घरसे चले गये और किसी राजाके यहाँ नौकरी करने लगे। वह राजा कौन कहाँका था यह जाननेका कोई साधन नहीं है। पुत्रोंने माँको भी अपने पास बुला लिया। माँ अपनी दोनों बहुओंके साथ वहाँ गयीं।

आमाबाई तनसे तो अपने पुत्रोंके पास गयीं पर उनका मन देहूकी विठ्ठलमूर्तिमें ही लगा रहता था, राजसेवा करनेवाले पुत्रोंके ठाट-बाटसे उन्हें कुछ भी सुख नहीं होता था। उनकी तो यही इच्छा थी कि लड़के घर ही रहें, पैतृक धन्धा ही करें और भगवान्‌की पूजा-अर्चा चलाते रहें। परतु बेटे नवयुवक थे, यौवन उनके रक्तके अदर खेल रहा था, वैभव और प्रतिष्ठा प्राप्त करनेकी धुन उनपर सवार थी। इस कारण उन्हें पुत्रोंके पास जाना पड़ा। सासारिक स्नेह-सम्बन्धका प्रेमसुख कितना निष्ठुर होता है, यह उन्हें अभी देखना था। मायापाश बड़ा कठिन है। मन देहूमे भगवान्‌के पास है और तन लड़कोंके पास, यह उनकी हालत थी। बेटे यशस्वी निकले, यश दिन दिन बढने लगा। कुछ काल बाद श्रीविठ्ठलने आमाबाईको स्वप्न दिया, 'तुम पुत्र-मोहसे हमें देहूमें छोड़ आयी हो, पर तुम्हारे पुत्र युद्धमें मारे जायँगे और उनका सारा वैभव नष्ट हो जायगा।' आमाबाईने यह स्वप्न अपने पुत्रोंसे कहा, पर वे स्वप्नपर विश्वास करनेवाले न थे। अन्तको राजापर शत्रुने आक्रमण किया, घोर युद्ध हुआ और उसमें हरि और मुकुन्द दोनों ही मारे गये। मुकुन्दकी स्त्री सती हुई। शोकाकुल आमाबाई बड़ी बहूको साथ ले देहू लौटीं। माताकी आज्ञा उल्लङ्घन करनेका फल बेटोंको मिला और माता पहलेसे भी अधिक विरक्त होकर श्रीविठ्ठलचरणोंमें और भी अधिक अनुरक्त हुईं। हरिकी स्त्री गर्भवती थी। प्रसूतिके लिये उन्हें आमाबाईने उनके नैहर नवलाख उबर भेज दिया। वहाँ यथासमय वह प्रसूत हुई, लड़का हुआ और उसका नाम विठ्ठल रखा गया। दुःख, शोक और वैराग्यसहित भगवत्प्रेमकी परस्परविरुद्ध लहरोंसे आमाबाईकी चित्तवृत्ति उदासीन हो चुकी थी। वृद्धावस्थामें जब शरीर जराजर्जर हो गया तब उनके उपास्यदेवने उन्हें धैर्य दिया। उनपर भगवान्‌का पूर्ण अनुग्रह हुआ और नन्हें पोतेको पीछे छोड़ वह स्वर्ग सिधारीं।

७ संतति विस्तार

हरिके घटे पिहस । इन्हें माता-पिताके वियोग-दुःखके कारण
ही वैराग्य हो गया और भगवद्भक्तिमें ही उनका मन लगा । इन
पदाजी नामक पुत्र हुए । पदाजीके शंकर, शंकरके कान्हा और क
पुत्र बोल्होजी हुए । यही बोल्होजी तुकाराम महाराजके पिता थे ।

८ वंशावली

तुकाराम महाराजके ज्येष्ठ पुत्र महादेव बोवाके वंशज (वर्तमान
रामभाऊ देहूकरके घरमें पण्ढरपुरमें तुकाराम महाराजकी जो वंश
मिली वह इस प्रकार है—

विश्वम्भर बोवा (स्त्री आमाबाई)
- हरि बोवा (स्त्री पिटाबाई)
  - विठोबा
    - पदाजी बोवा
      - शंकर बोवा
        - कान्होबा
          - बोल्हो बोवा (स्त्री कनकाबाई)
            - श्रीतुकाराम महाराज चैतन्य (स्त्री १ रखमाबाई और २ जिजाबाई)
- मुकुन्द बोवा

'सन्तलीलामृत' में महीपतिबाबाने जो वंशावली दी है वह और वह

एक ही है। तुकाराम महाराजके जो वंशज देहूमें है उनके यहाँ भी यही वंशावली है। 'केशवचैतन्यकल्पतरु' ग्रन्थमें निरञ्जन स्वामीने जो वंशावली दी है वह भी इसी वंशावलीसे मिलती है।

देहूके कागज-पत्र देखते हुए तुकाराम महाराजके पोते उद्धव बोवाके हाथका एक लेख मिला है, वह यहाँ देते हैं—

श्री

वंशावली स्वामीकी—मूल पुरुष विश्वम्भर बावा, इनके पुत्र दो, बड़े हरि, छोटे मुकुन्द। हरि बावाके पुत्र विठोबा, विठोके पुत्र पदाजी, पदाजीके पुत्र शंकर बावा, शंकर बावाके पुत्र कान्होबा, कान्होबाके पुत्र बोल्हो बावा, (इनके) पुत्र बड़े सावजी बावा, मझले तुकाराम बावा और छोटे कान्होबा। सावजी बावाके कुछ नहीं। तुकोबाके पुत्र तीन, बड़े महादेव, मझले विटोबा, छोटे नारायण बावा। महादेव बावाके पुत्र आबाजी बावा, आबाजी बावाके पुत्र तीन, बड़े महादेव बावा, मझले मुकुन्द बावा और छोटे जयराम बावा? विठोबाके पुत्र चार, बड़े रामाजी बावा और उधो बावा और गणेश बावा और गोविन्द बावा। रामाजी बावाके कुछ नहीं। उधो बावाके पुत्र बड़े खंडोबा, मझले विठोबा, छोटे नारायण बावा। कान्होबाके गंगाधर बावा, गंगाधर बावाके खंडोबा और खंडो बावाके गंगाधर बावा।

इस प्रकार तुकारामजीकी जाति, कुल, उनके पूर्वज और उनकी वंशावलीके सम्बन्धमें जो-जो विश्वसनीय बातें मिलीं वे इस अध्यायमें समाविष्ट की गयी हैं।

७ संतति-विस्तार

हरिके बेटे विठ्ठल। इन्हें माता पिताके वियोग-दुःखके कारण यौवनमें ही वैराग्य हो गया और भगवद्भक्तिमें ही उनका मन लगा। इन विठ्ठलके पदाजी नामक पुत्र हुए। पदाजीके शंकर, शंकरके कान्हा और कान्हाके पुत्र बोल्होबा हुए। यही बोल्होबा तुकाराम महाराजके पिता थे।

८ वंशावली

तुकाराम महाराजके ज्येष्ठ पुत्र महादेव बोवाके वंशज (वर्तमान) रामभाऊ देहूकरके घरमें पण्ढरपुरमें तुकाराम महाराजकी जो वंशावली मिली वह इस प्रकार है—

विश्वम्भर बोवा (स्त्री आमाबाई)
|
हरि बोवा (स्त्री मिठाबाई) — मुकुन्द बोवा
|
विठोबा
|
पदाजी बोवा
|
शंकर बोवा
|
कान्हबा
|
बोल्हो बोवा (स्त्री कनकाबाई)
|
श्रीतुकाराम महाराज चैतन्य
(स्त्री १ रखमाबाई और २ जिजाबाई)

'भक्तलीलामृत' में महीपतिबाबाने जो वंशावली दी है वह और यह

एक ही है। तुकाराम महाराजके जो वंशज देहूमें हैं उनके यहाँ भी यही वंशावली है। 'भक्तचैतन्यकल्पतरु' ग्रन्थमें निरञ्जन स्वामीने जो वंशावली दी है वह भी इसी वंशावलीसे मिलती है।

देहूके कागज पत्र देखते हुए तुकाराम महाराजके पोते उद्धव बोवाके हाथका एक लेख मिला है, वह यहाँ देते हैं—

श्री

वंशावली स्वामीकी—मूल पुरुष विश्वम्भर बावा, इनके पुत्र दो, बड़े हरि, छोटे मुकुन्द। हरि बावाके पुत्र विठोबा, विठोके पुत्र पदाजी, पदाजीके पुत्र शंकर बावा, शंकर बावाके पुत्र कान्होबा, कान्होबाके पुत्र बोल्हो बावा, (इनके) पुत्र बड़े सावजी बावा, मझले तुकाराम बावा और छोटे कान्होबा। सावजी बावाके कुछ नहीं। तुकोबाके पुत्र तीन, बड़े महादेव, मझले विठोबा, छोटे नारायण बावा। महादेव बावाके पुत्र आबाजी बावा, आबाजी बावाके पुत्र तीन, बड़े महादेव बावा, मझले मुकुन्द बावा और छोटे जयराम बावा? विठोबाके पुत्र चार, बड़े रामाजी बावा और उधो बावा और गणेश बावा और गोविन्द बावा। रामाजी बावाके कुछ नहीं। उधो बावाके पुत्र बड़े खण्डोबा, मझले विठोबा, छोटे नारायण बावा। कान्होबाके गंगाधर बावा, गंगाधर बावाके खण्डोबा और खण्डो बावाके गंगाधर बावा।

इस प्रकार तुकारामजीकी जाति, कुल, उनके पूर्वज और उनकी वंशावलीके सम्बन्धमें जो जो विश्वसनीय बातें मिलीं वे इस अध्यायमें समाविष्ट की गयी हैं।

तीसरा अध्याय

संसारका अनुभव

भगवान्की यह पहचान है कि जिसके घर यह आते हैं उसकी गृहस्थी-पर चोट आती है।

—श्रीतुकाराम

१ महाराष्ट्र धर्मकी पूर्व-परम्परा

तुकारामका जन्म संवत् १६६५ (शाके १५१) में हुआ यह बात पूर्वाध्यायमें यथेष्ट प्रमाणोंद्वारा सिद्ध की जा चुकी है। अब जिस समय महाराष्ट्रके क्षितिजपर तुकाराम महाराज-जैसे भक्तचूडामणि उदय हुए उस समयके महाराष्ट्रका सिंहावलोकन-दृष्टिसे संक्षेपमें पर्यालोचन करें। श्रीज्ञानेश्वर महाराजके समयमें महाराष्ट्र सम्पूर्ण ऐश्वर्य भोग रहा था। महाराष्ट्रकी राजधानी उस समय देवगिरि थी जिसका आधुनिक यवन-नाम दौलताबाद है। यादव (जाधव) राजा राज्य करते थे और राज्यशासन उत्तम प्रकारसे होता था। श्रीज्ञानेश्वरीके उपसंहारमें ज्ञानेश्वर महाराजने उस समयके यादवराज श्री-रामचन्द्र या रामदेव राजाका इस प्रकार बड़े सम्मानके साथ उल्लेख किया है—'तहाँ यदुवंशविलास। जो सकलकळा-निवास। न्यायातें पाळी क्षिती।

श्रीरामचन्द्र ।' शालिवाहनकी तेरहवीं शताब्दीमें रामदेव राव-जैसे धर्मात्मा राजा, हेमाद्रि-जैसे विद्वान् और बुद्धिमान् राजकार्यकर्ता, बोपदेव-जैसे पण्डित, श्रीज्ञानेश्वर महाराज-जैसे अवतारी भागवतधर्मप्रवर्तक, नामदेव-जैसे सगुणप्रेमी सन्त, चोखा-मेला, गोरा कुम्हार, सावता माली जैसे भक्त, मुक्तावाई, जनावाई-जैसी परम भक्त स्त्रियाँ जिस कालमें महाराष्ट्रमें उत्पन्न हुई वह काल निश्चय ही परम धन्य है। शाके १२१२ (सवत् १३४७) में महाराष्ट्र साहित्यमें मुकुटमणिके समान शोभायमान ज्ञानेश्वरी-जैसा अद्वितीय ग्रन्थ महाराष्ट्रके महद्-भाग्यसे महाराष्ट्रमें निर्माण हुआ। इस कालके पश्चात् शीघ्र ही उत्तरकी ओरसे मुसलमानी फौजें दक्षिणपर चढ आयीं और दक्षिण देशपर मुसलमानोंका आधिपत्य स्थापित हुआ। तीन-चार सौ बरसतक दक्षिणपर मुसलमानोंका अधिकार रहा। पर इस कालमें भी यह अधिकार सर्वत्र पूर्णरूपसे प्रस्थापित नहीं था। शिरके आदि कई मराठे खानदान ऐसे थे जो अपने गढ और प्रदेश अपने हाथमें ही रखे हुए थे और कभी मुसलमानी बादशाहतके सामने नहीं झुके। ये स्वतन्त्र ही थे। गुलबर्गाके बाहमनी सुल्तान जब तक रहे थे उसी समय तुगभद्राके तटपर विद्यारण्य स्वामी (पूर्वाश्रमके माधवाचार्य) ने हरिहर और बुक्क नामक दो युवा राजकुमारोंको शिक्षा देकर उनके द्वारा विजयानगर-राज्य स्थापित कराया। मुसलमानोंके बाहमनी-राज्यके पाँच टुकड़े हो गये तबसे मराठे वीरों और ब्राह्मण राजनीतिज्ञोंने धीरे धीरे अपने पाँव फैलाना आरम्भ किया और शाके १५४९ (सवत् १६८४) में श्रीशिवाजी महाराजका जन्म होनेके पूर्व महाराष्ट्रके पुनरुजीवनके स्पष्ट लक्षण दिखायी देने लगे। बीचकी तीन शताब्दियोंमें पराधीनताके कारण महाराष्ट्रको अनेक क्लेश भोगने पड़े। तथापि मराठा-मण्डलकी तेजस्विता इस कालमें भी बची हुई थी, उनका स्वाभिमान बिल्कुल नष्ट नहीं हुआ था। विधर्मियोंका राज्य होनेसे यह काल धर्मग्लानिका रहा, तथापि इसी कालमें अनेक सन्त कवि उत्पन्न हुए और

उन्होंने धर्मनिष्ठाकी बुझती-सी ज्योतको बुझने न देकर प्रज्वलित कर दिया। शालिवाहनकी तेरहवीं शताब्दीमें ज्ञानेश्वर, नामदेवादि महात्माओंने भागवत-धर्मकी स्थापना करके धर्मका झंडा महाराष्ट्रपर फहरा दिया था। इन महापुरुषोंका यह उद्योग व्यर्थ होनेवाला नहीं था। इन्होंने जिस उदार धर्मतत्त्वामृतकी वर्षा कर रखी थी उसीसे विधर्मी राजसत्ताके घमण्डनिरूप भयंकर दुर्भिक्षमें भी हिन्दुओंका हिन्दुत्व बना रहा। इस कालमें जो सन्त और कवि हुए उन्हींके कर्तव्यसे धर्मकी रक्षा हुई और विपरीत कालसे जूझते हुए *महाराष्ट्र धर्मात्मक धैर्य नष्ट नहीं हुआ। वह धीरतासे विधर्मके* साथ लड़ता रहा और अपने भावको बचाता रहा। किसी भी राष्ट्रका जो उत्कर्ष होता है वह स्वदेश स्वधर्म और स्वभाषारूपमें तीन प्रकारसे होता है। इन्हीं तीनोंका उत्कर्ष राष्ट्रका उत्कर्ष है और इन्हीं तीनका ह्रास राष्ट्रकी मृत्यु है। महाराष्ट्र पराधीन तो हुआ पर पराधीनताकी उस प्रतिकूल परिस्थितिमें भी उसने स्वधर्म और स्वभाषाका बाना नहीं छोड़ा। मुसल-मानोंकी नौकरी करनेवाले मराठे वीरोंमेंसे जैसे आगे चलकर शाहजी-जैसे पराक्रमी कुशल राजनीतिज्ञ उत्पन्न हुए। वैसे ही मुसलमानोंकी नौकरी करने-वालोंमें ही दामाजी पन्त और जनार्दन स्वामी-जैसे परमभागवत भी हुए और उन्होंने ही लोगोंकी धर्मनिष्ठा जाग्रत रखी। विधर्मियोंके शासन-काल-में आचार-विचार भी उलट-पलट जाते हैं। आचार और विचारका जहाँ मेल होता है वहीं धर्म जीता-जागता रहता है। बौद्ध-सम्प्रदायकी लहरको लौटाते हुए पहले कुमारिल भट्टने आचार-धर्मको जगाया और तब शंकर स्वामीने ज्ञानका डंका बजाया। शाके ११ (संवत् १४१५) से श्रीपाद श्रीवल्लभ और श्रीनृसिंह सरस्वतीने धर्मको जगानेका जो काम किया उसका परिचय शाके १४० के लगभग निर्माण हुए 'गुरुचरित्र' ग्रन्थसे मिल सकता है। नृसिंह सरस्वती शाके ११८ बहुधान्य संवत्सरमें फाल्गुन वदी १ को 'निजानन्दमें बैठे' (गुरुचरित्र अ० ५१) शाके ११११ के मौसम

दुर्भिक्षमें दामाजी पन्तने बादशाहके कोपसे आनेवाले संकटके सामने उदारता-से अपनी छाती खोलकर शाही धान्यागार लुटा दिया और सहस्रों मनुष्यों-के प्राण बचाये। भगवान् भक्तोंके सदा सहाय हैं, यह बात भगवान्ने विठू महारका रूप धारणकर सबको जँचा दी। कान्हूपात्रा वेश्या थी, पर उसकी भी निष्ठा देखकर लोग भक्तिमार्गपर विश्वास करने लगे। मंगलवेढ्याके दामाजी पन्तके समान ही देवगढ (देवगिरि—दौलताबाद) में जनार्दन स्वामीके तपने बड़ा काम किया। जनार्दन स्वामीके शिष्य एका जनार्दन, जनी जनार्दन और रामा जनार्दन थे। चांगदेव, दासो पन्त आदि अनेक भक्त इस कालमें हुए। एकनाथ महाराजके (संवत् १५८५—१६५५) उदार चरितसे महाराष्ट्रमें फिर भागवत-धर्मका प्रचण्ड जय जयकार हुआ। एकनाथी भागवत (संवत् १६३०), रुक्मिणीस्वयंवर (संवत् १६२८), भावार्थरामायण, सहस्रों अभंग और अन्य कविताएँ महाराष्ट्रमें लोकप्रिय हो गयीं। सप्त-शृंगीपर त्र्यम्बक राय, चिंचवडमें मोरया गोस्वावी, शिंगणापुर-में महालिङ्गदास इत्यादि महाराष्ट्रके सभी प्रान्तोंमें संवत् १६३५ (शाके १५००) के लगभग अनेक भगवद्भक्त और ग्रन्थकार निर्माण हुए। इन सबके पृथक् पृथक् कार्योंका समवेत फल भागवत धर्मका प्रचार ही था और उपासना अपनी-अपनी भिन्न होनेपर भी अथवा सम्प्रदायोंके भिन्न होते हुए भी इन सबके द्वारा धर्मके ही जगानेका काम हुआ। ज्ञानेश्वर, नामदेवके पश्चात् महान् कार्य एकनाथ महाराजके द्वारा ही हुआ। एकनाथ महाराजने गुरु-कृपाकी अलौकिक शक्तिसे अत्यन्त प्रासादिक ग्रन्थ रचे और उनके दिव्य चरित्रका भी जन समूहपर बड़ा ही उत्तम संस्कार घटित हुआ। जनार्दन स्वामीके ही सदृश एकनाथ महाराज भी ज्ञानेश्वरीपर प्रवचन किया करते थे। इससे इस ग्रन्थकी ओर सबका ध्यान लगा। एकनाथ महाराज-के अवतार-कार्यका प्रभाव देवगढ, पैठण और पण्ढरपुरपर ही नहीं, पूना-प्रान्तपर भी खूब पड़ा। संवत् १६४० में एकनाथ महाराज सैकड़ों वार-

बारियोंको साथ लिये आळन्दी गये वहाँ तीन महीने रहे । नित्य कीर्तन-भजन हुआ करता था । यहाँ वह किसीसे कुछ लेते नहीं थे । एक विट्ठलभक्त बनियेके रूपमें भगवान् नित्य सबको सीधा-पानी दिया करते थे । भगवान्ने ही एकनाथ महाराजको ऋणमुक्त किया । यह बात पूना-प्रान्तमें घर-घर फैल गयी और इस घटनाके ५ वर्ष बाद तुकाराम महाराजने यह कहकर इस घटनाका उल्लेख किया है कि 'प्रत्यक्षके लिये और प्रमाण क्या चाहिये ! (भगवान्ने) एकाजी (एकनाथ) का ऋण शोध दिया यह तो प्रत्यक्ष ही है ।' नाथ आळन्दीसे लौटे तबसे आळन्दीकी वारी (यात्रा) होने लगी और १ ही वर्ष बाद संवत् १६५ के लगभग एक देशपाण्डे सज्जनने ज्ञानेश्वर महाराजकी समाधिके आगे सभामण्डप बनवा दिया । एकनाथ महाराजके आगमनसे आळन्दीकी महिमा और भी बढ़ी, यात्रा अधिक आने लगी ज्ञानेश्वरीके यहाँ-वहाँ पारायण होने लगे और भागवत-धर्मपर लोगोंकी श्रद्धा और प्रीति खूब बढ़ी । एकनाथ महाराजने संवत् १६५५ में पैठणमें समाधि ली और इसके दस ही वर्ष बाद देहूमें तुकारामका जन्म हुआ । तुकाराम और रामदास स्वामी एक ही संवत्में अवतीर्ण हुए और उनके द्वारा महाराष्ट्रमें कृष्ण-भक्ति और राम-भक्तिकी दो धारायें बहने लगीं । गुरु-चरित्रका दत्तसम्प्रदाय, पण्ढरीका वारकरी सम्प्रदाय समर्थ रामदासका रामदासी सम्प्रदाय आदि सभी सम्प्रदाय भगवद्भक्ति सिखानेवाले भागवत-धर्मके ही सम्प्रदाय थे और इनके मुख्य सिद्धान्तोंमें परस्पर कोई भेद नहीं था । सबने एक धर्मको ही जगाया । तुकाराम और समर्थ जब ११ वर्षके थे तभी अर्थात् शाके १५४९ (संवत् १६८४) में पूना-प्रान्तके ही शिवनेरी दुर्गमें श्रीशिवाजी महाराजका जन्म हुआ । तुकाराम रामदास और शिवाजी ये तीन महाविभूति हुए और इन्होंने जो कुछ कार्य किया उसके पोषक और सहायक अनेक पुरुष उस कालमें महाराष्ट्रमें उत्पन्न हुए थे । महाराष्ट्रमें प्रवृत्ति और निवृत्तिका ऐक्य सिद्ध होनेको था । इन

तुकारामजीका जन्मस्थान

महात्माओंके अवतार 'भवो हि लोकाभ्युदयाय तादृशाम्' इस कालिदासोक्तिके अनुसार ससारके अभ्युदयके लिये हुए। यह अभ्युदय क्या और कैसे हुआ यह सबको विदित ही है। इन महाविभूतियोंने आकर महाराष्ट्रको सौभाग्यके दिन दिखाये। जो मुख्य बात यहाँ ध्यानमें रखनेकी है वह यह है कि श्रीज्ञानेश्वर और नामदेवने महाराष्ट्रमें जो भागवत-धर्म सस्थापित किया और जिसका प्रचार करनेके लिये ही एकनाथ आये उसे एकनाथ महाराज ही आलन्दीमें आकर पूना-प्रान्तमें अच्छी तरह जगा गये। ऐसे शुभ समयमें देहूमें तुकारामका जन्म हुआ। ज्ञानेश्वर, नामदेव, एकनाथके अवशिष्ट धर्मकार्यको पूर्ण करनेके लिये ही देहूमें श्रीतुकोवा राय अवतीर्ण हुए। भगवान् श्रीकृष्णके हृदयसे निकलकर महाराष्ट्रमें पुण्डलीकके गोमुखसे प्रकट होनेवाली भागवत धर्मकी भागीरथी ज्ञानेश्वर, नामदेव, एकनाथरूपी प्रचण्ड प्रवाहोंके साथ बहती हुई पूना-प्रान्तवासिनी जनताके सौभाग्यसे वहाँ तुकारामके रूपमें प्रवाहित हुई। बहिणाबाईके कथनानुसार ज्ञानेश्वर महाराजने जिसकी नींव डाली, नामदेवने जिसका विस्तार किया, एकनाथने जिसपर झंडा फहराया उस भागवत-धर्मरूप प्रासादपर तुकारामरूप कलश चढा।

२ श्रीतुकारामजीके माता-पिता

तुकारामके भाग्यवान् पिता बोलाजी और पुण्यवती माता कनकाई देहूमें सुखपूर्वक रहते थे। बोलाजीने अपने कुलदेव श्रीविठ्ठलकी भक्तिभावसे उपासना की और पण्ढरीकी आषाढी और कार्तिकी वारी सतत ४० वर्ष-तक की। पति पत्नी दोनों अपना जीवन परोपकार और पुण्यकर्माचरणमें व्यतीत करते थे, भूखेको अन्न खिलाते, प्यासेको पानी पिलाते, दीन-दुखियोंकी दयापूर्वक सहायता करते, साधु-सन्तोंकी खोज-खबर* लेते,

* सवत् १६४० में जब एकनाथ महाराज आलन्दी गये थे तब उनके

घरकी विट्ठल-मूर्तिकी बड़े प्रेमसे पूजा अर्चा करते, सदा भजन-पूजनके ही आनन्दमें रहते । यही उनका नित्य-कर्म था । बोल्होबाकी यह ख्याति थी कि व्यापारका व्यवहार करते हुए यह कभी झूठ नहीं बोलते थे । बोल्होबा लौकिक कार्योंमें भी दक्ष थे । कुछ महाजनी, कुछ व्यापार और कुछ खेती करके सुखपूर्वक प्रपञ्च-साधन करते थे । व्यापारमें दया और सचाई रखते थे । उनके प्रथम पुत्र सावजी हुए । द्वितीय पुत्रके समय कनकाईको वैराग्यका ही चसका लगा । वह एकान्तमें बैठतीं किसीसे अधिक न बोलतीं और प्रपञ्चकी ओर कुछ भी ध्यान न देतीं, यह हालत हो गयी थी । उनकी कोखसे महाविष्णु-भक्त जन्म लेनेवाले थे, शायद इसी कारण उन दिनों उन्हें नामदेव रायके अभंग सुननेकी इच्छा होती थी अथवा वह हरिकीर्तन सुनतीं या विट्ठल-मन्दिरमें अकेली ही श्रीविट्ठल-रखुमाईकी ओर घण्टों टक लगाये बैठी रहती थीं । यथासमय उनकी कोखसे श्रीतुकारामका जन्म हुआ । भक्तलीलामृतमें महीपतिबाबा प्रेमसे वर्णन करते हैं—(तुकाराम महाराज क्या अवतीर्ण हुए—)

कनकाबाईकी कोखमें महाभाग्य स्वातीकी ही वर्षा हुई अथवा मुक्तिके परेकी चतुर्थी भक्ति ही उदर आयी या यह कहिये कि स्वयं परब्रह्म भगवान् ही अवतीर्ण हुए । उस उदरशुक्तिकामें नामप्रेमका नीर गिरा

दर्शन करने और कीर्तन सुनने बोल्होबा भी कनकाईके साथ कई बार गये होंगे और तुकोबाजीने बचपनमें ही माता-पिताके मुखसे ही एकनाथ महाराजकी बातें सुनी होंगी । बोल्होबा स्वयं परम्परासे वारकरी थे तब यह कब ऐसा अवसर आ सकता है कि जब एकनाथ महाराज-जैसे परम भक्त और वारकरी सम्प्रदायके तत्कालीन सर्वमान्य महन्त देहूगाँवके पाससे तीन ही कोसके फासलेपर आलन्दीमें आते हों ! अवश्य ही बोल्होबाजीने उनके दर्शन किये होंगे कीर्तन सुने होंगे और उनके सत्संगसे लाभ उठाया होगा ।

वही हरिप्रेमी हरि भक्त मुक्ताफलरूपसे तुका जन्मे। नवधा भक्तिके जो आयास किये वही नव मास पूर्ण हुए और कनकामाईके महद्भाग्यसे परम वैष्णव उनके गर्भमें आकर रहे।'

कनकामाईके सौभाग्यका क्या कहना है। अपनी असीम भक्तिसे भगवान्‌को नचानेवाला और तीनों लोकमें सत्कीर्तिका झण्डा फहरानेवाला सुपुत्र जिसने जना उस पुत्रवतीके महद्भाग्यकी महिमा कहाँतक गायी जाय? यह कनकाईके एक जन्मका नहीं असंख्य जन्मोंका पुण्य था जो देवलोकके लिये भी दुर्लभ तुकाराम जैसे पुत्रश्रेष्ठका लाभ हुआ।

ऐसी कीर्तन-भक्तिका डंका बजानेवाला समर्थ पुत्र जिसकी कोखसे पैदा हुआ वही तो यथार्थ पुत्रवती है। विषयोंसे वैराग्य हो इसीलिये वेदान्तशास्त्रने तथा साधु-सन्तोंने भी स्त्री निन्दा की है। परन्तु यहाँ तो यही कहना पड़ेगा कि—

नारी-निन्दा मत कर प्यारे नारी नरकी खान।
इसी खानमें पैदा होते भीष्म राम हनुमान॥

जिस खानमें ऐसे रत्न पैदा होते हैं उस स्त्री-जातिकी निन्दा कौन कर सकता है? श्रीकृष्णको गर्भमें धारण करनेवाली देवकी और उनका लालन पालन करनेवाली यशोदा जैसी भाग्यवती थीं, तुकारामकी जननी भी वैसी ही भाग्यवती थीं। तुकारामके पश्चात् कान्हजीका जन्म हुआ। सावजी, तुकाजी और कान्हजी तीनोंकी बाललीलाओंको अवलोकन कर बोलो बोवा और कनकामैया मन ही मन अपने भाग्यको धन्य समझते हों तो इसमें क्या आश्चर्य है?

२ बाल्य-काल

तुकारामजीके जीवनके प्रथम तेरह वर्ष माता-पिताके सरक्षण-छत्रकी सुख शीतल छायामें बड़े सुखसे व्यतीत हुए। बचपनमें तुकाराम बाहरके

बालकोंसे अवश्य ही अनेक प्रकारके खेल खेले होंगे। श्रीकृष्ण और उनके ग्वाल-बाल सखाओंकी बाल-क्रीडाओंका उन्होंने बड़े ही प्रेमसे वर्णन किया है। डंडा-डोली, गेंद-तड़ी, मृदङ्ग, कबड्डी, आटी-पाटी, गुल्ली डंडा आदि बालोंके अनेक खेलोंपर उनके अभंग हैं। भगवान्से प्रेम-कलह करते हुए भी उन्होंने बालोंके खेलोंपर मजेदार दृष्टान्त दिये हैं। इन सबसे यह पता चल जाता है कि बचपनमें तुकाराम बड़े खेलाड़ी थे। भगवान्से झगड़ते हुए उन्हें 'फसड्डी' कह देना, कहीं 'पासा उलटा पड़ा' और कहीं 'पौबारह', 'चिकमना' इत्यादि अनेक खेलोंकी परिभाषाओंके प्रयोगोंसे तुकारामजीके बाल्यकालका खेलाड़ीपन ही प्रकट होता है। मनुष्यके जीवनकी विशेष घटनाएँ, उसकी रुचि-अरुचि, उसके भिन्न-भिन्न अनुभव, उसके अभ्यास, उसके अनेक सिलसिले, उसके संगी-साथी, इन सबका ही प्रभाव उसके भाव, विचार और भाषापर पड़ा करता है। उसकी भाषासे भी ऐसे प्रभावोंका पता चलता है। अवश्य ही इन भेदोंको समझना बड़ी सावधानी और सूक्ष्मदर्शिताका काम है। यहाँ एक उदाहरण देकर बातको स्पष्ट करते हैं। उदाहरण भी मनोरञ्जक होगा। 'युक्ताहारविहार' क्या है, यह तो सभी जानते हैं, ज्ञानेश्वर महाराजने 'युक्ताहारविहार' का अर्थ किया है 'युक्ताकी नापसे नपे हुए गिनतीके कौर' और एकनाथ महाराजने 'भगवान्को भोग लगाकर यथेष्ट भोजन करने' को ही 'युक्ताहारविहार' बताया है। इसका रहस्य यही जान पड़ता है कि एकनाथ महाराजके यहाँ था सदावर्त, और नित्य ब्राह्मण-भोजन हुआ करता था। इसलिये उन्होंने 'युक्ताहारविहार' से ऐसा ही अर्थ ग्रहण किया जिससे भगवान्को भोग लगाकर ब्राह्मणोंको तृप्त करनेके सदनुष्ठानमें कोई बाधा न पड़ती। तात्पर्य यह कि मनुष्य जैसी अवस्थामें होता है वैसा उसका अनुभव, भाव और स्वभाव बनता है वैसे ही उसके मुखसे भाषा भी निकलती है। साधु सन्तोंकी उक्तियोंमें अलौकिक परमार्थ तो होता ही है, पर उसके साथ ही लौकिक

व्यवहारका निर्देश भी होता है। यही नहीं, प्रत्युत उनकी वाणीमें पारमार्थिक सिद्धान्तके साथ व्यावहारिक दृष्टान्तका ऐसा मेला रहता है कि उनके ग्रन्थोंसे परमार्थके साथ-साथ व्यवहारकी भी अनुपम शिक्षा मिलती है। प्रायः व्यवहारकी भाषामें ही परमार्थके गूढ सिद्धान्त बता दिये जाते हैं। उनके दृष्टान्त, रूपक और उपमालङ्कारादिमें व्यवहारकी शिक्षा भरी हुई होती है और सिद्धान्त तो परमार्थके देनेवाले होते ही हैं। श्रीतुकारामजीका बचपन खेल खेलवाड़में ही बीता, ऐसा कोई न समझे। हाँ, उनकी वाणीमें खेलाड़ीपनका रंग जरूर है। पाण्डुरङ्गकी भक्ति तो उनकी घरकी खेती ही थी।

४ संसार-सुखका अनुभव

बोलाजीने अपने तीनों पुत्रोंके विवाह क्रमसे कर दिये। तीनों ही विवाहके अवसरपर बालक ही थे। तुकारामजीका जब प्रथम विवाह हुआ तब उनकी आयु बारह वर्ष रही होगी। उनकी गृहिणीका नाम रखुमाई था। विवाहके पश्चात् दो-एक वर्षके भीतर ही जब यह मालूम हुआ कि रखुमाईको दमेकी बीमारी है और उसके अच्छे होनेका कोई लक्षण नहीं तब तुकारामजीके माता पिताने उनका दूसरा विवाह कर दिया। तुकारामजीका यह दूसरा विवाह पूनेके आपाजी गुलवेनामक एक धनी साहूकारकी कन्याके साथ हुआ। तुकाजीकी इन गृहिणीका नाम जिजाबाई या आवळी था। पुत्रों और बहुओंसे इस प्रकार घर भरा हुआ देखकर कनकाईको अपना संसार-सुख धन्य प्रतीत हुआ होगा। एक गृहिणीके रहते दूसरा विवाह करना यदि दोषास्पद हो तो भी यह दोष तुकाजीको नहीं दिया जा सकता, यह स्पष्ट ही है। पुत्रोंको और बहुओंको देखकर कनकाईके दिन आनन्दमें बीतते थे। महीपतिबाबाने ठीक ही कहा है—

> पुत्र स्नुषा धन सम्पत्ती। भ्रतारयुक्त सौभाग्यवती॥
> याहूनि आनंद स्त्रियांचे चित्तीं। नसे निश्चित दुसरा॥

'पुत्र, बहू, धन सम्पत्ति, सौभाग्यस्वरूप जीवित पति, इससे बढ़कर स्त्रियोंके लिये उत्तमसुख ही और कोई दूसरा आनन्द नहीं हो सकता।' बोल्होबाजीकी यह लम्बी उमर थी पचासके लगभग होंगे। सुखपूर्वक उनका समय कट रहा था। सभी बातें अनुकूल थीं, रोजगार-व्यापार अच्छा था, कोई कमी नहीं; रोनव उस भगवान्‌की पूजा हुआ थी। सब प्रकारसे सुखी थे। धीरे धीरे बोल्होबाजीके जीमें यह भाव आने लगा कि अब सब काम-काज लड़कोंको सौंपकर भगवान्‌की ओर ध्यान लगाना चाहिये। उन्होंने बड़े बेटेको पास बुलाया और कहा कि गृहस्थीका सारा भार अब तुम अपने सिर उठा लो। पर सावजीके विरक्त चित्तमें यह बात नहीं जमी उन्होंने बड़ी नम्रताके साथ कहा 'मुझे इस जंजालमें मत फँसाइये। मैं तो अब तीर्थयात्रा करने जाना चाहता हूँ। ऐसा आशीर्वाद दीजिये कि यह शरीर चरितार्थ हो।' बाबाजीने बहुतेरा समझाया पर सावजीको समस्त गृहप्रपंचकी मायासे छूटना ही चाहती थी। सावजीसे निराश होकर बोल्होबाजीने सारा भार तुकारामजीके कन्धोंपर रखा। उस समय तुकाजी कुल तेरह वर्षके बालक थे इस सुकुमार अवस्थामें ही इस प्रकार उनके सिर पर-गिरस्तीका गुरु भार आ पड़ा। धीरे धीरे सब काम उन्होंने सँभाल लिये जमा खर्चकी बही लिखने लगे हुण्डी पुर्जी लेने-देने लगे दूकानपर बैठने लगे, खेती बारी देखने भालने लगे महाजनी भी करने लगे और ये सब काम यह बड़ी दक्षताके साथ करने लगे। लोगोंके मुँह इनकी प्रशंसा सुनी जाने लगी। सब लोग कहने लगे 'देखो बालक होकर कैसी चतुराई इतना परिश्रम और सचाईके साथ सब काम सँभाले हुए है।' बही-खाता देखकर अपना सब व्यवहार उन्होंने अच्छी तरह समझ लिया था और वे बड़ी कुशलतासे सब काम चला रहे थे। बाबाजीने उनको यह सीख दी थी कि लेन-देन और सब काम-काज ऐसे कौशलसे करना चाहिये कि हानि-लाभ सदा दृष्टिमें रहे और ऐसा ही काम करे जिसमें अन्तमें अपना लाभ हो' तुका

रामजीने पिताके उपदेशको अपने सिर-आँखों रखा और कहा कि मैं ऐसा ही करूँगा। 'ऐसा ही करूँगा' ये शब्द वैखरीके थे, और इनका जो आन्तरिक परम अर्थ था वही तुकारामजीके चित्तमें जाग उठा। उन्हें जो परम अर्थ मिला वह यही था कि, 'सावधान! प्रपञ्चमें जो कुछ लाभ है वह श्रीहरि है और अशाश्वत द्रव्यसग्रह हानि है, इस लाभ-हानिको ध्यानमें रखकर श्रीहरिपदरूप परम लाभको जोड़ लो।' तुकाजीने घरका सब काम बड़ी अच्छी तरहसे सँभाल लिया, यह देख उनके माता-पिता बहुत सुखी हुए। उनकी व्यवहार दक्षता देख उनके भाई-बन्द, अड़ोसी पड़ोसी बोलाजीके पास आ-आकर उन्हें बधाइयाँ देने लगे। चार वर्ष इसी प्रकार बड़े सुखमें बीते, माता पिता, भाई-बन्द सभी प्रसन्न थे, धन धान्यसे घर भरा था, घरके सब लोग निरामय थे, गाँवमें सर्वत्र बड़ी प्रतिष्ठा थी, अभाव नाममात्रको भी नहीं था। सब लोग तुकारामको 'धन्य-धन्य' कहने लगे।

५ मातृसुख

तुकारामजीको इसी समय माता पिता, विशेषत मातासे बड़ा सुख मिला, यह बात उनके अभगोंसे स्पष्ट ही प्रतीत होती है। परमपिता परमात्माको हम चाहे जिस भावसे देख और पुकार सकते हैं, कारण, वह पिता भी हैं और माता भी। परन्तु तुकारामजीने भगवान्‌को प्राय 'मा' कहकर ही पुकारा है। श्रीगीताजीमें 'माता धाता पितामहः' 'पितासि लोकस्य चराचरस्य' कहकर भगवान्‌को दोनों ही रूपोंमें दिखाया है और माता पिता हैं भी एक से ही। तथापि माताके हृदयका प्रेमरस कुछ और ही है। श्रुतिमाताने भी पहले 'मातृदेवो भव' कहा, पीछे 'पितृदेवो भव' कहा। 'माता'—'मा' शब्दमें जो माधुरी है, जो जादू है, जो प्रेमसर्वस्व है, वह किसी भी शब्दमें नहीं है। माताका हृदय प्रखरतम ग्रीष्मसे भी कभी न सूखनेवाला और सदा भरा-पूरा बहता हुआ अमृत-सरोवर है। माताका प्रेम सब जीवोंका जीवन

है । माता परमपिता परमात्माकी करुणामयी मूर्ति है । पर परमात्माका वात्सल्य यदि देखना हो तो वह माताके ही कोमल हृदयमें देख सकते हैं । बच्चेपर माताका जो प्यार है उसमें कोई काम नहीं । निर्हेतुक प्रेम उसका नाम है । हम जो पलते हैं, जीते हैं बढ़ते हैं सो माताके ही स्तन्यदुग्धामृतके पानसे । माका यह रूप क्या है ? उसके रोम-रोममें संचार करनेवाले प्रेमका केवल बाह्य रूप है । तुकाराम कहते हैं, 'तुका कहे माँ बाप । भगवान्के ही रूप ॥' अक्षरशः सच है । फिर भी माका प्यार माका ही है । इसीसे तुकाराम बार-बार भगवान्को 'विठामाई', 'कन्हैया-मैया' कहकर ही पुकारते हैं । मातृप्रेम जैसे ईश्वरीय भाव है वैसे ही उस प्रेमको पूर्णतया अनुभव करना भी ईश्वरीय प्रसाद है । मातृप्रेम सहज है, वैसे ही मातृ-भक्ति भी सहज ही है और सहज ही सदा बनी रहनी भी चाहिये । पर जैसे जलका स्वभाव नीचेकी ओर होता है—वह ऊपर नहीं चढ़ा करता वैसे ही इस विचित्र संसारमें माताका प्रेम जैसा सहज देखनेमें आता है वैसा या उतना सहज प्रेम सन्तानका माताके प्रति क्वचित् ही लक्षित होता है । बच्चा जबतक दुधमुँहा है तबतक अनन्यगतिक होनेसे वह माताके प्यारका उत्तर वैसे ही प्यारसे दिया करता है । पर वही बच्चा जब बड़ा होता है तब उसके प्रेममें अनेक शाखाएँ फूट निकलती हैं । पहले अपने संगी-साथियोंसे प्रेम करता है, फिर पत्नी-प्रेममें बँधता है पीछे अपत्य प्रेमके वशीभूत होता है; इस तरह प्रेम अपना रंग बदलता और स्वयं बँटता जाता है और कभी-कभी वासना-पाशोंमें उलझकर अपने मूलको भी भूल जाता है । इसीसे मातृप्रेमसे मुँह मोड़े हुए कुलांगार भी कहीं-कहीं पैदा हो जाते हैं । पर यह मानव जीवोंकी बात है । पुण्यात्मा तो ऐसे महाभाग होते हैं कि उनका मातृप्रेम यावज्जीवन अखण्ड बना रहता है । और ऐसे अनन्य मातृ भक्त महात्मा ही अक्सर काम करते हैं । स्वयं महात्मा पुण्डलीक युवावस्थामें विषयासक्तिके वश हो कुछ कालतक माताको भूल ही गये

थे। ईश्वरकी महती कृपा हुई जो दैवयोगसे वह कुक्कुट-मुक्कुटके आश्रममें पहुँचे और वहाँ उन्होंने मातृ-भक्तिकी महिमा देखी, उससे उनकी आँखें खुलीं और पीछे वह ऐसे मातृ पितृ-भक्त हुए, मातृ-पितृ-भक्तिकी उन्होंने ऐसी पराकाष्ठा की कि उसीसे भगवान् उनपर प्रसन्न हुए और उनके दर्शनोंके लिये आये, आकर ईंटासनपर तभीसे खड़े ही हैं। तुकारामजी प्रश्न करते हैं, 'पुण्डलीकने किया क्या?' और स्वय उत्तर देते हैं, 'माता-पिता-को ईश्वररूप माना'। इसका फल उन्हें क्या मिला? तुकाराम कहते हैं, 'ईंटपर परब्रह्म खड़ा रह गया!' यही महाभागवत पुण्डलीक मातृ पितृ-भक्तिके प्रतापसे सन्तोंके अगुआ और महाराष्ट्रमें भागवत धर्मके आद्य प्रवर्त्तक हुए। लौकिक पुरुषोंमें भी छत्रपति श्रीशिवाजी महाराज तथा नेपोलियन, सिकन्दर आदि दिगन्तकीर्ति दिग्विजयी पुरुष मातृ भक्तिके महान् पुण्यबलके ही मधुर फल थे, मातृ-पितृ भक्ति समस्त उत्तम गुणोंकी खान है। गुणोंमें सबसे श्रेष्ठ गुण मातृ-पितृ-भक्ति ही है। जिसके हृदयमें इस भक्तिका रस नहीं उसमें कोई भी गुण नहीं फलता। तुकारामका हृदय तो प्रेमहृद ही था। प्रेमनिर्झर हृदयको लेकर ही वह जन्मे थे। वयस्के १७ वें वर्षतक उन्होंने मातृ पितृ प्रेम अनुभव किया और भक्तिभरे अन्तः-करणसे माता-पिताकी खूब सेवा की। पीछे माता-पिता स्वर्ग सिधारे, बड़ी भावजका देहान्त हुआ, भाई भी घरसे निकल गये, अन्नके बिना प्रथम पत्नीका प्राणान्त हुआ, प्रथम पुत्र सन्ताजीकी मृत्यु हुई, दिवाला निकला, साख जाती रही—इस प्रकार अनेक सकट, एकके बाद एक, उनपर आते गये। इससे उनका चित्त दुखी हुआ और फिर वैराग्य हो आया। उनका प्रेम जैसा गाढा था वैसा ही उनका वैराग्य भी तीव्र और ज्वलन्त हो उठा। कुछ कालतक उनकी प्रेमा वृत्ति सरस्वती नदीके समान गुप्त हो रही। उनकी द्वितीया पत्नी ऐसी नहीं थीं जो उन्हें प्रसन्न करके उनके प्रेमको फिरसे जगा देतीं। वह थीं चिड़चिड़े मिजाजकी, बात बातमें गुस्सा होने-

जागी, केवल कल्पना । ऐसी कल्पनासे उनके वैराग्यको ही पुष्टि मिली होगी । ज्यों-ज्यों वैराग्य बढ़ने लगा त्यों-त्यों उन्हें भगवान् भी प्रिय होने लगे । 'भगवान्' के सम्मुख होते ही उनकी प्रेम-सरस्वती फिरसे प्रकट हुई । प्रेमके लिये पात्र भी अब उत्तम मिला । वैराग्य-सलिलसे स्निग्ध और पावन बने हुए इस प्रेमप्रवाहने भगवान्को अपनी परिक्रमामें मानो घेर लिया । तुकारामजीने तब बड़े प्रेमसे सद्ग्रन्थोंका पढ़ना, पण्ढरीकी वारियाँ कीं, भजन-पूजनमें मग्न हुए, भगवान्के सगुण दर्शनोंकी लालसा लगाये रहे । देह-गेहादि समस्त उपाधियोंसे चित्त उचाट हो गया और बस यही एक आस लगी रही कि साधु-सन्तोंको दर्शन देनेवाले भगवान् मुझे कब मिलेंगे ! इसी एक धुनमें चित्तकी सारी वृत्तियाँ रमा गयीं । आगकी तेज आँचके लगते ही जैसे दूध उफन आता है वैसे ही इसपर वैराग्यके प्रखर तापसे तपते ही वह करुणाघन मेघश्याम पिघल पड़े—उतर आये वैकुण्ठ धामसे उस ठाममें जहाँ तुकाराम उनकी प्रतीक्षामें धुनी रमाये हुए थे । आत्मा रामने आकर तुकारामको दर्शन दिये तुकारामको अपने नयनाभिराम मिल गये । मातृ-पितृ-भक्तिरूप प्रेम ईश्वरीय प्रेम हो गया । तुकाराम फिर यह अनुभव करने लगे कि नवनील मेघश्यामके रूपमें दर्शन देनेवाले परमात्मा प्राणिमात्रमें ही तो रम रहे हैं । प्रत्येक प्राणीके हृदयमें वह विराज-मान हैं । तब ये जीव उन्हें भूलकर प्रमादरूपी मोहमदिराका पानकर उन्मत्त हो दुःखके महागर्त्तमें क्यों गिरे जा रहे हैं ! जीवोंके इस अपार दुःखका ध्यान कर उनका चित्त व्याकुल हो उठा । उसी व्याकुलतासे उनकी अभंग-वाणी निकल पड़ी । आत्म-परमात्म प्रेम इस प्रकार भूत-दया प्रवाह बनकर बह निकला । मातृ-पितृ-भक्ति भगवत्-भक्ति हुई और भगवत् भक्ति भूत-दयाकी सकल सन्तापहारिणी पाप-ताप-उद्धारिणी भागीरथी बनी । तुकारामका सम्पूर्ण चरित्र इस प्रकार प्रेमके ही प्रवाहका इतिहास है । उनके हृदयमें पहले आत्मोद्धारकी भावना जाग उठी यही भावना क्रम-

कार्य होकर भूतदयासे द्रवीभूत हो प्रवाहित हुई। सन्तोंके हृदयकी मृदुता अनुपमेय है। वह मृदुता फूलोंमें नहीं, चन्द्रकी चाँदनीमें नहीं, नवनीतमें नहीं, कहीं भी नहीं, केवल जहाँकी तहाँ ही प्रेमकलारूपिणी है। समत्वकी अखण्ड समाधि लगाये हुए प्रेमयोगी अन्तमें उसी प्रेममें घुलकर उसीमें मिल जाते हैं। भूतदयासे द्रवित होकर जो उपदेशवचन उनके श्रीमुखसे निकले उनकी लौकिकी भाषामें कहीं कहीं कठोर शब्द भी आये हैं। पर ऐसे प्रत्येक कठोर शब्दके आगे पीछे प्रेम ही प्रेम है। इस कारण भले बुरे सभी जीवोंके कानोंमें पड़कर ये शब्द आनन्दकी गुदगुदी ही पैदा करते हैं। श्रीतुकारामजीके सम्पूर्ण चरित्रमें यह जो दिव्य प्रेम ओतप्रोतरूपसे भरा हुआ है वही प्रेम उनकी आयुके १७ वें वर्षतक उनसे उनके माता-पिताको प्राप्त हुआ। 'विठामाई' को सम्बोधन कर जो अभंग उन्होंने रचे हैं उनमें दृष्टान्तरूपसे मातृप्रेमका अत्यन्त रसपूर्ण और अनुभवयुक्त वर्णन है। इससे यह ज्ञात होता है कि तुकारामजीको मातृ-स्नेहका अत्युत्तम सुख मिल चुका था। मातृप्रेम-वर्णनके कुछ अभंगोंका आशय नीचे देते हैं—

'मातासे बच्चेको यह नहीं कहना पड़ता कि तुम मुझे सँभालो। माता तो स्वभावसे ही उसे अपनी छातीसे लगाये रहती है। इसलिये मैं भी सोच विचार क्यों करूँ? जिसके सिर जो भार है वह तो है ही। बिना माँगे ही माँ बच्चेको खिलाती है और बच्चा जितना भी खाय, खिलानेसे माता कभी नहीं अघाती। खेल खेलनेमें बच्चा भूला रहे तो भी माता उसे नहीं भुलाती, बरबस पकड़कर उसे छातीसे चिपटा लेती और स्तनपान कराती है। बच्चेको कोई पीड़ा हो तो माता भाड़की लाई-सी विकल हो उठती है। अपनी देहकी सुध भुला देती है और बच्चेपर कोई चोट नहीं आने देती। इसीलिये मैं भी क्यों सोच विचार करूँ? जिसके सिर जो भार है वह तो है ही।'

* * *

'बच्चेको उठाकर छातीसे लगा लेना ही माताका सबसे बड़ा सुख है। माता उसके हाथमें गुड़िया देती और उसके कौतुक देख अपने आँखें ठण्डा करती है। उसे आभूषण पहनाती और उसकी शोभा देख परम प्रसन्न होती है। उसे अपनी गोदमें उठा लेती और टकटकी लगाये उसका मुँह निहारती है। फिर इस भयसे कि बच्चेको कहीं नजर न लग जाय, चटसे उठाकर गलेसे लगा उसका मुँह छिपा लेती है। तुका कहता है, कहाँतक कहूँ ऐसे कितने काम हैं; प्रत्येक काम श्रीपद्मनाभका ही स्मरण कराता है।'

* * *

'यह मातृप्रेमकी विलक्षणता यह हृदय कुछ और ही है। क्षुधित होनेसे धीरज नहीं रहता यह दूसरी बात है पर सच्ची बात तो यही है कि माता बच्चेको आतुर नहीं होने देती।'

* * *

'मातृ-स्तनमें मुँह लगते ही माता पन्हाने लगती है। तब दोनों ही आनन्द बढ़ाते हुए एक दूसरेकी इच्छा पूरी करते हैं। अंगसे अंगके मिलते ही प्रेमरंग गाढ़ा होता है। तुका कहता है सार भार माताके ही सिर है।

* * *

'माताके चित्तमें बालक ही भरा रहता है। उसे अपनी देहकी सुध नहीं रहती; बच्चेको ज्यों उसने उठा लिया त्यों सारी थकावट उसकी दूर हो जाती है।

* * *

'बच्चेकी नटखटी बातें माताको अच्छी लगती हैं झट उसे वह अपनी छातीसे लगा लेती और स्तनपान कराती है। इसी प्रकार भगवान्‌का जो प्रेमी है उसका सभी कुछ भगवान्‌को प्यारा लगता है और भगवान् उसकी सब मनोकामनाएँ पूर्ण करते हैं।

* * *

'गाय जगलमें चरने जाती है पर चित्त उसका गोठमें बँधे बछड़ेपर ही रहता है। मैया मेरी! मुझे भी ऐसी ही बना ले, अपने चरणोंमें ठाँव देकर रख ले।'

* * *

मेरी विठा प्यारी माई। प्रेम सुधा पनहाई ॥ १ ॥
स्तन मुख दे रिझाती। न कभी दूर जाने देती ॥ध्रु०॥
जो माँगा हाथ आया। दयामूर्ति मेरी मैया ॥ २ ॥
तुका कहे ग्रास। मुख दे सो ब्रह्मरस ॥ ३ ॥

* * *

इस प्रकार अनेक अवतरण दिये जा सकते हैं, परन्तु यहाँ इतने ही पर्याप्त हैं।

६ दुःखके पहाड़

अस्तु, ससारभार सिरपर उठानेके पश्चात् प्रथम चार वर्ष बड़े सुख-से बीते। पर भगवान्की इच्छा तो यह थी कि तुकाराम ससारबन्धनसे मुक्त होकर लोकोद्धारका कार्य करें। इसलिये अब उनपर एक से-एक बड़े सकट आने लगे। इन दु सह सकटोंका फल यह हुआ कि उनके ससारविषयक सब स्नेह-बन्धन ही कट गये। उनकी आयु अभी १७ वर्ष ही थी जब उनके माता पिता इहलोक छोड़ गये और बड़े भाई सावजीकी स्त्रीका भी देहान्त हुआ। इससे वह बहुत ही दुखी हुए। इसके बाद दूसरे ही वर्ष सावजी तीर्थयात्राको चले गये। सावजी शुरूसे ही विरक्त थे, फिर स्त्रीके देहान्तसे और भी विरक्त हो गये। उनकी आयु इस समय बहुत नहीं थी, अधिक-से-अधिक बीसके लगभग रही होगी। तथापि दूसरा विवाह करके फिरसे गृहस्थी जमानेका लतखोरपना उन्हें नहीं सूझा। उन्हें सूझा यह कि जो होना था सो सब हो चुका, अब शेष जीवन हरिभजनमें ही आनन्दसे बिताना चाहिये।

घर छोड़कर वह तीर्थयात्रा करने चले गये। सप्तपुरी द्वादश ज्योतिर्लिङ्ग तथा पुष्करादि तीर्थोंकी यात्रा करते हुए वह काशी पहुँचे और वहीं सत्संग और आत्मचिन्तनमें उन्होंने अपना शेष जीवन लगा दिया। इधर तुकाराम भाईके वियोगसे और भी अधिक कष्ट अनुभव करने लगे। माता पिता स्वर्ग सिधारे, भाई घर छोड़कर चले गये इससे उन्हें भी भवभार दुःसह होने लगा। घर-गिरस्तीका सब काम देखते थे पर उसमें उनका मन नहीं लगता था। उनकी इस उदासीनतासे लाभ उठाकर, जो उनके कर्जदार थे वे नादिहन्द हो गये और जो पावनेदार थे वे तकाजा करने लगे। पैतृकसम्पत्ति अस्त-व्यस्त हो गयी। परिवार बड़ा था दो स्त्रियाँ थीं, एक बच्चा था छोटा भाई था बहनें थीं। इतने प्राणियोंको कमाकर खिलानेवाले अकेले तुकाराम थे, जिनका मन अब इस प्रपञ्चसे भागना चाहता था। पर घरके लोगोंके अन्न-वस्त्रका ठिकाना करनेके लिये उन्होंने बीच बाजारमें बनियेकी एक दूकान खोल रक्खी थी। इस दूकानपर वह बैठते थे मुँहसे 'विठ्ठल विठ्ठल' नाम जपते थे, कभी झूठ नहीं बोलते थे व्यापारमें कभी खोटाई नहीं करते थे ग्राहकोंको भी दयादृष्टिसे देखते और मुक्तहस्त होकर माल तौल देते थे, दाम किसीने यदि नहीं दिया तो इसमें भी दामकी कोई परवा नहीं थी। कभी दामका नहीं, सदा रामका नाम लिया करते थे। इस प्रकार चार वर्ष बीते। पर इस ढंगसे दूकान कहाँसे चलती! दूकानसे कुछ लाभ होनेके बदले नुकसान ही हुआ और वह दूसरोंके कर्जदार बन गये। रात-दिन मेहनत करके भी कुछ हाथ न आता और साहूकार अपने पावनेके लिये छातीपर सवार! आखिर घरपर कुर्की आयी; घरमें जो कुछ चीज-वस्तु थी वह बेची गयी। दिवाला निकलनेकी नौबत आयी। एक बार आत्मीयोंने सहायता करके बात रख

दी। दो-एक बार ससुरने भी सहायता की। पर उखड़े पैर फिर जमे नहीं। पारिवारिक स्नेह सौख्य भी कुछ नहींके बराबर था। पहली स्त्री तो बहुत सीधी थीं, पर दूसरी जिजाबाई बड़ी कर्कशा! रात दिन किचकिच लगाये रहती थीं। इन कर्कशाके कारण तुकारामको, उन्हींके शब्दोंमें, बड़ा दु:ख उठाना पड़ा, बड़ी फजीहत हुई। वह रात-दिन मेहनत करके भी कंगाल ही बने रहे। बड़े दु:खसे कहते हैं कि, 'इहलोक बना न परलोक'—माया मिली न राम! भवताप अब तुकारामके लिये असह्य हो उठा! घर कर्कशा बाहर पावनेदारोंका तकाजा! कहीं भी चैन नहीं! जो भी काम करते उसमें अपयशके ही भागी होते। एक बार रातके समय बैलपर अनाज लादे आ रहे थे तो रास्तेमें एक बोरा गिर गया। घरमें चार बैल थे, तीन किसी रोगसे अकस्मात् मर गये। जो संकट टालनेके लिये वह इतने व्यस्त और व्यग्र रहते थे, वह भी आखिर उपस्थित हुआ। दिवाला निकलनेका जो भय था वह सच होकर ही रहा। तब तो गाँवके लुच्चे-लफंगे लोग उन्हें और भी सताने लगे। उन्हे देखकर कहते, 'लो भगवान्‌का नाम! हरिनामने तुम्हें निहाल कर दिया!' यह कहकर तुकारामको नीचा दिखानेका यत्न करते! गाँवमें कोई ऐसा न रह गया जो उनका हित चाहता। एक पैसा भी कहींसे उधार या कर्ज न मिलता। बड़ा साहस करके तुकारामने एक बार मिर्चा खरीद किया और बोरोंमें भरकर कोंकण गये। वहाँ इनकी सिधाई देखकर ठगोंने इन्हें खूब ठगा! ईश्वरकी दयासे कुछ पैसे वसूल भी हुए तो लौटते हुए रास्तेमें एक आदमी मिला जिसने सोनेके मुलम्मे दिये हुए पीतलके कड़े सोनेके बताकर इनके हाथ बेचे। जो कुछ इनके पास था, सब लेकर वह चलता बना। जब तुका अपने गाँवमें पहुँचे तब परख हुई और पता लगा

कि ये कहे तो पीतलके हैं। लोगोंने बेवकूफ बनाया और घरमें घरवालीने भी खूब खबर ली। इस तरह गाँठके दाम भी निकल गये और ऊपरसे शाबाशीमें लड़ाईझगड़ाई मिली। फिर भी एक बार और भिजाबाईने अपने नामसे रुक्का लिखा और तुकारामजीको दो सौ रुपया दिलवाया। इस रुपयेसे इन्होंने नमक खरीदा और बेचनेके लिये परदेश गये। नमक बेचा और दो सौके इन्होंने ढाई सौ दो बना लिये। पर लौटते हुए रास्तेमें एक दरिद्र ब्राह्मण मिला। उसने अपना सब दुःख इनके आगे रोया। इन्हें दया आ गयी और ढाई सौ जो कमा लाये थे सो उस ब्राह्मणको देकर निश्चिन्त हुए। फिर घर लौटे खाली हाथ। घरवालीके दुःख और अपकारका क्या पूछना है। उसने इनकी शब्द-सुमनोंसे यथेष्ट पूजा की। इसी समय पूना-प्रान्तमें भयंकर अकाल पड़ा। अन्नके बिना हाहाकार मचा। बड़ा ही भीषण अवर्षण रहा। एक बूँद पानी नहीं। पानी बिना खानेके लाले पड़ गये। ढोरा-ढोंगर बिना बैल मरे। लाखों मनुष्य भूखों मर गये। तुकारामकी ज्येष्ठ पत्नी भी इसीमें होम हुई। तुकारामजीकी कोई खास न रह गयी। घरमें एक दाना भी अन्न नहीं रहा। किसीके दरवाजे जाते भी तो कोई खड़ा न होने देता। बाजारमें एक सेरका भाव बिका। अन्नके बिना ही मरी। इस दुर्घटनाकी ऐसी ठेस उनके मर्मपर लगी कि वो कभी भूलनेकी नहीं। पत्नीके पीछे उनका पहला लड़का बेटा भी चल बसा। दुःख और शोककी सीमा और क्या होगी! माता-पिताके स्वर्ग सिधारनेके बाद चार ही पाँच वर्षके भीतर तुकारामजीकी घर-गिरस्ती धूलमें मिल गयी। सारी सम्पत्ति गाय-बैल, स्त्री पुत्र इज्जत-आबरू सबपर पानी फिरा। दुःख और शोकका मानो महासमुद्र ही उमड़ पड़ा। प्रपञ्च दुःखोंके अति दुःसह दुर्भिक्ष-दंशोंसे कलेजा फट गया। घरकी आग बनकर दहक-दहक जलने लगी। आकाश फट पड़ा। प्रपञ्च मानो प्रलय हो गया।

७ वैराग्यबीजारोपण

ससार, सच कहिये तो, दु खोंका ही घर है। जन्म मरणके महादु खोंके बीचमें घूमनेवाले इस ससारमें जो भी आया वह दुःखोंका मेहमान हुआ। ससार दु.खरूप है, यही तो शास्त्रका सिद्धान्त है और यही जीवमात्रका अन्तिम अनुभव है। तुकाराम समारमे चार वर्ष किसी प्रकार सुखसे रहे तो इतनेमें ही द्रव्यहानि, मानहानि, अकाल और प्रियजनवियोगकी एक-से एक बढकर विपदा उनपर टूट पड़ी और उससे ससारका भयानक स्वरूप उनके सामने प्रकट हुआ। सासारिक दु खोंके इन आघातोंसे ससारकी दु खमयता उन्हें स्पष्ट दिखायी दी और उनका चित्त ऐसे ससारसे उचट गया। प्रथम पत्नीसे उनका बड़ा स्नेह था, वह उनकी ऑखोंके सामने अन्नके विना हा-हा करती हुई कालका ग्रास बन गयी! और उनके प्रेमका प्रथम पुष्प—बालक सन्ताजी—देखते-देखते मुरझा गया। माता, पिता, भावज, स्त्री, पुत्र सभी कालकवलित हो गये और कराल कालके सभी दु.ख एकबारगी ही सिरपर टूट पड़े, इससे उनके अन्त करणको बड़ा भारी धक्का लगा। उनका चित्त उदास हो गया। ऐसे समय यदि उनकी द्वितीया पत्नी जिजाईका स्वभाव अच्छा होता तो वह पतिको सान्त्वना देकर प्रेमसे उनके चित्तको हरा-भरा कर देती, उनके मनका अनुगमन कर ससारसे पछीकी तरह उड़ जानेवाले उनके मनको मञ्जुभाषणसे और प्रेमालापसे फिर ससारमें बॉध रखनेका यत्न करती। पर इन सब कल्पनाओंसे क्या आता-जाता है? भगवत्-सकल्पके अनुसार ही सृष्टिके सब व्यापार हुआ करते हैं। सामान्य जीव सासारिक दु खोंकी चक्कीमें पीस दिये जाते हैं, पर वे ही दु ख भाग्यवान् पुरुषोंके उद्धारका कारण बनते हैं। भगवान् श्रीरामचन्द्रके दादा राजा अजकी युवती प्रेयसी स्त्री इसी प्रकार अकाल ही चल बसी। उस समय उन्होंने जो शोक किया

कि ये बड़े तो पीछेके हैं। लोगोंने बेवकूफ बनाया और घरमें घरवालोंने भी खूब खबर ली। इस तरह गाँठके दाम भी निकल गये और ऊपरसे दक्षिणामें जगहँसाई मिली। फिर भी एक बार और जिजाबाईने अपने नामसे कर्ज लिया और तुकारामजीको दो सौ रुपया दिलाया। इस रुपयेसे इन्होंने नमक खरीदा और बेचनेके लिये परदेश गये। नमक बेचा और दो सौके इन्होंने ढाई सौ तो बना लिये। पर लौटते हुए रास्तेमें एक दरिद्र ब्राह्मण मिला। उसने अपना सब दुःख इनके आगे रोया। इन्हें दया आ गयी और ढाई सौ जो रुपये कमा लाये थे सो उस ब्राह्मणको देकर निश्चिन्त हुए। फिर घर लौटे खाली हाथ। घरवालोंके दुःख और आश्चर्यका क्या पूछना है। उसने इनकी वाक्य-सुमनोंसे यथेष्ट पूजा की। इसी समय पूना-प्रान्तमें भयंकर अकाल पड़ा। वर्षाके बिना हाहाकार मचा। बड़ा ही भीषण अवर्षण रहा। एक बूँद पानी नहीं। पानी बिना अनाजके लाले पड़ गये। ढोर-डंगर बिना मौत मरे। लाखों मनुष्य भूखों मर गये। तुकारामजीकी ज्येष्ठ पत्नी भी इसीमें होम हुईं। तुकारामजीकी कोई आस न रह गयी। घरमें एक दाना भी अन्न नहीं रहा। किसीके दरवाजे जाते भी तो कोई खड़ा न होने देता। बाजारमें एक सेरका भाव मिला। अन्नके बिना बीबी मरी। इस दुर्घटनाकी ऐसी ठेस उनके मर्मपर लगी कि जो कभी भूलनेकी नहीं। बीबीके पीछे उनका पहला लड़का बेटा भी चल बसा। दुःख और शोककी सीमा और क्या होगी। माता-पिताके स्वर्ग सिधारनेके बाद चार ही पाँच वर्षके भीतर तुकारामजीकी घर-गिरस्ती धूलमें मिल गयी। सारी सम्पत्ति गाय-बैल, स्त्री-पुत्र, इज्जत-आबरू सबपर पानी फिर। दुःख और शोकका मानो महासमुद्र ही उमड़ पड़ा। प्रपञ्च दुःखोंके अति दुस्सह दुर्भिक्ष-संतापसे कलेजा फट गया। धरती आग बनकर दहक-दहक जलने लगी। आकाश फट पड़ा। प्रलय मानो प्रत्यक्ष हो गया।

सम्मुख प्रवाहित करते हैं।' अजको सान्त्वना देते हुए मुनिश्रेष्ठ वसिष्ठ कहते हैं—

> अवगच्छति मूढचेतनः प्रियनाशं हृदि शल्यमर्पितम्।
> स्थिरधीस्तु तदेव मन्यते कुशलद्वारतया समुद्धृतम्॥

अर्थात् 'मोहसे जिसका ज्ञान ढका हुआ है वह प्रिय वस्तुका वियोग होनेको, हृदयमें काँटा चुभा समझता है, पर जो धीर है वह उसे, कल्याणका द्वार खुला समझता है।' महर्षिके इस बोध-वचनका बोध महात्माओंके चित्तमें सहज ही उदय होता है। देवर्षि नारदकी माता उन्हें बचपनमें ही छोड़ गयीं। तब उन देवर्षिके हृदयमें ऐसा ही दिव्य भाव उठा। उन्होंने कहा—

> तदा तदहमीशस्य भक्तानां शमभीप्सतः।
> अनुग्रहं मन्यमानः प्रातिष्ठं दिशमुत्तराम्॥
>
> (श्रीमद्भा० १।६।१०)

'भक्तोंका कल्याण चाहनेवाले भगवान्‌ने मुझपर यह बड़ा अनुग्रह किया, यह मानकर मैं उत्तरकी ओर चला।' तुकारामजी भी नारदजीकी ही श्रेणीके पुरुष थे। उन्होंने भी इस महादुःखमें अपनी अलौकिक स्थित-प्रज्ञता प्रकट की। दुःख कल्याणका द्वार है। जगद्गुरु परमात्मा हमें सीख देनेके लिये अनेकविध सुख-दुःखोंमेंसे ले जाकर सज्ञानताके पाठ पढ़ाते हैं। उन पाठोंको हृदयङ्गम न करके हम अज्ञानी मूढ जन उद्दण्ड बालकोंकी तरह उन्हें भुला देते हैं और निर्लज्ज होकर बार-बार उनके हाथकी मार खाते हैं। पर जो लोग पुण्यात्मा होते हैं वे इन विविध प्रसङ्गोंसे भगवान्‌का मन पहचानते हैं और अधिकाधिक ज्ञानसे लाभवान् होते हैं। उन्हें यह दृढ विश्वास होता है कि सर्वज्ञ भगवान् जो कुछ करते हैं, उसीमें हमारा हित है। यह शमसुख देनेवाला निर्मल तत्त्व वे अपने हृदयसे लगाये

है उसका वर्णन कविकुलतिलक कालिदासने (रघुवंश सर्ग ८ में) किया है। अजने कहा, 'मेरा धैर्य नष्ट हो गया, सारे सुख-विलास समाप्त हो गये, वसन्तादि ऋतु श्रीहीन हो गये, गान बन्द हो गये इन आभूषणोंका अब क्या प्रयोजन रहा ! घर तो मेरा शून्य हो गया । प्रिये ! तुम तो मेरी गृहस्वामिनी थीं मन्त्रणा देनेवाली सचिव थीं एकान्तमें प्रेमालापसे रिझानेवाली सखी थीं, ललित कलाएँ मुझसे लेनेवाली प्रिया शिष्या थीं ! और मृत्यु मुझसे तुम्हें हर ले गया ! अरे ! मेरा सर्वस्व लूट ले गया ! तुम्हें ले जाकर उसने मुझे रङ्कका भिखारी बना दिया !' अज ये बड़े विलासी राजा और उनका वर्णन करनेवाले भी कोई ऐरे-गैरे नहीं स्वयं कविमुकुटमणि कालिदास हैं। तथापि ऐसा ही शोक-उद्गार प्रिय पत्नीके वियोगपर प्रत्येक वियोगी पतिको अवश्य ही होता होगा, इसमें सन्देह नहीं। पर सच पूछिये तो संसारमें सच्चा प्रेम है कहाँ ? यदि हो तो क्वचित् ही है ! सच्चा पत्नी-प्रेम जहाँ है वहाँ द्वितीय विवाह कैसा ? द्वितीय विवाहकी कल्पना-तक उसके पास नहीं फटक सकती। सच्चा प्रेम कभी मरता नहीं काल भी उसे नहीं मार सकता। थोड़ी देरके लिये तो सभी विरही हो पड़ते हैं। ऐसे प्रेमी तो बहुतेरे हैं जो मृत पत्नीको याद कर-करके आँखोंसे आँसू बहाते जाते हैं और हाथोंसे द्वितीय सम्बन्धकी चिन्तासे अपनी जन्म-पत्री भी ढूँढा करते हैं। इधर विरह-दुःखकी कविता करते हैं और उधर द्वितीय सम्बन्धके सामान जुटाते जाते हैं। ऐसे नामके प्रेमियोंका 'प्रेम' प्रेम थोड़े ही है ! शुद्ध कामको प्रेमका मधुर नाम देकर ये लोगोंकी आँखोंमें धूल झोंका करते हैं। प्रेम तो निष्काम-निर्विषय ही होता है और उसका एकमात्र भाजन परमात्मा है। ऐसा प्रेम भक्तोंके ही भाग्यमें होता है। भक्तोंमें सचाई होती है। वैराग्यके अञ्जनसे जब आँखें खुल जाती हैं तब नश्वर संसारके भेद-मार्गोंमें पैदा हुआ प्रेम वे निग्रहसे बटोरकर एक करके एक परमात्माको ही अर्पण कर देते हैं। प्रेमामृतकी धारा भगवान्के

सम्मुख प्रवाहित करते हैं।' अजको सान्त्वना देते हुए मुनिश्रेष्ठ वसिष्ठ कहते हैं—

अवगच्छति मूढचेतनः प्रियनाशं हृदि शल्यमर्पितम्।
स्थिरधीस्तु तदेव मन्यते कुशलद्वारतया समुद्धृतम्॥

अर्थात् 'मोहसे जिसका ज्ञान ढका हुआ है वह प्रिय वस्तुका वियोग होनेको, हृदयमें काँटा चुभा समझता है, पर जो धीर है वह उसे, कल्याणका द्वार खुला समझता है।' महर्षिके इस बोध-वचनका बोध महात्माओंके चित्तमें सहज सा ही उदय होता है। देवर्षि नारदकी माता उन्हें बचपनमें ही छोड़ गयीं। तब उन देवर्षिके हृदयमें ऐसा ही दिव्य भाव उठा। उन्होंने कहा—

तदा तदहमीशस्य भक्तानां शमभीप्सतः।
अनुग्रहं मन्यमानः प्रातिष्ठं दिशमुत्तराम्॥
(श्रीमद्भा० १।६।१०)

'भक्तोंका कल्याण चाहनेवाले भगवान्‌ने मुझपर यह बड़ा अनुग्रह किया, यह मानकर मैं उत्तरकी ओर चला।' तुकारामजी भी नारदजीकी ही श्रेणीके पुरुष थे। उन्होंने भी इस महादुःखमें अपनी अलौकिक स्थित-प्रज्ञता प्रकट की। दुःख कल्याणका द्वार है। जगद्गुरु परमात्मा हमें सीख देनेके लिये अनेकविध सुख-दुःखोंमेंसे ले जाकर सज्ञानताके पाठ पढ़ाते हैं। उन पाठोंको हृदयङ्गम न करके हम अज्ञानी मूढ जन उद्दण्ड बालकोंकी तरह उन्हें भुला देते हैं और निर्लज्ज होकर बार-बार उनके हाथकी मार खाते हैं। पर जो लोग पुण्यात्मा होते हैं वे इन विविध प्रसङ्गोंसे भगवान्‌का मन पहचानते हैं और अधिकाधिक ज्ञानसे लाभवान् होते हैं। उन्हें यह दृढ विश्वास होता है कि सर्वज्ञ भगवान् जो कुछ करते हैं, उसीमें हमारा हित है। यह शमसुख देनेवाला निर्मल तत्त्व वे अपने हृदयसे लगाये

रहते हैं और इस कारण महान् संकटोंमें भी निष्कम्प रहते हैं। आँधीसे वृक्ष उखड़ जाते हैं पर पर्वत स्थिर रहते हैं। सामान्य जीव और महात्माओंके बीच यही तो बड़ा भारी अन्तर है। विपत्तिमें वीरोंका साहस और भी बढ़ता है, ऐसे ही भक्तोंकी निष्ठा और भी दृढ़ होती है। तुकारामजीपर जो संकटके पहाड़ टूटे और अकालके कारण बात-की-बातमें सहस्रों मनुष्योंके मर जानेका जो भीषण दृश्य उनके नेत्रोंके सामने उपस्थित हुआ उससे उन्होंने यह जाना—बहुत ही अच्छी तरहसे जाना कि यह मृत्युलोक क्या है और कैसा है और यहाँ रहकर क्या होता है! इससे उनके हृदयमें वैराग्य उत्पन्न हुआ और यह निश्चय हो गया कि इस भवसागरके पार उतारनेवाला पाण्डुरङ्गके सिवा और कोई नहीं है। इस समय उनके मनकी अवस्था उन्हींके शब्दोंसे जानिये—

(१)

पिता मेरे अनजानते ही स्वर्ग सिधारे। उस समय संसारकी कोई चिन्ता न थी। अस्तु हे विठ्ठल भगवान्! तेरा, मेरा राज है इसमें दूसरेका कोई काम नहीं। स्त्री मरी अच्छा हुआ, मुक्त हो गयी मायासे छूटी। बच्चा चल बसा, यह भी अच्छा ही हुआ भगवान्ने मायासे छुड़ाया। माता मेरे देखते चली गयी, तुका कहता है चलो, हरिने चिन्ता हर ली।

(२)

अच्छा हुआ भगवन्! दिवाला निकला। दुर्भिक्षने मारा सो भी अच्छा ही किया। अनुताप होनेसे तेरा चिन्तन तो बना रहा और संसार वमन हो गया। स्त्री मरी सो भी अच्छा ही हुआ और यह जो दुर्दशा भोग रहा हूँ सो भी अच्छा ही है। संसारमें अपमानित हुआ यह भी अच्छा ही हुआ। गाय बैल और द्रव्यादिक सब चला गया यह भी अच्छा

ही हुआ। लोक-लाज नहीं रही सो भी अच्छा हुआ और यह (तो बहुत ही) अच्छा हुआ जो मैं, भगवन्! तेरी शरणमें आ गया।'

* * *

(३)

'भगवान् भक्तको गृहप्रपञ्च करने ही नहीं देते, सब झंझटोंसे अलग रखते हैं। उसे यदि वैभवशाली बनावें तो गर्व उसे धर दबावेगा। गुणवती स्त्री यदि उसे दें तो उसीमें उसकी आशा लगी रहेगी। इसलिये कर्कशा उसके पीछे लगा देते हैं। तुका कहता है, यह सब तो मैंने प्रत्यक्ष देख लिया। अब और इन लोगोंसे क्या कहूँ ?'

(४)

'इस कुटुम्ब-परिवारकी सेवा करते-करते, ससारके तापसे मैं दग्ध हो चला। इससे हे पाण्डुरङ्ग माते! तेरे चरण स्मरण हुए। अनेक जन्मोंका बोझ ढोता चला आया हूँ, इससे छूटनेका मर्म अभीतक नहीं जान पड़ा। अन्दर-बाहर सब तरफसे चोरोंने घेर रखा है, पर इस हालतमें भी कोई मुझपर दया नहीं करता। बहुत मारा-मारा फिरा, बहुत लूट गया, अब तड़पते ही दिन बीत रहे हैं। तुका कहता है जल्दी दौड़े आओ। हे दीना-नाथ! ससारमें अपना विरद रखो।'

(५)

'पञ्चमहाभूतोंके बीचमें आकर फँसा हूँ, अहकारकी कैदमें पड़ा हूँ। अपना गला आप ही फँसा रखा है, निराला होकर भी निरालापन नहीं जान पाता हूँ। ससारको मैंने सत्य क्यों मान लिया? 'मेरा-मेरा' क्यों पुकारता फिरा? नारायणकी शरणमें क्यों नहीं गया? क्यों नहीं वासनाको रोका? तुका कहता है अब इस देहको बलि चढाकर सञ्चितको जला डालूँगा।'

इनमें पहले प्रकरणसे यह मालूम होता है कि तुकारामजी जब छोटे थे तभी उनके पिताका स्वर्गवास हुआ और पीछे दुर्भिक्षमें उनकी स्त्री रखुमाई, प्रथम पुत्र संताजी और अन्तमें उनकी माता कनकाईकी मृत्यु हुई। जब कुछ स्याना-सुना नहीं था तब पिता मरे अर्थात् अकस्मात् उनकी मृत्यु हुई अथवा मैं जब अबोध था तब मरे या तुकाराम कहीं किसी कामसे गये हुए थे तब उनकी मृत्यु हुई याने मरते समय पिताके मिल न सके। इनमेंसे कोई भी बात हो सकती है जिसका निश्चय नहीं किया जा सकता। जो कुछ हो पर माँ-बाप और स्त्री-पुत्रके मरनेपर भी इस धीर पुरुषके मुखसे यही उद्गार निकलता है कि 'हे विठ्ठल! तेरा-मेरा राम है। इसमें औरोंका क्या काम! इस प्रकार ऐसे महदुःखसे भी उन्होंने यही सन्तोष पाया कि अब भजनानन्दमें कोई बाधा न रही! दिवाला निकला दुर्भिक्षने पीड़ा पहुँचायी। कर्कशा स्त्रीसे सामना पड़ा अपमान हुआ धन गया बैल मरे, लोकलाज छोड़कर भगवान्की शरण ली—यह सब कहते हैं कि 'अच्छा हुआ'। क्योंकि 'संसार के होकर निकल गया अनुतापसे अब तुम्हारा चिन्तनमात्र रह गया। इन सांसारिक दुःखोंके कारण संसारसे जी ऊब गया चित्त उससे हट गया और अनुतापसे शुद्ध होकर चित्त भगवान्का ही चिन्तन करने लगा, यही दूसरे प्रकरणका अभिप्राय है।

निःसार यह संसार । यहाँ सार भगवान ॥

'निःसार है यह संसार, यहाँ सार (केवल) भगवान् हैं।

संसार क्षणभङ्गुर नश्वर और दुःखरूप है। इसका सारा घटाटोप व्यर्थ है भगवान् मिलें तो ही जन्म सफल है यही तुकारामजीका दृढ़ विश्वास हो गया।

तुका कहे नाशवान है सकल ।
सर ले गोपाल, सोई हित ॥

'तुका कहता है, यह सब नाशवान् है, गोपालको स्मरण कर, वही हित है ।'

* * *

सुख देखो तो जौ जितना । दुख पहाड़ जितना ॥

'सुख देखिये तो जौ बराबर है और दुःख पर्वतके बराबर ।'

* * *

दुःखसे बँधा है यह ससार ।
सुख देखो विचार, नहीं कहीं ॥

'यह ससार दुःखसे बँधा है, विचारकर देखें तो इसमें सुख कहीं भी नहीं है ।'

* * *

देह नाशवान् है, देह मृत्युकी धौकनी है, ससार केवल दुःखरूप है, सब भाई-बन्धु सुखके साथी हैं । इसलिये तुकारामजीका जी ससारसे हट गया और उन्हें अविनाशी अखण्ड सुखकी भूख लगी । यह मृत्युलोक अनित्य और असुख है, यहाँ आकर मुझे भजो—'अनित्यमसुख लोकमिम प्राप्य भजस्व माम् ॥' यही तो भगवान्ने (गीता अ० ९ । ३३ में) स्वय कहा है । भगवान्ने कहा है, शास्त्रोंने भी बताया है और सन्तोंने भी यही उपदेश किया है, तथापि यह सत्य ऐसा है कि सबको अपने-अपने अनुभवसे ही जानना होता है । इसे जाननेके लिये असख्य जन्मोंके पुण्य-प्रतापसे मनोभूमिको तपाकर तैयार करना पड़ता है । विपत्तापसे तपकर जब भूमि तैयार होती है तभी उसमें उत्तम परमार्थ उपजता है । चौथे अवतरणमें

इनमें पहले अभंगसे यह मालूम होता है कि तुकारामजी जब छोटे थे तभी उनके पिताका स्वर्गवास हुआ और पीछे दुर्भिक्षमें उनकी स्त्री रखुमाई, प्रथम पुत्र संताजी और अन्तमें उनकी माता कनकाईकी मृत्यु हुई। जब कुछ जाना-सुना नहीं था, तब पिता मरे अर्थात् अकस्मात् उनकी मृत्यु हुई अथवा मैं जब अबोध था तब मरे या तुकाराम कहीं किसी कामसे गये हुए थे, तब उनकी मृत्यु हुई याने मरते समय पिताजी मिल न सके।' इनमेंसे कोई भी बात हो सकती है जिसका निश्चय नहीं किया जा सकता। जो कुछ हो पर माँ-बाप और स्त्री-पुत्रके मरनेपर भी इस धीर पुरुषके मुखसे यही उद्गार निकलता है कि 'हे विट्ठल! तेरा-मेरा राज है। इसमें औरोंका क्या काम!' इस प्रकार ऐसे महदुःखसे भी उन्होंने यही सन्तोष पाया कि अब भजनानन्दमें कोई बाधा न रही। दिवाला निकला दुर्भिक्षने पीड़ा पहुँचायी। कर्कशा स्त्रीसे वास्ता पड़ा, अपमान हुआ धन गया, बैल मरे, लोकलाज छोड़कर भगवान्की शरण ली—यह सब कहते हैं कि 'अच्छा हुआ'; क्योंकि 'संसार के होकर निकल गया अनुतापसे अब तुम्हारा चिन्तनभर रह गया। इन सांसारिक दुःखोंके कारण संसारसे जी ऊब गया, चित्त उससे हट गया और अनुतापसे शुद्ध होकर चित्त भगवान्का ही चिन्तन करने लगा यही दूसरे अभंगका अभिप्राय है।

निःसार यह संसार। यहाँ सार भगवान॥

निःसार है यह संसार, यहाँ सार (केवल) भगवान् हैं।

संसार क्षणभंगुर नश्वर और दुःखरूप है; इसका साथ सर्वथैव व्यर्थ है भगवान् मिलें तो ही जन्म सफल है, यही तुकारामजीका दृढ़ विश्वास हो गया।

वैराग्य उत्पन्न होना ही तो भगवान्‌की दया है। वैराग्य खेल नहीं, भगवान्‌की दया हो तो ही उसका लाभ हो। भगवान् जिसपर अनुग्रह करना चाहते हैं उसे वह पहले वैराग्य-दान करते हैं। ऐसा परम शुद्ध वैराग्य तुकारामजीको प्राप्त हुआ और वहाँसे परमार्थ आरम्भ हुआ।

८ कनक-पाशसे मुक्त

वैराग्यके साथ चित्तवृत्तियोंकी शुद्धिके लिये उन्होंने एकान्तवास आरम्भ किया। पहले भामनाथके पर्वतपर गये और पन्द्रह दिन रहे। यहाँ उन्होंने भगवान्‌का नाम स्मरण और ध्यान किया। इधर तुकारामके घरसे चल देनेकी बात फैल गयी और जिजाबाई भी विकल हुईं। जिजाबाईका मिजाज बड़ा तेज था, पर थीं वह मैया बड़ी पतिव्रता। तुकारामजीके बिना उन्हें एक क्षण भी कल न पड़ती। उन्होंने तुकारामके छोटे भाई कान्हजीको उन्हें ढूँढने भेजा। कान्हजी घूमते-घूमते भामनाथ-पर्वतपर पहुँचे। वहाँ तुकारामजी मिले। कान्हजी आग्रहपूर्वक उन्हें घर लिवा लाये। उन्हें देखकर जिजाबाईको बड़ा हर्ष हुआ। पिताके समयसे जिन-जिन लोगोंके यहाँ तुकारामजीका पावना था उन सबके रुक्के तुकाराम-जीने बाहर निकलवाये और उन्हें ले जाकर वे इन्द्रायणीके दहमें डालने लगे। तब कान्हजीने बड़ी नम्रतासे कहा, 'आप तो साधु हो गये पर मुझे बाल-बच्चोंका पालन करना है, यह इतना रुपया यदि आप इस तरह डुबा देंगे तो मेरा काम कैसे चलेगा?' यह सुनकर तुकारामजीने उत्तर दिया, 'ठीक है इनमेंसे आधे रुक्के तुम ले लो और अलग हो जाओ, अपनी गृहस्थी चलाओ। हमारा सब भार श्रीविठ्ठलभगवान्‌पर है, अब मेरा यही जीवन-क्रम निश्चित हो चुका है। मध्याह्न अब पाण्डुरङ्ग ही चलावेंगे। हाँ, तुम्हारी हानि न हो, इतना तो मुझे देखना होगा। इसलिये तुम अपना हिस्सा लेकर अलग हो जाओ। हमारी चिन्ता मत करो।' इस तरह तुकारामजीने आधे रुक्के कान्हजीके हवाले किये और बाकी आधे उसी

तुकोबारायने यही बताया है । संसार-तापसे मैं तपा, इसीसे भगवान्‌के चरणोंका स्मरण हुआ । इस जन्मके सब दुःख सामने आये इसीसे पिछले सब जन्म याद आये । असंख्य जन्म ऐसे ही दुःखोंमें बीते सुखके सभी अन्दरके और बाहरके सब चोर हैं, ये किसी काम आनेवाले नहीं । यही सोचकर अत्यन्त दीन होकर उन्होंने भगवान्‌के पैर पकड़े । चौथे अभंगरत्नका यही सार-मर्म है । पर दूसरोंने मुझे ठगा यह कहना तो ठीक नहीं; सच्ची बात यह है कि अहंकारने ही मेरा नाश किया अहंवृत्तिके कारण ही मैंने संसारको सत्य माना और उसके फन्देमें अपने आपको फँसा लिया । इतने असंख्य जन्म और इस जन्मके इतने वर्ष मैंने व्यर्थ ही गँवाये । अब यह शरीर भगवान्‌के चरणोंमें समर्पण कर दिया । यह पाँचवें अभंगरत्नका मर्मभाग है विमर्शनके लिये ये पाँच ही अभंगरत्न पर्याप्त हैं ।

'यह अच्छा हुआ' इस अभंगरत्नको देखिये । क्या अच्छा हुआ ? संसार मिथ्या है—यह ज्ञात हुआ और आँखें खुलीं । दुःखसे आँखें खुलती हैं तब दुःख ही अनुग्रह जान पड़ते हैं । संसारमें यदि सुख होता तो शुकादि उसे गिरि-कन्दराओंमें ढूँढ़ते न फिरते । लटमलकी लाठीपर भीनी नौकाका चलाना जैसे असम्भव है वैसे ही अनित्य संसारके भरोसे सुख मिलना भी असम्भव है । ये विचार तुकोबारायके अभंगोंमें बारम्बार प्रकट हुए हैं । तुकारामजीको सच्चा अनुताप हुआ और उनके अन्तःकरणमें वैराग्य भर गया । वैराग्य परमार्थकी नींव है । देहसहित सम्पूर्ण दृश्यमान संसारके नश्वरत्वकी मुद्रा जबतक चित्तपर अंकित नहीं हो जाती तबतक वहाँ ज्ञान नहीं ठहर सकता । ज्ञानेश्वर महाराज कहते हैं, 'विरक्तिके बिना कहीं ज्ञान नहीं ठहरता ।' (ज्ञानेश्वरी १५-१६) । यह तो सिद्धान्त ही है । पर ऐसा वैराग्य तभी होता है जब जीव संसारसे बिलकुल ऊब जाता है । 'यह समस्त संसार अनित्य है, इस अनित्यत्वको जहाँ जान लिया वहीं वैराग्य हाथ धोकर पीछे पड़ जाता है । (ज्ञानेश्वरी १५-१९) ऐसा इसपर

वैराग्य उत्पन्न होना ही तो भगवान्‌की दया है। वैराग्य खेल नहीं, भगवान्‌की दया हो तो ही उसका लाभ हो। भगवान् जिसपर अनुग्रह करना चाहते हैं उसे वह पहले वैराग्य-दान करते हैं। ऐसा परम शुद्ध वैराग्य तुकारामजीको प्राप्त हुआ और वहाँसे परमार्थ आरम्भ हुआ।

८ कनक-पाशसे मुक्त

वैराग्यके साथ चित्तवृत्तियोंकी शुद्धिके लिये उन्होंने एकान्तवास आरम्भ किया। पहले भामनाथके पर्वतपर गये और पन्द्रह दिन रहे। यहाँ उन्होंने भगवान्‌का नाम स्मरण और ध्यान किया। इधर तुकारामके घरसे चल देनेकी बात फैल गयी और जिजाबाई भी विकल हुईं। जिजाबाईका मिजाज बड़ा तेज था, पर थीं वह मैया बड़ी पतिव्रता। तुकारामजीके बिना उन्हें एक क्षण भी कल न पड़ती। उन्होंने तुकारामके छोटे भाई कान्हजीको उन्हें ढूँढने भेजा। कान्हजी घूमते-घूमते भामनाथ-पर्वतपर पहुँचे। वहाँ तुकारामजी मिले। कान्हजी आग्रहपूर्वक उन्हें घर लिवा लाये। उन्हें देखकर जिजाबाईको बड़ा हर्ष हुआ। पिताके समयसे जिन-जिन लोगोंके यहाँ तुकारामजीका पावना था उन सबके रुक्के तुकाराम-जीने बाहर निकलवाये और उन्हें ले जाकर वे इन्द्रायणीके दहमें डालने लगे। तब कान्हजीने बड़ी नम्रतासे कहा, 'आप तो साधु हो गये पर मुझे बाल-बच्चोंका पालन करना है, यह इतना रुपया यदि आप इस तरह डुबा देंगे तो मेरा काम कैसे चलेगा?' यह सुनकर तुकारामजीने उत्तर दिया, 'ठीक है इनमेंसे आधे रुक्के तुम ले लो और अलग हो जाओ, अपनी गृहस्थी चलाओ। हमारा सब भार श्रीविठ्ठलभगवान्‌पर है, अब मेरा यही जीवन-क्रम निश्चित हो चुका है। मध्याह्न अब पाण्डुरङ्ग ही चलावेंगे। हाँ, तुम्हारी हानि न हो, इतना तो मुझे देखना होगा। इसलिये तुम अपना हिस्सा लेकर अलग हो जाओ। हमारी चिन्ता मत करो।' इस तरह तुकारामजीने आधे रुक्के कान्हजीके हवाले किये और बाकी आधे उसी

सब इन्द्रायणीके अर्पण कर दिये ! इन रुक्कोंको दहमें डाल देनेका कारण महीपतिबाबा मार्मिकताके साथ बतलाते हैं—

'अनुभव न हो तो पुस्तकी ज्ञान व्यर्थ है। वैसे ही दूसरोंके हाथमें जो धन है वह भी व्यर्थ है उससे मन क्षुभित ही रहता है। यही चिन्ता और दुराशा जीको लगी रहती है कि अमुकको और इतना पावना है पर वह देगा या नहीं देगा न जाने क्या होगा। इसलिये इन्द्रायणीके दहमें सब कागज-पत्र उन्होंने स्वयं ही डाल दिये।

तुकारामजीने अपनी चित्तवृत्ति पाण्डुरङ्गको अर्पण कर दी। इस वृत्तिके पीछेसे लौकनेवाली कुछ दुराशा अब नहीं चाहते थे। अनुभव तो उन्हें पूरा मिल ही चुका था। कहते हैं—

'अपके मारसे शरीर जड़ हो गया, संसारने (खूब) तड़पाया। लेन देन देनके बखेड़ेसे सदाके लिये मुक्त होकर निर्वेध निश्चिन्त हरिभजनमें लग जानेके लिये उन्होंने सब रुक्के इन्द्रायणीके दहमें डाल दिये। इसके बाद उन्होंने द्रव्यको स्पर्श नहीं किया। परिवारके सब कष्ट सह लिये भिक्षा माँगकर भी गुजर किया, पर-द्रव्य-स्पर्श कदापि न करनेका निश्चय करके वह धनपाशसे सदाके लिये मुक्त हो गये।

९ एकान्तवास और यात्रा

तुकारामजीकी दिनचर्या कुछ कालतक इस प्रकार थी प्रातःकाल प्रातर्विधिसे निवृत्त होकर श्रीविट्ठलभगवान्के मन्दिरमें जाते पूजा-पाठ करते और फिर इन्द्रायणीके उस पार जाकर कभी भामनाथ तो कभी भण्डारा और कभी गोराडाके पर्वतपर पहुँचकर वहाँ ज्ञानेश्वरी या नाथ भागवतका पारायण करते और फिर दिनभर नाम-स्मरण करते रहते। सन्ध्या होनेपर गाँवको लौटते मन्दिरमें जाकर कीर्तन सुनने और पीछे स्वयं कीर्तन करनेमें आधी रात बिता देते पश्चात् उत्तर-रात्रिमें थोड़ा सो लेते थे। इस प्रकार विरक्तकी स्थितिमें रहकर उन्होंने भूख-प्यास और सब

निद्रा और आलस्य दोनों गये, युक्ताहारविहार होनेसे पूर्ण इन्द्रिय-विजय हुआ। यह सब अवश्य ही धीरे-धीरे हुआ। सद्ग्रन्थ सेवन, नाम-स्मरण, कीर्तन और ध्यान-धारणादिकोंके अभ्यासमें ही उनका सारा समय बीतता था। उन्होंने तीर्थ-यात्राएँ बहुत सी नहीं कीं। आषाढी-कार्तिकी वारी परम्परासे ही होती चली आयी थी। सो उन्होंने भी अन्ततक चलायी। आलन्दीक्षेत्र पास ही चार कोसपर है और ज्ञानेश्वर-माडली (मैया) पर उनकी निष्ठा भी असीम थी, इससे आलन्दी वह बार बार जाते थे। निवृत्तिनाथकी समाधि त्र्यम्बकेश्वरमें है और चांगदेवकी समाधि पुणतांबेमें है। एकनाथ महाराजका पैठणक्षेत्र तो प्रसिद्ध ही है। ये तीनों क्षेत्र गोदातीरपर हैं। इसलिये वारकरियोंके मेलेके साथ तुकारामजी भी इन क्षेत्रोंमें हो आये थे। एक अभंगमें गोदातीरके विषयमें उनका यह उद्गार है कि 'निर्मल गोदातटपर बड़े सुखसे दिन बीतता है।' काशी, गया और द्वारका देखनेकी बात उन्होंने एक जगह लिखी है।

वाराणसी देखी गया द्वारका भी।
बात पंढरी की तुका और॥

'वाराणसी, गया और द्वारका देखी, पर ये पण्ढरीकी बराबरी नहीं कर सकतीं।' उनका एक अभंग है, 'तारूँ लागले बंदरीं' (जहाज बन्दरमें लगा) इससे मालूम होता है, उन्होंने जहाजसे द्वारकाकी यात्रा की थी। अस्तु, यह यात्रा उन्होंने संवत् १६८८-८९ में की होगी। वैराग्य होनेके पश्चात् दो-एक वर्षके भीतर ही काशी द्वारका आदि तीर्थ स्थानोंमें हो आये होंगे। अस्तु, इस प्रकार संसारका अनुभव प्राप्त करके उसकी निःसारताको अच्छी तरह जानकर तुकारामजी परमार्थके अनुगामी बने। परमार्थ प्राप्त करनेके लिये उन्होंने जो उपाय किये और उन्हें जो सिद्धि प्राप्त हुई उसका समीक्षण दूसरे खण्डमें विस्तारके साथ करेंगे।

मध्य खण्ड

अर्थात्

उपासना-काण्ड

चौथा अध्याय

आत्मचरित्र

अतः जो सुहृद् और शुद्धमति हैं, अनिन्दक और अनन्यगति हैं उनसे गुप्त-से-गुप्त बात भी सुखसे कहे ।

—ज्ञानेश्वरी अ० ९—४०

१ सन्त-चरित्र-श्रवण

कोई महान् पुरुष सामने आता है तो हर किसीको यह जाननेकी इच्छा होती है कि यह महान् कैसे हुआ, किस मार्गपर यह कैसे चला, कौन-कौनसे गुण इसने प्राप्त किये और उनका कैसे उत्कर्ष किया, इत्यादि, यह जिज्ञासा सात्त्विक होती है । कारण, इस जिज्ञासाके भीतर एक निर्मल भाव छिपा रहता है । वह यह कि हम भी इसका अनुसरण कर सकें । किसी सत्पुरुषके जब हम दर्शन करते हैं या उनका गुणगान सुनते हैं तब यही इच्छा होती है कि हम भी इनके गुणोंको जानें और जिस मार्गपर

चलकर इन्होंने यह महत् पद प्राप्त किया उस मार्गपर हम भी चलें। महत् पद-प्राप्त हँसी-खेल नहीं है। महान् पुरुष उसके लिये जो-जो कष्ट उठाते रहते हैं उन कष्टोंको सह लेनेकी सामर्थ्य और पुण्य सबके भाग्यमें नहीं होता। इसलिये जिज्ञासा युक्त होनेपर भी सब लोग महान् पुरुषोंका अनुकरण नहीं कर सकते। बात समझमें आ जाती है पर करते नहीं बनती। फिर भी समझना तो आवश्यक होता ही है। वेदशास्त्रोंमें ब्रह्मनिष्ठ पुरुषोंके अनेक गुण वर्णित हैं। महान् प्रयाससे जिन्होंने उन गुणोंको प्राप्त किया उन महात्माओंका आचरण ही सामान्य जनोंके लिये पथ-प्रदर्शक होता है और सात्त्विक श्रद्धा जिनके हृदयमें उत्पन्न हो चुकी रहती है वे उस आचरणको देखकर तदनुसार अपना आचरण बनाते हैं।

> पर श्रुति स्मृतिके अर्थ। जो आपही हुए मूर्त।
> अनुष्ठानसे विख्यात। ऐसे महान ॥ ८६ ॥
> उनके आचरण सोई चरण। देख सत् श्रद्धा करे अनुसरण।
> सो पावे सोई श्रम बिन। रक्षा जैसे ॥ ८७ ॥
>
> (ज्ञानेश्वरी अ० १७)

श्रुति-स्मृतिके मूर्तिमान् अर्थ बनकर जो स्वकर्मानुष्ठानसे प्रसिद्ध होते हैं ऐसे जो श्रेष्ठ हैं उन्हींके आचरणरूप चरणचिह्न देखकर सात्त्विकी श्रद्धा पकड़ करती है और इससे उसे भी वही फल अनायास ही प्राप्त हो जाता है। महात्मा भोजन कैसे करते हैं बोलते कैसे हैं, चलते कैसे हैं, बर्ताव कैसा रखते हैं इन सब बातोंको जाननेसे भी बड़ी शिक्षा मिलती है। सामान्य जनोंको जो विषय प्रिय होते हैं उनको उन्होंने कैसे छोड़ा विषय वासनाको कैसे जीता उन्हें वैराग्य कैसे प्राप्त हुआ प्रवृत्तिको जीतकर वे निवृत्त कैसे हुए, उन्होंने किस ग्रन्थका कैसे अध्ययन किया उन्होंने एकान्तवास कैसे किया एकान्तमें उन्होंने क्या साधन की सत्संगमें उन्हें

क्योंकर रुचि हुई, सत्सगसे उन्होंने कौन सा आत्मलाभ किया और कैसे किया, उनपर गुरु-कृपा कब, कैसे हुई, उन्होंने निश्चय क्या किया और कैसे सब आघातोंको सहकर उसे निबाहा, उनपर भगवान् कैसे प्रसन्न हुए, इत्यादि बातें जब मुमुक्षुकी समझमें ठीक-ठीक आ जाती हैं तब वह भी अपना जीवनक्रम निश्चित कर सकता है।

२ आत्मचरित्र-अभंग

इस प्रकारके विचार उन लोगोंके चित्तमें अवश्य उठा करते होंगे जो तुकाराम महाराजके पास नित्य आया-जाया करते थे और उनका हरिकीर्तन सुनकर आनन्दित होते थे। एक बार इन्हीं लोगोंने महाराजसे प्रश्न किया, 'महाराज! आपको वैराग्य कैसे प्राप्त हुआ? और आपपर भगवान् कैसे प्रसन्न हुए? कृपाकर यह हमें बताइये।' यह प्रश्न सुनकर और श्रोताओंकी शुभेच्छा जानकर महाराजने दो अभगोंमें इसका उत्तर दिया। ये अभग बड़े महत्त्वके हैं। 'याती शूद्र वैश्य' इत्यादि अभग तो महाराज-के चरित्रका मानो सम्पूर्ण पूर्वार्द्ध ही है। शिष्टाचार यह है कि अपना चरित्र आप ही न कहे, पर आपलोग सन्त हैं और प्रेमसे पूछ रहे हैं इसलिये आपलोगोंकी आज्ञाका पालन करना ही चाहिये। इस प्रकार प्रस्तावना करके महाराजने कहना आरम्भ किया।

'न ये बोलों परी पाडिलें वचन'
कहना नहि किन्तु, करता पालन।
आपके वचन, सन्तजनो॥

यह चरण इस अभगका ध्रुवपद है। इससे यह जाहिर है कि अपना चरित्र आप ही कहना अनुचित* है इस भावको मूलमें रखकर

* स्वात्मवृत्त मयेत्थ ते सुगुप्तमपि वर्णितम्।
व्यपेत लोकशास्त्राभ्या भवान् हि भगवत्पर॥
(श्रीमद्भा० ७। १३। ४५)

उन्होंने भक्तानुग्रहके लिये ही अपने चरित्रकी मुख्य-मुख्य बातें कह दीं। अब तुकाराम महाराजके मुखसे ही उनका पूर्व-चरित्र हमलोग भी ध्यान-पूर्वक सुन लें—

अभंग

जाति शूद्र किया वैश्य-व्यवसाय ।
पण्डुरंग-पाँय कुल पूज्य ॥ १ ॥
कहना नहिं किन्तु करता पसन्द ।
आपके वचन संतजनो ॥ ध्रु ॥
माता पिता मेरे छोड़ गये जब ।
आपदाविपदा आन पड़ी ॥ २ ॥
दुर्भिक्षने मारा-छीना धन-मान ।
स्त्रीकी बिना अन्न प्राण त्यागे ॥ ३ ॥
लज्जा बड़ी लगी दुःख हुआ भारी ।
व्यापारमें सारी पूँजी हारी ॥ ४ ॥
विठ्ठल-देवल टूटा अति जीर्ण ।
उद्धारकी मन बात आयी ॥ ५ ॥
पहिले कीर्तन पुनः एकादशी ।
रहा न अभ्यासी चित्त तब ॥ ६ ॥
कुछ किये कंठ संतोंके वचन ।
विश्वास सम्मान कर धारे ॥ ७ ॥
गाऊँ नामघन गाऊँ पद टेक ।
धरूँ चित्त एक भक्ति भाव ॥ ८ ॥

अर्थात् तुकाराम महाराज कहते हैं—मेरा चरित्र लोक व्यवहार और शास्त्र-मर्यादाके अनुकूल नहीं है (ऐसा मैं खुद समझता हूँ) इसलिये यह कहने योग्य न होनेपर भी तुम भगवान्‌के भक्त हो इसलिये तुम्हें कह दिया।

सत-पद-तीर्थ क्रिया सुधापान ।
दिये लज्जा मान छोड पीछे ॥ ९ ॥
वन पड़ा जो मी किया उपकार ।
काया-कष्ट कर हरि भजे ॥ १० ॥
हित-नात-वच दृढ माया-फद ।
तोडे भव-बन्द हरि कृपा ॥ ११ ॥
सत्य-असत्यमें साक्षी रखा मन ।
बहुमत मान माना नहीं ॥ १२ ॥
सपनेम पाया गुरु-उपदेश ।
नाममें विश्वास दृढ धरा ॥ १३ ॥
तव स्फुर आयी कवित्वकी स्फूर्ति ।
हरि-पद-रति उर धारी ॥ १४ ॥
'निषेध'की एक लगी भारी चोट ।
दुखी हुआ चित्त काल एक ॥ १५ ॥
वहियॉ डुवा दीं बैठा दिये धरना ।
आये प्रभु कान्हा समाधान ॥ १६ ॥
कहॉ लों विस्तार हैं बहु प्रकार ।
होगी वडो वेर अत इति ॥ १७ ॥
अब जो हूँ जैसा आपके सम्मुख ।
भावी जो उन्मुख जान हरि ॥ १८ ॥
भक्तोंको न भूलें कदा भगवान ।
पूर्ण दयावान मेरे हरि ॥ १९ ॥
तुका कहे सारा यही मेरा धन ।
श्रीहरि-वचन हरि-बोल ॥ २० ॥

(मूल मराठीसे अनुवादित)

इन अभंगोंमें श्रीतुकाराम महाराज अपने जीवनकी कुछ मुख्य बातें इस प्रकार गिनाते हैं—

(१) मैं जातिका शूद्र हूँ पर व्यवसाय मैंने वैश्यका किया ।

(२) मेरे कुल-स्वामी पाण्डुरङ्ग हैं उन्हींकी उपासना हमारे कुल-में परम्परासे चली आती है ।

(३) पिता-माताका स्वर्गवास होनेके बादसे संसारके दुःख मैंने बहुत उठाये । अकाल पड़ा उसमें घरमें जो कुछ था वह सब द्रव्य स्वाहा हो गया और द्रव्यके साथ ही प्रतिष्ठा भी धूलमें मिली । एक स्त्री 'अन्न, अन्न' पुकारती हुई मरी, जो-जो व्यवसाय किया उसमें नुकसान ही उठाया । इससे बड़ा कष्ट हुआ मुझे आप ही अपनी लज्जा आने लगी । इस प्रकार संसारसे अलग साथ हुआ ।

(४) ऐसी हालतमें मनको बहलानेकी एक बात सूझी । श्रीविश्व म्भरबाबाका बनवाया श्रीविठ्ठलमन्दिर टूटा पड़ा था । उसका जीर्णोद्धार करनेका विचार मनमें उठा । दिन-रात परिश्रम करके वह कार्य पूरा किया ।

(५) साधन-पथमें पहले एकादशी-व्रत रहने लगा और नाम संकीर्तन करने लगा । आरम्भमें अभ्यास न होनेसे उसमें मन नहीं रमता था । तब सन्तोंके ग्रन्थ देखे उनके कुछ बोध-वचन कण्ठस्थ किये । सन्त-वचनोंपर पूर्ण विश्वास रखा और आदरसे उन्हें हृदयमें धारण किया अर्थका मनन करते हुए अभ्यासमें मन रमाया ।

(६) कोई भगवद्भक्त हरिकीर्तन करते तो मैं उनके पीछे खड़ा होकर भजनका स्थायी पद गाया करता था और भक्ति-भावसे मनको शुद्ध करके मनको मननमें लगा श्रीहरिप्रेमको मनमें भरने लगा ।

(७) कीर्तन-भजन, नाम-संकीर्तन करनेवाले कोई भी सन्त मिल जाते तो उनके चरणोंमें गिरकर उनका चरणामृत ले पान करता था। ऐसा करनेमें मुझे कभी लज्जा नहीं बोध हुई।

(८) शरीरसे कष्ट करके जो भी परोपकार बन पड़ता, उसे करता था। पर-काजके साधनेमें देहको घिस डालना अच्छा ही लगता था।

(९) इस प्रकार परमार्थकी साधना मैंने आरम्भ की। कथा कीर्तनों-में और सन्तोंके समागममें बड़ा आनन्द आने लगा। चित्त इन्हींमें रमने लगा। परहित-साधनमें शरीरको कष्ट करके थका डालनेमें बड़ा मजा आने लगा। पर मेरी यह अवस्था मेरे स्वजनोंसे न देखी गयी। भाई-बन्द और स्त्री आदि सभी उपदेश देने लगे और गृहप्रपञ्चकी ओर खींचने लगे। पर मैंने अपने कलेजेको कठोर बना लिया था। किसीकी कुछ भी न सुनी। गृह-प्रपञ्चसे मेरा चित्त जड़-मूलसे उचट गया था। उस ओर देखनेतककी इच्छा न होती थी। स्वजन अपनी ओर खींचते थे, पर मेरा मन परमार्थ-की ओर खींचा जा रहा था, लोग प्रवृत्तिमार्ग बताते थे, पर मन तो निवृत्तिमार्गमें ही रमता था। प्रवृत्ति-निवृत्तिकी इस खींचातानीमें सत्यासत्य-की पहचानके लिये मैंने अपने मनको साक्षी बनाया और सत्यस्वरूप भगवान् श्रीहरिका ही पथ अनुसरण किया। असत्य-मिथ्या नश्वर प्रपञ्चको तिलाञ्जलि दे दी। बहुमतको नहीं माना, नित्यानित्यविवेक करके नित्यको ही अपना लिया।

(१०) इस प्रकार जब मैं श्रीहरि-चरण-प्राप्तिके लिये कृतसंकल्प हुआ तब सद्गुरु श्रीबाबाजी चैतन्यने स्वप्नमें दर्शन देकर 'श्रीराम कृष्ण हरि' मन्त्रका उपदेश किया। मैंने हरि-नाममें दृढ विश्वास धारण कर लिया, यही विश्वास चित्तमें धार लिया कि श्रीहरि-नाम ही तारनेवाला है, यही अपने नामी श्रीहरिसे मिलानेवाला है। इसीका सहारा मैंने पकड लिया।

(११) अखण्ड श्रीहरि-नाम-स्मरणमें जब चित्त लीन होने लगा तब कविता करनेकी स्फूर्ति हुई। श्रीहरि कीर्तन करते श्रीहरि प्रसादरूपसे अभंग-वाणी निकलने लगी। मैंने जाना यह मेरी बुद्धिका प्रकाश नहीं, यह भगवान्‌का ही प्रसाद है, उन्हींकी बात उन्हींसे मेरे द्वारा निकलती है यह जानकर कृतज्ञतासे गद्‌गद हो श्रीविट्ठलनाथके श्रीचरण मैंने हृदय-में धारण कर लिये।

(१२) यही क्रम चल रहा था जब बीचमें ही (रामेश्वर भट्ट-के द्वारा) 'निषेध' का 'आघात' हुआ। मैं भगवान्‌को प्रसन्न करनेके लिये भगवान्‌की ही प्रेरणासे कवित्व कर रहा था। पर कुछ लोगोंने मेरे इस प्रयासको अनुचित समझा। वे इसका विरोध करने लगे। इस विरोधसे मेरा चित्त दुःखी हुआ और मैंने अभंगोंकी सब बहियोंको ले जाकर इन्द्रायणीके दहमें डुबा दिया और फिर (तेरह अहोरात्र) भगवान्‌के द्वारपर धरना दिये उन्हींके ध्यानमें पड़ा रहा। तब नारायणको दया आयी। उन्होंने स्वयं दर्शन देकर मेरा समाधान किया और मेरी बहियोंको भी जलसे बचा लिया।

३ वैराग्य

इस प्रकार इन अभंगोंमें घर-गिरस्तीका भार तुकारामजीके सिर पड़ा तबसे उन्हें भगवान्‌का सगुणसाक्षात्कार हुआ तबतककी सभी मुख्य घटनाओंका वर्णन श्रीतुकारामजीके ही शब्दोंमें सुननेको मिला है। पहले उन्होंने वैश्य-व्यवसाय किया अर्थात् बनियेकी दूकान की। कुछ वर्ष उनका यह काम अच्छा चला। पर पीछे उनपर एक-एक करके अनेक विपत्तियाँ आयीं जिनसे वह बहुत ही दुःखी हुए और संसारसे उन्हें विराग हो गया। माता पिताका देहान्त हुआ, दुर्भिक्षमें सब धन स्वाहा हुआ इसके साथ प्रतिष्ठा भी चली गयी, व्यापारमें दिवाला निकला, पत्नी मर

के लिये तड़प तड़पकर मर गयी, जो भी काम किया उसीमे घाटा उठाया, इस तरह सब तरफसे वह प्रपञ्चके दावानलसे घिर गये। दुःखमय ससारकी दुःखमयता उन्होंने अच्छी तरहसे देख ली और उन्हें वैराग्य हो आया। गृहादि प्रपञ्चकी पञ्चाग्निसे जब मनुष्य इस तरह झुलस जाता है तब वह परमार्थमें प्रवृत्त होना ही श्रेय समझने लगता है। ससार दुःखसे दुखी और त्रिविध तापसे दग्ध जीव ही परमार्थका पात्र होता है। यों तो हम सभी ससार दुःखसे दुखी हैं और कभी कभी दुःखके अति दुःसह हो उठनेपर ससारसे क्षणिक वैराग्यका भी अनुभव कर लेते हैं, पर फिर, सींडमे लिपटी मक्खीकी तरह, उसी ससारमे लिपटे रह जाते हैं। तुकाराम भी ससारसे उपराम हुए। पर तुकारामकी उपरामता और हम सामान्य जनोंकी क्षणकालीन उपरामतामें बड़ा अन्तर है। उन्हें जो विराग हुआ वह प्रपञ्चके जडमूलसे हुआ, उस वासनाको ही उन्होंने काट डाला जिससे सारा प्रपञ्च निकला। क्षणिक वैराग्य जिसे श्मशान-वैराग्य कहते हैं, हम सबको नित्य ही हुआ करता है पर श्मशान-भूमिसे विदा होते ही वह वैराग्य भी सदाके लिये विदा हो जाता है। कारण, वह वैराग्य ऊपरी होता है, चार आँसू जहाँ गिरे वहीं उसकी इति हुई। तुकारामजी प्रपञ्चसे केवल ऊबे नहीं, प्रपञ्चकी तहतक पहुँचे और उसकी वासना मूलीको ही उखाड़ लाये। उन्होंने ही जाना कि ससार नश्वर है और सासारिक सुख केवल भ्रम है। उन्होंने ही यह समझा कि प्रापञ्चिक वासनाओंमें कभी न फँसना चाहिये। इस प्रकार उनके हृदयमें उस वैराग्यका बीजारोपण हुआ जो परमार्थ वृक्षका मूल है।

४ साधन-पथ

ससारसे उनके विमुख होते ही परमार्थ उनके सम्मुख हुआ। परमार्थ-प्राप्तिके लिये उन्होंने जो साधन किये उनका भी वर्णन आगे करते हैं।

श्रीविठ्ठल-मन्दिरका उन्होंने जीर्णोद्धार किया, एकादशी-व्रत और हरिजागरण करने लगे, कीर्तनकारों और महन्तोंके पीछे करताल लिये विशुद्ध भावसे दासधारी बन खड़े होने लगे, साधु-सन्तोंके ग्रन्थ देखने और मनन-सुख, देनेवाली उनकी सूक्तियोंको कण्ठ करने लगे, लोक-लाज छोड़कर सन्तोंके चरण सेवन करने, शरीरसे जितना बन पड़ता, पर-उपकार करते। यही उनका साधन मार्ग था। स्त्री बन्धु आप्त स्वजन फिर भी प्रयत्न करते रहे कि तुका परमार्थको छोड़ फिर प्रपञ्चमें मन लगावें। पर इन लोगोंका यह प्रयत्न वृथा था तुकारामजीके अविचल निश्चयको ही परख थी। अन्तःकरणकी शुभेच्छाको प्रमाण मानकर सबकी सुनी-अनसुनी करके वह निश्चयके साथ अपने उपासना-मार्गको ही पकड़े रहे। इनका ऐसा अटल विश्वास जान श्रीसद्गुरु बाबाजी चैतन्यने इनपर अनुग्रह किया, स्वप्नमें उपदेश दिया तुकारामके परम प्रिय 'राम कृष्ण हरि' मन्त्रकी दीक्षा दी। तुकारामजीने स्वयं ही इस प्रकार अपना साधन-मार्ग बताया है। श्रीविठ्ठल-मन्दिरके जीर्णोद्धारसे लेकर श्रीसद्गुरु-कृपाके होनेतक सब साधनोंका साधन उन्होंने भक्ति भावसे चित्तको शुद्ध करके किया। इन साधनोंमें अन्तिम और प्रधान साधन नाम-स्मरण ही रहा। नाम-स्मरण उनका कभी न छूटा। पर इससे कोई यह न समझे कि अन्य साधनोंका महत्त्व किसी प्रकार कम है। प्रथम साधन हुआ—श्रीविठ्ठल-मन्दिरका जीर्णोद्धार। यह मन्दिर देहूमें श्रीविश्वम्भरबाबाके समयसे ही था। तबसे वहाँ भगवान्‌की पूजा-अर्चा-धूप-दीप-आरती आदि सभी उपचार बराबर होते ही चले आते थे। यह विठ्ठल-मन्दिर तुकारामजीसे पहले भी था और अब पीछे भी है। जीर्णोद्धार उन्होंने जो कुछ किया वह यही किया कि पत्थर इकट्ठे किये मिट्टी पानीमें सानकर गारा बनाया दीवारें उठायीं और यह सब अपनी देहसे पसीना बहाकर किया। भगवान्‌की यह कायिक सेवा थी। इस कायिक सेवाके द्वारा भगवान्‌के मन्दिरका उन्होंने जो

जीर्णोद्धार किया वह उनका अपना भी जीर्णोद्धार हुआ, हृदयके अन्तस्तलमें दबा हुआ भाव ऊपर उठ आया, भक्ति जी उठी और इसी भक्तिने उन्हें पीछे भगवान्‌के दर्शन करा दिये। तुकारामजीने स्वय ही कहा है, 'निधि जो गड़ी रखी थी सो इस भाव भक्तिसे हाथ लगी।' जिस भावसे भगवान् रहते हैं, जिस भावसे भगवान् मिलते हैं, उसी भावको उन्होंने मन्दिरके जीर्णोद्धारसे अपने सम्मुख मूर्तिमान् किया। चित्तमें भावका उदय होनेसे गारे और मिट्टीका काम करते हुए भी भगवान्‌की सेवा किस प्रकार हुई सो भक्त ही जान सकते हैं। मैं तो यही समझता हूँ कि जिन विश्वात्मक विश्वपिता श्रीपाण्डुरङ्गके नामका झण्डा उन्होंने विश्वके ऊपर फहराया वह विश्वात्मा तुकारामजीकी इस प्रथम चरणसेवाके समयसे ही अपनी स्नेहदृष्टि तुकारामजीकी ओर सलग्न किये रहे। चन्दन, धूप-दीप, आरती, प्रभाती, दण्डवत्, भजन पूजन-कीर्तन आदि उपासनाके बहिरग हैं और चित्तमें यदि इनके साथ भाव न हो तो ये सब बहिरग बाहर के-बाहर ही रह जाते हैं। चित्तमें यदि भक्ति-भाव हो तो ये ही बहिरग उन भक्तवत्सल श्रीविट्ठलके समचरण-सरोजकी प्राप्तिके पक्के साधन बन जाते हैं। तुकारामजीके चित्तमें विमला भक्तिका विशुद्ध भाव उदय हो चुका था और इस भावको सग लिये, अन्तरगको बहिरगमें मिलाये उन्होंने श्रीविट्ठल-मन्दिरका जीर्णोद्धार किया, एकादशीव्रत लिया, महात्माओंके ग्रन्थोंको विश्वास और समादरके साथ पढा, सतत अभ्यासके लिये उनके वचन कण्ठमें धारण कर लिये, कीर्तनकारोंके पीछे तालधारी बन खड़े हुए—यह सब किया 'भक्तिभावसे मनको शुद्ध करके।' उनका साधन पथ भावमय था, भावसे ही भावके भोक्ता भगवान् प्रसन्न हुए और बाबाजी चैतन्यका उपदेशामृत मिला, जिससे सभी साधन सफल हुए और सब साधनोंके फलस्वरूप उन्हें भगवन्नामकी रट लग गयी। भगवान्‌की पूजा-अर्चा, सद्ग्रन्थ-सेवन, सन्त-समागम,

एकान्तवासमें श्रीहरि-कीर्तन और नाम स्मरण—ये सभी श्रीतुकारामजीके साधन-पथके अंग थे, यह बात ध्यानमें रहे । इन्हीं साधनोंसे और श्रीगुरु-कृपाके बल-भरोसे वह आगे ही बढ़ते गये और अन्तको भगवान्की पूर्ण कृपाके अधिकारी हुए ।

५ सगुण-साक्षात्कार

वैराग्य हो जाना और तब साधन-पथपर चलना क्रमसहित बता-कर तुकारामजीने अन्तमें श्रीभगवान्का अनुग्रह होनेकी बात कही है । भगवत्कृपाका प्रथम प्रसाद था—कवित्वस्फुरण । यह कवित्वस्फुरण सामान्य नहीं, अति विलक्षण है । तुकारामजीके समय कवित्वका बाना धारे हुए ऐसे बहुतेरे कवि गली-गली मारे-मारे फिरा करते थे और आज भी हैं जो पूर्वके कवियोंकी कृतियोंका 'मक्षिकास्थाने मक्षिका' का-सा अनुवाद करके या साहित्यिक चोरी करके भी अपने कवि या महाकवि होनेका दम भरा करते हैं । ऐसे कवियोंको तुकारामजीके कवित्वस्रोतका पता भी नहीं लग सकता । परन्तु तुकारामजीने जो कविता की वह अन्तर्यामीकी स्फूर्ति थी । उस स्फूर्तिके बिना उन्होंने एक भी अभंग नहीं रचा । जो भी रचना की भगवान्की प्रेरणासे भगवान्की प्रसन्नताके लिये या 'स्वान्तःसुख' के लिये की । उनकी ऐसी अभंग-रचनाको उनकी न कहकर उनके प्रेमपरिप्लावित अन्तःकरणसे आप ही निकल पड़ी हुई अभंग प्रेम धारा कहें तो अधिक समुचित होगा । उनके अभंग श्रीहरि प्रेमके अमृतोद्गार हैं । यह अभंग-वाणी 'स्वयं भगवन्त' की वाणी है । उनकी ऐसी लोक-विलक्षण प्रेम-वाणीको जब श्रीरामेश्वर भट्ट-जैसे विद्वान् वैदिक ब्राह्मणने 'निषिद्ध' ठहराया तब तुकारामजीका व्यथित-चित्त होना स्वाभाविक ही था । उन्होंने अभंगोंकी सब बहियाँ इन्द्रायणीके दहमें डुबा दीं । तब 'नारायणने समाधान किया'—भगवान्ने उन्हें दर्शन दिये

और उनकी वहियोंको भी जलसे उवार लिया। तुकारामजीका जी बहुत दिनोंसे जो भगवान्‌के दर्शनोंके लिये छटपटा रहा था सो अब शान्त हुआ। उन्हें भगवान्‌के मन, वचन, नयन सभो अग-अयन प्रत्यक्ष हुए। उनकी विकलकता दूर हुई। भगवान्‌की बातें अब केवल कही सुनी ही न रहीं, देखी भी हो गयीं। अब वह यह भी कहनेमें समर्थ हुए कि मैंने भगवान्‌को देखा है। इन्हीं अभगोंके अन्तमें उन्होंने यह कहा है कि—

मक्तोंको न भूलें कदा भगवान्। पूर्ण दयावान् मेरे हरि॥

भगवत्कृपाका प्रत्यक्ष अनुभव उन्हें प्राप्त हुआ। स्वानुभवसे अब वह यह कहने लगे कि भक्तोंको श्रीहरि कभी नहीं विसारते। इस सगुण-साक्षात्कारकी बात उन्होंने केवल संकेतमात्रसे कही है। इस विषयमें उनके कुछ खास अभग भी हैं जिनका विचार किसी दूसरे अध्यायमें स्वतन्त्र-रूपसे किया जायगा।

६ दूसरे अभगका विचार

'कहना नहिं किन्तु करता पालन' कहकर तुकारामजीने उपर्युक्त अभगमें अपने चरित्रकी जो मुख्य-मुख्य बातें गिना दी हैं उनमें आत्म-स्तुति नाममात्रको भी नहीं है, तथापि अपना चरित्र आप ही कहा, इसी एक बातका उन्हें इतना खयाल हुआ है कि दूसरे अभगमें बड़ी लघुता धारण करके महाराज कहते हैं कि 'मेरा उद्धार नहीं हुआ। कैसे होता ? मैं भी तो आप ही लोगोंमेंसे एक हूँ, जैसे आप हैं वैसा ही मैं भी हूँ। आपलोग एक दूसरेकी देखा देखी मुझे जो बड़प्पन देते हैं उसके योग्य मैं नहीं हूँ, आपलोगोंका ऐसा करना भी ठीक नहीं है। मैंने किया ही क्या है ? घर-गृहस्थी चलाना मेरे लिये भार हो गया। अपने कुलमें

मैं ऐसा अभागा पैदा हुआ कि कुछ भी पुरुषार्थ न बन पड़नेसे घर-द्वार छोड़कर मुँह छिपाकर मैं जंगलमें आ बैठा। यह जो भगवान्‌की पूजा-अर्चा करता हूँ सो भी बड़े लोग करते आये हैं इसलिये करता हूँ। भाव भक्ति तो कुछ है नहीं!' तुकारामजीने श्रोताओंको इस तरह बहुत समझाना चाहा। इसका क्या प्रभाव उन लोगोंके चित्तपर पड़ा होगा सो अनुमानसे जाना जा सकता है। उन्होंने यही समझा होगा कि महाराज जो ऐसी-ऐसी बातें कह देते हैं सो केवल इसलिये कि लोग उन्हें महात्मा समझ उनके पीछे न लग जायँ उपाधि न बढ़े और ईश्वरी प्रसाद जो कुछ मिला है वह सुस्थिर और सुदृढ़ करनेके लिये एकान्त मिलता रहे। महाराजका जो कुछ चरित्र था वह उनसे छिपा नहीं था। कीर्तन करते हुए महाराज जैसे तन्मय हो जाते थे उसे वे लोग नित्य ही देखते थे। भगवान्‌के लिये महाराजने पहलीपर जल भार धरी यह भी उन्होंने अपनी आँखों देखा था। वह भी वे देखते थे कि 'राम कृष्ण हरी' के जय-निनादसे सारा देहू-ग्राम भण्डारा भोराडा और भामगिरिके पर्वत निनादित होते थे। सर्वत्र उनके बराबर यह डंका बज रहा था कि तुकाराम महाराजको भगवान्‌ने प्रत्यक्ष दर्शन देकर उनके अभंगोंकी पोथियोंको जलसे उबार लिया। ऐसी अवस्थामें उनके इस कथनको कि 'मैं भक्ति-भावसे भगवान्‌की पूजा नहीं करता' या 'मेरा उद्धार नहीं हुआ' भक्तोंने किस भावसे ग्रहण किया होगा यह बतलानेकी आवश्यकता नहीं।

७ मध्यखण्डकी प्रस्तावना

अस्तु, इस प्रकार तुकारामजीने 'भक्ति धुरा' वाले अभंगमें तीन विशेष बातें कही हैं-(१) वैराग्य प्राप्ति (२) साधनमार्ग और

(३) रामेश्वर भट्टद्वारा होनेवाला 'निषेध' और स्वय भगवान् पाण्डुरङ्गके द्वारा उसका निवारण। जन्मसे लेकर सगुण साक्षात्कार होनेतकका अर्थात् ३० वर्षका चरित्र महाराजने यहीं कह दिया है। इसी क्रमसे हमें उनके चरित्रका विचार करना होगा। पिछले अध्यायमें हमलोगोंने उनके जन्मसे लेकर, उनकी उम्रके २३ वें वर्ष उन्हें वैराग्य प्राप्त हुआ वहाँतकका, चरित्रावलोकन किया है। इसके बादके ७ वर्ष महाराजके चरित्रके अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं, इसलिये इनका विस्तारपूर्वक विवरण पाठक इस खण्डमें पढ़ेंगे। तुकाराम महाराजकी उपासनाका मुख्य विषय श्रीपाण्डुरङ्ग, पूर्वके साधु-संतोंद्वारा इस उपासनाका प्रशस्त किया हुआ मार्ग, तुकारामजीका साधन-क्रम, गुरूपदेश, कवित्वस्फूर्ति, कवित्वका रामेश्वर भट्टद्वारा निषेध, तन्निमित्त तुकाजीका धरना, पोथियोंका डुबाया जाना और उनका ऊपर निकल आना, श्रीपाण्डुरङ्गका सगुण-दर्शन इत्यादि महत्त्वपूर्ण विषय इस खण्डमें आनेवाले हैं। इसलिये यह खण्ड तुकाराम-चरित्रका मानो अन्तः-करण है। उनके चरित्रका रहस्य इस खण्डमें पाठक समझ लेंगे। मुमुक्षुओंके लिये यह खण्ड आदर्शस्वरूप होगा। यह मध्यखण्ड तुकारामजी-के चरित्रका हृदय है। तुकाराम महाराजके चरणोंका स्मरण कर अब हमलोग यह देखें कि उनकी उपासनाका उपास्य क्या था।

पाँचवाँ अध्याय

वारकरी सम्प्रदायका साधनमार्ग

पंढरीकी वारी मेरा कुलधर्म । अन्य नहिं धर्म तीर्थव्रत ॥ १ ॥
रहूँ उपवासी एकादशी व्रत । गाऊँ दिन रात हरिनाम ॥ ध्रु ॥
नाम श्रीविट्ठल मुखसे उचारूँ । बीज कल्पतरु तुका कहे ॥ २ ॥

—श्रीतुकाराम

१ साधनमार्गके चार पड़ाव

प्रपञ्चसे जब तुकारामजीका चित्त उचाट हुआ तब स्वभावतः ही वह परमार्थकी ओर झुके। चित्तसे जबतक प्रपञ्च बिलकुल उतर नहीं जाता तबतक परमार्थ नहीं सूझता नहीं भाता, नहीं रुचता नहीं ठहरता। मनोभूमि जब वैराग्यसे शुद्ध हो जाती है तब उसमें बोया हुआ ज्ञानबीज अंकुरित होता है। तुकाराम जन्मसे ही मुक्त थे इसलिये यह नियम उनपर नहीं घटता ऐसा यदि कोई कहे तो वह ठीक है। परन्तु मुक्त पुरुषका चरित्र भी जब लिखा जायगा तब मानवी दृष्टिसे ही तो लिखा जायगा। जो जीवन्मुक्त है उसके लिये साधनोंकी भी क्या आवश्यकता है!

वह तो सदा साधनातीत है। परतु मुक्त पुरुषका चरित्र जब मानवी दृष्टिसे लिखा जाता है तभी मुमुक्षुजन उससे लाभ उठा सकते हैं। इसीलिये तुकारामको जब वैराग्य हुआ तब उन्होंने क्या-क्या साधन किये और वह कैसे भगवत्प्रसाद पानेके अधिकारी हुए, यह हमें अब देखना है। तुकाराम जिस कुलमें पैदा हुए उस कुलमें परम्परासे वारकरी सम्प्रदाय चला आया था, अर्थात् वारकरी सम्प्रदायकी शिक्षा उन्हें बचपनसे घरमें ही प्राप्त हुई। पण्ढरीकी आषाढी-कार्तिकी यात्रा करना उनका कुल-धर्म ही था। वैराग्य प्राप्त होनेके पूर्व भी वह अनेक बार पण्ढरी हो आये थे। ज्ञानेश्वरी और एकनाथी भागवत तथा नामदेव और एकनाथके अभग उन्होंने बचपनमें ही सुन रखे थे। एकनाथ महाराजने आलन्दीकी यात्रा की तबसे आलन्दीकी यात्राका प्रचार बहुत बढा, बहुत लोग यह यात्रा करने लगे और वारकरी सम्प्रदाय पूना-प्रान्तमें खूब फैला। आलन्दी, पूना, देहू और आस-पासके ग्रामोंमें घर घर एकादशीका व्रत और जहाँ तहाँ भजन कीर्तन होने लगा। तुकारामजीके मनपर इस प्रकार वारकरी सम्प्रदायके सस्कार जमे हुए थे और जब समय आया तब उन्होंने इसी सम्प्रदायका साधन-क्रम स्वीकार किया और अन्तमें अपने तपके प्रभावसे वह उस पन्थके अ-ग्रर्यु बने। काम क्रोध-लोभरूप ससारसे जहाँ चित्त हटा तहाँ वह मोक्षमार्गपर आकर सज्जनोंका ही सग पकड़ता है, और फिर ज्ञानेश्वर महाराज कहते हैं कि 'वह प्रबल सत्सगसे तथा सत्-शास्त्रके बलसे जन्म-मृत्युके जगलोंको पार कर जाता है। (४४१) तब आत्मानन्द जहाँ सदा वास करता है वह सद्गुरु-कृपाका स्थान उसे प्राप्त होता है। (४४२) वहाँ प्रियकी जो परम सीमा है उस आत्मारामसे उसकी भेंट होती है और तब ससारके सब ताप आप ही नष्ट होते हैं। (४४३)' (ज्ञानेश्वरी अ० १६) सतत सत्सग, सत्-शास्त्र-का अध्ययन, गुरुकृपा और आत्मारामकी भेंट—यही वह क्रम है जिससे

जीव संसारके कोल्हाहलसे मुक्त होता है। ठीक इसी क्रमसे तुकारामजी साक्षात्कारकी अन्तिम सीढ़ीपर चढ़ गये। इस अध्यायमें हमें यही चित्र-इतिहास देखना है। सज्जनोंका संग और उस संगसे अनायास अभ्यस्त होनेवाले साधनोंका अवलम्बन पहला पड़ाव है, फिर सद्-शास्त्रों अर्थात् साधु-संतोंके ग्रन्थोंका अध्ययन दूसरा पड़ाव है। गुरूपदेश तीसरा पड़ाव और आत्म-साक्षात्कार अन्तिम पड़ाव है। ये चार मुख्य पड़ाव हैं और बीच-बीचमें छोटे-मोटे पड़ाव और हैं। चलिये, हमलोग भी तुकारामजीके वचनोंके सहारे मार्ग ढूँढ़ते हुए और उन्हींके पद-चिह्नोंपर चलते हुए धीरे-धीरे इन सब पड़ावोंको तय करके गन्तव्य स्थानको पहुँचें।

२ वारकरी सिद्धान्त-पञ्चदशी

मोक्षमार्गपर चलनेवाले सज्जनोंका संग पहला पड़ाव है। मोक्षमार्गपर चलनेवाले मुमुक्षु और साधकोंके संगसे मुमुक्षा प्रबल होती है। मुमुक्षुको सबका संग कभी प्रिय नहीं हो सकता। संग सजातियोंका होता है और उसीसे प्रीति और गुणोंकी वृद्धि होती है। प्रपञ्चसे मन भी ऊब गया और भगवान्‌की ओर चित्त खिंच गया तब स्वभावतः ही तुकारामजीकी यह इच्छा हुई कि ऐसे पुरुषोंका संग हो जिनका चित्त भगवान्‌में लगा हो। (*देव वसे ज्याचे चित्तीं। त्याची घडावी संगती॥*)[1] पूर्ण सिद्ध पुरुष या सद्गुरुकी भेंट सहसा नहीं होती और यदि हो भी जाय तो होने-जैसी नहीं होती; इसलिये पहले अपने ही-जैसे समानधर्मियोंका संग आवश्यक होता है। इस सत्संगमें जो आचार-विचार प्राप्त होते हैं, वे ही प्रिय होते हैं, उन्हींका अनुसरण सुखपूर्वक होता है। इस प्रकार देखते हुए, तुकारामजीको पहले वारकरियोंका सत्संग प्राप्त हुआ, वही उन्हें प्रिय हुआ और वारकरियोंके साधनोंका ही उन्होंने अवलम्बन किया। वारकरी सम्प्रदायका समग्र इतिहास यहाँ लिखनेका अवकाश नहीं है, इसलिये

सक्षेपमें इस सम्प्रदायके मूल भूत सिद्धान्त यहाँ लिखे देते हैं। यह सम्प्रदाय बहुत प्राचीन है, श्रीज्ञानेश्वर महाराजसे भी पहलेका है। वारकरी सम्प्रदाय महाराष्ट्रके भागवतधर्मका ही दूमरा नाम है। इसके पद्रह सिद्धान्त हैं जो सब वारकरियोंके मान्य हैं। यह सिद्धान्त-पञ्चदशी इस प्रकार है—

(१) उपास्य—श्रीपण्ढरपुर निवासी पाण्डुरङ्ग इस सम्प्रदायके उपास्य देव हैं। सिद्धान्त यह है कि सगुण और निर्गुण एक है। महाविष्णुके सभी अवतार मान्य हैं, पर दशावतारोंमेंसे राम और कृष्ण विशेष मान्य हैं जो विट्ठल अर्थात् गोपाल कृष्ण उपास्य हैं।

(२) सत्-शास्त्र-ग्रन्थ—मुख्य उपासना ग्रन्थ गीता और भागवत हैं। गीता ज्ञानेश्वरी भाष्यके अनुसार और भागवत एकादश स्कन्ध नाथ-भागवतके अनुसार। सनातन-धर्म-प्रतिपादक वेद-शास्त्र-पुराण मान्य हैं, वाल्मीकिरामायण और महाभारत मान्य हैं, सम्प्रदायप्रवर्तक सतोंके वचन भी मान्य हैं। 'हरिपाठ' विशेष मान्य है।

(३) ध्येय—अभेद-भक्ति, अद्वैत-भक्ति अथवा 'मुक्तिके परेकी भक्ति' ध्येय है। अद्वैत-सिद्धान्त स्वीकार है, पर इस कौशलसे इस ध्येयको प्राप्त करना कि 'अभेदको सिद्ध करके भी समारमें प्रेमसुख बढानेके लिये भेदको भी अभेद कर रखना।

अभेदके भेद किया निज अग।
पावे सारा जग प्रेम सुख॥

ज्ञान और भक्तिकी ऐसी एकरूपता कि 'जो भक्ति है वही ज्ञान है और वही श्रीहरि विट्ठल हैं।'

वही भक्ति वही ज्ञान।
एक विठ्ठल ही जान॥

द्वैताद्वैतभावसे एक नारायण ही सर्वत्र व्याप्त हैं, इस अनुभवको प्राप्त करना ही ध्येय है।

(४) मुख्य साधन—नवविधा भक्ति, उसमें भी विशेषरूपसे अखण्ड नाम-स्मरण और निरपेक्ष हरि-कीर्तन मुख्य साधन है।

(५) मुख्य मन्त्र—'राम-कृष्ण-हरी' यही मुख्य मन्त्र है। श्रीहरिके अनन्त नाम सभी स्मरणीय हैं। विष्णुसहस्रनाम भी विशेष मान्य है।

(६) महाराज—गरुड़, हनुमान् और पुण्डरीक।

(७) आदिगुरु—शङ्कर हरि-हरमें पूर्ण अभेद।

(८) मुख्य महन्त—नारद प्रह्लाद ध्रुव अर्जुन उद्धवके समान ही 'निवृत्ति ज्ञानदेव सोपान मुक्ताबाई। एकनाथ नामदेव तुकाराम' मुख्य महन्त हैं। इन्होंने जिन संतोंको माना है वे भी मान्य हैं।

( ) संत-नाम-स्मरण—'जय-जय राम कृष्ण हरी' अथवा 'जय विठ्ठल' या 'विठोबा रखुमाई' इन भगवन्नाम-मन्त्रोंके समान ही 'ज्ञानेश्वर माउली तुकाराम' 'ज्ञानदेव नामदेव एका तुका' 'भानुदास एकनाथ', 'जय जनार्दन एकनाथ' ये संत नाम-मन्त्र भी तारक हैं। 'देव ही संत संत ही देव' यही सिद्धान्त है।

(१) पूज्य—संत गो विप्र और अतिथि पूज्य हैं। भगवान् श्रीकृष्णने इन्हें पूज्य माननेका जो उपदेश अपने आचरणसे दिया वह अनुसरणीय है। द्वारपर वृन्दावन गलेमें तुलसीकी माला और भगवान्‌के लिये तुलसीका हार आवश्यक है।

(११) महाव्रत—एकादशी और सोमवार। आषाढ़ी एकादशी तथा कार्तिकी एकादशीके अवसरपर पण्ढरीकी यात्रा। कम-से-कम इनमेंसे एक एकादशीको तो पण्ढरीकी यात्रा अवश्य ही करना और इस नियमको मरणतक धर्मसे जाना। महाशिवरात्रिको व्रत रखना।

(१२) महातीर्थ—महातीर्थ चन्द्रभागा और महाक्षेत्र पण्ढरपुर

त्र्यम्बकेश्वर, आलन्दी, पैठण, सासवड, देहू इत्यादि सतस्थान भी महाक्षेत्र ही हैं। गङ्गा, गोदा, यमुना आदि तीर्थ तथा काशी, द्वारका, जगन्नाथादि क्षेत्र मान्य हैं।

(१३) वर्ज्य—परस्त्री, परधन, परनिन्दा और मद्य-मांस सर्वथा वर्ज्य हैं। हिंसा सर्वदा, सर्वत्र और सबके लिये वर्ज्य है। काया, वाचा, मनसा अहिंसा-व्रत पालन करना आवश्यक है।

(१४) आचार—जिसका जो वर्ण-धर्म, जाति धर्म, आश्रम-धर्म और कुल धर्म हो उसका वह अवश्य पालन करे। 'कुल धर्ममें दक्ष रहे, विधि-निषेधका पालन करे' पर जो कुछ करे वह भगवान्‌को प्रसन्न करनेके लिये करे, यह शास्त्रों और संतोंका उपदेश सर्ववन्द्य है। ज्ञानेश्वर महाराज कहते हैं—'इसलिये अपना कर्म जो जाति-स्वभावसे प्राप्त हुआ हो उसे करनेवाला पुरुष कर्म-बन्धको जीत लेता है।' (ज्ञानेश्वरी अ० १८–९३३)

(१५) परोपकार-व्रत—'सर्व विष्णुमय जगत्।' यह मानना कि 'विष्णुमय जगत् है' यही वैष्णवोंका धर्म है।' (तुकाराम), 'सब भूतोंमें भगवद्भाव' धारण करो। (एकनाथ), 'जो कुछ भी देखो उसे भगवान् मानो, यही मेरा निश्चित भक्तियोग है।' (ज्ञानेश्वरी अ० १०–११८) इस उदार तत्त्वको ध्यानमें रखकर समता और दयाका व्यवहार करके साथ करते हुए तन-मन-वाणीसे सबके काम आना ही भूतपतिकी सेवा है।

३ भागवत-धर्म

वारकरी सम्प्रदायके ये मुख्य सिद्धान्त हैं। भागवत-धर्मके इन सिद्धान्तों-को मानकर तथा मानते हुए वारकरी पाण्डुरङ्गकी उपासना आरम्भ करता है। तुकारामजीके पूर्व ये ही सिद्धान्त वारकरियोंमें प्रचलित थे और उन्होंने अपने चरित्रबल तथा उपदेशके द्वारा इन्हीं सिद्धान्तोंका प्रचार किया। भागवत धर्म कोई निराला क्रान्तिकारी धर्म नहीं है, वैदिक धर्मका

ही यह सर्वसंग्राहक, अत्यन्त मनोहर और लोकप्रिय रूप है। महाराष्ट्रमें भागवतधर्म जिस रूपमें प्रचलित है वही वारकरी सम्प्रदाय है। कुछ प्राचीन कर्मठ यह समझते हैं कि यह सम्प्रदाय वेदोंके विरुद्ध एक नया सम्प्रदाय है और कुछ आधुनिक सुधारकोंकी भी यही राय है। पर ये दोनों प्रकारके लोग गलतीपर हैं—'उभौ तौ न विजानीतः।' यथार्थमें यह वारकरी सम्प्रदाय सनातन-धर्म ही है। वर्णाश्रम-धर्म इसे स्वीकार है। इसकी यह शिक्षा है कि विहित कर्मका कोई त्याग न करे। सच्चे वारकरी-में आत्माभिमान नहीं होता और वह किसीसे द्वेष भी नहीं करता। प्रारब्ध वश जिस जातिमें हम पैदा हुए उसी जातिमें रहकर तथा उसी जातिके कर्म करते हुए प्रेमसे नारायणका भजन करें और तर जायँ इतना ही यह अपना कर्तव्य समझता है। भगवान्‌का भजन ही जीवनका सुफल है, यही इस सम्प्रदायकी शिक्षा होनेसे सब जातियों और वृत्तियोंके लोग एक स्थानमें एकत्र होते हैं और नाम-संकीर्तनका आनन्द करते और देते हैं। सच्ची महत्ता भगवान्‌के भक्त होनेमें है। सदाचार और हरिभक्तिसे काम है। ऐसे प्रेमी वारकरियों अर्थात् मोक्षमार्गी सज्जनोंका संग तुकारामजीने पकड़ा और उसी मार्गपर सदा दृढ़ रहे। सम्प्रदाय घरका ही था पर वैराग्य होनेके बाद उसमें उनका मनोयोग हुआ।

४ अभ्यास

अनुताप होनेके बाद सम्प्रदाय ग्रहण करनेसे उसकी सजीवता प्रतीत होने लगती है। तुकारामजीने अन्य वारकरियोंके सत्सङ्गसे वे-सारे पण्ढरीकी वारी एकादशी-व्रत, भागवत हरिकथाश्रवण, कीर्तन-भजन और नाम स्मरण हरिकीर्तनकी ताकमें रहना कीर्तन-भजन, पुराण आदिके श्रवणका अवसर हाथसे जाने न देना, कोई भजन या कीर्तन करने लगा हो तो 'भावसे चित्तको दृढ़ करके' उसके पीछे खड़े होना ध्रुवपद गाना और

धीरे वीणा हाथमें लेकर स्वय कीर्तन करना और कीर्तनके लिये आवश्यक पाठ-पाठान्तर करना, ग्रन्थोंको देखना, अर्थका मनन कर स्वय अर्थरूप होकर उसमें रँग जाना और इसी आनन्दमें सदा रहना इत्यादि अभ्यास किया।

५ एकादशी-महाव्रत

वारकरी सम्प्रदायमें एकादशी-महाव्रतकी बड़ी महिमा है। पद्रह दिनमें एक दिन निराहार रहकर दिन और विशेषकर रात हरि-भजनमे बिताना ही उपवासका अभिप्राय होता है। ससारके सभी धर्मोंमें[1] मनो-वाक्काय शुद्धिकी दृष्टिसे उपवासका बड़ा महत्त्व माना गया है। हमारे यहाँ सबसे पहले श्रुतिमाताने ही यह बताया है कि उपवास परमात्मप्राप्तिका साधन है। बृहदारण्यकोपनिषद्में 'तमेत वेदानुवचनेन ब्राह्मणा विविदिषन्ति यज्ञेन दानेन तपसानाशकेन' यह वचन है। इसका यह अर्थ है कि वेदाभ्यास अर्थात् स्वाध्याय, यज्ञ, तप, दान और अनाशक अर्थात् अशनरहित—अन्न-जलके बिना रहना—ये पाँच भगवत्-प्राप्तिके मार्ग हैं। महाभारत अनुशासनपर्वके अ० १०५–१०६में एक दिन, दो दिन, तीन दिन, एक पक्ष और एक वर्षतकके उपवास बतलाये हैं। अनाशक, अनशन, निरशन, उपवास (उप=समीप, वास=

---

१ यहूदियोंमें तिश्री महीनेकी १० वीं तारीखको सबके लिये उपवास धर्मत आवश्यक है। यहाँतक कि उपवास न करनेवालेके लिये शिरच्छेदका दण्ड विधान है। मुसलमानोंमें रमजानके रोजे कितनी कड़ाईके साथ पालन किये जाते हैं सो सबको मालूम ही है। जैन और बौद्ध-धर्ममें भी उपवासकी पद्धति है। ईसाई-धर्मकी बात यह है कि स्वय ईसाने ४० दिन उपवास किया था। आजकल अमेरिकामें उपवास-से रोग दूर करनेकी प्रक्रिया डाक्टर बताने लगे हैं। आरोग्यके विचारसे वे लोग 'लघन' मानने लगे हैं।

रहना) इत्यादि शास्त्रोंसे यही सूचित होता है कि भगवच्चिन्तनमें समय व्यतीत करना ही उपवासका मुख्य हेतु है। भागवतमें एकादशी-माहात्म्य वर्णित है। नवम स्कन्ध अ० ४। ५ में इस विषयमें अम्बरीष राजाका सुन्दर उपाख्यान भी है। द्वादशीके दिन दुर्वासा मुनि अतिथि होकर आये। उन्हें आनेमें बहुत विलम्ब होनेसे कहीं व्रत भङ्ग न हो इसलिये राजाने तीर्थोदक प्राशन कर लिया। बस इसी बातसे दुर्वासा अग्निशर्मा हो उठे। उन्होंने अपनी जटासे एक कृत्या निर्माण की और उसे अम्बरीषपर छोड़ा। राजा विष्णुभक्त थे। विष्णुभगवान्‌का सुदर्शनचक्र दुर्वासाके पीछे लगा। दुर्वासा घबरा गये और अन्तको लौटकर राजाके पास आये। एक वर्ष उपवासके पश्चात् दुर्वासाके साथ राजाने भोजन करके पारण किया। यह अम्बरीष राजा पण्ढरपुरकी ओर कोई दाक्षिणात्य राजा थे। द्वादशी-भारत काशीमें उसकी राजधानी थी। काशीमें अब भी भगवान्‌का सुन्दर मन्दिर है। पण्ढरीकी यात्रा करके बहुत से यात्री काशीमें भी भगवान्‌के दर्शन करते और घर लौटते हैं। अम्बरीष राजा बड़े धार्मिक उदार और पराक्रमी थे (महाभारत शान्तिपर्व अ० १२४)। इस प्रकार हमारे यहाँ सामान्यतः उपवासका और विशेषतः एकादशीका माहात्म्य प्राचीनकालसे चला आता है और भागवतधर्मियोंके लिये तो यह महाव्रत ही है। शरीर, वाणी और मनकी पवित्रताके लिये ध्यान-धारणाकी सुविधाके लिये तथा आत्मचिन्तनके लिये उपवासकी यह पद्धति पहलेसे चली आयी थी और वारकरी-सम्प्रदायमें विशेष रहना माहात्म्य है उस एकादशीका महाव्रत तुकारामजीने यावज्जीवन पालन किया। उपदेश देते हुए उन्होंने लोगोंसे भी एकादशी करनेको बारम्बार कहा और केवल 'पिण्डपोषी' आत्मघातियोंको तीव्र शब्दोंसे धिक्कारा है।

एकादशीको अन्नपान। जो नर करते भोजन।
श्वान विष्ठा समान। अधम जन है वे॥१॥

सुनो व्रतका महिमान । नेम आचरते जन ।
सुनते गाते हरिकीर्तन । वे समान विष्णुके ॥ध्रु०॥
सेज माज विलास-भोग । करते कामिनीका संग ।
होता उनके क्षयरोग । जन्मव्याधि भयंकर ॥२॥

'एकादशीको जो लोग अन्न जल ग्रहण करते, भोजन करते हैं उनका वह भोजन श्वानविष्ठाके समान है और वे लोग अधम हैं । सुनिये, इस व्रतकी महिमा ऐसी है कि जो लोग इस व्रतका आचरण करते हैं, हरिका कीर्तन करते और सुनते हैं, वे विष्णुके समान होते है। जो लोग चारपाईपर सोते और विलासभोग भोगते हैं, कामिनीका संग करते हैं उन्हें क्षयरोग होता है, यावज्जीवन महाव्याधि भोगते हैं ।'

एकादशीको पान खानेसे लेकर सब प्रकारके विलासोंका त्याग बताया है । उपवाससे शरीर हलका होता है, मन उत्साही और बुद्धि सूक्ष्म होती है और तुकारामजीको इसमें जो सबसे बड़ा अनुभव प्राप्त हुआ वह यह कि इससे हरि-भजनका कार्य बहुत ही अच्छा होता है । इसीसे उन्होंने इतनी अवस्थाके साथ इतनी तीव्र भाषाका प्रयोग किया है ।

तुकारामजी कहते हैं—

'एकादशी और सोमवारका व्रत जो लोग नहीं पालन करते उनकी न जाने क्या गति होगी । क्या करूँ, इन बहिर्मुख अन्धोंको देखकर जी छटपटाता है ।'

एकादशीके दिन नाना प्रकारकी मिठाइयाँ और नमकीन चीजें बनाकर खानेकी लोगोंको जो चाट पड़ गयी है उसे भी तुकाजीने धिक्कारा है । कहते हैं, 'जिस एकादशीसे हरि कथा-श्रवण और वैष्णवोंका पूजन होता है उस एकादशीका व्रत तुम क्यों नहीं पालन करते ? सांसारिक कामोंके लिये कितने जागरण करते हो ? रातको कीर्तनका आनन्द भोग

करने मन्दिरोंमें क्यों नहीं जाते ? क्या मन्दिरोंमें जानेसे मर जाओगे और उपवास करनेसे क्या तुम्हारा शरीर नहीं चलेगा ? तुकारामजी कहते हैं क्यों इतने सुकुमार बने हो ? यमदूतोंको क्या जवाब दोगे ? एकादशी व्रत करो, भरपेट भोजन मत करो, हरि-जागरण करो इत्यादि चिल्ला-चिल्लाकर कहनेकी तुकारामजीको क्या पड़ी थी ? तुकारामजी कहते हैं—

क्या करूँ मुझसे भगवान्‌ने कहलाया नहीं तो मुझे क्या पड़ी थी (जो मैं कुछ कहता) ?

अस्तु, एकादशी महाव्रत तुकारामजीने आजन्म पालन किया यही नहीं, प्रत्युत इस सम्बन्धमें उन्होंने बड़ी आस्थाके साथ लोगोंको भी बोध* कराया है।

६ सम्प्रदायमें मिल जानेका रहस्य

जो लोग आधुनिक हैं वे यह कहेंगे कि 'एकादशीका इतना विस्तार करनेकी क्या आवश्यकता थी ? जिसकी श्रद्धा हो वह एकादशी करे, न हो न करे, जिसके जीमें आवे भोजन करे या फलाहार करे या भूखा रहे उससे क्या आता-जाता है ? उसको इतना बढ़ाकर कहनेकी क्या जरूरत थी ? पर बात ऐसी नहीं है। यह धर्मशास्त्रकी आज्ञा है यह तो एक बात है ही पर इसके अतिरिक्त जो मनुष्य जिस समाज या सम्प्रदायमें रहता और बढ़ता है उस समाजके जो मुख्य-मुख्य नियम होते हैं उनका पालन करना उसके लिये आवश्यक है; क्योंकि इसके बिना वह उस समाजके साथ एकरूप नहीं हो सकता। अतएव सम्प्रदायमें यह विचार

* तुकाराम महाराजके सदृश ही नामदेव और एकनाथ महाराजने एकादशी-व्रतके सम्बन्धमें लोगोंको उपदेश किया है। समर्थ श्रीरामदासस्वामीने 'हरिदिन' में कहा है—'जब हरिको पाना चाहते हो तब हरिदिनी करो एकादशी अन्न नहीं वैकुण्ठका मार्ग है। (एकादशी अन्ने अन्न। वैकुंठीचा मार्ग ४')

नहीं होता कि यह भी हमारा ही समानधर्मीय भाई है, इसीके मेलेमें घुसकर बैठा हुआ काग नहीं, तबतक वह उस समाजसे हिल मिल नहीं जाता और जबतक वह समाजसे हिल-मिल नहीं जाता तबतक सम्प्रदायके अन्तरग और वास्तविक रहस्यसे वह कोरा ही रहता है। उपवाससे यदि चित्त शुद्ध होता है तो किसी भी दिन उपवास करनेसे हुआ; उसके लिये जैसी एकादशी वैसी ही सप्तमी, जैसा सोमवार वैसा ही बुधवार! इस प्रकारके वितण्डावादसे किसीका कोई लाभ नहीं हो सकता। सम्प्रदाय जहाँ होगा वहाँ उसके साथ नियम भी होंगे ही। सम्प्रदायके अनुष्ठानके बिना ज्ञानकी सिद्धि नहीं और नियमोंके बिना सम्प्रदाय नहीं। यही ससारका इतिहास देखकर कोई भी समझदार मनुष्य समझ सकता है। इसके अतिरिक्त परम्परासे जो नियम चले आये हैं और सहस्रों-लाखों मनुष्य जिनका पालन करते हैं उन नियमोंको एक प्रकारकी स्थिरता और पूज्यता प्राप्त होती है। एकादशी-व्रत करनेवाले भक्तोंका समुदाय किसी देवमन्दिरमें हरिकीर्तनके लिये एकत्र हुआ हो और वहाँ कोई अहमन्य पुरुष ताम्बूल चर्वण करता हुआ आकर बैठ जाय तो यह बात उस समाजको प्रिय नहीं हो सकती। सितारके सब तार जब एक सुरमें आ जाते हैं तब जो आनन्द आता है वही आनन्द लोगोंके एकीभूत अन्त प्रवाहमें मिल जानेसे प्राप्त होता है। पर समाजमें रहकर समाजके ही विपरीत आचरण करनेवाला अहमन्य पुरुष ऐसे आनन्दसे वञ्चित रहता है। इसमें उसीकी हानि होती है। समाजके नियम समाजमें मिल जानेके आनन्दके लिये अर्थात् स्वहितसाधनके लिये ही पालन किये जाते हैं। एकादशी व्रत केवल शरीरको हलका करने या आरोग्य-लाभ करनेके लिये ही नहीं पालन किया जाता। यह तो केवल देह बुद्धिवालोंकी दृष्टि है। यह महाव्रत भगवत्प्रसाद प्राप्त करनेके लिये परमार्थ-दृष्टिसे किया जाता है। आज एकादशी है, व्रत रहना है, रातको हरि-कीर्तनका आनन्द

बना है, यह भाव ही बहुत बड़ी चीज है और यहींसे चित्तशुद्धि आरम्भ होती है। गङ्गास्नान निराहार या अल्प फलाहार, सन्तोंका समागम हरि-प्रेमियोंका मिलन, करताल, मृदंग वीणादि वाद्योंकी मधुर ध्वनि नाम-संकीर्तन भगवत्कथाश्रवण इत्यादि सब काम एकादशी-व्रत करनेसे प्राप्त होते हैं। कम-से-कम उतने समयके लिये तो प्रापञ्चिक सुख-दुःख भूल जाते हैं और भगवान्के आनन्दमें चित्त रमता है। इस एक दिनका अनुभव दृढ़ करनेके लिये नित्यके नियम पालन करनेकी ओर भी ध्यान जाता है और जब नित्याभ्यास सहज-सा हो जाता है तब सच्चा परमार्थ लाभ होता है। बहुतेरोंका यही अनुभव है। तुकारामजीने अपना जो परम अभ्यास बताया कि 'आरम्भमें मैं एकादशीको हरि-कीर्तन करने लगा' इसका यही बीज है।

७ वारकरी-सन्त-समागम

एकादशी और हरि-कीर्तनका सम्बन्ध और आप्त-मण्डलीकी वारकरी सा नित्य सम्बन्ध है। कीर्तन और नामस्मरणके विषयमें एक स्वतन्त्र अध्याय ही आगे आनेवाला है। यहाँ इतना कहना पर्याप्त होगा कि नाम-संकीर्तनका जो सच्चा आनन्द है वह सम्प्रदायको स्वीकार करनेसे प्राप्त होता है। यह आनन्दानुभव तुकारामजीके रोम-रोममें भर गया था। तुकारामजी कहते हैं—

'मेरा आराधन पण्ढरपुरका निधान है। उस एक पण्ढरिरायको छोड़ और कुछ मैं नहीं जानता।

* * *

भिखारी बनूँगा पर पण्ढरीका वारकरी बना रहूँगा। मुखमें श्रीहरिविट्ठलका नाम हो यही मेरा नियम यही मेरा धर्म है। मेरे जीके

जो जीवन हैं उन्हें इन आँखोंसे देख तो लूँ। अब तो विठ्ठल ही मेरे भगवान् हैं और सब कुछ कुछ भी नहीं है।'

* * * *

'भव-सिंधु कौन-सी बड़ी समस्या है जब आगे-आगे चलकर भगवान् ही रास्ता बता रहे हैं। भगवान् श्रीपाण्डुरङ्गरूप यह अच्छा जहाज मिला। इसमें बैठनेवालेका कोई भी अंग या पैरतक भी भव-जलसे भीगने नहीं पाता। अनेक साधु-सन्त पहले पार उतर चुके हैं, तुका कहता है, चलो जल्दीसे उन्हींके पीछे-पीछे चलें।'

ऐसी एकनिष्ठ साम्प्रदायिक उपास्य-प्रीति तुकारामजीके हृदयमें भर गयी। मेरे पाण्डुरङ्ग-जैसा 'सुख-स्वरूप' और कौन है? उनके पास कोई भी जा सकता है, कोई रुकावट नहीं। 'कहीं दौड़ना-धूपना नहीं, सिर मुँड़ाना नहीं, कोई झगड़ा नहीं।' पण्ढरीमें अन्य तीर्थोंके समान कोई अन्य विधि नहीं है। बस, इतना ही है कि 'चन्द्रभागामें स्नान करो और हरि-कथामें लगो' इतनेसे ही 'चित्तको सब समय समाधान है।' वारकरियों-का 'विठ्ठल ही जीवन है, झाँझ-करताल ही धन है।' पर 'भक्ति सुखसे मोहित' ईंटपर खड़े भगवान्के उस रूपको देखते ही जीमें आता है कि अपना जीवभाव उसपर न्योछावर कर दें। ऐसे भगवत्-प्रेमी वारकरियोंके सग देहू, पण्ढरी या किसी भी यात्रामें जाते हुए जो आनन्द प्राप्त होता है वह अनिर्वचनीय है। तुकारामजी कहते हैं, 'ऐसा समागम पाकर मैं प्रेमसे नाचने लगा।'

'ससारको कौन देखता है? हमारे सखा तो हरि जन हैं। ब्रह्मानन्द-में ही काल बीतता है और उसीकी इच्छा बनी रहती है।

वारकरी वीरोंकी महिमा गाते हुए कहते हैं—

'ससारमें एक विष्णुदास ही लड़ाके वीर हैं, उनके तनसे पाप पुण्य कभी लिपट नहीं सकते। आसनमें, शयनमें, मनमें उनके सर्वत्र गोविन्द-ही-

गोविन्द हैं। मस्तकमें ऊर्ध्वपुण्ड्र लगा है, गलेमें तुलसीमाला विलस रही है, उनसे तो कलिकाल भी मारे भयके थर थर काँपता है। तुका कहता है, उनके नेत्र ध्यान-रूपके ही शृंगार देखते हैं और मुखमें नामामृतरूप सार-रस ही भरा रहता है।'

आषाढ़ी-कार्तिकी वारीका समय जब निकट आता था तब तुकारामजीके उत्साहका क्या पूछना है—

'चलो चलें पण्ढरीको, वहाँ चलकर श्रीविट्ठलको दण्डवत् करें। चलो चन्द्रभागाके तीरपर चलकर नाचें। जहाँ सन्तोंका मेला लगा है वहीं चलकर उनकी पदधूलिमें लोटें। तुका कहता है, हमने अपने प्राण उनके पाँवतले [illegible] देकर बिछा दिये हैं।'

जब अन्य वारकरी पण्ढरीकी यात्रामें तुकारामजीके संग हो लेते तब तुकारामजी उनसे कहते—

'सुगम मार्गसे चलो और मुखसे विट्ठल-नाम लेते चलो। हम तुम लँगोटिया यार ही तो हैं, अब झिझकी करते हो? आनन्दमें मस्त होकर गला फाड़कर चिल्लाओ। हाथमें गरुड़ाङ्कित ध्वजा-पताका ले लो और खूब लपक-लपकके चलो। तुका कहता है, वैकुण्ठका यही अच्छा और सीधा रास्ता है।'

पण्ढरीमें देवदर्शन और सन्तोंके मेलेमें कीर्तनका आनन्द प्राप्त कर तुकारामजी कहते—

'बहुत काल बाद पुण्यका उदय हुआ, मेरा भाग्योदय हो गया जो सन्त-चरणोंके दर्शन हुए। आज मेरी इच्छा पूर्ण हुई। भव-दुःख दूर हुआ। सुन्दर श्याम परब्रह्म ही सर्वत्र सम्मुख व्याप्त हुआ। सन्तोंके आलिङ्गनसे मेरी काया शिथिल हो गयी। उन्हींके चरणोंपर अब यह मस्तक रख दिया।'

जिस संगसे भगवत्प्रेम उदय होता है वही संग करनेकी इच्छा भी स्वभावत ही बढ़ती है। 'सदा सन्त संग होनेसे महान् प्रेमकी वर्षा होती है (सतसंगतीं सर्वकाळ थोर प्रेमाचा सुकाळ ॥)। वारकरी भक्तों और सन्तोंके प्रति तुकारामका ऐसा प्रेम और आदर था और उससे उन्हें अपूर्व भगवत्प्रेमका अनुभव भी होता था। इसीलिये उनके मुँहसे ऐसे उद्गार निकलते थे कि 'जहाँ साधु सन्तोंका मेला लगता है वहाँ तुका लोट जाता है' अथवा तुका कहता है कि 'सन्तोंके मेलेमें जाकर उनके चरणोंकी रजको वन्दन करूँगा।' तुकारामजीने एक स्थानमें यहाँतक कहा है कि सन्तोंके द्वारपर श्वान होकर पड़े रहना भी बड़ा भाग्य है, क्योंकि वहाँ उच्छिष्ट प्रसाद मिलता है और भगवान्का गुण गान सुननेमें आता है।

८ कीर्तन-सौख्य

अपने समश्रद्ध समानधर्मी भाइयोंके सम्बन्धमें तुकारामजीके ये उद्गार हैं। एक ही उपास्यकी उपासना करनेवाले उपासक बन्धुप्रेमसे एक दूसरेके साथ बँध जाते हैं। उनका उपास्य उनके आचार-विचार, उनकी उपासना पद्धति, उनके नित्य नियम, आहार विहार, रुचि-अरुचि, भाव-स्वभाव विशिष्ट प्रकारके बनते हैं और उनमें स्वभावत. ही बन्धुप्रेम उत्पन्न होता है। वारकरियोंकी भी यही बात है। गाँव-गाँव वारकरियोंकी जो मण्डलियाँ हैं उनको देखनेसे यह ज्ञात होगा कि ये लोग प्राय रातको, विशेषकर प्रति एकादशी और गुरुवार अथवा सोमवारको एकत्र होकर भजन करते हैं। फिर आषाढी-कार्तिकीके अवसरपर ये लोग मण्डली बाँधकर ही भजन-कीर्तन करते, आनन्दसे नाचते गाते हुए पण्ढरी जाते हैं। कुछ नियमनिष्ठ वारकरी ऐसे भी होते हैं जो प्रतिमास पण्ढरीकी वारी करते हैं। मुख्य वारी आषाढी-कार्तिकीकी है और यही साधारणत लोग करते हैं, कुछ मासिक वारी करते हैं और कुछ आषाढी कार्तिकीके

गोविन्द हैं। मस्तकमें ऊर्ध्वपुण्ड्र लगा है, गलेमें तुलसीमाला विराज रही है उनसे तो कलिकाल भी मारे भयके थर थर काँपता है तुका कहता है उनके तन हंस-ध्वजके ही शृंगार देखते हैं और मुखमें नामामृतरूप सार-रस ही भरा रहता है।

आषाढ़ी-कार्तिकी वारीका समय जब निकट आता था तब तुकारामजीके उत्साहका क्या पूछना है—

'अब चलो पण्ढरीको वहाँ चलकर श्रीविट्ठलको दण्डवत् करें। चलो चन्द्रभागाके तीरपर चलकर नाचें। जहाँ सन्तोंका मेला लगा है वहीं चलकर उनकी पदधूलिमें लोटें। तुका कहता है, हमने अपने प्राण उनके पैरतले वार देकर लिख दिये हैं।'

जब अन्य वारकरी पण्ढरीकी यात्रामें तुकारामजीके संग हो लेते तब तुकारामजी उनसे कहते—

'सुगम मार्गसे चलो और मुखसे विट्ठल-नाम लेते चलो। हम सब लँगोटिया यार ही तो हैं अब किसकी करते हो! आनन्दमें मस्त होकर गला फाड़कर चिल्लाओ। हाथमें गरुडांकित ध्वजा-पताका ले लो खूब छम-छमके चलो। तुका कहता है वैकुण्ठका यही अच्छा और समीपका रास्ता है।'

पण्ढरीमें देवदर्शन और सन्तोंके मेलेमें कीर्तनका आनन्द प्राप्त कर तुकारामजी कहते—

'बहुत काल बाद पुण्यका उदय हुआ मेरा भाग्योदय हो गया जो सन्त चरणोंके दर्शन हुए। आज मेरी इच्छा पूर्ण हुई। सब दुःख दूर हुआ। सुन्दर श्याम परब्रह्म ही सर्वत्र सम्मुख भासित हुआ। सन्तोंके आलिंगनसे मेरी काया दिव्य हो गयी। उन्हींके चरणोंपर मन भर मस्तक रख दिया।

नरती दोषांचे डोंगर। शुद्ध होती नारी-नर।
गाती एकती सादर। जे पवित्र हरिकथा ॥२॥
(कथा त्रिवेणीसंगम। भक्त भगवत नाम।
वहाँकी उत्तम। पदरज वन्दनीय ॥१॥
जलते दोषके पर्वत। शुद्ध होते नारीनर।
गाते सुनते सादर। जो पवित्र हरिकथा ॥२॥)

* * *

हरिकीर्तनमें भगवान्, भक्त और नामका त्रिवेणीसंगम होता है। कीर्तनमें भगवान्के गुण गाये जाते हैं, नामका जय घोष होता है और अनायास भक्तजनोंका समागम होता है। कथा-प्रयागमें ये तीनों लाभ होते हैं। इनमेंसे प्रत्येक लाभ अमूल्य है। जहाँ ये तीनो लाभ एक साथ अनायास प्राप्त होते हैं उस हरि कथामें योग दानकर आदरपूर्वक उसे श्रवण करनेवाले नर नारी यदि अनायास ही तर जाते हैं तो इसमे आश्चर्य ही क्या है? हरि कथा पवित्र, फिर उसे गानेवाले जब पवित्रतापूर्वक गाते और सुननेवाले जब पवित्रतापूर्वक सुनते हैं तब ऐसे हरि कीर्तनसे बढकर आत्मोद्धार और लोकशिक्षाका और दूसरा साधन क्या हो सकता है? प्रेमी भक्त प्रेमसे जहाँ हरि गुण गान करते हैं भगवान् तो वहाँ रहते ही हैं। भगवान् स्वय कहते हैं—

नाह वसामि वैकुण्ठे योगिना हृदये न च।
मद्भक्ता यत्र गायन्ति तत्र तिष्ठामि नारद ॥

ज्ञानेश्वर महाराजने कीर्तन भक्तिके आनन्दका बड़ा ही सुन्दर वर्णन किया है (ज्ञानेश्वरी अ० ९-१९७-२११)। 'कीर्तनके नटनृत्यमें प्रायश्चित्तोंके (अथवा प्राय श्चित्तोंके) सब व्यवसाय नष्ट हो जाते हैं। यम-दमादि योग साधन अथवा तीर्थयात्रादि जीवोंके पाप धो डालते हैं सही,

अतिरिक्त चैत्रकी वारी भी करते हैं। किसी भी मासकी शुक्ल एकादशी देवताओंकी मानी जाती है और कृष्ण एकादशी सन्तोंकी मानी जाती है इसलिये शुक्लपक्षकी सब वारियाँ पण्ढरीकी होती हैं। इस प्रकार अत्यधिक नियमी वारकरियोंके मेलेमें ही तुकारामजीका जीवन बीता, इस कारण वारकरियोंके साथ यह भी वारकरियोंके ही मार्गपर चले। वारकरियोंका मुख्य साधन भजन और कीर्तन है। ऊँच-नीच ब्राह्मण-चाण्डाल पुण्यवान्-पापी सभी संसारके अधीन होनेके कारण भगवान्के सामने दीन-हीन ही होते हैं। कीर्तनका अधिकार सबको है।

दीन आणि दुर्बळांसी। सुखरासी हरि-कथा॥

'दीन और दुर्बलोंके लिये हरि-कथा सुखकी राशि है।'

*   *   *

कीर्तन चांग कीर्तन चांग। होय अंग हरिरूप॥१॥
प्रेमछन्दें नाचे डोले। हरपे देह भाव॥२॥

'कीर्तन बड़ी अच्छी चीज है। इससे शरीर हरिरूप हो जाता है। प्रेमछन्दसे नाचो-डोलो। इससे देहभाव मिट जायगा।'

कीर्तनानन्दमें मग्न होनेवाले किसी भी भक्तको तुकारामजीका-सा यही अनुभव प्राप्त हुआ करता है। कीर्तन करनेवाला स्वयं तर जाता है और दूसरोंको भी तारता है। भक्त भगवत्कीर्ति गाता है इसलिये भक्तवत्सल भगवान् उसके आगे-पीछे उसके बन्धनोंको काटते हुए संचार करते हैं। कीर्तनका रहस्य निम्नलिखित अभंगमें तुकारामजीने बहुत ही अच्छी तरहसे बतलाया है—

कथा त्रिवेणीसंगम। देव भक्त आणि नाम।
तेथींचें उत्तम। चरण-रज वंदितां॥१॥

'तेरा कीर्तन छोड़ मैं और कोई काम न करूँगा। लज्जा छोड़कर तेरे रंगमें नाचूँगा।' कीर्तनमें, बल्कि यह कहिये कि परमार्थमें, प्रथम प्रवेश जब होता है तब लज्जा बड़ी बाधक होती है, पर साधक जब कीर्तन रंगमें रँग जाता है तब 'निर्लज्ज' कीर्तन आप ही अभ्यस्त हो जाता है।

९ कीर्तनके नियम

कीर्तन इस प्रकार श्रोता, वक्ता सबको हरि मार्गपर ले आनेका मुख्य साधन होनेसे यह आवश्यक होता है कि उसमें नियम मर्यादा भी हो। वारकरियोंमें यह मर्यादा पहलेसे ही थी, तथापि इस मर्यादाका स्वरूप तुकारामजीके वचनोंसे ही जान लेना अधिक अच्छा होगा। 'कथाकालकी मर्यादा' वाले अभंगमें उन्होंने कीर्तनके मुख्य नियम बताये हैं—(१) सप्रेम अन्तःकरणसे जो कोई 'ताल-वाद्य गीत-नृत्यकी' सहायतासे भगवान्के नाम और गुण गाता है उसे भगवद्रूप ही मानना चाहिये और उसे नम्रतापूर्वक वन्दन करना चाहिये। (२) जबतक कथा हो रही हो तबतक कायदेसे बैठे, कथामें बैठे, आलस्यवश अँगड़ाई न ले, पुट्ठे टेके करके न बैठे, पान चबाते हुए कथामें न जाय, मुँह स्वच्छ करके कथामें बैठे, नामसंकीर्तनमें चित्त लगावे, कीर्तनके समय और बातें न करे, मानकी इच्छा न करे, अपना बड़प्पन न दिखावे, कीमती वस्त्र पहनकर फिर उन्हें कहीं धूल न लगे इसी चिन्तामें उन कपड़ोंको ही सँभालनेमें न लगा रहे, बड़ोंको ठेलकर छोटे न बैठें, उच्च स्थानमें बैठकर कीर्तन करनेवालेको नीचा न देखे, इन नियमोंका पालन करना चाहिये। (३) किसीके दोषोंका ध्यान न करे। इस प्रकार कीर्तन और कीर्तनकारकी मर्यादा रखते हुए देह-बुद्धिके ढंग चित्तमें न आने दे। ये नियम श्रोताओंके लिये हुए। वक्ताके लिये भी उन्होंने नियम बताये हैं। वक्ताका सम्मान बड़ा है। 'सबसे पहले वक्ताका सम्मान करे' अर्थात् श्रोताओंमें यदि कोई योगी-यती आदि भी हों तो भी चन्दन, अक्षत आदिसे पहले वक्ताका ही पूजन

पर कीर्तन-रसमें रंगे हुए प्रेमियोंमें तो कोई पाप ही नहीं रह जाता। कीर्तनसे संसारका दुःख दूर होता है। कीर्तन संसारके चारों ओर आनन्दकी प्राचीर खड़ी कर देता है और सारा संसार महासुखसे भर जाता है। कीर्तनसे विश्व धवलित होता और वैकुण्ठ पृथ्वीपर आता है। यह कहकर ज्ञानेश्वर महाराज भगवान्‌की उपर्युक्त उक्तिका रहस्य अपनी वाणीसे बतलाते हैं—

> तो मी वैकुंठीं नसें। वेळ एक भानुबिंबींही न दिसें।
> वरी योगियांचीं हीं मानसें। उमरडोनि जाय ॥२०७॥
> परी तयांपाशीं पांडवा। मी हरपला गिंवसावा।
> जेथ नामघोष बरवा। करिती माझा ॥२०८॥

अर्थात् 'मैं नित्य वैकुण्ठमें सूर्यमण्डलमें अथवा योगि-जन-मन निकुञ्जोंमें रहता हूँ। पर ऐसा हो सकता है कि कभी इन तीन स्थानोंमेंसे कहीं भी मैं न मिलूँ परन्तु मेरे भक्त जहाँ प्रेमसे मेरा नाम संकीर्तन करते हैं वहाँ तो मैं रहता ही हूँ—मैं और कहीं न मिलूँ तो मुझे वहाँ ढूँढो।' इन मधुर ओवियोंमें ज्ञानेश्वर महाराजने ऊपरके श्लोकका अनुवाद ही किया है। तुकोबारायने भी कहा है—

> माझे भक्त गाती जेथें। नारदा मी उभा तेथें ॥१॥
> 'नारद! मेरे भक्त जहाँ गाते हैं वहीं मैं खड़ा रहता हूँ।'

तात्पर्य कीर्तनमें भगवान्, भक्त और नामका संगम होता है और इसीसे कीर्तनमें छोटे-बड़े सब अनायास ऐसा अपार भक्तिसुख लाभ करते हैं कि देखकर महाराजोंके भी लार टपकने लगती है। तुकारामजीको पहले कीर्तन सुननेका चसका लगा पीछे स्वयं कीर्तन करनेकी इच्छा हुई और फिर इस कीर्तन भक्तिका परम उत्कर्ष हुआ।

> चिन्तन कीर्तन करूँ न अन्य काम। नाचूँ छोड़ लाज तेरे रंग॥

'तेरा कीर्तन छोड़ मैं और कोई काम न करूँगा। लज्जा छोड़कर तेरे रंगमें नाचूँगा।' कीर्तनमें, बल्कि यह कहिये कि परमार्थमें, प्रथम प्रवेश जब होता है तब लज्जा बड़ी बाधक होती है, पर साधक जब कीर्तन रंगमें रँग जाता है तब 'निर्लज्ज' कीर्तन आप ही अभ्यस्त हो जाता है।

९ कीर्तनके नियम

कीर्तन इस प्रकार श्रोता, वक्ता सबको हरि मार्गपर ले आनेका मुख्य साधन होनेसे यह आवश्यक होता है कि उसमें नियम मर्यादा भी हो। वारकरियोंमें यह मर्यादा पहलेसे ही थी, तथापि इस मर्यादाका स्वरूप तुकारामजीके वचनोंमें ही जान लेना अधिक अच्छा होगा। 'कथाकालकी मर्यादा' वाले अभंगमें उन्होंने कीर्तनके मुख्य नियम बताये हैं—(१) सप्रेम अन्तःकरणसे जो कोई 'ताल-वाद्य गीत नृत्यकी' सहायतासे भगवान्‌के नाम और गुण गाता है उसे भगवद्रूप ही मानना चाहिये और उसे नम्रतापूर्वक वन्दन करना चाहिये। (२) जबतक कथा हो रही हो तबतक कायदेसे बैठे, कथामें बैठे, आलस्यवश अँगड़ाई न ले, पुट्ठे टेके करके न बैठे, पान चबाते हुए कथामें न जाय, मुँह स्वच्छ करके कथामें बैठे, नामसंकीर्तनमें चित्त लगावे, कीर्तनके समय और बातें न करे, मानकी इच्छा न करे, अपना बड़प्पन न दिखावे, कीमती वस्त्र पहनकर फिर उन्हें कहीं धूल न लगे इसी चिन्तामें उन कपड़ोंको ही सँभालनेमें न लगा रहे, बड़ोंको रेलकर छोटे न बैठें, उच्च स्थानमें बैठकर कीर्तन करनेवालेको नीचा न देखे, इन नियमोंका पालन करना चाहिये। (३) किसीके दोषोंका ध्यान न करे। इस प्रकार कीर्तन और कीर्तनकारकी मर्यादा रखते हुए देह-बुद्धिके ढंग चित्तमें न आने दे। ये नियम श्रोताओंके लिये हुए। वक्ताके लिये भी उन्होंने नियम बताये हैं। वक्ताका सम्मान बड़ा है। 'सबसे पहले वक्ताका सम्मान करे' अर्थात् श्रोताओंमें यदि कोई योगी-यती आदि भी हों तो भी चन्दन, अक्षत आदिसे पहले वक्ताका ही पूजन

पर कीर्तन-रङ्गमें रंगे हुए प्रेमियोंमें तो कोई पाप ही नहीं रह जाता। कीर्तनसे संसारका दुःख दूर होता है। कीर्तन संसारके चारों ओर आनन्दकी प्राचीर खड़ी कर देता है और सारा संसार महासुखसे भर जाता है। कीर्तनसे विश्व धवलित होता और वैकुण्ठ पृथ्वीपर आता है। यह कहकर ज्ञानेश्वर महाराज भगवान्की उपर्युक्त उक्तिका रहस्य अपनी वाणीसे बतलाते हैं—

> तो मी वैकुंठीं नसे। वेळ एक भानु बिंबीं ही न दिसे।
> वरी योगियांचीं ही मानसें। उमरडोनि जाय ॥२०५॥
> परी तयापाशीं पांडवा। मी हरपला गिंवसावा।
> जेथ नामघोष बरवा। करिती माझा ॥२०८॥

अर्थात् 'मैं नित्य वैकुण्ठमें, सूर्यमण्डलमें अथवा योगि-जन-मन निकुञ्जोंमें रहता हूँ। पर ऐसा हो सकता है कि कभी इन तीन स्थानोंमेंसे कहीं भी मैं न मिलूँ; परन्तु मेरे भक्त जहाँ प्रेमसे मेरा नाम संकीर्तन करते हैं वहाँ तो मैं रहता ही हूँ—मैं और कहीं न मिलूँ तो मुझे वहीं ढूँढ़ो।' इन मधुर ओवियोंमें ज्ञानेश्वर महाराजने ऊपरके श्लोकका अनुवाद ही किया है। तुकारामजीने भी कहा है—

> माझे भक्त गाती जेथें। नारदा मी उभा तेथें ॥१॥
>
> नारद! मेरे भक्त जहाँ गाते हैं वहीं मैं खड़ा रहता हूँ।

तात्पर्य, कीर्तनमें भगवान्, भक्त और नामका संगम होता है और इसीसे कीर्तनमें छोटे-बड़े सब अनायास ऐसा अपार भक्तिसुख लाभ करते हैं कि देखकर ब्रह्माजीके भी मुँह पानी भर आता है। तुकारामजीको पहले कीर्तन सुननेका चसका लगा, पीछे स्वयं कीर्तन करनेकी इच्छा हुई और फिर इस कीर्तन भक्तिका परम उत्कर्ष हुआ।

> नित्य कीर्तन करूं न कळे कांहीं। नाचूं टाळ साळ हेरे रंगी॥

पदमें वही बात कही है। 'वाणी ऐसी निकले कि हरिकी मूर्ति और हरिका प्रेम चित्तमें बैठ जाय, वैराग्यके साधन बतावे, भक्ति और प्रेमके सिवा अन्य व्यर्थकी बातें कथामें न कहे। अक्षय भजन, अखण्ड स्मरण, करोंसे ताल देकर गावे-बजावे।' कीर्तन करते हुए हृदय खोलकर कीर्तन करे, कुछ छिपाकर, चुराकर न रक्खे। कीर्तन करने खड़े होकर जो कोई अपनी देह चुरावेगा, उसके पापको कौन नाप सकता है? कीर्तन हो रहा हो और बीचमेंसे ही कोई उठकर चला जाय, कथाकी मर्यादाका उल्लङ्घन करे, 'निद्राका आदर करे, जागरणसे भाग जाय' वह अधम है। तात्पर्य, श्रोता-वक्ता कीर्तनकी मर्यादाका पालन करें और जितनी इच्छा हो, हरि-प्रेमानन्द लूटें।

१० साधनोंका प्राण सद्भाव

पण्ढरीकी वारी, एकादशी व्रत, सत्समागम, नाम-सङ्कीर्तन इत्यादि साधनोंका चसका लगानेवाली जो मुख्य जीकी बात है वह है शुभेच्छा या सद्भाव। भाव हो, शुद्ध भाव हो तो ही साधन सफल होते हैं अन्यथा ये ही साधन तथा ऐसे अन्य साधन भी मान और दम्भके कारण बन जाते हैं। गीतामें भगवान्ने कहा है, जो श्रद्धावान् होगा उसीको ज्ञान प्राप्त होगा, भाव होगा तो भगवान् मिलेंगे। सतोंने स्थान स्थानमें कहा है कि भाव ही तो भगवान् है। उद्गम जहाँसे होता है वह निर्झर, अन्तःकरणका अन्तर्भाव हो तो ही साधन फलदायक होते हैं। पण्ढरी, चन्द्रभागा, पुण्डरीक, साधु सत, देव प्रतिमा, करताल, वीणा, व्रत, जप, तप सभी उत्तम और पावन साधन हैं, पर जो साधना चाहे उसमें भी तो अपने साधनके विषयमें निर्मल पावन बुद्धि हो जिसके होनेसे ही साधन साध्यको प्राप्त करा देते हैं। और तो क्या, साधनोंके विषयमें यदि श्रेष्ठतम सद्भाव हो तो साधन ही साध्य बन जाते हैं, साध्य साधनोंकी एकात्मता प्रत्यक्ष हो जाती है। बाह्योपचारोंसे भगवान् प्रसन्न नहीं होते। 'बाह्य उपचारोंसे मैं किसीके

होना चाहिये । वक्ताका मान जितना बड़ा है, उत्तरदायित्व भी उसपर उतना ही बड़ा है । पहली बात यह है कि जो कीर्तनकार हों वे निरपेक्ष कीर्तन करें । धन या मान किसीकी भी इच्छा न करें । कीर्तनका मूल्य न लें मार्ग-व्ययादि भी न लें । हरि-कथा करके जो अपना पेट भरता है, तुकारामजीने उसे चाण्डाल कहा है । कीर्तनाचा विकरा तें मातेचें गमन (कीर्तनका विक्रय मातृगमन है) ।

कन्या गो करी कथा विक्रय । चाण्डाळ निश्चय जाण त्यांसी ॥

कन्या, गौ और हरि-कथाको जो बेचता है यथार्थमें वही चाण्डाल है—चाण्डाल नाम उसीका है । हरि-गुण कीर्ति हरिके दासोंकी माता है उसे बेचना लज्जाजनक और नरकप्रद है ।

कथा करके जो द्रव्य लेते देते । अधोगति पाव नरक वास ॥

कथा करके जो द्रव्य लेते-देते हैं उनकी अधोगति होती है और उन्हें नरकवास मिलता है । कीर्तनकारकी वाणी चाहे मधुर न हो, उसमें कोई हरज नहीं । तुकारामजी कहते हैं, 'मधुर वाणीके फेरमें ही मत पड़ो । स्वभावसे ही यदि वह मधुर हो तो 'यह तो भगवान्‌की आसदीका दान है' यह सोचकर उसे भगवान्‌के ही गुण-गानमें लगा दो । भगवान्‌को ऊँची तान या टेढ़े-मेढ़े अलाप पसंद नहीं हैं । भगवान् भावके भूखे हैं ।

सुनो भक्ति बल्लो ऐसे जो वचन । भक्ति बिन ज्ञान कहे कर्म ।
अध्यात्म अद्वैत भक्ति भाव हीन । पावे दुःख जन जैसा वक्ता ॥ २ ॥

भक्तिके बिना जो व्यर्थ ज्ञान बतलाता है उसकी बातें कानोंसे न सुने । भाव भक्तिके बिना जो अद्वैतकी स्तुति करता है उससे श्रोता-वक्ता दुःख ही पाते हैं ।

ज्ञान-भक्ति कहें पर भगवत्प्रेमभाव बढ़ानेवाला ज्ञान कोई न कहे । एकनाथ महाराजने भी 'सगुण चरित्रें परम पवित्रें हरिची वर्णावीं' इस

पदमें वही बात कही है। 'वाणी ऐसी निकले कि हरिकी मूर्ति और हरिका प्रेम चित्तमें बैठ जाय, वैराग्यके साधन बतावे, भक्ति और प्रेमके सिवा अन्य व्यर्थकी बातें कथामें न कहे। अक्षय भजन, अखण्ड स्मरण, करोंसे ताल देकर गावे-बजावे।' कीर्तन करते हुए हृदय खोलकर कीर्तन करे, कुछ छिपाकर, चुराकर न रक्खे। कीर्तन करने खड़े होकर जो कोई अपनी देह चुरावेगा, उसके पापको कौन नाश सकता है? कीर्तन हो रहा हो और बीचमेंसे ही कोई उठकर चला जाय, कथाकी मर्यादाका उल्लङ्घन करे, 'निद्राका आदर करे, जागरणसे भाग जाय' वह अधम है। तात्पर्य, श्रोता-वक्ता कीर्तनकी मर्यादाका पालन करें और जितनी इच्छा हो, हरि-प्रेमानन्द लूटें।

१० साधनोंका प्राण सद्भाव

पण्ढरीकी वारी, एकादशी व्रत, सत्समागम, नाम-सङ्कीर्तन इत्यादि साधनोंका चमका लगानेवाली जो मुख्य जीकी बात है वह है शुभेच्छा या सद्भाव। भाव हो, शुद्ध भाव हो तो ही साधन सफल होते हैं अन्यथा ये ही साधन तथा ऐसे अन्य साधन भी मान और दम्भके कारण बन जाते हैं। गीतामें भगवान्‌ने कहा है, जो श्रद्धावान् होगा उसीको ज्ञान प्राप्त होगा, भाव होगा तो भगवान् मिलेंगे। सन्तोंने स्थान स्थानमें कहा है कि भाव ही तो भगवान् हैं। उद्गम जहाँसे होता है वह निर्झर, अन्तःकरणका अन्तर्भाव हो तो ही साधन फलदायक होते हैं। पण्ढरी, चन्द्रभागा, पुण्डरीक, साधु सन्त, देव प्रतिमा, करताल, वीणा, व्रत, जप, तप सभी उत्तम और पावन साधन हैं, पर जो साधना चाहे उसमें भी तो अपने साधनके विषयमें निर्मल पावन बुद्धि हो जिसके होनेसे ही साधन साध्यको प्राप्त करा देते हैं। और तो क्या, साधनोंके विषयमें यदि श्रेष्ठतम सद्भाव हो तो साधन ही साध्य बन जाते हैं, साध्य साधनोंकी एकात्मता प्रत्यक्ष हो जाती है। बाह्योपचारोंसे भगवान् प्रसन्न नहीं होते। 'बाह्य उपचारोंसे मैं किसीके

ध्यानमें नहीं उतरता (ज्ञानेश्वरी अ० ९—१९७)। मनमें छिपा हुआ भाव नहीं ठहरता, वह केवल बाह्याडम्बर है। 'गउरनाह्यका' साज रचा तो इन स्वाँगोंसे हृदयस्थ नारायण नहीं ठगे जाते। भाव जितना अकृत्रिम स्वाभाविक और शुद्ध हो भगवान् उतने ही प्रसन्न हैं। साधन व्यर्थ नहीं हैं, साधनोंसे भाव बलवान् होता है, यह सच है; परन्तु निर्मल भाव ही साधन-धनका वसन्त है। भाव भगवान्की देन है, पूर्व सुकृतोंका फल है, पूर्वजोंका पुण्य-फल है। भावके नेत्र जहाँ खुले वहीं सारा विश्व कुछ निराला ही दिखायी देने लगता है। भगवान् भावुकोंके सामने दिखायी देते हैं, पर जो बुद्धिमान् अपनेको जताते हैं वे मर जाते हैं तो भी भगवान्का पता नहीं पाते। ज्ञानके नेत्र खुलनेसे ग्रन्थ समझमें आता है उसका रहस्य खुलता है पर भावके बिना ज्ञान अपना नहीं होता। ज्ञानके विशाल होनेके लिये ज्ञानरहस्य हस्तगत होनेके लिये भगवान्से मिलन होनेके लिये भावका ही होना आवश्यक है। चित्त यदि भगवच्चिन्तनमें रँग जाय तो वह चित्त ही चैतन्य हो जाता है पर चित्त शुद्धभावसे रँग जाय तब।

> भाव तैसें फळ । न चले देवापाशीं बळ ॥१॥

जैसा भाव वैसा फल। भगवान्के सामने और बल नहीं चलता।

*   *   *   *

> भावापुढें बळ । नाहीं कोणाचें सबळ ॥१॥
> करी देवासी सरळ । कळवळ्यानें पातळ ॥२॥

भावके सामने किसीका बल प्रबल नहीं है। देवपर जिसका शासन चलता है उससे बड़ा और कौन है!

*   *   *   *

'पत्थरकी ही सीढी और पत्थरकी ही देवप्रतिमा' होती है, पर एकपर हम पैर रखते हैं और दूसरेकी पूजा करते हैं। नलका भी जल है और गङ्गाजल भी जल ही है। पर भावसे ही प्रतिमाको देवत्व प्राप्त होता है और भावसे ही गङ्गाजलको तीर्थत्व प्राप्त होता है। यह भाव जिसके पास है उसीके पास भगवान् हैं। भाव ही भगवान् हैं। 'विश्वासाची धन्य जाती। तेथ वस्ती देवाची ॥' (विश्वासकी जाति धन्य है, वहीं भगवान्‌की बसती है।) इसमें सदेह ही क्या है? सदेह, कुतर्क, विकल्प ही महापाप है और भाव ही महापुण्य है। ऐसा निर्मल भाव तुकोबाके चित्तमें उदय होनेसे उनके सब साधन सफल हुए। उन्होंने स्वय ही एक अभगमें कहा है 'लागला झरा अखड आहे। तुका म्हणे साहे झालें अतर ॥' (अखण्ड निर्झर झर रहा है, तुका कहता है कि अन्तर ही सहाय हुआ।) 'आहा आहारे भाई' वाले मधुर अभगमें उन्होंने यह वर्णन किया है कि भावुक भक्तोंकी दृष्टि कितनी उज्ज्वल होती है।

गगा नहीं जल। वृक्ष नहीं वट पीपल ॥
तुलसी रुद्राक्ष नहीं माल। श्रेष्ठ तनु श्रीहरिकी ॥१॥

'गङ्गा जल नहीं है[1], बड़, पीपल वृक्ष नहीं है[2], तुलसी और रुद्राक्ष माला नहीं है। ये सब भगवान्‌के श्रेष्ठ शरीर हैं।' इसी प्रकार साधु-सत सामान्य जन नहीं हैं, लिंगादि देवप्रतिमाएँ पत्थर नहीं हैं, गरुड़ केवल पक्षी नहीं हैं, नन्दिकेश्वर साँड़ नहीं हैं, वराह सूअर नहीं हैं, लक्ष्मी स्त्री नहीं हैं, रामरस रेत नहीं है, हीरे कंकड़ नहीं हैं, द्वारावती गाँव नहीं है। कारण, इनके दर्शन सेवनसे मोक्ष प्राप्त होता है। 'कृष्ण भोगी नहीं है,

---

१ 'स्रोतसामस्मि जाह्नवी' (गीता १०। ३१)।

२ 'अश्वत्थ सर्ववृक्षाणाम्' (गीता १०। २६)।

कल्पवृक्ष, पारिजात और चन्दन गुणमें प्रसिद्ध हैं, पर इन सब वृक्षोंमें अश्वत्थ वृक्ष मैं हूँ। (ज्ञानेश्वरी अ० १०। २३५)

ध्यानमें नहीं ठहरता, (ज्ञानेश्वरी अ० ९—१६७)। माँगनी लिया हुआ भाव नहीं ठहरता, वह केवल वाग्जाडम्बर है। 'नग्नास्वरूप उस स्वाँग रचा, तो इस स्वाँगसे हृदयस्थ नारायण नहीं ठगे जाते।' भाव जिनका अकृत्रिम स्वाभाविक और शुद्ध हो भगवान् उनके ही प्रकट हैं। साधन व्यर्थ नहीं हैं, साधनोंसे भाव बलवान् होता है, यह सच है; परन्तु निर्मल भाव ही साधन-धनका वसन्त है। भाव भगवान्की देन है, पूर्व सुकृतिका फल है, पूर्वजोंका पुण्य-बल है। भावके बिना सारा कुछ नहीं सुहाता, चित्त कुछ निरस ही दिखायी देने लगता है। भगवान् भावुकोंके हाथपर दिखायी देते हैं पर जो बुद्धिमान् अपनेको कहाते हैं वे मर जाते हैं तो भी भगवान्का पता नहीं पाते। ज्ञानके बिना पुस्तकोंका ग्रन्थ समझमें आता है उसका रहस्य खुलता है, पर भावके बिना ज्ञान अपना नहीं होता। ज्ञानके विज्ञान होनेके लिये ज्ञानरहस्य हस्तगत होनेके लिये, भगवान्से मिलन होनेके लिये भावका ही होना आवश्यक है। चित्त यदि भगवच्चिन्तनमें रँग जाय तो वह चित्त ही चैतन्य हो जाता है, पर चित्त शुद्धभावसे रँग जाय तब।

भाव तैसें फळ । न चले देवापाशीं बळ ॥१॥

'जैसा भाव वैसा फल। भगवान्के सामने और कोई बल नहीं चलता।'

*　*　*　*

भावापुढें बळ । नाहीं कोणाचें सबळ ॥१॥
करी देवासी सत्ता । कोण त्याहूनी परता ॥२॥

'भावके सामने किसीका बल प्रबल नहीं है। देवपर जिसका शासन चलता है उससे बड़ा और कौन है!'

*　*　*　*

और जो कोई काम करते उसे नारायणकी ही सेवा समझकर करते थे। मानव-नाम-रूपकी सुध धीरे धीरे भूलती गयी और काम बतलानेवाली ध्वनि अन्तर्यामी नारायणकी है यही बोध रह गया। ध्वनि सुनते ही जिस स्थानसे वह ध्वनि निकली उसी उद्गमस्थानपर उनकी दृष्टि स्थिर होने लगी। नाम-रूपको देखते ही नामरूपातीतपर उनका ध्यान जमने लगा। यह सातवीं दास्य भक्ति है। इस दास्य भक्तिका मर्म देहूके लोगोंने या जिजाबाईने न जाना हो पर ज्ञातापन जहाँसे प्रकट होता है वहाँ तो वह पहुँच ही गया। यह भूतसेवा भूतोंकी समझमें न आयी हो पर भूतेशने तो समझ ली। तुकारामजीको बेगारमें पकड़नेवाले लोग चाहे कभी यह न सोचते हों कि इनसे बहुत कष्ट कराना अच्छा नहीं, सो भी तुकारामजी तो यह जानते थे कि भूतसेवा विषमभाव छोड़कर निष्काम कर्म करनेका अलौकिक साधन है। भूतसेवा भूतमात्रमें हरिके दर्शन करना सिखलाती है, यही नहीं प्रत्युत भूतमात्रमें जब हरिके दर्शन होने लगते हैं तभी निष्काम और सच्ची भूतसेवा बन पड़ती है। अस्तु, जिजाबाईको अवश्य ही इस बातका बड़ा कष्ट था कि तुकारामजी घरके काम-काजकी ओर कुछ ध्यान नहीं देते और गाँवभरके छोटे बड़े सभी काम कर दिया करते हैं। जिजाबाईका पक्ष लेकर कोई कह सकता है कि ठीक तो है, गाँवभरका काम तुकाराम करते थे तो घरका काम करनेमें उनका क्या बिगड़ा जाता था? इसका उत्तर यह है कि घरवालोंका काम तो हमलोग सभी सब समय करते ही रहते हैं, पर अपने ही प्रेम और महत्त्वकी बात होनेसे वह यथार्थमें स्व सेवा ही है। परोपकार तो वही कहा जा सकता है कि जिसमें देहकी दृष्टिसे जिन लोगोंके साथ हमारा कोई सम्बन्ध नहीं है उनका उपकार हो। और उपकार भी कब होता है?—जब प्रतिफलकी, केवल स्तुति या आशीर्वादकी भी इच्छा न करके काया वाचा मनसा केवल भगवत्प्रीत्यर्थ वह कार्य किया जाय। ऐसे परोपकार या लोकसेवासे अनेक

शंकर जोगी नहीं है। पर तुकोबाराय! ऐसा विमल भाव आपको कहाँसे मिला?—तुका कहता है, पाण्डुरङ्गसे यह प्रसाद मिला। भगवान् श्रीविट्ठलदेवके कृपाप्रसादसे तुकाबाको यह शुद्ध भाव प्राप्त हुआ और इसलिये उनके सब साधन सफल हुए, इस भावसे उन्हें भगवान् मिले। 'तुका कहे होता ठेवा। तो या भावा सांपडला।' (तुका कहता है, निधि रखी हुई थी वह इस भावसे मिल गयी।) अर्थात् इस भावने मुझे अपने स्वरूपका ज्ञान करा दिया। भाव न हो तो साधन व्यर्थ हैं। 'तीर्थको जो जल समझता है, प्रतिमामें जो पत्थर देखता है, संतोंको जो मनुष्य समझता है वह अधम है।' ऐसे लोग जो भी साधन करते हैं तुकाराम स्पष्ट ही बतलाते हैं कि वे साधन 'कन्या सहवासके समान' व्यर्थ होते हैं। तात्पर्य, सब साधनोंका साधन भाव साधनमें सद्भाव है। यहाँतकके सब साधन तुकारामजीके आचरणमें आ गये और साथ ही उन्होंने परोपकार व्रत स्वीकार किया। उन्होंने यह बात आत्मचरित्रमें ही लिख दी है कि 'जो कुछ बन पड़ा, शरीरका कष्ट देकर उपकार किया।' अब उन्होंने परोपकार कैसे किया यह देखें।

११ परोपकार-व्रत

शरीरसे कष्ट करके जो उपकार बन पड़ता उसे करनेमें तुकाराम तत्पर रहते थे। कोई खेतकी रखवाली करनेको कहता तो आप खेतकी रखवाली करते, बोझ ढोनेको कोई कहता तो चाहे जितना भारी बोझ हो भार उठाकर पहुँचा देते, घोड़ेकी खरहरा करनेके लिये कोई कहता तो आप घोड़ेको खरहरा करते; मतलब यह कि जो भी जो कोई काम बतलाता था, तुकारामजी उसे प्रसन्नचित्तसे करते थे। मुफ्तमें चाकर नौकर मिले तो उसे कौन न चाहेगा? इसलिये तुकारामजी सबके प्रिय हो गये। पर तुकारामजी इन सबको नारायणकी मूर्ति ही समझते थे

और जो कोई काम करते उसे नारायणकी ही सेवा समझकर करते थे। मानव-नाम-रूपकी सुध धीरे धीरे भूलती गयी और काम बतलानेवाली ध्वनि अन्तर्यामी नारायणकी है यही बोध रह गया। ध्वनि सुनते ही जिस स्थानसे वह ध्वनि निकली उसी उद्गमस्थानपर उनकी दृष्टि स्थिर होने लगी। नाम-रूपको देखते ही नामरूपातीतपर उनका ध्यान जमने लगा। यह सातवीं दास्य भक्ति है। इस दास्य भक्तिका मर्म देहूके लोगोंने या जिजाबाईने न जाना हो पर ज्ञातापन जहाँसे प्रकट होता है वहाँ तो वह पहुँच ही गया। यह भूतसेवा भूतोंकी समझमें न आयी हो पर भूतेशने तो समझ ली। तुकारामजीको बेगारमें पकड़नेवाले लोग चाहे कभी यह न सोचते हों कि इनसे बहुत कष्ट कराना अच्छा नहीं, सो भी तुकारामजी तो यह जानते थे कि भूतसेवा विषमभाव छोड़कर निष्काम कर्म करनेका अलौकिक साधन है। भूतसेवा भूतमात्रमें हरिके दर्शन करना सिखलाती है, यही नहीं प्रत्युत भूतमात्रमें जब हरिके दर्शन होने लगते हैं तभी निष्काम और सच्ची भूतसेवा बन पड़ती है। अस्तु, जिजाबाईको अवश्य ही इस बातका बड़ा कष्ट था कि तुकारामजी घरके काम काजकी ओर कुछ ध्यान नहीं देते और गाँवभरके छोटे बड़े सभी काम कर दिया करते हैं। जिजाबाईका पक्ष लेकर कोई कह सकता है कि ठीक तो है, गाँवभरका काम तुकाराम करते थे तो घरका काम करनेमें उनका क्या बिगड़ा जाता था? इसका उत्तर यह है कि घरवालोंका काम तो हमलोग सभी सब समय करते ही रहते हैं; पर अपने ही प्रेम और महत्त्वकी बात होनेसे वह यथार्थमें स्व-सेवा ही है। परोपकार तो वही कहा जा सकता है कि जिसमें देहकी दृष्टिसे जिन लोगोंके साथ हमारा कोई सम्बन्ध नहीं है उनका उपकार हो। और उपकार भी कब होता है?—जब प्रतिफलकी, केवल स्तुति या आशीर्वादकी भी इच्छा न करके काया वाचा मनसा केवल भगवत्प्रीत्यर्थ वह कार्य किया जाय। ऐसे परोपकार या लोकसेवासे अनेक

लाभ होते हैं। एक तो निष्काम कर्म करनेका अभ्यास होता है। दूसरे आत्मभावका विकास होता है, यह प्रतीति होने लगती है कि आत्मरूपसे इस सारे दीन दुःखीकी देहके अंदर ही मैं नहीं हूँ; तीसरे, देह ममत्व नष्ट होता जाता है; और चौथे सर्वान्तर्यामी नारायण सुप्रसन्न होते हैं। ये लाभ धनवालोंकी सेवा करनेकी अपेक्षा ऐसे लोगोंकी सेवासे जो धनवाले नहीं समझे जाते अधिक प्राप्त होते हैं। इसीलिये तुकारामजीने 'जो बन पड़ा वह शरीरसे कष्ट करके उपकार किया' यह कहकर अपने साधनमार्गके एक अभ्यासका ही निर्देश कर दिया है। 'गावें गावें गीत' (गा-गाके गीत गावे) इस अभंगमें तुकारामजी कहते हैं—

जो तू चाहे भगवान । वर हे सुलभ साधन ॥

यदि तुम भगवान्‌को चाहते हो तो यह सुलभ उपाय है। कौन-सा?—

तुका कहे कर । थोर थोडा उपकार ॥

'तुका कहता है, थोड़ा-बहुत उपकार किया करो।'

इस प्रकार भगवत्प्राप्तिके उपायोंमें तुकारामजीने पर-उपकारका भी अन्तर्भाव किया है। इस अभंगमें तुकाजी यही बतलाते हैं कि भगवत्प्राप्तिका सुलभ उपाय यही है कि 'चित्त शुद्ध अर्थात् निर्मल करके भावके साथ भगवान्‌के गीत गावे, दूसरोंके गुण-दोष न सुने, मनमें भी न ले आवे, संतोंके चरणोंकी सेवा करे, सबके साथ विनम्र रहे और थोड़ा-बहुत जो कुछ बन पड़े उपकार करे।' यह सुलभ उपाय तुकाजीने स्वयं कृतार्थ होनेके पश्चात् लोगोंको बताया है अर्थात् साधनकालमें उन्होंने इस उपायका अवलम्बन किया था। परोपकार करते हुए देहभाव विस्मृत होता है और सर्वभूतोंमें भगवद्भाव उत्पन्न होता है, हृदय विशाल होता और आत्म-परभाव नष्ट होता है तथा भीतर हरि बाहर हरि के

अनुभवका दिव्य आनन्द प्राप्त होता है। 'भूतीं भगवन्त। हा तों जाणतों संकेत॥' 'भूतमात्रमें भगवान् हैं।' यही सङ्केत तुकारामजी जानते थे। 'भूतमात्रमें भगवद्भाव' रखनेसे 'मेरा तेरा विकार नष्ट हो जाता है और 'अद्वतका जो धाम है, उस 'एक निरञ्जन' का अनुभव प्राप्त होता है। 'भूताचिये नांदे जीवीं। गोसावीच स्वभावा॥' (सब भूतोंके जीवोंमें गोसाईं ही विराज रहे हैं।) पर-उपकारसे उन्हीं गोसाईंकी ही उत्तम सेवा बनती है। भूतोंका उपकार ही भूतात्माका पूजन-अर्चन है। तुकारामजीने शरीरसे कष्ट करके जो परोपकार किया वह भूतपतिकी ही सेवा की और परोपकारकी जो इतनी महिमा है वह इसीलिये है। तुकारामजी कहते हैं—

'भूतमात्रमें भगवान् विराजते हैं, इसीलिये मैं इन लोगोंसे मिलता हूँ, नर नारी समझकर नहीं। हृदयका भाव भगवान् जानते हैं उन्हें जनाना नहीं पड़ता।

१२ परोपकारके भेद

अब श्रीतुकारामजीके परोपकारके प्रकार देखें। इनमेंसे कुछका वर्णन महीपतिबाबाने (भक्तलीलामृत अ० ३१ में) किया है। राह चलते कोई पथिक सिरपर बोझ लादे मिल जाता तो आप उसका बोझ अपने सिरपर उठा लेते और कुछ काल उसे विश्राम दिलाते, वर्षामें कोई भींग जाय तो उसे पहनने-ओढनेको वस्त्र देते, बैठनेके लिये स्थान देते, यात्रियोंके पैर चलते-चलते सूज जाते और उनपर इनकी दृष्टि पड़ती तो ये गरम पानीसे उन्हें सेंकते, गाय, बैल दुर्बल होनेसे काम न देते और इसलिये गृहस्थ यदि उन्हें निकाल देते तो आप उन्हें दाना-पानी देते, चींटियोंकी चिटारीपर चीनी छोड़ते, मनसे भी किसीकी हिंसा न करते, चलते हुए कहीं पैरोंतले छोटे-छोटे जीव कुचल न जायँ इसलिये 'कारुण्यामाजीं पाउलें लपवून' (कारुण्यमें अपने पैरोंको छिपाकर) चला

करते कीर्तन हो रहा हो और गरमीसे लोग परेशान हों तो कीर्तन करते हुए भी आप श्रोताओंपर पंखा झलने लगते। नदीसे जल भरकर ले आनेवालोंमें यदि कोई थका दिखायी दिया तो उसकी गगरी आप अपने कंधेपर उठा लेते और घर पहुँचा देते। कोई यात्री बीमार पड़ गया तो उसे आप उठाकर किसी धर्मशालामें ले जाते और उसका इलाज करते। मनुष्य और पशु-पक्षीमें कोई भेद भाव नहीं मानते थे। छोटे-बड़े सबके शरीरोंको नारायणके ही शरीर मानते थे। तन-मन-वचनसे पास धन हुआ तो धनसे भी सबके काम आते थे। श्रीमद्भागवतके जड़भरतके समान कैसा भी कष्ट करनेमें वह पीछे नहीं हटते थे। ऐसे बर्तावसे तुकाराम सबके अत्यन्त प्रिय हुए, कोई ऐसा न रहा जिसे तुकाराम प्रिय न हों। तुकारामजीका यह अवधूतत्व देखकर मम्बाजी बाबाने बहुत बुरा माना और उन्होंने उन्हें बहुत कष्ट दिये। पर उन मम्बाजी बाबाका भी बदन तुकारामजीने दाब दिया। परोपकारकी उच्चतम भावनासे अपनी स्त्रीकी साड़ी भी एक अनाथाको दे डाली। पर ये दोनों प्रसङ्ग आगे आनेवाले हैं इसलिये यहाँ उनका विस्तार करनेकी आवश्यकता नहीं। एक बार एक बूढ़ी स्त्रीके कहनेपर तुकारामजीने तेल लाकर उसके घर पहुँचा दिया। यह तेल उससे बहुत अधिक दिन चला। यह बात गाँवमें फैल गयी तब सभी अपने-अपने तेलके पीपे ले आकर तुकारामके गलेमें थोंप आये। तुकाराम उन सब पीपोंको तेलकी दूकानपर ले गये और सबके घर जा-जाकर तेल पहुँचा आये। तुकारामकी पीठपर एक बैलका जितना भारी बोझ लदा देखकर सती जिजाईको बड़ा क्रोध आया। एक बार एक किसान उन्हें रस पिलानेके लिये अपने खेतपर ले गया। रस पीनेके इस न्योतेकी बात जिजाईने घरमेंसे सुन ली थी। चलते समय उसने तुकारामजीसे कह रखा था कि यह किसान ऊँखकी पौंड़ी देगा वह मेरे बच्चोंके लिये घर ले आना। तुकारामजी खेतपर पहुँचे वहाँ मचियेसे उस किसानने उन्हें रस पिलाया

और ऊँखकी फाँदी देकर उन्हे विदा किया। तुकारामजी ऊँख लिये ज्यों ही गाँवमें पहुँचे त्यों ही गाँवभरके बच्चोंने उन्हे घेर लिया और ऊँख माँगने लगे। तुकारामजीने बोझ उतारा और सब ऊँख उन बच्चोंको बाँट दिये, तीन ऊँख रह गये जो लेकर वह घर आये। जिजाबाई ताड़ गयी कि ऊँख सब बँट गये। तुकारामने सब हाल उससे कहा और उसे समझाया कि 'देखो, सब बच्चे अपने ही तो हैं। तेरे तीन बच्चे हैं इसलिये पाण्डुरङ्गने तीन ही ऊँख यहाँ भेजे, बाकी सब जिनके थे उन्हें बाँट दिये।'

अय निज परो वेति गणना लघुचेतसाम्।
उदारचरिताना तु वसुधैव कुटुम्बकम्॥

तुकाराम ऐसे उदारचरित थे। अपना-परायाभाव उनका नष्ट हो रहा था, बल्कि 'मेरा, तेरा' जीवभाव नष्ट हो और उसके स्थानमें 'सर्वत्र श्रीहरि' का भाव उदय हो इसीलिये इस नश्वर देहके द्वारा कष्ट करके भूत-सेवारूप भगवत्सेवाका यह व्रत तुकारामजीने स्वीकार किया। तुकारामजीका सम्पूर्ण जीवन परोपकारमें बीता। उन्होंने जो हरि-कीर्तन किये और अभग रचे पहले वे श्रीहरिकी प्राप्तिके लिये थे, पीछे परोपकारके लिये हो गये। वह—

'विष्णुमय जग वैष्णवाचा धर्म।'

—मानते थे और इसलिये परोपकार उनका स्वभाव ही बन गया था। 'भूतदया' ही उनकी पूँजी बनी, दीन-दुखियोंको वह अपना कहने लगे। भगवत्प्रसाद होनेके पश्चात् भी 'अब मैं उपकारभरके लिये रह गया' कहनेवाले तुकारामजीके जीवनमें परोपकारके सिवा और क्या था? तुकोबाके जीवनका प्रत्येक क्षण विठ्ठलभजन और परोपकारमें बीता। उनके प्रयाणके पश्चात् भी उनके अभग जड़ जीवोंके उद्धारका कार्य कर रहे हैं। तुकारामकी अभगवाणी उनकी परोपकार-बुद्धिका चिरस्थायी स्मारक है।

१३ अट्ठाईस अभंगोंकी गवाही

तुकारामजी वारकरी सम्प्रदायके साधनमार्गपर ही चले, यह स्पष्ट है। यह मार्ग हमलोगोंने यहाँतक देखा, पर निश्चयकी दृढ़ताके लिये हमलोग एक बार स्वयं तुकारामजीसे ही पूछ लें और फिर यह प्रकरण समाप्त करें। तुकारामजीने जो साधन किये उन्हें उन्होंने अपने अभंगोंमें स्पष्ट बता दिया है। अभंगोंमें कहीं स्वयं किये हुए साधनके तौरपर और कहीं दूसरोंको उपदेश करनेके प्रसङ्गसे उन साधनोंको बताया है। तुकाराम 'जैसी बानी वैसी करनी' वाले थे, इस कारण उनकी वाणीसे उनके किये हुए साधन ही प्रकट होते हैं। छत्रपति शिवाजी महाराजको शिक्षावाक्यों और चरना देनेवाले ब्राह्मणको उपदेश करते हुए जो साधन उन्होंने बतलाये हैं उन्हें हम देखें। ऐसे सब साधनबोधक अभंगोंका एक साथ विचार करनेसे निश्चितरूपसे यह जाना जा सकेगा कि तुकारामजी किस साधनमार्ग पर चले वह साधनमार्ग क्या था।

(१) सौंपा निज चित्त। अब जो रुक्मिणी-कांत ॥१॥
पूर्ण हुआ सकल काम। निवारित भव-भ्रम ठीक॥
परनारी परद्रव्य। हुए विषवत् त्याज्य ॥२॥
तुका कहे फिर। और न कछ व्यवहार ॥३॥

मैंने एक रुक्मिणीकान्तको ही चित्तमें धारण कर लिया। उसीसे सारा काम बन गया। भव-भ्रम दूर हो गया। परद्रव्य और परनारी विषवत् हो गये। तुका कहता है, कोई बड़ा उद्योग नहीं करना पड़ा। बस, इतनेसे ही सारा काम बन गया, भव-भ्रम दूर हो गया। जो बातें चाहनेकी थीं वे सब निष्पन्न हो गयीं — चित्तमें भगवान्‌के बैठनेसे और परद्रव्य और परनारी विषवत् हो गये। इतनेसे ही सारा काम बन गया। कौन-सा काम? भव-भ्रम दूर हो गया। तात्पर्य, हरि-चिन्तन और सदाचार उभय निष्पत्तिके साधन हैं।

(२) 'कुळींचें दैवत ज्याचे पढरिनाथ' (कुलदेवता जिनके पण्ढरिनाथ हैं)–उनके घरमें दासी-पुत्र होकर भी रहूँगा, पण्ढरीकी वारी जिनके यहाँ है उनके द्वारका पशु होकर रहूँगा, दिन-रात विठ्ठलचिन्तन जो करते हैं उनके पैरोंकी पनही बनकर रहूँगा, तुलसीका पेड़ जिनके आँगनमें है उनके यहाँ झाड़ू बनकर रहूँगा। इन उत्कट भक्तिके उद्गारोंसे यह मालूम होता है कि पण्ढरिनाथ, पण्ढरीकी वारी, पण्ढरिनाथका चिन्तन और पण्ढरिनाथकी प्रिय तुलसीका पूजन तुकारामजीको कितना प्यारा था। उपास्यविषयक परम प्रीति इससे व्यक्त होती है।

(३) 'सुख वाटे परि वर्म' (सुख होता है पर उसका रहस्य) बतलाता हूँ। मैं भगवान्‌का रहस्य नहीं जान सकता, इतना ही जानता हूँ कि 'निर्लज्ज होकर उसके गुण-नाम गाता हूँ।' 'अवघें माझें हेंचि धन। साधन ही सकळ॥' (मेरा सारा धन यही है और यही सम्पूर्ण साधन है।) निर्लज्ज नाम-स्मरण!

(४) 'विठ्ठल आमुचें जीवन' (विठ्ठल हमारे जीवन हैं) हमारे विठ्ठल आगम-निगमके अर्थात् वेदशास्त्रोंके स्थान (रहस्य) हैं, विठ्ठल मेरे ध्यानका विश्रान्ति-स्थान है, मेरा चित्त, वित्त, पुण्य, पुरुषार्थ सब कुछ विठ्ठल है, मेरा विठ्ठल कृपा और प्रेमकी मूर्ति है।

विठ्ठल विस्तारला जनीं। सप्तहि पाताळें भरुनी॥
विठ्ठल व्यापक त्रिभुवनीं। विठ्ठल मुनि मानसीं॥
(विठ्ठल विश्वजन व्याप्त। सप्तही पाताल सतत॥
विठ्ठल व्यापक त्रिभुवन। विठ्ठल मुनि-सुमन॥)

मेरे माँ-बाप, भाई-बहन सब विठ्ठल ही हैं। विठ्ठलको छोड़ कुल गोत्रसे मुझे क्या काम? 'अब विठ्ठल छोड़ और कुछ भी नहीं है' विठ्ठल ही मेरा सर्वस्व हैं, उनके सिवा ब्रह्माण्डमें मेरा और कोई नहीं। उपास्यकी एकान्त-भक्ति ही उपासकका सर्वस्व है।

१२ अट्ठाईस अभंगोंकी गवाही

तुकारामजी वारकरी सम्प्रदायके साधनमार्गपर ही चले, यह सच है। यह मार्ग हमलोगोंने मोटिक देखा, पर निश्चयकी दृढ़ताके लिये हमलोग एक बार स्वयं तुकारामजीसे ही पूछ लें और फिर यह प्रकरण समाप्त करें। तुकारामजीने जो साधन किये, उन्हें उन्होंने अपने अभंगोंमें स्पष्ट कथ दिया है। अभंगोंमें कहीं स्वयं किये हुए साधनके तौरपर और कहीं दूसरोंको उपदेश करनेके प्रसङ्गसे उन साधनोंको बताया है। तुकाराम 'जैसी कहनी वैसी करनी' वाले ज्ञानी थे इस कारण उनकी वाणीसे उनके किये हुए साधन ही प्रकट होते हैं। छत्रपति शिवाजी महाराजको, जिजाबाईको और धरना देनेवाले ब्राह्मणको उपदेश करते हुए जो साधन उन्होंने बतलाये हैं उन्हें हम देखें। ऐसे सब साधनबोधक अभंगोंका एक साथ विचार करनेसे निश्चितरूपसे यह जाना जा सकेगा कि तुकारामजी किस साधनमार्ग-पर चले वह साधनमार्ग क्या था।

(१) रोंपा निज चित्त। अन्दर जो रुक्मिणी-कान्त॥१॥
पूर्ण हुआ सकल काम। निवारित भव-भ्रम॥ध्रु॥
परनारी परद्रव्य। हुए विषवत् त्याज्य॥२॥
तुका कहे फिर। और न कछ व्यवहार॥३॥

मैंने एक रुक्मिणीकान्तको ही चित्तमें धारण कर लिया। उसीसे सारा काम बन गया। भव-भ्रम दूर हो गया। परद्रव्य और परनारी विषवत् हो गये। तुका कहता है, कोई बड़ा उद्योग नहीं करना पड़ा। बस इतनेसे ही सारा काम बन गया, भव-भ्रम दूर हो गया। दो बातें अन्तरमें चित्तमें भगवान्को बैठाया और परद्रव्य और परनारी विषवत् हो गये। इतनेसे ही सारा काम बन गया। कौन-सा काम? भव-भ्रम दूर हो गया। तात्पर्य हरि-चिन्तन और सदाचार संसार-निवृत्तिके साधन हैं।

चित रगते ही, चैतन्य ही होता । तव क्या न्यूनता ? निजानन्द ॥ ९३ ॥
सुखके सागर, खडे ईंटपर । कृपा कर वर, वही एक ॥ ९४ ॥
जीते हम हैं जो, नामके भरोसे । गाते हैं मुखसे हरिनाम ॥
सिखाया सतोंने मुझ मूरखको । उनके वचको उर धारा ॥ ९९ ॥
पकडे हूँ दृढ विट्ठल चरण । तुका कहे आन नाहीं काम ॥

'मेरे जीको जजालसे छुड़ाया, ऐसे दयालु मेरे प्रभु नारायण हैं । सतत श्रीविठ्ठलका नाम मुखसे उचारूँ, यही मेरा नियम, यही मेरा धर्म है । तुमलोग और कहीं मत देखो, श्रीहरिकी कथा करो, उसीमें अकस्मात् तुम उन्हें देख लोगे । भावुक भक्तोंके हाथ भगवान् लगते हैं, अपनेको बड़े बुद्धिमान् लगानेवाले मर मिटते हैं तो भी भगवान् उन्हें नहीं मिलते । निर्गुण भगवान् भक्तिप्रिय माधुर्य चखनेके लिये अपनी इच्छासे सगुण बनकर प्रकट होते हैं, चित्त उनमें रँग जाय तो स्वय ही चैतन्य हो जाय, फिर वहाँ निजानन्दकी क्या कमी रहे ? वह सुखके सागर ईंटपर खड़े हैं, वही एक कृपा करनेवाले हैं । हमें उन्हींके नामका विश्वास है इसलिये वाणीसे उन्हींका नाम-सकीर्तन करते हैं । मुझ मूर्खको सतजनोंने ऐसा ही सिखाया है, उनके वचनपर विश्वास किये बैठा हूँ । श्रीविठ्ठलके चरण पकड़े बैठा हूँ । तुका कहता है, अब और कोई दूसरी इच्छा नहीं है ।'

ये लोग ससारसे ऐसे क्यों चिपके रहते हैं, इसीका मुझे बड़ा आश्चर्य लगता है । मेरा तो यह अनुभव है कि 'हरि कथा सुखाची समाधि' (हरिकथा सुखकी समाधि है)। क्या यह परमामृत भोग करना इनके भाग्यमें नहीं है ?

(६) 'गाईन ओविया पण्ढरीचा देव' (गाऊँ मैं गीत पण्ढरीके भगवन्त)—यह दूसरा अभग है । अब इसे देखें—

रँगा मेरा चित्त, चरणोंम नत । प्रेमानन्द-रत यही लाभ ॥ २ ॥
जोड़ें यही पूँजी, ससारसे सारी । राम कृष्ण हरी, नारायण ॥ ३ ॥

(५) 'पाण्डुरंगा करूँ प्रथम नमन' (पाण्डुरङ्गको पहले नमन करता हूँ)—तुकारामजीके ओवीरूप दो अभंग हैं। वे हैं बहुत बड़े, पर मधुर हैं। प्रत्येक अभंग सौ चरणोंका है पहला अभंग देखा जाय।

शीण सकळ मज संसार संभ्रमें ।

'संसारमें भटकते-भटकते मैं थक गया। वो अब आपकी बदौलत दूर हुई! विश्रान्ति मिली! समाधान हुआ! कैसे हुआ?

शीतळ या नामें झाली काया ॥ ५ ॥

'इस नामसे काया शीतल हुई।'

हरि-नाम और हरि-गुण गाओ और सब उपाय दुःखमूल हैं। मेरा उद्धार हरि-कीर्तनसे हुआ। लोगोंको अपने अनुभवका ही मार्ग बतलाता हैं—

वैकुण्ठ जानेका यह सुन्दर मार्ग है। रामकृष्णका कीर्तन करो, विष्णुदासोंके लिये उन्हींका सत्कीर्तन करते हुए यात्रा करो, सुजान हो, अजान हो, जो हो हरिकथा करो। मैं शपथ करके कहता हूँ कि इससे तर जाओगे। (११, १९)

निराश मत हो यह मत कहो कि हम पतित हैं हमारा उद्धार क्या होगा! 'मुझ-जैसा पतित और कोई न होगा', और लोग और साधन करते होंगे पर मेरे लिये कीर्तन छोड़ और कोई साधन नहीं और इसी साधनसे मैं तर गया।

मेरे भक्ति पंथ लिये विठोबन । ऐसे नारायण, दयावंत ॥ ३१ ॥
यही मेरा नेम यही मेरा धर्म । नित्य जप नाम श्रीविट्ठल ॥ ३४ ॥
नहीं मज देवो, अन्य हरिनाम । देवावे श्रीराम पकापक ॥ ६० ॥
भक्त जन दास्य, जाणे मर्मार्थ । करे कुविकल्प गिरि मस्ते ॥ ६८ ॥
होके भी निर्गुण बनते सगुण । भक्त जन प्रेम वश होके ॥ ८९ ॥

नामें लोभ मोह, आशा तृष्णा माया ।
जव गान गाया, हरिनाम ॥ ३६ ॥

यही रीति अंग, किये पाण्डुरंग ।
रंगाये श्रीरंग, निजरंग ॥ ४२ ॥

विठ्ठलके प्यारे, हमईं दुलारे ।
दैत्य मतवारे, काँप रहे ॥ ४६ ॥

सत्य मान सत-सज्जन-वचन ।
गहो नारायण, पदाम्बुज ॥

'अमृतका बीज, आत्मतत्त्वका सार, गुह्यका भी गुह्य रहस्य श्रीराम-नाम है। यही सुख मैं सदा लेता रहता हूँ और निर्मल हरि-कथा किया करता हूँ। हरि-कथामें सबके समाधि लग जाती है। लोभ, मोह, आशा, तृष्णा, माया सब हरि-गुण-गानसे रफूचक्कर हो जाते हैं। पाण्डुरङ्गने इसी रीतिसे मुझे अङ्गीकार किया और अपने रंगमें रँगा डाला। हम विठ्ठलके लाड़िले लाल हैं, जो असुर हैं वे कालके भयसे काँपते रहते हैं। सत-वचनोंको सत्य मानकर तुमलोग नारायणकी शरणमें जाओ।

प्रेमियोंका सङ्ग करो। धन लोभादि मायाके मोहपाश हैं। इस फन्देसे अपना गला छुड़ाओ। ज्ञानी बननेवालोंके फेरमें मत पड़ो, कारण 'निन्दा, अहंकार, वादभेद' में अटककर वे भगवान्‌से बिछुड़े रहते हैं। 'साधुओंका सङ्ग करो।' 'सतसङ्गसे प्रेम-सुख लाभ करो।'

सत-संग-हरि कथा संकीर्तन। सुखका साधन राम-नाम ॥

प्रतीतिकी यह सीधी-सादी बानी कितनी मीठी है! ऊपर उल्लिखित दोनों अभंगशतक कण्ठ करने योग्य हैं। इस गङ्गाप्रवाहमें नित्य निमज्जन करे।

(७) 'साधका ची दशा उदास असावी' (साधककी अवस्था उदास रहनी चाहिये—उदास किसे कहते हैं? 'जिसे अन्दर-बाहर कोई

नासे लोभ मोह, आशा तृष्णा माया ।
जब गान गाया, हरिनाम ॥ ३६ ॥
यही रीति अग, किये पाडुरग ।
रगाये श्रीरग, निजरग ॥ ४२ ॥
विट्ठलके प्यारे, हमहैं दुलारे ।
दैत्य मतवारे, कॉप रहे ॥ ४६ ॥
सत्य मान सत-सज्जन-वचन ।
गहो नारायण, पदाबुज ॥

'अमृतका बीज, आत्मतत्त्वका सार, गुह्यका भी गुह्य रहस्य श्रीराम-नाम है । यही सुख मैं सदा लेता रहता हूँ और निर्मल हरि-कथा किया करता हूँ । हरि-कथामें सबके समाधि लग जाती है । लोभ, मोह, आशा, तृष्णा, माया सब हरि-गुण-गानसे रफूचक्कर हो जाते हैं । पाण्डुरङ्गने इसी रीतिसे मुझे अङ्गीकार किया और अपने रगमें रँगा डाला । हम विठलके लाड़िले लाल हैं, जो असुर हैं वे कालके भयसे काँपते रहते हैं । सत-वचनोंको सत्य मानकर तुमलोग नारायणकी शरणमें जाओ ।

प्रेमियोंका सङ्ग करो । धन लोभादि मायाके मोहपाश हैं । इस फन्देसे अपना गला छुड़ाओ । ज्ञानी बननेवालोंके फेरमें मत पड़ो, कारण 'निन्दा, अहकार, वादभेद' में अटककर वे भगवान्से बिछुड़े रहते हैं । 'साधुओंका सङ्ग करो ।' 'सतसङ्गसे प्रेम-सुख लाभ करो ।'

सत-सग-हरि कथा सकीर्तन । सुखका साधन राम-नाम ॥

प्रतीतिकी यह सीधी-सादी बानी कितनी मीठी है । ऊपर उल्लिखित दोनों अभगशतक कण्ठ करने योग्य हैं । इस गङ्गाप्रवाहमें नित्य निमज्जन करे ।

(७) 'साधका ची दशा उदास असावी' (साधककी अवस्था उदास रहनी चाहिये—उदास किसे कहते हैं ? 'जिसे अन्दर-बाहर कोई

उपाधि न हो, उसकी जिह्वा लोलुप न हो, भोजन और निद्रा नियमित हों, अर्थात् वह युक्ताहारविहार हो। स्त्री-विषयमें वह फिसलनेवाला न हो—

एकांती लोकांती स्त्रियांशी भाषण । प्राण गेल्या जाण करूं नये ॥
एकान्त लोकान्त कहीं स्त्री-भाषण । न करे प्राण, जाय जाय ॥

'एकान्तमें या लोकान्तमें (भीड़ भड़क्केमें) प्राणोंपर बीत आवे तो भी स्त्रियोंसे भाषण न करे।'

इस प्रकार सदाचारका पालन करते हुए—

संग सज्जनांचा उच्चार नामाचा । घोष कीर्तनाचा अहर्निशी ॥

'सज्जनोंका संग नामका उच्चारण और कीर्तनका घोष अहर्निश किया करे। इस प्रकार हरि-भजनमें रमे। सदाचारसे रहित रहकर भगवद्भक्तोंके भेषमें कोई केवल भजन करे तो वह भजन कुछ भी काम न देगा। वैसे ही कोई सदाचारमें पक्का है पर भजन नहीं करता तो वह भी बेकार है। सदाचारसे रहे और हरिको भजे, उसीको गुरु-कृपासे लाभ होगा।

(८) 'काळ सारावा चिंतनें' (चिन्तनसे समय काटे)—एकान्त-वास गङ्गा-स्नान देव-पूजन तुलसी-परिक्रमा नियमपूर्वक करते हुए हरि-चिन्तनमें समय व्यतीत करे। इन्द्रियोंको नियमसे नियत कर आहार, विहार, निद्रा और भाषणमें संयत रहे। देह भगवान्को अर्पण करे। प्रपञ्चका भार सिरपर उठाकर कराहता न बैठे। परमार्थ-लाभ ही महालाभ है, यह जानकर भगवान्के चरण प्राप्त करे।

(९) 'धिक् जिणें तो बाइले आधीन' (स्त्रीके अधीन होकर जीनेको धिक्कार है!)—जो मनुष्य स्त्रैण है वह न परलोक पा सकता है न इहलोकमें मान प्राप्त कर सकता है। अतिथि-पूजन करे। द्वारपर कोई अतिथि आवे और उसे विमुख होकर जाना पड़े तो वह जो जाता है

वह यजमानका 'सत्' लेकर जाता है। द्वारपर कोई भूखा खड़ा चिल्ला रहा हो और गृहस्थ घरमें बैठा भोजन करे—ऐसा भोजन भी किसीसे कैसे करते बनता है, उस अन्नमें रुचि भी कहाँसे आ जाती है? काम, क्रोध, लोभ, निद्रा, आहार और आलस्यको जीते। मानके लिये न कुढ़े। विवेक और वैराग्य बलवान् हो। निन्दा और वाद सर्वथा त्याग दे।

(१०) 'युक्ताहार न लगे आणीक साधन' (युक्ताहारके लिये और साधन क्या !)—

लौकिक व्यवहार, चलाओ अखड । न लो भसदट, बनवास ॥
कलिमें धार, नाम-सकीर्तन । उससे नारायण, आ मिलेंगे ॥

'लौकिक व्यवहार छोड़नेका कुछ काम नहीं, वन-वन भटकने या भस्म और दण्ड धारण करनेकी कोई आवश्यकता नहीं। कलियुगमें (यही उपाय है कि) कीर्तन करो, इसीसे नारायण दर्शन देंगे।'

रहते जो नहीं, एकादशी व्रत । जानो उन्हें प्रेत, जीते भूत ॥
नहीं जिस द्वार, तुलसी श्रीवन । जानो वह श्मशान, गृह कैसा ॥

'एकादशी-व्रतका नियम जो नहीं पालन करता उसे इस लोकमें रहनेवाला प्रेत समझो। जिस घरके द्वारपर तुलसीका पेड़ न हो उस घरको श्मशान समझो।'

(११) 'पाराविया नारी माउली समान' (परनारी माताके समान)—जाने। परधन और परनिन्दा तजे। रामनामका चिन्तन करे। सत-वचनोंपर विश्वास रखे। सच बोले। तुकारामजी कहते हैं, 'इन्हीं साधनोंसे भगवान् मिलते हैं, और प्रयास करनेकी आवश्यकता नहीं।'

(१२) भक्ति सह गीत । गावो शुद्ध करि चित्त ॥ १ ॥
यदि चाहो भगवान । कर लो सुलभ साधन ॥ध्रु० ॥
करो मस्तक नमन । धरो संतोंके चरण ॥ २ ॥

दूसरोंके　दोष । मन　कानमें　न　घेत ॥ ३ ॥
तुका　कहे　थर । थोड़ा　बहु　उपकार ॥ ४ ॥

'चित्तको शुद्ध करके भावसे गीत गावे। यदि तुम भगवान्‌को चाहते हो तो यह सुलभ उपाय है। मस्तक नीचा करो, सन्तोंके चरणोंमें लगो। औरोंके गुण-दोष न सुनो, न अपने मनमें लाओ। तुका कहता है, कुछ थोड़ा-बहुत उपकार भी किये चलो।'

(१३) साधनें करी हीं च दोन्ही (साधन ये यही दो हैं)—इन्हें साधो, भगवान् दया करेंगे। ये कौन-से दो साधन हैं?—

परद्रव्य　परनारी । यां　च　धरी　विटाळ ॥ २ ॥

'परद्रव्य और परनारीका छूत मानो।'

(१४) येथें दुसरें न करे भारी। ऐसा मेरी अवस्था। अर्थात् भगवान्‌से मिलने जानेके लिये और साधन करनेकी आवश्यकता नहीं।

ध्यावो　प्रभु　एक　चित्त । करके　रिक्त　कलेवर ॥

'मनको खाली करके चित्तसे उसी एकका ध्यान करो। मनको भूलकर चरणोंका चिन्तन करो।'

(१५) तुका कहे पूरे आस । तहाँ　वास,　प्रभुका ॥

'जहाँ कोई आशा न रही वहीं भगवान् रहते हैं।' 'आशाको जड़से उखाड़कर फेंक दे।'

(१६) नावडावे जन नावडावा मान (रुचे नहिं जन रुचे नहिं मान)—देह-सम्बन्धी स्वजनों आदरों लोगों और सम्मानोंमें मन न रहे।

रुचे नहिं जन रुचे नहिं रस । रहे सदा आस चरणोंमें ॥

(१७) हित व्हावें तरी दम्भ पुरी ठेवा (यदि हित चाहते हो तो दम्भको पास न आने दो)—लोगोंके लिये, लोक दिखाव नहीं इसलिये

परमार्थ करना चाहते हो तो मत करो । भगवान्‌को चाहते हो तो भगवान्‌को भजो ।

देवाचिये चाडें आळवावें देव। ओस देह भावा पाडोनिया ॥

'भगवान्‌की लगन हो तो देहभावको शून्य करके भगवान्‌को भजो ।' तन और मनके फन्देमें मत फँसो, इनसे छिपकर नारायणका चिन्तन-सुख भोग करो ।

(१८) निर्वैर व्हावें सर्व भूतासवें (निर्वैरः सर्वभूतेषु हो)—यह एक साधन भी बहुत ही अच्छा है ।

(१९) नरस्तुति आणि कथेचा विकरा (नरस्तुति और कथाका विक्रय)—ये दो पाप ऐसे हैं कि भगवन् ! मेरे द्वारा कभी न होने दो ! और

भूतों प्रति द्वेष संतोंकी बुराई । हो न यदुराई, कदा काल ॥

'प्राणियोंके प्रति मात्सर्य और सन्तनिन्दा, यह भी हे गोविन्द ! मुझसे कभी न हो ।'

(२०) कळे न कळे ज्या धर्म (धर्मको जो जानते हैं या नहीं जानते)—ऐसे सुजान-अजान सबको तुकाराम एक ही रास्ता बतलाते हैं, 'माझ्या विठोबाचें नाम । अट्टहासें उच्चारा ॥' (मेरे विठ्ठलका नाम अट्टहासके साथ उच्चारो ।)

तो या दाखवील वाटा । जया पाहिजे त्या नीटा ॥
कृपावंत मोठा । पाहिजे तो कळवळा ॥ २ ॥

'वह (स्वयं ही) जिसके लिये जो मार्ग ठीक है वह दिखा देगा । वह बड़ा दयालु है, पर हृदयकी वह लगन होनी चाहिये ।'

भगवत्प्रेम चित्तमें धारण करो । मन और वाणीपर विठ्ठलकी ही धुन हो । हृदयमें सच्ची लगन हो तो जिसके लिये जो मार्ग सरल और सुगम है उसे वह स्वयं दिखा देगा ।

(११) हेंचि भवरोगासी औषध (यही भवरोगकी ओषधि है)—
इस ओषधिके सेवनसे क्या होगा?—

जन्म जरा मासी व्याध । न रहे और कोई उपाध ।
कधीं नव पालटे ॥

जन्म-मृत्यु जरा और रोग नष्ट हो जाते हैं और कोई विकार नहीं होता। षड्विकारोंका भी नाश हो जाता है। इस ओषधिमें सब गुण-ही-गुण हैं दोष कुछ भी नहीं। जितना सेवन करें उतना लाभ है। सब तो यह ओषधि बड़ी अच्छी है। यह क्या है? तुकारामजी बतलाते हैं—

सांवरे प्यारेको रे देख । छ चार अठारह भये एक ।
दुश्चित न कर क्षण एक । नाम मंत्र बोल विष्णु-सहस्र ॥

शोभित साँवरे प्यारेको देख। देख उसे जिसमें छओं शास्त्र चारों वेद और अठारह पुराण एकीभूत हैं। एक क्षण भी दुश्चित्त न कर। विष्णुसहस्रनाम जपा कर। यही वह ओषधि है। अब इसका अनुपान भी जान ले नहीं तो ओषधि-सेवनसे क्या लाभ? अनुपान सुनो—

कहीं न जाय छोड निज घर । न लगे बाहरकी रे बयार ॥
बहु बोलना कम कर । संग मत्सर छोड दे रे ॥

'अपना घर (हरि-प्रेम) छोड़कर बाहर न जाय, बाहरकी हवा न लगने दे, बहुत न बोले और मत्सरयुक्त छोड़ दूसरा संग न करे। अपना हृदय श्रीहरिको दे डाले। फिर हरिको देनेसे वह नवनीतके समान मृदु होता है।

कुछ अनुपान अभी और बतलाना है—

महाजने अनुसार लोक सो दिसा । वेद बड बास सारी भाषा ।
पतीत पावन भक्ति का जैसा । तुका कहे दशा भीमी बैराग्य ॥

'अनुताप-तीर्थमें स्नान करो, दिशाओंको ओढ लो और आशारूपी पसीना बिल्कुल निकल जाने दो और वैराग्यकी दशा भोग करो। इससे, पहले जैसे तुम थे वैसे हो जाओगे।'

(२२) सारी दशाएँ इससे सधनीं। मुख्य उपासना सगुणभक्ति।
प्रकटे हृदयकी मूर्ति। भावशुद्धि जानकर ॥

'सब दशाएँ इससे सध जाती हैं। मुख्य उपासना सगुणभक्ति है। भावशुद्धि होनेपर हृदयमें जो श्रीहरि हैं उनकी मूर्ति प्रकट हो जाती है।'

श्रीहरिके सगुणरूपकी भक्ति करना ही जीवोंके लिये मुख्य उपासना है। मुमुक्षु जिस मूर्तिका नित्य ध्यान करता है वह हृदयमें रहनेवाली मूर्ति मुमुक्षुका चित्त शुद्ध होनेपर उसके नेत्रोंके सामने आ जाती है। इस सगुणसाक्षात्कारका मुख्य साधन हरि नामस्मरण ही है, और सगुण-साक्षात्कारके अनन्तर भी नामस्मरण ही आश्रय है। नाम स्मरणसे ही हरिको प्राप्त करो और हरिके प्राप्त होनेपर भी नामस्मरण करो। बीज और फल दोनों एक हरिनाम ही हैं, इस सगुणभक्तिसे सब दशाएँ साधी जाती हैं। भव-बन्धन कट जाते हैं, जन्म-मृत्युका चक्कर छूट जाता है। योगी जिसे ब्रह्म मानते और मुक्त जिसे परिपूर्ण आत्मा कहते हैं वही हमारे सगुण श्रीहरि हैं। उनका नाम-सकीर्तन ही हमारा साधन और साध्य है। उसी नारायणको हम भक्तलोग 'सगुण, निर्गुण, जगज्जनिता, जगजीवन, वसुदेव-देवकी-नन्दन, बालरॉगन, बाल-कृष्ण' कहकर भजते हैं।

(२३) धरना देनेवाले ब्राह्मणको—तुकारामजीने ११ अभगोंमें जो बोध कराया है उसमें भी यही बतलाया है कि इन्द्रियोंको जीतकर मनको निर्विषय करो और भगवान्‌की शरण लो। शरण जानेकी रीति बतलायी कि, देहभावको शून्य करके 'भगवत्प्रेमसे ही भगवान्‌को भजो।'

(२४) श्रीशिवाजी महाराजको भेजे हुए पत्रमें भी—

मनसीं ठेवा सुखी । म्हणा विठ्ठल विठ्ठल मुखीं ॥ १ ॥
कंठीं मिरवा तुळसी । व्रत करा एकादशी ॥ २ ॥

इसमें इतना ही कहा है कि आप मुखसे 'विठ्ठल-विठ्ठल करें। कण्ठमें तुलसीकी माला धारण करें और एकादशीका व्रत पालन करें।' यही मुख्य उपदेश है।

(२५) प्रयाणके पूर्व शिवाजीमहाराजको ११ अभंगोंमें जो पूर्ण बोध कराया है उसमें भी 'बाल-बच्चोंके मोहमें न पड़कर तुम अपना काम बना लो' यही पहले कहा है और फिर कहते हैं कि 'भगवान्‌के दर्शन चाहते हो तो साधन करो। नारायणकी माया पहले छोड़ दो। लीप-पोतकर स्थान स्वच्छ रखो, तुलसीकी सेवा करो, अतिथि और ब्राह्मणोंका पूजन करो। सम्पूर्ण भक्ति-भावसे वैष्णवोंकी दासी बनो और मुखसे श्रीहरिका नाम लो।

(२६) 'ऐका पण्डितजन' (सुनो हे पण्डितो!)—विद्या पढ़कर विद्वान् क्या करते हैं! प्रायः किसी राजा रईस या धनिककी अतिरिक्त स्तुति करके अपनी विद्या उनके पैरोंपर रख देते हैं। ऐसे पण्डितोंसे तुकाराम कहते हैं 'नरस्तुति मत करो। तब पेट कैसे भरेगा! 'अन्न आच्छादन। हे तों प्रारब्धा आधीन' (अन्न-वस्त्र तो प्रारब्धके अधीन है।) सारा प्रपञ्च प्रारब्धके सिर पटको और श्रीहरिको ढूँढ़नेमें लगो। कैसे ढूँढें! क्या करें!

तुका म्हणे वाणी । सुखें वेंचा नारायणीं ॥

अपनी वाणी नारायणके लिये सुखपूर्वक खर्च करो।

पण्डित शब्दकी व्याख्या तुकारामजीने गीताके अनुसार ही की है—

पंडित तो भला । नित्य भजे जो विठ्ठला ॥ १ ॥
अवघें सम ब्रह्म पाहे । सर्वभूतीं विठ्ठल आहे ॥ २ ॥

'सच्चा पण्डित वही है जो नित्य विठ्ठलको भजता है और यह देखता है कि यह सम्पूर्ण समब्रह्म है और सब चराचर जगत्‌में श्रीविठ्ठल ही रम रहे हैं।'

(२७) अब अन्तमें एक मधुर अभंग और लीजिये जो सबके लिये बोधप्रद है। इसमें उपासनाकी शपथ करके तुकारामजीने यह बतलाया है कि परम सावन नाम-संकीर्तन ही है। उपास्यदेवको उठा लेना कितनी बड़ी बात है। हृदयमें वैसी सच्ची लगन हो, वैसी दृढ़ता हो, वैसी कृतकार्यता हो तभी उपास्यदेवकी शपथ करके कोई बात कही जा सकती है। ऐसी बातका मर्म और महत्त्व उपासकोंके ही ध्यानमें आ सकता है—

नाम-संकीर्तन सुलभ साधन। पाप-उच्छेदन जड़मूल॥ १॥
मारे-मारे फिरो काहे बन-बन। आवें नारायण घर बैठे॥ ध्रु०॥
जाओ न कहीं करो एक चित्त। पुकारो अनंत दयाघन॥ २॥
'राम कृष्ण हरि विठ्ठल केशव'। मंत्र भरि भाव जपो सदा॥ ३॥
नहीं कोई अन्य सुगम सुपथ। कहूँ मैं शपथ कृष्णजीकी॥ ४॥
तुका कहे सूधा सबसे सुगम। सुधी जनाराम रमणीक॥ ५॥

'नाम-संकीर्तनका साधन है तो बहुत सरल, पर इससे जन्म-जन्मान्तरके पाप भस्म हो जायँगे। इस साधनको करते हुए बन-बन भटकनेका कुछ काम नहीं है। नारायण स्वयं ही सीधे घर चले आते हैं। अपने ही स्थानमें बैठे चित्तको एकाग्र करो और प्रेमसे अनन्तको भजो। 'राम-कृष्ण-हरि-विठ्ठल केशव' यह मन्त्र सदा जपो। इसे छोड़कर और कोई साधन नहीं है। यह मैं विठ्ठलकी शपथ करके कहता हूँ। तुका कहता है, यह साधन सबसे सुगम है, बुद्धिमान् धनी ही इस धनको यहाँ हस्तगत कर लेता है।'

यह प्रकरण यहाँ समाप्त हुआ। सत्संग, सत्-शास्त्र, सद्गुरु-कृपा और साक्षात्कार परमार्थमार्गके ये चार पड़ाव हैं। इनमेंसे पहला पड़ाव सत्संग है, यहाँतक हमलोग पहुँचे। तुकाराम वारकरी घरानेमें पैदा हुए, वारकरी सम्प्रदायमें भरती हुए और उसी सम्प्रदायको उन्होंने बढ़ाया। इससे वारकरियोंका सत्संग ही उन्हें प्राप्त हुआ। यह सम्प्रदाय मुट्ठीभर लोगोंका नहीं है, सम्पूर्ण महाराष्ट्रके अधिवासियोंका यह धर्म है। इसलिये वारकरी सम्प्रदायके मुख्य तत्त्व 'सिद्धान्तपञ्चपदी' के रूपसे संकलित करके पाठकोंके सामने रखे हैं। अनन्तर एकादशीव्रत वारकरियोंके भजन, मेले और कीर्तन-प्रकार इन तीन मुख्य बातोंका विचार किया। तुकाराम बाल्यके बलसे इस मार्गपर चले और इसी मार्गपर चलनेका उपदेश उन्होंने सबको किया, इसलिये हमलोग भी उनके सत्संगसे उन्हींके प्रासादिक वचनोंको सुनते हुए यहाँ तक आये। अन्तमें उन्होंने अपने मनको, जनसाधारण जनको, अधम और सुजनको, राजाको और अपनी सहधर्मिणी जिजाबाईको जो उपदेश किया उससे भी यह बोध किया कि तुकारामजीने अपने लिये कौन-सा साधनमार्ग निश्चित किया था। सम्प्रदायके परम्परागत मार्गपर ही तुकाराम चले और इससे यह ज्ञात हुआ कि उनका साधनमार्ग और सम्प्रदायका साधनमार्ग एक ही है। उदास-वृत्तिसे रहकर प्रपञ्च करे और तन-मन भगवान्‌को अर्पण करे; परस्त्री, परधन, परनिन्दा और परहिंसासे सर्वदा दूर रहे; सदाचारमें अटल रहे; काम, क्रोध, मोह, तृष्णा, माया, दम्भ और मत्सरको सर्वथा त्यागकर चित्तको शुद्ध करे; सन्तवचनोंपर विश्वास रखते हुए सब प्राणियोंके साथ विनम्र रहे; एकादशीका महाव्रत, पण्ढरीकी वारी और हरिकीर्तन कभी न छोड़े। भक्तोंके साथ सम्प्रदायके इस मार्गपर चलते हुए परम प्रेमसे श्रीपाण्डुरङ्गका भजन करे। यहाँतक यही साधनमार्ग देखा। अब सत्-शास्त्रकी ओर आगे बढ़ें।

छठा अध्याय

तुकारामजीका ग्रन्थाध्ययन

'अक्षरोंको लेकर बड़ी मायापची की, इसलिये कि भगवान् मिलें। यह कोई विनोद नहीं किया है कि जिससे दूसरोंका केवल मनोरञ्जन हो।'

* * *

'विश्वास और आदरके साथ सन्तोंके कुछ वचन कण्ठ कर लिये।'

* * *

—श्रीतुकाराम

१ विषय-प्रवेश

'तुकारामजीका ग्रन्थाध्ययन' शीर्षक देखकर बहुत से लोग अचरज करेंगे कि 'क्या तुकारामने भी ग्रन्थोंका अध्ययन किया था ? ग्रन्थोंसे उन्हें क्या काम ? वह कभी किसी पाठशालामें जाकर या किसी गुरुके पास बैठकर कुछ पढ़े भी थे ? उनपर तो भगवत्कृपा हुई। भगवत् स्फूर्ति होनेसे उनके मुखसे ऐसी अभगवाणी निकली !' यह अन्तिम वाक्य सही है, उन्हें भगवत्-स्फूर्ति हुई और इससे अभगवाणी उनके मुखसे प्रकट हुई। यह बात सोलहों आने सच है। पर प्रश्न यह है कि भगवत्-स्फूर्ति होनेके पूर्व उन्होंने कुछ अध्ययन भी किया था या नहीं ? भगवत्-स्फूर्ति तुकारामजीको ही क्यों हुई ? देहूमें या अन्यत्र और भी तो बहुत से युवक

थे। पर बोये बिना कुछ उगता नहीं और श्रम किये बिना कुछ मिलता नहीं, कर्मका यह मुख्य सिद्धान्त है। तुकारामने भी भगवान्‌से मिलनेके लिये अनेक साधन किये। तुकाराम पाठशालामें जाकर पढ़े थे और परमार्थ सिखानेवाले गुरु भी उन्हें मिले थे। उनकी पाठशाला थी पण्ढरीका भागवत सम्प्रदाय और उनके गुरु थे उनके पूर्वमें होनेवाले भगवद्भक्त। पुण्डलीकने महाराष्ट्रमें भागवतधर्मका विश्वविद्यालय स्थापित किया। तबसे पण्ढरीके विद्यालयसे संयुक्त आलन्दी, सासवड़, त्र्यम्बकेश्वर पैठण इत्यादि स्थानोंमें अनेक विद्यालय स्थापित हुए। इस विद्यालयसे अनेक भगवद्भक्त निर्माण होकर बाहर निकले थे और उन्होंने महाराष्ट्रमें सर्वत्र भागवतधर्मका जय-जयकार किया था। तुकारामके द्वारा देहूका विद्यालय स्थापित होना बदा था। पर इसके पूर्व उन्होंने पण्ढरी, आलन्दी और पैठणके विद्यालयोंमें योग्य गुरुओंके समीप स्वयं भी अध्ययन किया था। तुकाराम वारकरी सम्प्रदायकी पाठशालामें तैयार हुए और इस सम्प्रदायमें प्रचलित मुख्य-मुख्य ग्रन्थोंका उन्होंने भक्तिपूर्वक अध्ययन किया था। हमें इस अध्यायमें यही देखना है कि तुकारामजीने किन-किन ग्रन्थोंका अध्ययन किया, किन-किन सन्तोंके वचन कण्ठ किये उनके प्रिय ग्रन्थकार कौन-से थे, उन्होंने ग्रन्थोंका अध्ययन किस प्रकार किया और उनमेंसे क्या सार ग्रहण किया। परन्तु इसके पूर्व हमें यह देखना चाहिये कि ग्रन्थाध्ययनका साधारणतः महत्त्व क्या है।

२ अध्ययनके बाद साक्षात्कार

सद्गुरु-कृपा होनेके पूर्व और कुछ काल पीछे भी ग्रन्थाध्ययन सबके लिये ही आवश्यक होता है। सबने सब समयोंमें शास्त्राध्ययनका महत्त्व माना है। पहले अपरा विद्या और पीछे परा विद्या, पहले परोक्ष ज्ञान और पीछे अपरोक्षज्ञान पहले शास्त्राध्ययन और पीछे अनुभव, यह क्रम स्वानुभवसे चला आया है। मुण्डकोपनिषद्‌में 'द्वे विद्ये वेदितव्ये' कहकर

'ऋग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदोऽथर्ववेदः शिक्षा कल्पो व्याकरण निरुक्त छन्दो ज्योतिषमिति' अपरा विद्या गिनाकर यह कहा है कि 'यया तदक्षरमधिगम्यते' (जिससे वह अक्षर ब्रह्म जाना जाता है) वह पराविद्या है। अपरा विद्या प्राप्त कर लेनेपर ही परा विद्या प्राप्त होती है। 'शब्दादेवापरोक्षधी' अर्थात् वेद-शास्त्रोंके अध्ययनसे ही अपरोक्षानुभव प्राप्त होता है, यही सिद्धान्त है। ज्ञान जैसे जैसे जमता है वैसे-ही-वैसे विज्ञानका आनन्द प्राप्त होता जाता है। श्रीज्ञानेश्वर महाराजने 'अमृतानुभव' में पहले शब्दका मण्डन करके पीछे यह दिखा दिया है कि अपरोक्षानुभवके अनन्तर उसका किस प्रकार खण्डन हो जाता है। परन्तु शब्दका मण्डन करते हुए उन्होंने यह कहा है कि 'शब्द बड़े कामकी चीज है। 'तत्त्वमसि' शब्दके द्वारा ही जीवको अपने स्वरूपका स्मरण होता है। शब्द जीवको स्वरूप स्थितिपर ले आनेवाला दर्पण है।' (अमृतानुभव प्र० ६। १) इसी प्रकार 'शब्द विहितका सन्मार्ग और निषिद्धका असन्मार्ग दिखानेवाला मशालची है। शब्द बन्ध और मोक्षकी सीमा निश्चित करनेवाला—इनके विवादका निर्णय करनेवाला न्यायाधीश है।' (अमृत० प्र० ६। ५) यहाँ 'शब्द' का अभिप्राय 'वेद' से है। 'वेद' शब्दका ही पर्याय है। शब्दसे ही जीवात्मा शिवात्मासे मिलता है। जीवात्माका परमात्मासे मिलन होनेपर यद्यपि शब्द पीछे हट आता है (यतो वाचो निवर्तन्ते), तथापि आत्मारामके मन्दिरमें पहुँचा आनेवाला 'शब्द' पथ-प्रदर्शक है और इसलिये उसका सहारा लिये बिना जीवके लिये और कोई गति नहीं है।

३ शब्दका अभिप्राय

'शब्द' का अभिप्राय 'वेद' से ही है, तथापि वेदोंका रहस्य जो शास्त्र, पुराण और सन्त वचन बतलाते हैं उनका भी समावेश इस 'शब्द' में हो जाता है। अर्थात् 'शब्द' से वेद, शास्त्र, पुराण, सन्त-वचन, भव बन्ध-मोचक शब्द साहित्य मात्र ग्रहण करनेसे यही निष्कर्ष निकलता है

कि शब्दका आश्रय किये बिना जीवको स्वहितका मार्ग मिलना दुर्घट है। इस पवित्र शब्द-साहित्यसे जीवको प्रवृत्ति-निवृत्ति, विधि-निषेध, बन्ध मोक्षका यथार्थ ज्ञान प्राप्त होता है और अपने मूलका पता लगता है। तुकारामजीने धर्मग्रन्थोंके रूपसे वेद, शास्त्र, पुराण और सन्त-वचनोंको ही जहाँ-तहाँ ग्रहण किया है।

विश्वीं विश्वंभर । बोले वेदांतीचा सार ॥ १ ॥
जगीं जगदीश । शास्त्रें वदती सावकाश ॥ २ ॥
व्यापिलें हें नारायण । ऐसीं गर्जती पुराणें ॥ ३ ॥
जनीं जनार्दन । संत बोलती वचन ॥ ४ ॥
सूर्याचिया परी । तुका लोकीं क्रीडा करी ॥ ५ ॥*

'विश्वमें विश्वम्भर हैं, तात्पर्य वेदान्त यही कहता है। जगत्‌में जगदीश हैं यही धीरे-धीरे शास्त्र बतलाते हैं। इस सबको नारायणने व्यापा है यही पुराणोंकी गर्जना है। जनमें जनार्दन हैं, यही सन्तोंकी वाणी है। सूर्यके समान यही (श्रीहरि) लोकमें क्रीडा कर रहे हैं।'

वेद, शास्त्र, पुराण और सन्त-वचन सबका रहस्य एक ही है और वह यही है कि विश्वमें विश्वम्भर हैं यही विश्वम्भर जो विश्वको अपने एकांशसे भरते हैं। वेदोंने यह आत्मस्फूर्तिसे बताया शास्त्रोंने खण्डन मण्डनपूर्वक चर्चा करते हुए तात्पर्य बताया, पुराणोंने गरजकर बताया जिसमें आबालवृद्ध और आचाण्डाल सब लोग सुन लें और स्वयं अनुभव

---

* ऐतिहासिक दृष्टिसे देखनेवाले इस अभंगमें यह देख सकते हैं कि तुकारामजीने हिंदुधर्मके इतिहासके चार भाग किये हैं—(१) वेदोपनिषत्काल, (२) स्मृति या षड्दर्शनोंका काल, (३) पुराणोंका काल और (४) साधु-सन्तोंका काल। इन चारों काल-विभागोंमें वैदिक धर्मकी परम्परा अव्यभिचाररूपसे चली आयी है और 'विश्वीं विश्वंभर' (विश्वमें विश्वम्भर) ही हमारे धर्मका सार है।

प्राप्त करके सन्तोंने बताया। चारोंके बतानेका ढंग अलग-अलग हो सकता है, भाषा भिन्न-भिन्न हो सकती है, शैली भी विविध हो सकती है, पर सिद्धान्त एक ही है। सिद्धान्तकी दृष्टिसे उनमें एकवाक्यता है। वेद शास्त्र जिसे आत्मा कहते हैं; पुराण राम-कृष्ण-शिवादि रूपसे जिसका वर्णन करते हैं, उसीको हमारे वारकरी भक्त विठ्ठल नामसे पुकारते हैं। नामोंमें भेद भले ही हो, पर परमात्म वस्तु एक ही है। नाम रूपके भेदसे वस्तु भेद नहीं होता। श्रुतिने जिसे पहचाननेके लिये ॐ शब्दका सङ्केत किया उसीको वारकरी भक्तोंने विठ्ठल कहा। श्रुतिने जिसका निर्गुण निराकारत्व बखाना, सन्तोंने उसीका सगुण-साकारत्व बखाना। लक्ष्य एक ही रहा। जबतक लक्ष्यमें भेद नहीं है तबतक वर्णन करनेकी पद्धतियोंमें भेद होनेपर भी लक्ष्य और सिद्धान्त-की एकता भङ्ग नहीं हो सकती। वेदोंका अर्थ, शास्त्रोंका प्रमेय और पुराणोंका सिद्धान्त एक ही है और वह यही है कि सर्वतोभावसे परमात्माकी शरणमें जाओ और निष्ठापूर्वक उसीका नाम गाओ। तुकारामजीने यही कहा है—'वेदोंने अनन्त विस्तार किया है पर अर्थ इतना ही साधा है कि विठ्ठलकी शरणमें जाओ और निष्ठापूर्वक उसीका नाम गाओ। सब शास्त्रोंके विचारका अन्तिम निर्धार यही है। अठारह पुराणोंका सिद्धान्त भी, 'तुका कहता है कि यही है।'

वेद, शास्त्र और पुराण सिद्धान्तके सम्बन्धमें विसवादी या परस्पर-विरोधी नहीं बल्कि एक ही सिद्धान्तको प्रकट करनेवाले हैं और इसलिये हमलोग यह कहा करते हैं कि हमारा सनातन धर्म वेद शास्त्र-पुराणोक्त है और हमारे नित्यकर्मोंका सङ्कल्प भी 'वेद शास्त्र-पुराणोक्त फल-प्राप्त्यर्थं' होता है। जो परमात्मा वेदप्रतिपाद्य हैं उन्हींको 'सा चौ अठराचा गोळा' (छः शास्त्र, चार वेद और अठारह पुराणोंका गोला) कहकर भक्तजन उनके 'श्याम रूपको आँखों देखना चाहते हैं।' तुकाराम कहते हैं—

ऐके रे जना । तुझ्या स्वहिताच्या गुणा ।
पंढरीच्या राणा । मना माजी स्मरावा ॥ १ ॥
सकळ शास्त्रांचें हें सार । हें वेदांचें गव्हार ।
पाहतां विचार । हाचि करिती पुराणें ॥ २ ॥

'सुन रे जीव ! अपने स्वहितकी पहचान सुन ले । पण्ढरीके राजाको मनमें स्मरण कर । सब शास्त्रोंका यह सार है यही वेदोंका रहस्य है । पुराणोंका भी यही विचार है ।'

वेद, शास्त्र, पुराण और सन्त-वचन सब नारायणपरक होनेसे इनमेंसे किसीका भी अध्ययन वैदिक धर्मका ही अध्ययन है । वेदोंको देखिये, शास्त्रोंको समझिये, पुराणोंको पढ़िये अथवा साधु-सन्तोंकी उक्तियोंको ध्यानमें ले आइये, सबका सार एक ही है । यह सम्पूर्ण साहित्य इसीलिये निर्माण हुआ है कि जन्म-मृत्युका चक्कर छूटे संसारको मथकर जाग जीव सत्कर्माचरण करे, परमात्मबोध जगाकर निःश्रेयस स्थितिको प्राप्त करे, मृत्युको मारकर जीये, सहज सच्चिदानन्दस्वरूप हो जाय । जल एक ही है वापी, कूप, तड़ागादि केवल नाम उपाधि हैं । कोई नदी-किनारे रहकर नदीके जलसे अपना काम कर ले कोई सरोवरके जलसे काम चला ले कोई कुएँका जल सेवन करे । ज्ञान उदकके समान है जिसे पिपासा हो वह स्वयं शक्तिभर उपयोग कर तृप्त हो यही इस शब्द-साहित्यका मुख्य हेतु है । नदी, कूप, सरोवर सागर सबका हेतु एक ही है और वह यही है कि तृषार्त जीव तृप्त हो जायँ । उपाधिका अभिमान या उपहास करके वाद विवाद करना पात्र जनोंका लक्षण नहीं है । चोखामेळा रैदास चमार सजन कसाई कान्हूपात्रा-जैसे कनिष्ठ जातिमें उत्पन्न जीव भी उसी तृषा बुझनेसे तत्पदको प्राप्त ब्रह्मानन्दस्वरूप बन आकण्ठ पानकर तर गये । परमार्थकी उसी तृषा बुझनेपर जाति कुल धन विद्यादि आगन्तुक धर्मोंकी मीमांसा करनेको जी ही नहीं चाहता ।

एकनाथ जैसे ब्राह्मण अपने ब्राह्मणत्वका अभिमान नहीं रखते और चोखामेला-जैसे अति शूद्र अपने 'हीनपन'से लज्जित भी नहीं होते। ज्ञानेश्वर, एकनाथने 'ब्राह्मणसमाज' नहीं स्थापित किये। नामदेव, तुकारामने 'पिछड़ी हुई जातियोंके सङ्घ' नहीं बनाये, और रैदास, चोखामेलाने 'अछूतोद्धारक मण्डल' भी नहीं खड़े किये। प्रत्युत सब जातियोंके सब मुमुक्षु जीवोंके लिये सब सन्तोंने अपने कीर्तनोंमें, ग्रन्थोंमें और अभगोंमें अपनी वाणीका उपयोग किया है और सर्वत्र यही आशय प्रकट किया है कि 'यारे यारे ल्हान थोर। भलते याती नारी अथवा नर ॥' (आओ, आओ छोटे-बड़े सब आओ, चाहे जिस जातिके रहो, नर हो नारी हो, आओ।) तात्पर्य, वेद, शास्त्र, पुराण और सन्त-वचन जीवोंके उद्धारके लिये निर्माण हुए हैं और जिस किसीका मन भगवान्‌के लिये बेचैन हो उठा हो उसके लिये इन्हींमेंसे किसी एक या अनेक प्रकारोंका अवलम्बन करना आवश्यक है, क्योंकि इसके बिना परोक्ष ज्ञान नहीं प्राप्त हो सकता। तुकारामजीने इनमेंसे 'पुराणों और सन्त-वचनोंका अवलम्बन किया और उनका सार हृदयमें सग्रह कर लिया।

४ अध्ययनके विषय—पुराण और सन्त-वचन

तुकारामजीने वेदोंका अध्ययन नहीं किया। 'घोकाया अक्षर। मज नाही अधिकार ॥' (अक्षर घोखनेका मुझे अधिकार नहीं) यह उन्होंने स्वय ही तीन बार कहा है। पर उन्होंने यह नहीं कहा कि ब्राह्मण ही वेदके अधिकारी क्यों? हम शूद्रोंको यह अधिकार क्यों नहीं? इसके लिये वह ब्राह्मणोंसे कभी लड़े नहीं। ऐसे व्यर्थके वाद उपस्थित करनेवाला क्षुद्र मन उनका नहीं था। वह यह जानते थे कि ब्राह्मणोंको वेदाधिकार होनेपर भी सभी ब्राह्मण वेदाध्ययन नहीं करते और जो करते हैं वे सभी ससार-सागरसे मुक्त नहीं होते और हों भी तो कोई हर्ज नहीं, उनसे

जीवोंका मुक्तिद्वार बन्द नहीं हो जाता। 'स्त्रियो वैश्यास्तथा शूद्रास्तेऽपि यान्ति परां गतिम्' इस भगवद्वचनके अनुसार उनके लिये मोक्षके द्वार खुले ही हैं। जिन्हें वेदोंका अधिकार था उनमेंसे बहुत ही थोड़े वेदोंका अध्ययन करनेवाले थे, और इनमेंसे विरला ही कोई वेदार्थ जानकर अर्थरूपको प्राप्त होता था। इसके अतिरिक्त वेदार्थ अत्यन्त गहन है शास्त्र अपार है और जीवन बहुत अल्प। ऐसी अवस्थामें वेदोंका रहस्य यदि सुगम पुराण-ग्रन्थोंमें तथा प्राकृत ग्रन्थोंमें मौजूद है तब इस सुगम मार्गको छोड़कर सामने परोसकर रखे हुए भोजनसे विमुख होकर झूठ-मूठ परेशानी उठानेकी क्या आवश्यकता है! फिर तो बातकी एक बात यह है कि जिसके चित्तकी सच्ची लगन लग गयी वह साधनोंके झगड़ेमें नहीं पड़ा करता, जो साधन सहज समीप और सुलभ होते हैं उन्हींका अवलम्बन कर अपना कार्य साध लेता है। इस प्रकार तुकारामजीने पुराणों और सन्तवचनोंको ही अपने अध्ययनके लिये चुना और उनके प्रेमी स्वभावके लिये यही चुनाव उपयुक्त था। और इसमेंसे भी उनका काम पूर्ण हुआ। वेदोंके अक्षर उन्हें कण्ठ करनेका अधिकार नहीं था तो भी वेदोंका अर्थ—अक्षर परब्रह्म—उन्हें प्राप्त हुआ। इस प्रकार शब्दतः तो नहीं पर अर्थतः उन्होंने वेदोंका अध्ययन किया और यही तो चाहिये था।

५ अध्ययनका रस

तुकारामजीने अपने जीवनके कुछ वर्ष ग्रन्थाध्ययनमें व्यतीत किये इसमें सन्देह नहीं। उन्होंने अपने आत्मचरित्रपर अभंगोंमें कहा ही है कि विश्वास और आदरके साथ सन्तोंके वचनोंका पाठ किया। 'पढ़े हुए शब्दका ज्ञान बतलाता है जैसा पढ़ना वैसा बनना मनुष्य बनता है।' इत्यादि अभंगोंमें यही बात उन्होंने कही है। दूसरोंको उपदेश करते हुए भी उनके मुखसे ऐसी प्रकारके उद्गार निकले हैं—'वेदोंको पढ़कर हरिगुण गाओ [illegible] ग्रन्थोंको देखकर कीर्तन करो।' जिन ग्रन्थोंको उन्होंने

देखा, विश्वास और आदरके साथ देखा। ग्रन्थकर्ताके प्रति आदरभाव रखकर तथा उनके द्वारा विवेचित सिद्धान्तों और कथित सन्त-कथाओं-पर पूर्ण विश्वास रखकर तुकारामजीने उन ग्रन्थोंको पढा, यह उन्होंने स्वय ही बताया है। उनके पिताने उन्हें जमा-खर्च, बाकी-रोकड़, बही-खातेमें लिखने योग्य हिसाब-किताबका ज्ञान करा दिया था, पर जब उन्हें परमार्थकी भूख लगी तब उन्होंने परमार्थके ग्रन्थोंको बड़ी आस्थासे देखा। प्रपञ्चमें काम देनेवाली विद्या जीवनको सफल करानेवाली विद्या नहीं है। यह बोध जब उन्हें हुआ तब वह परमार्थके ग्रन्थ देखने लगे! भगवान्‌के लिये अक्षरोंको लेकर बड़ी माथापच्ची की। प्रपञ्चका मिथ्यात्व प्रतीत होनेपर वैराग्य दृढ हुआ और तब भगवत्-प्राप्तिके लिये प्राण व्याकुल हो उठे। तब—

> मागील भक्त कोणे रीती। जाणोनि पावले भगवद्भक्ती।
> जीवें भावें त्या विवरी युक्ती। जिज्ञासु निश्चिती या नाव॥
>
> (नाथभागवत १९—२७४)

'पूर्वके भक्त किस प्रकार भगवद्भक्तिको प्राप्त हुए यह जानकर तन मन-प्राणसे उन साधनोंका जो विचार करता है उसीको जिज्ञासु कहते हैं।'

इसी प्रकार तुकाजी, पूर्वके भक्त किन साधनोंसे भगवान्‌के प्रिय हुए, इसका विचार करने लगे और यह विचार ग्रन्थोंमें ही होनेसे उन्हें ग्रन्थोंका अवलोकन करना पड़ा। पूर्वके भक्तोंकी कथाएँ जानकर उनका अनुकरण करनेके लिये उन्होंने पुराणों और सन्त-वचनोंका परिचय प्राप्त किया। सन्तोंके वचनोंको देखते-देखते उनका मनन होने लगा, मननसे अनायास पाठान्तर हुआ। मनन करते-करते अक्षर मुखस्थ हो गये, पाठान्तर और मननसे अर्थरूप हो गये। वही कहते हैं कि 'केवल शब्द कण्ठ करनेसे क्या होगा, अर्थको देखो, अर्थरूप होकर रहो, एकनाथ भी कहते हैं—

शब्द सांडूनियां मागें शब्दार्थी मार्जी रिघे।
जें जें परिसिलें तें तें होय अंगें। निरहंकारवागें विनीतु॥
(ज्ञानेश्वरी ०—१११)

शब्दको पीछे छोड़ दो और शब्दके अर्थमें प्रवेश करो। जो-जो सुनो वह विनीत होकर, निरहंकारको त्याग कर स्वयं हो जाओ।

जिसे जिसकी चाह होती है उसे वह जहाँ भी मिले वहींसे निकाल लेता है। तुकारामजीको भगवान्‌की चाह थी, इसीकी धुन थी, इसलिये देवताओं और भगवान्‌का परिचय करानेवाले देवतुल्य सन्तजनोंकी कथाएँ जिन ग्रन्थोंमें थीं वे ही ग्रन्थ उन्हें प्रिय हुए और इन ग्रन्थोंमेंसे विशेषकर ऐसे ही वचन उन्हें कण्ठ हो गये जो हरि-प्रेम बढ़ानेवाले हैं—

करूं ठसे पाठांतर। करुणाकर भाषण ॥ १ ॥
जिहीं केला मूर्तिमंत। ऐसा संतप्रसाद ॥ ध्रु ॥
सोज्ज्वळ केल्या वाटा। आइत्या नीट आगमिच्या ॥ २ ॥
तुका म्हणे घेऊं वाचा। करूं हाच ते जोडी ॥ ३ ॥

संतोंके ऐसे वचनोंका पाठ करें जिनमें करुण-प्रार्थना हो। जिन सन्तोंने भगवान्‌को सगुण-साकार होनेको विवश किया ऐसे सन्तोंके वचन उनका प्रसाद ही हैं। इन सन्तोंने पूर्वके सन्तोंके मार्ग झाड़-बुहारकर स्वच्छ किये हैं। ये मार्ग पहलेसे ही हैं पर इन सन्तोंने इन मार्गोंको और सुगम कर दिया है। अब जल्दी करें, भगवान्‌को पुकारें और उनके चरणयुगल प्राप्त करें।

इस प्रसंगको और विचारें तो तुकारामजीके मनका भाव स्पष्ट व्यक्त हो जायगा। परमार्थविषयक सहस्रों ग्रन्थ संस्कृत और प्राकृत भाषाओंमें थे, पर उन सबमें उन्हें वे ही ग्रन्थ प्रिय थे जिनमें 'करुणाकर भाषण' थे अर्थात् जिनमें भगवान्‌की करुणाप्रार्थना थी भगवान् और भक्तका प्रेम जिनमें व्यक्त हुआ था जो प्रेमसे भगवान्‌को वशीभूत करनेमें सहायक

थे। केवल शास्त्रीय प्रक्रिया बतलानेवाले शास्त्रीय ग्रन्थ उन्हें नहीं रुचते थे। 'करुणाकर भाषण' भी नये-पुराने अनेक कवियोंके काव्योंमें ग्रथित किये हुए मिलेंगे, पर केवल इतनेसे उनको सन्तोष नहीं हो सकता था। उन्हें तो ऐसे सगुणभक्तोंके 'करुणाकर भाषणों' का पाठ करना था जिन्होंने भगवान्‌को 'मूर्तिमान्' किया हो, अर्थात् जिन्हें सगुण-साक्षात्कार हुआ हो, जिन्होंने भगवान्‌को प्रत्यक्ष देखा हो, भगवान्‌से प्रेमलाप किया हो। इन सगुण भक्तोंके 'करुणाकर भाषणों' का पाठ करनेका हेतु भी तुकारामजीने उपर्युक्त अभगके चौथे चरणमें बता दिया है। उन सन्तोंको जो लाभ हुआ अर्थात् भगवान्‌को 'मूर्तिमान्' करके जो प्रेम-सुख उन्होंने प्राप्त किया वही प्रेम-सुख तुकाराम चाहते थे और उनका उत्साहबल इतना दिव्य था कि वह यह समझते थे कि 'भगवान्‌की गुहार कर' हम उसे प्राप्त कर लेंगे। जिन सन्तोंको भगवान्‌का सगुण साक्षात्कार हुआ उन्हींके वचनोंका पाठ करनेका हेतु तुकारामजीने इस प्रकार व्यक्त कर ही दिया है। पर सन्त भी तुकारामजी ऐसे चाहते थे जो पूर्व-परम्पराको लेकर चले हों। कोई नया धर्मपन्थ चलानेवाले, नया सम्प्रदाय प्रवर्तित करानेवाले, कोई नया आन्दोलन उठानेवाले महात्मा वह नहीं चाहते थे। धर्मक्रान्ति या बगावत उन्हें प्रिय नहीं थी। पहलेसे ही जो मार्ग बने हुए हैं, पर बीचमें कालवशात् जो लुप्त या दुर्गम हो गये उन्हें फिरसे स्वच्छ और सुगम बनानेवाले महात्माओंके ही वचन उन्हें प्रिय थे। 'आम्ही (हम) वैकुण्ठवासी' अभगमें तुकारामजीने अपने अवतारका प्रयोजन बताया है। उसमें भी यही कहा है कि प्राचीन कालमें 'ऋषि जो कुछ कह गये' उसीको 'सत्यभावसे बर्तनेके लिये' हम आये हैं और 'सन्तोंके मार्ग झाड़-बुहारकर स्वच्छ करेंगे यही हमारा काम है।

पुढिलाचे सोयी माझया मना चालीं ॥
माताची आणिली नाहीं बुद्धि ॥

'पूर्वके सन्तोंके मार्गपर चलूँ यही मेरी मनःप्रवृत्ति है मैंने अपनी बुद्धिसे कोई नया मत नहीं ग्रहण किया है। तुकारामजी कहते हैं, मेरा साधीका व्यवहार है।' तुकाजीने बालक्रीडाके जो अभंग रचे उनमें उन्होंने यही कहा है कि 'मित्रोंके बल-भरोसे गीत गाऊँगा।' दूसरे एक स्थानमें तुकाजी कहते हैं कि 'मेरी वाणी क्या है मूर्खकी बकवाद है बच्चोंकी तोतली बातें हैं, इस प्रकार अपनेको कवित्वहीन बतलाते हुए यह भी बतला देते हैं कि आप सन्तजनोंका मनन सेवन करके, भागवतोंका सहारा पाकर ही मेरे मुखसे प्रासादिक वाणी निकली।' (भावार्थे बरवी प्रसादाची वाणी। उच्छिष्ट सेवनीं पुरविली॥) तुकाजीने फिर भगवान्‌से यही प्रार्थना की है कि 'सन्त गेले तया ठाया। देवराया पावनी॥ (पूर्वके सन्त जहाँ पहुँचे, वहीं हे भगवन्! मुझे पहुँचाओ।)

तात्पर्य पूर्वपरम्पराको लेकर चलनेवाले तथा भगवान्‌को मूर्तिमान् करनेवाले पहुँचे हुए सन्तोंके ही वचनोंका पाठ तुकाजी करते थे और उन सन्तोंको जो भगवद्दर्शन हुए थे ही दर्शन तुकाराम चाहते थे। कौन ऐसे सन्त थे और कौन-से ग्रन्थ तुकाराम-प्रिय हुए यह विचार प्रसङ्गसे आप ही आगे आनेवाला है। पुराण-ग्रन्थों और लघु-सन्तोंके ग्रन्थोंका ही सहारा तुकाजीने लिया और उनका सार अपने हृदयमें संग्रह किया। बृहदारण्यकमें कहा है, 'ग्रन्थोंका अध्ययन बहुत न करे। कारण वाणीकी यह व्यर्थकी थकान है।' ग्रन्थोंके सिद्धान्त ध्यानमें आनेपर ग्रन्थोंका प्रयोजन नहीं रहता। ग्रन्थोंके सिद्धान्त क्यों ज्ञात हुए और यह कामना क्यों कि महात्माओंके अनुभव मुझे भी प्राप्त हों, आत्मन्तिक सुखका अधिकारी मैं भी बनूँ और इनके किये भी जहाँ छटपटाने लगा वहां ग्रन्थाध्ययन धीरे-धीरे कम होने ही लगता है और अभ्यन्तरका अभ्यास तब आरम्भ होता है। पीछेकी अवस्थामें तुकारामजीने ही कहा है—

पाहों ग्रंथ तरी आयुष्य नाहीं हातीं ।
नाहीं ऐसी मती अर्थ कळे ॥ १ ॥

(देखूँ ग्रंथ सारे तो आयु नहीं हाथ ।
मति भी न दे साथ अर्थ जानू ॥ १ ॥)

होईल तें हो या विठोबाच्या नावें ।
अर्जिलें तें भावें जीवीं धरूँ ॥ २ ॥

(होना हो सो होय विट्ठल-आसरे ।
आये भक्तिसे रे उर धरूँ ॥ २ ॥)

'सब ग्रन्थ देखना चाहें तो आयु अपने हाथमें नहीं । इतनी बुद्धि भी नहीं जो अर्थ समझमें आवे । इसलिये विठोबाके नामपर जो हो सो हो, जो कुछ (ज्ञान) मिलेगा उसे भावपूर्वक जीसे लगा रखूँगा, ग्रन्थके साररूप हरिको जब चित्त ले लेता है तब ग्रन्थका कार्य समाप्त हो जाता है । अस्तु, तुकारामजीने कौन से ग्रन्थ देखे, किन सन्तोंके वचनोंका पाठ किया, या पठित ग्रन्थोंमेंसे क्या सार ग्रहण किया, यह अब देखें ।

६ महीपतिबावाके उद्गार

तुकारामजीके ग्रन्थाध्ययनका वर्णन महीपतिबावाने अपने 'भक्त-लीलामृत' (अ० ३०) में अपनी प्रेम-परा वाणीसे इस प्रकार किया है—

'नामदेवके अभगोंका नित्य पाठ करते हुए (तुकाराम) नाचते-गाते थे । एकादशीको व्रत रहकर सन्तोंके साथ जागरण करते थे, उन्होंने अन्य सन्तोंके भी ग्रन्थ देखे । विख्यात यवन भक्त कबीरका वचनामृत बड़ी प्रीतिसे पान करते थे । श्रीज्ञानेश्वरने अपने श्रीमुखसे जो महान् अध्यात्म ग्रन्थ कहा उसकी शुद्ध प्रति इस वैष्णव वीरने प्राप्त की और उसका अध्ययन किया । सन्त एकनाथने भागवतपर जो टीका की उसका भी शुद्ध ग्रन्थ इन्होंने बड़े प्रयाससे प्राप्त किया । इस ग्रन्थका मनन करनेके

जिसे तुकाराम भण्डारापर्वतपर एकान्त स्थानमें जाकर बैठा करते थे। पूर्वाभ्यासमें तुकारामजीके सहायक स्वयं कैवल्यदानी भगवान् थे। पर्वतपर बैठकर ग्रन्थका पारायण करके अब वह अर्थान्तम ध्यानमें लाते थे। ग्रन्थके वचन स्मरण रखने और कण्ठ करनेमें तुकारामजीको विशेष परिश्रम नहीं करना पड़ता था दिन-रात मनन करते थे इससे अक्षर कण्ठस्थ हो जाते थे। एकनाथ महाराजके प्रासादिक वचन जिसमें भरे हुए हैं उस भावार्थ-रामायणका भी नित्य प्रीतिसे पारायण करते थे। श्रीमद्भागवतकी रसभरी कथाएँ उन्होंने पढ़ीं और किन्हीं महापुरुषके मुखसे भी सुनीं। श्रीहरिकी लीला विशेष अभ्यास के साथ देखी-सुनी। श्रीज्ञानेश्वरके योगवासिष्ठ, अमृतानुभव ग्रन्थोंका मनन कर अर्थकी खोज की और पुराण भी बहुत श्रवण किये।

महीपतिबाबाने जिन ग्रन्थोंका उल्लेख किया है उन्हें तुकारामजीने 'एकान्तमें बैठकर देखा और उनका अर्थ ढूँढ़ा' इसमें सन्देह नहीं। नामदेवके अभंग 'पाठ करते हुए वह नाचा करते थे' यह तो स्पष्ट ही है। सर्वप्रथम नामदेवके ही अभंगोंका पाठ और मनन किया। कबीरके दोहे उन्होंने बड़ी प्रीतिसे पढ़े यह बात इससे भी स्पष्ट हो जाती है कि तुकारामजीने स्वयं भी वैसे ही दोहे रचे हैं। ज्ञानेश्वरके ग्रन्थोंकी 'ध्रुव प्रतीति उन्होंने प्राप्त की' महीपतिबाबाका यह कथन बड़े ही महत्त्वका है। ज्ञानेश्वरके ज्ञानेश्वरी अमृतानुभव और योगवासिष्ठ (!) ग्रन्थोंका उन्होंने मनन किया और अर्थ 'ढूँढ़कर' रखा। महीपतिबाबाने इसी प्रसङ्गमें आगे चलकर कहा है कि हरिपाठके श्रेष्ठ अभंग जिन्हें श्रीज्ञानेश्वरने स्वमुखसे कहा उन अभंगोंको वैष्णव-वीर तुका प्रेम और आदरके साथ गाया करते थे। अर्थात् ज्ञानेश्वरी अमृतानुभव, योगवासिष्ठ और हरिपाठके अभंग, ज्ञानेश्वर महाराजके इन चार ग्रन्थोंका तुकारामजीने मनन पूर्वक अध्ययन किया था। अब रही बात एकनाथ महाराजकी।

नाथभागवतका शुद्ध ग्रन्थ उन्होंने बड़े 'प्रयाससे' प्राप्त किया और भण्डारा-पर्वतपर निर्जन स्थानमें बैठकर इन ग्रन्थोंका पारायण किया । नाथके 'भावार्थरामायण' का भी उन्होंने 'निज प्रीतिसे पारायण' किया । भागवत-की सरस कथाएँ पढीं, किन्हीं महापुरुषद्वारा वर्णित कथाएँ भी श्रीकृष्ण-लीलाप्रेमार्थ 'आयास' के साथ सुनीं । महीपतिबावाने तुकारामजीके अध्ययनका यह जो सुन्दर वर्णन किया है वह यथार्थ है, बावाकी शोधक-बुद्धि और मार्मिकता देखकर साश्चर्य आनन्द होता है । तुकारामजीके ग्रन्थाध्ययनके सम्बन्धमें महीपतिबावाने जो कुछ लिखा है उसका समर्थन करनेके लिये तुकारामजीके अभगोंमें ही कोई अन्त.प्रमाण मौजूद हों तो उन्हें अब देखें । नामदेव, कबीर, ज्ञानेश्वर और एकनाथके ग्रन्थोंको तो तुकारामजीने आस्थापूर्वक देखा ही था, पर और भी उन्होंने क्या क्या देखा था यह भी हमलोग क्रमसे देखें । मेरे विचारमें तुकारामजी मूलसस्कृत भागवत और गीता प्राकृत टीकाओंकी सहायताके बिना स्वय समझ सकते थे और कितने ही सस्कृत स्तोत्र, सुभाषित, भर्तृहरिके नीति और वैराग्यशतक आदि ग्रन्थ भी उन्होंने देखे थे । तात्पर्य, तुकाराम बहुश्रुत थे और उनके अभगोंसे यह अनुमान होता है कि वह सस्कृत भी सामान्यतः अच्छी जानते थे ।

७ भागवतधर्मके मुख्य ग्रन्थ—गीता और भागवत

तुकाराम भागवतधर्मके विद्यालयमें भर्ती हुए यह पहले कह ही चुके हैं । पिछले अध्यायमें यह भी दिखा चुके हैं कि उन्होंने भागवतधर्मका आचार स्वीकार कर लिया । अब जिन ग्रन्थोंमें भागवतधर्मके तत्त्वोंका प्रतिपादन किया हुआ हो उन ग्रन्थोंका अध्ययन भी सम्प्रदायके साथ आप ही प्राप्त होता है । भागवतधर्मके मुख्य ग्रन्थ दो हैं—गीता और भागवत । वेद-शास्त्रोंका सम्पूर्ण रहस्य गीता ग्रन्थमें सञ्चित किया हुआ है और गीता-

तथा श्रीकृष्णचन्द्रका चरित्र भागवतमें वर्णित है। श्रीकृष्णके अधिकारी भक्त दो हैं, एक अर्जुन और दूसरे उद्धव। भगवान् श्रीकृष्णने अर्जुनको गीतामें और उद्धवको श्रीमद्भागवतके एकादश स्कन्धमें भागवतधर्मका रहस्य बताया है। इसीको मराठीमें यथाक्रम श्रीज्ञानेश्वर और एकनाथने विशद किया है। भागवतधर्मके गीता और भागवत मुख्य आधारस्तम्भ हैं और उनमें पूर्ण एकवाक्यता है। दोनों ग्रन्थोंकी शिक्षा एक है। दोनोंका यही एक उपदेश है कि सब कर्म कृष्णार्पणबुद्धिसे करके हरिभक्तिके द्वारा स्वयं तर जाय और दूसरोंको भी तारे। कुछ विद्वान् यह कहा करते हैं कि गीता प्रवृत्तिपरक है और भागवत निवृत्तिपरक, पर यथार्थमें दोनों ग्रन्थ प्रवृत्ति-निवृत्तिका परदा फाड़नेवाले ग्रन्थ हैं। दोनों ग्रन्थोंमें ज्ञान और भक्तिका मधुर मिलन हुआ है।

> गीता-भागवत करिती श्रवण। अखंड चिंतन विठोबाचें॥
> तुका म्हणे मज घडो त्यांची सेवा। तरी माझ्या दैवा पार नाहीं॥

'जो गीता और भागवत श्रवण करते हैं और श्रीहरिका चिन्तन करते हैं तुका कहता है कि उनकी सेवाका अवसर मुझे मिले तो मेरे सौभाग्यकी सीमा न रहे।' 'पांडुरंग करूँ प्रथम नमना' वाले ओवीरूप शतचरणाभंगमें भागवतका स्वतन्त्र उल्लेख भी किया है—

'सार जो कुछ है व्यासादिने बता दिया है। मैं उन्हींकी उक्तियाँ अपनी वाणीसे कहता हूँ। व्यासने कहा है कि भव-सिन्धुके पार जानेके लिये भक्ति ही मुख्य है। जनोंके उद्धारके लिये ही भागवत निर्माण किया'

तुकारामजीके कथनानुसार गीता और भागवतका भक्ति ही सार है। गीता और भागवतका तुकारामजीको कितना दृढ़ परिचय था यह अब देखा जाय।

८ गीताध्ययन

मूलगीता तुकाराम नित्यपाठ करते थे और इससे उनके अभंगोंपर जहाँ-तहाँ गीताकी छाया पड़ी स्पष्ट दिखायी देती है । कुछ उदाहरण नीचे देते हैं—

गीता—**निर्दोषं हि समं ब्रह्म ।**

अभंग—ब्रह्म सर्वगत सदा सम । जेथें आन नाहीं विषम ॥

'ब्रह्म सर्वगत सदा सम है । जहाँ और कुछ भी विषम नहीं है ।'

गीता—**अन्तकाले च मामेव स्मरन् ।**

अभंग—अंतकाळीं ज्याच्या नाम आलें मुखा ।
तुका म्हणे सुखा पार नाहीं ॥

'अन्तकालमें जिसके मुखमें नाम आ गया उसके सुखका कोई पार नहीं ।'

गीता—**पद्मपत्रमिवाम्भसा ।**

अभंग—मग मी व्यवहारीं असेन वर्तत ।
जैसें जळाआंत पद्मपत्र ॥

'व्यवहारमें मैं ऐसे रहता हूँ जैसे जलमें कमलपत्र ।'

गीता—**'द्वाविमौ पुरुषौ लोके'** और **'उत्तम पुरुषस्त्वन्य'**

अभंग—क्षरा अक्षरावेगळा । तुका राहिला सोवळा ॥

'क्षर-अक्षरसे अलग वह बेलाग है ।'

गीता—**ते तं भुक्त्वा स्वर्गलोकं विशालं**
क्षीणे पुण्ये मर्त्यलोकं विशन्ति ।

अभंग—जरी मागों पद इंद्राचें । तरी शाश्वत नाहीं त्याचें ॥
स्वर्ग भोग भाग्य पूर्ण । पुण्य सरल्या मागुती येणें ॥

'यदि इन्द्रका पद माँगूँ तो वह शाश्वत नहीं है। पूर्ण स्वर्गभोग माँगूँ तो पुण्य समाप्त होनेपर लौटना पड़ेगा।

यावानर्थ उदपाने (गीता २ । ४६) इस श्लोकका भावार्थ ज्ञानेश्वरीके अनुरूप तुकारामजीने इस प्रकार किया है—

> तान्हेली भेटलिया गंगेसीं काय चाड ।
> आपुलें तें कोड तृषेपाशीं ॥

गङ्गाजल मुफ्त पाये बिना हमारा क्या काम रुका जाता है। हमारा मतलब तो प्यास बुझानेसे है।'

'ॐतत्सदिति निर्देशः' का अभिप्राय तुकारामजी यह बतलाते हैं—

> ॐ तत्सत् इति सूत्राचें सार । कृपेचा सागर पांडुरंग ॥ १ ॥
> (ॐतत्सत् इति सूत्रका सार । कृपाके सागर पांडुरंग ॥ १ ॥)

गीता—कर्मेन्द्रियाणि संयम्य य आस्ते मनसा स्मरन् ।
इन्द्रियार्थान्विमूढात्मा मिथ्याचारः स उच्यते ॥

अभंग—त्यागें भोग माझ्या येतील अंतरा ।
मग मी दातारा काय करूं ॥

'ऐसे त्यागसे भोग मेरे अन्तरमें आ जायँगे तब मैं क्या करूँगा।'

गीता—उद्धरेदात्मनात्मानम् ।

अभंग—आपणचि तारी आपण चि मारी ।
आपण उद्धारी आपणया ॥

'आप ही तारनेवाला है, आप ही मारनेवाला है। अपना आप ही उद्धार करनेवाला है।'

गीता—वासांसि जीर्णानि यथा विहाय
नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि ।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णा-
न्यन्यानि संयाति नवानि देही ॥

अभंग—जीव न देखे मरण । धरी नवी साडी जीर्ण ॥

'जीव मरण नहीं देखता । नया धारण करता और पुराना छोड़ देता है ।'

गीता—अपि चेत्सुदुराचारो भजते मामनन्यभाक् ।
साधुरेव स मन्तव्यः सम्यग्व्यवसितो हि सः ॥

अभंग—न व्हावीं तीं जालीं कर्मे नरनारी ।
अनुतापें हरी स्मरता मुक्त ॥

'जिनके हाथों ऐसे कर्म हुए जो कभी न हों वे नर हों या नारी,

'यदि इन्द्रका पद माँगूँ तो वह शाश्वत नहीं है। पूर्ण सार्वभौम माँगूँ तो पुण्य समाप्त होनेपर लौटना पड़ेगा।'

'फलाकांक्षी कृपणाः' (गीता २ । ४९) इस श्लोकका भावार्थ माननेवालोंके अनुरूप तुकारामजीने इस प्रकार किया है—

त्यांनी भक्तिविना अंतरींग काय काज ।
आम्हां ते कोण तुषेपरी ॥

'महाराज मन्त्र पाये बिना हमारा क्या काम चल सकता है? उसका मतलब तो प्यास बुझानेसे है।'

'ॐ तत्सदिति निर्देशः' का अभिप्राय तुकारामजी यह बतलाते हैं—

ॐ तत्सत् इति सूत्राचें सार । कृपेचा सागर पांडुरंग ॥ १ ॥
(ॐ तत्सत् इति सूत्रका सार । कृपाके सागर पांडुरंग ॥ १ ॥)

गीता—कर्मेन्द्रियाणि संयम्य य आस्ते मनसा स्मरन् ।
इन्द्रियार्थान्विमूढात्मा मिथ्याचारः स उच्यते ॥

अभंग—त्यागें भोग माझ्या येतील अंतरा ।
मग मी दातारा काय करूं ॥

'ऐसे त्यागसे भोग मेरे अन्तरमें आ जायँ तब मैं क्या करूँगा।

गीता—उद्धरेदात्मनात्मानम् ।

अभंग—आपणचि तारी आपण चि मारी ।
आपण उद्धारी आपणया ॥

'आप ही तारनेवाला है, आप ही मारनेवाला है। अपना आप ही उद्धार करनेवाला है।

गीता—वासांसि जीर्णानि यथा विहाय
नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि ।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णा-
न्यन्यानि संयाति नवानि देही ॥

लेखनीको रोक रखते हैं। अन्य सन्तोंके समान तुकारामजीको भागवतसे स्फूर्ति मिली। एकादश स्कन्धपर एकनाथ महाराजका भाष्य है और द्वादश स्कन्धमें कलिसन्तारक नाम-सकीर्तनकी महिमा वर्णित है। श्रीमद्भागवत भागवतधर्मका वेद है। श्रीज्ञानेश्वर महाराजने व्यासदेवके पद-चिह्नोंको ढूँढते हुए और भाष्यकार (श्रीमत् शङ्कराचार्य) से मार्ग पूछते हुए गीतारहस्य-विशद किया है, तथापि ज्ञानेश्वरीपर भागवतकी ही छाप अधिक पड़ी है। भारतवर्षमें श्रीकृष्णभक्तिका प्रचार प्रधानतः भागवतसे ही हुआ है। भागवत ग्रन्थ तुकारामजीने अनेक बार समग्र सुना, देखा और अपनी भाषामें दोहराया है। भागवतके अनेक श्लोक उन्हें कण्ठ हो गये, उनका मर्म उनके हृदयमें उतर आया और उसकी भक्तकथाएँ उनकी भक्तिके लिये उद्दीपक हुईं। इस विषयमें किसीको कुछ सन्देह न रह जाय, इसलिये अन्त प्रमाणोंके द्वारा ही यह देखा जाय कि तुकारामजीके विचार और वाणीपर भागवतका कितना गहरा प्रभाव पड़ा था—

(१) चतुर्थ स्कन्ध (अ० ८) में नारदजीने ध्रुवको भगवत्-स्वरूपका ध्यान बताया है। इसी प्रकार भागवतमें अन्यत्र श्रीमहाविष्णुका वर्णन है। दशम स्कन्धमें श्रीकृष्णका रूप वर्णन भी वैसा ही है। तुकाराम-जीने श्रीपण्ढरपुरनिवासी श्रीविठ्ठलका जो रूप वर्णन किया है वह भागवत-के उस रूप वर्णनके साथ मिलाकर देखनेयोग्य है—

श्रीवत्साङ्कं घनश्यामं पुरुषं वनमालिनम्।
शङ्खचक्रगदापद्मैरभिव्यक्तचतुर्भुजम्॥ ४७॥
किरीटिनं कुण्डलिनं केयूरवलयान्वितम्।
कौस्तुभाभरणग्रीवं पीतकौशेयवाससम्॥ ४८॥

वनमालिनम्—तुळसीहार गळा, रुळे माळ कंठीं वैजयन्ती।
गलेमें तुलसीका हार है, वैजयन्ती माला लटक रही है।

हरी' मन्त्रका जप करो और उसी समय गीताकी पोथी उनके हाथमें दी और कहा कि इसका नित्य पाठ किया करो। यह बात स्वयं बहिणाबाईने अपने अभंगमें कही है। तात्पर्य, तुकारामजी गीताका नित्य पाठ किया करते थे और गीताकी बहुत-सी प्रतिया स्वयं लिखकर अथवा दूसरोंसे लिखाकर अपने पास रखते थे। वे प्रतियाँ जिज्ञासुओंको देनेके काम आती थीं। यह भी हो सकता है कि गीताकी ऐसी प्रतिया लिख-लिखाकर लोग उन्हें अर्पण करते हों। इस प्रकार तुकारामजी स्वयं नित्य गीता-पाठ करते थे और दूसरोंसे भी कराते थे।

९ भागवत-परिचय

गीताके समान ही मूल भागवत भी उन्होंने अच्छी तरह देखा था। गीता पढ़ना ज्ञानेश्वरी पढ़ना है और भागवत पढ़ना एकनाथी भागवत पढ़ना है। ऐसी साम्प्रदायिक परिपाटी होनेपर भी तुकारामजीने मूल गीता और मूल भागवतको अच्छी तरह देखा था इसमें कोई सन्देह नहीं। तुकारामजीके अभंगोंमें या सभी सन्तोंकी कविताओंमें जिन प्रह्लाद, ध्रुव, गजेन्द्र, अजामिल, अम्बरीष, उद्धव, सुदामा, गोपी, ऋषि-पत्नी आदि भक्त-भक्तिनोंके बारम्बार नाम आते हैं उनकी कथाएँ भागवतपुराणमें ही हैं। ध्रुवाख्यान भागवतके चतुर्थ स्कन्धमें (अ ८ ९) है, जडभरतकी कथा पञ्चम स्कन्धमें (अ ९ १ ११), अजामिलकी कथा षष्ठ स्कन्धमें (अ १ २ १) प्रह्लाद-चरित्र सप्तम स्कन्धमें (अ ५ से १) गजेन्द्र-मोक्षका वर्णन अष्टम स्कन्धमें (अ ९, १), अम्बरीषका आख्यान नवम स्कन्धमें (अ ४ ५) और दशम स्कन्धमें सम्पूर्ण श्रीकृष्ण चरित्र है। संसारके उन ग्रन्थोंमें भक्ति-सुधार्णवस्वरूप श्रीमद्भागवत ग्रन्थ अत्यन्त मधुर है। उसमें भी दशम स्कन्ध मधुरतर और उसमें फिर श्रीकृष्णकी बाललीला मधुरतम है। श्रीकृष्णकी बाल-लीलाओंके सम्बन्धमें आगे विस्तारपूर्वक वर्णन आनेवाला है इसलिये यहाँ

तरीच जन्मा यावें । दास विठ्ठलाचे व्हावें ॥ १ ॥
नाहीं तरी काय थोडीं । श्वानसूकरें बापुडीं ॥ ध्रु० ॥
जन्माचें तें फळ । अंगीं लागों नेदी मळ ॥ २ ॥
तुका म्हणे भलें । त्याच्या नावें मानवलें ॥ ३ ॥

'(मनुष्य) जन्म तो ही लो जो विठ्ठलनाथके दास हो। नहीं तो कुत्ते और सूअर (विड्भुज) क्या कम हैं? जन्म लेना तभी सफल है जब अङ्गमें मैल न लगने दे (सत्त्व शुद्ध चेत्) तुका कहता है, वे ही भले हैं जिनका मन भगवन्नाममें लग गया।'

(४) संसारमें गृह-सुत दारा और द्रव्यादिके पीछे भटकनेवाले मनुष्यको इस भवारण्यमें प्रचण्ड वायुसे उड़नेवाली धूलसे भरी हुई दिशाएँ नहीं सूझतीं—

क्वचिच्च वात्योत्थितपांसुधूम्रा
दिशो न जानाति रजस्वलाक्षः ॥
(५ । १३ । ४)

तुका म्हणे इहलोकींच्या व्यवहारें ।
नये डोळे धुरें भरूनि राहें ॥

'तुका कहता है, इस लोकके व्यवहारसे आँखें धुएँसे भरी हुई न रहो।'

(५) षष्ठ स्कन्धमें अजामिलके कथा-प्रसङ्गमें कहा है—

न वै स नरकं याति नेक्षितो यमकिङ्करैः ।
(२ । ४८)

तान्नोपसीदत हरेर्गदयाभिगुप्तान् ॥
(३ । २७)

इन दो चरणोंसे बिल्कुल मिलता हुआ तुकारामजीका यह अभंग है—

मेघश्याम पीतकौशेयवाससम्—कासे सोनसळा पांघरे पाटोळा ।

घननीळ सावळा बाइयांनो ॥ १ ॥

(काछे पीताम्बर पीतपट धरे ।

घननील साँवर मेरे कान्हा ॥)

किरीटिनं कुण्डलिनम्—मकर कुंडलें तळपती श्रवणीं ।

मुकुट कुंडलें श्रीमुख शोभलें । इत्यादि

(मकर कुंडल श्रवणमें लसत । मुकुट कुंडल श्रीमुख सोहत ॥)

कौस्तुभामुक्तकण्ठम्—कंठीं कौस्तुभमणि विराजित ।

'कण्ठमें कौस्तुभमणि शोभ रहा है।'

(२) भक्तिं हरौ भगवति प्रवहन्'—सूत्र

(प्रवहन् पद ध्यानमें रखिये)

प्रेम अमृताची धार । वाहे देवा ही समोर ॥

'प्रेमामृतकी धारा भगवान्के सामने भी ऐसी ही प्रवाहित होती है।

(३) नायं देहो देहभाजां नृलोके

कष्टान्कामानर्हते विड्भुजां ये ।

तपो दिव्यं पुत्रका येन सत्त्वं

शुद्ध्येद्यस्माद्ब्रह्मसौख्यं त्वनन्तम् ॥

(५ । ५ । १)

विड्भुज माने विष्ठा भक्षण करनेवाले श्वान शूकर आदि तुच्छ योनियोंमें जो कष्टदायक विषय भोग प्राप्त होते हैं वे ही यदि नर-देह प्राप्त होनेपर भी बने रहें तो यह तो बहुत ही घृणास्पद है। इसलिये (ऋषभदेव कहते हैं) पुत्रो! दिव्य तप करके चित्तको शुद्ध करो, इससे अनन्त ब्रह्म सुख प्राप्त करोगे। इस श्लोकके साथ यह अभंग मिलाकर देखिये—

प्रसन्न हुए ।' (अब दूसरे श्लोकमें यही बतलाते हैं कि भक्तिके सिवा भगवान् और कुछ नहीं चाहते—) 'उपर्युक्त बारहों गुण यदि किसी ब्राह्मणमें हैं पर वह कमलनाभ भगवान्की सेवासे विमुख है तो उसकी अपेक्षा वह चाण्डाल श्रेष्ठ है जिसने अपना मन, वचन, कर्म, अर्थ और प्राण भगवान्को समर्पित कर दिया है । कारण, हरि भक्त चाण्डाल भी अपने कुलको पावन करता है, पर गर्वका पुतला बना हुआ नास्तिक ब्राह्मण अपना भी उद्धार नहीं कर सकता । ये दोनों श्लोक तुकारामजीके दो अभङ्गोंमें भावरूपसे आ गये हैं—

नव्हती ते संत करितां कवित्व ।=पाण्डित्य
मताचे ते आप्त नव्हती संत ॥ १ ॥=अभिजन
नव्हती ते संत वेदाच्या पठणें ।=श्रुत
नव्हती ते संत करितां तपतीर्थाटण ॥=तप इ० इ०

'सन्त वे नहीं जो कवित्व करते हैं, जिनका बड़ा परिवार है, जो वेदपाठ या तप-तीर्थाटन आदि करते हैं ।'

अब दूसरा अभंग देखिये—

अभक्त ब्राह्मण जळो त्याचें तोंड । काय त्यासी रांड प्रसवली ॥ १ ॥
वैष्णव चांभार धन्य त्याची माता । शुद्ध उभयता कुळ याती ॥ ध्रु० ॥
ऐसा हा निवाडा जाळासे पुराणीं । नव्हे माझी वाणी पदरिची ॥ २ ॥
तुका म्हणे आगी लागो थोरपणा । दृष्टि त्या दुर्जना न पडो माझी ॥ ३ ॥

'जो ब्राह्मण होकर भी भगवान्का भक्त न हो उसका मुँह काला । उसे मानो राँडने जना हो । चमार है पर यदि वह वैष्णव है तो उसकी माता धन्य है जिसने उसे जन्म देकर उभय कुल पावन किये । पुराणोंमें ही यह निर्णय हो चुका है, यह मैं कुछ अपने पल्लेसे नहीं कह रहा हूँ । तुका कहता है, उस बड़प्पनमें आग लगे (जिसमें भगवद्भक्ति नहीं), उसपर मेरी दृष्टि भी न पड़े ।'

प्रसन्न हुए।' (अब दूसरे श्लोकमें यही बतलाते हैं कि भक्तिके सिवा भगवान् और कुछ नहीं चाहते-) 'उपर्युक्त बारहों गुण यदि किसी ब्राह्मणमें हैं पर वह कमलनाभ भगवान्की सेवासे विमुख है तो उसकी अपेक्षा वह चाण्डाल श्रेष्ठ है जिसने अपना मन, वचन, कर्म, अर्थ और प्राण भगवान्को समर्पित कर दिया है। कारण, हरिभक्त चाण्डाल भी अपने कुलको पावन करता है, पर गर्वका पुतला बना हुआ नास्तिक ब्राह्मण अपना भी उद्धार नहीं कर सकता। ये दोनों श्लोक तुकारामजीके दो अभङ्गोंमें भावरूपसे आ गये हैं—

नव्हती ते संत करितां कवित्व।=पाण्डित्य
संताचे ते आप्त नव्हती संत ॥ १ ॥=अभिजन
नव्हती ते संत वेदांच्या पठणें।=श्रुत
नव्हती ते संत करितां तपतीर्थाटण ॥=तप इ० इ०

'सन्त वे नहीं जो कवित्व करते हैं, जिनका बड़ा परिवार है, जो वेदपाठ या तप-तीर्थाटन आदि करते हैं।'

अब दूसरा अभंग देखिये—

अभक्त ब्राह्मण जळो त्याचें तोंड। काय त्यासी रांड प्रसवली ॥ १ ॥
वैष्णव चांभार धन्य त्याची माता। शुद्ध उभयतां कुळ याती ॥ ध्रु० ॥
ऐसा हा निवाडा जाला से पुराणीं। नव्हे माझी वाणी पदरिंची ॥ २ ॥
तुका म्हणे आगी लागो थोरपणा। दृष्टी त्या दुर्जना न पडो माझी ॥ ३ ॥

'जो ब्राह्मण होकर भी भगवान्का भक्त न हो उसका मुँह काला! उसे मानो रॉँडने जना हो। चमार है पर यदि वह वैष्णव है तो उसकी माता धन्य है जिसने उसे जन्म देकर उभय कुल पावन किये। पुराणोंमें ही यह निर्णय हो चुका है, यह मैं कुछ अपने पल्लेसे नहीं कह रहा हूँ। तुका कहता है, उस बड़प्पनमें आग लगे (जिसमें भगवद्भक्ति नहीं); उसपर मेरी दृष्टि भी न पड़े।'

इस अभंगमें उपर्युक्त दूसरे श्लोकका अर्थ स्पष्ट ही प्रतिबिम्बित हुआ है और साथ ही तुकारामजी यह भी बतला देते हैं कि यह निर्णय पुराणोंमें ही हो चुका है। किस पुराणमें कहाँ यह निर्णय हुआ है यह बतलानेकी अब कोई आवश्यकता न रही। भागवत पुराणके उपर्युक्त श्लोकमें यह निर्णय किया हुआ सामने मौजूद है।

(७) प्रह्लाद दैत्यपुत्रोंको उपदेश करते हुए कहते हैं (स्कन्ध ७—६)—

पुंसो वर्षशतं ह्यायुस्तदर्धं चाजितात्मनः।
निष्फलं यदसौ रात्र्यां शेतेऽन्धं प्रापितस्तमः॥६॥
मुग्धस्य बाल्ये कैशोरे क्रीडतो याति विंशतिः। इत्यादि

तुकाराम ध्यावों वासुदेव अभंगमें कहते हैं—

अल्प आयुष्य मानवी देह। शत गणिले ते अर्ध रात्र खाय।
पुढें बाळत्व पीडा रोग क्षय। इत्यादि

मानवी देहकी आयु अल्प है। १ वर्षकी आयु गिनें तो आधी आयु तो रात ही खा जाती है। फिर बालकपनमें कुछ आयु निकल जाती है। फिर पीड़ा रोग और क्षय घर कर लेते हैं।

(८) अष्टम स्कन्ध (अ० २१)में गजेन्द्रका आख्यान है उसके साथ तुकारामजीके गजेन्द्रसम्बन्धी उल्लेख मिलाकर देखनेयोग्य हैं। गजेन्द्रकी कथा और उसका मर्म तुकारामजी बतलाते हैं—

गजेंद्र तो हत्ती सहस्र वर्षें। जळामाजी नक्रें पीडिलासे॥१॥
गुंतली सोयिरें कामी नाहीं आले। ऐसी वाट पाहे निकी तुझी॥२॥
हरिच्या स्मरणा आसुडा नारायणा। तया रोमांचल्या उभी ठेलें॥३॥
तुका म्हणे मेले वाहनि विमानी। नेली म्हणोनी निजधामासी॥४॥

गजेन्द्रको जलमें एक नक्र सहस्र वर्षतक पकड़ रखा था। गजेन्द्रके कोई सुहृद् उसे छुड़ा नहीं सके। तब अन्तमें हे विठ्ठलनाथ!

वह आपकी प्रतीक्षा करने लगा। हे कृपानिधान मेरे नारायण! उन दोनोंका आपने उद्धार किया। आप उन्हें विमानमें बैठाकर ले गये। यह सुनकर मुझे भी यह भरोसा हो गया।'

एक हजार वर्षतक गज ग्राहका युद्ध हुआ यह बात भागवतमें भी है—'तयोर्नियुद्धयतो समा सहस्रं व्यगमन्।' कोई सुहृद् छुड़ा नहीं सके—'अपरे गजास्त तारयितु न चाशकन्।' गजेन्द्र और ग्राह दोनोंको भगवान्ने तारा, यह बात भागवतमें ही कही है। 'विमानमें बैठा ले जाने-की बात भागवतमें इस रूपमें है—'तेन युक्त अद्भुत स्वभवन गरुडा-सनोऽगात्।' इस प्रकार तुकारामजीने भागवतकी जिन जिन भक्तकथाओं-का उल्लेख अपने अभगोंमें किया है उन कथाओंको, उल्लेख करनेके पूर्व, मूल भागवतमें अच्छी तरह देख लिया है। अर्थात् भागवतके साथ तुकारामजीका प्रत्यक्ष और दृढ परिचय था, यह स्पष्ट है।

तुकारामजीकी यह बात भी विशेष मनन करनेयोग्य है कि 'भगवान् उन्हें विमानमें बैठाकर ले गये। यह सुनकर मुझे भी यह भरोसा हो गया।' भगवान् भक्तको विमानमें बैठाकर अपने धाम ले जाते हैं यह गजेन्द्र-अम्बरीष आदि भक्तोंके चरित्रोंमे देखा और इसका 'मुझे भी भरोसा हो गया।' तुकारामजीका यह उद्गार उन्हींकी वैकुण्ठगमनकी कथाके साथ मिलाकर देखनेयोग्य है।

(९) तैरेव सद्भवति यत्क्रियतेऽपृथक्त्वात्
सर्वस्य तद्भवति मूलनिषेचनं यत्॥

(८।९।२९)

यथा हि स्कन्धशाखानां तरोर्मूलावसेचनम्।
एवमाराधनं विष्णोः सर्वेषामात्मनश्च हि॥

(८।५।४९)

इस अभंगमें उपर्युक्त दूसरे श्लोकका अर्थ स्पष्ट ही प्रतिफलित हुआ है और साथ ही तुकारामजी यह भी बतला देते हैं कि 'यह निर्णय पुराणोंमें ही हो चुका है।' किस पुराणमें कहाँ यह निर्णय हुआ है यह बतलानेकी अब कोई आवश्यकता न रही। भागवत-पुराणके उपर्युक्त श्लोकोंमें यह निर्णय किया हुआ सामने मौजूद है।

(७) प्रह्लाद दैत्यपुत्रोंको उपदेश करते हुए कहते हैं (स्कन्ध ७—६)—

> पुंसो वर्षशतं ह्यायुस्तदर्धं चाजितात्मनः।
> निष्फलं यदसौ रात्र्यां शेतेऽन्धं प्रापितस्तमः॥६॥
> मुग्धस्य बाल्ये कैशोरे क्रीडतो याति विंशतिः। इत्यादि

तुकाराम 'भागों वासुदेव' अभंगमें कहते हैं—

> अल्प आयुष्य मानवी देह। शत गणिलें तें अर्ध रात्र खाय।
> पुढें बाळत्व पीडा रोग क्षय। इत्यादि

मानवी देहकी आयु अल्प है। १०० वर्षकी आयु गिनें तो आधी आयु तो रात ही खा जाती है। फिर बालकपनमें कुछ आयु निकल जाती है। फिर पीड़ा, रोग और क्षय घर कर जाते हैं।

(८) अष्टम स्कन्ध (अ० २-४)में गजेन्द्रका आख्यान है, उसके साथ तुकारामजीके गजेन्द्रसम्बन्धी अभंगको मिलाकर देखनेयोग्य हैं। गजेन्द्रकी कथा और उसका मर्म तुकारामजी बतलाते हैं—

> गजेंद्र तो हस्ती सहस्र वरुषें। जळामाजी नक्रें पीडिलासे॥१॥
> तुटली सकळिकें कोणी नाहीं सखे। अंतीं बाप पाहे विठो तुसी॥२॥
> हरिस्मरा साजिरा आसुडा नारायणा। तया हातातजण तारीयेलें॥३॥
> तुका म्हणे भेरें वाहनि निमानी। मीही अन्तपोनी विश्वासलें॥४॥

गजेन्द्रको जलमें एक सहस्र वर्षसे ग्राहने पकड़ रखा था। गजेन्द्रके कोई सुहृद् उसे छुड़ा नहीं सके। तब अन्तमें वे विठ्ठलनाथ।

वह आपकी प्रतीक्षा करने लगा। ये कृपानिधान मेरे नारायण! उन दोनोंका आपने उद्धार किया। आप उन्हें विमानमें बैठाकर ले गये। यह सुनकर मुझे भी यह भरोसा हो गया।'

एक हजार वर्षतक गज ग्राहका युद्ध हुआ यह बात भागवतमें भी है—'तयोर्नियुध्यतोः समाः सहस्रं व्यगमन्।' कोई छुड़ा न सके—'अपरे गजास्तं तारयितुं न चाशक्नन्।' गजेन्द्र और ग्राह दोनोंको भगवान्‌ने तारा, यह बात भागवतमें ही कही है। 'विमानमें बैठा ले जाने'की बात भागवतमें इस रूपमें है—'तेन युक्तः अद्भुतं स्वभवनं गरुडासनोऽगात्।' इस प्रकार तुकारामजीने भागवतकी जिन जिन भक्तकथाओं-का उल्लेख अपने अभंगोंमें किया है उन कथाओंको, उल्लेख करनेके पूर्व, मूल भागवतमें अच्छी तरह देख लिया है। अर्थात् भागवतके साथ तुकारामजीका प्रत्यक्ष और दृढ परिचय था, यह स्पष्ट है।

तुकारामजीकी यह बात भी विशेष मनन करनेयोग्य है कि 'भगवान् उन्हें विमानमें बैठाकर ले गये। यह सुनकर मुझे भी यह भरोसा हो गया।' भगवान् भक्तको विमानमें बैठाकर अपने धाम ले जाते हैं यह गजेन्द्र-अम्बरीष आदि भक्तोंके चरित्रोंमें देखा और इसका 'मुझे भी भरोसा हो गया।' तुकारामजीका यह उद्गार उन्हींकी वैकुण्ठगमनकी कथाके साथ मिलाकर देखनेयोग्य है।

(९) तैरेव सद्भवति यत्क्रियतेऽपृथक्त्वात्
सर्वस्य तद्भवति मूलनिषेचनं यत् ॥

(८। ९। २९)

यथा हि स्कन्धशाखानां तरोर्मूलावसेचनम्।
एवमाराधनं विष्णोः सर्वेषामात्मनश्च हि ॥

(८। ५। ४९)

श्रीमद्भागवतमें मूलसेचनका जो भाव आया हुआ यह दृष्टान्त, इसी अर्थके साथ तुकारामजीके अभंगमें भी इस प्रकार आया है—

सिंचन करितां मूळ ॥ वृक्ष ओलावे सकळ ॥१॥
नको पुष्पफळां भरी ॥ पडा एक सार धरी ॥२॥

'मूलका सिंचन करनेसे उसकी तरी समस्त वृक्षमें पहुँचती है। पुष्पफलके फेरमें मत पड़ो, जो सार वस्तु है उसे पकड़े रहो।' ज्ञानेश्वरीमें भी यही दृष्टान्त आया है— 'मूलसिंचनसे जैसे सहज ही शाखा-पल्लव सन्तोषको प्राप्त होते हैं' परन्तु 'अपृथक्त्वात्' पद भागवतमें ही है और उसीसे 'पृथक्के फेरमें मत पड़ो' यह तुकोक्ति निकली है।

(१०) अहं भक्तपराधीनः (९।४।६३)

हरि भक्तपराधीना। तुका म्हणे नारायण ॥१॥

(११) वशीकुर्वन्ति मां भक्त्या सत्स्त्रियः सत्पतिं यथा ॥
(९।४।६६)

पतिव्रते जैसा भ्रतार प्रमाण। आम्हां नारायण तैसापरी।

'पतिव्रताके लिये जैसे पति ही प्रमाण है, वैसे ही हमारे लिये नारायण हैं।'

(१२) भर्जिता क्वथिता धाना प्रायो बीजाय नेष्यते ॥
(१०।२२।२६)

बीज भाजुनि केली लाही। आम्हां जन्म-मरण नाहीं ॥

'बीज भूँजकर लाई बना डाली तब जन्म-मरण कहाँ रहा?'

(१३) एकादश स्कन्धके दूसरे अध्यायमें 'कायेन वाचा मनसेन्द्रियैर्वा' (३६) इस श्लोकसे लेकर 'विसृजति हृदयं न यस्य साक्षात् प्रणयरशनया धृताङ्घ्रिपद्मः' (५५) इस श्लोकतक भागवत धर्मका वर्णन है। इसमें आद्य और अन्त्य दोनों श्लोकोंका अर्थ तुकारामजीके अभंगमें है—

प्रेमसूत्रदोरी । नेतो जिकडे जातो हरी ॥ १ ॥
मने सहित वाचा काया । अवघें दिलें पंढरिराया ॥ २ ॥
(प्रेमसूत्रडोर । जाते हरि जाँचो जिस ओर ॥
मन सह तन वचन । किया सब हरि-अर्पण ॥)

प्रणयरज्जुना—प्रेमसूत्रकी डोर ।

(१४) भागवतके निम्नलिखित श्लोकका तो तुकारामजीने पदशः भाषान्तर किया है—

न पारमेष्ठ्यं न महेन्द्रधिष्ण्यं
न सार्वभौमं न रसाधिपत्यम् ।
न योगसिद्धीरपुनर्भवं वा
मय्यर्पितात्मेच्छति मद्विनान्यत् ॥

यह श्लोक एकादश स्कन्ध (अ० १४ । १४)में है । कुछ हेर-फेरके साथ ऐसा ही श्लोक षष्ठ स्कन्धमें भी है (अ० ११ । २५) इस श्लोकका अर्थ यह है कि जिसने मुझे आत्मार्पण किया है वह मेरा भक्त मेरे सिवा और कुछ भी नहीं चाहता । पारमेष्ठ्य अर्थात् परमेष्ठीपद अथवा सत्यलोक, महेन्द्रधिष्ण्य अर्थात् इन्द्रपद, सार्वभौमपद, रसाधिपत्य अर्थात् पातालका आधिपत्य, योगसिद्धि, अपुनर्भव अर्थात् मोक्षकी भी वह इच्छा नहीं करता । इन पारमेष्ठ्यादि छः पदोंको सामने रखकर, तुकारामजीने देखिये, कैसे इस श्लोकका अनुवाद किया है—

परमेष्ठीपदा । तुच्छ करीती सर्वदा ॥ १ ॥
'परमेष्ठी पदको भी सदा तुच्छ समझते हैं । (कौन ?)'
हेंचि ज्याचें धन । सदा हरीचें चिंतन ॥ ध्रु० ॥
'सदा हरिका चिन्तन ही जिनका धन है ।'
इंद्रादिक भोग । मानिती ते भवरोग ॥ २ ॥

'इन्द्रादिकोंके जो भोग हैं वे भोग नहीं, भवरोग हैं।'

सार्वभौम राज्य । त्यांसी नाहीं काज ॥३॥

'सार्वभौम राज्यसे उनहें कोई काम नहीं है।'

पाताळींचें आधिपत्य । ते तो मानिती विपत्य ॥४॥

'पातालके अधिपति होनेको वे विपत्ति ही समझते हैं।'

योगसिद्धिसार । त्यांसी वाटे तें असार ॥५॥

'योगसिद्धियोंके सारको वे निःसार समझते हैं।'

मोक्षपदींचें सुख । सुख नव्हे तें ही दुःख ॥६॥

'मोक्षपदके सुखको वे सुख नहीं दुःख ही समझते हैं।'

तुका म्हणे हरी वीण । त्यांसि अवघा वाटे शीण ॥७॥

'तुका कहता है हरिके बिना वे सब कुछ व्यर्थ समझते हैं।'

इतने स्पष्ट प्रमाण पानेके पश्चात् कोई भी यह नहीं कह सकता कि श्रीमद्भागवतके साथ तुकारामजीका दृढ़ परिचय नहीं था।

१० पुराणोंपर श्रद्धा

भागवतके अतिरिक्त अन्य पुराणोंको भी तुकारामजीने बड़े प्रेमसे पढ़ा था। पुराणोंके सम्बन्धमें उन्होंने अनेक बार जो प्रेमोद्गार प्रकट किये हैं उनसे यह मालूम होता है कि पुराणोंका भी उनके चित्तपर गहरा प्रभाव पड़ा था।

एक स्थानमें उन्होंने कहा है 'मैंने पुराण देखे, दर्शनोंमें भी ढूँढ़ खोज की पर तीनों भुवनमें ऐसा (मेरे नारायण-जैसा) कोई दूसरा न देखा।' एक दूसरे स्थानमें कहते हैं 'पुराणोंका इतिहास देखा उसके पीछे इसका अनुभव किया और उसीके आधारपर यह कविता कर रहा हूँ यह व्यर्थका बकवाद नहीं है।' एक स्थानमें तुकाराम भगवान्से प्रार्थना

करते हैं कि 'हे भगवन् ! मैं यहाँ (इन चरणोंमे) अनन्य अधिकारी कब, कैसे बन सकूँगा, यह मैं नहीं जानता। पुराणोंके अर्थोंका जब ध्यान करता हूँ तो जी तड़पने लगता है।' 'भक्तिके बिना भगवान् नहीं मिलने के', तुकाराम कहते हैं कि 'यही बात पुराण बतलाते हैं। पुराणोंमें यह प्रसिद्ध है कि असख्य भक्तोंको भगवान्‌ने उबारा है, पुराण बतलाते हैं कि भगवान् ऐसे दयालु हैं। पुराणोंके वचन मेरे लिये प्रमाण हैं।'

इस प्रकार अनेक स्थानोंमें तुकारामजीने अपना पुराण-प्रेम व्यक्त किया है। पुराणोंकी भक्त-कथाएँ पढकर तुकाराम तन्मय हो जाते थे, इनकी सी उत्कट भगवद्भक्ति मेरे चित्तमें कब उदय होगी, यही सोच उनको होता था और वह व्याकुल हो उठते थे। पुराणोंका अमृतरस पान करते हुए वह प्रेमाश्रुओंसे भीग जाते थे। ध्रुवकी ध्याननिष्ठा देखकर वह श्रीविठ्ठलरूपके ध्यानमें निमग्न हो जाते थे। नाम स्मरणसे कितने असख्य भक्त तर गये, यह सोचकर वह और भी अधिक उल्लासके साथ नाम-कीर्तनमें निमज्जित हो जाते थे। श्रीमद्भागवतादि पुराणोंके समवलोकन-का ऐसा मृदु और मधुर सुसस्कार तुकारामजीके शुद्ध चित्तपर पड़ा। 'नामाचे पवाडे गर्जती पुराणें' (पुराण गरजकर नामके गीत गाते हैं) वाले अभगमें तुकारामजीने यह कहा है कि आदिनाथ शङ्कर, नारद, परीक्षित, वाल्मीकि आदि, नामके अलौकिक रागमें तन्मय हो गये और हम-जैसोंको मार्ग दिखा गये। अस्तु, यहाँतक हमलोगोंने यह देखा कि गीता तथा भागवतादि पुराणोंका अध्ययन तुकारामजीके ज्ञानार्जनका कितना बड़ा अङ्ग था।

११ विष्णुसहस्रनाम-पाठ

भागवतधर्मियोंमें विष्णुसहस्रनाम भी पहलेसे ही बहुत प्रिय और मान्य है। इसके नित्यपाठकी परम्परा भी बहुत प्राचीन है। यह विष्णु-

सहस्रनाम महाभारतके अनुशासनपर्वका १४९ वाँ अध्याय है। भगवान्‌का ध्यानपूर्वक नाम-सङ्कीर्तन चित्तशुद्धिका उत्तम उपाय है। नाम स्मरण वेदोंमें भी विहित है। ऋग्वेदके अन्तिम अध्यायमें यह वचन है—'मर्ता अमर्त्यस्य ते भूरि नाम मनामहे। विप्रासो जातवेदसः' श्रीमद्भागवतमें तो अनेक स्थलोंमें, विशेषकर अजामिलकी कथाके प्रसङ्गसे (स्कन्ध ६ अ० २) नाम-माहात्म्य बड़े प्रेमसे गाया गया है। नाम स्मरणके लिये विष्णुसहस्रनाम बड़ा अच्छा साधन है। ज्ञानेश्वरीमें (अ० १२। ९) ज्ञानेश्वर महाराजने यह स्पष्ट उल्लेख किया है कि 'सहस्रों नामोंकी नौकाओंके रूपमें सजकर मैं संसारके पार पहुँचानेवाला तारक जहाज बना हूँ।' नामदेवराय के अभङ्गोंमें भी 'सहस्रनामके बटोहियोंको कन्धेपर चढ़ा लिया' ऐसा उल्लेख है। गीता और विष्णुसहस्रनामके नित्यपाठकी परिपाटी बहुत प्राचीन है। नाम-स्मरण भवसागर पार करनेका मुख्य साधन है यह भागवत धर्मका मुख्य उपदेश है। भागवतमें स्पष्टतः यह उपदेश किया गया है। गीतामें भी 'सततं कीर्तयन्तो माम्' (अ० ९। १४) 'यज्ञानां जपयज्ञोऽस्मि' (अ० १०। २५) ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म (अ० ८। १३) इत्यादि प्रकारसे नाम-स्मरणका निर्देश किया गया है। विष्णुसहस्रनाममाला नाम-स्मरणके लिये बनी-बनायी चीज मिल गयी, इससे लोग उसका उपयोग करने लगे और उसका इतना प्रचार हुआ। तुकारामजी भी विष्णुसहस्रनामका नित्य पाठ किया करते थे। वारकरी सम्प्रदायमें यह बात प्रसिद्ध है कि तुकारामजीने विष्णुसहस्रनामके एक लक्ष पाठ किये। तुकारामजीके अभङ्गोंमें ७-८ बार विष्णुसहस्रनामका नाम आया है—

(१) सहस्रनामकी नौकाको ठीक कर लो जो भवसागरके पार करा देती है।

(२) कल्याण चार वेद, अठारह पुराणोंकी फलीभूत प्रतिमास्वरूप इस श्यामरूपको आँखोंमें भर लो और विष्णुसहस्रनाममन्त्रमाला जपो।

(३) सहस्रनामकी प्रत्येक पुकार उत्तरोत्तर अधिकाधिक बल देनेवाली है।

(४) सहस्रनामका रूप भक्तोंका पक्षपाती है।

(५) मेरी पूँजी सहस्रनाममाला है।

(६) एक नाम भी जहाँ असीम है वहाँ सहस्र नामोंकी माला गूँथ डाली।

(७) जिसके रूप है न आकार, वह नाना अवतार धारण करता है, उसीने अपने सहस्र नाम रख लिये।

(८) सहस्र नामसे पूजा करना कलश ही चढाना है।

तुकारामजीका यह कहना है कि विष्णुसहस्रनाम नौकाका मैंने सहारा लिया, आपलोग भी लीजिये; इससे भव सिन्धुको पार कर जाओगे। इस सहस्रनामावलिमें श्रीकृष्णके जो केशव, पुरुषोत्तम, गोविन्द, माधव, अच्युत, देवकीनन्दन, वासुदेव, गरुडध्वज, नारायण, दामोदर, मुकुन्द, हरि, भक्तवत्सल, पापनाशन आदि नाम हैं—ये ही तुकारामजीके अभगोंमें बार-बार आते हैं। कई नामोंपर उन्हें अभग भी सूझे हैं—

(१) धर्मो धर्मविदुत्तम.।

धर्माची तू मूर्ति। पाप-पुण्य तुझे हातीं ॥ १ ॥

'धर्मकी तुम मूर्ति हो। पाप-पुण्य तुम्हारे हाथमें है।'

(२) गुसश्चक्रगदाधर।

घेऊनिया चक्रगदा। हाची धन्दा करीतो ॥ १ ॥
भक्ता राखे पायापाशीं। दुर्जनांसी संहारी ॥ २ ॥

'चक्र और गदा लिये वह यही किया करता है कि भक्तोंको अपने चरणोंके पास रखता और दुर्जनोंका संहार करता है।'

'चक्रगदाधर' पदका यह विवरण है। सुदर्शनचक्रसे वह अम्बरीष-जैसे भक्तोंको अपने चरणोंके समीप रखता और गदासे बक-जैसे दुष्टोंका संहार करता है।

(३) अमृतांशोऽमृतवपुः ।

शीतळें शीतम । अमृताची तनु । [illegible] । नारायण ॥ १ ॥

१२ महिम्नादि स्तोत्र और सुभाषित

तुकारामजीके अभंगोंमें संस्कृत-श्लोकोंके प्रतिरूप या अनुवाद भी आते हैं, जिनसे उनकी बहुश्रुतता और धारणा शक्तिका पता लगता है—

(१) सर्वं विष्णुमयं जगत् । विष्णुमय जग वैष्णवांचा धर्म ।

(२) मद्भक्ता यत्र गायन्ति तत्र तिष्ठामि नारद ॥

माझे भक्त गाती जेथें । नारदा मी उभा तेथें ॥ १ ॥

मेरे भक्त जहाँ गाते हैं, हे नारद ! मैं वहाँ खड़ा रहता हूँ ।

(३) कामातुराणां न भयं न लज्जा ।

कामातुरा भय लज्जा ना विचार ।

कामातुरको न भय है, न लज्जा न विचार ।

(४) क्षमा शस्त्रं करे यस्य दुर्जनः किं करिष्यति ।

अतृणे पतितो वह्निः स्वयमेवोपशाम्यति ॥

क्षमाशस्त्र ज्या नराचिये हातीं । दुष्ट तयाप्रति काय करी ॥ १ ॥
तृण नाहीं तेथें पडिला दावाग्नी । जाय तो विझोनी आपसया ॥ २ ॥

'क्षमा शस्त्र जिस मनुष्यके हाथमें है दुर्जन उसका क्या बिगाड़ सकते हैं ! जहाँ तृण ही नहीं है वहाँ दावाग्नि जाकर क्या करेगी ? आप ही बुझ जायगी ।

(५) मूकं करोति वाचालं पङ्गुं लङ्घयते गिरिम् ।

उलंघितें पांगुळ गिरी । मुकें करी अनुवाद ॥

(६) प्रतिष्ठा शूकरीविष्ठा गौरव न तु रौरवम् ॥

मानदंभचेष्टा । हे तों सूकराची विष्ठा ॥ १ ॥

(७) परोपकार. पुण्याय पापाय परपीडनम् ॥

पुण्य परउपकार पाप ते परपीडा ।
आणिक नाहीं जोडा दुजा यासी ॥

'पुण्य परोपकार है और पाप परपीड़ा है। इसका और कोई जोड़ा नहीं है।'

(८) मृगमीनसज्जनाना तृणजलसन्तोषविहितवृत्तीनाम् ।
लुब्धकधीवरपिशुना निष्कारणवैरिणो जगति ॥

काय केलें जळचरीं । ढीवर त्याच्यां घातावरी ॥ १ ॥
हातों ठायींचा विचार । आहे याति वैरकार ॥ध्रु०॥
श्वापदातें वधी । निरपराधें पारधी ॥ २ ॥
तुका म्हणे खळ । संतां पीडिती चांडाळ ॥ ३ ॥

जलचर बेचारोंने क्या किया जो धीवर उनकी घातमें रहता है? पर यह ऐसा ही है, यह जातिस्वभाव है, इसकी देह ही इनके वैरकी है। (वैसे ही) व्याध निरपराध मृगोंको मारा करता है। (और) तुका कहता है, खल जो हैं चाण्डाल, वे सन्तोंको ही सताया करते हैं। लुब्धक, धीवर, पिशुन तीनों दृष्टान्त तुकारामजीने उठा लिये हैं और उन्हें अभंग-वाणीमें क्या खूबीसे बैठाया है।

भर्तृहरिके नीतिवैराग्यशतक और आचार्यके पाण्डुरङ्गाष्टक, षट्पदी और महिम्नादि स्तोत्र तुकारामजीके अवलोकन और पाठमें रहे होंगे। पाण्डुरङ्गाष्टकमें इस आशयका एक श्लोक है कि भगवान्ने कटिपर जो हाथ रखे हैं वह यह जतलानेके लिये कि भक्तोंके लिये भवसागर कमरके नीचे ही है।

(९) प्रमाणं महाम्भोधेरिदं मामकानां
विलम्बः कराभ्यां कृतो येन तस्मात् ।
विषादुर्वसत्यै कृतो नाभिसेवः
पराक्रान्तिदं मे पाण्डुरङ्गस्य ॥

ध्या विठ्ठल स्मरण । नामीं रूपीं अनुसन्धान ।
जाणोनि भक्तां भवप्रमाण । अधानप्रमाण दावीतसे ॥
कटीवरी ठेवुनी हात । भक्तां दावित संकेत ।
भव अब्धीचा अंत । तुकयाम्हणे ॥

श्रीविठ्ठलनाथका स्मरण करो । नाममें, रूपमें, उन्हींका अनुसन्धान करो । भक्तोंको जानकर बतलाते हैं कि भवसागर कमरके बराबर है । कटिपर हाथ रखकर (भक्त) जनोंको यह संकेत करते हैं कि भवसमुद्रका अन्त यहींतक है ।'

(१) असितगिरिसमं स्यात् कज्जलं सिन्धुपात्रे
सुरतरुवरशाखा लेखनी पत्रमुर्वी ।
लिखति यदि गृहीत्वा शारदा सर्वकालं
तदपि तव गुणानामीश पारं न याति ॥

महिम्नःस्तोत्रका यह श्लोक प्रसिद्ध है । इस श्लोककी छाया आगे दिये हुए मराठी अनुवादपर विशेषतः उसके पहले चरणानुवादपर कितनी पड़ी हुई है यह देखिये—

'जिनके गीत गाते हुए जहाँ श्रुतियोंको मौन हो जाना पड़ता है वहाँ मेरी वाणी ही क्या जो उस स्तुतिको पूरा करे । जहाँ शेषनाग भी अपने सहस्र मुखोंसे स्तुति करते-करते थक गये जहाँ सिन्धुपात्रमें सम्पूर्ण मही भी घुलकर स्याही हो जाय तो भी पूरा न पड़े वहाँ मेरी वाणी ही क्या जो उस स्तुतिको पूरा करे । तेरी कीर्ति तेरे सामने बखान करूँ तो

अखिल ब्रह्माण्डमें भी वह न समा सकेगी, मेरुकी लेखनी, सागरकी स्याही और भूमिका कागज तो पूरा पड़ ही नहीं सकता।'

१३ तुकारामजीका संस्कृत-ज्ञान

तात्पर्य गीता, भागवत, कई अन्य पुराण तथा महिम्नादि स्तोत्रोंको तुकारामजीने बहुत अच्छी तरहसे पढ़ा था। जिन लोगोंकी यह धारणा हो कि तुकाराम लिखे-पढ़े नहीं थे वे आश्चर्य करेंगे। तुकारामजीने भण्डारा-पर्वतपर ज्ञानेश्वरी और नाथभागवतादि ग्रन्थोंके अनेक पारायण किये थे। वह मराठी बहुत अच्छी तरहसे लिख सकते थे। बाल-लीलाके जो अभग उन्होंने बनाये उन्हें उन्होंने अपने हाथसे लिखा। अब वह सस्कृत जानते थे या नहीं और यदि जानते थे तो कितनी जानते थे, यह प्रश्न रहा। गीता और भागवतके अवतरण देकर उनके साथ उनके अभगोंका जो मिलान किया गया है उससे यह प्रश्न बहुत कुछ हल हो जाता है। समानार्थक अवतरण सैकड़ों दिये जा सकते हैं परन्तु हमने केवल ऐसे ही अवतरण दिये हैं जिनसे यह बात निर्विवादरूपसे स्पष्ट हो जाय कि तुकारामजी मूल सस्कृत-ग्रन्थोंको देखते थे और मूलके वचन गुन-गुनाते हुए ही कई अभग उन्होंने रचे हैं। तुकारामजीने स्वय कहा है कि मैंने अक्षरोंपर बड़ा परिश्रम किया, 'पुराणोंको देखा और दर्शनोंमें खोज की।' इससे यह स्पष्ट है कि मूल सस्कृत ग्रन्थोंको उन्होंने केवल सुना नहीं, स्वय देखा और पढ़ा था। देखनेमें भी अन्तर हो सकता है। व्याकरणके नियम चाहे उन्होंने न घोखे हों, उन नियमोंकी उन्हें कोई आवश्यकता भी नहीं थी। पर भागवतादि ग्रन्थ मूल सस्कृतमें वह पढ़ते थे और उनका अर्थ समझनेमें उन्हें कोई कठिनाई न होती थी। उसके पूर्व उन्होंने किसी उत्तम विद्वान्के मुखसे श्रवण भी किया होगा और उससे सस्कृतके साथ उनका परिचय बढ़ा होगा। कुछ लोग

यह कहते हैं कि वैराग्य हो जानेके पश्चात् तुकारामजी कुछ कालतक पैठणमें रहे। वहाँ उन्होंने एक विद्वान् भगवद्भक्तके मुँहसे सब सम्पूर्ण भागवत सुनी और पीछे भण्डारा खोलनेपर उन्होंने भागवतके अर्थ बोधके लिये उसके अनेक पारायण किये। भागवतसम्प्रदायके भागवतधर्मियोंके उत्साह बहुतोंने देखे होंगे अथवा चातुर्मास्यमें भागवतपुराण भी श्रवण किया होगा। यह परिपाटी अति प्राचीन है। तुकारामजीने भी सप्ताह और पुराण सुने होंगे। सप्ताहमें अनेक व्याख्यान् साथ भागवतकी पोथी सामने रखकर शुद्ध पाठ भी किया करते हैं और नित्य पुराण श्रवण करते-करते बुद्धिमान् पुरुषोंको ही क्यों स्त्रियोंको भी सहस्रों अच्छे-अच्छे श्लोक कण्ठ हो जाते हैं। कुछ लोगोंका यह मत है कि इसी तरहसे तुकारामजीको भी कुछ श्लोक याद हो गये अन्यथा संस्कृतका उन्हें बोध नहीं था। पर ऐसा समझ बैठना युक्तियुक्त नहीं है। स्वयं तुकारामजी ही जब कहते हैं कि 'पुराणोंको देखा दर्शनोंको ढूँढ़ा'। तब हमें उनमें सन्देह करनेका कोई कारण नहीं है। 'पुराणोंको देखा' माने भावार्थ समझनेके लिये मैंने स्वयं पुराणोंको पढ़ा और 'दर्शनोंको ढूँढ़ा' माने शास्त्र ग्रन्थोंमें ढूँढ़-खोज की; और इनका तात्पर्यार्थ यही समझा कि 'विठोबाकी शरणमें जाओ निश्चिन्ततासे नाम-संकीर्तन करो'। तुकारामजीने दो-चार बार जो यह कहा है कि 'वेदोंके अक्षर पढ़नेका मुझे अधिकार नहीं' इसका भी मर्म जानना ही होगा। उनके कथनका अभिप्राय यह है कि सन्तोंके वचन मैंने याद किये भागवतके कुछ श्लोक और श्लोक कण्ठ किये इसी प्रकार यदि मुझे वेद-वचन कण्ठ करनेका अधिकार होता तो उपनिषदोंको देखकर उनसे भी निरूपणके योग्य वचन-संग्रह मैं कर लेता। शास्त्र-पुराण उन्होंने स्वयं देखे वेदोंको भी देखते यदि अधिकार होता यही इनका स्पष्ट अभिप्राय है। वे इतनी संस्कृत जान गये थे कि भागवतादि ग्रन्थोंको मूलमें ही देखकर उनका भावार्थ समझ लेते। उनकी श्रद्धा और

बुद्धि अलौकिक थी, शास्त्र-पुराणोंके भावार्थको तुरत ग्रहण कर लेनेयोग्य उनकी अन्तःकरण प्रवृत्ति थी। इस कारण इन ग्रन्थोंको देखते-देखते उन ग्रन्थोंका अर्थबोध होने योग्य संस्कृत-भाषाका ज्ञान प्राप्त हो जाना उनके लिये कुछ भी कठिन नहीं था। शास्त्रों और पुराणोंका रहस्य विशद करनेवाले प्राकृत ग्रन्थ भी मौजूद थे और उन ग्रन्थोंको भी उन्होंने देखा था। इसलिये मूल ग्रन्थोंको देखकर उनका भावार्थ जान लेना उनके से प्रज्ञा-प्रतिभावान् पुरुषके लिये सहज ही था। वेद-शास्त्र पुराणोंका रहस्य ज्ञानेश्वरी और नाथभागवतमें व्यक्त हुआ था, और इन ग्रन्थोंको तुकाराम-जीने अपने हृदयसे लगा रखा था। तुकारामजीका आचार उत्तम ब्राह्मणोंके भी अनुकरण करने योग्य था। देवपूजादिके मन्त्र उन्हें कण्ठ थे। पूजा समाप्त करते हुए 'मन्त्रहीन क्रियाहीनम्' इत्यादि कहकर प्रार्थना की जाती है। तुकारामजी कहते हैं—

> असो मन्त्रहीन क्रिया। नका चर्या विचारू ॥ १ ॥
> सेवेमध्यें जमा धरा। कृपा करा सेवटीं ॥ २ ॥

'कर्म मेरा मन्त्रहीन हुआ हो, रीत अनरीत जो कुछ हो, कुछ मत विचारिये। सेवामें इसे जमा करिये और अन्तमें कृपा कीजिये।'

भोजन समयमें 'हरिर्दाता हरिर्भोक्ता' इत्यादि कहा करते हैं। तुकारामजीने उसीको अपनी वाणीमें यों कहा है—'दाता नारायण। स्वयं भोगिता आपण ॥' तुकारामजीका एक बड़ा ही सुन्दर अभंग है—'कासयानें पूजा करूं केशीराजा' एक बार ऐसा हुआ कि तुकारामजी सब पूजा-सामग्री पास रखकर पूजा करने बैठे, पूजा आरम्भ भी नहीं होने पायी और तुकारामजीको ध्यान लग गया। पूज्य-पूजक और पूजा-साहित्य, यह त्रिपुटी नहीं रही, तीनों एकाकार हो गये। जिस अभंगकी बात कह रहे थे वह इसी समयका अभंग है। यह आचार्यके 'परा पूजा' नामक प्रकरणके भावमें है। इससे कुछ लोग बड़ी अधीरतासे यह कह देते हैं कि तुकाराम-

भी मूर्तिपूजक नहीं थे । पर इस अभंगसे यदि कोई बात साबित होती है तो वह यही कि तुकारामजी बड़े आस्थावान् और निष्ठावान् मूर्तिपूजक थे, और चन्दन, अक्षत, फूल धूप दीप-दक्षिणा आरती, मन्त्र, नैवेद्यके साथ नित्य शास्त्रोक्त रीतिसे भगवान्की प्रतिमाका पूजन करते थे । नित्यकर्मके वह बड़े पक्के थे कभी भी विकार उनमें नहीं था । उन्हींका वचन है कि नित्यनेमाविण । अन्न खाय तोचि श्वान । (कुछ नित्य नियमोंके बिना जो अन्न खाता है वह कुत्ता है।) केवल भण्डारेपर जाकर भजन करके एकान्तमें भगवान्की मानसिक प्रार्थना की और रातको गाँवके देवालयमें दो पहर कीर्तन कर लिया इतना ही तुकारामजीका कार्यक्रम नहीं था कुलपरम्परागत श्रीपाण्डुरंगकी पूजा भी वह नित्य-नियमपूर्वक और अत्यन्त भक्तिके साथ करते थे । चैतन्यघन भगवान्की मूर्ति भी चैतन्यघन है भगवान् सामने खड़े हैं षोडश उपचारोंके साथ प्रेमपूर्वक उनका पूजन करना परमानन्दमय सेवा कर्म है । ऐसे आनन्दमग्न होकर वह भगवान्की पूजा करते थे । पूजामें सब मन्त्र पुराणोक्त ही हैं । भगवान्की पूजा करनेका अधिकार सब जीवोंको है । तुकारामजीकी समय-समयपर पूजा उनका पवित्र रहन-सहन उनका संस्कृत और प्राकृत भाषाओंके अध्यात्म-ग्रन्थोंका अवलोकन, नित्यपाठ और कीर्तन यह सब इतना भावयुक्त था कि ऐसे आचारवान् पुरुष ब्राह्मणोंमें भी बहुत कम मिल सकते हैं । बहुजनसमाजपर उनके इस चरित्रका बहुत ही अच्छा प्रभाव पड़ा और उनकी भगवद्भक्तिका डंका सर्वत्र बजने लगा । पुराणमताभिमानियोंको तुकारामजीका यह यश दुःसह होने लगा । उनकी ओरसे रामेश्वर भट्ट नामके एक पुरुष तुकारामजीसे लड़ने-झगड़नेके लिये आगे बढ़े । यह प्रसङ्ग आगे आवेगा । तुकारामजीके संस्कृत-ग्रन्थोंके अध्ययनका यहाँतक विचार हुआ, अब उनके प्राकृत ग्रन्थाध्ययनकी बात देखें ।

१४ ज्ञानेश्वरी

ज्ञानेश्वरीके साथ तुकारामजीका कितना गाढा परिचय था यह दिखलानेके लिये ज्ञानेश्वरीके कुछ वचन और साथ ही उनसे मिलान करनेके लिये तुकारामजीके वचन उद्धृत करते हैं।

(१) राम हृदयमें हैं पर भ्रान्त जीव बाह्य विषयोंपर लुब्ध होते हैं। ज्ञानेश्वरी (अ० ९) में इनके लिये जोंक और दादुरकी उपमाएँ दी हैं। 'गौका दूध कितना पवित्र और मीठा होता है और होता भी है कितना पास--त्वचाके एक ही परदेके अन्दर। पर जोंक उसका तिरस्कारकर अशुद्ध रक्तका ही सेवन करती है।' (५७) 'अथवा कमलकन्द और मेढक एक ही स्थानमें रहते हैं तो भी कमलमकरन्दका सेवन भौंरे ही करते हैं और मेढकके लिये कीचड़ ही बचता है' (५८) शतचरण अभंगमें तुकारामजीने भी यही दृष्टान्त दिया है—'नामनिन्दकके लिये भगवान् वैसे ही दूर हैं, जैसे जोंकके लिये दूध।'

(२) ज्ञानेश्वरी अ० १२–९० में यह ओवी है कि 'सहस्रों नामोंकी नौकाओंके रूपमें सजकर मैं संसारमें तारक बना हूँ।' तुकारामजीका अभंग है कि 'सहस्र नामोंकी नौकाको ठीक कर लो जो भव सिन्धुके पार ले जाती है।'

(३) बीज फूटकर पेड़ होता है, पेड़ गिरकर बीजमें समाता है। (ज्ञानेश्वरी १७–५९) तुकाराम कहते हैं–पेड़ बीजके पेटमें और बीज पेड़के अन्तमें।

(४) पण्डित बालकका हाथ पकड़कर स्वयं ही अच्छे अक्षर लिखता है (ज्ञाने० १३–३०८)। तुकाराम–बच्चेके लिये गुरुजी ही पटिया अपने हाथमें लेते हैं।

की मूर्तिपूजक नहीं थे । पर इस अभंगसे यदि कोई बात साबित होती है तो वह यही कि तुकारामजी बड़े आस्थावान् और नियमी मूर्तिपूजक थे, और चन्दन, अक्षत, पुष्प धूप, दीप-दक्षिणा, आरती मन्त्र, नैवेद्यके साथ नित्य शास्त्रोक्त रीतिसे भगवान्‌की प्रतिमाका पूजन करते थे । नित्यकर्मके वह बड़े पक्के थे, जरा भी ढिलाई उनमें नहीं थी । उन्हींका वचन है 'काहीं नित्यनेमाविण । अन्न खाय तोचि श्वान (कुछ नित्य नियमोंके बिना जो अन्न खाता है वह कुत्ता है।)' केवल भण्डारेपर जाकर ग्रन्थ पढ़े एकान्तमें भगवान्‌की धार्मिक प्रार्थना की और रातको गाँवके देवालयमें दो पहर कीर्तन कर लिया, इतना ही तुकारामजीका कार्यक्रम नहीं था कुलपरम्परागत श्रीपाण्डुरङ्गकी पूजा भी वह नित्य-नियमपूर्वक और अत्यन्त श्रद्धाके साथ करते थे । चैतन्यघन भगवान्‌की मूर्ति भी चैतन्यघन है भगवान् सामने खड़े हैं, षोडश उपचारोंके साथ प्रेमपूर्वक उनका पूजन करना परमात्मपरायण जीव का है । ऐसे आत्मस्वरूप होकर वह भगवान्‌की पूजा करते थे । पूजामें सब मन्त्र पुराणोक्त ही हैं । भगवान्‌की पूजा करनेका अधिकार सब जीवोंको है । तुकारामजीकी अखण्ड-अनन्य पूजा उनका पवित्र रहन-सहन उनका संस्कृत और प्राकृत भाषाओंके अभ्यास-ग्रन्थोंका अवलोकन नियमित और कीर्तन, यह सब इतना आस्थायुक्त था कि ऐसे आचारवान् पुरुष ब्राह्मणोंमें भी बहुत कम मिल सकते हैं । बहुजनसमाजपर उनके इस चरित्रका बहुत ही अच्छा प्रभाव पड़ा और उनकी भगवद्भक्तिका डंका सर्वत्र बजने लगा । पुराणमताभिमानियोंका तुकारामजीका यह यश दुःसह होने लगा । उनकी ओरसे रामेश्वर भट्ट नामके एक पुरुष तुकारामजीसे लड़ने-झगड़नेके लिये आगे बढ़े । वह प्रसङ्ग आगे आवेगा । तुकारामजीके संस्कृत-ग्रन्थोंके अध्ययनका यहाँतक विचार हुआ अब उनके प्राकृत ग्रन्थाध्ययनकी बात देखें ।

(१४) जब गर्भिणी स्त्रीको परोसा गया तभी गर्भवासी अर्भककी तृप्ति हुई। (ज्ञाने० १३-८४८) तुकाराम—माताकी तृप्तिसे ही गर्भस्थ बालक तृप्त होता है ।

(१५) अपनी कोई स्वतन्त्र इच्छा न रखकर भगवानकी इच्छाके अनुकूल हो जाय, यह बतलाते हुए ज्ञानेश्वरजी जलका दृष्टान्त देते हैं—'माली जलको जिधर ले जाता है, जल उधर ही शान्तिके साथ जाता है, वैसे ही तुम बनो ।' तुकारामजी कहते हैं—'जल जिधर ले जाइये उधर ही जाता है, जो कीजिये वही हो जाता है । राई, प्याज और ऊख एक ही जलके भिन्न भिन्न रस हैं ।'

ज्ञानेश्वरजीके दृष्टान्तको यहाँ तुकारामजीने और भी मधुर और विशद कर दिया है । उपाधि भेदसे राई (तामस), प्याज (राजस) और ऊख (सात्त्विक) में जल त्रिविध होनेपर भी जल तो एक ही है । जलकी जैसी अपनी कोई इच्छा या आग्रह नहीं वैसे ही मनुष्यको निष्काम होना चाहिये ।

(१६) नवें अध्यायमें गुह्य ज्ञान बतलाते हुए ज्ञानदेव सञ्जयकी सुखावस्था वर्णन करते हैं—

'(श्रीकृष्णार्जुनसंवादमें) चित्त मगन होकर स्थिर हो गया, वाणी जहाँ की तहाँ स्तब्ध हो गयी, आपादमस्तक सारा शरीर रोमाञ्चित हो उठा । आँखें अधखुली रह गयीं और उनसे आनन्दजल बरसने लगा । और अन्दर आनन्दकी जो लहरें उठीं उनसे बाहर शरीर काँपने लगा । (५२७,५२८) ऐसे महासुखके अलौकिक रससे जीवदशा नष्ट होने लगी । (५३०)'

(५) सूर्यके तेजके सामने जुगनूकी चमक क्या ! (ज्ञाने० १-६७) तुकाराम— सूरजके सामने जुगनू पुढे दिखावे ।

(६) अखिल जगत् महासुखसे बन जाता है। (ज्ञाने० ९-२) तुका कहता है 'अखिल जगत् भगवान्से बन गया है। उसीके गीत गाओ यही काम बाकी है।

(७) जहाँ वे ही कीर्तनमात्रसे (अनायास) तर गये जिन्होंने मेरा भजन किया। उनके लिये मायाजाल इसी पार समाप्त हो गया। (ज्ञाने० ७-९७) तुकाराम—मुखसे नारायण-नाम गाने लगा तब भव-बन्धन कहाँ रहा! भव-सिन्धु तो इसी पार समाप्त हो जायगा।

(८) सन्त ज्ञानके देवालय हैं, सेवा उसका द्वार है इसे ग्रहण कर लो। (ज्ञाने० ४-१६६) तुकाराम—सन्तोंके चरणोंमें पुनवार पड़े रहा।

(९) देवता भाट बनकर मृत्युलोककी स्तुति करने लगते हैं। (ज्ञाने० ९-४५१) तुकाराम—स्वर्गके देवता यह इच्छा करते हैं कि मृत्युलोकमें हमारा जन्म हो।

(१०) इन्द्रियाँ आपसमें कलह करने लगेंगी। (ज्ञाने० ९-१९) तुकाराम—मेरी इन्द्रियोंमें परस्पर कलह लगी।

(११) अपने ही शरीरके रोम क्या नहीं गिन सकता वैसे ही मेरी विभूतियाँ असंख्य हैं। (ज्ञाने० १०-२१) तुकाराम—विष्णुके शरीरमें जैसे ही गिनने लगो तो अगणित केश हैं।

(१२) मेरी जिससे प्राप्ति हो वही शुद्ध पुण्य है। (ज्ञाने० ९-१११) तुकाराम—जिसमें नारायण हैं वही शुद्ध पुण्य है।

(१३) उस अनन्यगतिसे मेरा प्रेम है। (१०-११७) तुकाराम—नारायण अनन्यके प्रेमी हैं।

(१४) जब गर्भिणी स्त्रीको परोसा गया तभी गर्भवासी अर्भककी तृप्ति हुई। (ज्ञाने० १३-८४८) तुकाराम—माताकी तृप्तिसे ही गर्भस्थ बालक तृप्त होता है ।

(१५) अपनी कोई स्वतन्त्र इच्छा न रखकर भगवान्‌की इच्छाके अनुकूल हो जाय, यह बतलाते हुए ज्ञानेश्वरजी जलका दृष्टान्त देते हैं— 'माली जलको जिधर ले जाता है, जल उधर ही शान्तिके साथ जाता है, वैसे ही तुम बनो ।' तुकारामजी कहते हैं—'जल जिधर ले जाइये उधर ही जाता है, जो कीजिये वही हो जाता है । राई, प्याज और ऊख एक ही जलके भिन्न-भिन्न रस हैं ।'

ज्ञानेश्वरजीके दृष्टान्तको यहाँ तुकारामजीने और भी मधुर और विशद कर दिया है । उपाधि भेदसे राई (तामस), प्याज (राजस) और ऊख (सात्त्विक) में जल त्रिविध होनेपर भी जल तो एक ही है । जलकी जैसी अपनी कोई इच्छा या आग्रह नहीं वैसे ही मनुष्यको निष्काम होना चाहिये ।

(१६) नवें अध्यायमें गुह्य ज्ञान बतलाते हुए ज्ञानदेव सञ्जयकी सुखावस्था वर्णन करते हैं—

'(श्रीकृष्णार्जुनसंवादमें) चित्त मगन होकर स्थिर हो गया, वाणी जहाँ की तहाँ स्तब्ध हो गयी, आपादमस्तक सारा शरीर रोमाञ्चित हो उठा । आँखें अधखुली रह गयीं और उनसे आनन्दजल बरसने लगा । और अन्दर आनन्दकी जो लहरें उठीं उनसे बाहर शरीर काँपने लगा । (५२७,५२८) ऐसे महासुखके अलौकिक रससे जीवदशा नष्ट होने लगी । (५३०)'

तुकाराम कहते हैं—

स्थिरावली वृत्ति पांगुळला प्राण ।
अंतरींची खूण पावुनियां ॥ १ ॥
पुंजाळले नेत्र जाले अर्धोन्मीलित ।
कंठ सद्गदित रोमांच आले ॥ ध्रु ॥
चित्त चाकाटलें स्वरूपामाझारी ।
न निघे बाहेरी सुखावलें ॥ २ ॥
तुका म्हणे सुख प्रेमासी फुटलें ।
निराले निश्चित निर्विकल्प ॥ ३ ॥
(स्थिर हुई वृत्ति स्तम्भित प्राण ।
निज पहिचान जब पायी ॥ १ ॥
आनन्दित नेत्र, हुए अर्धोन्मीलित ।
कंठ गद्गदित रोमहर्ष ॥ ध्रु ॥
चित्त सुचकित स्वरूप-निमग्न ।
बाहर न गमन पैठा सुखी ॥ २ ॥
तुका कहे प्रेम सुखसे डोलत ।
निर्द्वंद्व निश्चित निर्विकल्प हो ॥ ३ ॥)

(१७) संसारमें रहते हुए अपना भक्तिपन्थ कैसे चलाना चाहिये यह बतलाते हुए ज्ञानेश्वरजीने मधुकरीके (अ ९–१०९) और स्फटिकका दृष्टान्त (अ १५—२४९) दिया है । ये दोनों दृष्टान्त तुकारामजी 'नटनाट्य अवघें संपादिलें सोंग' (नटनाट्य द्वारा रचाया सोंग) इस अभंगमें एकत्र ले आये हैं ।

(१८) कापूरोंकी सेजपर सुखकी नींद । (ज्ञानेश्वरी) लटमकी चारपाईपर सुखकी कल्पना (तुकाराम)।

(१९) अद्वैतानुभवसे देह-भाव छूटनेपर, देहके रहते हुए भी देहसे अलग होनेके भावको प्राप्त होनेपर कर्म बन्धक नहीं होता। ज्ञानदेव इसपर मक्खनका दृष्टान्त देते हैं। दही मथकर जब उससे मक्खन निकाल लिया जाता है तब वह मक्खन छाछमें डालनेसे किसी प्रकार भी नहीं मिल सकता। इसी बातको तुकारामजी यों कहते हैं कि 'दहीसे मक्खन जब अलग कर लिया तब दोनों एक दूसरेमें मिलाये नहीं जा सकते।'

(२०) प्यासा प्यासको ही पीये, भूखा भूखको ही खा जाय। (ज्ञा० १२-६३) तुकाराम-प्यास प्यासको पी गयी, भूख भूखको खा गयी।

(२१) सब प्राणी मेरे ही अवयव हैं, पर मायायोगसे जीवदशाको प्राप्त हुए हैं। (ज्ञाने० ७-६६) तुकाराम-एक ही देहके सब अङ्ग हैं जो सुख-दुःख भोगते—भुगतते हैं।

(२२) गीताके 'अनित्यमसुखं लोकमिमं प्राप्य भजस्व माम्' (अ० ९-३३) इस श्लोकपर ज्ञानेश्वरी टीका (४९१—५०७) और तुकारामजीके 'बाटे या जनाचें थोर वा आश्चर्य' तथा 'विषयवर्दी भुलले जीव' ये दो अभंग मिलाकर पढ़नेसे यह बहुत ही अच्छी तरहसे ध्यानमें आ जाता है कि तुकारामजीके विचारोंपर ज्ञानेश्वरीके अध्ययनका कितना गहरा प्रभाव पड़ा हुआ था। ये जीव भगवान्‌को क्यों नहीं भजते, किस बलपर उन्मत्त होकर विषय-भोगमें पड़े हुए हैं, इनकी इस दशापर ज्ञानेश्वर-तुकाराम दोनोंको ही बड़ी दया आयी है।

ज्ञा०-अरे, ये मुझे न भजें ऐसा कौन सा बल इन्हें मिल गया है, भोगमें ऐसे निश्चिन्त होकर कैसे पड़े हैं? (४९३)

तु०-इनमें कौन-सा ऐसा दम है जो अन्तकालमें काम दे? किस भरोसे ये निश्चिन्त हैं? यमदूतोंको वे क्या जवाब देंगे?

ज्ञा०—विष है या अमृत है इन प्राणियोंको सुखका कौन-सा ऐसा रूप-भरोसा है जो मुझे नहीं भजते ? (४।४) जितने भी भोग हैं वे सब एक देहके ही सुख-साधनमें लगे हैं और देहका यह हाल है कि यह कालके मुँहमें पड़ी हुई है। (४।५)

तु०—संसारमें कालका कलेवा बनकर कौन सुखी हुआ है ?

ज्ञा०—जहाँ चारों ओर दावानल धधक रहा था वहाँसे पाण्डव कैसे न बच निकलते ? ये जीव इतने उपद्रवोंसे घिरे हुए हैं तो भी कैसे मुझे नहीं भजते ?

तु०—क्या ये जीव मृत्युको भूल गये ? इसमें यह क्या चस्का लगा है ! जन्मनसे छूटनेके लिये ये देवकीनन्दनको क्यों नहीं याद करते ?

(२१) चाहे कोई कितना ही दिमाग खर्च करे पर चीनीसे फिरसे ऊख नहीं बना सकता; वैसे ही उसे (भगवान्‌को) पाकर कोई जन्म-मृत्युके इस चक्करमें नहीं पड़ सकता। (ज्ञा० ८-२२)

तु०—साखरेचा नव्हे ऊँस। पुन्हा ऐसा गर्भवास॥१॥

'चीनीका जब फिरसे ऊख नहीं बनता तब फिर गर्भवास कैसे हो सकता है ?'

(२४) भगवान्‌के गुण गाते-गाते वेद मौन हो गये और शेषनाग भी थक गये—इनसे बड़ोंसे भी बड़ा कोई है ? या शेषनागसे भी बड़े और कोई बोलनेवाले हैं ? पर यह शेषनाग भी शय्याके नीचे जा छिपते हैं और वेद 'नेति नेति' कहकर पीछे हट जाते हैं। यहाँ तो सनकादि भी बौरा गये। (ज्ञाने० —१० ७१)

तु०—त्याचा पार नाहीं कळला वेदांसी।
भागलिया भारी शिणविला।
सहस्रमुखें शेष शिणला बापुडा।
चिरलिया धडा जिव्हा त्याच्या।

(आणि) शेष स्तुती प्रवर्तला।
जिह्वा चिरूनी पलंग झाला ॥ १ ॥

'वेदोंने उनका पार नहीं पाया, श्रुति भी विचारते ही रह गये। सहस्रमुख शेष बेचारे थक गये, उनके धड़की जिह्वाएँ बन गयीं तो भी पार नहीं पा सके और शेष स्तुति करते-करते जिह्वा चीरकर पर्यंक बन गये।'

(२५) ज्ञानेश्वरीमें (अ० ६–८०से ७८ तक) यह वर्णन है कि देहाभिमानी जीव किस प्रकार शुकनलिकान्यायसे आप ही अपने पैर अटकाकर आत्मघात करता है। इस शुकनलिकान्यायपर तुकारामजी कहते हैं—

आपही तारक, आपही मारक। आप उद्धारक, अपना रे ॥
शुकनलिन्याय, फासा आपही आप। देखतो स्वरूप, मुक्त जीव ॥

'यह जीवात्मा आप ही अपना तारक, आप ही अपना मारक है। आप ही अपना उद्धारक है। रे मुक्त जीव! जरा सोच तो सही कि शुकनलिका-न्यायसे तू कहाँ अटका हुआ है।'

(२६) बड़ोंके यहाँ छोटे-बड़े सभी एक-सा भोजन पाते हैं (ज्ञाने० १८–४८)

तु०—समर्थां सी नाहीं वर्णावर्ण-भेद। सामग्री ते सिद्ध सर्व घरीं ॥ १ ॥

न म्हणे सुहृदसोयरा आवश्यक।
राजा आणि रंक सारिखेचि ॥ २ ॥

'समर्थोंके यहाँ वर्णावर्ण भेद नहीं होता। सिद्धोंके यहाँ सभी सामग्री सिद्ध ही होती है। वहाँ अपने सगे-सम्बन्धियोंकी बात नहीं है, क्योंकि राजा और रंक सभी वहाँ समान हैं।'

१५ एक पुरानी पोथी

यहाँतक लिख चुकनेके पश्चात् देहूमें एक पुरानी पोथी देखी मिली जिसमें ज्ञानेश्वरीके बारहवें अध्यायकी ओवियाँ और इनमेंसे कई ओवियोंके नीचे उन्हीं अर्थोंके तुकारामजीके अभङ्ग लिखे हुए थे। बारहवें अध्यायमें सगुण भक्तिका उत्तम प्रतिपादन है और इस कारण वारकरी सम्प्रदायमें इसकी विशेष मान्यता है, यह पोथी तुकारामजीके ही खानदानमें उनके किसी पोते-परपोतेने लिखी होगी। सम्पूर्ण पोथी यहाँ उद्धृत करना असम्भव है। तथापि नमूनेके तौरपर दो चार अवतरण यहाँ देते हैं—

१ ज्ञा०—व्यक्त और अव्यक्त निःसंशय तुम्हीं एक हो। भक्तिसे व्यक्त और योगसे अव्यक्त मिलते हो। (२१)

तु०—जो कोई जैसा ध्यान करता है दयालु भगवान् वैसे बन जाते हैं। सगुण निर्गुणके भाव तो ईश्वरने धारण करे हैं।

• • •

योगी कष्टकर जिसका आभास पाते हैं वह हमें अपनी दृष्टिसे सामने दिखायी देता है।

२ ज्ञा०—एकदेशीय स्वरूप और सर्वव्यापक स्वरूप, दोनों समान ही हैं। (२५)

तु०—म्हणे विठ्ठल ब्रह्म नव्हे। त्याचें बोल नाइकावे॥

जो कहता है कि विठ्ठल ब्रह्म नहीं है वह क्या कहता है यह सुननेकी जरूरत नहीं।

१ ज्ञा०—जो ॐकारके परे है वाणीके लिये जो अगम्य है। (११)

तु०—यदि मैं स्तुति करूँ तो वेदोंसे भी जो काम नहीं बना वह मैं कर सकता हूँ! पर इस वैखरीको उस सुखका चसका लग गया है रसना वही रट चाहती है।

४ ज्ञा०—कर्मेन्द्रियाँ सुखपूर्वक उन अशेष कर्मोंको करती रहती हैं जो वर्णविशेषके भागके अनुसार प्राप्त होते हैं। (७६) और भी जो-जो कायिक, वाचिक, मानसिक भाव हैं उन सबके लिये मेरे सिवा और कोई ठौर-ठिकाना नहीं है। (७९)

तु०—अपने हिस्सेमें जो काम आया वही करता हूँ, पर भाव मेरा तेरे ही अदर रहे। शरीर शरीरका धर्म पालन करता है, पर भीतरकी बात रे मन! तू मत भूल।

*　　　*　　　*

कहीं किसी औरका प्रयोजन नहीं, सब जगह मेरे लिये तू-ही-तू है। तन, वाणी और मन तेरे चरणोंपर रखे हैं, अब हे भगवन्! और कुछ बचा न देख पड़ता।

५ ज्ञा०—अभ्यासके बलसे कितने अन्तरिक्षमें चलते हैं, कितनोंने व्याघ्र और सर्पके स्वभाव बदल डाले हैं। (१११) अभ्याससे विष भी पच जाता है, समुद्रपर भी चला जा सकता है, कितनोंने तो अभ्यासके बलसे वेदोंको भी पीछे छोड़ दिया है। (११२) इसलिये अभ्यासके लिये तो कुछ भी दुष्कर नहीं है। इसलिये अभ्याससे तुम मेरे स्थानमें आ जाओ। (११३)

तु०—अभ्याससे एक एक तोला बचनाग खा जाते हैं, दूरोंसे आँखों देखा नहीं जाता। अभ्याससे साँपको हाथमें पकड़ लेते हैं, दूसरे देखकर ही काँपने लगते हैं, आयाससे असाध्य भी साध्य हो जाता है, इसका कारण, तुका कहता है कि अभ्यास है।

१६ एकनाथ महाराजके ग्रन्थ

अब एकनाथ महाराजके ग्रन्थोंसे तुकारामजीका कितना घनिष्ठ परिचय था, यह देखा जाय। एकनाथी भागवत, भावार्थरामायण, फुटकर

अभङ्ग इत्यादि साहित्य बहुत बड़ा है। नाथ-भागवत और अभङ्ग ही तुकारामजीके पाठ और अवलोकनमें विशेषरूपसे रहे होंगे। अन्तःप्रमाणके लिये अनेक अवतरण दिये जा सकते हैं; पर अधिक विस्तार न करके कुछ ही प्रमाण यहाँ देते हैं—

(१) मेरे भक्त जो घर आये वे सब पर्वकाल ही द्वारपर आये। ऐसे तीर्थ जब घर आते हैं, वैष्णवोंके लिये वही दशमी-दिवाली है। (नाथ-भागवत ११-१२६६)

सन्त जब घर आते हैं तब दशहरा-दिवालीका-सा आनन्द मिलता है। यह अनुभव तो सभीको है पर इस अनुभवको मूर्तरूप प्रदान किया एकनाथ महाराजने। उन्होंने एक अभङ्गमें भी कहा है—

आजी दिवाळीदसरा। श्रीसाधु संत आले घरा ॥ १ ॥

'आज ही दिवाली और दशहरा है श्रीसाधु-सन्त जो घर पधारे हैं।'

तुकारामजीके अभङ्गका यह चरण तो सर्वत्र लोकप्रिय है—

साधु संत येती घरा। तोची दिवाळी दसरा ॥ १ ॥

'साधु-सन्त घर आये वही दशहरा-दिवाली है।'

(२) आत्मलाभके लिये वैसी छटपटाहट हो जैसे जलके बिना मछली छटपटाती है। (ना० भा० ७-२१)

तु०—जीवनावेगळी मासोळी। तुका तैसा तळमळी ॥

जलके बाहर मछली जैसे छटपटाती है तुका भी वैसे ही छटपटाता है।

(३) 'संत आधी देव मग' (एकनाथ)

'पहले सन्त पीछे देवता।'

देव सारावे परते। संत पूजावे आरते ॥ १ ॥ (तुकाराम)

'देवताओंको परली तरफ कर दे, पहले सन्तोंको पूजे।'

(८) [illegible] । [illegible] ॥

(ज्ञा० भा० [illegible])

'[illegible] ऊपर [illegible] है।'

[illegible] । [illegible] ॥ (तुका०)

'छोटेसे सिन्धु [illegible] क्या [illegible] है?'

(५) 'लब्ध्वा जन्मामरप्रार्थ्यं मानुष्यम्'

(भागवत० ११ । २३ । २२)

श्रीमद्भागवतकी इस कल्पनाको एकनाथजीने (अ० ९) और फैलाया है—

> याचि नरदेह निधान । जेणें ब्रह्मसायुज्यीं [illegible] ।
> देव वांछिती मनुष्यपण । देखावें स्तवन नरदेहा ॥२५०॥
> मनुष्यदेहींचि ज्ञानें । सच्चिदानंदपदवी घेणें ।
> एवढा अधिकार नारायणें । कृपाळुपणें दीधला ॥२५१॥

इसलिये नर-देह ऐसा स्थान है कि जिससे ब्रह्म-सायुज्यकी गति मिलती है। इसीलिये देवता मनुष्य-जन्म चाहते हैं और नर-देहकी स्तुति करते हैं। (२५१) मनुष्यदेहमें ही वह ज्ञान प्राप्त हो सकता है जिससे यह सच्चिदानन्द-पदवीको प्राप्त करे। नारायणने अपनी कृपा-दृष्टिसे (नर-देहको) इतना बड़ा अधिकार दे रखा है।

तुकारामजी कहते हैं—

> इहलोकीचा हा देह । देव इच्छिताती पाहें ॥ १ ॥
> धन्य आम्ही जन्मा आलों । दास विठोबाचे झालों ॥ध्रु०॥
> आयुष्याच्या या साधनें । सच्चिदानंदपदवी घेणें ॥ २ ॥
> तुका म्हणे पावटणी । करूं स्वर्गीची निशाणी ॥ ३ ॥

'इहलोककी यह देह देखो, देवता भी चाहते हैं। इस देहमें जन्म मिलनेसे हम धन्य हुए जो भगवान्के दास हुए। इसमें जो आयु मिली है वह सच्चिदानन्द-पदवीको प्राप्त करनेका साधन है। स्वर्गकी पताका, तुका कहता है कि मोंदमें भेजी जायगी।'

(६) केवळ जी अपवित्र। रिसें आणि वानरें।
ज्यां पूजिलीं गौळियांची पोरें। ताकपिरें रानटें॥
(ना भा १४-२११)

'रीछ और बन्दर जिनमें कोई पवित्रता नहीं और छाछ पीनेवाले असभ्य ग्वाल-बाल, इनका मैंने पूजन किया।'

गौळियांची ताकपिरें। कोण पोरें चांगलीं॥ (तुकाराम)

'ग्वालोंके छाछ पीनेवाले बच्चे कौन-से बड़े अच्छे हैं!'

(७) चौपड़के खेलमें गोटीका मरना और जीना जैसा है उसी तरहसे जीवोंका बन्ध-मोक्ष भी वैसा ही है।

सारी कौन-सी मरे पीछे अपने पुण्यबलसे, वैकुण्ठधाम पहुँचती है? और कौन नरक-समुद्रमें गिरती है? बद्ध-मुक्तकी बात ही झूठ मिथ्या है। (नामभागवत ११-७१८)

सारी जीती मरी, झूठी बात सारी।
बद्ध मुक्त भारी, बात कोरी॥ (तुकाराम)

सारी मरी-जीती यह बात झूठी है। वैसे ही बद्ध-मुक्त होनेकी बात भी तुका कहता है कि कोरी बात ही है।

(८) क्या गृहाश्रममें भगवान् नहीं हैं? तब वनमें पागल होकर क्यों भटकते हैं? वनमें यदि भगवान् होते तो हरिन, खरगोश आदि क्यों न तर जाते? माखन जमाकर ध्यान लगानेसे यदि भगवान् मिलते तो बक-समुदायोंका क्षणमात्रमें उद्धार क्यों न होता? पर्वतकी गुफामें रहनेसे

यदि भगवान् मिलते तो चूहे तरना छोड़ घर घर चीं चीं क्यों करते रहते ? (नाथभागवत अ० ५)

कहो साप खाता अन्न । करे क्या ध्यान, बक भी ? ॥१॥
कपट भरा भीतर । मग उदर, मलसे ॥ध्रु०॥
करे चूहा भी एकांत । गदहा भी भभूत, रमावे ? ॥२॥
तुका जल नमालय । काग भी नहाय, कहो तो ? ॥३॥
(तुकाराम)

'क्या साँप अन्न खाता है ? (नहीं, वायु-भक्षण करके ही रहता है ।) और बकजी कैसा ध्यान करते हैं ! इनके भीतर केवल कपट भरा है, पेटमें बुराई भरी है । चूहा भी बिलमें एकान्तमें रहता है । गदहा भी सर्वाङ्गमे भभूत रमा लेता है । जलमें ही घड़ियाल रहता है । कौआ जल-स्नान करता है । पर इससे क्या ? इनके भीतर कपट भरा हुआ है, पेटमें बुराई भरी हुई है ! इससे इन्हें कोई साधु या परमार्थके साधक नहीं कहता । वायु-भक्षण, ध्यान, एकान्तवास, भस्म-लेपन, जलमें बैठकर या खड़े होकर अनुष्ठान या स्नान—ये सब ईश्वर प्राप्तिके साधन हैं सही, पर इनको करते हुए भी यदि बुद्धि निर्मल न हो तो इनसे कोई लाभ नहीं हो सकता ।

(९) अद्वैत भक्ति और अभेद भक्तिके भाव और शब्द ज्ञानेश्वरीमें हैं । इसी भक्तिको एकनाथने 'मुक्तीवरील भक्ति' (मुक्तिके ऊपरकी भक्ति) कहा है । नाथ भागवतमें ये शब्द दस-पाँच बार आये हैं । (अ० ९ ओवी ७१० से ८१० तक) इसी 'मुक्तिके ऊपरकी भक्ति' का उल्लेख तुकारामजीके एक अभङ्गके एक चरणमें है—

मुक्तीवरील भक्ति जाण । अखंड मुखीं नारायण ॥

'मुखमें अखण्ड नारायण नाम ही मुक्तिके ऊपरकी भक्ति जानो ।'

(१) देहको मिथ्या करके त्यागोगे । तो मोक्ष सुखसे जाओगे ।
इसे अच्छा जानके भोगोगे । तो अवश्य जाओगे नरकको ।
इसलिये इसे न त्यागे न भोग । बीचो-बीच विभाग ।
आत्मसाधनमें यह लगा । स्वभावमें धरे स्वहितार्थ ।
(भावार्थरामायण अ० १ । १५१ १५१)

'देहको दूषित समझकर त्याग दें तो मोक्ष-सुखसे ही वञ्चित होना पड़े, यदि इसे अच्छा समझकर भोगें तो सीधे नरकका रास्ता नापना पड़े । इसलिये इसे न त्यागे न भोगे, मध्यमार्गमें विभाग करे, इसे निज स्वभावसे आत्महितके लिये आत्मसाधनमें लगावे ।

देहको सुख न देवे भोग । न देवे दुःख न करे त्याग ॥
देह न हीन न है उत्तम । तुका कहे तुम, करो हरि-भजन ॥
(तुकाराम)

शरीरको सुख भोग न दे दुःख भी न दे इसका त्याग भी न करे । शरीर न बुरा है न अच्छा है; तुका कहता है इसे बस हरि भजनमें लगाओ ।'

नाथका भावार्थरामायण भी तुकारामजीने देखा था इसमें सन्देह नहीं । भावार्थरामायणसे दो अवतरण देते हैं—

(११) वैराग्यकी बातें तभीतक हैं जबतक कोई सुन्दर स्त्री नैनोंके सामने नहीं आयी है । (भावार्थरामायण अरण्य अ० १)

वैराग्यकी बातें बस तभीतक हैं जबतक किसी सुन्दर स्त्रीपर दृष्टि नहीं पड़ी । (तुकाराम)

(१२) श्रीरामनामके बिना जो मुख है वह केवल चमकुण्ड है । भीतर जो जिह्वा है वह चमड़ेका टुकड़ा है । (भा० रामायण)

जिसके मुँहमें नाम नहीं वह मुँह चमारका कुंडा है । (तुकाराम)

नाथ और तुकाराम दोनोंके ही अभंगोंके संग्रह प्रसिद्ध हैं। नाथके अभंगोंका पाठ और अध्ययन तुकारामजीने किया था और इसका तुकारामजीके चित्त और वाणीपर बड़ा प्रभाव पड़ा था। नाथ और तुकारामजीकी कुछ उक्तियाँ मिलाकर देखें। पहले नाथकी उक्ति देते हैं, पीछे तुकारामजीकी। पाठक इसी क्रमसे दोनोंको मिलाकर पढ़ें—

(१) एक सद्गुरुकी ही महिमा गाया करे, अन्य मनुष्योंकी स्तुति कुछ काम न देगी।

—एक विट्ठलकी ही महिमा गाया करे, मनुष्यके गीत न गाये।

(२) चिंतनासी न लगे वेळ। काहीं तया न लगे मोल॥
वाचे सदा सर्वकाळ। रामकृष्ण हरी गोविंद॥१॥

'चिन्तनके लिये कोई समय नहीं लगता, उसके लिये कुछ मूल्य नहीं देना पड़ता। सब समय ही 'राम कृष्ण हरि गोविन्द' नाम जिह्वापर बना रहे।'

—चिंतनासी न लगे वेळ। सर्व काळ करावें॥

'चिन्तनके लिये कुछ समय नहीं चाहिये, सब समय ही करता रहे।'

(३) सदा 'राम कृष्ण हरि गोविन्द' का चिन्तन करो। यही एक सत्य सार है, व्युत्पत्तिका भार केवल व्यर्थ है।

—यही एक सत्य सार है, व्युत्पत्तिका भार बेकार है।

(४) द्रव्य लेकर जो कथा-कीर्तन करते हैं वे दोनों ही नरकमें जाते हैं।

—कथा कीर्तन करके जो द्रव्य देते या लेते हैं वे दोनों ही नरकमें जाते हैं।

(५) गीता और भागवतपर एकनाथ और तुकाराम दोनोंका ही असीम प्रेम था। दोनोंने ही नाम-स्मरणका उपदेश दिया है और दोनोंके हृदयमें हरिहरैक्यभाव था—

आयुष्यमंतरी नाम-स्मरण । गीताभागवतांचें श्रवण ॥
विष्णुशिवमूर्तीचें ध्यान । हेंचि देणें सर्वथा ॥

'जबतक जीवन है तबतक नाम-स्मरण करे, गीता-भागवत श्रवण करे और हरिहरमूर्तिका ध्यान करे।'

—गीताभागवत करिती श्रवण । अखंड चिंतन विठोबाचें ॥

'गीता-भागवत श्रवण करते हैं और विठोबाका चिन्तन करते हैं।'

(६) आपके नामकी महिमा हे पुरुषोत्तम ! मैं नहीं समझ पाता।

—आपके नामकी महिमा हे पुरुषोत्तम ! मैं नहीं समझ पाता।

(७) धर्माधर्मके फेरमें मत पड़ो। मैं भीतरी बात बतलाता हूँ। श्रीरामका नाम आदरभावके साथ उचारो।

—धर्मको जो समझते हैं और जो नहीं समझते सब सुनें मैं रहस्यकी बात बतलाता हूँ। मेरे विठोबाके नाम आदरभावके साथ उचारो।

(८) स्त्रीके अधीन होकर पुरुष दीन न बने, उसके इशारेपर नाचकर अपना परमार्थ खो न दे। एकनाथ और तुकाराम दोनोंका यही उपदेश है।

स्त्रीके अधीन जिसका जीवन हो जाता है उस अधमको नरकमें जाना पड़ता है। स्त्रीका रुख देखकर वह चलता है, और किसीकी बात उसे अच्छी नहीं लगती। (एकनाथ) स्त्रीके अधीन जिसका जीवन होता है उसको देखनेसे भी असगुन होता है। ये सब जन्तु संसारमें न जाने किसलिये मदारीके बन्दरकी तरह जीते हैं। स्त्रीकी मनोकामनाको ही जो सत्य समझता है वह दीन सचमुच ही पूरा अभागा है। (तुकाराम)

यहाँ 'मदारीके बन्दर' की बात पढ़कर ज्ञानेश्वरजीकी वह ओवी याद आती है जिसमें कहा है 'स्त्रीके चित्तका जो आराधन करता है उसीके इशारे नाचता है। वह मदारीका बन्दर जैसा है।' (अ० १३-७११)

(९) हरि-हरके अभेदके सम्बन्धमें दोनोंके ही अभङ्ग देखने योग्य हैं। एकनाथके तीन अभङ्गोंका एक-एक चरण लेनेसे तुकारामजीका एक अभङ्ग बनता है।

हरिहरां भेद । नका करूँ अनुवाद ॥
धरिता र भेद । अधम तो जाणिजे ॥ १ ॥

यह एक अभङ्गका प्रथम चरण है। दूसरे एक अभङ्गका तीसरा चरण ऐसा है—

गोडीसी साखर साखरेसी गोडी ।
निवडिता अर्थघटी दुजी नव्हे ॥

एक तीसरे अभङ्गका चरण इस प्रकार है—

एका वेलाटीची आढी । मूर्ख नेणती बापुडीं ॥१॥

इन तीनों चरणोंका भाव यह है कि 'हरि और हरमें भेदकी कल्पना-कर उसका फैलाव मत करो। जो ऐसा भेद धारण करेगा उसे अधम समझो। मिठासमें चीनी है और चीनीमें मिठास है, अर्थको विचारो तो चीज एक ही है।'

'एक आडीकी ही आड है, इस बातको मूर्ख बेचारे नहीं जानते।'

इन तीनों चरणोंमें जो भाव हैं वे तुकारामजीके जिस अभङ्गमें एकीभूत हुए हैं उस अभङ्गको अब देखिये—

हरिहरां भेद । नाहीं, नका करूं वाद ॥१॥
एक एकाचे हृदयीं । गोडी साखरेचे ठायीं ॥ध्रु०॥
भेदकासी नाड । एक वेलांटी च आड ॥२॥
उजवा वाम भाग । तुका म्हणे एकचि अंग ॥३॥

'हरि-हरमें भेद नहीं है, झूठ-मूठ बहस मत करो। दोनों एक दूसरेके हृदयमें हैं, जैसे मिठास चीनीमें और चीनी मिठासमें है। भेद

आयुष्यमंतरी नाम-स्मरण । गीताभागवतें श्रवण ॥
विष्णुहरिमूर्तीचें ध्यान । हेंचि करणें सर्वथा ॥

जबतक जीवन है तबतक नाम-स्मरण करे, गीता-भागवत श्रवण करे और हरिहरमूर्तिका ध्यान करे।'

—गीताभागवत करिती श्रवण । अखंड चिंतन विठोबाचें ॥

गीता-भागवत श्रवण करते हैं और विठोबाका चिन्तन करते हैं।

(६) आपके नामकी महिमा हे पुरुषोत्तम! मैं नहीं समझ पाया।

—आपके नामकी महिमा हे पुरुषोत्तम! मैं नहीं समझ पाया।

(७) कर्माकर्मके फंदमें मत पड़ो। मैं सीधी बात बतलाता हूँ। श्रीरामका नाम अट्टहासके साथ उचारो।

—कर्मको जो समझते हैं और जो नहीं समझते, सब सुनें मैं रहस्यकी बात बतलाता हूँ। मेरे विठोबाके नाम अट्टहासके साथ उचारो।

(८) स्त्रीके अधीन होकर पुरुष क्लैब न बने, उसके इशारेपर नाचकर अपना परमार्थ खो न दे। एकनाथ और तुकाराम दोनोंका यही उपदेश है।

स्त्रीके अधीन जिसका जीवन हो जाता है उस अधमको नरकमें जाना पड़ता है। स्त्रीका मुख देखकर वह नाचता है और किसीकी बात उसे अच्छी नहीं लगती। (एकनाथ) स्त्रीके अधीन जिसका जीवन होता है उसको देखनेसे भी असगुन होता है। ये सब जन्तु संसारमें न जाने किसलिये मदारीके बन्दरकी तरह जीते हैं। स्त्रीकी मनोकामनाको ही जो सब समझता है वह लोभ सचमुच ही पूरा अभागा है। (तुकाराम)

यहाँ 'मदारीके बन्दर' की बात पढ़कर ज्ञानेश्वरीकी वह ओवी याद आती है जिसमें कहा है 'स्त्रीके चित्तका जो आराधन करता है उसीके इशारेपर नाचता है। वह मदारीका बन्दर जैसा है।' (अ० १३-७१२)

(९) हरि-हरके अभेदके सम्बन्धमें दोनोंके ही अभङ्ग देखने योग्य हैं। एकनाथके तीन अभङ्गोंका एक-एक चरण लेनेसे तुकारामजीका एक अभङ्ग बनता है।

हरिहरा भेद । नका करूँ अनुवाद ॥
धरिता 'र भेद । अधम तो जाणिजे ॥ १ ॥

यह एक अभङ्गका प्रथम चरण है। दूसरे एक अभङ्गका तीसरा चरण ऐसा है—

गोडीसी साखर साखरेसी गोडी ।
निवडिता अर्थघडी दुजी नव्हे ॥

एक तीसरे अभङ्गका चरण इस प्रकार है—

एका वेलांटीची आढी । मूर्ख नेणती बापुडीं ॥१॥

इन तीनों चरणोंका भाव यह है कि 'हरि और हरमें भेदकी कल्पनाकर उसका फैलाव मत करो। जो ऐसा भेद धारण करेगा उसे अधम समझो। मिठासमें चीनी है और चीनीमें मिठास है, अर्थको विचारो तो चीज एक ही है।'

'एक आडीकी ही आड है, इस बातको मूर्ख बेचारे नहीं जानते।'

इन तीनों चरणोंमें जो भाव हैं वे तुकारामजीके जिस अभङ्गमें एकीभूत हुए हैं उस अभङ्गको अब देखिये—

हरिहरा भेद । नाहीं, नका करू वाद ॥१॥
एक एकाचे हृदयीं । गोडी साखरेचे ठायीं ॥ध्रु०॥
भेदकासी नाड । एक वेलांटी च आड ॥२॥
उजवा वाम भाग । तुका म्हणे एकचि अंग ॥३॥

'हरि-हरमें भेद नहीं है, झूठ-मूठ बहस मत करो। दोनों एक दूसरेके हृदयमें हैं, जैसे मिठास चीनीमें और चीनी मिठासमें है। भेद

करनेवालोंकी दृष्टिसे जो भाव आती है वह एक भावकी ही भाव है। दाहिना और बायाँ दो भेद ही हैं अङ्ग तो एक ही है।

(१०) देव उभा मागें पुढें । करी सांकड सारावें ॥ (एकनाथ)

भगवान् आगे पीछे खड़े संसारका संकट निवारण करते हैं।

देव उभा मागे पुढें । उगवी सांकडें ॥ (तुका)

'भगवान् आगेपीछे खड़े संकटसे उबारते हैं।'

(११) सद्गुरु-महिमाके विषयमें एकनाथ महाराज कहते हैं—

उनके उपकार कभी उतारे नहीं जा सकते। प्राण भी उनके चरणोंपर रख दूँ तो वह भी थोड़ा है।

सन्त-सज्जनमें तुकाराम महाराज कहते हैं—

इनसे उऋण होनेके लिये इन्हें क्या देना चाहिये ? यह प्राण भी चरणोंपर रख दूँ तो थोड़ा है।

(१२) पण्ढरीका वह वारकरी धन्य है, उसका जन्म धन्य है जो नियमपूर्वक पण्ढरी जाता है और वारी टलने नहीं देता। (एका)

—पंढरीचा वारकरी । वारी चुकों नेदी हरी ॥ (तुका)

'पण्ढरीका वारकरी वारी और हरीको नहीं भूलता।'

(१३) दोन्हि अक्षरांचें काम । वाचे म्हणा रामनाम ॥ (एका)
(दो ही अक्षरोंका काम । वाचा कहो राम नाम ॥)
दोन्हि अक्षरांचें काम । उच्चारावा रामनाम ॥ (तुका)
(दो ही अक्षरोंका काम । उचारो श्रीराम राम ॥)

(१४) बार-बार बीनति करता हूँ
सबसे यही दान माँगता हूँ।
बार-बार यही कहता हूँ
जगसे यही दान माँगता हूँ॥ (एका)

(१५) भागवत-सम्प्रदायमें हरि-हरका समान प्रेम है और एकादशी तथा सोमवार दोनों ही व्रतोंका पालन विहित है।

जो सोमवार और एकादशी व्रत रहते हैं उनके चरण मैं अपने मस्तकसे वन्दन करूँगा। शिव विष्णु दोनों एक ही प्रतिमा हैं ऐसा जिनका प्रेम है उन्हें वन्दन करूँगा। (एक०)

एकादशी और सोमवारका व्रत जो नहीं पालन करते उनकी न जाने क्या गति होगी! (तुका०)

(१६) जो मुझे नाम और रूपमें ले आये उन्होंने मुझपर बड़ी कृपा की। हे उद्धव! उन्होंने मुझे यह सुगम मार्ग दिखाया। (एक०)

—(भगवान्) नाम-रूपमें आ गये, इससे सुगम हो गये। (तुका०)

(१७) कहीं-कहीं ऐसा जान पड़ता है कि एकनाथ महाराजके अभङ्गका मनन करते हुए कहीं उनकी उक्तिकी पूर्तिके तौरपर और कहीं प्रेमसे उनकी बातका उत्तर देनेके लिये तुकारामजीने अभङ्ग रचे हैं। एकनाथ महाराजका एक अभङ्ग है, 'देवाचे ते आप्त जाणावे ते संत' (भगवान्‌के जो आप्त हैं वे ही सन्त हैं)। इसी अभङ्गकी मानो पूर्तिके लिये तुकारामजीने 'नव्हती ते संत करिता कवित्व' (सन्त वे नहीं हैं जो कविता करते हैं) इत्यादि अभङ्ग रचा है। बहिणाबाईका मूल 'सर्वसंग्रहगाथा' मुझे शिऊरमें उनके वंशजोंके पाससे मिला। उसमें बीचहीमें एक पन्नेपर एकनाथ महाराजका 'ब्रह्म सर्वगत सदा सम' इत्यादि अभङ्ग लिखा हुआ था। इस अभङ्गका ध्रुवपद है, 'ऐसे कासयानें भेटती ते साधु' (ऐसे महात्मा कैसे मिलते हैं)। इसी अभङ्गके नीचे तुकारामजीका 'ऐसे ऐसियाने भेटती ते साधु' (ऐसे महात्मा ऐसे मिलते हैं) इत्यादि अभङ्ग दिया हुआ है।

(१८) ज्ञानेश्वरीका नाथ भागवतपर और इन दोनों ग्रन्थोंका तुकारामजीके अभङ्गोंपर विलक्षण परिणाम घटित हुआ देख पड़ता है।

प्रेमकी कलह है । बच्चा पल्ला पकड़कर ऐंचता-ऐंठता है । बापको इधर-उधर हिलने नहीं देता है । यदि बाप चाहे तो बच्चेको झटक दे सकता है । इसमें कौन-से बड़े बलकी जरूरत है ? झटका देनेमें देर भी कितनी लगेगी, पर स्नेह-सूत्रके जाल ऐसे हैं कि बलवान् भी उनमें फँस जाते हैं ।'

एकनाथ महाराजकी शैलीमें फैलाव काफी रहता है, तुकारामजीकी वाक्शैली सूत्र-जैसी चुस्त और साफ होती है । ज्ञानेश्वरी और नाथ-भागवतका अध्ययन तुकारामजीने बहुत अच्छी तरहसे किया । ज्ञानेश्वरीको नाथ-भागवत विशद करता है । इन दोनों ग्रन्थोंका जिसने उत्तम अध्ययन किया हो वही तुकारामजीके सूत्ररूप वचनोंकी गुत्थियोंको सुलझा सकता है । उदाहरणके तौरपर यह अभङ्ग लीजिये—

गोदेकाठीं होता आड । करुनी कोडकवतुक ॥ १ ॥
देखण्यानीं एक केलें । आइत्या नेलें जिवनापें ॥ ध्रु० ॥
राखोनिया होतो ठाव । अल्प जीव लावूनी ॥ २ ॥
तुका म्हणे फिटे घणी । हे सज्जनीं विश्राती ॥ ३ ॥

गोदावरीके किनारे एक कुआँ था । बरसातके जलसे लबालब भरा था और अपनी शानमें मस्त था । मैं भी वहाँ अपने जरा से प्राणको लिये, जगह दबाये बैठा था, पर देखनेवालोंने एक उपकार किया । वे मुझे नदीके बहते जलमें ले गये, वहाँ मेरी तृप्ति हुई । यह विश्राम सत्सङ्गसे ही मिला ।

इतनेसे पूर्ण अर्थ-बोध नहीं होता । देखनेवालोंने उपकार किया । ये देखनेवाले कौन हैं ? 'गोदावरी' कौन हैं और यह कुआँ क्या है ? देखनेवाले सन्त हैं, ये ही नदीके बहते जलमें ले गये । यह इन्होंने बड़ा 'उपकार' किया । इस उपकारकी कृतज्ञता प्रकट करनेके लिये

यह अभङ्ग रचा गया है। यह सन्तपरक है। संसार-सागरको पार करनेके अनेक उपाय हैं। उनमें मुख्य ज्ञान और भक्ति हैं। भक्ति-मार्ग सरल, निर्विघ्न और नित्य-निर्भय है; ज्ञान-मार्ग सङ्कट और कष्टसाध्य है। भक्ति-मार्ग ही गोदावरी अखण्डप्रवाह कलकल-नादिनी नदी है और ज्ञान-मार्ग ही कुआँ है। नाथ-भागवतके ११ वें अध्यायमें ४८ वें श्लोकपर नाथ महाराजका जो भाष्य है उसमें इस अभङ्गका मूल है।

प्रायेण भक्तियोगेन सत्सङ्गेन विनोद्धव ।
नोपायो विद्यते सम्यक् प्रायणं हि सतामहम् ॥

इसी श्लोकपर यह भाष्य है। श्लोकका भाव यह है कि 'सत्सङ्गसे मिलनेवाले भक्तियोगके बिना भगवत्-प्राप्तिका अन्य उत्तम उपाय प्रायः नहीं है। कारण सन्तोंका उत्तम आश्रय मैं ही हूँ।' यह भगवद्वचन है, इसपर नाथ भाष्य इस प्रकार है—

'खेतमें पानी देना हो तो मोट और पाट दो ही उपाय हैं। मोटसे कुएँमेंसे पानी निकालो तो बहुत कष्ट करनेपर थोड़ा ही पानी मिलता है। फिर मोटके साथ रस्सा और एक जोड़ी बैल भी चाहिये। फिर बराबर 'ना' 'ना' करते बैलोंको ठोकते-पीटते खींच-खाँच करते पानी निकालो तो उससे थोड़ी ही जमीन भीजेगी। पर नदीके पाटकी यह बात नहीं है। जहाँ उसके जल-प्रवाहके आनेके लिये रास्ता बन गया वहाँ एक दिन पहपहाता हुआ जल बहता ही रहेगा। (५११-१२ १४)

यह मोटसे पानी निकालना ही ज्ञान-मार्ग है—

मोटेनें पाणी तैसें ज्ञान । काढूनि वेदशास्त्रपठण ।
नित्यानित्यविवेकाची आण । पीडित निष्पन्न अल्पसी ॥२५१५०

'मोटसे पानी निकालना जैसा है वैसा ही ज्ञान है। वेद और शास्त्र पढ़कर ये विचक्षण पण्डित नित्यानित्यविवेक करने बैठते हैं, तब क्या होता है!—

महाराजने 'जोड़े मेरे जीवन एक जनार्दन' कहकर कई स्थानोंमें स्पष्ट करके उनका 'षड्भुज' घोष किया है।

१७ नामदेवके अभङ्ग

अब नामदेवकी ओर चलें। नामदेवके अभङ्गोंकी गाथा सुव्यवस्थितरूपसे छपी नहीं है इसलिये, तथा तुकारामजी नामदेवके ही अवतार थे इसलिये भी उनका सम्बन्ध अवतरण देकर दिखानेकी विशेष आवश्यकता नहीं है। जिन जिन विषयोंपर नामदेवके अभङ्ग हैं प्रायः उन सभी विषयोंपर तुकारामजीके भी अभङ्ग हैं। नामदेवजीकी सगुण भक्ति अत्युत्कट हार्दिक प्रेमसे भरी हुई है, उनकी मधुर भक्ति मधुरतम है। इस सम्बन्धमें नामदेव-जैसे नामदेव ही हैं। नामदेव अपने घरके सब लोगोंसहित दासी जनाके भी सहित सर्वथा पाण्डुरङ्गके हैं और भगवान्‌से उनकी अर्जुनकी-सी सख्यभक्ति है। नामदेवके घरके आदमी-जैसे ही भगवान् उनके साथ रात-दिन रहनेवाले, खेलनेवाले, बोलनेवाले, प्रेम-कलह करनेवाले घरके ही आदमी बन गये हैं। 'मैंने पाया निज सखा। साधू भागवत धर्म' इसीके लिये नामदेवका अवतार हुआ था। नामदेव इस युगके उद्धव ही थे। भगवान्‌के साथ इनकी बड़े प्रेमकी घुल-घुलकर बातें हुआ करती थीं 'भरी मेरी आइ संतनकी जोई। सुमिरत पनहाई प्रेमामृत।' इत्यादि कहते हुए वह भगवान्‌से बड़े ही मीठे लाड़ लड़ाते थे और भगवान् भी अपना षड्गुणैश्वर्य भूलकर उनके प्रेममें फँस जाते थे। भक्त भगवान्‌की यह प्रेम तरल कोमलता नामदेवकी ही वाणीसे सुननी चाहिये। नामदेव भगवान्‌से कहते हैं कि तुम पक्षिणी हो, मैं अण्डज हूँ। तुम मृगी हो मैं मृगछौना हूँ। तुम मैया हो मैं बच्चा हूँ। तुम कृष्ण हो मैं रुक्मिणी हूँ। तुम समुद्र हो मैं धारा हूँ। तुम तुलसी हो मैं मञ्जरी हूँ। भगवान्‌के साथ नामदेवका ऐसा विलक्षण सख्य था। यह देखकर तथा मथुरामें नवनीतको साफ करनेवाली उनकी मधुर

वाणी सुनकर पाषाण भी अपना जडत्व छोड़कर द्रवित हो जाय। बाकी सब बातोंमें नामदेवजीके ही संशोधित और परिवर्द्धित संस्करण तुकारामजी थे। तुकारामजीकी वाणीमें भगवद्भक्त, लोकोद्धारक महापुरुषकी जो दिव्य स्फूर्ति, जो ठसक, जो प्रखरता और जो ओज भरा है, वह अलौकिक ही है। पर यहाँ हमें नामदेव तुकारामकी परस्पर तुलना नहीं करनी है। नामदेव ही तुकारामके रूपमें धर्म-कार्यार्थ अवतरित हुए, इसलिये नामदेवका जो बड़ा काम बाकी था वही तुकारामजीने किया, यही कहना उचित है। दोनोंके अभंगोंमें जो साम्य है, उसका अत्र किञ्चित् अवलोकन करें। कई चरण दोनोंके अभंगोंमें बिल्कुल एक-से हैं, जैसे 'देवावीण ओस स्थळ नाहीं' यह नामदेवका चरण है, और तुकारामजीने कहा है, 'देवावीण ठाव रिता कोठें आहे ?' दोनोंका मतलब एक ही है अर्थात् 'भगवान्‌से खाली कोई स्थान नहीं।' एकाध शब्दका हेर-फेर है, पर एक सामान्य कथन है और दूसरा प्रश्नरूपमें है। नामदेवका चरण है, 'पंढरीच्या सुखा। अंतपार नाहीं लेखा।' तुकारामजीका समचरण है, 'गोकुळीच्या सुखा अंतपार नाहीं देखा।' नामदेव कहते हैं, 'वीतभर पोट लागलेंसे पाठीं' (बित्ताभर पेट पीठसे जा लगा है)' और तुकाराम कहते हैं, 'पोट लागलें पाठीशीं। हिंडवितें देशोदेशीं' (पेट पीठसे लगा है और देश-देश घुमा रहा है), 'झूठ' पर दोनोंके चार-चार अभंग हैं। नामदेवने भक्तिकी उत्कटतासे सारा झूठ स्वयं ही ओढ़ लिया है। कहते हैं, 'मेरा गाना झूठा, मेरा नाचना झूठा, मेरा ज्ञान झूठा और ध्यान भी झूठा।' और तुकारामजी कहते हैं, 'लटिकें तें ज्ञान लटिकें तें ध्यान। जरी हरि-कीर्तन प्रिय नाहीं॥' (वह ज्ञान झूठा और वह ध्यान भी झूठा जो हरि-कीर्तन-प्रिय न हो।) तुकारामजीने झूठ स्वयं नहीं ओढा है, झूठोंके पल्ले बाँध दिया है।

महाराजने 'जीके मेरे जीवन एक जनार्दन' कहकर कई स्थानोंमें सत्य करके उनका 'वाङ्‌मूल' घोष किया है।

१७ नामदेवके अभङ्ग

अब नामदेवकी ओर चलें। नामदेवके अभङ्गोंकी 'गाथा' पुस्तकाकाररूपसे छपी नहीं है इसलिये, तथा तुकारामजी नामदेवके ही अवतार थे इसलिये भी उनका सम्पूर्ण अवतरण देकर दिखानेकी विशेष आवश्यकता नहीं है। जिन जिन विषयोंपर नामदेवके अभङ्ग हैं प्रायः उन सभी विषयोंपर तुकारामजीके भी अभङ्ग हैं। नामदेवजीकी सगुण भक्ति अत्युत्कट हार्दिक प्रेमसे भरी हुई है, उनकी मधुर भक्ति मधुरतम है। इस सम्बन्धमें नामदेव-जैसे नामदेव ही हैं। नामदेव अपने घरके सब लोगोंसहित दासी जनाके भी सहित सर्वथा पाण्डुरङ्गके हैं और भगवान्‌से उनकी अर्जुनकी-सी सख्यभक्ति है। नामदेवके घरके आदमी-जैसे ही भगवान् उनके साथ रातदिन रहनेवाले खेलनेवाले, बोलनेवाले, प्रेम-कलह करनेवाले घरके ही आदमी बन गये हैं। 'मैंने पाया निज मन। साधू भागवत धर्म' इसीके लिये नामदेवका अवतार हुआ था। नामदेव इस युगके उद्धव ही थे। भगवान्‌के साथ इनकी बड़े प्रेमकी घुल-घुलकर बातें हुआ करती थीं। मरी मेरी माइ संतनकी छाइ। सुमिरत पतारि मंगामृत। इत्यादि कहते हुए यह भगवान्‌से बड़े ही मीठे ढंग कहते थे और भगवान् भी अपना षड्गुणैश्वर्य भूलकर उनके प्रेममें पग जाते थे। भक्त भगवान्‌की यह प्रेम सरस कोमलता नामदेवकी ही वाणीसे जाननी चाहिये। नामदेव भगवान्‌से कहते हैं कि तुम पक्षिणी हो मैं अण्डज हूँ। तुम मृगी हो मैं मृगछौना हूँ। तुम मैया हो मैं बच्चा हूँ। तुम कृष्ण हो मैं रुक्मिणी हूँ। तुम समुद्र हो मैं द्वारका हूँ। तुम तुलसी हो मैं मञ्जरी हूँ। भगवान्‌के साथ नामदेवका ऐसा विलक्षण सम्बन्ध था। यह देखकर तथा मधुरतामें नवनीतको मात करनेवाली उनकी मधुर

(४) भोगावरी आम्हीं घातला पाषाण ।
मरणा मरण आणियेलें ॥
(विषयोंका भोग, जला डाला मारा ।
मृत्युको ही मारा, निःसशय ॥)

यह दोनोंके ही एक एक अभगका प्रथम चरण है । आगेके चरण दोनोंके एक-दूसरेसे भिन्न हैं ।

(५) 'विठाई माउली वोरसोनी प्रेमपान्हा घाली' ये शब्द-प्रयोग दोनोंके ही अभगोंमें बार-बार आये हैं ।

(६) 'तत्त्व पुसावया गेलों वेदज्ञासी' (तत्त्व पूछने वेदज्ञके पास गये) यह नामदेवका अभग और 'ज्ञानियाचे घरीं चोजविता देव' (ज्ञानीके यहाँ भगवान्‌को ढूँढते) यह तुकारामजीका अभग, दोनोंका ही एक ही आशय है । वेदज्ञ, शास्त्री, पण्डित, कथावाचक आदि सबको देखा पर तेरा प्रेमानन्द उनके पास नहीं है इसलिये तेरे ही चरणोंको चित्तमें और तेरा ही नाम मुखमे धारण किया है । इन अभगोंमें दोनोंका यही अनुभव व्यक्त हुआ है ।

१८ कबीरकी साखी

उत्तर भारतके सन्त-कवियोंमे कबीरसाहबकी साखियोंका तुकारामजीको विशेष परिचय था । तुकारामजीने स्वय भी उनके ढगपर कुछ दोहे रचे हैं, तथा कुछ अन्तःप्रमाणोंसे भी यह बात स्पष्ट है—

(१) तुकारामजी एक अभगमें कहते हैं—

धर्म भूताची ते दया । संत कारण पेसिया ॥
नव्हे माझें मत । साक्षी करूनि सागे सत ॥

'प्राणिमात्रपर दया करना ही धर्म है । यही सन्तका लक्षण है । यह मेरा मत नहीं । साक्षी करके सन्त ऐसा कहते हैं ।'

(१) नामदेवका एक अभंगका आशय है—हम पण्ढरीमें के यह हमारी पुरातन पैतृक भूमि है। रानी रखुमाई हमारी माता और पाण्डुरङ्ग हमारे पिता हैं। (शु) पुण्डलीक हमारे भाई और चन्द्रभागा बहिन हैं। नामा कहता है अन्तमें घर अपना चन्द्रभागाके किनारे है।

इसी आशयका तुकोबाका अभंग यों है—हमारी पैतृक भूमि पण्ढरी है घर हमारा भीमा-तीरपर है। पाण्डुरंग हमारे पिता और रखुमाई हमारी माता हैं। (शु) भाई पुण्डलीक मुनि और बहिन चन्द्रभागा है। तुकाका यह पुरातन परम्परागत अधिकार है जो चरणोंके पास रहता हूँ।

(२) भगवन्! मेरा मन अपने अधीन करके बिना दाम दिये स्वामित्व क्यों नहीं भोगते हो! मैं मुफ्तका नौकर तो मिला हूँ जो निरन्तर आपकी सेवा करनेके लिये उधार खाये बैठा हूँ। और तुम्हारे ऊपर कुछ भार भी तो नहीं रखता। (नामदेव)

इसी भावको देखिये तुकारामजीने किस प्रकार व्यक्त किया है—

दाम देकर लोग सेवक रखते हैं। हम तो बिना कुछ लिये ही सेवक बनना चाहते हैं।

(३) यह आत्मीय बालक यदि चीथड़ा ओढ़े तो सब लोग किसको हँसेंगे! तुम तो अविनाशी त्रिभुवनके राजा हो और तुम्हीं मेरे स्वामी हो। (नामदेव)

अपना बालक यदि दीन-दुखी दिखायी दे तो हे भगवन्! लोग किसको हँसेंगे! बालक चाहे गुणी न हो, स्वच्छतासे रहना भी न जानता हो तो भी उसका लालन-पालन तो करना ही होगा। (शु०) तुका कहता है वैसा ही मैं भी एक पतित हूँ पर आपका मुद्राङ्कित हूँ। (तुकाराम)

१९ चार खेलाडी

तुकारामजीके डण्डोंके खेलपर सात अभंग हैं। इनमेंसे एक अभंग है। 'खेळ खेळोनियाँ निराळे' (खेल खेलकर अलग)। इसमें खेल खेलकर भी अलग रहे हुए—प्रपञ्चके दावमें न आये हुए चार खेलाड़ियोंका उन्होंने वर्णन किया है। ये चार खेलाड़ी हैं—नामदेव, ज्ञानदेव (उनके भाई-बहिन), कबीर और एकनाथ। तुकाराम इन्हीं चार सन्तोंको सबसे अधिक यानी गुरुस्थानीय मानते थे। ये ही इनके प्यारे चार खेलाड़ी हैं।

(१) एक खेलाड़ी है दरजीका लड़का नामा, उसने विठ्ठलको मीर बनाया। खेला, पर कहीं चूका नहीं, सन्तोंसे उसे लाभ हुआ।

(२) ज्ञानदेव, मुक्ताबाई, वटेश्वर चाङ्गा और सोपान आनन्दसे खेले, कृष्णको उन्होंने मीर बनाया और उसके चारों ओर नाचे। सब मिलकर तन्मय होकर खेले, ब्रह्मादिने भी उनके पैर छुए।

(३) कबीर खेलाड़ीने रामको मीर बनाया और यह जोड़ी खूब मिली।

(४) एक खेलाड़ी है ब्राह्मणका लड़का एका, उसने लोगोंको खेलका चसका लगा दिया। जनार्दनको उसने मीर बनाया और वैष्णवोंका मेल कराया। तन्मय होकर खेलते खेलते वह स्वयं ही मीर बन गया।

प्रत्येक खेलाड़ीका एक एक मीर यानी उपास्य था। इन चारोंके अतिरिक्त और भी बहुत-से खेलाड़ी हुए पर उनका वर्णन करनेमें तुकारामजी कहते हैं कि 'मेरी वाणी समर्थ नहीं है।' पर तुकारामजी अपने श्रोताओंसे कहते हैं कि 'या चौघाची तरी धरि सोई रे' (इन चारोंके पीछे-पीछे तो चलो)—नामदेव, ज्ञानेश्वर, कबीर और एकनाथका अनुसरण तो करो। इस अभंगका ध्रुवपद इस प्रकार है—

अब कौन सन्त हैं जिन्होंने 'साखी' करके 'प्राणिमात्रपर दया करनेको 'धर्म' बताया है और इसीको 'सन्तका लक्षण' कहा है। अब वही सन्त हो सकते हैं जिनकी 'साखी आँखों जानकी' है और जो सब जीवोंको 'साँईके सब जीव हैं' बतलाते हैं, सन्तका लक्षण भी यही बतलाते हैं—

सदा कृपालु दुख परिहरन बैर भाव नहिं दोय।
छमा ज्ञान सत भाखिये, हिंसारहित जो होय॥

(२) कबीर—

बाँस बिछौना दो नहीं बाँस बिछौना एक।
जैसे सब मन देखिये किये कबीर बिवेक॥

तुकाराम—

खडा रसाची साखर गूळ नामाचाचि फेर।
न दिसे अंतर गोडी अवघी निवडितां॥१॥

'मिसरी, गुड़ और चीनीमें नामोंका ही फेर है। मिठासमें देखें तो कोई अन्तर नहीं।

(३) कबीर—

कामीका गुरु कामिनी लोभीका गुरु दाम।
कबिराके गुरु संत हैं संतनके गुरु राम॥

तुकाराम—

लोभीके चित धन बसे, कामिनी चितमें काम।
माताके चित पूत बसे, तुकाके मन राम॥

तुकारामजीके समयमें कबीर भारतवर्षमें सर्वत्र विख्यात थे। कबीर (सन् ११६२–१८४) और तुकारामके बीच सौ-सवा सौ वर्षका अन्तर था। तुकारामजी एक बार काशी भी गये थे। तब वहाँ उन्होंने कबीरकी कविता सुनी होगी।

यह बात सिद्ध की है । अम्बरीषके लिये भगवान्‌ने दस बार जन्म लेकर 'दासका दास्य किया ।' भक्तिका उपकार उतारनेके लिये भगवान् राजा बलिके यहाँ द्वारपाल हुए । अर्जुनके सारथी बने । उसके पीछे-पीछे चले और पुण्डलीकके द्वारपर तो अट्ठाईस युगसे खड़े ही हैं ।

(२) 'कनवाळू कृपाळू' । भगवान् भक्तके लिये चाहे जो कष्ट उठाते हैं, यह बात अम्बरीष और प्रह्लादके चरित्रोंमें तथा द्रौपदी वस्त्र-हरण और दुर्वासाके धर्म-छल-प्रसङ्गमें प्रत्यक्ष है ।

(३) हरिजनाची कोणा न घडावी निंदा ।
साहत गोविंदा नाहीं त्याचें ॥

'हरि भक्तोंकी कोई निन्दा न करे, गोविन्द उसे सह नहीं सकते । भक्तोंके लिये भगवान्‌का हृदय इतना कोमल होता है कि वह अपनी निन्दा सह सकते हैं पर भक्तकी निन्दा नहीं सह सकते । भक्तोंसे कोई छल-छन्द करे तो यह भी उनसे नहीं सहा जाता—

'दुर्वासा अम्बरीषको छलने आये तो भगवान्‌का सुदर्शन-चक्र उनको जलाता फिरा । द्रौपदीको जब क्षोभ हुआ तब भगवान्‌ने उसकी सहायता की और कौरवोंको ठण्डा ही कर दिया । पाण्डवोंसे वैर करनेवाला बभ्रु भगवान्‌से नहीं सहा गया और पाण्डवोंके लिये बलरामको भी उन्होंने दूर (पृथ्वी-परिक्रमा करने) भेज दिया । पाण्डव पुत्रोंकी हत्या करनेवाले अश्वत्थामाके मस्तकमें उन्होंने दुर्गन्ध रख ही छोड़ी ।' इसलिये भगवान्‌की भक्ति करो और भक्तोंको अपनाओ ।

(४) शुकसनकादिकीं उभारिला बाहो ।
परीक्षिती लाहो साता दिवसां ॥

'शुक-सनकादि हाथ उठाकर कहते हैं कि परीक्षित् सात दिनमें तर गये ।' भक्तोंपर भगवान्‌की ऐसी दया है । द्रौपदीने जब पुकारा तब भगवान् इतने अधीर हो उठे कि गरुड़को भी उन्होंने पीछे छोड़

ऐके वर्म केल्या न पावसी हाई । तुकाम्हणे झकलिल भाई रे
त्रिगुणांचा फेरा तुं पार कधी हासी या चौघांची तरि धरि सोई रे

एक भावसे खेल खेलोगे तो (मरनेके) दाँवमें न फँसोगे। कुविषयसे बचोगे या ठगे जाओगे । त्रिगुणके फेरसे तुम सदे बच उठाओगे इसलिये इन चारोंका आश्रयकर इनके मार्गपर चलो। तुकारामजी जिनके मार्गपर चलनेका उपदेश लोगोंको दे रहे हैं उनपर उनका कैसा ही अटल विश्वास, गहरा प्रेम और महान् आदर होना इसमें सन्देह ही क्या है । ऐसा प्रेम और आदर होनेसे ही तुकारामजीने उनके ग्रन्थोंका बड़ी बारीकीके साथ अध्ययन किया, यह हमलोगोंने यहाँतक देखा ही है।

२० अध्ययनका सार

भागवत-धर्म-परम्पराके प्राचीन तथा अर्वाचीन साधु-सन्तोंकी जो कथाएँ तुकारामजीने पढ़ा या सुनीं उनका तुकारामजीके चित्तपर बड़ा असर पड़ा । इनसे उनके सिद्धान्त दृढ़ हुए, विचार स्थिर हुए, हरि-प्रेम बढ़ा और जीवनकी एक पद्धति निश्चित हो गयी । सन्त-कथा-श्रवण, भक्ति-बल बढ़ा और विश्वास भी विशेषरूपसे निर्मल, निश्चल हुआ । सन्तोंका सहारा मिला । सन्त-कथाएँ कामधेनुके समान इच्छामात्रको पूर्ण करनेवाली, भगवत् प्रेमका आनन्द बढ़ानेवाली सन्मार्ग दिखानेवाली, निश्चयका बल देनेवाली और सिद्धान्तोंका पता देनेवाली होती हैं । सन्त-कथाओंसे तुकारामजीने अपना इष्टमार्ग निश्चय किया और भाग्यवान् हुए । शीलवान् जनसमुदायसम तथा धर्म-नीति-प्रवण सन्तोंके चरित्रोंसे आत्मोन्नतिके कौन-कौन-से रत्न तुकारामजीने प्राप्त किये यह एक बार उन्हींके मुखसे सुनें—

(१) मानी भक्तीचे उपकार । भाविमा मध्यमी निरंतर ॥

भगवान् भक्तिके उपकार मानते हैं भक्तके ऋणी हो जाते हैं । इस प्रसंगमें अम्बरीष बलि अर्जुन और पुण्डलीकको दृष्टान्त देकर

'नारायणने जिन्हें अङ्गीकार किया वे, जो निन्द्य भी थे, वन्द्य हो गये । भगवान्‌ने अजामिल, भीलनी और कुटनीतकको तारा और उन्हे साक्षात् पुराणोंमें वन्द्य किया । ब्रह्महत्याके राशि अपार पाप जिसने किये उस वाल्मीकि किङ्करको भगवान्‌ने वन्द्य किया । तुका कहता है, यहाँ भक्ति ही प्रमाण है और बड़प्पन लेकर क्या होगा ।'

भगवान्‌का जो भक्त है वही यथार्थमें वन्द्य है और वही श्रेष्ठ है । भगवान्‌का अङ्गीकार करना ही वन्द्यताका प्रमाण है । ज्ञानदेवने भी कहा है, 'भगवद्भक्तिके बिना जो जीना है उसमे आग लगे । अन्त.करणमें यदि हरि-प्रेम नहीं समाया तो कुल, जाति, वर्ण, रूप, विद्या—इनका होना किस कामका ? इनसे उलटे दम्भ ही बढता है । अजामिल, कुटनी और वाल्मीकिका पूर्वाचरण और शबरीकी जाति निन्द्य थी, नारायणने इन्हें अङ्गीकार किया इसलिये ये जगद्वन्द्य हुए ।

(१०) 'तुज करिता नव्हे ऐसें काहा नाहीं !' मनुष्यकी पसद कोई चीज नहीं है । भगवान्‌को जो पसद हो वही शुभ है, वही वन्द्य है और वही उत्तम है ।

नीति-शास्त्र ससारमे सुव्यवस्था बना रखनेके लिये नीतिके कुछ नियम बाँध देते हैं, पर अन्तिम निर्णयको देखें तो मूल-सूत्र भगवान्‌के ही हाथमें है ! भगवान् जिसे अङ्गीकार करेंगे वही श्रेष्ठ और वन्द्य होगा । भगवान्‌की मुहर जिसपर लगेगी वही सिक्का दुनियामें चलेगा । भगवान्‌के दरबारका हुक्म ही दुनियामें चलता है ।

भगवान्‌ने गीतामे स्वय ही कहा है—

सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेक शरण व्रज ।
अह त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुच. ॥

यह सब धर्मोंका सार है । हरि-शरणागति ही सब शुभाशुभ कर्म-बन्धोंसे मुक्त होनेका एकमात्र मार्ग है । जो शरणागत हुए वे ही तर गये ।

'नारायणने जिन्हें अङ्गीकार किया वे, जो निन्द्य भी थे, वन्द्य हो गये। भगवान्‌ने अजामिल, भीलनी और कुटनीतकको तारा और उन्हें साक्षात् पुराणोंमे वन्द्य किया। ब्रह्महत्याके राशि अपार पाप जिसने किये उस वाल्मीकि किङ्करको भगवान्‌ने वन्द्य किया। तुका कहता है, यहाँ भक्ति ही प्रमाण है और बड़प्पन लेकर क्या होगा।'

भगवान्‌का जो भक्त है वही यथार्थमे वन्द्य है और वही श्रेष्ठ है। भगवान्‌का अङ्गीकार करना ही वन्द्यताका प्रमाण है। ज्ञानदेवने भी कहा है, 'भगवद्भक्तिके विना जो जीना है उसमे आग लगे। अन्तःकरणमे यदि हरि-प्रेम नहीं समाया तो कुल, जाति, वर्ण, रूप, विद्या—इनका होना किस कामका? इनसे उलटे दम्भ ही बढता है। अजामिल, कुटनी और वाल्मीकिका पूर्वाचरण और शबरीकी जाति निन्द्य थी, नारायणने इन्हें अङ्गीकार किया इसलिये ये जगद्वन्द्य हुए।

(१०) 'तुज करिता नव्हे ऐसें काहीं नाहीं!' मनुष्यकी पसद कोई चीज नहीं है। भगवान्‌को जो पसद हो वही शुभ है, वही वन्द्य है और वही उत्तम है।

नीति-शास्त्र ससारमे सुव्यवस्था बना रखनेके लिये नीतिके कुछ नियम बाँध देते हैं, पर अन्तिम निर्णयको देखें तो मूल-सूत्र भगवान्‌के ही हाथमे है! भगवान् जिसे अङ्गीकार करेंगे वही श्रेष्ठ और वन्द्य होगा। भगवान्‌की मुहर जिसपर लगेगी वही सिक्का दुनियामे चलेगा। भगवान्‌के दरबारका हुक्म ही दुनियामें चलता है।

भगवान्‌ने गीतामे स्वय ही कहा है—

सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरण व्रज।
अह त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः॥

यह सब धर्मोंका सार है। हरि-शरणागति ही सब शुभाशुभ कर्म-बन्धोंसे मुक्त होनेका एकमात्र मार्ग है। जो शरणागत हुए वे ही तर गये।

भगवान्ने उन्हें तारा, उन्हें तारते हुए भगवान्ने उनके अपराध नहीं देखे उनकी जाति या कुलका विचार नहीं किया। भगवान् केवल भावकी अनन्यता देखते हैं। अनन्य प्रेमकी गङ्गामें सब शुभाशुभ कर्म शुभ ही हो जाते हैं। भगवान् पूर्वकृत पापोंको क्षमा कर देते हैं और अनन्यता होनेपर तो कोई पाप हो ही नहीं सकता और इस प्रकार भक्त अनायास कर्म-बन्धसे मुक्त हो जाता है। अजामिल गणिका, भीलनी ध्रुव, उपमन्यु, गजेन्द्र, प्रह्लाद, पाण्डव इत्यादि सब भक्तोंको भगवान्ने उनके कुल जाति और अपराधोंका विचार न करके तारा है।

तुम्हारे नामने प्रह्लादकी अग्निमें रक्षा की, जलमें रक्षा की, विषको अमृत बना दिया। पाण्डवोंपर जब बड़ा भारी संकट आया तब हे नारायण! तुम उनके सहायक हुए। तुका कहता है कि इस अनाथके नाथ तुम हो यह सुनकर मैं तुम्हारी शरणमें आया हूँ।'

(११) भक्त भी ऐसे होते हैं कि भगवान्का अखण्ड स्मरण करते हैं—

पाहा तो पाण्डव अरण्य, वनवासी ।
परि ध्याती देवासी भक्तिप्रीती ॥ १ ॥
प्रह्लादासी पिता करिता जाचणी ।
परि तो स्मरे मनीं नारायण ॥ २ ॥
सुदामा ब्राह्मण दरिद्रें पीडिला ।
नाहीं विसरला पांडुरंग ॥ ३ ॥
तुका म्हणे तुझा न पडावा विसर ।
दुःखाचे डोंगर झाले तरी ॥ ४ ॥

देखो पाण्डवोंको, अरण्यमें वनवास भोग रहे हैं पर भगवान्का स्मरण बराबर करते हैं। प्रह्लादको उसका पिता इतना कष्ट देता है पर प्रह्लाद मनसे नारायणका ही स्मरण करता है। सुदामा ब्राह्मणको दरिद्रने

(१७) 'भक्तोंके लिये हे भगवन्! आपके हृदयमें बड़ी करुणा है, यह बात हे विश्वम्भर! अब मेरी समझमें आ गयी। एक पक्षीका नाम रखा जो आपका नाम था, और इससे गणिकाका उद्धार हुआ। कुटनीने बड़े दोष किये, पर नाम लेते ही आपको करुणा आ गयी। तुका कहता है, हे कोमलहृदय पाण्डुरङ्ग! आपकी दया असीम है।'

(१८) कालरूप होएसे डरे हुए जीवोंके पुकारते ही भगवान् कैसे दौड़े आते हैं। यह दिखानेके लिये जनक, राजा शिवि, गणिका, अजामिलके उदाहरण दिये हैं।

(१९) 'भक्तोंके यहाँ भगवान् अपने तनसे काम करते हैं। धर्मके यहाँ जूठन उठाते हैं। भीलनीके जूठे फल खाते हैं और ये उन्हें अत्यन्त प्रिय हैं। क्या भगवान्‌को अपने घर खानेको नहीं मिलता जो द्रौपदीसे सागकी पत्ती माँगते हैं? इन्होंने अर्जुनके घोड़ोंको नहलाया, अर्जुनके कितने सङ्कट निवारण किये। तुका कहता है, ऐसे भक्त ही भगवान्‌के प्यारे हैं। कोरे ज्ञानका तो, मुँह काला!'

इन पुराणोक्त भक्तजनोंके समान ही आधुनिक भागवत भक्तोंकी कथाएँ भी तुकारामजीको अत्यन्त प्रिय थीं और इनकी कथाओंसे भी तुकारामजीने यही तात्पर्य निकाला कि नाम-स्मरण-भक्ति ही सब साधनोंसे श्रेष्ठ है। तुकाराम महाराजके पूर्व महाराष्ट्रमें जो-जो सन्त भगवद्भक्त हुए उन सबके बारेमें तुकारामजीने अनेक बार प्रेमोद्गार निकाले हैं। ऐसे अनेक भक्तोंके नाम 'मङ्गलाचरण' में दिये हुए १२वें अभंगमें आये हैं और तुकारामजीने यह कहकर ये नाम लिये हैं कि मेरा गोत्र बहुत बड़ा है, उसमें सभी सन्त और महन्त हैं और मैं उनका नित्य स्मरण करता हूँ।

(२०) पवित्र तें कुळ पावन तो देश।
जेथें हरिचे दास जन्म घेती॥ १॥

ब्रह्मचर्य भगवत्प्राप्तिमें बाधक होने लगे इसलिये राजा बलिने उनकी एक आँख फोड़ डाली और अपने गुरुको एक आँखसे अन्धा कर दिया। ऋषि-पत्नियोंने ऋषियोंकी आज्ञाका उल्लङ्घन किया और अन्न उठाकर ले गयीं।

विधि-निषेध, धर्माचार और नीति-बन्धन इन सबका पालन अत्यावश्यक है, यह बात तुकारामजी किसीसे कम नहीं जानते थे। उन्होंने इन बन्धनोंको तोड़नेवाले दुराचारियों और दाम्भिकोंको बहुत बुरी तरहसे फटकारा है। विषय-सुखके लिये आचार-धर्मका उल्लङ्घन करनेवालों के लिये नरककी ही गति है इसमें सन्देह ही क्या है! पर स्वयं साक्षात् परमात्माकी प्राप्तिके लिये सर्वत्र स्वाराज्य करना पड़ता है यह भक्ति-मार्गका सिद्धान्त है। भक्ति-मार्गकी दृष्टिसे धर्माधर्मविवेक तुकारामजी इस प्रकार बतलाते हैं—

देव जोडे तें करावें अधर्म। अंतरे तें कर्म नाचरावें॥ १॥

'जिससे भगवान् मिलें वह (लोक-दृष्टिमें) अधर्म भी हो तो करे। जिससे भगवान् छूट जायँ वह कर्म न करे।'

बलि, ऋषि-पत्नी और गोपियोंकी अनन्य भक्तिपर भगवान् मुग्ध हो गये। अनन्य प्रेमके वशमें हो गये और इन भक्तप्रेमियोंके इन्हीं लोकदृष्टिसे अधम, बुरा तो भी भगवान्ने उन्हें अनन्य भक्तिके कारण अपना लिया और किसीका न किया। अन्दर-बाहर सम्पूर्ण वही हो गया।

(१६) भगवत्प्राप्तिका मुख्य साधन नाम-स्मरण है। नाम-स्मरणसे अनंतका भक्त तर गये। तुकारामजीने अपने अनेक अभंगोंमें इनके उदाहरण दिये हैं। एक अभंगमें आदिनाथ शङ्कर, भक्तिके मूल-गुरु नारद, महाकवि वाल्मीकि, तथा जिनमें हरि-गुण-नाम-संकीर्तनसे सद्गति पाये हुए परीक्षित् तथा एक दूसरे अभंगमें उपमन्यु गणिका और महानके नाम आये हैं।

और दामाजीका देन भरा। गोरा कुम्हारके मटके बनाये, मट्टी ढोयी और नरसी मेहताकी हुण्डी सकारी। और पुण्डलीकके लिये तो भगवान् अभीतक खड़े ही हैं। उनकी लीला धन्य है।'

(२२) 'भक्तऋणी देव बोलती पुराणें' (पुराण कहते हैं कि भगवान् भक्तोंके ऋणी हैं)। पुराणोंका यह वचन कैसे सत्य है, यह बतलाते हुए तुकारामजीने कबीर, नामदेव, एकनाथ और भानुदासके दृष्टान्त दिये हैं। कबीर एक नया बुना हुआ कपड़ा बेचनेके लिये बाजार चले। रास्तेमें एक दीन याचक मिला, आधा वस्त्र फाड़कर उन्होंने उसे दे दिया। पीछे एक ब्राह्मण मिले (जो ब्राह्मणवेषधारी भगवान् ही थे), आधा वस्त्र कबीरने उन्हे दे डाला और खाली हाथ घर लौटे। भगवान्ने उस वस्त्रका मूल्य कबीरको देना चाहा पर कबीरने उसे नहीं लिया।

नामदेवके पास जितना कपड़ा था वह उन्होंने रास्तेके पत्थरोंको भगवान् जानकर बाँट दिया तब भी ऐसी ही बात हुई थी।

एकनाथकी बात तो तुकारामजी कहते हैं कि 'प्रत्यक्ष ही है' कि आलन्दीमें तीन मास बराबर वारकरी भक्तोंको एकनाथ खिलाते-पिलाते रहे, इससे उनपर ऋण हो गया, उसे भगवान्ने ही उतारा।

भानुदासने खेतमे बोनेके लिये जो बीज रख छोड़ा था उसीको पीसकर उन्होंने सन्तोंको खिला दिया, तब भगवान्को स्वय ही उनके खेतकी बोवाई करनी पड़ी।

भक्त ससारमें विख्यात हों और उनके द्वारा जड़ जीवोंका उद्धार हो इसके लिये भगवान्ने अनेक अद्भुत लीलाएँ दिखाकर भक्तोंके काम किये हैं।

'नामदेवके लिये भगवान्ने अपना देवालय घुमा दिया, भगवान्ने उनके हाथों दुग्ध-पान किया, इससे नामदेव जगत्में विख्यात हुए।

वह कुल पवित्र है, वह देश पावन है जहाँ हरिके दास जन्म लेते हैं। वर्णाभिमानसे कोई पावन नहीं हुआ और कनिष्ठ जातियोंमें भी साधु-महात्मा हुए हैं। तुकारामजी कहते हैं—

अन्त्यजादि भी हरि-भजनसे तर गये पुराण उनके भाट बन गये। तुलाधार वैश्य था गोरा कुम्हार था चोखा और रैदास चमार थे। कबीर जुलाहा था लतीफ मुसलमान था, विष्णुदास सेनानाई था, कान्हूपात्रा वेश्या थी दादू धुनिया था पर भगवान्‌के चरणोंमें—भगवद्भजनमें कोई भेद नहीं। चोखामेळा और बंका महार थे, पर सर्वेश्वरके साथ उनका मेल था। नामाकी दासी जनाकी कैसी भक्ति थी कि पण्ढरिनाथ उनके साथ भोजन करते थे। मैराळ जनकका कुल क्या भेद था! पर उनकी भक्ति-महिमाका बखान क्योंकर करें! तात्पर्य यह है कि 'विष्णुदासोंके लिये वर्ण-कुजाति नहीं है यह वेद-शास्त्रोंका निर्णय है। तुका कहता है, आपलोग ग्रन्थोंमें देखिये कितने पतित तर गये जिनकी कोई संख्या नहीं।'

(२१) भगवान् भावके भूखे हैं ऊँच-नीच भेद उनके यहाँ नहीं है—

भगवान् ऊँच-नीच नहीं देखा करते, भक्ति जहाँ देखते हैं वहीं ठहर जाते हैं। दासी-पुत्र विदुरके यहाँ उन्होंने पावभरकी कनियाँ खायीं, दैत्यके घर रहकर प्रह्लादकी रक्षा की। कबीरसे छिपकर उनके थान बुन दिया करते थे। साँवता मालीके साथ खुरपेसे खुरपते थे। नरहरि सुनारके यहाँ सुनारी करते थे। नामाकी जनाके साथ गोबर थपोरते थे और चमारके यहाँ चमड़े-ढुराते और पानी भरते थे। नामाके साथ निःसङ्कोच होकर भोजन करते और ज्ञानदेवकी भीत खींचते थे। सारथी बनकर अर्जुनके घोड़े हाँके और प्रेमसे सुदामाके चावल खाये। ग्वालोंके यहाँ स्वयं ही गौएँ चरायीं और बलिके द्वार पहरा दिये। एकनाथका ऋण चुकाया और अम्बरीषके लिये गर्भवास भोगा। मीराबाईके लिये विषका प्याला पी गये

और दामाजीका देन भरा। गोरा कुम्हारके मटके बनाये, मट्टी ढोयी और नरसी मेहताकी हुण्डी सकारी। और पुण्डलीकके लिये तो भगवान् अभीतक खड़े ही हैं। उनकी लीला धन्य है।'

(२२) 'भक्तऋणी देव बोलती पुराणें' (पुराण कहते हैं कि भगवान् भक्तोंके ऋणी हैं)। पुराणोंका यह वचन कैसे सत्य है, यह बतलाते हुए तुकारामजीने कबीर, नामदेव, एकनाथ और भानुदासके दृष्टान्त दिये हैं। कबीर एक नया बुना हुआ कपड़ा बेचनेके लिये बाजार चले। रास्तेमें एक दीन याचक मिला, आधा वस्त्र फाड़कर उन्होंने उसे दे दिया। पीछे एक ब्राह्मण मिले (जो ब्राह्मणवेषधारी भगवान् ही थे), आधा वस्त्र कबीरने उन्हें दे डाला और खाली हाथ घर लौटे। भगवान्‌ने उस वस्त्रका मूल्य कबीरको देना चाहा पर कबीरने उसे नहीं लिया।

नामदेवके पास जितना कपड़ा था वह उन्होने रास्तेके पत्थरोंको भगवान् जानकर बाँट दिया तब भी ऐसी ही बात हुई थी।

एकनाथकी बात तो तुकारामजी कहते हैं कि 'प्रत्यक्ष ही है' कि आलन्दीमे तीन मास बराबर वारकरी भक्तोंको एकनाथ खिलाते-पिलाते रहे, इससे उनपर ऋण हो गया, उसे भगवान्‌ने ही उतारा।

भानुदासने खेतमे बोनेके लिये जो बीज रख छोड़ा था उसीको पीसकर उन्होंने सन्तोंको खिला दिया, तब भगवान्‌को स्वय ही उनके खेतकी बोवाई करनी पड़ी।

भक्त ससारमे विख्यात हों और उनके द्वारा जड़ जीवोंका उद्धार हो इसके लिये भगवान्‌ने अनेक अद्भुत लीलाएँ दिखाकर भक्तोंके काम किये हैं।

'नामदेवके लिये भगवान्‌ने अपना देवालय घुमा दिया, भगवान्‌ने उनके हाथों दुग्ध-पान किया, इससे नामदेव जगत्‌में विख्यात हुए।

नरसी मेहताकी हुण्डी सकारी। धना जाटके खेत बो दिये। मीराबाईके लिये विषपान किया। कमाल कोष्टका छोक पीटा। कबीरके कपड़े बुन दिये। कुम्हारके बच्चेको जिला दिया। अब तुका भगवान्‌के चरणोंमें बार-बार विनती करता है कि हे पण्ढरिनाथ! मुझपर भी दया करो।

२१ उपसंहार

यह प्रकरण बहुत बढ़ गया। परन्तु तुकारामजीके अध्ययनका यथार्थ स्वरूप हर पहलूसे पाठकोंके ध्यानमें आ जाय इसीके लिये इतना विस्तार किया है। इससे नये और पुराने दोनों प्रकारके विचारवालोंको अपने कुछ विचार बदलने पड़ेंगे। पुराने विचारके अनेक लोगोंकी यह धारणा थी कि तुकारामजीको ग्रन्थ पढ़नेकी कोई आवश्यकता नहीं थी, उन्होंने कोई ग्रन्थ पढ़े भी नहीं, इतना ही नहीं बल्कि वह लिखना-पढ़ना भी नहीं जानते थे। पर यह धारणा गलत है यह बात उपर्युक्त विवेचनसे स्पष्ट हो गयी होगी और सबके ध्यानमें यह बात आ गयी होगी कि तुकारामजी केवल लिखना-पढ़ना जानते थे बल्कि उन्होंने गीता-भागवतादि संस्कृत-ग्रन्थों तथा ज्ञानेश्वरी-नाथभागवतादि प्राकृत ग्रन्थोंका बड़ी आस्था और सूक्ष्मताके साथ अध्ययन किया था कुछ थोड़े-से ही ग्रन्थ उन्होंने देखे पर बहुत अच्छी तरहसे देखे। इस विषयमें भी अब किसीको कोई सन्देह नहीं रह जायगा कि भागवत-जैसे ग्रन्थोंको पढ़ने-पढ़ने उन्हें संस्कृत-भाषाका इतना बोध हो गया था कि वह भागवतके श्लोकोंका भावार्थ अनायास समझ लेते थे। पुराण देखे, दर्शन हरि' यह उन्हींका कथन है और इससे यह पता चलता है कि उनका अध्ययन कितनी उच्च कोटिका था। उस जमानेमें भी तुकाराम-जैसे शूद्रको समाजमें ऐसा अध्ययन करनेका अवसर मिलता था और तुकाराम-जैसे महात्मा पूरा उससे लाभ उठाते थे। इस बातको देखते हुए भी जो लोग यह कहा करते हैं कि हिंदू-समाजने सदा शूद्रादिको जान-बूझकर

अज्ञानमें ही रखा, उनका यह कहना केवल मिथ्या प्रलाप है * । इसी प्रकार तुकाराम महाराजकी शिष्या बहिणाबाई, समर्थ रामदास स्वामीकी शिष्याएँ आक्का और वेणू, ज्ञानेश्वरकालीन मुक्ताबाई और जनाबाई आदिके शिक्षा, अध्ययन और ग्रन्थकर्तृत्वको देखते हुए यह कैसे कहा जा सकता है कि हिन्दू-समाजने स्त्रियोंके मानसिक उत्कर्षकी ओर ध्यान नहीं दिया ? ज्ञानस्रोतस्वतीसे ज्ञानामृत लेकर पान करनेका अधिकार सबको सभी समय है। परन्तु ज्ञानगङ्गोदक पान करनेकी इच्छा और अवसर सभीको नहीं होता, इस कारण क्या ब्राह्मण और क्या शूद्र सभी जातियोंपर अविद्याका प्रभाव ही अधिक पड़ा हुआ सर्वत्र दिखायी देता है। अस्तु।

तुकारामजीकी साक्षरता और अध्ययनके विषयमें पुराने विचारके लोगोंकी जैसी एक भ्रान्त धारणा थी वैसी उन आधुनिक विद्वानोंकी मति भी ठीक नहीं है जो तुकारामजीको ज्ञानेश्वर और एकनाथकी परम्परासे अलग कराया चाहते हैं । ज्ञानेश्वर और एकनाथकी वाक्तरङ्गिणीमें तुकाराम किस चावसे डुबकियाँ लगाते थे यह हमलोग देख चुके हैं । कोई भी ग्रन्थकार अपने पूर्वजोंसे प्राप्त सञ्चित धनको सुरक्षित रखकर ही उसकी वृद्धि करता है। इससे किसीकी प्रतिष्ठामें कोई बाधा नहीं पड़ती । बाप-दादोंसे मिली हुई सम्पत्तिको अपने

* तुकारामजीके पूर्व संवत् १६२१ में शिङ्गणापुरके कवि महालिङ्गदासने 'विक्रमबतीसी' नामका एक बड़ा ओवीबद्ध ग्रन्थ लिखा जो २० वर्ष पहले मैं देख चुका हूँ । संवत् १७५५ में अवचितसुत काशीने 'द्रौपदीस्वयंवर' नामक ग्रन्थ लिखा जो प्रसिद्ध ही है । ये दोनों लेखक शूद्र थे ।

[शूद्रोंको या स्त्रियोंको ज्ञान प्राप्त न हो यह लक्ष्य तो हिन्दू-समाजका कभी नहीं था, प्रत्युत अपने-अपने कर्मको करते हुए सब परमज्ञानको प्राप्त करें यही हिन्दू-समाजका प्रधान लक्ष्य रहा है ।—भाषान्तरकार]

अधिकारमें करके उसे भोगते हुए और बढ़ाना सत्पुरुषोंका तो काम ही है । ज्ञानेश्वर महाराजने व्यासदेवमथित गीताको प्राप्तकर उसे अपनी प्रतिभाके आभूषण पहनाये । एकनाथ महाराजने ज्ञानेश्वरी और भागवतको आत्मसात् करके उनसे अपनी वाणी रञ्जित की और तुकाराम महाराजने ज्ञानेश्वर-एकनाथद्वारा निर्मित रत्नोंकी खानिका स्वत्वाधिकार प्राप्त किया और उनसे अपने अभंगोंके हीरे निकालकर उनसे हमारो चकित कर दिया । यह क्रम अनादिकालसे चला आया है और ऐसे विशुद्धवीर्यशाली पूर्वजोंके कुलमें हमलोग उत्पन्न हुए हैं, यह अपना धन्य भाग्य समझना चाहिये । परन्तु कुछ लोग जो तुकारामजीको ज्ञानेश्वर-एकनाथसे अलग करना चाहते हैं उनकी यह चेष्टा देखकर बड़ा अचरज होता है । 'ज्ञानदेव नामदेव एका तुका' श्रीपाण्डुरङ्ग भगवान्के कानके चार मोतियोंकी चौकड़ी है जो सर्वजनमान्य, सर्वप्रिय और सर्वपूज्य है । इसे कोई तोड़फोड़ नहीं सकता । श्रीज्ञानेश्वर महाराज सब सन्तोंके मुकुटमणि हैं ज्ञानामार्गका दुग्धपान कर बहुतेरे अध्यात्म-बलसे बलवान् हुए । ज्ञानेश्वरके शिष्य विसोबा खेचर नामदेवके गुरु थे अर्थात् ज्ञानेश्वर नामदेवके परम गुरु थे । एक और नामदेव विक्रमकी १६ वीं शताब्दीमें हुए हैं उन्होंने पोथियोंमें महाभारतके कुछ पर्व कुछ अभंग और कुछ सन्त-चरित्र लिखे हैं । नामदेवके अभंगोंका जो संग्रह छपा है उसमें मूल नामदेव और इन पीछेके नामदेव दोनोंकी कवितायें एक दूसरीमें मिल गयी हैं और उनसे बड़ा भ्रम पैदा होता है । तथापि ज्ञानेश्वर-समकालीन नामदेव ही सर्वसन्तमान्य नामदेव हैं इसमें कोई सन्देह नहीं । ज्ञानेश्वर, नामदेव और एकनाथ—इसी परम्परामें तुकारामजी आ जाते हैं । इस अध्यायमें हमलोग यह देख चुके हैं कि ज्ञानेश्वरी और एकनाथी भागवतके साथ तुकारामजीका कितना घनिष्ठ अन्तरङ्ग परिचय था । इस घनिष्ठताको कोई कैसे नष्ट

कर सकता है—कैसे तुकारामको ज्ञानेश्वर और एकनाथसे अलग कर सकता है ? नामदेव और तुकाराम ही भक्ति पन्थके प्रवर्तक हुए और ज्ञानेश्वर एकनाथका इससे कोई सम्बन्ध नहीं, यह त्रिखण्ड-पण्डितोंका मत भी भरपूर प्रमाणोंके सामने एक क्षण भी नहीं ठहर सकता।

यह भागवत-सम्प्रदाय बहुत प्राचीन है, ज्ञानेश्वर महाराजसे भी बहुत पहलेका है। इस सम्प्रदायके मुख्य प्रचारक अवश्य ही ज्ञानेश्वर, नामदेव, एकनाथ और तुकाराम हुए। श्रेष्ठ पुरुषोंमें भागवत धर्मकी निष्ठा है पर व्यक्तिनिष्ठ सम्प्रदाय नहीं है, यह भगवान् श्रीकृष्णके उपासकोंका सम्प्रदाय है। श्रीकृष्णकी उपासना इस सम्प्रदायका परम धर्म है। जो कोई भी श्रीकृष्ण-भक्त होगा वह इस सम्प्रदायमें सम्मान्य है, उसकी जाति या वर्ण कुछ भी हो। ज्ञानेश्वर महाराज केवल इस कारण मान्य नहीं हैं कि वह ब्राह्मण थे, प्रत्युत इस कारणसे पूज्य हैं कि वह परम कृष्ण भक्त थे। नामदेव और तुकाराम भी इसी कारणसे मान्य हैं। भागवत सम्प्रदायमें जाति-पाँतिका बखेड़ा नहीं है और जाति द्वेष और जातिसङ्कर भी नहीं है। उपर्युक्त चार प्रधान महामान्य महन्तोंके समान ही नरहरि सुनार, रैदास चमार, सजन कसाई, सूरदास, कबीर, वेश्या कान्हूपात्रा, चोखामेला महार, भानुदास, कान्हू पाठक, मीराबाई, गोरा कुम्हार, दादू धुनिया, शेखमहम्मद, मुक्ताबाई और जनाबाई, बेदरके हाकिम दामाजी, दौलताबादके किलेदार जनार्दन स्वामी, साँवता माली, तुलाधार वैश्य आदि——सभी भगवद्भक्तोंको यह सम्प्रदाय परमपूज्य मानता है। हरि भक्तकी जाति नहीं पूछी जाती, वृत्ति नहीं पूछी जाती, पूर्व-चरित्र भी नहीं पूछा जाता। हरि-भक्तिकी कसौटीपर जो कोई बावन तोले, पाव रत्ती उतरे उसीको सन्त मानते हैं। इन सच्चे सन्तोंमें भी ज्ञानेश्वर, नामदेव, एकनाथ, तुकारामको सन्तोंने ही महाराष्ट्रमें अग्रगण्य माना है। जातिके अभिमान या द्वेषसे इस चौकड़ीको कोई तोड़कर

भक्त करना चाहे तो यह सम्भव नहीं है। 'ज्ञानदेव, नामदेव एका तुका अथवा निवृत्ति, ज्ञानदेव, सोपान मुक्ताबाई।' 'एकनाथ, नामदेव तुकाराम' ये भजन ही जो महाराष्ट्रकी सर्वसम्मतिसे बने हुए भजन हैं, इस बातके साक्षी हैं कि यह चतुष्टय एक है। एकत्व-भावसे इन्हें नमस्कार कर हम यह प्रकरण समाप्त करते हैं।

यहाँतक तुकारामजीके ग्रन्थाध्ययनका विचार हुआ। संस्कृतग्रन्थोंमें गीता भागवत कुछ पुराण, भर्तृहरिके शतक और महिम्नादि स्तोत्र और मराठीमें ज्ञानेश्वरी नाथ-भागवत, नामदेव-कबीरादि सन्तोंके पदोंके सूक्ष्म अध्ययनका तुकारामजीके आचार-विचारपर तथा भाषापर भी बड़ा भारी प्रभाव पड़ा है यह बात पाठकोंके ध्यानमें अच्छी तरहसे आ गयी होगी। जिनके ग्रन्थोंका उन्होंने अनेक बार आदर और विश्वासके साथ पारायण किया जिनकी उक्तियों और उनके अन्तर्गत भावना-प्रधान सुविचारोंके साथ वह मनसे इतने तन्मय हो गये, जिनकी कथित भक्ति-ज्ञान-वैराग्यपूर्ण सत्कथाओंके साथ उनका पूर्ण तादात्म्य हो गया उन्हींकी विचार-पद्धति और भाषाशैलीका अनुगम उन्हें भी हो गया, इसमें आश्चर्यकी कोई बात नहीं। यह तो वही हुआ जो होना चाहिये था। परमार्थकी रुचि उत्पन्न होनेपर कुल-परम्पराप्राप्त तथा सहजसुलभ पण्ढरीके वारकरी सम्प्रदायका साधन-पथ तुकारामजीने हृदयकी तपी लगनके साथ ग्रहण किया और इसी पथपर चलते हुए इस पन्थके अग्रेसर नामदेव एकनाथादि पूर्वाचार्योंके ग्रन्थोंका उन्होंने अध्ययन किया और इनके द्वारा निर्दिष्ट मार्गसे चलकर भगवत्कृपाके पूर्ण अधिकारी हुए और अन्तमें भक्तिके उत्कृष्ट स्वधर्मके आचरणसे तथा प्रबोधकी पद्धतिसे उन्हींकी मालिकामें जा बैठे।

सातवाँ अध्याय

गुरु-कृपा और कवित्व-स्फूर्ति

सपनेमें पाया गुरु-उपदेश । नाममें विश्वास दृढ धरा ॥

—तुकाराम

१ विषय-प्रवेश

बड़ी उत्कण्ठाके साथ तुकारामजीका अभ्यास चल रहा था । वे सबसे यही जानना चाहते थे कि 'कब भगवान् मुझपर कृपा करेंगे,' 'क्या भगवान् मेरी लाज रखेंगे ।' वह यह जाननेके लिये अत्यन्त अधीर हो उठे थे कि 'क्या मेरा भी उद्धार होगा,' 'क्या नारायण मुझपर अनुग्रह करेंगे !' वे चाहते थे किसी ऐसे महात्माके दर्शन हो जायँ जिनसे यह आश्वासन मिले कि हाँ, भगवान् तुझपर कृपा करेंगे । उनका चित्त विकल था यह जाननेके लिये कि कब मेरी बुद्धि स्थिर होगी, कब भगवान्का रहस्य मैं जान लूँगा, कैसे यह शरीर छूटनेसे पहले नारायणसे भेंट होगी, कब उनके चरणोंपर लोटूँगा, कब उनके लिये गद्‌गदकण्ठ होकर मैं अपना देह-भाव भूलूँगा, कब वह मुझे अपनी चारों भुजाओंसे गले लगावेंगे, कब ये नेत्र उनका स्वरूप देखकर शान्ति और तृप्ति लाभ करेंगे । बस, यही एक धुन थी । वह अपने ही मनसे पूछते कि क्या मुझे ऐसे सत्पुरुष मिलेंगे जिन्होंने भगवान्के दर्शन किये हों । जिनके लिये प्रपञ्च छोड़ा, वहीखाता इन्द्रायणीमें डुबा दिया, घनको गोमास-

समान माननेकी शपथ की, घर-द्वारतक छोड़ दिया, सज्जनोंमें कुसङ्गति भ्रम की, एकान्तवास किया और साधु-सेवासे ग्रन्थाध्ययन तथा 'राम कृष्ण हरी'का सतत भजन किया, वह विश्वम्भरक पाण्डुरङ्ग कहाँ कैसे मिलेंगे ? यह कौन बतलावेगा ? वह सत्पुरुष कब मिलेंगे जिन्होंने पाण्डुरङ्ग-के दर्शन किये हों ? इसी प्रतीक्षामें तुकारामजीके प्राण उपस-पुपस कर रहे थे। भगवान् कल्पवृक्ष हैं, चिन्तामणि हैं चित्त जो-जो चिन्तन करे उसे पूरा करनेवाले हैं, यह अनुभव जो सभी भक्तोंको प्राप्त होता है, इस समय तुकारामजीको भी प्राप्त हुआ। उन्हें महात्माके दर्शन हुए, स्वप्नमें दर्शन हुए और उन्होंने तुकारामजीके मस्तकपर हाथ रखा तुकारामजीको जो मन्त्र प्रिय था वही राम-कृष्णमन्त्र उन्होंने इनको दिया और तुकारामजीके जो परमप्रिय इष्ट थे पाण्डुरङ्ग, उन्हींकी निष्ठापूर्वक उपासना करनेको उन्होंने इनसे कहा। तुकारामजीको यह विश्वास हो गया कि मैं जिस रास्तेपर चल रहा था वह ठीक ही था। राम-कृष्ण-हरीका भजन पहलेसे ही हो रहा था पर वही मन्त्र अब अधिकारी महात्माके मुखसे प्राप्त हुआ, उपासनाका रहस्य खुला निश्चय दृढ़ हुआ चित्त समाहित हो गया। न्यायालयसे मामलेका क्या फैसला होगा यह तो पक्षकारोंको पहलेसे ही मालूम रहता है वकील भी बतलाते रहते हैं पर जबतक जजके मुँहसे फैसला नहीं सुना जाता तबतक चित्त स्वस्थ नहीं होता। कुछ वैसी ही बात यह भी है। अधिकारी पुरुषके मुखसे जब मन्त्र सुना जाता है अथवा धीर पुरुषसे जब कोई आशीर्वाद मिलता है तब उससे जीवको शान्ति मिलती है। उसे अपना रास्ता वही होनेका विश्वास हो जाता है। ग्रन्थ पढ़कर भी जो बात समझमें नहीं आती वह एक क्षणमें ध्यानमें आ जाती है। बुद्धि जहाँ पहुँच नहीं पाती उस पदका साक्षात्कार होता है। स्वानुभव-प्राप्त साक्षात्कारसम्पन्न महात्माके एक क्षण समागमसे सब काम बन जाता है। पारमार्थिक

इसलिये महापुरुषके दर्शनमात्रसे परमार्थ रोम-रोममें भर जाता है। तुकारामजीके पुण्य बलसे उन्हें ऐसा अपूर्व शुभ संयोग प्राप्त हुआ।

२ सद्गुरु बिना कृतार्थता नहीं

सद्गुरुप्रसादके बिना कोई भी अपना परमार्थ सिद्ध नहीं कर सका है। जो लोग यह समझते हैं कि हमने ग्रन्थोंका अध्ययन कर लिया है, परोक्ष ज्ञान हमें मिल चुका है, हमें अपनी बुद्धिसे ही ज्ञानका रहस्य अवगत हो चुका है, अब हमें किसीको गुरु बनानेकी क्या आवश्यकता है? हम जो कुछ जानते हैं उससे अधिक कोई गुरु भी क्या बतलावेंगे?—जो लोग ऐसा समझते हैं—वे अन्तमें अहङ्कारके जालमें ही फँसे हुए दिखायी देते हैं। गुरु कृपाके बिना रज तम धुलकर निर्मल नहीं होते, ज्ञान अर्थात् आत्म ज्ञानमें पूर्ण और दृढ़तम निष्ठा भी नहीं होती, ज्ञानका साक्षात्कार होना तो बहुत दूरकी बात है। ज्ञानेश्वर महाराज (अ० १०–१७८में) कहते हैं कि 'समग्र वेद शास्त्र पढ़ डाले, योगादिकोंका भी खूब अभ्यास किया, पर इनकी सफलता तभी है जब श्रीगुरुकी कृपा हो।' कमाई तो अपने ही परिश्रमकी होती है तथापि उसपर जबतक श्रीगुरु-कृपाकी मुहर नहीं लगती तब-तक भगवान्के दरबारमें उसका कोई मूल्य नहीं होता। अत्यन्त सूक्ष्म और विशुद्ध बुद्धिके द्वारा ज्ञान प्राप्त होनेपर भी दीपकसे पैदा होनेवाले काजलके समान ज्ञानसे उत्पन्न होनेवाला अहङ्कार सद्गुरुके चरण गहे बिना निःशेष नष्ट नहीं होता। श्रीराम और श्रीकृष्णको भी श्रीगुरु-चरणोंका आश्रय लेना पड़ा, तब औरोंकी तो बात ही क्या है? वेद, शास्त्र, पुराण और सन्त सब इस विषयमें एकमत हैं। श्रुतिकी यह आज्ञा है कि 'श्रोत्रिय' अर्थात् श्रुति शास्त्र निपुण और 'ब्रह्मनिष्ठ' अर्थात् स्वानुभवसम्पन्न सद्गुरुकी शरण लो, उससे ब्रह्मविद्याका अनुभव प्राप्त करोगे। 'शाब्दे परे च निष्णातं ब्रह्मण्युपशमाश्रयम्' ऐसे सद्गुरुकी शरण

सेवनेको भागवतकारने कहा है और गीतामें भगवान्‌ने भी 'प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया' कहा है। 'आचार्यवान् पुरुषो वेद' आत्मवेत्ता महापुरुषके चरण गहनेको वेदोंने कहा है और श्रीमद् शङ्कराचार्य भी यही कहते हैं—

> षडङ्गादिवेदो मुखे शास्त्रविद्या
> कवित्वादि गद्यं सुपद्यं करोति।
> गुरोरङ्घ्रिपद्मे मनश्चेन्न लग्नं
> ततः किं ततः किं ततः किं ततः किम्॥

महद् भाग्यसे सद्गुरुके दर्शन होते हैं और जब ऐसे दर्शन हों तब अनन्य मन हो उनकी शरणमें जाना और 'यथा देवे तथा गुरौ' अर्थात् भगवान्‌के समान ही उनका पूजन और भजन करना सनातन रीति है। सद्गुरु सदा तृप्त ही रहते हैं, इससे अधिकारी जीवोंपर उन्हें करुणा आती है। कहते हैं—

'मेरा पेट तो भरा, पर अब ऐसी ध्यास लगी है कि अन्य जीवोंकी आस पूरी करूँ। नामका भार आखिर ऊपर ही रहता है। यह भार चाहे हलका हो या भारी, इससे क्या?'

अपरम्पार स्वानन्द-समुद्रमें चलनेवाली गुरुरूप नौकाके लिये दो-चार पथिकोंका भार ही क्या? दो-चार पद लिये या दो-चार उतर गये तो इसका उसपर बोझ ही क्या? सच तो यह है कि सद्गुरुको सत्-शिष्यके मिलनका ही आनन्द है, इससे अद्वैतानुभवका आनन्द द्वैतरूपमें वह भोग सकते हैं। गीताज्ञानेश्वरीमें अर्जुनके प्रश्न करनेपर भगवान् यह कहकर अपना आनन्द व्यक्त करते हैं कि 'हे अर्जुन! तुम प्रश्न करके मुझे मेरा यह आनन्द दिखा रहे हो जो अद्वैत नष्टके भी परे है।' (ज्ञानेश्वरी १५-८५) अगाध शब्द-शास्त्र, परिपूर्ण

स्वानुभव, उत्तम प्रबोध शक्ति, दैवी दयालुता और परमा-शान्ति—ये पाँचों गुण श्रीगुरुमें नित्य वास करते हैं। एकनाथी भागवत (अ० ३) में श्रीगुरुके लक्षण बतलाते हैं कि 'वह दीनोंपर तन, मन और वाणीसे बड़े दयालु होते हैं, शिष्यके भव-बन्धन काट डालते हैं, अहङ्कारकी छावनी उठा देते हैं। वह शब्द-ज्ञानमें पारङ्गत होते हैं, ब्रह्मज्ञानमें सदा झूमते रहते हैं, निज-भावसे शिष्यको प्रबोध करानेमें समर्थ होते हैं।'

गुरु प्रसादके बिना ही कोई सन्त-पदवीको प्राप्त हुआ हो, ऐसा एक भी पुरुष नहीं है। सभी सतोंने गुरु-प्रसादका महत्त्व और माधुर्य बखाना है। गुरु-भक्तिके सहस्रों अवतरण दिये जा सकते हैं, पर विस्तार-भयसे सक्षेप ही करना पड़ता है। गुरु-स्तुतिका साहित्य बहुत बड़ा है, वह अनुभवका साहित्य है और अत्यन्त हृदयङ्गम है। जिसे गुरु प्रसाद मिला हो, गुरु सेवाका परमानन्द जिसने भोग किया हो वही उसकी माधुरी जान सकता है। ज्ञानदेव और एकनाथ दोनोंने ही गुरु भक्तिकी अपूर्व और अपार माधुरी पायी थी। इन्होंने सद्गुरु-समागम और सद्गुरु-सेवाका आनन्द खूब लूटा। दोनोंके ग्रन्थोंमें सब मङ्गलाचरण श्रीगुरु स्तवन परक हैं और ये अत्यन्त मधुर हैं। श्रीमद्भगवद्गीताके १३ वें अध्यायमें ७ वें श्लोकका 'आचार्योपासनम्' पद देखते ही श्रीश्रीज्ञानेश्वर महाराजकी गुरु-भक्तिकी धारा महाप्रवाहके रूपमें जो उमड़ पड़ी है वह सौ ओवियोंको पार करके भी उनके रोके नहीं रुकी है। उनकी गुरु-भक्तिका आनन्द जिन्हें लेना हो वे श्रीज्ञानेश्वर-चरित्रमें 'उपासना और गुरु भक्ति' अध्याय पूरा पढ जायँ। उसी प्रकार एकनाथ महाराजकी गुरु-भक्तिका जिन्हें दर्शन करना हो वे एकनाथ-चरित्र देखें। गुरु-भक्तके लिये गुरु और उपास्य एक होते हैं। ज्ञानेश्वर और एकनाथने श्रीगुरु-मूर्तिमें ही भगवान्‌के दर्शन किये। तुकारामजीने भगवान्‌हीको श्रीगुरु देखा। गुरु साक्षात् परब्रह्म हैं और परब्रह्म परमात्मा ही गुरुके सगुण

रूपमें साधकको कृतार्थ करते हैं। गुरु-प्रसादके बिना कोई साधक कभी कृतार्थ नहीं हुआ। श्रीगुरु मोक्षके-घाटके [illegible] हैं। उनकी चरणभूमिमें भेंटे बिना कोई भी कृतकृत्य नहीं हुआ।

३ स्वामी विवेकानन्दका अनुभव

आधुनिक कालके सुविख्यात सत्पुरुष स्वामी रामतीर्थ और स्वामी विवेकानन्द भी श्रीगुरुके शरणागत होकर ही कृतार्थ हुए। स्वामी विवेकानन्द अपने भक्ति-योग-विषयक प्रबन्धमें कहते हैं—गुरुकी कृपासे मनुष्यकी छिपी हुई अलौकिक शक्तियाँ विकसित होती हैं उन्हें चैतन्य प्राप्त होता है और उनकी आध्यात्मिक वृद्धि होती है और अन्तमें वह नरसे नारायण होता है। आत्म-विकासका यह कार्य ग्रन्थोंके पढ़नेसे नहीं होता। जीवनभर हजारों ग्रन्थोंको उलटते-पलटते रहो, उससे अधिक-से-अधिक तुम्हारा बौद्धिक ज्ञान बढ़ेगा, पर अन्तमें यही जान पड़ेगा कि इससे अध्यात्म-बल कुछ भी नहीं बढ़ा। बौद्धिक ज्ञान बढ़ा तो उसके साथ अध्यात्म बल भी बढ़ना ही चाहिये यह कोई कहे तो वह सच नहीं है। ग्रन्थोंके अध्ययनसे इस प्रकारका भ्रम होता है पर सूक्ष्मताके साथ अवलोकन करनेसे यह जान पड़ेगा कि बुद्धिका तो खूब विकास हुआ तो भी अध्यात्म शक्ति जहाँ-की-तहाँ ही रह गयी। अध्यात्म-शक्तिका विकास करानेमें केवल ग्रन्थ असमर्थ हैं, और यही कारण है कि अध्यात्मकी बातें करनेवाले लोग बहुत मिलते हैं पर कहनीके साथ रहनीका मेल हो ऐसा पुरुष अत्यन्त दुर्लभ है। किसी जीवको आध्यात्मिक संस्कार करानेके लिये ऐसे ही महात्माकी आवश्यकता होती है जो जीवग्रन्थिसे पार निकल गया हो। यह तत्त्व ग्रन्थोंमें नहीं है। आध्यात्मिक संस्कार जिसका होता है वह है शिष्य और संस्कार करनेवाला है गुरु। भूमि जुतकर जोत-बखरकर तैयार हो और बीज भी शुद्ध हो, ऐसे उभय-संयोगसे ही

अध्यात्मका विकास होता है । ···अध्यात्मकी तीव्र क्षुधाके लगते ही अर्थात् भूमिके तैयार होते ही उसमे ज्ञान-बीज बोया जाता है । सृष्टिका यही नियम है । आत्मप्रकाश ग्रहण करनेकी क्षमता सिद्ध होते ही प्रकाश पहुँचानेवाली शक्ति प्रकट होती है । सत्यज्ञानानन्द-स्वरूप सद्गुरुको संसार ईश्वर-तुल्य मानता है । शिष्य शुद्धचित्त, जिज्ञासु और परिश्रमी होना चाहिये । जब शिष्य अपनेको ऐसा बना लेता है तब श्रोत्रिय, ब्रह्मनिष्ठ, निष्पाप, दयालु और प्रबोधचतुर समर्थ सद्गुरु उसे मिलते हैं । ··· सद्गुरु शिष्योंके नेत्रोंमें ज्ञानाञ्जन लगाकर उसे दृष्टि देते हैं। ऐसे सद्गुरु बड़े भावसे जब मिलें तब अत्यन्त नम्रता, विमल सद्भाव और दृढ विश्वासके साथ उनकी शरण लो, अपना सम्पूर्ण हृदय उन्हें अर्पण करो, उनके प्रति अपने चित्तमें परम प्रेम धारण करो, उन्हें प्रत्यक्ष परमेश्वर समझो; इससे भक्ति-ज्ञानका अपना समुद्र प्राप्तकर कृतकृत्य होगे । ··महात्मा सिद्ध पुरुष ईश्वरके अवतार ही होते हैं। वे केवल स्पर्शसे, एक कृपा-कटाक्षसे, केवल सङ्कल्पमात्रसे भी शिष्यको कृतार्थ करते हैं, पर्वतप्राय पापोंका बोझ ढोनेवाले भ्रष्ट जीवको भी अपनी दयासे क्षणार्धमें पुण्यात्मा बनाते हैं। वे गुरुओंके गुरु हैं । मनुष्यरूपमें प्रकट होनेवाले साक्षात् नारायण हैं । मनुष्य इन्हींके रूपमें परमात्माको देख सकता है । भगवान् निर्गुण निराकार हैं । पर हमलोग जबतक मनुष्य हैं तबतक हमे उन्हें मनुष्यरूपमें ही पूजना चाहिये । तुम जो चाहो कहो, चाहे जितना प्रयत्न करो, पर तुम्हें मनुष्यरूपी (सगुण) परमेश्वरका ही भजन करना होगा । निर्गुण-निराकारका पाण्डित्य चाहे कोई कितना ही बघारे, सगुणका तिरस्कार करे, अवतारोंकी निन्दा करे, सूर्य, चन्द्र, तारागणोंको दिखाकर बुद्धिवादसे उन्हींमें देवत्व देखनेको कहे—पर उसमें यथार्थ आत्मज्ञान कितना है यह यदि तुम देखो तो वह केवल शून्य है । हमलोग मनुष्य हैं, परमात्मा हमसे सगुणरूपमें—सद्गुरुरूपमें ही

मिलते हैं, इसमें कुछ भी सन्देह नहीं ।' (स्वामी विवेकानन्दके समग्र ग्रन्थ भाग १ पृ० ५१९-५२१ मूल अंग्रेजीसे)

स्वामी आगे और कहते हैं, 'भगवान्‌से मिलनेकी इच्छा करनेवाले मुमुक्षुके नेत्र श्रीगुरु ही खोलते हैं। गुरु और शिष्यका सम्बन्ध पूर्वज और वंशजके सम्बन्ध-जैसा ही है। श्रद्धा, नम्रता, शरणागति और आदरभावसे शिष्य गुरुका मन मोह ले तो ही उसकी आध्यात्मिक उन्नति हो सकती है। और विशेषरूपसे ध्यानमें रखनेकी बात यह है कि जहाँ गुरु-शिष्यका नाता अत्यन्त प्रेमसे युक्त होता है वहीं प्रत्यक्ष अध्यात्म शक्तिके महात्मा उत्पन्न होते हैं। स्वानुभूति ज्ञानकी परम सीमा है, वह स्वानुभूति ग्रन्थोंसे नहीं प्राप्त हो सकती। पृथ्वी-पर्यटनकर चाहे आप सारी भूमि पादाक्रान्त कर डालें हिमालय, काकेशस, आल्प्स-पर्वत लाँघ जायँ, समुद्रकी गहराईमें गोता लगाकर बैठ जायँ, तिब्बत-देश देख लें या गोबीका जंगल छान डालें, स्वानुभवका यथार्थ धर्म-रहस्य इन बातोंसे, श्रीगुरुके प्रसादके बिना, तिलभरमें भी नहीं प्राप्त होगा। इसलिये भगवान्‌की कृपासे जब ऐसा भाग्योदय हो कि श्रीगुरु दर्शन दें तब सर्वान्तःकरण से श्रीगुरुकी शरण लो, उनको ऐसा समझो जैसे यही परब्रह्म हों, उनके बालक बनकर अनन्यभावसे उनकी सेवा करो, इससे तुम धन्य होगे। ऐसे परम प्रेम और आदरके साथ जो श्रीगुरुके शरणागत हुए, उन्हीं के— और केवल उन्हींके—सच्चिदानन्द प्रभुने प्रसन्न होकर अपनी परमभक्ति और अध्यात्मके अलौकिक चमत्कार दिखाये हैं।'

४ हीरेकी खान

तुकारामजीका परमार्थ ऊपर-ही ऊपरका नहीं था इसलिये उन्हें ने कभी जल्दबाजी नहीं की कि जो मिला उसीको उन्होंने गुरु मान लिया। बहुतोंका उन्होंने कसौटीपर कसकर देखा और दूरसे ही प्रणाम कर विदा

किया । जहाँ तहाँ ब्रह्मज्ञानकी कोरी बातें ही सुन पड़ीं, कहीं उसका मूर्त लक्षण नहीं देख पड़ा । वह सच्चा ब्रह्मज्ञान चाहते थे । हाथ पसारकर उन्होंने यही याचना की थी कि—

निर्मळ कोणापाशीं होय एक रज । तरी द्यावें मज दुर्बळाशीं ॥

'निर्मल ब्रह्मज्ञान यदि किसीके पास हो तो उसका एक रजःकण मुझे दे दो ।'

बड़ी दीनताके साथ उन्होंने यही पुकार की थी । पर जहाँ-तहाँ उन्होंने दिखावके पर्वत देखे, बिना नींवकी ही दीवार देखी ।' पाखण्ड और दम्भ देखकर वह चिढ़ गये । उन्होंने पाखण्डी गुरुओं और दाम्भिक संतोंकी, अपने अभंगोंमें, खूब खबर ली है ।

काम क्रोध लोभ चित्तीं । वरिवरि दाविती विरक्ती ॥
तुका म्हणे शब्दज्ञानें । जग नाडियेलें तेणें ॥ १ ॥

चित्तमें तो काम-क्रोध लोभ भरा हुआ है पर ऊपरसे विरक्त बने हुए हैं । कोरे शब्दज्ञानसे संसारको धोखा दे रहे हैं ।'

* * *

डोई वाढवूनि केश । भूतें आणिती अंगास ॥ १ ॥
तरी ते नव्हती संतजन । तेथें नाहीं आत्मखुण ॥ २ ॥

'सिरपर जटा बढ़ाये हुए हैं, भूत-प्रेत बुला लेते हैं । पर वे संतजन नहीं हैं, वहाँ कोई आत्मलक्षण नहीं है ।'

* * *

रिद्धिसिद्धीचे साधक । वाचासिद्ध होती एक ।
त्याचा आम्हासी कंटाळा । पाहों नावडती डोळा ॥

'कोई ऋद्धि सिद्धिके साधक हैं, कोई वाक्-सिद्ध हैं । पर इन सबसे हमारा जी ऊबा हुआ है, इन्हें हम आँखों नहीं देखना चाहते ।'

* * *

दावुनि वैराग्याची कळा । भोगी विषयांचा सोहळा ॥
ज्ञान सांगतो जनासी । अनुभव नाहीं आपणासी ॥ १ ॥

'वैराग्यकी चमक दिखा देते हैं पर विषयोंको ही भोगते रहते हैं। लोगोंको ज्ञान बतलाते हैं पर स्वयं अनुभव कुछ भी नहीं करते।'

*   *   *

ऐसे दाम्भिक, अधकचरे और पेटू आदमी जहाँ-तहाँ भी कौड़ीके तीन-तीन मिलते हैं। तुकारामजीकी शुद्ध और सूक्ष्म दृष्टिको सच्चे-झूठेका निश्चय करते कितनी देर लगती! साधारण मनुष्य ऊपरी दिखावमें फँसते हैं पर तुकारामजी फँसनेवाले नहीं थे। 'नव्हती ते संत करितां कवित्व' वाले अभंगमें यह बतलाते हैं कि जो कविता करते हैं वे संत नहीं हैं, संतोंके घरवाले सब नहीं हैं, अपना घर भरकर दूसरोंको निराशाका मार्ग बतलानेवाले संत नहीं हैं। केवल कथा बाँचनेवाले, कीर्तन करनेवाले, माला-मुद्रा धारण करनेवाले भभूत रमानेवाले जंगलोंमें रहनेवाले, कर्मठ, जप-तप करनेवाले संत नहीं हैं ये सब बाह्य लक्षण हैं इनसे किसी-की साधुता नहीं जानी जाती।

तुका म्हणे नाहीं निरसला देह । तंवरी हे अवघे सांसारिक ॥

'जबतक देहका निरास नहीं हुआ, देहबुद्धि नष्ट नहीं हुई तबतक ये सब सांसारिक ही हैं। तुकारामजी इन्हें अपने मुखसे संत नहीं कह सकते' जबतक इनके अंदर द्रव्यका लोभ और बड़ाईकी इच्छा है। जिनका बाह्य वेष साधु-जन-सा है पर अन्तःकरण विषयासक्त है उन्हें तुकाराम जी दूरसे 'हीरेके समान चमकनेवाले ओले' कहते हैं। ऐसे बने हुए संत अनेक होते हैं पर इनमेंसे कोई भी तुकारामजीकी आँखोंमें धूल नहीं झोंक सका।

सच्चे संत बहुत दुर्लभ हैं। संतोंको ढूँढ़ते-ढूँढ़ते तुकारामजी थक गये।

उनकी आशा निराशा हो गयी। उस समय उनके मुखसे ये उद्गार निकले हैं—

'ज्ञानियोंके यहाँ भगवान्‌को ढूँढना चाहा, पर देखा यही कि अहङ्कार इन ज्ञानियोंके पीछे पड़ा है। वेद-परायण पण्डितों और पाठकोंको देखा कि एक दूसरेको नीचे गिरानेमें ही लगे हुए हैं। देखनी चाही इनकी आत्मनिष्ठा, पर उलटी ही चेष्टा दिखायी दी। योगियोंको देखा, उनमें भी शान्ति नहीं, मारे क्रोधके एक-दूसरेपर गुरगुराया करते हैं। इसलिये हे विट्ठल! अब मुझे किसीका मुहताज मत करो। मैंने इन सब उपायोंको छोड़ तुम्हारे चरण दृढतासे पकड़ लिये हैं।'

५ गुरु ही मुमुक्षुको ढूँढते हैं

'संत दुर्लभ तो हैं, पर अलभ्य नहीं। चन्दन महँगा मिलता है, पर मिलता तो है। कस्तूरी चाहे जब चाहे जहाँ मिट्टीकी तरह सस्ती नहीं मिलती, पर जिसके पास उसके दाम हैं उसे मिलती ही है। हीरे-जैसे रत्नों-को गरीब बेचारे देख भी नहीं सकते, पर धनी उन्हें खरीद सकते हैं। इसी प्रकार जिसके पास प्रचुर पुण्य धन है उसे सत्सङ्ग लाभ होता है। सत्सङ्ग दुर्लभ है, पर अमोघ भी है। भाग्यश्रीका जब उदय होना होता है तभी संत मिलते हैं, इनमें जिन्हें भगवान्‌की आज्ञा होगी वे स्वयं ही चले आवेंगे और कृतार्थ करेंगे। मुमुक्षुको गुरु ढूँढना नहीं पड़ता, गुरु ही ऐसे शिष्योंको जो कृतार्थ होनेयोग्य हुए हों, ढूँढा करते हैं। फलके परिपक्व होते ही तोता बिना बुलाये ही आकर उसपर चोंच मारता है। उसी प्रकार विरक्त जीवको देखते ही दयाकुल गुरु दौड़े आते हैं और आत्म-रहस्य बतलाकर उसे कृतार्थ करते हैं। सब संत सद्‌गुरुस्वरूप ही हैं, तथापि सब स्त्रियाँ माताके समान होनेपर भी स्तनपान करानेवाली माता एक ही होती है, वैसे ही सब संत सद्‌गुरुके समान होनेपर भी स्वानुभवामृत पान

करानेवाली, ईश्वरनियुक्त सद्गुरु-माता भी एक ही होती है और मुमुक्षु शिशु जब भूखसे व्याकुल होकर रोने लगता है तब सद्गुरु-माताले एक क्षण रहा नहीं जाता और वह दौड़ी चली आती और शिशुको अमृतपान कराती है। गुरु ईश्वरनियुक्त होते हैं, गुरु-शिष्यका सम्बन्ध अनेक जन्म-जन्मान्तरोंसे चला आता है और वह गुरु निश्चित समयपर निश्चित शिष्यको कृतार्थ किया करते हैं। तुकारामजीके सद्गुरु बाबाजी चैतन्य इसी प्रकारसे भगवदिच्छानुसार यथाकाल यथोचित रीतिसे तुकारामजीके सामने प्रकट हुए और उन्हें उन्होंने अपना प्रसाद दिया।

६ बाबाजीका स्वप्नोपदेश

तुकारामजीको गुरूपदेश प्राप्त हुआ उस प्रसङ्गके उनके दो अभंग हैं। पहला अभंग विशेष प्रसिद्ध है उसीका आशय नीचे देते हैं—

गुरुरायने सचमुच ही मुझपर बड़ी कृपा की पर मुझसे उनकी कुछ भी सेवा न बन पड़ी। स्वप्नमें, गङ्गा-स्नान (इन्द्रायणी-स्नान) के लिये जाते हुए, रास्तेमें वह मिले और उन्होंने मस्तकपर हाथ रखा। उन्होंने भोजनके लिये एक पाव घी माँगा पर मुझे इसका विस्मरण हो गया। कुछ अन्तराय हो गया इसीसे उन्होंने जानेकी जल्दी की। उन्होंने गुरु-परम्पराके नाम बताये 'राघव चैतन्य' और 'केशव चैतन्य'। अपना नाम बतलाया बाबाजी चैतन्य और 'राम कृष्ण हरी' मन्त्र दिया। माघ शुद्ध दशमी गुरुवारको गुरुवार वार खोजकर (इस प्रकार गुरुने) मुझे अङ्गीकार किया।

इससे निम्नलिखित बातें मालूम हुईं—

(१) सद्गुरुने तुकारामजीपर अनुग्रह किया और उन्हें 'रामकृष्ण हरी' का मन्त्र दिया।

(२) यह उपदेश उन्हें स्वप्नमें इन्द्रायणीमें स्नान करनेके लिये जाते हुए प्राप्त हुआ। गुरुने उनके मस्तकपर हाथ रखा।

(३) सद्गुरुने भोजनके लिये एक पाव घी माँगा पर तुकारामजी घी लाकर देना भूल गये। जागनेपर तुकारामजीको इस बातका बड़ा दुःख हुआ कि सद्गुरुकी कुछ भी सेवा न बन पड़ी और उन्हें यही समझ पड़ा कि सेवामें प्रत्यवाय होनेसे ही सद्गुरु जल्दीसे चले गये।

(४) सद्गुरुने अपनी गुरु-परम्परा बतायी—राघव चैतन्य, केशव चैतन्य और अपना नाम बाबाजी चैतन्य बताया।

(५) यह गुरूपदेश तुकारामजीको माघ शुक्ल दशमी गुरुवारको मिला।

(६) इस प्रकार सद्गुरुने तुकारामजीको अङ्गीकार किया।

तुकारामजी फिर कहते हैं—

गुरुराज मेरे मनका भाव जानकर वैसा ही उपाय करते हैं। उन्होंने वही सरल मन्त्र बताया जो मुझे प्रिय था, जिसमें कोई बखेड़ा नहीं। इसी मार्गसे चलकर अनेक साधु-सत भवसागरसे पार उतर गये। जान-अजान जो जैसे शिष्य होते हैं गुरु उन्हें वैसा ही उपाय बतलाते हैं। शिष्योंमें कोई नदीके उतारमें तैरनेवाले, कोई सङ्गीके सङ्ग चलनेवाले, कोई जहाजपर चढनेवाले और कोई कमरबन्द कसे रहनेवाले होते हैं, जो जैसे होते हैं उन्हें उनके अधिकारके अनुसार वैसा ही उपाय बताया जाता है।'

तुका कहता है, 'गुरुने मुझे कृपासागर पाण्डुरङ्ग ही जहाज दिया।' इससे तीन बातें मिलीं—

(७) मेरे मनका भाव जानकर सद्गुरुने ऐसा प्रिय और सरल मन्त्र दिया कि कहीं कोई बखेड़ा नहीं।

गुरूपदेश पानेके पूर्वसे ही तुकारामजी बड़े प्रेमसे श्रीविट्ठलकी उपासना करते थे और 'राम कृष्ण हरी'का ही मन्त्र जपा करते थे। विट्ठल उनके कुलदेव थे। उपास्यदेवका ही प्रिय मन्त्र गुरुने बताया

इससे कोई क्लेश नहीं हुआ। यदि गुरुने गणेशकी उपासना और गणेश का मन्त्र दिया होता अथवा अन्य किसी देवताके मन्त्रकी दीक्षा दी होती या योग-यागादि साधन करनेको कहा होता तो अवश्य ही क्लेश होता। पहलेसे जो साधना हो रही है उसीको आगे चलानेका गुरुने उपदेश दिया, इससे तुकारामजीका उत्साह द्विगुण हो गया। ऐसा यदि न होता तो यह झगड़ा आ पड़ता कि पहलेसे जो उपासना चली आ रही है वह कैसे छोड़ दी जाय और गुरुकी बतायी उपासना भी कैसे न की जाय! इससे संशय-को आश्रय मिल सकता था। मन विचलित होकर गड़बड़ा सकता था। पर गुरुने 'मुझे कृपासागर पाण्डुरङ्ग ही बताया दिया' मेरा जो प्रिय था वही 'राम कृष्ण हरी' मन्त्र दिया और जो उपासना मैं कर रहा था उसी-को निष्ठाके साथ आगे चलानेका उपदेश दिया। इससे कोई क्लेश नहीं पैदा हुआ।

(८) अनेक साधु-सन्त—ज्ञानेश्वर, नामदेव एकनाथादि—इसी मार्गसे चलकर भवसागर पार कर गये।

तुकारामजीको जैसे विठ्ठलकी उपासना प्रिय थी, 'राम कृष्ण हरी' नाम प्रिय था वैसे ही ज्ञानेश्वर, नामदेव एकनाथादिका नित्य ग्रन्थ-सहवास भी प्रिय था क्योंकि इन्हींके ग्रन्थोंका वह नित्य पठन श्रवण और मनन किया करते थे। सद्गुरुका ऐसा अनुकूल उपदेश मिलनेसे यह क्रम भी उनका बना रहा। गुरुने उन्हें दत्तात्रेयका मन्त्र देकर श्रीगुरु-चरित्रके पारायण करनेको कहा होता तो उससे भी उनका काम बन जाता, पर पूर्व संस्कारसे जो उपासना दृढ़ हो चुकी थी वह एकदम छोड़ देनी पड़ती और नया साधन नये ढंगसे करना पड़ता। इससे भी कुछ-न-कुछ क्लेश ही होता। इस प्रकार स्वभावसे ही प्रिय उपास्य प्रिय मन्त्र और प्रिय सम्प्रदाय-परम्परा छोड़नेकी कोई आवश्यकता नहीं पड़ी प्रत्युत उन्हींको और दृढ़ करनेका उपदेश गुरुसे प्राप्त होनेके कारण कोई क्लेश नहीं हुआ।

(९) मुझे मेरा प्रिय मार्ग ही सद्गुरुने दिखा दिया, पर इसका यह मतलब नहीं है कि मेरे सद्गुरु यही एक मार्ग जानते थे या बतलाते थे, गुरुराज तो समर्थ हैं, वह जान-अजान सबको मार्ग बतलानेवाले हैं, जो शिष्य जिस अधिकारका हुआ उसे उसी अधिकारका उपदेश देते हैं– 'उतार सागडी तापे पेटी'–'उतार, सग, जहाज, कमरबन्द ।' ये सभी उपाय वह बतलाते हैं । इस चरणका, बल्कि यह कहिये कि इस अभंगका रहस्य समझनेके लिये ज्ञानेश्वरीका आश्रय लेना पड़ेगा । गीताके 'दैवी ह्येषा गुणमयी' (अ० ७ । १४) और 'तेषामहं समुद्धर्ता' (अ० १२ । ७) इन श्लोकोंपर ज्ञानेश्वर महाराजकी जो ओवियाँ हैं उन्हें सामने रखकर इस चरणका अर्थ ठीक लगता है । जान-अजान सबको अपने-अपने अधिकारके अनुसार ही मार्ग बताया जाता है । 'जो अकेले हैं (अर्थात् ब्रह्मचारी, सन्यासी आदि) उन्हें योगमार्ग दिखाते और जो परिग्रही (गृहस्थ) हैं उन्हें नाम नौकापर बिठाते हैं । माया नदीको तैरकर पार करते हुए कोई 'उतार'के रास्तेसे जाते हैं । अहंभाव त्याग कर 'ऐक्यके उतार'से जाते हैं । (ज्ञानेश्वरी ७–१००), कोई 'वेदत्रयीको सगी' बनाकर उनके सग चलते हैं (८४), कोई 'यजनक्रियाका कमरबन्द कमरमें कस लेते हैं' (८९) और कोई 'आत्म-निवेदनके जहाज' पर चढते हैं । तुकारामजीके कथनका तात्पर्य भी यही है कि समर्थ सद्गुरुके पास सभी साधन मौजूद हैं, पर शिष्यकी रुचि देखकर वैसा इष्ट उसे बतलाते हैं । मुझे श्रीगुरुने ऐसा ही प्रिय मन्त्र बताया, इसलिये इन विविध साधनोंका कोई झमेला नहीं पड़ा ।

और भी चार-पाँच स्थानोंमें गुरूपदेश-सम्बन्धी उल्लेख हैं । एक स्थानमें कहा है कि श्रीगुरुने 'कर-स्पर्श करके सिरपर हाथ फेरा और कहा कि चिन्ता मत करो ' एक दूसरे स्थानमें कहा है कि श्रीगुरुने 'राम-कृष्ण-मन्त्र बताया, सब समय वाणीसे यही उच्चार करता हूँ ।' श्रीसद्गुरुने

स्वप्नमें तुकारामजीको दर्शन देकर 'राम कृष्ण' मन्त्र बताया, इसके सिवा और कुछ भेदकी बात बतायी हो तो उसे तुकारामजीने नहीं प्रकट किया है। साम्प्रदायिक रहस्य गुह्यमगुह्य और अकथ्य भी नहीं।

७ दिनकर गोसाईं

बाबाजी चैतन्यने तुकारामजीको स्वप्नमें जैसे उपदेश दिया ऐसी ही घटना इसके २ वर्ष बाद नगर-जिलेमें भिंगारसे उत्तर-पूर्व १८ कोसपर दृढ़ेश्वरमें भी हुई थी जिसका उल्लेख मराठीसाहित्यमें मौजूद है। 'स्वानुभवदिनकर' नामक सुन्दर ग्रन्थके कर्ता दिनकर गोसावी (गोसाईं) समय श्रीरामदासस्वामीके शिष्य थे। यह भिंगारके जोशी थे, इनका कुल-नाम मुळे था पर ज्योतिषी होनेके कारण यह पाठक कहलाने लगे। दिनकरका ऐन यौवनकाल था। जब उन्हें वैराग्य प्राप्त हुआ और वह अपना गाँव छोड़कर दृढ़ेश्वरकी सुरम्य कन्दरामें शाके १५७४ में आ रहे। उस एकान्त स्थानमें उन्होंने एक वर्ष यथाविधि पुरश्चरण किया। शाके १५७५ की फाल्गुनी पूर्णिमाकी रातमें नाम-स्मरण करते हुए उन्हें निद्रा आ गयी। दिनकर स्वामी कहते हैं 'वह आमस्वप्ननिद्राख्य तुर्या अवस्था थी मन समभावसे स्थिर था और नेत्र उन्मीलित थे। उस समय समर्थ श्रीरामदासस्वामीके वेषमें भगवान् श्रीरामचन्द्र सामने प्रकट हुए और उन्होंने उनके मस्तकपर अपना बायाँ हाथ रखा। और दिनकर गोसावी तुरंत जाग पड़े। उस परम आनन्द हुआ पर वही मूर्ति जागतेमें दर्शन दे इसके लिये उनका चित्त विकल हो उठा। और स्वानुभवके आनन्दसे वह चित्त तत्काल उसी रूपमें ध्यान-संलग्न हो गया।'

माताके न दिखायी देनेसे नन्हे बच्चेकी अथवा गौके समयपर घर न आनेसे बछड़ेकी या मन खर्च हो जानेपर कृपणकी जो हालत होती है वही हालत दिनकरकी हुई। कुछ लाभ कुछ आपत्ति कुछ सुयुक्ति तीनों

ही अवस्थाएँ कुछ-कुछ थीं, तीनोंकी सन्धि थी । उस सन्धिमें चित्त तुर्यावस्थामे जहाँ-का-तहाँ विरत होकर तटस्थ हो गया और भगवान् श्रीरामचन्द्रने समर्थ श्रीरामदासस्वामीके रूपमें दिनकरके मस्तकपर बायाँ हाथ रखा । स्वप्नमें जिस मूर्तिके दर्शन हुए थे वह मूर्ति चित्तमें बैठ गयी और उन्होंने यह निश्चय किया कि जाग्रत्में उस मूर्तिके दर्शन जबतक नहीं होंगे तबतक अन्न-जल ग्रहण नहीं करूँगा । वह एक वर्षतक इस हालतमें रहे । बाह्योपाधि उनकी छूट गयी, स्वप्न मूर्ति अंदर बाहर व्याप गयी । इस प्रकार जब एक वर्ष पूरा हुआ तब संवत् १७११ फाल्गुन मासकी पूर्णिमाको साक्षात् समर्थ प्रकट हुए । तब दिनकरके आनन्दकी कोई सीमा न रही । समर्थने उनके मस्तकपर दाहिना हाथ रखा और उन्हें कृतार्थ किया । दाहिना हाथ सद्गुरुके सिवा और कोई भी नहीं रख सकता । यह सम्पूर्ण कथा 'स्वानुभवदिनकर' ग्रन्थ (कलाप १६ किरण ४)में लिखा है ।

तुकारामजीके स्वप्नानुग्रह और दिनकर गोस्वामीके स्वप्नानुग्रहमें विलक्षण साम्य है । महीपतिबाबा कहते हैं कि श्रीपाण्डुरङ्गने बाबाजी चैतन्यके रूपमें तुकारामजीपर अनुग्रह किया और 'स्वानुभवदिनकर' यह बतलाया है कि श्रीरामचन्द्रने रामदासके रूपमे दिनकर गोस्वामीपर अनुग्रह किया । तुकारामजीके गुरु बाबाजी चैतन्य उनपर अनुग्रह करनेके कितने ही वर्ष पहले समाधिस्थ हो चुके थे, और सोते जागते पाण्डुरङ्गकी ओर ही तुकारामजीकी आँखें लगी थीं । इस कारण तुकारामजीको पाण्डुरङ्गके इस प्रकार दर्शन हुए, और दिनकर गोसाईंको स्वप्नमें देखी हुई मूर्तिको जागते हुए प्रत्यक्ष देखनेकी ही लगी हुई थी, इस कारण ठीक एक वर्ष पूरा होते ही श्रीगुरु-मूर्ति उनके सामने प्रत्यक्षमे प्रकट हुई । इन दोनो उदाहरणोंसे यह बात सिद्ध होती है कि जिसे जिसकी लगन लगती है उसे

उसके स्वप्नमें और जाग्रतिमें भी दर्शन होते हैं। यह क्या चमत्कार है अथवा किस प्रकार महात्मा लोग दूसरोंके स्वप्नमें प्रवेशकर उन्हें अनुग्रह कर जाते हैं यह हमारे-जैसे प्राकृत जीव भला कैसे समझ सकते हैं! पर तुकाराम और दिनकर गोसाईं-जैसे निष्काम भगवद्भक्त जब यह बतलाते हैं कि स्वप्नमें गुरुने दर्शन देकर हमें उपदेश दिया तब उसपर अविश्वास करनेका कोई कारण नहीं है। ऐसी बातोंमें विश्वासके बिना प्रतीति नहीं होती और प्रतीतिके बिना विश्वास भी नहीं होता, इसलिये मुमुक्षुजन पहले विश्वास करते हैं पीछे उनके पूर्वभाग्यसे अथवा भगवत्कृपा-बलसे प्रतीतिका समय भी कभी-न-कभी आता है। स्वप्नमें ही क्यों, गर्भवासमें उपदेश दिये जानेकी कथाएँ हमारे पुराणोंमें हैं। इन कथाओंको मिथ्या तो नहीं कह सकते। महात्मा चारों देहोंसे अलग और पूर्ण स्वाधीन होनेके कारण चारों देहोंपर उनका हुक्म चलता है। वे इन देहोंके मालिक होते हैं अर्थात् चाहे जो देह वे जब चाहें धारण कर सकते हैं और चाहे जिस देहको जब चाहें छोड़ सकते हैं। बाबाजी चैतन्यने स्थूल देहका त्याग करनेके पश्चात् भण्डारा-पर्वतपर आत्मोद्धारके लिये सतत छटपटानेवाले तुकारामको शुद्धचित्त और अधिकारी जानकर उनपर अनुग्रह किया और जो उपासना वह कर रहे थे उसीको आगे भी करते रहनेके लिये प्रोत्साहित किया। इस प्रकारका प्रोत्साहन श्रेष्ठ कोटिके जीवोंसे कनिष्ठ कोटिके जीवोंको मिला करता है। सच पूछिये तो गुरु और शिष्यके बीच ऊँच-नीचका कोई भेद-भाव बाकी नहीं रहता। जैसे दो तालाब पास-पास लबालब भरे हुए हों और इनमेंसे पहले किसी एकका पानी दूसरेमें जा जाय और उस एकको दूसरा गुरुत्वका मान प्रदान करनेकी तैयारी करे न करे इतनेमें ही दोनोंकी लहरें एक-दूसरेमें आने-जाने लगें और दोनों मिलकर एक महासरोवर बन जायँ वैसा ही कुछ गुरु-शिष्यका सम्बन्ध होता है। दोनों एक-दूसरेसे मिलकर एक हो जाते हैं। शिष्य गुरु-स्वरूप

कब आरूढ होता है और कब दोनों एक हो जाते हैं यह बतलानेमें जितना समय लग सकता है उतना समय भी दोनोंके एक होनेमें नहीं लगता। 'उद्धरेदात्मनात्मानम्' ही सत्य है, तथापि सबके ऊपर मुहर गुरुकी ही लगती है। साधक जिस साधन-मार्गसे जा रहा हो उस मार्गपर चलते हुए उसे किसी ऐसे मार्गदर्शक पुरुषकी आवश्यकता होती है जिसने वह मार्ग देखा हो, जो उस मार्गके अन्तिम गन्तव्य स्थानतक हो आया हो। वही गुरु है। उसके मिलनेसे मोक्ष-मार्गके पथिकका ढाढस बँधता है, उसे यह निश्चय हो जाता है कि हम जिस रास्तेपर चल रहे हैं वह रास्ता गलत नहीं है। मोक्ष-मार्गमें ऐसे अनेक गुरु मिल जाते हैं। साधु-सत ऐसे ही मार्गदर्शक होते हैं। अन्तमें जो गुरु मिलते हैं वह इसे पूर्णकाम करके अनुभव-सुख इसके पल्ले बाँधकर इसे पूर्ण बनाते हैं, वही सद्गुरु हैं। सद्गुरुका कार्य अत्यल्प पर अत्यन्त उपकारक होता है। वह जीवात्माको शिवात्मासे मिला देते हैं।

८ गुरु-नाम बारम्बार क्यों नहीं ?

इस विषयमें अब कोई सन्देह नहीं रह गया ह कि तुकारामजीके गुरु बाबाजी चैतन्य थे। तुकारामजीने स्वय ही कहा है—'बाबाजी सद्गुरु, दास तुका।' ज्ञानदेव, नामदेव और एकनाथके ग्रन्थोंमें बार-बार जैसे गुरुका नाम आता है वैसे तुकारामके अभगोंमें नहीं आता, यह बात सही है। पर इससे किसी-किसीका जो यह खयाल होता है कि तुकारामने कोई गुरु ही नहीं किया, किसी गुरुसे उपदेश नहीं लिया अथवा भगवान्‌ने ही उन्हें स्वप्न देकर अपना नाम बाबाजी चैतन्य बता दिया, यह खयाल बिल्कुल गलत है। एक अभगमें तुकारामजीने कहा है, 'सद्गुरुसेवन जो है वही अमृतपान है' और एक दूसरे अभगमें उन्होंने स्पष्ट ही कहा है—'गुरु-कृपाका ही बल था जो पाण्डुरङ्गने मेरा भार उठा लिया।'

(तुका म्हणे गुरु हमेचा आधार । पांडुरंगें भार घेतला माझा ॥) गुरुकी आज्ञा और तुकारामजीके मनकी पसन्द एक रूप हुई, ध्याननिष्ठा दृढ हुई, नाम-सङ्कीर्तन-साधन स्थिर हुआ । गुरुपदेश उन्हें स्वप्नमें मिला, इससे अन्य सन्तोंके समान उन्हें गुरुका सङ्ग-लाभ नहीं हुआ । ज्ञानेश्वरके सामने निवृत्तिनाथकी नामदेवके सामने विसोबा खेचरकी और एकनाथके सामने जनार्दनस्वामीकी मूर्ति अहोरात्र क्रीडा कर रही थी । गुरुके साथ सम्भाषण करनेका सुख इन संतोंने खूब लूटा । उनके दर्शन, स्पर्शन और पद सेवनका नित्य आनन्द प्राप्त करने और उनके गुह्य स्वरूपको जाननेका परम मङ्गल अवसर इन्हें नित्य ही मिलता था । प्रतिक्षण उन्हें प्रतीति होती थी कि निर्गुण ब्रह्म ही गुरुरूपमें सगुण होकर आये हैं । तुकारामजीको गुरूपदेश स्वप्नमें मिला । उस समय गुरुने उनसे पावभर घी माँगा था । पर तुकारामजीको उसकी सुध न रही और आगे भी गुरु-सेवाका कोई अवसर नहीं मिला । गुरु भी पाण्डुरङ्गका ही ध्यान करनेको बताकर गुप्त हो गये । इसी कारणसे तुकारामजीके अभंगोंमें गुरु-वर्णन नहीं हुआ है और गुरुका नामोल्लेख भी दो ही चार बार हुआ है । गुरूपदेशके पश्चात् उन्होंने पाण्डुरङ्गका जो ध्यान किया उन्हें जो सगुण-साक्षात्कार और निर्गुण बोध हुआ वह सब गुरुके उपदिष्ट मार्गपर चलनेसे ही हुआ, पाण्डुरङ्ग-स्वरूपमें ही गुरुस्वरूप मिल गया और गुरुकी आज्ञासे ही पाण्डुरङ्गकी सेवा की गयी, इस कारण पाण्डुरङ्गकी भक्तिमें ही गुरु भक्ति भी हो गयी । इसीलिये तुकारामजीके अभंगोंमें गुरुका नामोल्लेख बहुत कम हुआ है । तथापि जितनेमें एसे उल्लेख हैं उनसे यही निश्चित होता है कि तुकारामजीको स्वप्नमें बाबाजी चैतन्यने गुरूपदेश दिया । गुरूपदेश स्वप्नमें ही हुआ करता है । स्वरूप-जागृति होनेपर उपदेशकी आवश्यकता नहीं रहती और मोह-निद्रामें जब जीव रहता है तब उसे उपदेशकी इच्छा ही नहीं होती। अर्थात् सुप्तावस्था और जाग्रतावस्था ये दोनों अवस्थाएँ गुरूपदेशके लिये

उपयुक्त नहीं। गुरूपदेश उसी मुमुक्षावस्थाके लिये है जब जीव न तो आत्मस्वरूपमें जाग रहा है न विषयोंकी मोह-निद्रामें सो रहा है, अर्थात् मध्यम स्वप्नकी अवस्थामें है।

९ गुरु-चैतन्यत्रयी

जिन बाबाजी चैतन्यने तुकारामजीको स्वप्नमें उपदेश दिया उनके विषयमें और भी कुछ ज्ञात होता तो अच्छा होता पर दुर्भाग्यवश ऐसी कोई बात नहीं ज्ञात होती। दो-चार कथाएँ उनके विषयमें प्रसिद्ध हैं पर उनमें परस्पर विरोध ही अधिक है। इसलिये ऐसे टूटे फूटे, अधूरे और परस्पर-विरोधी आधारपर तर्कसे चरित्रकी हवेली उठाना ठीक नहीं। सत-चरित्र कोई कपोल-कल्पित उपन्यास नहीं है, आधारके बिना यहाँ कोई बात नहीं कही जा सकती। माघ शुक्ला दशमीको तुकारामजीको गुरूपदेश मिला, इसलिये वारकरी-मण्डल इस तिथिको विशेष पवित्र मानता है और उस दिन स्थान स्थानमें भजन-पूजन-कीर्तनादिद्वारा उत्सव मनाया जाता है, यही एक बात प्रस्तुत प्रसङ्गमें निश्चित है। तुकारामजीके गुरु कौन थे, कहाँ रहते थे, वह समाधिस्थ कब हुए, उनकी पूर्व परम्परा क्या थी ? इत्यादिके बारेमें वारकरियोंको कुछ भी ज्ञात नहीं है और इस विषयमें कोई ग्रन्थ भी नहीं मिला है। स्वप्नमें थोड़ी देरके लिये गुरुके दर्शन हुए और उन्होंने उपदेश दिया, 'राघव चैतन्य केशव चैतन्य' कहकर पूर्व-परम्पराका सङ्केत किया और अपना नाम 'बाबाजी' बताया, तुकारामजीको 'राम कृष्ण हरी' मन्त्र दिया जो उन्हें प्रिय था और फिर अन्तर्धान हो गये। बस, इतना ही बाबाजी चैतन्यके विषयमें प्रमाण है, इसके अतिरिक्त और कोई विश्वसनीय बात नहीं ज्ञात होती। 'मानियेला स्वप्नीं गुरूचा उपदेश' (स्वप्नमें गुरुका उपदेश माना), तुकारामजीके इस कथनसे यह नहीं जान पड़ता कि उनके गुरु फिर कभी उनसे स्वप्नमें या जागतेमें मिले हों, अर्थात् तुकारामजीको गुरुसे इस उपदेशके बाद और भी कुछ मिला

यह नहीं कहा जा सकता। ऐसी अवस्थामें तुकारामजीके गुरुके विषयमें चरित्रकार भी और क्या लिख सकता है? इसके सिवा अन्य बातोंपर स्वयं मेरा विश्वास नहीं है, वारकरियोंका भी विश्वास नहीं है तथा उनकी कोई आवश्यकता भी नहीं प्रतीत होती, यह स्पष्ट बतलाकर अब उन कथाओंको भी जरा देख लें जो बाबाजी चैतन्यके विषयमें प्रसिद्ध हुई हैं।

'चैतन्यकथाकल्पतरु' नामक एक ग्रन्थ प्रकाशित हुआ है। यह ग्रन्थ निरञ्जन बुवा नामक किसी पुरुषने संवत् १८७४ (शाके १७ ९) प्रमाद नाम संवत्सरमें लिखा और कार्तिक शुक्ल एकादशीको लिखकर पूर्ण किया। इसमें राघव चैतन्य और केशव चैतन्यके विषयमें कुछ बातें हैं। ग्रन्थके अन्तमें यह कहा है कि यह ग्रन्थ एक प्राचीनतर ग्रन्थके आधारपर लिखा है; वह प्राचीनतर ग्रन्थ संवत् १७११ (शाके १५५६) में परम भक्त कृष्णदास बैरागीने लिखा।' इन कृष्णदास बैरागीका कोई ग्रन्थ उपलब्ध नहीं है जिससे यह ग्रन्थ मिलाकर देखा जाय। अस्तु, निरञ्जन बुवाके इस ग्रन्थमें ६ अध्याय और ७६ ओवियाँ हैं। इसमें तुकारामजी की गुरु-परम्परा इस प्रकार दी है—श्रीविष्णु—ब्रह्मदेव—नारद—व्यास—राघव चैतन्य—केशव चैतन्य उर्फ बाबाजी चैतन्य—तुकाजी चैतन्य। राघव चैतन्यको स्वयं वेदव्यासने उपदेश दिया। राघव चैतन्यने 'उत्तम नाम नगरमें माण्डवीपुष्पावतीके तीरपर' बहुत भयङ्कर तप किया। 'हाथ पैरके नखोंकी नालियाँ बन गयीं; शरीरपर धूलके तह-के-तह जमा हो गये, जटा बढ़कर पृथ्वीको छूने लगी शरीर सूख गया।' ऐसा तीव्र तप देखकर श्रीवेदव्यास प्रकट हुए और उन्होंने उन्हें प्रणवके साथ 'नमो भगवते वासुदेवाय' मन्त्रका उपदेश दिया। उत्तम-नगरका आधुनिक नाम ओतुर है। यह गाँव पूना-जिलेमें जुन्नरसे चार कोसपर है। यहाँसे चार मीलपर पुष्पावती उर्फ कुसुमावती और कुकडीनदीका संगम है। राघव चैतन्यको ओतुर ग्राममें गुरूपदेश प्राप्त हुआ। उनका राघव चैतन्य नाम गुरुका ही

दिया हुआ था। गुरूपदेशके पश्चात् राघव चैतन्यने और भी तीन तप किया। कुछ काल पश्चात् वहाँ तृणामल्ल (तिनेवल्ली ?) के देशपाण्डे नृसिंह भट्टके द्वितीय पुत्र विश्वनाथबाबा उनसे मिले। नृसिंह भट्ट बड़े कर्मनिष्ठ ब्राह्मण थे। तृणामल्लका शिवालय यवनोंने भ्रष्ट किया तब नृसिंह भट्ट वहाँसे चलते बने और घूमते फिरते पुनवाडी (तत्कालीन पूना) पहुँचे। वहाँ वह अपनी सहधर्मिणी आनन्दीबाईके साथ सुखपूर्वक काल व्यतीत करने लगे। इनके तीन पुत्र हुए—त्र्यम्बक, विश्वनाथ और बापू। नृसिंह भट्टका जब देहान्त हुआ तब तीनों पुत्रोंमें कलह हो गया। विश्वनाथ 'उदासीन थे, त्रिकाल स्नान-सन्ध्या करते थे, धर्ममें बड़े उदार थे। पर घरका काम कुछ भी न देखते थे।' उनके दोनों भाइयोंने सलाह करके उन्हें घरसे निकाल दिया। विश्वनाथबाबाकी सहधर्मिणी गिरजाबाई भी अपने पतिके साथ हो लीं। पति पत्नी तीर्थयात्रा करते हुए ओतुर ग्राममें आये। दोनों ही विपत्तिके मारे भटक रहे थे। प्रारब्ध-बलसे वहाँ राघव चैतन्यसे उनकी भेंट हो गयी और राघव चैतन्यने उनपर कृपादृष्टि की। विश्वनाथ-बाबा ऋग्वेदी ब्राह्मण थे। संसारमें इन्होंने बहुत दुःख उठाया। भाइयोंने इन्हें घरसे निकाल दिया। स्त्रीने भी इन्हें दरिद्र पाकर कठोर वचन सुनानेमें कुछ कमी न की। 'सोहागके पूरे अलङ्कार भी इनके जुटाये न जुटे, कभी कोई अच्छी-सी साड़ीतक नहीं ला दी, आधी घड़ी भी कभी इनके साथ सुखसे नहीं बीता।' यही उसका रोना था। सुनते सुनते विश्वनाथबाबाके कान थक गये। राघव चैतन्यके दर्शन पाकर वह उनकी शरणमें गये। उस समय उनकी आयु २५ वर्ष थी। कुछ काल बाद इनके एक पुत्र हुआ। उसका नाम नृसिंह भट्ट रखा गया। 'स्त्रीके ऋणसे इस प्रकार उद्धार हुआ और चित्त भी शुद्ध हो गया' तब विश्वनाथबाबाने गुरुसे सन्यास-दीक्षा माँगी। गुरुने उन्हें सन्यास दिया और उनका नाम केशव चैतन्य रखा। गुरु और शिष्य दोनों ही ओतुर ग्रामसे कुछ दूर एक बनमें

जा बसे और वहाँ भजनानन्द भोगने लगे । कुछ काल बाद दोनों ही तीर्थ-यात्राके लिये निकले । नासिक, त्र्यम्बकेश्वर, द्वारका, प्रयाग, काशी गयाधाम आदि क्षेत्रोंकी यात्रा करते हुए कल्बुर्गा पहुँचे । यहाँ अपनी भक्तिभूमिसे मस्त होकर वे एक मसजिदमें पहुँचे । वहाँ भीतके एक कोनेके आलेमें उन्होंने अपनी खड़ाऊँ रखी, उस मसजिदके मुल्लाने आकर जब देखा कि खड़ाऊँ आलेमें रखी हैं तब उन यतियोंपर बेतरह बिगड़ा । उसने शहरके काजीसे इसकी फरियाद की । यह निजामशाहके कानोंतक पहुँची और उस गाँवके छोटे-बड़े सभी मुसलमानोंके आग लग गयी । और जहाँ-तहाँ बिना कारण ब्राह्मणोंपर अत्याचार होने लगे । स्वयं निजाम मसजिदमें पहुँचे । कहते हैं, उस अवसरपर उन दो यतियोंने कोई संकेत किया जिसके करते ही मसजिद जो उड़ी सो वहाँसे आध मीलपर जाकर ठहरी । यह चमत्कार देखकर निजाम चकित हुए और यह विश्वास हुआ कि ये दोनों फकीर कोई बड़े पीर हैं तत्काल ही दोनों यति अन्तर्धान हो गये । निजाम उनसे मिलनेके लिये बहुत व्याकुल हुए । आनन्दगुञ्जोटी नामक स्थानमें निजामको उनके दर्शन हुए । निजामने अभय-दान माँगा । यतियोंने उन्हें अभयवचन दिया । निजामने इन यतियोंके सम्मानार्थ उस मसजिदमें दो स्मारक बनवाये और उनपर राघवेश्वर और केशवेश्वर नाम खुदवाये । राघव चैतन्य इस घटनाके कुछ काल बाद ही शरीरोपाधिसे छूटनेकी इच्छा करते हुए समाधिस्थ हुए । उन्होंने अपने शिष्यको ओतुर जानेकी आज्ञा दी । राघव चैतन्यकी समाधि आनन्दगुञ्जोटीमें है । यहाँसे तीन कोसपर माण्डवगण नामक ग्राममें केशव चैतन्यने अपने लिये एक मठ बनवाया और कुछ कालतक इस मठमें रहे । यहाँ रहते हुए भी बार-बार गुरु-समाधिके दर्शनोंके लिये आनन्दगुञ्जोटी जाया करते थे । राघव चैतन्य बड़े रूपवान् पुरुष थे । उनके दिव्य रूपका कवियोंने वर्णन किया है कि चन्द्रके

समान सुन्दर मुख था, उसपर हेमवर्ण जटा सोहती थी, सर्वाङ्गमें भस्म रमाये रहते थे, बड़ी ही सुन्दर दिगम्बर मूर्ति थी।' केशव चैतन्य पीछे वहाँसे ओतुर चले गये। उनके शिष्योंने मान्यहाल ग्राममें उनकी पादुका स्थापित की। यही केशव चैतन्य तुकोबारायके गुरु थे। बाबाजी इनका पूर्वाश्रमका नाम था। इस ग्रन्थके तीसरे अध्यायके अन्तमें कहा है, 'सब लोग इन्हें केशव चैतन्य कहते हैं, भावुक बाबा चैतन्य कहते हैं, दोनों नाम एक ही हैं जो अति आदरके साथ लिये जाते हैं।' अन्तिम अध्यायमें पुन. यह उल्लेख है कि 'पूर्वाश्रममें बाबा भी कहते थे।' पहले तीन अध्यायोंमें यह विवरण है। इसके बाद चौथे और पाँचवें अध्यायमे केशव चैतन्यके चरित्रकी कुछ बातें कहकर छठेमें तुकारामजीको गुरूपदेश प्राप्त होनेकी बात उनके अल्प चरित्रके साथ कही गयी है। केशव चैतन्यके पुत्र नृसिंह भट्ट और नृसिंह भट्टके पुत्र केशव भट्ट हुए। केशव चैतन्यने केशव भट्टपर अनुग्रह किया और जगदुद्धारके लिये अनेक चमत्कार भी दिखाये। केशव चैतन्यने सवत् १६२८ (शाके १४९३) प्रजापतिनाम सवत्सरमें ज्येष्ठ कृष्ण द्वादशीको ओतुर ग्राममें समाधि ली। समाधि लेनेके पश्चात् भी उन्होंने अनेक चमत्कार किये। अपने पूर्वाश्रमके पोते केशव भट्टको सम्पूर्ण भागवत सुनायी। समाधि लेनेके पश्चात् ही वह काशीमें प्रकट हुए और एक ब्राह्मणपर कृपा की। इसी प्रकार कई वर्ष बाद तुकारामजीको स्वप्न देकर उन्होंने गुरूपदेश दिया। निरञ्जन बुवाने राघव चैतन्य और केशव चैतन्यके बारेमें जो कुछ लिखा है यहाँतक उसीका साराश हमने बताया है। इसके सत्यासत्यकी जाँचका और कोई साधन अबतक उपलब्ध नहीं हुआ है। कृष्णदास वैरागीके जिस ग्रन्थके आधारपर निरञ्जन बुआने अपना ग्रन्थ लिखा, वह ग्रन्थ सवत् १७३१ में लिखा होनेसे अर्थात् तुकाराम महाराजके प्रयाणके पचीस वर्ष बादका ही लिखा हुआ होनेसे बहुत कुछ प्रमाणभूत हो सकता था। पर वह आज उपलब्ध

जा बसे और वहाँ ब्रह्मानन्द भोगने लगे। कुछ काल बाद दोनों ही तीर्थयात्राके लिये निकले। नासिक, त्र्यम्बकेश्वर, द्वारका, प्रयाग, काशी, जगन्नाथ आदि क्षेत्रोंकी यात्रा करते हुए कल्बुर्गा पहुँचे। यहाँ जाकर अतिवृष्टिसे त्रस्त होकर वे एक मसजिदमें पहुँचे। वहाँ भीतके एक बीचके आलेमें उन्होंने अपनी खड़ाऊँ रखी। उस मसजिदके मुल्लाने आकर जब देखा कि खड़ाऊँ आलेमें रखी हैं तब उन यतियोंपर बेतरह बिगड़ा। उसने शहरके काजीसे इसकी फरियाद की। बात निजामशाहके कानोंतक पहुँची और उस गाँवके छोटे-बड़े सभी मुसलमानोंकी आग जल गयी। और यहाँ-वहाँ बिना कारण ब्राह्मणोंपर अत्याचार होने लगे। स्वयं निजाम मसजिदमें पहुँचे। कहते हैं, उस अवसरपर उन दो यतियोंने कोई सङ्केत किया जिसके करते ही मसजिद को उड़ी सो वहाँसे आप भीमरपर जाकर ठहरी। यह चमत्कार देखकर निजाम चकित हुए और यह विश्वास हुआ कि ये दोनों फकीर कोई बड़े पीर हैं। तत्काल ही दोनों यति अन्तर्धान हो गये। निजाम उनसे मिलनेके लिये बहुत व्याकुल हुए। आळन्दगुञ्जोटी नामक स्थानमें निजामको उनके दर्शन हुए। निजामने अभय-दान माँगा। यतियोंने उन्हें अभयवचन दिया। निजामने इन यतियोंके सम्मानार्थ उस मसजिदमें दो स्मारक बनवाये और उनपर राघवराज और केशवराज नाम खुदवाये। राघव चैतन्य इस घटनाके कुछ काल बाद ही आत्मेच्छासे छूटनेकी इच्छा करते हुए समाधिस्थ हुए। उन्होंने अपने शिष्यको ओतुर जानेकी आज्ञा दी। राघव चैतन्यकी समाधि आळन्दगुञ्जोटीमें है। वहाँसे तीन कोसपर माल्पदाक नामक ग्राममें केशव चैतन्यने अपने लिये एक मठ बनवाया और कुछ कालतक इस मठमें रहे। यहाँ रहते हुए भी बार-बार गुरु-समाधिके दर्शनोंके लिये आळन्दगुञ्जोटी जाया करते थे। राघव चैतन्य बड़े रूपवान् पुरुष थे। उनके दिव्य रूपका कविने वर्णन किया है कि नखसे

समान सुन्दर मुख था, उसपर हेमवर्ण जटा सोहती थी, सर्वाङ्गमें भस्म रमाये रहते थे, बड़ी ही सुन्दर दिगम्बर मूर्ति थी।' केशव चैतन्य पीछे वहाँसे ओतुर चले गये। उनके शिष्योंने मान्यहाल ग्राममें उनकी पादुका स्थापित की। यही केशव चैतन्य तुकोबारायके गुरु थे। बाबाजी इनका पूर्वाश्रमका नाम था। इस ग्रन्थके तीसरे अध्यायके अन्तमें कहा है, 'सब लोग इन्हें केशव चैतन्य कहते हैं, भावुक बाबा चैतन्य कहते हैं, दोनों नाम एक ही हैं जो अति आदरके साथ लिये जाते हैं।' अन्तिम अध्यायमें पुन. यह उल्लेख है कि 'पूर्वाश्रममें बाबा भी कहते थे।' पहले तीन अध्यायोंमें यह विवरण है। इसके बाद चौथे और पाँचवें अध्यायमे केशव चैतन्यके चरित्रकी कुछ बातें कहकर छठेमें तुकारामजीको गुरूपदेश प्राप्त होनेकी बात उनके अल्प चरित्रके साथ कही गयी है। केशव चैतन्यके पुत्र नृसिंह भट्ट और नृसिंह भट्टके पुत्र केशव भट्ट हुए। केशव चैतन्यने केशव भट्टपर अनुग्रह किया और जगदुद्धारके लिये अनेक चमत्कार भी दिखाये। केशव चैतन्यने सवत् १६२८ (शाके १४९३) प्रजापतिनाम सवत्सरमें ज्येष्ठ कृष्ण द्वादशीको ओतुर ग्राममें समाधि ली। समाधि लेनेके पश्चात् भी उन्होंने अनेक चमत्कार किये। अपने पूर्वाश्रमके पोते केशव भट्टको सम्पूर्ण भागवत सुनायी। समाधि लेनेके पश्चात् ही वह काशीमें प्रकट हुए और एक ब्राह्मणपर कृपा की। इसी प्रकार कई वर्ष बाद तुकारामजीको स्वप्न देकर उन्होंने गुरूपदेश दिया। निरञ्जन बुवाने राघव चैतन्य और केशव चैतन्यके बारेमें जो कुछ लिखा है यहाँतक उसीका साराश हमने बताया है। इसके सत्यासत्यकी जाँचका और कोई साधन अबतक उपलब्ध नहीं हुआ है। कृष्णदास वैरागीके जिस ग्रन्थके आधारपर निरञ्जन बुआने अपना ग्रन्थ लिखा, वह ग्रन्थ सवत् १७३१ में लिखा होनेसे अर्थात् तुकाराम महाराजके प्रयाणके पचीस वर्ष बादका ही लिखा हुआ होनेसे बहुत कुछ प्रमाणभूत हो सकता था। पर वह आज उपलब्ध

न होनेसे 'चैतन्यचिन्तामणिमयकल्पतरु' ग्रन्थकी कौन-सी बात कृष्णराव लिख गये हैं और कौन-सी बात निराधार तथा किसी अन्य आधारपर कह रहे हैं यह जाननेका इस समय कोई साधन नहीं है।

श्रीरामचन्द्र चैतन्य सिद्ध पुरुष थे और श्रीकृष्णके परम भक्त थे। इसमें सन्देह नहीं। हमारे गोमान्तकस्थ मित्र श्रीविठ्ठलराव कामतने उनका आनन्द मधुर श्लोक इस वर्ष पहले हमारे पास भेजा था—

> पुञ्जीभूतं प्रेम गोपाङ्गनानां
>
> मूर्तीभूतं भागधेयं यदूनाम्।
>
> एकत्रीभूतं गुप्तवित्तं श्रुतीनां
>
> श्यामीभूतं ब्रह्म मे सन्निधत्ताम्॥

गोपियोंके पुञ्जीभूत प्रेम यादवोंके मूर्तिमान् भाग्य, श्रुतियोंके एकत्र घनीभूत गुप्त धन ऐसे जो मेरे साँवरे ब्रह्म हैं वह निरन्तर मेरे समीप रहें।

रामचन्द्र चैतन्यकी और भी कुछ कवितायें हैं ऐसा सुना है। कथन चैतन्यका एक पद मुझे भक्तिमार्गकी गाथामें मिला। उसका आशय यह है कि विषयोंके क्षोभसे मन भटक रहा है। घर, पुत्र, कलत्रमें ही इस मन बैठा है। पर अब इसका दुःख मुझसे नहीं सहा जाता इसलिये हे करुणापति हरि! आपसे विनय करता हूँ। हे दीनानाथ, दीनबन्धु! आपकी शरणमें हूँ। इस भवसागरको पार करनेका कोई उपाय नहीं सोझता। साधु-सङ्ग या साधु-सेवा मुझसे कुछ भी न बन पड़ी, विस्तारपर विस्तारके ही प्रवाहमें पड़ता रहा हूँ। अब इसमेंसे हे भगवन्! मुझे उबारिये। हे दीनानाथ! दीनबन्धु! मैं आपकी शरणमें हूँ। मुझे विश्व-हरिका पता दिखाओ, वेद-शास्त्र-पुराणोंकी गति सुझाओ, निरन्तर नवविधा भक्तिमें लगाओ इसीमें आपकी भी शोभा है। हे दीनानाथ! दीनबन्धु! मैं आपकी शरणमें हूँ।

१० बंगालके चैतन्य-सम्प्रदायसे सम्बन्ध नहीं

कुछ लोग बंगालके श्रीकृष्णचैतन्य-सम्प्रदायके साथ श्रीतुकारामजीका सम्बन्ध जोड़ते हैं, परन्तु यह मान्यता ठीक नहीं जान पड़ती। बंगालमें श्रीकृष्ण चैतन्य या गौराङ्ग प्रभु पन्द्रहवीं शताब्दीमें विख्यात श्रीकृष्ण-भक्त हुए। बंगालभरमें उन्होंने श्रीकृष्ण-भक्तिका प्रचार किया और आज भी बंगालमें श्रीकृष्णका नाम जो इतना प्यारा है वह उन्हींके प्रभावका फल है। श्रीचैतन्य महाप्रभुका अत्यन्त प्रेम-रसभरित चरित्र अंग्रेजी भाषामें स्वर्गीय शिशिरकुमार घोषने लिखा है। अंग्रेजी जाननेवाले पाठक उसे अवश्य पढ़ें। उस ग्रन्थके २६२ वें पृष्ठपर (सन् १८९८ ई० का संस्करण) शिशिर बाबू लिखते हैं—'पूनाके संत तुकाराम गौराङ्ग प्रभुके अथवा उनके शिष्यके शिष्य थे, यह बतलानेकी कोई आवश्यकता नहीं अर्थात् यह बात स्पष्ट ही है।' इस बातके समर्थनमें उन्होंने ये बातें लिखी हैं कि गौराङ्ग प्रभु पण्ढरपुर होकर गये थे, पण्ढरपुरमें तुकारामजी रहते थे, गौराङ्ग प्रभु स्वप्नमें उपदेश दिया करते थे, इत्यादि। इन बातोंसे कुछ लोगोंकी यह धारणा हो गयी है कि स्वयं गौराङ्ग प्रभु अथवा उनके किसी शिष्यसे तुकारामजीने उपदेश ग्रहण किया था। परन्तु बंगालके चैतन्य-सम्प्रदायके साथ तुकारामजीका कुछ भी सम्बन्ध नहीं दीख पड़ता। तुकारामजीका जिस समय जन्म हुआ उस समय कृष्ण चैतन्यको समाधिस्थ हुए ७५ वर्ष बीत चुके थे। चैतन्य प्रभुका समय संवत् १५४२–१५९० है, इसके ७५ वर्ष बाद तुकाजीका जन्म हुआ। कृष्ण चैतन्य ही बाबा चैतन्य होकर तुकारामजीको स्वप्नमें उपदेश दे गये, ऐसा कहें तो कृष्ण चैतन्यकी पूर्वपरम्परा वही होगी। जो बाबाजी चैतन्य तुकारामजीसे कह गये अर्थात् राघव चैतन्य और केशव चैतन्य। पर यह बात किसीको स्वीकार न होगी। इसलिये यह बात भी नहीं मानी जा सकती कि श्रीचैतन्य

तुकारामजीके गुरु थे । अब यदि कोई यह कहे कि राघव चैतन्य ही कृष्ण चैतन्यके शिष्य थे तो श्रीकृष्ण चैतन्यके प्रसिद्ध शिष्योंमें राघव चैतन्य नामके कोई भी शिष्य नहीं हैं और इस बातका कहीं कोई प्रमाण नहीं है कि राघव चैतन्यके गुरु कृष्ण चैतन्य थे । इसलिये कृष्ण चैतन्य अथवा उनके कोई शिष्य तुकारामजीके गुरु थे, यह बात प्रमाणित नहीं होती । फिर दूसरी बात यह है कि बंगाल-उत्कलमें श्रीकृष्ण चैतन्यका जो सम्प्रदाय है वह मध्वाचार्यके द्वैत-सम्प्रदायसे निकला है । इस सम्प्रदायमें राधा-कृष्णकी भक्ति प्रधान है । तुकारामजीकी उपासनामें अथवा या कहिये कि महाराष्ट्र किसी भी भक्तकी उपासनामें राधाकी विशेष महिमा नहीं है । तुकारामजीका भक्तिमार्ग भी द्वैत नहीं, अद्वैत है । तुकारामजीके अभंगोंमें अद्वैत-सिद्धान्त स्पष्ट ही है । इसलिये किसी भी द्वैत-सम्प्रदायके साथ तुकारामजीका नाता नहीं जोड़ा जा सकता । चैतन्य-सम्प्रदाय और महाराष्ट्रीय भागवत-सम्प्रदाय दोनों ही कृष्ण-भक्तिके सम्प्रदाय हैं सही, पर चैतन्य-सम्प्रदायकी कोई भी विशिष्टता तुकारामजीके अभंगोंमें नहीं है और महाराष्ट्रीय भागवत-धर्मके प्रवर्तक ज्ञानेश्वर, नामदेव, एकनाथादि कृष्ण-भक्तोंके आचार-विचारोंसे रत्तीभर भी भिन्नता तुकारामजीके चरित्र और अभंगोंमें नहीं है । फिर ऐसी कौन-सी बात है जिससे यह कहा जा सके कि उनके विचार या संस्कार ये वे महाराष्ट्रके नहीं महाराष्ट्रके बाहरके थे ? ऐसी निराधार बात कहनेमें हेतु भी क्या हो सकता है ? बंगालके श्रीकृष्ण चैतन्यके प्रति हमारा पूर्ण प्रेम और आदर है पर यह भी स्पष्ट बतला देना आवश्यक है कि चैतन्य-सम्प्रदायके साथ उनका कुछ भी लगाव मानना सर्वथा निराधार है । कृष्ण भक्तिके वैष्णव-सम्प्रदाय भारतवर्षमें अनेक हैं पर प्रत्येक सम्प्रदायकी अपनी कोई-न-कोई विशिष्टता है । पण्ढरपुरके वैष्णव-सम्प्रदायकी भी कुछ विशिष्टता है । यह विशिष्टता पहले ज्ञानेश्वरीमें प्रकट हुई और उसी कसौटीपर नामदेव एकनाथ,

तुकाराम आदि सभी संत चले हैं। इन सबकी सब बातोंमें एक मति है। महाराष्ट्रीय स्वभावमें जो एक प्रकारकी दृढता है, एक प्रकारका ऐसा अपमान है कि अपना छोड़ना नहीं और दूसरेका सहसा लेना नहीं, और तुकारामजीके स्वभावमें भी मराठोंकी जो लगन और तेजी है उसको देखते हुए भी बंगालके चैतन्य-सम्प्रदायके साथ तुकारामजीका कुछ भी मेल नहीं बैठता।

११ कवित्व-स्फूर्ति

तुकारामजीने आत्मचरितके अभंगोंमें यह कहा है कि स्वप्नमें गुरूपदेश होनेके पश्चात् ही मुझे कवित्व-स्फूर्ति हुई, यह पाठकोंको स्मरण होगा। तुकारामजीकी इस उक्तिसे ही यह स्पष्ट है कि गुरूपदेशके पूर्व उन्होंने कोई कविता नहीं की। यह कवित्व-स्फूर्ति उन्हें नामदेवकी प्रेरणासे हुई। व्युत्पत्तिके बलपर कविता करनेवाले कवि बहुत होते हैं, पर प्रसादगुण दैवी स्फूर्तिके बिना नहीं उत्पन्न होता। तुकारामजीको कवित्व-स्फूर्ति कैसे हुई, इस विषयमें उनके दो अभंग हैं। एकमें तुकाराम कहते हैं कि 'नामदेव पाण्डुरङ्गके साथ स्वप्नमें आये और यह काम बता गये कि कविता करो, वाणी व्यर्थ व्यय न करो, तुले हुए शब्दोंमें कविता किये चलो, तुम्हारा अभिमान श्रीविट्ठलनाथने ओढ लिया है। यह कहकर उन्होंने मुझे सावधान किया। नामदेवने शतकोटि अभंगोंकी संख्या पूर्ण करनेको कहा, जो अभंग उन्होंने रचे थे उनसे जो बाकी रहे वे मैंने पूरे किये।' दूसरे अभंगमें तुकारामजीने भगवान्से प्रार्थना की है कि 'हे भगवन्! आप मुझे अपनी शरणमें लेंगे तो मैं आपके सङ्ग, संतोंकी पंक्तिमें आपके चरणोंके पास रहूँगा। कामनाका ठाँव छोड़कर आया हूँ, अब मुझे उदास मत करो। आपके चरणोंमें सबके अखीरमें भी मुझे स्थान मिले तो भी सन्तोष है। मेरी चित्तवृत्ति अभी मलिन है। आपका आचार

मिलनेसे मुझे निभ्रान्ति मिलगयी। नामदेवकी परोक्ष तुकाको स्वप्नमें भगवान् मिले। यही प्रसाद चित्तमें भरा हुआ है।'

दोनों अभंगोंका सरलार्थ ऊपर दे दिया है। उससे यही स्पष्ट पड़ता है कि तुकारामजीको स्वप्नमें पाण्डुरङ्ग और नामदेवके दर्शन हुए और नामदेवने भगवान्के सामने तुकारामजीसे कहा कि अब लोगोंसे तुम व्यर्थकी बातचीत करनेमें अपनी वाणी मत खर्च करो, कवित्व करो; मुखसे अभंग-पर-अभंग निकलने चले, पाण्डुरङ्गने तुम्हारा अभिमान छोड़ दिया है, वह सदा तुम्हारे पीछे खड़े रहेंगे और तुम्हारी वाणीमें प्रेम, प्रसाद स्फूर्ति भरते रहेंगे। नामदेवने शतकोटि अभंग रचनेका संकल्प किया था पर वह संकल्प पूरा होनेमें कुछ कसर रह गयी थी वह तुकारामजीने पूरी की। इस प्रकार शतकोटि संख्या * पूर्ण हुई। दूसरे अभंगमें तुकारामने भगवान्से जो प्रार्थना की है उसमें तुकाराम अपनी यही इच्छा प्रकट करते

---

* महीपतिबावाने 'भक्तलीलामृत' अ० ३१ में शतकोटि संकल्प विस्तार से दिया है—नामदेवने चौरानबे कोटि पचपन लाख अभंग रचे पीछे जो कम अभंग बाकी रहे और बाकी पाँच कोटि पचपन लाख अभंग रचनेको तुकारामसे कहा। तुकारामजीके मुखसे कुल कितने अभंग निकले, इसका पता लगना असम्भव है। इस सम्बन्धमें दो अभंग प्रसिद्ध हैं 'मोराने अभंग केले सुविस्तर' यह अभंग रघुनाथ-बावाके चरित्र-ग्रन्थमें है। इसमें यह कहा है कि तुकारामजीने एक कोटि अभंग भक्तिपरक, एक कोटि ज्ञानपरक, एक कोटि अनुभवपरक, पचहत्तर लाख वैराग्यपरक, पच्चीस लाख नामपरक—इस प्रकार इन्हें चार कोटि और आठ हजार उपदेशपरक, आठ हजार रूपवर्णनपरक तथा कुछ स्तुति, आत्मनिवेदन आदिपर रचे। कुछ विद्वान् इसमें तीन कोटि संख्या बतलाते हैं। इसके सिवा एक अभंग छोटे और मिलता है जिसमें यह कहा है कि तुकारामजीने सात कोटि अभंग रचे जिनमेंसे इन्हें एक कोटि स्वयं नामदेवजीने

हैं कि 'भगवान् मुझे अपने चरणोंमें शरण दें और मै ज्ञानदेव, नामदेव, एकनाथ, कबीर आदि महात्माओंका सत्सङ्ग लाभ करूँ, उनके अनुभवोंको अनुभव करूँ, उन्हींके साथ रहूँ चाहे उनकी पङ्क्तिमें मुझे सबके बाद ही स्थान मिले, क्योंकि वे पुण्यपुञ्ज सिद्ध महात्मा हैं और मेरी चित्तवृत्ति अभी मलिन है। पर भगवन्! आपका और इन संतोंका आश्रय मिलनेसे मेरी मति शुद्ध हो जायगी और मैं आपके निजरूपमें समरस होकर परमानन्द प्राप्त करूँगा।' स्वप्नमे भगवान् मिले, इसके लिये तुकाराम नामदेवके कृतज्ञ हैं, कहते हैं कि नामदेवकी ही यह कृपा है जो स्वप्नमें भगवान् मिले। स्वप्नसे जागनेपर तुकारामजीने इस स्वप्नको अन्य स्वप्नोंके सदृश मिथ्या नहीं माना। वह सत्य-स्वप्न था, भगवान् और भक्तके मिलनकी वह एक विशेष अवस्था थी और तुकारामजीने यह अनुभव किया कि उस मिलन और भगवत्कृपाका आनन्द स्वप्नके बाद भी हृदयमें भरा हुआ है। तुकारामजीने यह जाना कि सचमुच ही भगवान्‌का मुझपर अनुग्रह हुआ है!

अपने हाथसे लिखे ' यह जो कुछ हो, इस समय हमारे लिये तो तुकाराम महाराजके साढ़े पाँच हजार ही अभंग बचे हैं।

म धर्म्य है' (ज्ञानेश्वरी अ० ९ । ५५) तो सब जीव उसीपर क्यों
हीं टूट पड़ते ! कौड़ी-कौड़ीके लिये जो लोग रात दिन मरा करते हैं वे
नायास मिलनेवाले इस परम सुखके पीछे क्यों नहीं पड़ते ! उससे किनारा
काटकर संसार दुःखसागर है, भवनदी दुस्तर है, मायामोह दुर्घट है,
विषय-वासना बड़ी कठिन है, इत्यादि रोना नित्य रोते हुए भी ये लोग
संसारमें ही क्यों अटके रहते हैं ! अपना सहजसिद्ध अमरपद छोड़कर ये
जन्म-मृत्युके नामको क्यों रोया करते हैं ? उन्हें मोक्ष दुर्लभ और परमार्थ
दुर्गम क्यों जान पड़ता है ? जप-तप-ध्यानादि नानाविध साधनोंके कष्ट
क्यों उठाते हैं ? निजका स्वानन्द-साम्राज्य छोड़ विषयकी नकली चमकवाले
काँचके टुकड़े बटोरनेवाले कंगाल बने क्यों फिरते हैं !

सत्पुरुषोंको यही तो बड़ा अचरज लगता है। जीव जो ऐसी उल्टी
बोली बोलते हैं, उसे सुनकर उन्हें बड़ी हँसी आती है। मृत्युलोककी यह
उलटी रहन-सहन देखकर वे विस्मित होते हैं। वे यह कहते हैं, 'यह
भाषा छोड़ दो' इसे उलटकर बोलो, उलटकर देखो। इस समझको छोड़ो
कि मैं जीव हूँ, सांसारिक हूँ, दुखी हूँ, और यह कहो कि मैं ब्रह्म हूँ, मैं
मुक्त हूँ, मैं सुखी हूँ, तो तुम सचमुच ही ब्रह्म, मुक्त और सुखी हो।
चाभीको दाहिने घुमा रहे हो सो बायें घुमाओ तो ताला खुल जायगा।
जिधर जा रहे हो उधर पीठ फेर दो, आगे न देख पीछे देखो, बाहरकी
ओर आँख लगाये हो सो अंदरकी ओर लगाओ, प्रवाह छोड़ उद्गमकी
ओर मुड़ो तो सचमुच ही तुम मुक्त हो, सुखी हो, ब्रह्मस्वरूप हो। इसमें
कठिनाई ही क्या है ? यही तो परमार्थ है। जीव अपने संकल्पसे ही बँधा
है, संकल्पसे ही मुक्त है। मैं बद्ध जीव हूँ, यही रोना रो रहे हो, इसीसे
जन्म-मरण, पाप-पुण्य, विधि निषेध और बन्ध-मोक्षके चक्करमें पड़े हो,
पर पैरोंको छुड़ाकर नलिका-यन्त्रसे उड़ जानेवाले तोतेकी तरह यह जीव

यदि भई मोर मम दोनों संकल्प छोड़ दे तो यह उसी क्षण ब्रह्म ही है। कौन किसको बाँधता है, कौन किसको छुड़ाता है ! यह सब संकल्पकी माया है। मन जैसा संकल्प करता है, वैसा ही चित्र उसपर खिंच जाता है। संकल्प, कल्पना, संस्कार वासना वृत्ति मन माया—ये सातों एक रूप हैं। जिस संकल्पसे जीव बँधा है उसके छूटने ही जीव मुक्त है। मैं और ममकी दो रस्सियोंसे यह बँधा है इन रस्सियोंके कटते ही जीव स्वभावतः ही मुक्त है। संकल्पके सारके कटते ही जीवका कालपन छूट जाता है और यही उसका मोक्ष माना जाता है। कल्पनासे ही बन्धन होता है और कल्पनासे ही मोक्ष होता है और जीव जहाँ-का-तहाँ बन्धमोक्षरहित निर्विकल्प निरंजन आनन्दस्वरूप सदासे है ही। परन्तु—

अश्रद्दधानाः पुरुषा धर्मस्यास्य परंतप।
अप्राप्य मां निवर्तन्ते मृत्युसंसारवर्त्मनि ॥

(गीता ९ । ३)

जीवकी ऐसी श्रद्धा हो तो तत्क्षण ही मुक्त है। पर जीवकी ऐसी श्रद्धा सहसा नहीं होती इसीलिये परमार्थके लिये उसे इतना प्रयास करना पड़ता है, अनेक साधन करने पड़ते हैं अनेक कष्ट उठाने पड़ते हैं।

२ चिरञ्जीव पद

यह सब पदार्थ तुकारामजीने सैकड़ों बार पढ़ा, सुना और कहा भी था। वह अपने निश्चित साधन मार्गमें चल रहे थे। एकादशीको सारी एकादशी व्रत कथा-कीर्तन भजन सद्ग्रन्थ-पाठ इत्यादि वह नियमपूर्वक करते थे। गुरुका प्रसाद उन्हें मिल चुका था। नामदेवजीने सामने उन्हें दर्शन दिये और कवित्वकी स्फूर्ति प्रदान की तबसे कीर्तन करते हुए तथा अन्य अवसरोंपर भी उनके मुखसे अभंग धाराप्रवाह निकलते ही जाते थे। भक्त गद्गद होकर उन्हें धन्यवाद देते थे। चारों

दिशाओंमें उनकी कीर्ति फैल रही थी। बहुत लोग उन्हें संत कहकर पूजने लगे थे, उनके चरणोंमें मस्तक रखकर कोई उनके वक्तृत्वकी, कोई कवित्वकी और कोई उनके साधुत्वकी भूरि-भूरि प्रशंसा किया करते थे। इस प्रकार उनकी प्रतिष्ठा बढ़ती ही जा रही थी, उस समय उनकी २७-२८ वर्षकी आयु रही होगी। इस वयस्में इतनी लोकमान्यता विरलको ही नसीब होती है। परन्तु अधकचरे पारमार्थिक इतनेसे ही सन्तुष्ट होकर गुरु बन जाते और शिष्य बनानेकी दूकान खोल देते हैं, गुरुपनेके आठ स्वरपर चढ़ते हैं और अन्तमें बुरी तरहसे नीचे गिरते हैं। ऐसे उदाहरण हमारे-आपके सामने भी बहुत हैं। चार-पाँच वर्ष साधन किया, स्वप्नमें दो-चार दृष्टान्त मिल गये, साक्षात्कारकी झलक-सी मिल गयी, बस हो गये कृतकृत्य। सीधे-सादे, भोले-भाले, आस-पास, जमा होने लगे, स्तुति-स्तोत्र गाने लगे। बस, गुरुजी जम गये और ऋद्धि-सिद्धिका जरा सा चमत्कार देखकर उसीमें अटक गये, जिस रास्तेसे ऊपर चढ़े थे वह रास्ता भी भूल गये, होते-होते जितना ऊपर चढ़े थे उससे दूना नीचे जा गिरे। ऐसी विडम्बनाएँ अनेक हुआ करती हैं। जिसका परमार्थ साधन दम्भसे ही आरम्भ होता है उनकी बात छोड़ दीजिये, पर जो शुद्ध अन्तःकरणसे परमार्थ साधनेकी चेष्टा करते हैं उनमेंसे भी कितने ही इसी तरह घबराकर नीचे जा गिरते हैं। ऐसे लोगोंके लिये एकनाथ महाराजने 'चिरञ्जीव पद'के नामसे ४२ ओवियोंका एक फड़कता हुआ प्रकरण लिखा है। साधकोंके सावधान रहनेके लिये वह बड़ा ही उपकारक है। इसमें एकनाथ महाराजने यह बतलाया है कि विषय केवल सांसारिकोंका ही नाश नहीं करते, प्रत्युत साधकको भी अनेक प्रकारसे धोखा देते हैं। साधकके लिये सबसे पहले यह आवश्यक है कि उसे अनुताप और वैराग्य हुआ हो। वह देहसुखसे यदि ललचायेगा तो उसके परमार्थकी जड़ ही कट जायगी।

त्याग केला पूज्यतें कारणें । सत्संग सोडूनि पूजा घेणें ।
शिष्यममता करोनि राहणें । हें वैराग्य राजस ॥

अर्थात् पूज्य होनेके लिये जो त्याग किया जाता है सत्संग छोड़कर जो पूजा की जाती है और शिष्योंकी ममता की नहीं छूटती, यह राजस वैराग्य है। यह वैराग्य परमार्थको डुबानेवाला होता है। घर छोड़ा और मठ बनाया स्त्री-पुत्र छोड़े और शिष्य बटोरे तो इससे क्या बना! विषय-भोगोपभोग जिस वैराग्यसे निर्मूल हो और प्रारब्धकी शक्तिसे जो भोग प्राप्त हों उनमेंसे भी मनको निर्भय अलग निकाल लेते बने, ऐसा सात्त्विक वैराग्य ही साधकके लिये आवश्यक है। विषय-भोग और लौकिक प्रतिष्ठाको साधक सर्वथा त्याग दे। शब्द स्पर्श, रूप रस और गन्ध—ये पाँचों विषय किस प्रकार साधकको ठगते हैं यह देखिये। जब लोग किसीमें जरा सा भी वैराग्य देख पाते हैं तब वे उसकी स्तुति करने और उसे पूजने लगते हैं। कभी-कभी तो यहाँतक कहने लगते हैं कि यह भगवान्के अवतार हमें तारनेके लिये आये हैं। 'महाराज' कहकर उसे सम्बोधन करते हैं। अपने ये गीत साधकको प्यारे लगते हैं, दूसरी बातें जब उसे अच्छी नहीं लगतीं। पर यहें मजेकी बात यह है कि वे ही लोग पीछे उसकी निन्दा भी करने लगते हैं। पर यह स्तुतिके ही शब्दोंमें भूला रहता है और स्तुतिसे हाथ धो बैठता है। शब्द इस प्रकार साधकको नष्ट करता है। इसके आसपास इकट्ठे होनेवाले 'भक्त' इसे बैठनेके लिये उत्तम आसन देते हैं सोनेके लिये पलंग बिछा देते हैं, पहननेके लिये उत्तम-से-उत्तम वस्त्र अर्पण करते हैं देवी-देवताओंके योग्य इन्हें भोग लगाते हैं, नर-नारी सेवा-शुश्रूषा करते हैं, हाथ पैर, सिर दबाते हैं उस मृदुस्पर्शमें यह मस्त रहता है, फिर उसे छोड़ना कठिन जान पड़ता है। इस प्रकार स्पर्शविषय साधककी साधनामें बाधक होता है। इसी प्रकार

लोग साधकको मेवा, मिठाई, उत्तमोत्तम पक्वान्न खिलाते हैं, उसकी जिस चीजपर इच्छा चलती है वही वे ला देते हैं, गलेमे फूलोंके हार पहनाते हैं, भालमें केसर-कस्तूरीकी खौर और चन्दनका लेप लगाते हैं, मधुर गायन सुनाते हैं इत्यादि प्रकारसे रूप, रस, गन्ध भी उसे धोखा देते हैं। और साधक सावधान न होनेसे इन 'भक्तों'की ममतामें फँसता है। कोमल काँटेके समान इसका कोमल वैराग्य ऐसी सगतसे टूटकर नष्ट हो जाता है। यह लोक-प्रतिष्ठाके पीछे पड़ता है। इस प्रकारसे सहस्रों साधक अपनी हानि कर बैठते हैं। इस प्रकार गिरे हुए साधक फिर ऊपर नहीं उठ सकते। हाँ, 'जरी कृपा उपजेल भगवंतीं। तरीच मागुता होय विरक्त॥' 'यदि भगवान्‌की दया आ जाय तो ही वह फिरसे विरक्त हो सकता है।' सच्चा विरक्त कैसा होता है? एक नाथ महाराज उसके लक्षण बतलाते हैं—

"'जो स्थान प्रिय होता है उसे वह त्याग देता है। सत्सङ्गमे सदा स्थिर रहता है, प्रतिष्ठा पानेके लिये कभी बेचैन नहीं होता, अपना कोई नया पन्थ नहीं चलाता, वह समझता है कि उससे अहता बढेगी, जीविकाके लिये वह किसीकी ठकुरसुहाती नहीं करता। प्रापञ्चिक लोगोंमे बैठना, व्यर्थ बातचीत करना, अपना बड़प्पन दिखाना, अच्छा खाना यह सब उसे पसन्द नहीं होता। वह लोकप्रियता नहीं चाहता, वस्त्रालङ्कार नहीं चाहता, परान्नका स्वाद नहीं चाहता, द्रव्य जोड़ना नहीं चाहता। स्त्रियोंमें बैठना या स्त्रियोंको देखना या स्त्रियोंसे पैर दबवाना या उनका बोलना उसे पसन्द नहीं। अपनी स्त्रीसे भी मतलबभरका ही वास्ता रखना चाहिये, आसक्त होकर चित्तको कदापि उसमें लगाये न रहना चाहिये। नर नारी शुश्रूषा करते हैं, भक्तिममता उपजाते हैं, पर जो शुद्ध पारमार्थिक है वह स्त्रियोंकी सोहबत कभी नहीं करता। अखण्ड एकान्तमें रहना चाहिये, प्रमदाके साथ तो कभी नहीं; जो निःसङ्ग निरभिमान है उसीका

सह करना चाहिये । परिवारके भरण-पोषणके लिये और कुछ न मिले न सही, खाना अन्न ही सही। ऐसी स्थितिमें जो रहता है, वही वैराग्य है।

> एसी स्थिति नाहीं ज्यासी । तेथ कृष्णप्राप्ति कैंची त्यासी ।
> म्हणउनी कृष्णभक्तासी । ऐसी स्थिति असावी ॥ ५८ ॥

'ऐसी स्थिति जिसकी न हो उसे कृष्ण प्राप्ति कैसी ? इसलिये कृष्ण-भक्त जो हो उसकी ऐसी स्थिति होनी चाहिये।

एकनाथ महाराजने यह कैसा अच्छा रास्ता दिखा दिया है! अनु-विरक्तोंमें ये सब लक्षण स्वभावतः ही होते हैं। जिनका वैराग्य सुकुमार हो वे इस आदर्शको सदा अपने सामने रखें। पाप-मार्गमें जीते-मरते रहनेवाले अन्तमें फँसते ही हैं और ऐसे लोगोंकी संख्या सदा-सर्वत्र ही बहुत अधिक रहती है। तुकोबाराय-जैसे उत्तम आदर्श विरक्त अत्यन्त दुर्लभ होते हैं और उन्हींको कृष्ण-मिलनका आनन्द और चिरस्थायि पद प्राप्त होता है। तुकारामका वैराग्य अत्यन्त ज्वलन्त था, आत्म-संशोधन-सम्बन्धी उनकी सावधानता अलौकिक थी। अन्तरमें कौन-कौन चोर घुस बैठे हैं उन्हें ढूँढ़-ढूँढ़कर पकड़ना और उन्हें पकड़-पकड़कर निकाल बाहर करनेके काममें उनकी तत्परता असाधारण थी। आत्म-परीक्षणका ऐसा अभ्यास ही वह चीज है जिससे चित्तशुद्धि होती है, मलिन संस्कार धुल जाते हैं, और नये जमने नहीं पाते। साधकको हाथ धोकर इसके पीछे पड़ना पड़ता है। अब हमें यह देखना है कि तुकारामजीने यह अभ्यास कैसे किया? सत्समागम हुआ, गुरूपदेश हुआ तथापि आत्म-शोधनका कार्य अपने-आप ही करना पड़ता है। इसके लिये सदा चौकन्ना रहना पड़ता है। मन चरपट भागनेवाला घोड़ा है। वैराग्यके चाबुकसे उसकी चाल काबूमें करके उसे वशमें करना होता। मनोनिग्रहके बिना सब साधन व्यर्थ होते हैं। मनोजय न होनेसे बड़े-बड़े उग्र तप भङ्ग हो

ते हैं, बड़े-बड़े चोर चक्कर खाते फिरते हैं और बड़े-बड़े पण्डित उनके चित्तसे गिरकर रसातल पहुँचे हैं। मन बड़ा बली है, दुर्जय है, र है। तुकारामजी कहते हैं कि 'बड़े-बड़े बुद्धिमानोंको इसने चौपट किया है।' इसलिये विषयोंकी ओर उसके दौड़नेके इस मनोव्यापारपर जीवन बनाकर जो इसे पीछे खींचेगा वही पुरुष सबसे बड़ा कहलाता है। बात कुछ भी नहीं है पर मन अपने हाथमें नहीं है, यही तो बड़का रोना है इसलिये—

मागें परतवी तो बळी । शूर एक भूमंडळीं ॥

'इसे जो पीछे फिरा लेगा वही बली है, वही एक इस भूमण्डलमें सूरमा है।'

'अस्तु, तुकारामजीने मनसे कैसे-कैसे युद्ध किया, भगवान्‌की कृपा और सहायतासे उसे राहपर ले आनेके लिये क्या-क्या उपाय किये, आशा, ममता, तृष्णा, प्रतिष्ठा, गर्व, लोभ इत्यादि वृत्तियोंको सावधानतासे कैसे जीता और इस प्रकार चित्तशुद्धिका मार्ग धैर्य और निग्रहसे कैसे तय किया यही अब देखना है।

३ सिद्धको साधनसे क्या काम ?

लोकप्रियताका रहस्य

भावुकोंके चित्तमें यह शङ्का उठ सकती है कि तुकारामजी तो सिद्ध पुरुष थे, उनका तो ससार-कल्याणके लिये वैकुण्ठधामसे अवतार हुआ था, उन्हें चित्तशुद्धिके साधनोंकी क्या आवश्यकता पड़ी ? तुकारामजी जब स्वय ही यह बतला रहे हैं कि ससारको नेकनीतिका मार्ग दिखाने, भगवद्भक्तिका डंका बजाने और सतोंका मार्ग परिष्कृत करनेके लिये हम वैकुण्ठधामसे भगवान्‌का सन्देशा लेकर आये हैं तब सामान्य जनोंके समान उन्होंने चित्तशुद्धिके उपाय ढूँढे और उन उपायोंद्वारा साधना करके न

लोक-कल्याण-कार्य करनेमें समर्थ हुए इत्यादि बातोंमें क्या रखा है संसारका उद्धार करनेके लिये जिनका आगमन हुआ उनका चित्त अशुद्ध ही कब था जो उन्हें उसे शुद्ध करनेकी आवश्यकता पड़ी ? वह तो शुद्ध ही मनके स्वामी थे, उन्हें मनोजय करने या मलिन वृत्तियोंको शुद्ध करनेके लिये कुछ साधना करनी पड़ी यह कहना ही विपरीत जान पड़ता है ! इस प्रकरणको पढ़ते हुए भावुक पाठकोंके चित्तमें ऐसी शङ्का उठ सकती है इसलिये उसका समाधान पहले ही करना उचित है। भगवान् और भगवद् अवतारस्वरूप महात्माओंके जो चरित्र हैं वे उनकी मनुष्यरूपमें अवतीर्ण होकर की हुई लीलाएँ हैं । उनके चरित्रभरमें महात्माओंका विभूतिमत्त्व स्पष्ट ही दिखायी देता है। विभूतिमत्त्वके बिना उनके चरित्र इतने पावन उज्ज्वल और लोक-कल्याणकारक हो ही नहीं सकते थे । विभूतिमत्त्वके बिना ऐसी निर्विघ्न कार्यसिद्धि, इतनी तेजस्विता इतना यश उन्हें प्राप्त हो ही नहीं सकता था। मनमें जो चाहा, कर दिखाया, यह सामान्य बात नहीं है। यह सब सच है तथापि विभूतियोंको भी मनुष्यदेह धारण करनेपर मनुष्योचित लोकव्यवहार करना ही पड़ता है । ऐसा यदि न हो तो सामान्य जीवोंको उनके चरित्रसे कोई लाभ न होगा—कोई बोध ग्रहण करनेका अवसर ही न मिलेगा । महात्माओंके चरित्रोंके दो अङ्ग होते हैं—एक दैवी और दूसरा मानवी । दैवी अङ्ग देखकर हमलोग आश्चर्य कौतुक अनुभव करते हैं और उससे उनका विभूतिमत्त्व पहचानते हैं। और मानवी चरित्र हमारे अनुकरण करनेके लिये उदाहरणस्वरूप होता है । श्रीमद्भगवद्गीतामें भगवान् श्रीकृष्णने विश्वरूप दिखाकर अपने ईश्वरत्वकी प्रतीति करा दी और—

मम वर्त्मानुवर्तन्ते मनुष्याः पार्थ सर्वशः ॥

—यह बतलाकर वर्णाश्रमादि कर्मके लोक-संग्रहार्थ नियम भी बाँध दिये। वैसे ये महात्मा भीतरसे साधना इत्यादि चमत्कारोंके द्वारा

ज्ञानेश्वर महाराजने अपना ऐश्वर्य दिखा दिया और पैठणके ब्राह्मणोंसे शुद्धिपत्र प्राप्त करनेके उद्योगके द्वारा मनुष्योचित व्यवहारका दृष्टान्त भी सामने रखा । तुकोबारायने इहलोकसे चलते-चलाते अन्तमें सदेह वैकुण्ठ-गमन करके अपना विभूतिमत्त्व ससारको दिखा दिया और जीवनभर साधककी अवस्थामें रहकर ससारको भगवद्भक्तिका सीधा मार्ग भी बतला दिया । 'भूत-दया ही सतोंकी पूँजी है' इस अपनी कहनीको उन्होंने अपनी रहनीसे ही चरितार्थ कर दिखाया है । इस बातको तुकोबारायके चित्तशुद्धिके उपायोंका विवरण पढते हुए ही नहीं, उनके सम्पूर्ण चरित्रको अवलोकन करते हुए पाठक ध्यानमें रखें । तुकोबाराय जितना अपना हृदय खोलकर बोले हैं उतना और कोई नहीं बोला है । सबको एक ही जगह जाना होता है । कोई कूदता-फाँदता जाता है, कोई धीरे-धीरे चलता है । शेर एक ही छलाँगमें बारह हाथ पार करता है । कोई पिपीलिका-मार्गसे जाते हैं, कोई विहङ्गम-मार्गसे जाते हैं । कोई गणितज्ञ चार ही कड़ियोंमें हिसाब लगाकर सवालका जवाब निकाल लेता है, किसीको बारह कड़ियाँ हिसाब लगाना पड़ता है । पहलेकी बुद्धिमत्ताकी प्रशसा की जाती है, पर हिसाब फैलाकर सम्पूर्ण कर्म दिखानेकी रीति सभी विद्यार्थियोंकी समझमें आती है । चार ही कड़ीमें सवालका जवाब ले आनेकी रीति जानते हुए भी जो शिक्षक बीचकी कोई कड़ी न छोड़कर सम्पूर्ण क्रम समझाकर दिखा देता है वह अत्यन्त लोकप्रिय होता है, उसकी बतायी रीति सबकी समझमें आती है, उसीके बताये मार्गसे सब चलते हैं, और जो कोई उसके पाँव-पर-पाँव रखकर चलता है वह भी गन्तव्य स्थानको पहुँचता है । तुकारामजीका यही मार्ग था और ऐसे मार्गदर्शक होनेके कारण ही वह अत्यन्त लोकप्रिय हुए ।

ससारतापें तापलों मी देवा ।

'हे भगवन्! संसारके तापसे मैं दग्ध हो चुका।' यहाँसे चलकर—

तुका झाला पांडुरंग।

'तुका पाण्डुरङ्ग हो गया।'—तक बीचमें जो-जो पड़ाव हैं उन सबको तुकारामने अपने अभंगोंमें स्पष्ट दिखाया है।

पतित मी पापी शरण आलों तुज।

मैं पतित पापी तेरी शरणमें आया हूँ। यहाँ पहला पत्थर गड़ा, और—

बीज भाजुनी केलीं लाहीं।
आम्हां जन्ममरण नाहीं॥

'बीज भूँजकर लाई बना डाला। अब हमें जन्म-मरण नहीं रहा।'—यहाँ आकर यात्रा समाप्त हुई, आखिरी पत्थर गड़ा। इनके बीचमें बीच-बीचमें पत्थर गाड़कर उन्होंने भक्तिमार्गके इस रास्तेमें ऐसी सुविधा कर दी है कि तुकारामजीकी अभंगवाणी हृदयमें धारणकर कोई भी इस पन्थका पथिक बीच-बीचमें गड़े हुए पत्थरोंको देखते हुए आगे बढ़े। आजतक बहुतोंने बहुत रास्ते बनाये होंगे; पर छोटे-बड़े, सुजान-अजान, ब्राह्मण-चाण्डाल, सबल-दुर्बल, पुण्यवान्-पापी सबके लिये निरापद चलनेयोग्य ऐसा सुगम, प्रशस्त और आनन्द देनेवाला रास्ता जैसा तुकारामजीने बना दिया वैसा और किसीने कहीं न बनाया। भूमि तो ज्ञानेश्वरमहाराजकी ही है पर तुकारामजीने कुछ पुराने और कुछ नये स्वयं खोदकर तैयार किये हुए पत्थर देकर यह राजमार्ग—राजमार्ग नहीं, संतमार्ग—तैयार किया है। इस मार्गपर जिसे जो अभीष्ट हो वह मिलता है। मार्ग भी परिचित जान पड़ता है। तुकारामजीकी बोलचालसे मनका उत्साह बढ़ता है। मार्ग लम्बा होनेपर भी सुगम जान पड़ता है। यहाँ अपने मनका संकल्प पूरा होता है, जो चाहिये वही मिलता है अनायास ही रास्ता तय हो जाता है। रास्तेमें

सुरम्य उपवन हैं, चाहे जितना रमिये और त्रिविध तापसे मुक्त होइये। स्थान-स्थानमें अभग-दर्पण लगे हुए हैं, उनमे निश्चिन्त होकर अपना रूप निहारिये और उसकी मैल निकालकर उसे स्वच्छ कीजिये। चलता रास्ता होनेसे सग-साथकी कमी नहीं। निर्भय और सुरम्य मार्ग है। तुकारामजीने जी-जान लड़ाकर, बड़े कष्ट उठाकर यह दिव्य मार्ग निर्माण किया है। उनके साथ हम-लोग यहाँतक चले आये हैं, आगे भी उन्हींका सग पकड़े चलते चलें। उन्होंने कैसे-कैसे कष्ट सहे इसकी कथा उन्हींके मुखसे सुनें। वह स्वय अनेक कष्टोंको पार कर गये हैं पर इस मार्गपर उनकी दृष्टि है। चोर डाकू इस मार्गपर बहुत कम आते हैं। चलिये तो अब तुकारामजीने कैसे मनोजय किया, लोक-लाज कैसे छोड़ी, जन-सम्बन्ध तोड़कर वह एकान्तवासमें कैसे रमे, घरमें घुसे हुए अहङ्कारादि चोरोंको उन्होंने कैसे खदेड़ा, भगवान्से कैसे सहायता माँगी और पायी, एकान्तवास और सत्सगमें कितने प्रेमके साथ उन्होंने नाम-सङ्कीर्तन किया जो सब साधनोंका सार है, यह सब उनके चरित्रका मनोरम भाग उन्हींके मुखसे निश्चिन्त होकर श्रवण करें और उन्हींकी कृपासे हमलोग भी उनके पीछे-पीछे चलें।

४ मनोजयका उपाय

तुकारामजीने अपने मनको कितना मनाया है! मनोजयके बिना परमार्थ मिथ्या है। ससारका साम्राज्य मिल सकता है, पर मनोजय करना बड़ा ही कठिन है। इसलिये सार्वभौम राज्य प्राप्त करनेवाले चक्रवर्ती राजाकी अपेक्षा मनको अपने वशमें रखनेवाले साधुकी योग्यता सभी देशोंमे बहुत बड़ी मानी जाती है। यूरोपमें ईसा और सुकरातकी जो प्रतिष्ठा हुई वह किसी राजाकी कभी न हुई। हमारे इस पुण्य-भारतवर्ष देशमें भी 'असख्य जीव पैदा हुए, पैदा होकर मर मिटे, राव भी हुए, रक भी हुए और सब आये और चले गये। पर शुकाचार्य, भीष्म, हरिश्चन्द्र, हनुमान्, भरत,

शङ्कराचार्य, तुलसीदास, मीराबाई, रामदास, एकनाथ, तुकाराम, ज्ञानदेव, छत्रपति शिवाजी, अहल्याबाई इत्यादि मनोजयी पुरुषोंका जो मान है वह दूसरोंका नहीं है। इसका कारण यही है कि मनपर जीन कसकर मनस्तुरंगों-को पछाड़नेवाले वीरकी योग्यता घोड़ेपर सवार होकर युद्धमें शत्रु-संहार करनेवाले योद्धाकी अपेक्षा कहीं अधिक है। प्रह्लादने अपने पितासे कहा—'पिताजी! पहले अपने चित्तमें बैठे हुए आसुरभावको निकालिये, क्योंकि वही आपका यथार्थ शत्रु है। 'समं मनो यस्य न सन्ति विद्विषः' मनको समत्वमें रखिये उच्छृङ्खल और कुमार्गकी ओर सहज ही भागनेवाले मनसे प्रबल और कोई शत्रु नहीं है मनकी समता बनाये रखना ही अनन्तकी पूजा है। (भागवत ७। ८। ९) योगवासिष्ठ और भागवतमें मनो-निग्रहके उत्तम साधन बताये हैं। भागवतके (स्कन्ध ११। २३) भिक्षुगीताको पाठक अवश्य पढ़ें। हमारे सुख-दुःखके कारण दूसरे लोग नहीं, देवता नहीं, ग्रह-कर्म-काल भी नहीं, प्रत्युत हमारा ही मन है। संसार मनःकल्पित है। त्रिगुणात्मक अनन्त वृत्तियाँ मनसे उठती हैं। दान, धर्म, यम-नियम, कर्म, ज्ञान सब तप—इन सबका उद्देश्य मनका ही निग्रह करना है।

परो हि योगो मनसः समाधिः।

अर्थात् मनकी समाधि—समता ही परम योग है। जिसका मन समाहित है—शान्त स्थिर है उसे दानादि करनेकी कोई आवश्यकता नहीं और जिसका मन समाहित नहीं है उसके लिये ये साधन अनुपयुक्त हैं। इन्द्र चन्द्रादि देव मनके आश्रित हुए, पर मन किसीके वशमें नहीं रहता। ऐसे दुर्जय मनपर जो सवार होगा वह बलवानोंमें भी बलवान् है। मन कामोंमें नहीं समाता मनको रोग नहीं होता मन बूढ़ा नहीं होता, मनको पकड़ना चाहें तो उसका ठौर-ठिकाना नहीं मिलता। ऐसे मनको कोई वशमें भी कैसे करे! एकनाथ महाराजने कहा है—

जेविं हिरेनि हिरा चिरिजे ।
तेवीं मनेंचि मन धरिजे ॥

'जैसे हीरेसे हीरा चीरा जाता है वैसे ही मनको मनसे ही धरना होता है ।' मनोजयका यह सर्वोत्कृष्ट उपाय है । हीरेसे हीरा चीरा जाता है, वैसे ही मन मनसे ही जीता जाता है । मनको पुचकारकर हरि-गुरु-भजनमें जोतना, उसीमें रमाना, स्वरूपमें लगाये रहना यही एकमात्र मनोजयका उपाय है ।

मना सज्जना भक्तिपर्येंचि जावें ।

'रे सज्जन मन ! भक्तिके ही रास्तेपर चला कर' समर्थ रामदास स्वामीका उपदेश है । इस मनोबोधके २०५ श्लोकोंद्वारा उन्होंने मनको मना-मनाकर हरिभजनका चसका लगाया है । मन चञ्चल और दुर्निग्रह है, यह अर्जुनने जब कहा तब भगवान्‌ने—

अभ्यासेन तु कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते ॥

(गीता ६ । ३५)

यही मनोजयका उपाय बताया है । इसपर ज्ञानेश्वर महाराज कहते हैं—

वैराग्याचेनि आधारें । जरी लाविलें अभ्यासाचिये मोहरे ॥
तरी केतुलेनि एकें अवसरें । स्थिरावेल ॥ ४१९ ॥
यया मनाचें एक निकें । जे देखिलें गोडीचिया ठाया सोके ॥
म्हणोनि अनुभवसुखचि कवतिकें । दावीत जाइजे ॥४२० ॥

'वैराग्यके सहारे यदि इस मनको अभ्यासमें लगाया जाय तो कुछ ल बाद वह अवश्य स्थिर होगा । (४१९) मनकी एक बात बड़ी अच्छी जिस चीजका इसे चसका लगता है उसमें वह लग ही जाता है । इसलिये । आत्मानुभवका सुख बराबर देते रहना चाहिये ।' (४२०)

एक ओरसे वैराग्यकी धूनी रमाकर चित्तसे विषयोंका त्याग करना और दूसरी ओरसे हरि-चिन्तनका आनन्द लेना, इस प्रकार वैराग्य और अभ्यास दोनों भक्त-चालोंकी मारसे मनोदुर्ग हस्तगत करना होता है। गुरुभक्त गुरुभक्तिका अभ्यास करें प्रेमी सगुण-भक्तिका अभ्यास करें और ज्ञानी स्वरूपानुसन्धानका अभ्यास करें। सबका तात्पर्य और फल एक ही है। गुरु सगुण और निर्गुण तीनों तत्त्वतः एक ही हैं। अभ्यासपि कोई भी अभ्यास दृढ हो जाना चाहिये। इस मनमें एक बड़ा भारी गुण यह है कि यह जहाँ लग जाता है वहाँ लग ही जाता है, फिर वहाँसे हटता नहीं। उसे यदि यह अपथ्य ही प्यारा है तो उसे बराबर यह समझाते रहना चाहिये कि यह विश्व-रचना स्वप्नवत् है और ऐसा वैराग्य दृढ करना चाहिये कि मन विषयोंसे हट जाय और दूसरी ओरसे उसे परमार्थका चसका लगाते हुए हरि-भजनमें समाधि देनी चाहिये। मनसे ही मनको मारना, हरि-भजनमें लगाकर उन्मन करना, हरिस्वरूपमें मिलाकर मनको मनकी तरह रहने ही न देना यही तो मनोजय है। एकनाथ महाराज कहते हैं—

हा मनाची एक उत्तम गती। जरी लागे उलटे परमार्थी।
तरी हरवी चारी मुक्ती। दे बांधोनी हाती परमात्मा॥

'यह मनकी एक उत्तम गति है। यदि यह कहीं परमार्थमें लग गया तो चारों मुक्तियोंको दासियाँ बना छोड़ता है और परमात्माको बाँधकर हाथमें ला देता है। ऐसे परमात्मा हस्तगत हो जाता है। इतना बड़ा काम मनके वश करनेसे होता है।

मनी मनोमय मनाची हे युक्ति। मन हरी चरणीं सद्गुरुसें॥

'मनकी यही मनोजययुक्ति है पर इस युक्तिसे उस मनको सद्गुरुसे एकान्तमें लगाओ।

५ मनपर विजय

मनोजयका यह रहस्य और यह महत्त्व ध्यानमें रखकर अब यह देखें कि तुकारामजीने मनको कैसे जीता।

मन करा रे प्रसन्न। सर्वसिद्धींचें साधन॥
मोक्ष अथवा बंधन। सुख समाधान इच्छा ते॥

'अरे! मनको प्रसन्न करो जो सब सिद्धियोंका साधन है, जो ही मोक्ष अथवा बन्धनका कारण है। (उसे प्रसन्न कर) उस सुख-समाधानकी इच्छा करो।'

उत्तम गति अथवा अधोगति देनेवाला मन है। मन ही सबकी माता है। साधक, पाठक, पण्डित, श्रोता, वक्ता सबसे तुकाराम हाथ उठाकर यह कह रहे हैं कि 'मनको छोड़ और कोई देवता नहीं, पहले इसे प्रसन्न कर लो।' मनको प्रसन्न करना उसे विषय-प्रवाहसे खींचकर हरि-भजनके खूँटेमें बाँधना है, मनकी बड़ी रखवाली करनी पड़ती है, यह जहाँ-जहाँ जाय वहाँ-वहाँसे इसे बड़ी सावधानीके साथ खींच लेना पड़ता है।

तुका म्हणे मना पाहिजे अंकुश। नित्य नवा दीस जागृतीचा॥

'तुका कहता है कि मनपर अङ्कुश चाहिये, जिसमें जागृतिका नित्य नवीन दिवस उदय हो।'

नित्य जागकर इस मनको सँभालना पड़ता है, मदोन्मत्त हाथी जैसे अङ्कुशके बिना नहीं सँभलता वैसे ही यह चञ्चल मन अखण्ड सावधान रहे बिना ठिकाने नहीं रहता। तुकारामजीने मनको कभी देव कहा, कभी चञ्चल कहा, कभी दुर्जन कहा पर हर बार भगवान्‌को यादकर उसे सँभालनेका भार उन्हींपर रक्खा। मनुष्य अपनी बुद्धिसे इस चञ्चल मनको कहाँतक रोक सकता है? कितना सावधान रह सकता है? एक क्षणमें

पचासों बार चाकर बना आनेवाले इस मनको, भगवान् दया करें तो ही रोक सकते हैं।

> आवरितां मन नावरे दुर्जन । घात करी मन माझें मज ॥
> अंतरीं संसार भक्ति बाह्यात्कार । म्हणोनि अंतर तुझ्या पायीं ॥

'मनको रोकना चाहें तो यह दुर्जन नहीं रुकता। मेरा मन मुझे ही हानि पहुँचाता है। इसके अन्तरमें संसार भरा हुआ है, भक्ति केवल बाहर है। इसलिये यह अन्तर आपके चरणोंमें रखता हूँ।'

यह मन संसारकी बातें ही सोचता रहता है। हे भगवन्! मेरे-तेरे बीच यही एक बड़ी भारी बाधा है। मैं तो भजन-पूजन करता हूँ पर अंदर मन संसारका ही ध्यान करता रहता है, यह ध्यान नहीं छूटता। यह तो मुझे भक्तिका ढोंग ही लगता है। हे नारायण! आओ, दौड़ आओ, तुम्हीं इस अन्तरमें आकर भरे रहो।

> काम क्रोध आड पडिले पर्वत । राहिला अनंत पैलीकडे ॥ १ ॥
> नुल्लंघवे मज न सांपडे वाट । दुस्तर हा घाट वैरियांचा ॥ २ ॥

'काम-क्रोधके पर्वत आड़े आ पड़े हैं और भगवान् अनन्त परली तरफ रह गये। मैं इन पहाड़ोंको नहीं लाँघ सकता और कोई रास्ता नहीं मिलता। वैरियोंका यह घाट तो बड़ा ही दुस्तर है।

इस मनके कारण, हे भगवन्! मैं बहुत ही दुखी हूँ। क्या मनके इन विकारोंको तुम भी नहीं रोक सकते।

> आवरितां तुम्हां तुम्ही नावरती । येर बापें किती मज वांचुनी ॥३॥
> तुका म्हणे माझ्या कपाळाचा गुण । तुम्हां दूषण कोण समर्थासी ॥४॥

'मेरे (ये विकार) तेरे रोके भी नहीं रुकते, यह तो किसको कहा

अचरज लगता है, तुका कहता है, यह मेरे ललाटकी कर्म रेखा है, तुझे कोई क्या हँसेगा ?'

मनकी अनन्त ऊर्मियोंको देखकर कभी-कभी तुकारामजी अत्यन्त निराश हो जाते थे 'तुका म्हणे माझा न चले सायास' (अब मेरा बस नहीं चलता ।) यह भगवान्‌से दिल खोलकर कह देते थे ।

आता कैंचा मज सखा नारायण । गेला अतरोन पाडुरग ॥

'अब नारायण मेरे सखा कहाँ रहे ? वह तो मुझे छोड़कर चले गये !'

भगवन् ! मैं तो दुखी हुआ हूँ, पर आप दुखी मत होइये ।

'मेरा मन ऐसा चञ्चल है कि एक घड़ी, एक पल भी स्थिर नहीं रहता । अब हे नारायण ! तुम्हीं मेरी सुध लो, मुझ दीनके पास दौड़े आओ !'

इस मनको जितना ही बद रखो उतना वह बेकाबू हो जाता है—

'इसे बहुत रोको, बद कर रखो तो यह खीज उठता है, फिर चाह जिधर भागता है, इसे भजन प्रिय नहीं, श्रवण प्रिय नहीं, विषय देखकर उसी ओर भागता है ।'

सोते-जागते इसे कब-कहाँतक रोका जाय ?

मज राखे आता । तुका म्हणे पढरिनाथ ॥ ७ ॥

'हे पण्ढरीनाथ ! अब तुम्हीं मेरी रक्षा करो ।'

नित्य इस मनका विचार करता हूँ तो देखता यह हूँ कि 'यह तो बेबस विषय-लोभी है ।' अपने बलसे इसे रोक रखना चाहता हूँ पर 'इस उलझनको सुलझानेका कोई उपाय न देख' निराश होता हूँ । 'अनत उठती चित्ताचे तरग' (अनन्त उठतीं चित्तकी तरगें) यह हे भगवन् ! क्या आप नहीं जानते ?

कोण तुम्हांवीण मनाचा चाळक । दुजें सांग एक नारायणा ॥

'आपके सिवा इस मनका दूसरा कौन चालक है, हे नारायण ! यह तो बताइये ।'

आपके सिवा और कोई यदि मनका चालक हो तो कृपाकर उसका पता-ठिकाना बता दीजिये तो आपको क्यों कष्ट दें, उसीसे जाकर पकड़ें !

'मनका निरोध करता हूँ पर विकार नष्ट नहीं होता । ये विषय-ज्वार बड़े ही दुस्तर हैं । यदि आप अन्तरमें भरे रहें तो मैं निश्चिन्त होकर तदाकार हो जाऊँ ।

मनका निरोध करनेका बड़ा यत्न किया पर मनके कुछ विकार नष्ट नहीं होते । विषयोंके द्वाररूप ये इन्द्रियाँ बड़ी कठिन हैं, ये सदा ही बाहरसे विषयोंको अंदर ले आया करती हैं । मन और इन्द्रियोंका सम्बन्ध बड़ा पुराना होनेसे ज्यों ही ये इन्द्रियाँ विषयोंको ले आती हैं त्यों ही यह मन श्रवण मननादि साधनोंके जमा किये हुए विचार क्षणार्धमें भुलाकर विषयाकार बन जाता है । अतएव हे नारायण ! आप ही अन्तःकरणको व्यापे रहें तो ही निस्तार है । अन्तरमें आपको आसन जमाये देखकर ये विषय बाहर-के-बाहर ही रहेंगे । हे भगवन् ! हे करुणाकर नारायण ! जल्द दौड़े आओ । मेरे अन्तरमें भरकर आप ही यहाँ सदा विराजें । आप कहेंगे कि 'तुम इन इन्द्रियोंको दबाओ, हम मनको देख लेंगे ।' देखिये, भगवन् ! ऐसा न कहिये ।

'एकका भी दमन मुझसे नहीं होता उनका नियमन कैसे करूँ ?'

इन्द्रियोंका दमन करते बनता नहीं मन वशमें आता नहीं । सब अन्धकार-ही-अन्धकार है ।

तुका म्हणे झाली अंधकाराची परी । आतां मज हरी वाट दावीं ॥

'तुका कहता है कि अन्धेकी-सी हालत मेरी हो गयी है, हे हरे ! अब मुझे (हाथ पकड़कर) रास्ता बताओ ।'

* * *

बीचमें ही कभी वह मनको मीठे शब्दोंद्वारा मनाते भी थे । कहते, रे मन ! तू अब पण्ढरीकी लौ लगा, फिर तू जो कहेगा, मैं मानूँगा ।

मना एक करीं । म्हणे मी जाईन पढरी ।
उभा विटेवरी । तो पाहेन सावळा ॥ १ ॥

'रे मन ! एक काम कर—यह कह दे कि मैं पण्ढरी जाऊँगा और वहाँ ईंटपर खड़े श्यामको देखूँगा ।'

रे मन ! यह कह कि मैं 'राम कृष्ण हरी' कहूँगा, उल्लासके साथ हरि-कथा सुनूँगा, संतोंके पैर पकड़ूँगा । तू इतना जरूर कर कि—

'मैं रंगशिलापर (हरि-प्रेमसे) नाचूँगा तब तू भी अंदरकी मैल छोड़कर तैयार रह और तालपर ताली बजाता चल ।'

रे मन ! इन इन्द्रियोंके पीछे भटकते-भटकते अब तू थक गया होगा । तुझे अखण्ड विश्रान्तिका स्थान दिखाता हूँ, हम-तुम वहाँ चलकर अखण्ड सुख-सम्भोग करें ।

'रे मन ! अब भगवान्के चरणोंमें लीन हो जा, इन्द्रियोंके पीछे मत दौड़ । वहाँ सब सुख एक साथ हैं और वे कभी कल्पान्तमें भी नष्ट होनेवाले नहीं । जाना-आना दौड़ना-भटकना, चक्करमें पड़ना—यह सब वहाँ छूट जाता है, वहाँ पर्वतोंपर चढनेका कोई परिश्रम नहीं करना पड़ता । अब मुझे तुझसे इतना ही कहना है कि तू कनक और कान्ताको विषतुल्य मान तुका कहता है, उपकार करना तेरे हाथमें है, तू चाहे तो हम-तुम भव-सिन्धुके पार उतर सकते हैं ।'

* * *

मनको इस तरह समझाकर तुकाराम फिर उसकी फरियाद भगवान्‌के पास ले जाते, भगवान्‌पर ही सारा भार छोड़ते, शरणागत हो जाते, प्रेमवश भगवान्‌पर क्रोध भी करते, कहते—

तुम्ही देवा मात्र करा अंगीकार ।

'भगवन्! आप मुझे अङ्गीकार कीजिये।' ऐसा भय मैं नहीं करूँगा। जो होना था, वह तो हो चुका। आपकी और मेरी भी पत तो जाती रही—

गेला दोघीं पक्षीं आपुले वचन । देवभक्तपण सारिखें ॥

'अब तो दोनोंको लाञ्छन लग ही गया। आपका देवपना और मेरा भक्तपना दोनों ही कलङ्कित हुए।

आपके लिये सब ठीक ही है, क्योंकि आप निरनाम हैं बड़े हैं। लोग यह कैसे कहें कि आपकी पत जाती रही। पर मेरी हालत जो हुई— आखिर क्या हुई! बताऊँ! सुनो—

'एकान्तमें अकेला यह मन एक पल भी एक स्थानमें स्थिर नहीं रहता। पैरोंमें महत्त्वकी बेड़ियाँ पड़ गयीं, गलेमें स्नेहकी फाँसी लगी। देहको तो ऐसी आदत पड़ गयी है कि जो सुख देखा वही उसे चाहिये। और मुँह ऐसा हो गया है कि अन्न उसे स्वीकार नहीं। कुछ कहता है कि मैं सद्गुणोंकी खानि बना हूँ। निद्रा और आलस्यका तो पूछना ही क्या है।

मैं आखिर किस काम आया? लोग मुझे साधु मानने लगे, महात्मा कहने लगे, यह महत्त्व मुझे क्या मिला, मेरे पैरोंमें बेड़ियाँ पड़ गयीं। कारण हालत तो मेरी यह है कि स्त्री-पुत्र घर-द्वारके ममत्व-स्नेहकी फाँसी मेरे गलेमें लगी हुई है। यह मनका हाल हुआ, और तनका यह हाल है

चटोरी हो गयी है कि यह कदन्न खा ही नहीं सकती, इसे उत्तम मिष्टान्न और षड्रस भोजन चाहिये। निद्रा और आलस्य दिन-दिन बढते ही जा रहे हैं। इस प्रकार सब दोषोंका घर बन बैठा हूँ। थोड़ी देर एकान्तमें बैठकर स्थिर होकर तेरा ध्यान करना चाहूँ तो यह मन एक पल भी स्थिर नहीं रहता। भगवन्! बताओ, मेरा भक्तपना अब कहाँ रहा और आपका भगवान्‌पना भी कहां रहा—दोनोंहीपर तो स्याही पुत गयी।

न सुटे अन्न। मज न सेववे वन॥ १॥
म्हणउनी नारायणा। कींव भाकितों करुणा॥ २॥

'अन्न छोड़ा नहीं जाता, मुझसे वन सेया नहीं जाता। इसलिये हे नारायण। यही कहता हूँ कि करुणा करो।'

मेरे अदर क्या-क्या दोष हैं, उन सबको मैं जानता हूँ, पर क्या करूँ? मनपर वस नहीं चलता, इन्द्रियोंको खींचते नहीं बनता, वाणीसे कहता तो बहुत-कुछ हूँ पर कथनी-जैसी करनी नहीं बन पड़ती। ऐसी विषम अवस्थामें जब मन और इन्द्रियाँ एक तरफ हो गयी हैं और दूसरी तरफ मैं हूँ—मेरी-उनकी ऐसी तनातनी है तब आप ही मध्यस्थ होकर इस कलहको मिटाइये, इसके सिवा और कोई उपाय नहीं है।

माझे मज कळों येती अवगुण। काय करूँ मन अनावर॥ १॥
आता आड उभा राहे नारायणा। दयासिंधुपणा साच करीं॥ ध्रु०॥
वाचा वदे परी करणें कठीण। इंद्रिया आधीन झालों देवा॥ २॥
तुका म्हणे जैसा तैसा तुझा दास। न धरी उदास मायबापा॥ ३॥

'मेरे दुर्गुण मुझे जान पड़ते हैं, पर क्या करूँ! मनपर वस नहीं चलता। अब आप ही हे नारायण! बीचमें आ जाइये, और अपने दयासिन्धु होनेको सत्य कर दिखाइये। वाणी तो कहती है पर करना कठिन

तुकाराम इतने विकल, इतना यत्न करनेवाले, फिर भी भगवान् मौन साधे बैठे हैं ! क्यों ? क्या इसका यह मतलब है कि भगवान् यह चाहते थे कि तुकाराम ऐसे ही विकल होकर प्रयत्न करते रहें ? क्या इसी विकल प्रयत्नमें मनोजयका बीज है ? शायद भगवान् वाक्षतः इसीलिये तटस्थ थे । भगवान् यह देख रहे थे कि तुकारामजीकी लगन इतनी जबरदस्त है कि उसपर भगवत्कृपा करनी ही होगी, यही निश्चय करके भगवान् तुकारामजीके मनोजयके उद्योगको कौतुकके साथ देख रहे थे ।

तुका म्हणे नाहीं चालत तातडी ।
प्राप्तकाळघडी आल्यावीण ॥

'तुका कहता है, अधीरतासे कुछ नहीं होगा जबतक उसका समय न आ जाय ।'

अत्यन्त कोमलहृदय भक्त-वत्सल भगवान् पाण्डुरङ्ग इसीलिये मौन साधे तुकारामजीकी ओर अत्यन्त प्रेमसे देख रहे थे, बीच-बीचमें प्रसादकी झलक दिखा देते थे, पर जबतक इष्टकाल उपस्थित नहीं हुआ है तबतक तुकारामको चित्त-शुद्धिके उद्योगमें ऐसे ही लगे रहने दो, इसी विचारसे भगवान् तटस्थ बने हुए थे । चित्त-शुद्धिके पूर्ण होते ही, आस्थाकी भूमिके तपकर तैयार होते ही वह करुणा-घनश्याम बरसे, पर उस मधुर मङ्गलमय प्रसङ्गकी ओर चलनेके पूर्व अभी हमलोग यह देख लें और समझ लें कि तुकाराम अपने चित्तके सब विकारोंको दूर करके चित्तको पूर्ण शुद्ध करनेके कैसे-कैसे उपाय कर रहे थे ।

६ धन, स्त्री और मान

परमार्थ पथमें धन, स्त्री और मान—तीन बड़ी खाइयाँ हैं । पहले तो इस पथपर चलनेवाले पथिक ही बहुत थोड़े होते हैं फिर जो होते हैं

उनमेंसे कुछ तो पहली पैसेकी खाईमें ही जा गिरते हैं। इससे जो बचते हैं वे आगे बढ़ते हैं। इनमेंसे कुछको दूसरी खाई (स्त्री) खा जाती है। इससे बचकर जो आगे बढ़े वे तीसरी खाई (मानकी) में जा गिरते हैं। इन तीनों खाइयोंको जो पार कर जाते हैं वे ही भगवत्कृपाके पात्र होते हैं पर ऐसा पुरुष विरला ही होता है।

विरळा ऐसा कोणी । तुका त्याचे लोटांगणी ।

'ऐसा विरला जो कोई हो, तुका उसके चरणोंमें लोटता है।'

तुकारामजीका मनःसंयम बड़ा ही प्रचण्ड था, इससे पहली दो खाइयोंको तो वह अनायास पार कर गये, तीसरी खाईको पार करनेमें उन्हें भी कुछ कठिनाई पड़ी, ऐसा जान पड़ता है। तुकाराम स्वयं महावैष्णव और थे उनका वैराग्य बना ऐसा कड़ा हुआ था कि कहीं उसमें कोई ढिलाई नहीं, पहलेसे ही वह कसौटीपर कसा हुआ था इसलिये वह तीनों खाइयोंको पार कर गये। पहले धनकी खाई आती है। पर तुकारामजीने वैराग्यकी प्रथम अवस्थामें ही धनको पत्थरके समान तुच्छ माननेका निश्चय किया अपना सब बही-खाता इन्द्रायणीके दहमें डुबाकर लेन-देनके झगड़ेसे मुक्त हो गये। छत्रपति श्रीशिवाजी महाराजने उनके पास हीरे-मोती भेजे थे तुकारामजीने उन्हें देखातक नहीं और लौटा दिया। वैराग्य-धारणके पश्चात् आजतक उन्होंने धनको स्पर्शतक नहीं किया। इससे यह जान पड़ता है कि उन्हें धनका मोह कभी हुआ ही नहीं। दूसरा मोह स्त्रीका होता है। इस विषयमें भी उनका चरित्र आरम्भसे ही अत्यन्त उज्ज्वल था। अपनी स्त्रीका भी जहाँ स्मरण नहीं वहाँ पर-स्त्रीकी बात ही क्या! उनकी दिनचर्या ही ऐसी थी कि रातको श्रीविट्ठल-मन्दिरमें कीर्तन समाप्त होनेपर पड़े-सो-पड़े वह यदि सो ही गये तो मन्दिरमें या अपने घरमें सो लेते थे उषःकालमें उठकर स्नान करके श्रीविट्ठल-पूजा करके

सूर्योदयके समय इन्द्रायणीके पार हो जाते थे, सो रातको फिर गाँवमें आते और आते ही कीर्तन करने लग जाते। दिनभर भण्डारा-पर्वतपर ग्रन्थाध्ययन और नाम-स्मरणमें रमे रहते थे। इस दिनचर्यामें दिनको भी, स्त्रीसे मिलनेका अवसर नहीं मिलता था। इस कारण जिजाबाईको बड़ा कष्ट था और वह घाटपर या अड़ोस-पड़ोसमें अन्य स्त्रियोंके पास अपना रोना रोती हुई प्रायः दिखायी देती थीं। जिस पुरुषमें ऐसा प्रखर वैराग्य हो उसे स्त्रीका मोह क्या? पर-पुरुषको मोहनेवाली स्त्रियाँ तो उन्हें रीछनी-सी जान पड़ती थीं।

तुका म्हणे तैशा दिसतील नारी। रिसाचिया परी आम्हा पुढें ॥

'तुका कहता है, वैसी नारियाँ हमारे सामने आती हैं तो रीछनी-सी लगती हैं।' रीछनी गुदगुदी करके प्राण हरण करती हैं। वैसे ही परमार्थी पुरुष यह जाने कि स्त्रियोंका सङ्ग नाश करनेवाला है और उनसे दूर रहे। यही तुकारामजीके मनका निश्चय था। स्त्रैण पुरुषोंकी दो-चार अभङ्गोंमें उन्होंने खूब खबर ली है। साधक कैसा होना चाहिये, यह बतलाते हुए वह कहते हैं—

एकांतीं लोकांतीं स्त्रियासी भाषण। प्राण गेला जाण करूँ नये ॥

'एकान्तमें या लोकान्तमें (भीड़-भड़क्केमें) भी स्त्रियोंसे भाषण, प्राण जाय तो भी, न करे।'

साधकमें इतनी दृढता होनी चाहिये, तभी तो उसका वैराग्य टिक सकता है। इस दृढताके न होनेसे नये-पुराने सैकड़ों गुरु, बाबाजी, महाराज, परम्पराभिमानी और सुधारक दयादाक्षिण्य और वनितोद्धारकी बातें करते-करते कहाँ-से-कहाँ जाकर गिरते हैं यह तो हमलोग नित्य ही देखा करते हैं! तुकाराम या समर्थ रामदास-जैसे वैराग्यशिखामणि सत्पुरुषोंका ही यह काम है कि स्त्री-जातिकी उन्नतिका उपाय करें, यह अधकचरोंका काम नहीं है। जिन्होंने अपना उद्धार नहीं किया या नहीं जाना वे दूसरोंका उद्धार

क्या करेंगे ! उद्धार और उन्नतिके नामपर केवल अपनी अधोगति कर लेंगी । इसलिये इन बातोंमें साधकोंको साधन-अवस्थामें अत्यन्त सावधान रहना चाहिये । इसीमें उनका कल्याण है । अस्तु ! तुकारामजी वैराग्यके मेरुमणि थे । एक बारकी कथा है कि वह भण्डारा-पर्वतपर हरि-चिन्तनमें निमग्न थे । तब एक स्त्री अपने मनसे हो या किसीके उभारनेसे हो, तुकाराम-जीकी परीक्षा करने उनके पास एकान्तमें गयी । उस अवसरपर तुकाराम-जीके मुखसे दो अभङ्ग निकले हैं । एक उस स्त्रीका भाव जानकर भगवान्‌से निवेदन किया है और दूसरेमें उस स्त्रीसे उन्होंने अपना निश्चय कहा है । वे दोनों अभङ्ग प्रसिद्ध हैं—

स्त्रियांचा तो संग, न को नारायणा । काष्ठ या पाषाणा मूर्तिचिया ॥
घडे हा देव न घडे भजन । लोचावलें मन आवरेना ॥
दृष्टिमुखें मरण, इन्द्रियांच्या द्वारें । रसाळ ते करे, दुःखमूळ ॥३॥
तुका म्हणे जरी अग्नि झाला साधु । तरी पोळे बाधू संसर्गें ॥४॥

हे नारायण ! स्त्रियोंका संग न हो, काठ पत्थर और मिट्टीकी भी स्त्रीकी मूर्तियाँ सामने न हों । उनकी माया ऐसी है कि भगवान्‌का स्मरण नहीं होता भगवान्‌का भजन नहीं होता । उनसे फँसा हुआ मन वशमें नहीं आता । उनके नेत्रोंके कटाक्ष और मुखके हास्य-भाव इन्द्रियोंके द्वारा मरणके कारण होते हैं । उनका आलाप केवल दुःखका मूल है । तुका कहता है, अग्नि यदि ठण्डी भी हो जाय तो भी उसका संसर्ग बाधक (जलानेका कारण) ही होता है । इसलिये इनसे बचाओ इनका संग जिन्दगीमें न हो ।

तुकारामजी फिर उस स्त्रीको सम्बोधन कर कहते हैं—

पराविया नारी, रखुमाईसमान । हे गेलें नेमून, ठायींचि ॥१॥
जाईं वो तूं माते ! न करीं सायास । आम्ही विष्णुदास, तैसे नव्हों

न साहावे मज, तुझें हें पतन । नको हें वचन, दुष्ट वदों ॥२॥
तुका म्हणे तुज, पाहिजे भ्रतार । तरी काय नर, थोडे झाले ॥३॥

'पर-स्त्री रुक्मिणीमाताके समान है, यह तो पहलेसे ही निश्चित है । इसलिये माँ ! तुम जाओ, मेरे लिये कोई चेष्टा न करो । हमलोग विष्णु-दास है—वह नहीं हैं । तुम्हारा यह पतन मुझसे नहीं सहा जाता, फिर ऐसी बुरी बात मत कहो । तुका तो यही कहता है कि यदि तुम पति चाहती हो तो ससारमे नर क्या कम हैं ?'

तुकारामजीने उसे भी रखुमाई कहा, माता कहा, अपना निश्चय बताया और विदा किया । तात्पर्य, परमार्थमें कनक और कान्ताकी जो दो बड़ी भारी बाधाएँ हैं वे तुकारामजीके चित्तमें कभी विंध नहीं सकीं, इससे इस विषयमें उन्हें मनोनिग्रहका कोई विशेष प्रयत्न करनेका कारण ही नहीं था । जन्मते ही वे शीलवान् और विरक्त थे । पर-धन और परदाराकी इच्छा पामरोंके ही चित्तमें उठा करती है । तुकारामजीने उनके सम्बन्धमें कहा है कि 'परस्त्रीको माता कहते हुए उनका चित्त आप ही अपनेको लज्जित करता है ।' जो लोग ऐसी अशुभ वृत्तियोंसे पीड़ित हैं पर जो विवेक और वैराग्यसे उनका निरोध करते हैं उनकी वीरता भी प्रशसनीय है । परन्तु जिनके हृदयाकाशमें ऐसी हीनवृत्तियोंके बादल उठते ही नहीं वे ही सच्चे सदाचारी हैं । जिस सदाचारमें फिसलनेका भय या सशय रहता है वह सच्चा सदाचार ही नहीं है । पापकल्पनाकी हवा भी पुण्यपुरुषोंके चित्तको लगने नहीं पाती । ऐसे पुरुष ही शुचि और पवित्र होते हैं । तुकाराम ऐसे ही पुरुष थे यह कहनेकी आवश्यकता नहीं । जिनकी निष्कलङ्क शुचितासे देहू-सा गाँव पुण्य-क्षेत्र हो गया और इन्द्रायणी पतित-पावनी हुई, जिनके दर्शनसे हजारों जीव तर गये, जिनके नाम-सकीर्तनसे प्रसिद्ध पापी पछताकर पुण्यात्मा हो गये, वह तुकोबाराय विशुद्ध शुभ्र

पुण्यादि ये भी कहनेकी कोई आवश्यकता नहीं । तात्पर्य, कनक और कान्ता, जिसके चक्करमें सारा संसार पड़ा हुआ है, तुकाराम उनसे सदा ही विमुक्त रहे । उनका वैराग्य अचल था ।

मनुष्यमात्र मानकी इच्छा करता है । कौन नहीं चाहता कि लोग हमें अच्छा कहें लोगोंमें हमारी बात और इज्जत रहे ! केवल दो ही ऐसे हैं जिन्हें मानकी परवा नहीं होती, एक वह जो किसी व्यसनमें फँसा, दुराचारमें धँसा रहता है और दूसरा वह जो सत्यासत्यमें मनको सच्ची रखकर नारियलके वृक्षके समान सीधा ही बढ़ा जाता है। ये दोनों ही निःसङ्ग और निर्भय बने रहते हैं ! पहला रहता तो है जगमें ही पर व्यसन-दुराचारसे वह इतना पाषाणहृदय हो जाता है कि उसे लोक-निन्दा या लोक-स्तुतिकी कुछ भी परवा नहीं रहती । दूसरा चित्त शुद्धिके लिये तथा अपने उद्योगकी सिद्धिके लिये जान-बूझकर जनसमुदायसे अलग ही रहता है और आत्मविश्वास होनेसे निन्दा-स्तुतिकी परवा नहीं करता । दोनों ही प्रकारोंके मनुष्य संसारमें बहुत ही कम हैं बाकी सब लोग लौकिक मानके ही पीछे लगे हुए हैं । आचार-विचार, लोक-व्यवहार या वैदिक कर्मानुष्ठानमें लगभग सब यही ध्यान रहता है कि लोग हमें अच्छा कहें । इसके परे वे और कुछ नहीं देख सकते नहीं समझ सकते । सदाचार और लोकाचारका पालन प्रायः इसीलिये किया जाता है कि यदि ऐसा नहीं करेंगे तो लोग बदनाम करेंगे । सबसे हिले-मिले रहना, सबके यहाँ आना-जाना बात-चीत दावत-पार्टी आदिमें सभा-सोसाइटी व्याख्यान सर्वत्र नाम और मान जमा हुआ है, कहीं पर न हो ऐसा नहीं है । कन्या भी लोग नाक भी छिपाकर दे सकते हैं इसीलिये कि अपनी बात रह मेल-मुलाकात बनी रहे । सामान्य जनोंका यही लौकिक आचार है । जीवनका कोई महान् ध्येय नहीं कोई बड़ा कर्मानुष्ठान नहीं समयका कोई मूल्य नहीं, कर्मकी सार्थकताका कुछ ध्यान नहीं जबतक जीवन

है तबतक जी रहे हैं, न उस जीवनका कुछ मतलब है, न उस जीनेका; सिवा इसके कि एक दिन पैदा हुए और एक दिन मर जायँगे। ऐसे ही जीव लौकिक मानके बड़े भोक्ता होते हैं। जो कार्य-कर्ता पुरुष हैं इनका काम ऐसे लौकिक मानके पीछे पड़े रहनेसे नहीं चल सकता। अस्तु, तुकोबाराय सत्यासत्यमें मनको साक्षी रखकर अपने परमार्थ-मार्गपर चलते गये; लोग बात कहते हैं इसका विचार करनेकी उन्होंने आवश्यकता ही नहीं रखी—लौकिक मानका ही त्याग कर दिया। यह त्याग उन्होंने तीन प्रकारसे किया—(१) लोगोंका ही त्याग किया, (२) एकान्तमें रहने लगे और (३) निन्दा-स्तुतिकी कुछ परवा नहीं की। यह सब उन्होंने कैसे किया, यही आगे देखना है।

७ 'अरतिर्जनसंसदि'

परमार्थके साधकको चाहिये कि लोगोंके फेरमें कभी न पड़े। लोग दोमुँहे होते हैं। ऐसा भी कहते हैं, वैसा भी कहते हैं। प्रपञ्चमें रहिये तो कहेंगे कि दोषी है और प्रपञ्च छोड़ दीजिये तो कहेंगे कि आलसी है। आचार-पालन कीजिये तो कहेंगे कि आडम्बर है और आचार छोड़ दीजिये तो कहेंगे महाभ्रष्ट है। सत्सङ्ग कीजिये तो 'बड़े भगत बने हैं' कहकर उपहास करेंगे और सत्सङ्ग न करें तो कहेंगे कि बड़ा अभागा है! निर्धनको दरिद्र कहेंगे और धनीको उन्मत्त कहेंगे। बोलिये तो वाचाल और न बोलिये तो अभिमानी! मिलने जाइये तो खुशामदी और न जाइये तो अभिमानी! विवाह करें तो लम्पट, न करें तो नपुंसक! निःसन्तानको कहेंगे चाण्डाल है, और जहाँ बाल-गोपाल दिखायी देंगे, वहाँ कहेंगे यह तो पापकी जड़ है। मृदङ्ग जैसे दोनों तरफसे बजता है वैसे ही लोग दोमुँहसे बात करते हैं। तात्पर्य, 'वमनकी तरह जन भी ग्रहण करते नहीं बनते', इसलिये जो अपना हित चाहता हो वह 'जनको

पुण्यप्राप्ति य या कमानेकी ओर आवश्यकता नहीं । तात्पर्य, कनक और कान्ता जिनके चक्करमें सारा संसार पड़ा हुआ है, तुकाराम उनसे सदा ही विमुक्त रहे । उनका वैराग्य अचल था ।

मनुष्यमात्र मानकी इच्छा करता है । कौन नहीं चाहता कि लोग हमें अच्छा कहें, लोगोंमें हमारी बात और इज्जत रहे ! लोग दो ही ऐसे हैं जिन्हें मानकी परवा नहीं होती, एक वह जो किसी व्यसनमें फँसा, दुराचारमें धँसा रहता है और दूसरा वह जो कल्याणमें मनको लगाकर नारियलके वृक्षके समान सीधा ही बढ़ा चलता है । ये दोनों ही निःशङ्क और निर्लज्ज बने रहते हैं । पहला रहता तो है लज्जामें ही, पर व्यसन-दुराचारसे वह इतना पाषाणहृदय हो जाता है कि उसे लोक-निन्दा या लोक-स्तुतिकी कुछ भी परवा नहीं रहती । दूसरा चित्त-शुद्धिके लिये तथा अपने उद्योगकी सिद्धिके लिये जान-बूझकर जनसमुदायसे अलग ही रहता है और आत्मविश्वास होनेसे निन्दा-स्तुतिकी परवा नहीं करता । दोनों ही प्रकारोंके मनुष्य संसारमें बहुत ही कम हैं, बाकी सब लोग लौकिक मानके ही पीछे लगे हुए हैं । आचार-विचार, लोक-व्यवहार या वैदिक कर्मानुष्ठानमें उनका बस यही ध्यान रहता है कि लोग हमें अच्छा कहें । इसके परे वे और कुछ नहीं देख सकते नहीं समझ सकते । सदाचार और लोकाचारका पालन प्रायः इसीलिये किया जाता है कि यदि ऐसा नहीं करेंगे तो लोग बदनाम करेंगे । सबसे हिले-मिले रहना, सबके यहाँ आना-जाना बात-चीत दावत-पार्टी लायब्रेरी सभा-सोसायटी, व्याख्यान सर्वत्र नाम और मान जमा हुआ है, कहीं भय न हो ऐसा नहीं है । कन्या भी लोग नाक-भौं सिकोड़कर दे सकते हैं इसीलिये कि अपनी बात रहे मेल-मुलाकात बनी रहे । सामान्य जनोंका यही लौकिक आचार है । जीवनका कोई महान् ध्येय नहीं कोई बड़ा कर्मानुष्ठान नहीं समयका कोई मूल्य नहीं समयकी सार्थकताका कुछ ध्यान नहीं जबतक जीवन

मानो अपना ही चरित्र संक्षेपसे कहा है, और फिर कहते हैं—'जन्मकर वह सबसे अलग हुआ, इसीलिये वह दुर्लभ होकर भगवान्‌को प्रिय हुआ। तुका कहता है, इस संसारसे जो रूठा उसीने सिद्ध-पन्थपर पैर रखा।' तुकाराम गाँवमें केवल कीर्तनके लिये आते थे, पर इतनेसे भी उपाधि हुई। तुकाराम यह सोचते थे कि सब लोग कीर्तन-श्रवण करें, नाम-सुख भोगें और आत्मोद्धार कर लें। पर कितने ही लोग ऐसे थे कि घर ही सो रहते और कितने ऐसे भी थे कि कीर्तन सुनने आते थे पर मन लगाकर कभी सुनते नहीं थे। इसलिये तुकारामजी कहते हैं—

'मैं अपना ही विचार करूँ तो अच्छा है, इनके उद्धारका विचार करूँ तो इससे इन्हें क्या ? मेरी भी इन्हें क्या परवा ? अपना-अपना हित तो सभी जानते है, इनकी इच्छाके विरुद्ध इन्हें भगवन्नाम-कीर्तनमें लगाते दुःख होता है। हरि-कीर्तन कोई सुनें, न सुनें, या अपने घर सुखसे सो रहें, जो इच्छा हो करें। तुका कहता है, मैं अपने लिये करुणा-प्रार्थना करता हूँ। जिसकी जो वासना होगी वही उसे फलेगी।'

८ कुतर्कियोंके कारण मनक्षोभ

इस प्रकार भगवान्‌को प्रसन्न करनेके लिये ही वह अब कीर्तन करने लगे। पर इस अवस्थामें भी अनेक प्रकारके तर्क-कुतर्क लेकर लोग उनके पास आते, कोई वाद उपस्थित करते या कोई शङ्का उठाते और उन्हें तंग करते। तुकारामजीको यह भी बड़ी उपाधि जान पड़ी।

कोणाच्या आधारें, करूं मी विचार।
कोण देईल धीर, माझ्या जीवा॥

'किसके आधारपर मै विचार करूँ ? मेरे जीको धीरज कौन देगा ?' संतोंकी आज्ञासे मैं भगवान्‌के गुण गाता हूँ। मैं शास्त्री नहीं, वेदवेत्ता नहीं, सामान्य शूद्र हूँ। ये लोग आकर मुझे तंग करते हैं, मेरा बुद्धिभेद

त्याग कर' हरि भजनका सरल मार्ग आदर और प्रेमसे स्वीकार करे। संसारमें तो धनवान्‌का ही मान होता है।' अपने माता-पिता, भाई-बहिन स्त्री-पुत्रतक भी द्रव्य होनेसे ही अधिक मानते हैं, यह अनुभव तो सभीको है। इसके अपवाद भी हैं पर उनसे सिद्धान्त ही पुष्ट होता है। पर प्रश्न यह है कि धनके पीछे पड़कर उसीमें सारा जीवन लगा देनेका अन्तिम फल क्या है? 'साथमें तो कौड़ी भी नहीं जाती'। मृत्यु-समयमें अपने प्यारे भी तो किसी काम नहीं आते। तुकारामजी कहते हैं, 'धनको अशाश्वत भाग्य समझो।' अशाश्वतभावसे तुकारामजीका जी जैसे उपराम हुआ और शाश्वत परमात्म-सुख प्राप्त करनेका निश्चय हुआ वैसे ही धन और धनाचारमें समय और बुद्धि लगाना उनके लिये भार हो गया, संसारसे जी ऊबा और निःसङ्ग प्रिय होने लगा।

नको नको मना गुंतूं मायाजाळीं।
काळ आला जवळी ग्रासावया॥

'हे मन! मायाजालमें मत फँसो काल अब ग्रसना चाहता है।' इस प्रकार मनको उपदेश देते हुए तुकाराम श्रीपाण्डुरङ्गकी शरणमें गये। एकान्तमें हरि-नाम-संकीर्तनका सुख यथेष्ट लूटते बनता है और लोग भी वहाँ तंग करने नहीं आते, इसलिये तुकाराम एकान्तमें ही रहने लगे। तुकारामजीका एक अभङ्ग है—'देवाचा भक्त तो देवासीच गोड' (भगवान्‌का भक्त भगवान्‌को ही प्यारा होता है)। इस अभंगमें तुकारामजी बतलाते हैं कि भगवान्‌का प्यारा भक्त औरोंका प्यारा नहीं होता, लोग उसे पागल समझते हैं और भी उसे अपना नहीं कहता, वह निर्जन वनमें या ऐसे ही स्थानोंमें रहता है जहाँ लोग नहीं रहते, वह मात्र-वसन कर भूत रमता और कण्ठमें तुलसी-माला धारण करता है, उसका यह वेष देखकर अपने-पराये सभी उसकी निन्दा करते हैं। यह सब तुकारामजीने

सन्देह नहीं कि साधकके आत्मोद्धार-साधनमें इनसे बड़ा काम निकलता है, इसलिये उसके लिये ये एक प्रकारसे गुरु-स्थानीय ही हैं। अस्तु।

'पाखण्डी मेरे पीछे पड़े हैं! हे विट्ठल! मैं उनसे क्या कहूँ! जो मैं नहीं जानता वही ये मुझसे छलपूर्वक पूछते हैं। मैं इनके पाँव गिरता हूँ तो भी नहीं छोड़ते। तेरे चरणोंको छोड़ और कुछ मैं नहीं जानता। मेरे लिये सब जगह तू ही तू है।'

* * *

नको दुष्ट सग। पडे भजनामधीं भंग॥ १॥
तुज निषेधिता। मज न साहे सर्वथा॥ २॥
एका माझ्या जीवें। वाद करूँ कोणासवें॥ ३॥
तुझे वर्णु गुण। कीं हे राखो दुष्ट जन॥ ४॥
काय करूँ एका। मुखें साग म्हणे तुका॥ ५॥

'दुष्ट-सङ्ग न हो, उससे भजन भङ्ग होता है। तुझे नीचा दिखाते हैं यह मुझसे जरा भी नहीं सहा जाता। अपने अकेले जीसे मैं किस-किससे वाद करूँ? तेरे गुण बखानूँ या इन दुष्टजनोंको रखूँ? तुका कहता है बताओ, एक मुखसे क्या-क्या करूँ?'

९ एकान्तवासका परम सुख

एकान्तवासमें अनुपम लाभ और अपार आनन्द है। केवल एकान्त ही आधी समाधि है। लोगोंकी भीड़से जब तुकारामजीका चित्त उचटा तब उन्हें एकान्त अधिक प्रिय हुआ। 'निरोधका वचन मुझसे नहीं सहा जाता' क्योंकि उससे जीको बड़ा कष्ट होता है। 'जन-सङ्ग छोड़कर एकान्तमें बैठ रहना मुझे अच्छा लगता है।' सङ्ग चित्त-वृत्ति निरोधमें बड़ा बाधक है।

किया चाहते हैं, कहलाते हैं कि भगवान् निर्गुण-निराकार हैं, इसलिये हे भगवन् ! अब तुम्हीं बताओ तुम्हारा भजन करूँ या न करूँ—

> कलियुगीं बहु कुशल हे जन । छळितील गुण तुझे गातां ॥ १ ॥
> मज हा संदेह झाला दोहींसवा । भजन करूं हेवा किंवा नको ॥ ४ ॥

'कलियुगमें लोग बड़े कुशल हैं । तुम्हारे गुण जो गावेगा उसे ये सतावेंगे । इसलिये मुझे यह सन्देह हो गया है कि अब तुम्हारा भजन करूँ या न करूँ !' हे नारायण ! अब यही बाकी रह गया है कि इन लोगोंको मार दूँ या मर जाऊँ !

'किसीके घर मैं तो भीख माँगने नहीं जाता, फिर भी ये खोटे जबर्दस्ती मुझे कष्ट देने आ ही जाते हैं । मैं न किसीका कुछ खाता हूँ न किसीका कुछ धरता हूँ । जैसा समझ पड़ता है भगवन् ! तुम्हारी सेवा करता हूँ ।'[1]

नाना प्रकारके दम्भ धारण करनेवाले आडम्बरी विद्वान् और भगवद्भजनका विरोध करनेवाले पाखण्डी मानो हाथ धोकर तुकारामजीके पीछे पड़े थे । तुकारामजीकी निष्ठाको कसौटीपर कसनेके लिये मानो उन्होंने रण-कङ्कण बाँधा हो । प्रायः प्रत्येक साधकको उत्पीड़न करनेके लिये ऐसे प्राणी सदा-सर्वदा ही तैयार रहते हैं पर इन दम्भ-अपवादियों और पाखण्डियोंका यही उपयोग होता है कि इनके द्वारा साधकका वैराग्य दृढ़ होता है । भक्तका भक्ति-प्रेम और भी बढ़ता है । साधकको अपने दोष ढूँढ़नेमें भी इनसे बड़ी सहायता मिलती है । तुकारामजीने एक अभंगमें जो यह कहा है कि 'निन्दकका घर पड़ोसमें होना चाहिये' (निंदकाचें घर असावें शेजारी) इसका भी यही मर्म है । निन्दक, पीड़क, बाधक, कुकर्मी संग्रही आदि जीवोंकी चाहे जो भी गति होती हो पर इनमें

सन्देह नहीं कि साधकके आत्मोद्धार-साधनमें इनसे बड़ा काम निकलता है इसलिये उसके लिये ये एक प्रकारसे गुरु स्थानीय ही हैं। अस्तु।

'पाखण्डी मेरे पीछे पड़े हैं। हे विट्ठल। मैं उनसे क्या कहूँ। जो मैं नहीं जानता वही ये मुझसे छलपूर्वक पूछते हैं। मैं इनके पाँव गिरता हूँ तो भी नहीं छोड़ते। तेरे चरणोंको छोड़ और कुछ मैं नहीं जानता। मेरे लिये सब जगह तू ही तू है।'

* * *

नको दुष्ट संग। पडे भजनामधीं भंग॥ १॥
तुज निषेधिता। मज न साहे सर्वथा॥ २॥
एका माझ्या जीवें। वाद करूँ कोणासवें॥ ३॥
तुझे वर्णुं गुण। कीं हे राखो दुष्ट जन॥ ४॥
काय करूं एका। मुखें सांग म्हणे तुका॥ ५॥

'दुष्ट-सङ्ग न हो, उससे भजन भङ्ग होता है। तुझे नीचा दिखाते हैं यह मुझसे जरा भी नहीं सहा जाता। अपने अकेले जीसे मैं किस किससे वाद करूँ? तेरे गुण बखानूँ या इन दुष्टजनोंको रखूँ? तुका कहता है बताओ, एक मुखसे क्या-क्या करूँ?'

९ एकान्तवासका परम सुख

एकान्तवासमें अनुपम लाभ और अपार आनन्द है। केवल एकान्त ही आधी समाधि है। लोगोंकी भीड़से जब तुकारामजीका चित्त उचटा तब उन्हें एकान्त अधिक प्रिय हुआ। 'निरोधका वचन मुझसे नहीं सहा जाता' क्योंकि उससे जीको बड़ा कष्ट होता है। 'जन सङ्ग छोड़कर एकान्तमें बैठ रहना मुझे अच्छा लगता है।' सङ्ग चित्त वृत्ति निरोधमें बड़ा बाधक है।

हरि बहि छीन न घटे भजन
त्रिविध ए जन बहु दुरा॥

'जनसङ्गसे आलस्य ही बढ़ता है, भजन नहीं बनता। भगवन्! ये त्रिविध जन ही अधिक हैं। इनके अनेक छल-छन्द देखनेमें आते हैं।' आनन्दकन्द भगवान् गोविन्दका ही छन्द आ जाये यह इन नाना छन्दोंके फन्दोंमें न पड़े। एकान्तमें एकनिष्ठभाव स्थिर रखते बनता है, हरि-प्रेम जमाते बनता है। सांसारिकोंको अपने हितका बोध नहीं होता और ऐसे सच्चा हरि-प्रेमी उन्हें शत्रु जान पड़ता है। इसलिये एक अकेले ही चुपचाप बैठ रहना अच्छा है। एकान्त-सुखकी माधुरी क्या बखानी जाय! स्वयं चखकर देखनेसे ही उसका स्वाद मिल सकता है। एकान्तका प्रिय होना ही ज्ञान भाग्यका महालक्षण है। ज्ञानेश्वर महाराज गीता ज्ञानेश्वरीके अध्याय १३ वेंमें ज्ञानीके लक्षण बतलाते हैं—

'पवित्र तीर्थ, शुद्ध धौत नदीतट, रमणीय उपवन और गुहा आदि स्थानोंमें रहना जिसे अच्छा लगता है; (६१२) जो गिरिगुहाओंमें और सरोवरोंके किनारे ही आदरपूर्वक बस जाता है और नगरमें आकर रहना पसन्द नहीं करता; (६१३) जिसे एकान्तवास अत्यन्त प्रिय होता है, जनसंसदसे जिसे अरुचि हो जाती है उसीको ज्ञानकी मनुष्याकार मूर्ति जानो। (६१४)

ज्ञानीका यह लक्षण तुकारामजीपर ठीक-ठीक घटता है। जनपदसे उनका चित्त हट नगरमें रहना उन्होंने छोड़ ही दिया। गोराडा भामनाथ या भण्डारा इन्हींमेंसे किसी पर्वतपर यह सारा दिन रहते थे। भण्डारा-पर्वतपर पश्चिम तरफ एक गुहा है और उसके पास ही एक झरना है। इसी स्थानमें यह रहते थे। पर्वतके शिखरपरसे चारों ओरका दृश्य बड़ा ही सुहावना है—दूर-दूरतक छोटे-बड़े अनेक पर्वत हैं, चारों ओर हरियाली

भण्डारा पहाड़

छायी हुई है, बीचमें इन्द्रायणी बह रही है और जहाँ-तहाँ छोटे-बड़े अनेक जल-प्रवाह दिखायी देते है। ऐसे सुशोभित उस भण्डारा पर्वतको तुकाराम-जीके समागमसे तपोवन होनेका सौभाग्य प्राप्त हुआ। उनके हरि नाम-सङ्कीर्तनसे भण्डारा-पर्वत गूँजता था। वहाँकी तरु लताएँ और पशु-पक्षी तुकारामकी पुण्य-मूर्तिके नित्य दर्शन कर आनन्दित होते थे और उनका आनन्द तुकारामजीके हृदयमें भी प्रतिध्वनित होता था। श्रीविठ्ठलरगमें रँगे हुए भण्डारा-पर्वतके इन तपोनिधिकी दिव्य मूर्तिके जिन नेत्रोने दर्शन किये होंगे वे नेत्र धन्य है, और तो और, वहाँके वृक्ष, पौधे, लताएँ, फल-फूल तथा उस पुण्य-भूमिमें विहार करनेवाले पशु पक्षी और वहाँके चिरकालसे मौन साधे हुए पाषाण भी धन्य है। तुकारामजीको एकान्तवास बहुत ही प्रिय और पथ्यकर हुआ। निर्मलीकी जड़ पानीमे डाल देनेसे पानी जैसे स्वच्छ हो जाता है, वैसे ही एकान्तवाससे उनके चित्तकी मलिन वृत्तियाँ स्वच्छ हो गयीं, उनका अन्त करण रमणीय और प्रसन्न हो गया। गीताके छठे अध्यायमें 'शुचौ देशे प्रतिष्ठाप्य' आसन लगानेके लिये 'शुचि देश' का जो सङ्केत किया है उसपर भाष्य करते हुए ज्ञानेश्वर महाराजने एकान्तवास-का बड़ा ही मनोरम वर्णन किया है। वह शुचि अर्थात् पवित्र देश ऐसा सुरम्य होता है कि 'वहाँ सुख-समाधानके लिये एक बार बैठनेसे फिर (जल्दी) उठनेकी इच्छा नहीं होती, वैराग्य दूना हो जाता है। संतोंने जो स्थान बसाया वह सन्तोषका सहायक, मनका उत्साहवर्धक और धैर्यका देनेवाला होता है। ऐसे स्थानमे जो अभ्यास करता है वह हृदयमें अनुभव वरण करता है। रम्यताकी यह महिमा वहाँ अखण्ड रहती है।' (१६४—१६६) तात्पर्य, एकान्तवासके शुचि प्रदेशमें ज्ञान-वैराग्यका बल दूना होता है, इच्छा हो या न हो तो भी अभ्यास स्वय ही हृदयमें प्रवेश करता है, चित्तके मलिन सस्कार नष्ट हो जाते है और चित्त प्रसन्न होता है, इतना सुख और समाधान होता है कि दिन-रात कैसे बीतते हैं सो भी नहीं जान

पड़ता, भगवत्प्रेमके तरङ्गोंमें विहार करते-करते जीव-भाव ही विलीन हो जाता और अखण्ड आत्मानन्दका अनुभव प्राप्त होता है। इसीलिये तो साधु-संत गिरि-कन्दराओंमें, नगरसे दूर जलाशयके तीरपर एकान्त परिसेवन करके बैठ जाते हैं। नगरोंमें बैठे-बैठे चाहे जितने ग्रन्थ पढ़ जाइये या लिख डालिये, व्याख्यान सुनिये या दीजिये, दिन-रात चर्चा कीजिये, तो भी शब्दोंके विलासके सिवा और कुछ भी इनसे हाथ न आवेगा, अनुभव और उसका आनन्द इनसे बहुत दूर है। नर-नारियोंसे भरे हुए नगरोंमें अनेक प्रकारके संसर्ग होते हैं, उनसे गुण-दोष अपने अंदर भी आ ही जाते हैं, शब्दोंका ज्ञान खूब होता है पर निजात्मका आनन्द नहीं मिलता। एकान्तके बिना मन नहीं ठहरता, अनुभवका दिव्य सुख नहीं प्राप्त होता। सभी सत्पुरुष इसीलिये अपने जीवनका कुछ काल एकान्तवासमें बिताते हैं। पर-निरपेक्षीके सम्बन्धमें इस आशयकी एक कहावत भी है कि 'कमाना शहरका और खाना देहातका' इसी प्रकार परमार्थके विषयमें भी कह सकते हैं कि लोकालयसे उपार्जन करे और एकान्तमें भोगे। एकान्तके बिना परमार्थ आत्मीभूत नहीं होता, मन निर्मल नहीं होता। तुकारामजीने जो कुछ अध्ययन किया, प्रायः एकान्तमें किया। देहू गाँवमें उनका आना-जाना लगा रहता था पर इतनेसे भी उनका चित्त सुखी हुआ, और इसका पता उन्होंने एकान्तमें बैठकर ही लगाया। एकान्तवासके अपने अनुभवके सम्बन्धमें उनके दो अभंग हैं—

वृक्षवल्ली आम्हां सोयरीं वनचरें।
पक्षीही सुस्वरें आळविती ॥ १ ॥
येणें सुखें रुचे एकांताचा वास।
नाहीं गुणदोष अंगा येत ॥ ध्रु ॥

आकाशमंडप पृथिवी आसन ।
रमे तेथें मन क्रीडा करूं ॥ २ ॥
कथाकुमंडलु देहउपचारा ।
जाणवीतो वारा अवसरु ॥ ३ ॥
हरिनामें भोजनप्रवडी विस्तार ।
करूनी प्रकार सेवूं रुची ॥ ४ ॥
तुका म्हणे होये मनासी संवाद ।
आपलाची वाद आपल्यासी ॥ ५ ॥

इस एकान्त उपवनमें, 'वृक्षवल्ली और वनचर ही हमारे अपने लोग हैं। पक्षी भी सुस्वर गायन कर मनाते रहते हैं। इसी सुखके कारण एकान्तवास अच्छा लगता है, किसीके गुण-दोष अपनेको नहीं लगते। ऊपर आकाशका मण्डप तना है, नीचे पृथ्वीका आसन है, जहाँ मन रमता है वहीं बैठकर आनन्द करता हूँ। हरि नाम-रसके उत्तम भोजन तैयार कर यथारुचि सेवन करता हूँ। तुका कहता है, मन-ही-मन सवाद-सुख भोगता हूँ, आप ही अपनेसे वाद विवाद कर लेता हूँ।' ये सब सुख एकान्तमें प्राप्त होते हैं, इसलिये एकान्त मुझे प्रिय है।

खेळों मनासवें जीवाच्या सवादें ।
कौतुकें विनोदें निरजनीं ॥ १ ॥
पचीं पहिलें तें रुचे वेळोवेळा ॥
होतसे डोहळा आवडीसी ॥ ध्रु० ॥
एकाताचें सुख जडलें जिव्हारीं ।
वीट परिच्चारीं बरा आला ॥ २ ॥
जगाऐसी बुद्धि नव्हे आतां कदा ।
लंपट गोविंदा झालों पायीं ॥ ३ ॥

आणिक ते चिंता नलगे करावी ।
　　नित्य नित्य नवी आवडी हे ॥४॥
तुका म्हणे आतां राहिलों पायीं ।
　　पांडुरंगी मन विसांवलें ॥५॥

'निरञ्जन (मायातीत) के चरणोंमें बैठकर कौतुक और विनोदके साथ अपने जीकी बातें किया करता और मनके साथ खेलता रहता हूँ। जो पद गाता है वही बार-बार रचता है यह रुचि बराबर बढ़ती ही जाती है। एकान्तका सुख ही मन हृदयमें बैठ गया है जनसंग और बाह्य उपाधियोंसे चित्त उचट गया है। अब जग-जैसी बुद्धि ही नहीं रही भगवान्‌के चरणोंका सम्पर्क हो गया है। अब और कोई चिन्ता नहीं करनी पड़ती यह माधुर्य ऐसा है कि नित्य नया आनन्द मिलता है। तुका कहता है अब यही अभ्यास हो गया है। श्रीपाण्डुरङ्गमें मनको विश्राम मिल गया है।'

श्रीपाण्डुरङ्गके चरणोंमें आपको यह विश्राम-सुख मिला कि आपके मनकी सारी चिन्ता और व्याकुलता दूर हो गयी और श्रीपाण्डुरङ्गके चरणोंमें आपको वह आनन्द मिलने लगा जिसके निरन्तर भोगते रहनेकी इच्छा ही बढ़ती जाती है, और यही इच्छा यही रुचि नित्य-नये स्वाद ले रही है। यह नित्य नया आनन्द भोगिये खूब भोगिये; समय आनेपर इसी आनन्दके गर्भसे श्रीकृष्णका जन्म होनेवाला है, तब हमें भी उनके जन्मपर बधाईकी मिठाइयाँ मिलेंगी। उन्हींके लिये हम अधीर हो उठे हैं।

१० अहङ्कार कैसे गला ?

जीवमें अहंकार सहज ही होता है। आत्मस्वरूपको यह ढँके रहता है इसीलिये साधक कहते हैं कि अहंकार दुर्जय है। इस दुर्भेद्य अहंकार के अनन्त प्रकार हैं। देह मैं हूँ जीव मैं हूँ ब्रह्म मैं हूँ ये सब अहंकारके

ही भेद है। देह मैं हूँ, इसे मलिन अहंकार कह सकते हैं और ब्रह्म मैं हूँ, इसे उज्ज्वल अहंकार कह सकते हैं। 'देह मैं हूँ' कहनेके साथ ही अहंकारकी लाखों चिनगारियाँ निकलती हैं। रूप, धन, विद्या, गुण, कीर्ति आदि जीवके अहंकारके विषय होते हैं। देश, भाषा, धर्म, वर्ण, जाति, कुल आदि भी अहंकारके विषय बनते हैं। वेदान्त-शास्त्र यह बतलाता है कि गुण-दोष प्रकृति-स्वभाव हैं इसलिये जीवको उनसे कोई हर्ष-विषाद न होना चाहिये, एककी स्तुति और दूसरेकी निन्दा करनेका भी वस्तुतः कोई कारण नहीं है, पर मजा यह है कि ज्ञानी अज्ञानी सबके सिरपर यह अहंकार सवार रहता है। प्रकृतिके परे जो परमात्मा हैं उनकी ओर जबतक आँखे नहीं लग जातीं तबतक यह अहंकार किसीको भी नहीं छोड़ता। जीव और परमात्माके बीच यह परदा लटक रहा है, जबतक यह नहीं हटता तबतक परमात्माके दर्शन भी नहीं होते। ज्ञानेश्वर महाराज कहते हैं कि 'बहु धन त्याग दो, अपना शब्दज्ञान भूल जाओ, सबसे छोटे बन जाओ, ऐसा करनेसे मेरे समीप आओगे।' (ज्ञानेश्वरी ९-३७८) यह सच है, पर भगवत्कृपाके बिना अहंकार सर्वथा दूर नहीं होता। जैसे-जैसे अहंकारका एक-एक परदा फटता जायगा वैसे-वैसे परमात्मा सम्मुख होते जायँगे, जब सब परदे फट जायँगे तब उनसे मिलन होगा। अहंकार विद्वानोंके पीछे तो सबसे अधिक लगता है। ज्यों ही कोई कला या विद्या प्राप्त हुई त्यों ही यह उसके आड़में अपना आसन जमाता है। कोई गुण या विद्या न होते भी अहंकारका उग्र हो उठना केवल अज्ञान और मूर्खत्वका लक्षण है। चित्तमें ऐसे अहंकारको पालते-पोसते हुए ऊपरी दिखावमें नम्रता धारण करना धूर्तोंकी एक धूर्तता है, उससे कल्याणका साधन कुछ भी नहीं होता। अहंकार मौजूद है और इसे जानकर क्लेश भी होता है, यह साधकका लक्षण है। और अहंकार 'है तो कहाँ है, इसका कोई स्मरण ही नहीं' यह

न्दर गर्व घुस बैठना चाहता है इसलिये कि मेरा सर्वस्व हरण करे। वत्तको ऐसा जान पड़ रहा है कि मैं ही एक ज्ञाता हूँ। तुका कहता है, पण्ढरिनाथ! मेरा जीवन व्यर्थ नष्ट हो रहा है, अब रक्षा करो, भु, रक्षा करो।'

* * *

मजपुढें नाहीं आणीक बोलता। ऐसें काहीं चित्ता वाटतसे ॥१॥
याचा काहीं तुम्हीं देखावा परिहार। सर्वज्ञ उदार पाण्डुरंगा ॥ध्रु०॥
कामक्रोधें नाहीं सांडिलें आसन। राहिले वसो न देहामध्यें ॥२॥
तुका म्हणे आता जालों उतराई। कळों यावें पाईं निरोपिलें ॥३॥

'चित्तको कुछ ऐसा जान पड़ रहा है मानो मेरे सामने और कोई वक्ता ही नहीं है। हे सर्वज्ञ उदार पाण्डुरङ्ग! इसका कुछ परिहार तो कीजिये। काम-क्रोधने अभी आसन नहीं छोड़ा, देहमें जमे ही हुए हैं। तुका कहता है, अब मेरे ऊपर कुछ भार न रहा। आप जानें, आपके चरणोंमें सब निवेदन कर दिया।'

इस प्रकार भगवान्‌के सामने अपना हृदय खोलकर रख देना और हर काममें उनसे सहायता माँगना बड़ी उत्कट भक्ति है। चित्तमें अहङ्कारकी ऐसी वृत्तियाँ उठती हैं जिनसे यह भासने लगता है कि मैं बड़ा पण्डित हूँ, मैंने बहुत पढा है, कितने ग्रन्थ देख डाले हैं, मैं उत्तम वक्ता हूँ, ज्ञाता हूँ, उत्तम कीर्तनकार हूँ इत्यादि। परन्तु भगवन्! ये वृत्तियाँ सर्वस्व छीननेवाली हैं, इसलिये आप ही दयाकर इनका परिहार कीजिये। हे नारायण! आप सर्वज्ञ हैं, उदार हैं, समर्थ हैं। आप इस अहङ्कारको मेरे चित्तसे निकाल बाहर कीजिये।

कथनीं पठणीं करुनि काय। वाचुनि रहणी वायां जाय ॥१॥

'कथनी पठनी करके क्या होगा? बिना रहनीके सब व्यर्थ ही जाता है।'

ग्रन्थावलोकन खूब किया और लोगोंको ज्ञान भी खूब पढ़ाया, पर यह ज्ञान रहनी-आचरणमें यदि न आया तो उससे क्या काम ! मुखसे तो अमृतवाणी निकल रही है पर स्वयं भूखसे व्याकुल हैं तो ऐसी वाणी हुई तो क्या और न हुई तो क्या ! चीनीकी चाशनीमें यदि पत्थर डाल दें तो उस पत्थरको उस चाशनीसे क्या ? मधुमक्खी मधु जमा कर रखती है पर उसके स्वादको कोई और ही मार ले जाता है। लोभी थोड़ी-थोड़ी जोड़कर द्रव्य जमा करता है और उसे जमीनमें अपने हाथसे गाड़ रखता है पर वह दूसरोंके हाथ आता है, इसके हाथ और मुँहमें मिट्टी ही लगती है। इस प्रकार अनेक मार्मिक दृष्टान्त देकर तुकारामजी कहते हैं—

जतुलें केलें आपण खाय। तुका वंदी त्याचे पाय॥४॥

'अपना किया जो आप खाता है तुका उसके चरण-वन्दन करता है।'

सदभ्यास करके गुरु-शास्त्र-मुखसे ज्ञानार्जनकर जो उस ज्ञानामृतको स्वयं भक्षण करता हो, अपने ज्ञानभोगसे जो आप ही तृप्त होता हो, जिसका ज्ञान आचरणमें उतर आया हो वही बड़ा धन्य है। स्वयं ज्ञान भोगकर जो दूसरोंको ज्ञान-भोग देता है वह ज्ञानदाता धन्य है ! हरिकीर्तन करते हुए ज्ञानानन्दकी वर्षा करके श्रोताओंके अन्तःकरणोंको शान्त और निर्मल करनेवाला जो हरिभक्त कीर्तनकार उस ज्ञानानन्दकी वृष्टिमें भीगकर शान्त हुआ हो, तुकारामजी कहते हैं कि उसके चरणोंका मैं दासानुदास हूँ, मुझमें यह सामर्थ्य नहीं, लोग मेरी कथा सुनकर डोलने लगते हैं। पर मुझे अपनी वाणी नीरस ही जान पड़ती है क्योंकि भगवन् ! आपका उसमें प्रसाद नहीं, आपका उसमें आसन नहीं।

'अब हे पाण्डुरङ्ग ! और क्या कहूँ ! कोरी बातोंसे ही इस सेवककी खातिर मत कीजिये। वह प्रेम भक्ति दीजिये जो सौभाग्यकी सीमा है। तुकाको अपना प्रसाद दीजिये।

११ स्वदोष-निवेदन

भगवन्! मैं नित्य आपके गुण बखानता हूँ, श्रोताओंपर भक्तिभाव छा देता हूँ, लोग मेरी प्रशंसा करते हैं, पर मेरे अन्दर वह रस नहीं, कहनी-जैसी करनी नहीं।

'तुम्हें देखनेकी इच्छा करता हूँ, पर इसके अनुकूल आचरण नहीं बनता, जैसे कोई बाहरी वेष बना ले, सिर मुँड़ा ले, दण्ड धारण कर ले, पर मन न मुँड़ावे।'

* * *

'मैं अपने ही चतुर बन बैठा हूँ, पर हृदयमें कोई भाव नहीं है, केवल यह अहङ्कार हो गया है कि मैं भक्त हूँ। अब यही बाकी रह गया है कि नष्ट हो जाऊँ, क्योंकि काम क्रोध अंदर आसन जमाये हुए बैठे ही हैं। लोगोंके गुण-दोष ढूँढते निकालते मेरे ही अंदर आकर बैठ गये, बुद्धिमें प्राणियोंके प्रति मात्सर्य आ गया। तुका कहता है, लोगोंको मैं उपदेश देता हूँ पर मैं तो एक दोषको भी पार नहीं कर पाया।'

मैं कीर्तन करता हूँ, नाचता हूँ, गाता हूँ, पर अन्तःकरण मेरा अभी पत्थर-सा ही कठोर बना हुआ है, वह प्रेम ही अभी नहीं मिला जो उसे पिघला दे। प्रेमकी बातें तो मैं बहुत कहता हूँ पर प्रेमसे चित्त अभी नृत्य नहीं करता, नेत्रोंसे प्रेमाश्रुधारा नहीं वह निकलती। चिन्तनसुखसे हृदय अभीतक प्रेममय नहीं हो उठता।

बोलविसी तैसें आणी अनुभवा। नाहीं तरी देवा विटवना॥

'जैसे तुम बुलवाते हो वैसा अनुभव यदि नहीं होता तो हे भगवन्! यह विडम्बना ही नहीं तो और क्या है?'

मीठा हो पर उसमें मिठास न हो तो वह मीठा क्या? शरीर-शृङ्गार हो पर उसमें प्राण नहीं, स्वाँग हो पर उसमें तन्मयता नहीं, रूप हो पर

उसमें सुख नहीं, सम्पत्ति हो पर सन्तति नहीं तो इनके होनेमें क्या रखा है ! तुकारामजी कहते हैं कि ऐसा ही मेरा हाल हो रहा है और ईश्वर प्रेमभावका पता ही नहीं लगता कि कहाँ है । इससे अच्छा तो तुकारामजी कहते हैं कि यही है कि लोगोंमें मेरी बदनामी हो, साधु कहकर जो लोग मेरी सेवा करते हैं वे सब निन्दा करते हुए मेरा तिरस्कार करें, क्योंकि ऐसा होनेसे मैं तुम्हारी सेवा एकान्त मनसे कर सकूँगा ।

पापकी मैं गठरी हूँ । अपने पैरोंमें मैंने अपनी परपरसेवारूप चोर बैठा रखा है । इसे तो मुझसे हे नारायण ! और मेरा मान-अभिमान उतारो । हे भगवन् ! धूर्तता करके लोगोंसे मैं अपनी सेवा कराता हूँ । तुम्हारा तेरा हुआ न संसारका दोनोंसे गया केवल चोर बना रहा !’

सच्चे हरि-प्रेमसे अन्तरंग रँगने लगा ’सारा लोक श्रीहरिका है वही कर्ता हर्ता भर्ता है जीवके अहंभावके लिये कहीं जरा-सी भी जगह नहीं, नरकका द्वार अभिमान भगवान्से अलग करनेका ही काम करता है, यह तत्त्व जैसे-जैसे तुकारामजीको प्रतीत होने लगा वैसे-वैसे जन-मान पानेकी इच्छा उनकी समूल नष्ट हो गयी । लोग साधु-महात्मा कहकर भजते हैं दर्शन करके पूजते हैं, स्तुतिस्तोत्र गाते हैं, प्रेम और आग्रहसे उत्तम मिष्टान्न भोजन कराते हैं, इस समूचे लोकव्यवहारसे तुकारामजीका जी ऊब गया उनके ध्यानमें यह बात आ गयी कि यह जन-मान मुझे धरतीपर पटककर मेरे परमार्थका सत्यानाश करनेवाला है । जिस मान सेवा, स्तुति और गौरवके लिये ज्ञानी भी तरसा करते हैं उसके तापसे तुकारामजीका चित्त दग्ध होने लगा, जन-मानका यह ताप उनके लिये दुस्सह हो उठा ।

> भक्त म्हणे जन । परी नाहीं समाधान ॥२॥
> मासें तळमळी चित्त । अंतरें दिसे हित ॥३॥
> तुका म्हणे आधार । नाहीं, सत्य अवघा भार ॥४॥

'जन कहते हैं, तुम भक्त हो, पर इससे समाधान नहीं होता। चित्त विकल रहता है, हित दूर ही रह जाता है। कृपाका आधार नहीं, केवल दम्भ बढ गया है।'

नव्हे सुख मज न लगे हा मान। न राहे हे जन काय करूं ॥ १ ॥
देह उपचारें पोळतसे अंग। विषतुल्य चांग मिष्टान्न हें ॥ध्रु०॥
नाइकवे स्तुति वानिता थोरीव। होतो माझा जीव कासावीस ॥ २ ॥
तुज पावे ऐसी सांग कांहीं कळा। नको मृगजळा गोवूं मज ॥ ३ ॥
तुका म्हणे आतां करीं माझें हित। काढावें जळत आगींतूनी ॥ ४ ॥

'इसमें मुझे कोई सुख नहीं है, ऐसा मान मुझे नहीं चाहिये, पर ये लोग नहीं मानते, क्या करूँ? देहके इन उपचारोंसे शरीर झुलस रहा है, यह उत्तम मिष्टान्न विष-सा लग रहा है। लोग बड़ी प्रशंसा करते हैं पर मुझसे वह सुनी नहीं जाती, जी छटपटाया करता है। तुम जिसमें मिलो ऐसी कोई कला बताओ, मृग-जलके पीछे मत लगाओ। तुका कहता है, अब मेरा हित करो, इस जलती हुई आगसे निकालो।'

* * *

लोक म्हणती मज देव। हा तों अधर्म उपाव ॥ १ ॥
आतां कळेल तें करीं। शीस तुझे हातीं सुरी ॥ध्रु०॥
अधिकार नाहीं। पूजा करिती तैसा कांहीं ॥ २ ॥
मन जाणे पापा। तुका म्हणे मायबापा ॥ ३ ॥

'लोग मुझे (ईश्वर) बतलाते हैं, यह तो अधर्म ही पल्ले बाँध लेना है। अब जैसा समझ पड़े वैसा करो, यह शीश तुम्हारे हाथमें और कृपाण भी तुम्हारे हाथमें है। लोग मुझे जैसा पूजते हैं वैसा तो मेरा कोई अधिकार नहीं है; क्योंकि मन तो पापोंको जानता है। तुका कहता है, तुम्हीं मेरे मा-बाप हो।'

माझा मीच देखा दुःख पावें ॥ २ ॥
तुका म्हणे माझे गेले दोन्हीं ठाव ।
संसार न पाय तुझे देवा ॥ ३ ॥

'मेरा भाव क्या है सो मुझे अब मालूम हो गया । हे भगवन् ! मैंने जो कुछ किया वह तुम्हारे चरणोंके विना जीवको केवल कष्ट दिया । अक्षर जोड़कर गाल बजाया, उससे अन्तमें कुछ भी हाथ न आया । लोगोंसे कहता फिरा कि भक्तको भगवान् मिलते हैं, पर मैं स्वयं ही दुःख भोग रहा हूँ'। तुका कहता है, इस तरह मेरे दोनों ठाँव गये, ससारसे हाथ धो बैठा और तुम्हारे चरण भी नसीब नहीं हुए ।'

❀ ❀ ❀

काय आता आम्ही पोटचि भरावें ।
जग चाळवावें भक्त म्हणू ॥ १ ॥
ऐसा तरी एक सागाजी विचार ।
बहु होतों फार कासावीस ॥ध्रु०॥
काय कवित्वाची घालूनिया रूढी ।
करूं जोडाजोडी अक्षराची ॥ २ ॥
तुका म्हणे काय गुपोनि दुकाना ।
राहों नारायणा करूनि घात ॥ ३ ॥

'तो क्या अब पेट ही भरनेका धन्धा करूँ ? भक्त कहलाऊँ और जगके पीछे चलूँ ? और कुछ नहीं तो यही एक बात बता दीजिये, जी बहुत ही छटपटा रहा है, उसे कुछ तो शान्ति मिले । क्या कविता बनानेकी रूढि चलाकर अक्षरोंको जोड़ा करूँ ? तुका कहता है, हे नारायण ! बताओ क्या करूँ ? क्या दूकानका जाल बुनकर आत्मघात करके रहूँ ?'

❀ ❀ ❀

नामाचा महिमा बोलिलों उत्कर्ष ।
　　अंगा नाहीं रस नयेचि तो ॥ १ ॥
तुका म्हणे करा आपुल्या महिमा ।
　　नका जाऊं धर्मावरी आमच्या ॥ २ ॥

'नामकी महिमा बड़े उत्कर्षके साथ बखानी, पर उसका रस कुछ भी अपने अंदर नहीं पाया। तुका कहता है भगवन्! अब आप अपनी महिमा दिखाइये, मेरे धर्मका ख्याल मत कीजिये।'

ग्रन्थोंमें देखा और सुना, वे ही देखी-सुनी बातें मैंने लोगोंसे कहीं, पर मेरे ही अन्तःकरणमें नहीं बैठी। जो बोल जैसे-तैसे, वैसे मुँहसे निकले, पर वैसा रस तो नहीं मिला। अनेक सङ्कल्प चित्तमें भरे हुए हैं, सङ्कल्पका नाश तो नहीं हुआ। यह करूँगा, वह करूँगा इत्यादि बातें मन अभी सोचता ही रहता है। बुद्धिमें स्थिरता नहीं। 'बुद्धि नाहीं स्थिर। तुका म्हणे चंचल धीर ॥' तात्पर्य, ग्रन्थोंका ज्ञान मैं कीर्तनमें लोगोंको बड़े आवेशके साथ बतलाता हूँ सही, पर मेरा चित्त अभी हरिप्रेमसे नहीं भीगा, बुद्धि व्यवसायात्मिका नहीं हुई नानाविध सङ्कल्पोंसे ग्रसी हुई है और मेरी यह हालत है कि कहता कुछ हूँ और करता कुछ और हूँ, नामकी महिमा लोगोंको बतलाता हूँ पर वह नाम-रस मेरे अन्तःकरणमें नहीं उतरा।

'लोगोंको जो शिक्षा दीजिये वही यह मन करेगा' मेरी भी वैसी ही दशा है। स्वप्नके राज्य-भोगसे कोई राजा नहीं बनता, परमार्थविषयक मेरा अनुभव भी वैसा ही स्वप्न है। वाणी ही ऐसी अलङ्कृत क्यों हुई जिससे भगवान्‌के चरण तो दूर ही रह गये! पढ़े हुए ग्रन्थोंका ज्ञान बतलाता हूँ, पर उससे मुझे क्या लाभ!

संतोंसे भी तुकाराम विनय करते हैं—

'आप बड़ा अधिकार मुझे शोभा नहीं देता मेरे लिये तो यह नाहक ही है। मैं तो भागवतोंकी चरणरजका एक कण हूँ; आप संतोंके पैरोंकी

जूती हूँ । मुझे निजस्वरूपकी कुछ भी पहचान नहीं, भजन कर लेता सो भी दूसरोंकी देखा देखी । मुझे क्षरकी पहचान नहीं, अक्षरकी पहचान नहीं; महाशून्यकी पहचान नहीं; आत्मानात्मविवेक नहीं । तुका क्या है, कुछ भी नहीं, आपके चरणोंमें वह अपना मस्तक रखता है । इतना ही उसका अधिकार जानिये ।' इसलिये 'सत' नामसे मुझे अलङ्कृत मत कीजिये, मैं उसका पात्र नहीं । सत वही है जिसे आत्मसाक्षात्कार हुआ हो, जिसने क्षर, अक्षर और सबका अपने अंदर लय करनेवाले महाशून्य-को जाना हो, जिसकी बुद्धिमें आत्मानात्मविवेक सिद्ध हुआ हो । 'सत' नामका अलङ्कार उसीको शोभा देता है, मुझे नहीं ।

महात्मा तुकाराम संतोंसे प्रार्थना करते हैं कि आप लोग कृपा कर मेरी स्तुति न करें । स्तुति अभिमानका विष पिलाकर मुझे मार डालेगी । भगवान् अभिमानको क्षमा नहीं करते ! मुझे यदि अभिमान हुआ तो मेरे श्रीविठ्ठलनाथ मुझे छोड़ देंगे और आप लोग भी छोड़ देंगे ।

न करावी स्तुति माझी संतजनीं । होईल यावचनीं अभिमान ॥ १ ॥
भारें भवनदी नुतरवे पार । दूरावती दूर तुमचे पाय ॥ध्रु०॥
तुका म्हणे गर्व पुरवील पाठी । होईल माझ्या तुटी विठोबाची ॥ २ ॥

'संत-सज्जन मेरी स्तुति न करें, उनके स्तुति वचनोंसे मुझे अभिमान होगा । उस भारसे भव-नदीके पार उतरते नहीं बनेगा और आपके चरण दूरसे और दूर हो जायँगे । तुका कहता है, गर्व हाथ धोकर मेरे पीछे पड़ जायगा और मेरे विठ्ठलनाथ मुझसे बिछुड़ जायँगे ।'

१२ सत्सङ्ग

अब हमलोग सत्सङ्गका विचार करें । तुकारामजीको कीर्तनके प्रसङ्ग-से सत्सङ्ग लाभ हुआ, भगवान्के गुणानुवाद सुनने और गानेका अवसर

कथा त्रिवेणी संगम । देव भक्त आणि नाम ॥

यह आनन्द अद्भुत है। वाद करनेवाले, निन्दा करनेवाले, छलनेवाले और पाखण्ड रचनेवाले—इन सबकी वजहसे तुकारामजीको कष्ट ही हुआ; पर इसकी क्षतिपूर्ति सज्जनोंके सत्संगसे हो गयी। संसारमें प्रेमी भावुक और भगवद्भक्त सभी स्थानोंमें सदा ही होते हैं। ऐसे लोग कीर्तन-सत्संगके तुकारामजीकी ओर खिंचे चले आये। इनके सत्संगमें तुकारामजीके आनन्दका क्या पूछना है!

तुका म्हणे झालें आनंदी आनंदु । गोविंदें गोविंदु पिकविला ॥

'तुका कहता है इससे आनन्द-ही-आनन्द हो गया, गोविन्द (बीज) से गोविन्दकी फसल तैयार हो गयी।'

तुकाराम सत्संगका काम बतलाते हैं—

हरिदास जब मिलते हैं तब सब पाप-ताप दैन्य और संशय दूर जाता है। तुका कहता है वैष्णवोंके चरण-दर्शन करनेसे मनको समाधान हुआ।

• • •

वैराग्याचें भाग्य । संतसंग हाचि लाभ ॥ १ ॥
संत कृपेचे हे दीप । करी साधका निष्पाप ॥ ध्रु ॥
तुका प्रेमें नाचे गाये । भक्तिभाव मिरोमि ध्यान ॥ २ ॥

'सत्संग भाग्य ही वैराग्यका सौभाग्य है। संत-कृपाके ये दीप साधकको निष्पाप कर डालते हैं। इन संतोंके बीचमें तुका प्रेमसे नाचता-गाता है और गानोंमें लीन हो जाता है।

• • •

जिनके हृदय-सम्पुटमें नारायण भर गये अथवा जो भावुक और विश्वासी हैं तुका कहता है मैं उन्हें वन्दन करता हूँ।

• • •

'सत-चरणोंकी रज जहाँ पड़ती है वहाँ वासनाका बीज सहज ही जल जाता है। तब राम-नाममें रुचि होती है, और घड़ी-घड़ी सुख बढने लगता है। कण्ठ प्रेमसे गद्गद होता, नयनोंसे नीर बहता और हृदयमें नामरूप प्रकट होता है। तुका कहता है, यह बड़ा ही सुलभ सुन्दर साधन है, पर पूर्व-पुण्यसे ही यह प्राप्त होता है।'

* * *

'सत-चरणोंकी रजका अनुभव मुझे अपने अदर प्राप्त हुआ, इसके सेवनसे वह सुख मिला जिसमें कोई दु.ख नहीं होता।'

* * *

'काया, वाचा, मनसा मैं हरिदासोंका दास हुआ। कारण, हरि-दासोंके हरि-कीर्तनमें प्रेम-ही-प्रेम भरा है, करताल और मृदङ्गका कल्लोल है। दुष्टबुद्धि सब नष्ट हो जाती है और हरि-कीर्तनमें समाधि लग जाती है।'

* * *

'सत-मिलनकी बड़ी इच्छा थी, बड़े भाग्यसे वह मिलन हुआ। तुका कहता है, इससे सब परिश्रम सफल हो गया।'

* * *

यहाँ 'सत' शब्दका अर्थ अच्छी तरहसे समझ लेना चाहिये। तुकारामजीने इन अभंगोंमें हरिदास (हरि-कीर्तन करनेवाले), भावुक, प्रेमी वारकरी इन सबको ही सत कहा है। 'सत' शब्दका इतना व्यापक प्रयोग जो तुकारामजीने किया, इससे क्या समझा जाय? क्या उस समय सतोंकी इतनी भरमार हो गयी थी या तुकाराम अपनी सिधाइसे सबको ही सत समझते और कहते थे? नहीं, ये दोनों कल्पनाएँ गलत है। सच्चे सत तो सदा ही दुर्लभ होते हैं। ऐसे सत तुकारामजीके समयमें थे और तुकारामजीका उनसे समागम भी हुआ था। चिन्तामणि देव, पूनेके अनगढशाह, नगरके शेख महम्मद, बोधले बावा और दैठणकर बोवाके साथ उनकी भेंट-मुलाकात थी और वृद्धावस्थामें समर्थ रामदाससे भी उनकी

भेंट हुई थी। पर ऐसे संत तो विरले ही होते हैं। सच्चे संतोंके लक्षण तुकारामजीने अपने अभंगोंमें दिये हैं। तुकाराम संत किसको मानते थे, संतोंकी उनकी कसौटी क्या थी इसका वर्णन पहले आ चुका है। संतोंके सम्बन्धमें उनकी कसौटी सामान्य नहीं थी। फिर यह बात भी नहीं है कि तुकाराम किसीको अज्ञानसे या भोलेपनसे संत कहते। उन्होंने बने हुए भेषधारी साधुओं पाखण्डियों और दाम्भिकोंकी खूब खबर ली है। तुकारामजीकी सत्यनिष्ठा इतनी अत्यन्त, भक्ति इतनी आन्तरिक और बनी न्यायमें ऐसी निष्ठुर थी कि झूठ उन्हें जरा भी सह्य नहीं था। उनके समयमें न तो संतोंकी ही रेल-पेल थी और न तुकाराम ही भोले-भाले थे। तब उन्होंने 'संत' शब्दका प्रयोग इतना ढीला-ढाला क्यों किया है? इसका समाधान यह है कि कई स्थलोंमें तो उन्होंने इस शब्दका प्रयोग गौरवार्थ किया है। सब वारकरी तुकाराम नहीं थे। किसी भी सम्प्रदायमें सामान्य जन-समूह जैसा होता है वैसे ही वारकरी भी थे। पर सम्प्रदाय-प्रवर्तकोंको अपना सम्प्रदाय बढ़ानेके लिये सामान्योंमें भी जो कुछ विशेष हुए, जिनमें उत्साह अथवा आदि गुण कुछ अधिक मात्रामें दीख पड़े उन्हें गौरवान्वित कर और अधिक कार्यक्षम बनानेके हेतु उन्हें सम्मान देकर उत्साहित करना होता है। इसमें कोई धूर्तता या झूठ हो ऐसी बात नहीं है। जो लोग यह समझते हैं कि हमारा सम्प्रदाय जनसमाज और धर्मके लिये कल्याणकारक है, इसका प्रचार होना आवश्यक है इसके लोगोंको उदार होना चाहिये वे हर तरहसे उस सम्प्रदायको बढ़ानेका उपाय करते हैं।* इसके लिये उन्हें

* इस समय भी ऐसा हो रहा है। देशका काम करनेवालोंको देश-भक्त कहकर गौरवान्वित किया जाता है। यद्यपि महात्माजी-सी देश-भक्ति जिसमें हो वही सच्चा देश-भक्त है, पर देशकी किञ्चित्-सी सेवा करनेवालोंको भी देश-भक्त कहकर गौरवान्वित करना अनुचित नहीं कहा जा सकता।

उत्तम, मध्यम, कनिष्ठ सब प्रकारके लोगोंको सम्हाले रहना पड़ता है। इस न्यायसे नामदेव-एकनाथके समयसे यह रिवाज-सा चला आया था कि गलेमें माला डाले नियमपूर्वक पण्ढरीकी वारी करनेवालोंको, कथा-कीर्तन भजनमें रमनेवालोंको, श्रीविठ्ठलनाथकी प्रेमसे उपासना करनेवाले वारकरियोंको, विशेषकर कीर्तनकारोंको तथा भजनमण्डलियोंके नेताओंको 'सत' ही कहकर गौरवान्वित किया जाता था। तुकारामजीने भी इसी प्रकारसे अनेक स्थानोंमें 'सत' शब्दका प्रयोग गौरवार्थ ही किया है। जो श्रीविठ्ठलके दास हैं, भजन करनेवाले वारकरी भक्त हैं, भजन-कीर्तनमें जिनका साथ होनेसे कीर्तनका आनन्द सबको प्राप्त होता है, लोक-कल्याण-साधक कीर्तन-सम्प्रदायकी वृद्धिमें जिनसे सहायता मिलती है, उन्हें कृतज्ञताके साथ गौरवान्वित करना सौजन्यका ही लक्षण है। तुकारामजीके सङ्ग करताल बजाते हुए भजन करनेवाले भक्त या उनका कीर्तन सुननेवाले श्रोता सभी तो तुकाराम नहीं थे। देश-भक्तोंमें शिवाजी-जैसा कोई विरला ही होता है वैसे ही वारकरियोंमें भी तुकाराम कोई विरला ही हो सकता है! इसके अतिरिक्त अपना भक्ति-प्रेमानन्द जिनका सङ्ग होनेसे बढ़ता है, ज्ञान-वैराग्य प्रज्वलित हो उठता है, जिनके मिलनेसे हृदयमें भक्ति-रसकी बाढ़ आती है, उनमें कोई दोष भी हो तो भी उन दोषोंकी उपेक्षा करना या काल पाकर ये दोष नष्ट होनेवाले हैं यह जानकर उनका प्रेम बनाये रहना सज्जनोंका तो स्वभाव ही है। समुदायमें सब प्रकारके लोग होते ही हैं। तुकारामजी कहते हैं—

'हरि-भक्त मेरे प्यारे स्वजन हैं। उनके चरण मैं अपने हृदयपर धरूँगा। कण्ठमें जिनके तुलसीकी माला है, जो नामके धारक हैं वे मेरे भव-नदीमें तारक हैं। आलस्यके साथ हो, दम्भसे हो अथवा भक्तिसे हो, जो हरिका नाम गाते हैं वे मेरे परलोकके साथी हैं। तुका कहता है, मैं उनके उपकारोंसे बँधा हूँ, इसलिये सतोंकी शरणमें आया हूँ।'

* * *

हो का दुराचारी । वाचे नाम उच्चारी ॥ १ ॥
त्याचा दास मी अंकित । कायावाचामनेसहित ॥ ध्रु ॥
नसो भाव चित्तीं । हरिचे गुण गातां गीतीं ॥ २ ॥
करी अनाचार । वाचे हरिनाम उच्चार ॥ ३ ॥
हो का नरकीं कुळ । शुचि अथवा चांडाळ ॥ ४ ॥
म्हणवी हरिचा दास । तुका म्हणे धन्य त्यास ॥ ५ ॥

चाहे वह दुराचारी ही क्यों न हो पर यदि वाणीसे हरि-नाम लेता है तो मैं काया-वाचा-मनसा उसका दास हूँ । सर्वथा उसके अधीन हूँ । उसके चित्तमें भक्तिका कोई भाव न हो बिना भावके हरि-गुण गाता हो; अनाचार करता हो पर हरिनाम उचारता हो; चाहे किस कुलमें उत्पन्न हुआ हो—शुचि हो या चाण्डाल हो पर अपनेको हरिका दास कहता हो तो तुका कहता है, वह धन्य है ।

कोई कैसा भी हो—दुराचारी अनाचारी अभक्त, अकुलीन कैसा भी हो वह यदि हरि-नाम लेनेवाला है तो तुकारामजी उसे धन्य कहते हैं; कहते हैं मैं उसका दास हूँ । इसमें तत्त्वकी तीन बातें हैं । एक तो यह कि हरि-नाममें इतनी सामर्थ्य है कि कोई कितना भी पतित क्यों न हो वह इसके द्वारा उद्धार पाता है—

अपि चेत्सुदुराचारो भजते मामनन्यभाक् ।
साधुरेव स मन्तव्यः सम्यग्व्यवसितो हि सः ॥
(गीता ९ । ३०)

कोई मनुष्य पहले दुराचारी रहा हो पर पीछे अब वह हरिभजनके मार्गपर आ जाय तब उसे साधु ही समझना चाहिये; कारण, उसका निश्चय पवित्र है, वह सन्मार्गपर आरूढ़ है, अर्थात् यथाक्रम उसका उद्धार होना ही । इसलिये यदि वह दुराचारी भी रहा तो भी वह अब अनुताप-तीर्थमें

नहा चुका, नहाकर वह सर्वभावसे मेरे अंदर आ गया।' (ज्ञानेश्वरी ९-४२०) दुराचारीके लिये दुराचारीके नाते यह बात रही। तुकारामजी कहते हैं कि हरिका नाम लेने और गानेवाला मुझे अपनी ही जातिका प्रतीत होता है। हरि-भक्त ही क्यों, हरिके मार्गपर जो आ गया वह भी, तुकारामजी कहते हैं कि मेरा सगा है। तीसरी बात यह है कि दूसरोंके दोष देखनेमें मेरा कोई लाभ नहीं। बनियेकी दूकानसे गुड़ लेना है तो गुड़ ले लो, उसकी जात-पाँत पूछनेसे क्या मतलब? 'दूसरोंके गुण-दोष मैं क्यों कहता फिरूँ', 'उनमें कोई दोष भी हो तो मुझे उससे क्या?' दूसरोंके दोष देखूँ भी तो 'वे दोष मेरे अंदर उनसे भी अधिक हैं।' मुझसे अधिक दुष्ट और लबार और कौन है? मैं दोषोंकी राशि हूँ, अपने ही घरमें जब इतना कूड़ा भरा हुआ है तब उसे साफ न कर दूसरेके घर झाड़ू देने जाना कौन-सी बुद्धिमानी है? अपने भी और दूसरोंके भी गुण-दोष देखनेसे तुकारामजीका जी ऊब गया था। 'अब मेरे गुण-दोष मत बखानिये' यह वह दूसरोंसे भी कहा करते थे। कीर्तनके प्रसङ्गसे यदि कोई गुण-दोष-चर्चा निकल ही पड़ी तो वह किसी व्यक्तिकी निन्दाके रूपमें नहीं, ईर्ष्या-द्वेष नहीं, बल्कि इसी आन्तरिक प्रेमसे होती थी कि वे दोष निकल जायँ। 'मानके लिये या दम्भके लिये मैं किसीकी छलना नहीं करता, यह श्रीविठ्ठलके इन चरणोंकी शपथ करके कहता हूँ।'

अस्तु, तुकारामजीने अपनी अन्तःशुद्धिके द्वारा अपने भजन-कीर्तन-प्रेमी सङ्गियोंको पूज्य मानकर उनके सङ्गसे अपना भगवत्-प्रेम बढ़ानेका

काम लिया। इनमें कोई साधारण भक्त रहे होंगे तो कोई बड़े अधिकारी पुरुष भी रहे होंगे। तुकारामजीको अनेक ऐसे सज्जन मिले जिनसे उन्होंने कोई-न-कोई गुण सीखा। उनसे हरि-चर्चा और सत्सङ्गका उन्हें बड़ा लाभ हुआ। विश्रामके स्थान, प्रेम-मूर्ति, सत् शील, ब्रह्मनिष्ठ हरि-भक्तोंके साथ उनका समागम उनके घरपर, भण्डारा-पर्वतपर, कीर्तनके अवसरपर तथा

मन्दिरोंमें चमक-चमककर होता ही रहा । जो संत नहीं थे उन्हें भी संत मानकर तथा उनमें जो कोई गुण देखा उसे ग्रहणकर यह अपना भगवत्प्रेम बढ़ानेका अभ्यास अन्तःकरणपूर्वक बराबर करते ही रहते थे । 'संतोंके यहाँ प्रेम-ही-प्रेम रहता है', दुःखका नाम भी नहीं रहता; क्योंकि उनका धन स्वयं श्रीविठ्ठल है । संत प्रेम-सुख ही देते-देते रहते हैं । 'संतोंका भोजन क्या है अमृत-पान है, तथा कीर्तन ही करते रहते हैं', तुकारामजी कहते हैं ऐसे दयालु संत मुझे 'निरन्तर सावधान रखते हैं उनके उपकार' कहाँतक बखानूँ । इस प्रकार संतोंकी महिमा तुकारामजीने बार-बार गायी है । हरि-कथा-मातारूप अमृत-क्षीर जिनके स्तनसे, तुकाराम कहते हैं कि मैं सेवन कर पाता हूँ उन मेरे दयालु हरि-भक्तोंके दासोंका मैं दास हूँ । दीन और दुर्बलके लिये सुख-राशिस्वरूप हरि-कथा, माता संतोंके समागममें ही पन्हाती है । अस्तु, इस प्रकार संतोंके सङ्गसे तुकारामजीने अपने अन्तरङ्गमें संत होकर जन्म उठाया ।

१३ नाम-स्मरणानन्द

यहाँतक हमलोगोंने यह देखा कि तुकारामजीने अत्यन्त सावधान रहकर किस प्रकार मनोजयका अभ्यास किया मनसे कैसे-कैसे झगड़े किये और निपटे कनक-कान्ताके विषयमें उनका कैसा ज्वलन्त वैराग्य था यह और अपना कहनेवालोंकी उपाधियाँ तथा जनसंसर्गसे ऊबकर उन्होंने एकान्त-वास कैसे स्वीकार किया एकान्त-सुखसे उनका चित्त कैसे शान्त हुआ अहङ्कार कैसे नष्ट हुआ अपने दोष वह कैसे भगवान्‌के चरणोंमें निवेदन करते थे और उनका कैसा सत्सङ्ग था । अब साधन-प्रणालीके प्रकरणों-का जो शिरोमणि है उस नाम-सङ्कीर्तनके विषयमें कुछ लिखकर यह प्रकरण समाप्त करेंगे ।

एकान्तसे उन्हें जो आनन्द मिला वह एकान्तका फल तो था ही पर इसमें सबसे बड़ा सुखका जो अंश था वह नाम-स्मरणके अभ्यासका ही फल

था । केवल एकान्तसे जन-संसर्ग या बाह्योपाधियोंसे होनेवाले दु:खका नाश हो सकता है और उससे शान्तिका सुख मिल सकता है। पर यह सुख अप्रत्यक्ष है। प्रत्यक्ष सुखका जो झरना तुकारामजीके हृदयमे झरने लगा वह नाम-सङ्कीर्तनके अभ्यासका ही फल हो सकता है । कीर्तन-भजनादिमें समशील साधु-संतों और भावुक भक्तोंके सत्सङ्गसे तो वह नाम-स्मरणका लाभ उठाते ही थे, पर जब एकान्त मिला तब उससे सारा समय नाम-स्मरणके लिये ही खाली मिला। हरि-कीर्तनमें संत-समागमका तथा करताल, वीणा, मृदङ्गादिकी सहायतासे होनेवाले नाद-ब्रह्मका आनन्द तो अपूर्व है ही, पर उतनेसे काम नहीं चलता। अखण्ड नाम-स्मरणका आनन्द अहर्निश प्राप्त हुए बिना चित्त शुद्धिका साक्षात्कार नहीं हो सकता। एक पहर कीर्तन हुआ, उतने कालतक तन्मयता हो गयी, पर बाकी समयमें भी मनको कहीं-न-कहीं समाधि दिये बिना उसके छल-छन्दसे छुटकारा नहीं मिल सकता। तुकाराम विष्णुसहस्रनामके पाठ तो किया ही करते थे, पर इससे भी अधिक उन्होंने यह किया कि अखण्ड नाम-स्मरणका चसका लगा लिया। यही उनका साधनसर्वस्व है। नाम स्मरणका चसका लगना बड़ा ही कठिन है, पर जहाँ एक बार यह चसका लगा वहाँ फिर एक पल भी नामसे खाली नहीं जाता। नाम-स्मरण यह है कि चित्तमें रूपका ध्यान हो और मुखमें नामका जप हो। अन्तःकरणमें ध्यान जमता जाय, ध्यानमें चित्त रँगता जाय, चित्तकी तन्मयता हो जाय, यही वाणीमें नामके बैठ जानेका लक्षण है। 'चित्तमें (ध्यान) न हो तो न सही, पर वाणीमें तो हो' यह नाम स्मरणकी पहली सीढी है। तुकारामजीका नामाभ्यास यहींसे आरम्भ हुआ और जिस अवस्थामें उसकी पूर्णता हुई उस अवस्थामें तुकारामजी कहते हैं कि 'वाणीने इस नामका ऐसा चसका लगा लिया है कि मेरी वाणी अब नामोच्चारसे मेरे रोके भी नहीं रुकती। इस बीचके अभ्यासका जो आनन्द है वह अनुभवसे ही जाना जा सकता है। उसे

करके बतलाना असम्भव है। कुलाचार, सम्प्रदाय-परम्परा, पुराण और साधु-संतोंके ग्रन्थ, गुरूपदेश इनने तुकारामजीको यही बतलाया कि नाम-स्मरण ही श्रेष्ठ साधन है, यह हमलोग पहले देख ही चुके हैं। केवल कहनेसे क्या होगा, उसे करके दिखाना होगा। तुकारामजीने नामका अभ्यास किया और वह धन्य हुए। श्रीपाण्डुरङ्गका रूप देखने या ध्यानमें लानेसे तुकारामजीके चित्तमें प्रेमानन्द हिलोरें मारने लगता था और वह स्वयं उस आनन्दमें नाचते-गाते हुए तल्लीन हो जाते थे।

'कटिपर कर धरे तुम्हारी मूर्तिको देखकर मेरा जी ठण्ढा होता है, ऐसी इच्छा होती है कि इन चरणोंको पकड़े रहूँ। मुखसे गीत गाता हूँ, हाथसे ताली बजाता हूँ, प्रेमानन्दसे तुम्हारे मन्दिरमें नाचता हूँ। तुका कहता है, तुम्हारे नामके सामने ये सब बेचारे मुझे तुच्छ जान पड़ते हैं।'

• • •

'यह मूर्ति देखी जो मेरे हृदयकी विश्रान्ति है।

• • •

तुम्हारे प्रेम-सुखके सामने वैकुण्ठ बेचारा क्या है ?'

• • •

धन्य है यह काष्ठ जो गोविन्दके सङ्गसे सहज चलता हुआ आनन्द रूप होकर बहा जा रहा है।

• • •

गुण गाते हुए, नेत्रोंसे रूप देखते हुए तृप्ति नहीं होती। पाण्डुरङ्ग मेरे कितने सुन्दर हैं, सुवर्णश्यामकान्ति कैसी शोभा देती है। सब मङ्गलोंका यह सार है मूल सिद्धियोंका भण्डार है। तुका कहता है यहाँ सुखका कोई ओर-छोर नहीं।

श्रीविठ्ठलरूपमें चित्त-वृत्ति जब इतनी तन्मय हुई हो, पाण्डुरङ्गको हृदय-सम्पुटमें स्थिर करनेका जब ऐसा दृढ़ अभ्यास हो रहा हो तब इस

अभ्यासके लिये अखण्ड नाम स्मरण और ध्यानसे बढकर और भी कोई उपाय कभी किसीने बतलाया है ? नाम स्मरण सबके लिये सब समय अत्यन्त सुलभ है ।

नाम घेता न लगे मोल । नाममंत्र नाहीं खोल ॥

'नाम लेते कुछ मूल्य नहीं देना पड़ता और नाम-मन्त्रमे कोई गूढ बात भी नहीं है' और यह साधन भी ऐसा है कि तुरत फल देनेवाला है, नकद व्यवहार है । 'सुलीं नाम हातीं मोक्ष । ऐसी साक्ष बहुतांसी' (सुलभ नाम हो तो हाथमें मुक्ति रखी हुई है, बहुतोंको इसकी प्रतीति मिल चुकी है ।) पर दूसरोंका हवाला क्यों ? 'तुकारामजी कहते हैं, राम-नामसे हम कृतकृत्य हुए ।' यह तुकाराम अपना अनुभव बतलाते हैं । जीभको एक बार नामकी चाट लग जानी चाहिये, फिर 'प्राण जानेपर भी नामको वह नहीं छोड़ती ।' नाम-चिन्तनमें ऐसा विलक्षण माधुर्य है । चीनी और मिठास जैसे एक हैं वैसे ही नाम और नामी भी एक ही हैं, पर यह अनुभव नाम-स्मरणानन्द भोगनेवालोंको ही प्राप्त होता है । नाम केवल साधन नहीं है, नाम-छन्द से साध्य साधनकी एकता प्रत्यक्ष होती है । तुकारामजीने अपार नाम-सुख लूटा, बल्कि यह कहिये कि अखण्ड नाम-सुख भोगनेके लिये और यह सुख दूसरोंको दिलानेके लिये ही उनका अवतार हुआ था । उठते-बैठते, खाते पीते, सोते जागते चलते फिरते उनका नाम-चिन्तन चला ही करता था और 'चिन्तनसे तद्रूपता' का अनुभव भी उन्हे होता था । नाम चिन्तनसे जन्म-जरा भय व्याधि सब छूट जाते हैं । 'भव-रोग जैसा रोग भी जाता है, फिर और चीज ही क्या है ?' तुकारामजीने नामका आनन्द कैसे लिया, उससे उनके ससार-पाश कैसे कट गये, हरि-प्रेमका चसका बढनेसे रसना कैसी रसीली हो गयी, इन्द्रियोंकी दौड़ कैसे थमी, अनुपम सुख स्वय कैसे घर ढूँढता हुआ चला आया, इस विषयमे

शब्दों अभङ्गोंपर उन्होंने अपने मधुर अनुभव अनुपम माधुरीके साथ वर्णन किये हैं। भगवान्‌की छविको देखते, चित्तमें उसका ध्यान करते हुए नाम-रस जिह्वापर आ जाते थे और नाम-रसमें चित्तके रँगते-रँगते श्रीहरि अन्तःकरणमें आकर प्रकट होते और नाम-नामीकी एकरूपतामें तुकाराम मुक्त जाते थे। एक विट्ठलके सिवा तब और कुछ नहीं रह जाता था। तुकारामजीके मधुर या परमामृत भोजन देखकर जिसके लार न टपके ऐसा भी कोई अभागा हो सकता है? अब तुकारामजीके श्रीमुखसे नामामृत-माधुरीका किंचित् आस्वादन हमलोग भी कर लें—

> नाम घेतां मन निवे। जिव्हे अमृतचि स्रवे।
> होताति बरवे। ऐसे शकुन लाभाचे॥१॥
> मन रंगलें रंगणीं। तुझ्या चरणीं स्थिरावलें।
> केलिया विठ्ठलें। कृपा ऐसी जाणावी॥२॥

'नाम लेते मन शान्त होता है, जिह्वासे अमृत झरने लगता है और लाभके बड़े अच्छे शकुन होते हैं। मन तुम्हारे रंगमें रँग गया, तुम्हारे चरणोंमें स्थिर हो गया। श्रीविठ्ठलनाथने ऐसी कृपा की इसलिये ऐसा हुआ।'

• • •

> बैसूं खेळूं जेवूं। तेथें नाम तुझें गाऊं॥१॥
> रामकृष्णनाममाळा। घालूं ओवूनियां गळां॥२॥

'जहाँ भी बैठें, खेलें, भोजन करें वहाँ तुम्हारा नाम गायेंगे। राम-कृष्णके नामकी माला गूँथकर गलेमें डालेंगे।'

• • •

> संग सज्जनीं रसलीं। बोले मोहनी मसली॥३॥
> तुका म्हणे काळ। आम्हा येतिन्हें सुकाळ॥४॥

'आसन, शयन, भोजन, गमन सर्वत्र सब काममें श्रीविठ्ठलका सङ्ग रहे। तुका कहता है, गोविन्दसे यह अखिल काल सुकाल है।'

*　　*　　*

इन्द्रियांची हाव पुरे। परि हें उरे चिंतन॥

'इन्द्रियोंकी हवस मिट जाती है। पर यह चिन्तन सदा बना रहता है।'

*　　*　　*

काळ ब्रह्मानन्दें सरे। उरलें उरे चिंतन॥

'ब्रह्मानन्दसे काल समाप्त हो जाता है। जो कुछ रहता है वह चिन्तन ही रहता है।'

*　　*　　*

समर्पिली वाणी। पांडुरंगीं घेते धणी॥ १॥
धार अखंडित। ओघ चालियेला नित्य॥ २॥

'यह समर्पित वाणी पाण्डुरङ्गकी ही इच्छा करती है। इस रसकी धारा अखण्ड है, इसका प्रवाह नित्य है।'

*　　*　　*

बोलणेंचि नाहीं। आतां देवाविणें काहीं॥ १॥
एकसरें केला नेम। देवा दिले क्रोध काम॥ २॥

'अब भगवान्‌को छोड़ और कुछ बोलना ही नहीं है। बस, यही एक नियम बना लिया है। काम-क्रोध भी भगवान्‌को दे चुका।'

*　　*　　*

पवित्र तें अन्न। हरिचिंतनीं भोजन॥ १॥
तुका म्हणे चवी आलें। जेंका मिश्रित श्रीविठ्ठलें॥ २॥

'वही अन्न पवित्र है जिसका भोग हरि-चिन्तनमें है। तुका कहता है, वही भोजन स्वादिष्ट है जिसमें श्रीविठ्ठल मिश्रित हैं।'

कागलें भरतें। ब्रह्मानन्दाचें वरतें॥ १॥

तुका म्हणे वाट । भरली सांवळी नीट ॥ ४ ॥

ब्रह्मानन्दकी बाढ़ आ गयी । तुका कहता है यह अच्छा रास्ता मिला ।'

* * *

मुझमें इतनी बुद्धि नहीं जो मैं तुम्हारे उस ध्यानका वर्णन करूँ जिसका वर्णन करते-करते वेद भी मौन हो गये । अपनी मतिके अनुसार गढ़कर तुम्हारे सुन्दर चरणकमल चित्तमें धारण कर लिये हैं । तुम्हारा यह श्रीमुख ऐसा दीखता है जैसे सुखका ही रूप हुआ हो, इसे देख मेरी भूख-प्यास हर जाती है । तुम्हारे गीत गाते-गाते रसना मीठी हो गयी, चित्तको समाधान मिला । तुका कहता है, मेरी दृष्टि इन चरणोंपर, कुङ्कुमके इन सुकुमार पदोंपर लगी है ।

* * *

इसके समान सुख त्रिभुवनमें नहीं है, इससे मन यहीं स्थिर हो गया । तुम्हारे कोमल चरण चित्तमें धारण कर लिये, कण्ठमें एकावलि नाम-माला धारण की । काया शीतल हुई, चित्त पीछे फिरकर विश्रान्ति-स्थानमें पहुँच गया, अब वह आगे (संसारकी ओर) नहीं जाता है । तुका कहता है, मेरे सब हौसिले पूरे हुए । सब कामनाएँ श्रीपाण्डुरङ्गने पूरी कीं ।'

* * *

'नाम लेनेसे कण्ठ आर्द्र और शरीर शीतल होता है, इन्द्रियाँ अपना व्यापार भूल जाती हैं । यह मधुर सुन्दर नाम अमृतको भी मात करता है, इसने मेरे चित्तपर अधिकार कर लिया है । प्रेम-रससे शरीरकी कान्तिको प्रसन्नता और पुष्टि मिली । यह नाम ऐसा है कि इससे क्षणमात्रमें त्रिविध ताप नष्ट होते हैं ।'

यह नाम-स्मरण ऐसा है कि इससे श्रीहरिके चरण चित्तमें, रूप नेत्रोंमें और नाम मुखमें बस जाता है और यह जीवको हरि-प्रेमका

आनन्दामृत पान कराकर उसका जीवत्व हर लेता है, तब 'विठ्ठल ही रह जाते, हैं' अद्वयानन्दका भोग ही रह जाता है। तुकाराम स्वानुभवसे बतलाते हैं कि नाम-स्मरणसे वह चीज ज्ञात होती है जो अज्ञात है, वह दिखायी देने लगता है जो पहले नहीं देख पड़ता, वह वाणी निकलती है जो पहले मौन रहती है, वह मिलन होता है जो पहले चिरविरहमें छिपा रहता है और यह सब आप ही-आप होने लगता है।

तुका म्हणे जों जों भजनासी बळे।
अंग तों तों फळे सन्निधता॥

'तुका कहता है, भजनकी ओर चित्त ज्यों-ज्यों झुकता है त्यों-त्यों भगवत्सान्निध्यका पता लगता है।' पर यह अनुभव उसीको मिल सकता है जो इसे करके देखे। नामको छोड़ उद्धारका और कोई उपाय नहीं है, यह तुकारामजीने श्रीविठ्ठलनाथकी शपथ करके कहा है। कहनेकी हद हो गयी। अस्तु, तुकारामजीके तीन अभंग इस प्रसङ्गमें और देकर यह प्रकरण समाप्त करते हैं।

'विषयका निःशेष विस्मरण हो गया, चित्तमें ब्रह्मरस भर गया। मेरी वाणी मेरे वशमें न रही, ऐसा चसका उसे नामका लग गया। लाभकी अभिलाषा लिये वह मनके भी आगे चली, जैसे कृपण धनके लोभसे चलता है। तुका कहता है गङ्गासागर-सगममें मेरी सब उमङ्गें एकामयी हो गयीं।'

* * *

'प्रेमामृतसे मेरी रसना सरस हो गयी, और मनकी वृत्ति चरणोंमें लिपट गयी। सभी मङ्गल वहाँ आकर न्योछावर हो गये, आनन्द-जलकी वहाँ वृष्टि होने लगी। सब इन्द्रियाँ ब्रह्मरूप हो गयीं, उसीमें स्वरूप ढला।

तुका कहता है, जहाँ भक्त रहते हैं वहाँ भगवान् भी विराजते हैं, इसमें कोई सन्देह नहीं।'

*　　　*　　　*

अनन्त प्रकारके आनन्द हमारे अंदर समा गये। प्रेमका प्रवाह बहा नामनिर्घोष करने लगे। राम-कृष्ण नारायणरूप अखण्ड जीवनमें कोई खण्ड नहीं। तुका कहता है, इह-परलोक उसी जीवनके दो छोर हैं।

नामकी महिमा अनेकोंने अनेक कालोंमें गायी है। पर तुकारामजीने सबका मात कर दिया। तुकारामजीकी-सी अमृतरस-वर्षिणी अभंग कहीं नहीं मिलेगी। तुकारामजीके श्रीमुखसे सुमधुर गम्भीर नादके साथ बहनेवाली नाम-मन्दाकिनीमें सारा विश्व समा गया है। नामामृत-सेवनसे तुकारामजी-की रसना रसमयी हो गयी, सारी मनके आगे बढ़ चली, सब इन्द्रियाँ ब्रह्मरूप हो गयीं, तुकाराम और नाम एक हो गये। इन नाम-भक्तोंको छोड़कर भगवान् अन्यत्र कहाँ रह सकते हैं? भक्त, भगवान् और नामका त्रिवेणी-संगम हुआ। तुकारामजीका असीम नाम-प्रेम देखकर भगवान् मुग्ध हो गये और उन्हें तुकारामजीके सामने तुकारामजीने जिस रूपमें चाहा उसी रूपमें आकर प्रकट होना पड़ा। 'अच्युताचा योग नामकीर्तें' (नाम-के स्मरणसे अच्युतसे मिलन होता है।) यह उन्हींका वचन है और इसी वचनके अनुसार अच्युत भगवान्को नाम-रूप धारण करके तुकारामजीसे मिलने आना पड़ा। तुकारामजीको श्रीपाण्डुरङ्गका साक्षात् दर्शन हुआ, सगुण-साक्षात्कारका महाभाग प्राप्त हुआ। यह दिव्य चरित्र पाठक आगेके तीन प्रकरणोंमें देखेंगे। साधकोंकी इच्छा होनेपर साध्य आप ही साधकके पास चला आता है। कैसे सो पाठक चित्तको स्थिर करके देखें, भोग करें और स्वानन्दको प्राप्त हों।

नवाँ अध्याय

सगुण भक्ति और दर्शनोत्कण्ठा

१ तीन अध्यायोंका उपोद्घात

पिछले अध्यायमें यह देखा गया कि तुकारामजीने चित्त-शुद्धिके लिये कौन-कौन-से उपाय किये, किन साधनोंसे जीवात्मा-परमात्माके बीचका परदा हटाया, और कैसे अखण्ड नाम-स्मरणके द्वारा साधनोंकी परमावधि की। पहले कहे अनुसार सत्सङ्ग, सत्-शास्त्र और सद्गुरु-कृपा ये तीन मजिलें पार करके, अब साक्षात्कारकी चौथी मजिलपर पहुँचना है। 'बही-खाता डुबाकर, धरना देकर, तुकाराम बैठ गये, तब उस ध्यानावस्थामें 'नारायणने आकर समाधान किया' यह जो कुछ तुकारामजी कह गये हैं वही प्रसङ्ग अब हमलोग देखें। इस प्रसङ्गमें भक्तिमार्गकी श्रेष्ठता, सगुण-निर्गुण-विवेक, तुकारामजीकी सगुणोपासना, श्रीविट्ठलके दर्शनोंकी लालसा, इस लालसाके साथ भगवान्‌से प्रेम कलह, भगवान्‌से मिलनेकी छटपटाहट इत्यादि बातें बतलानी हैं। भगवान्‌के सगुण-दर्शन होनेके पूर्व भक्तके अन्तःकरणकी क्या हालत होती है यह हम इस अध्यायमें देख सकेंगे। इसके बादके प्रकरणमें तुकारामजीके प्राणप्यारे पण्ढरिनाथ श्रीविट्ठलभगवान्‌के स्वरूपका पता लगानेका प्रयत्न करना होगा। श्रीविट्ठलस्वरूपका बोध होनेपर उसके बादके प्रकरणमें वह दिव्य कथा-भाग हमलोग देखेंगे जिसमें रामेश्वर भट्टके कहनेसे तुकारामजीने बही-खाता डुबा दिया, तेरह दिन और तेरह रात श्रीविट्ठलके चिन्तनमें निमग्न होकर एक शिलापर पड़े रहे और फिर उन्हें श्रीविट्ठलके जगदुर्लभ दर्शन हुए। यथार्थमें ये तीनों

प्रकरण एक 'सगुणसाक्षात्कार' प्रसंगके अंदर ही आ सकते थे। पर साक्षात्कारका वास्तविक स्वरूप पाठकोंके ध्यानमें अच्छी तरह आ जाय इसके लिये एक प्रकरणके तीन प्रकरण करके इस विषयका साङ्गोपाङ्ग विचार करनेका संकल्प किया है। पहले दर्शनकी उत्कण्ठा, फिर जिनके दर्शनकी उत्कण्ठा है उन श्रीविठ्ठलनाथके स्वरूपकी ढूँढ़-खोज, और इसके पश्चात् अत्युत्कट भक्तिकी अवस्थामें उसी स्वरूपमें भगवान्के दर्शन, इस क्रमसे होनेवाली ये तीन बातें तीन प्रकरणोंमें क्रमसे ही ले जाती हैं। पाठक सावधान होकर ध्यान दें यह विनय करके अब हमलोग सगुण-साक्षात्कारके प्रकरणका पूर्व रंग देखना आरम्भ करें।

२ भक्ति-मार्गकी श्रेष्ठता

नर-जन्मकी सार्थकता भगवान्के मिलनेमें ही है। सन्तोंके मुखसे तथा शास्त्र-वचनोंसे यह जानकर मुमुक्षु भगवत्प्राप्तिका मार्ग ढूँढ़ता है। मार्ग तो अनेक हैं। मुमुक्षु यह सोचता है कि अपनी मनःप्रवृत्तिके लिये कौन-सा मार्ग सहज सुगम और अनुकूल है और जो मार्ग ऐसा दिखायी देता है उसीपर वह आरूढ़ होता है। भगवत्प्राप्तिके चार मार्ग मुख्य हैं— योग-मार्ग कर्म-मार्ग ज्ञान-मार्ग और भक्ति-मार्ग। श्रुति काण्डत्रयरूपिणी है अर्थात् कर्म उपासना और ज्ञान—ये तीन मार्ग बतानेवाली है और चौथा योग-मार्ग पतञ्जलि ऋषिने स्पष्ट करके बताया है। आजतक सहस्रों मुमुक्षु इन्हीं चार मार्गोंमेंसे अपनी सुगमता और प्रियताके अनुसार कोई-न-कोई मार्ग चुनकर उसपर चले हैं और कृतार्थ हुए हैं। साध्य एक ही है और वह परमात्मपद है। साधनोंमें सबने अपनी पसंदका उपयोग किया है। चारों मार्ग अच्छे हैं तथापि इस कलियुगके लिये शास्त्रकारोंने भक्ति-मार्गको ही श्रेष्ठ बताया है और सहस्रों संत-महात्मा भी यही कह गये हैं। भगवान् श्रीकृष्णने गीतामें और भागवतमें भी भक्ति-मार्गका उपदेश

मुख्यत. किया है। गीता और भागवत भक्ति-भवनके आधार स्तम्भ हैं। भगवान्ने गीतामें कर्म, ज्ञान और योग इन तीनों मार्गोंको भक्ति मार्गमें ही लाकर मिला दिया है। भगवान्ने अर्जुनको अपना जो विश्वरूप दिखाया वह 'न वेदयज्ञाध्ययनैर्न दानैर्न च क्रियाभिर्न तपोभिरुग्रैः' (अ० ११।४८) चारों वेदोंके अध्ययनसे, यथाविधि यज्ञोंके अध्ययनसे, दानसे, श्रौतादि कर्मोंसे या घोर तपादि साधनोंसे कोई भी नहीं देख सका था, वह केवल अर्जुनकी भक्तिसे ही भगवान्ने प्रसन्न होकर दिखाया। भगवानकी भक्तिसे ही भगवान्का रूप दिखायी देता है। गीताके उपसंहारमें भी भगवान्ने जो 'गुह्याद्गुह्यतरं ज्ञानम्' बताया वह भी यही था कि—

तमेव शरणं गच्छ सर्वभावेन भारत।

सबके हृदयमें जो विराजते हैं उन ईश्वरकी शरणमें जानेका ही यह उपदेश है और सब कुछ कह चुकनेके पश्चात् 'सर्वगुह्यतमं भूयः' कहकर जो अन्तिम मधुर और अर्जुनके मुँहमें और अर्जुनके निमित्तसे सबके मुँहमें डाला है वह मधुरतम भक्ति-रसका ही है—

'मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु।'
'सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।'
'अनित्यमसुखं लोकमिमं प्राप्य भजस्व माम्॥'

अर्थात् यह लोक अनित्य है, दुःखका देनेवाला है, यहाँ आकर मेरा भजन करो। यही गीताका उपदेश है। यही गीताका रहस्य है। सब संतोंने भगवद्वचनको सामने रखकर स्वानुभवसे भूतहितके लिये इसी भक्ति मार्गका निर्देश किया है। तुकारामजीका हृदय भक्तिके अनुकूल था और भागवत-सम्प्रदायके सत्सङ्गसे उनकी भक्ति प्रवण चित्त-वृत्ति और भी भक्तिमय हो गयी। उनका यह विश्वास अत्यन्त दृढ हो गया कि भगवान् भक्तिसे ही मिलेंगे और उससे हम कृतकृत्य होंगे। 'भगवान्में निष्काम

निश्चल विश्वास हो, औरोंकी कोई आस न हो।' उन्हें यह निश्चय कैसे हुआ यह हम उन्हींकी वाणीसे सुनें—

योगाभ्यास करना अच्छा है पर योग-साधनकी क्रिया मैं नहीं जानता, और उसकी सामर्थ्य भी मुझमें नहीं है। और फिर मुख्य बात यह है कि भगवान्‌के सिवा मेरे चित्तमें और कुछ भी नहीं है।

'योगाभ्यास करनेकी सामर्थ्य नहीं, साधनकी क्रिया मालूम नहीं। अन्तरङ्गमें केवल तुमसे मिलनेका प्रेम है ... ।'

दूसरी बात यह कि 'भाविक भेद' जो जानता है 'उसके द्वारपर यह महासिद्धियाँ सेवा करती हैं भागो कहनेसे भी नहीं जातीं।' योगकी सिद्धियाँ भक्त न भी चाहे तो भी उसके अंदर आकर बैठ जाती हैं। जब यह बात है तब योगाभ्यास आरम्भ करनेकी आवश्यकता ही क्या रही? 'योग-भाग्य अपनी सब शक्तियोंसमेत आप ही, घर बैठे, चला आता है।' अस्तु, योगकी केवल क्रिया करनेसे चित्त-शुद्धि नहीं होती। ऐसे किसी योगीके पास जाइये तो 'वह मारे क्रोधके गुर्राते ही' दिखायी देते हैं! सच्चा योग तो जीव-परमात्म-योग है—भक्त-भगवान्‌का ऐक्य है जो भक्तियोगसे सिद्ध होता है।

अन्य मार्ग उन युगोंके लिये ठीक थे पर कलियुगमें तो भक्ति-मार्ग ही सबसे अधिक कल्याणकारक है। कर्म-मार्गके विधि-विधान ठीक समझमें नहीं आते और उनका आचरण तो और भी कठिन है।

'सब रास्ते बेकार हो गये कलिमें कोई साधन नहीं बनता। उचित विधि-विधान समझमें नहीं आता और हाथसे तो होता ही नहीं।'

भक्ति-पन्थ सबसे सुगम है। इस पन्थमें सब कर्म श्रीहरिको समर्पित

होते हैं, इससे पाप-पुण्यका दाग नहीं लगता और जन्म-मृत्युका बन्धन कट जाता है।

'भक्ति-पन्थ बड़ा सुलभ है। यह पाप-पुण्योंका बल हर लेता है, इससे आने-जानेका चक्कर छूट जाता है।'

और फिर यह भी बात है कि योग या ज्ञान या कर्मके मार्गपर चलनेवालेको अपने ही बलपर चलना पड़ता है। भक्तिमार्गमें यह बात नहीं। इस मार्गपर चलनेवालेके सहाय स्वय भगवान् होते हैं।

उभारोनि बाहे। विठो पालवीत आहे।
दासा मीच साहे। मुखें बोले आपुल्या ॥ २ ॥

'दोनों हाथ उठाकर भगवान् पुकारकर कहते हैं कि मेरे जो भक्त हैं उनका मैं ही सहाय हूँ।' 'न मे भक्तः प्रणश्यति' (गीता ९ । ३१) 'तेषामह समुद्धर्ता मृत्युससारसागरात्' (गीता १२ । ६) यह भगवान्‌ने स्वयं ही कहा है। तात्पर्य, भक्तिमार्ग सबसे श्रेष्ठ मार्ग है। अन्य उपाय हैं पर उनके अनुपान कठिन हैं। और भक्तिमार्ग ही ऐसा मार्ग है कि जीव अनन्यभावसे भगवान्‌की शरणमें जब जाता है तब भगवान् उसे (गोदमें) उठा लेते हैं। मन्त्र, तन्त्र, जप, तप, व्रत—ये सब विकट मार्ग हैं, इनमें सफलता अनिश्चित है।

तपें इंद्रिया आघात। क्षणें एक वाताहात ॥ ३ ॥
मंत्र चळे थाडा। तरी घडचि होय वेडा ॥ ४ ॥
व्रतें करिता साग। तरी एक चुकता भग ॥ ५ ॥

* * *

तैसी नव्हे भोळी सेवा। एक भावचि कारण देवा ॥ २ ॥

'तपसे इन्द्रियोंपर आघात होता है, एक क्षणमें न जाने क्या हो

जाय । मन्त्रमें यदि जरा भी इधर उधर हो गया कि मन्त्र-पाठ करनेवाला आदमी भी पागल हो जाय । साङ्ग व्रत करने पर यदि एक भी भूल हुई तो सब गुड़ गोबर हो जाय ।' ● ● ● पर यह भोली-भाली सेवा ऐसी नहीं है, इसमें तो भगवान्‌को बस, हृदयका भाव चाहिये ।

इससे कोई यह न समझे कि तुकारामजी मन्त्र, जप, तपादिको बुरा बतलाते हैं । इनमें कुछ भी बुरा नहीं है । ये साधन भी भगवान्‌में चित्त लगाकर किये जायँ तो ये भक्तिरूप ही हैं । ओवी-सदृश अभङ्गोंमें उन्होंने कहा है—

करा जप तप अनुष्ठान याग । संतीं जे मारग सांगितले ॥
सत्य मानूनियां संतांच्या वचना । जारे नारायणा शरण तुम्ही ॥

'जप करो, तप करो, अनुष्ठान करो, यज्ञ-याग करो। संतोंने जो-जो मार्ग बतलाये हैं उन सबको पकड़ो । संतोंके वचनोंको सत्य मानकर तुम-लोग नारायणकी शरणमें जाओ ।'

ज्ञान-मार्ग देखिये तो दुर्लभ ज्ञानकी बातें करना चाहे सुलभ हो पर इससे अनुभव तो कुछ भी नहीं होता ।' शुद्ध ज्ञान तो अत्यन्त दुर्लभ है । किसी भी वासनाका छूत न लगा हो, ऐसा शुद्ध ज्ञान जब मैं ढूँढ़ने चला तब यह देखा कि ज्ञानकी पीठपर प्रायः अहङ्कारका भूत सवार रहता है । इसलिये आठों पहर चिन्तनमें ही सुलभ जानकर मैंने भक्तका मार्ग ही स्वीकार किया ।

मनोवाणीसे अतीत जो तुम्हारा स्वरूप है वह, जीवके ध्यानमें कैसे उतरे, इसका विचार करते हुए तुकाराम कहते हैं इन देहके द्वारा योग याग तप करनेसे या ज्ञानके पीछे पड़नेसे तुम नहीं मिलते, इसलिये भोली-भाली भक्तिके द्वारा तुम्हारी सेवा करनेमें ही कल्याण है' यही मैंने निश्चय किया । भक्तके नाते मैं भगवान्‌का नाता हूँ, और किसी नातेसे भगवान् नहीं

नापे जा सकते ।' भगवान् अनन्त हैं, उनका अन्त, उनका पार वेदोंसमेत कोई भी नहीं पा सका; योग, ज्ञान, कर्म उसे नहीं जान सके, इसलिये मैंने भक्तिको ही पकड़ा है ।

'ज्ञातापनसे मैं बहुत डरता हूँ'—ज्ञानसे ज्ञानका अभिमान कहीं सिर-पर न चढ बैठे, इस भयसे मैंने ज्ञानका मार्ग ही छोड़ दिया । मुझे प्रेम-निर्झर चाहिये, तुम्हारी भक्तिका रस चाहिये । इस प्रेमामृतकी—इस भक्ति-रसकी बराबरी और कौन कर सकता है ?

> यासी तुळे ऐसे काहीं । दुजें त्रिभुवनीं नाहीं ।
> काला भात दही । ब्रह्मादि कां दुर्लभ ॥ २ ॥

'त्रिभुवनमें कोई दूसरी चीज ऐसी नहीं जिसकी इसके साथ तुलना की जा सके । हरि-कीर्तनके इस दही और भातके कौंदौका जो आनन्द है वह ब्रह्मादिके लिये भी दुर्लभ है ।' फिर तुकारामजी कहते हैं, आजतक अद्वैत-ज्ञानकी बातें मैंने बहुत कह डालीं पर हे प्यारे पण्ढरिनाथ ! तुम भगवान् हो और मैं भक्त हूँ, यह जो नाता है यह कभी न टूटे और भक्तिका रंग कभी फीका न पड़े यही तुम्हारे चरणोंमें मेरी विनती है ।

> तुका म्हणे हेंचि देई । मीतूपणा खंड नाहीं ॥
> बोलिलों त्या नाहीं । अभेदाची आवडी ॥ ४ ॥

'तुका कहता है, मुझे बस यही दो कि तुम तुम बने रहो और मैं मैं बना रहूँ, इसमें खण्ड न पड़े । जिस अभेदको मैंने बखाना उसमें मेरी रुचि नहीं है ।'

३ कर्म-ज्ञान-योग भक्तिमें समाये

'अभेदकी रुचि नहीं' यह बात तुकारामजीने अभेदको अनुभव किये बिना कदापि न कही होगी । भक्तिका आसन नीचा और ज्ञानका

आसन ऊँचा ज्ञानमार्गी लोग भले ही कहा करें, पर ज्ञानेश्वर, एकनाथ, तुकाराम जैसे ज्ञानी भक्त 'मुक्तिके परेकी भक्ति' अर्थात् परा-भक्तिका ही आनन्द केवल ज्ञानानन्दसे अधिक मानते हैं। मोक्षकी हमें इच्छा नहीं, उसे हमने गठरीमें गठिया रखा है, भक्त मोक्ष नहीं चाहते, मोक्ष हमारे द्वारका खिलौना है, मोक्ष भक्तोंके द्वारपर भिक्षुक बनकर भिक्षा पानेके लिये खड़ा है इत्यादि उद्गार तुकारामजीके मुखसे अनेक बार निकले हैं, पर इसका यह मतलब नहीं है कि मोक्षसे उनका कुछ बैर था। मोक्ष तो सहज स्थिति है, इसका निश्चय होनेपर ही उन्होंने भक्तिके आनन्दकी इतनी महिमा बखानी है। ज्ञानसम्मिश्र भक्ति या ज्ञानोत्तर-भक्ति—या कहिये परा-भक्ति—ज्ञानके द्वारा स्वरूपबोध होनेके पश्चात्‌की ही स्थिति है। इस स्थितिको प्राप्त होनेपर ही तुकारामजीने भक्तिके परमानन्दका सुख-विलास-भोग करनेकी इच्छा की। तुकारामजी-जैसे महाभागवत परम भक्तोंने योग, ज्ञान और कर्मके मार्गोंको तिरस्कृत नहीं किया है। ये सब मार्ग उत्तम हैं पर भक्ति-मार्गपर चलनेसे इन सब मार्गोंपर चलनेका फल मिल जाता है और भक्तिका अलौकिक आनन्द भी प्राप्त होता है। योग कहते हैं चित्त वृत्ति-निरोधको और इसका उपाय पातञ्जलयोगमें ही 'ईश्वरप्रणिधानाद्वा'* भी कहा है। ईश्वरप्रणिधानके द्वारा तुकारामजीकी चित्तवृत्तियोंका कितना निरोध हुआ था यह देखा जाय तो तुकारामजी योगी नहीं थे, यह कौन कह सकता है! इसी प्रकारसे सङ्ग और फलाशा छोड़कर कर्म करना

* इस सम्बन्धमें तुकारामजीका अभंग है—

योगाचें तें भाग्य क्षमा । आधीं दमा इन्द्रियें ॥ १ ॥

अवघीं भाग्यें येती घरा । देव सोयरा जालिया ॥ २ ॥

'योगका भाग्य है क्षमा । इसके लिये पहले इन्द्रियोंका दमन करो । भगवान्‌को अपना लो तो सब भाग्य घर बैठे चले आवेंगे।'

ही यदि निष्काम कर्मयोगका सार है तो केवल भगवान्‌को प्रसन्न करनेके लिये कर्म करनेवाले तुकाराम कर्मयोगी नहीं थे, यह भी कोई कह सकता है ? जीव-परमात्मा-योग ही यदि ज्ञान-योगका अन्तिम साध्य है तो 'तुका विठ्ठल दुजा नाहीं' (तुका और विठ्ठल दो नहीं हैं।) यह अनुभव बतलानेवाले, ज्ञानके इस शिखरपर पहुँचे हुए तुकाराम ज्ञानी नहीं थे, यह भी कौन कह सकता है ? तात्पर्य, कर्म, ज्ञान और योगका भक्तिसे कोई विरोध नहीं। ये शब्द अलग-अलग हैं और भगवान्‌से इनका अलगाव हो तो ये मार्ग भी अलग-अलग हो जाते हैं, पर यथार्थमें ये सब मार्ग एक ही अनुभवके निदर्शक हैं। तुकाराम योगी थे, कर्मी थे और ज्ञानी थे और सबसे बड़ी बात यह कि यह सब होते हुए वह परम भक्त थे। इसी कारण उनके चित्त और वाणीमें इतना गाढा प्रेमरंग भरा हुआ है। इस भक्तिका स्वरूपवर्णन शब्दोंद्वारा नहीं हो सकता। प्रेमका स्वरूप अनिर्वचनीय है।

'प्रेम नये बोलता सांगता दाविता । अनुभव चित्ता चित्त जाणे ॥

'प्रेम बोला नहीं जा सकता, बताया नहीं जा सकता, उठाकर हाथपर रखा नहीं जा सकता। यह चित्तका अनुभव है, चित्त ही जान सकता है।' कर्म-ज्ञान-योगको जिस भक्तिसे पूर्णता प्राप्त होती है, जिससे कर्म, ज्ञान, योग सार्थक होते हैं, वह भक्ति—वह प्रेम तुकारामजीके हृदयमें परिपूर्ण था। 'हेंचि माझें तप' अभङ्गमें उन्होंने यह बताया है कि भगवान्‌का चिन्तन करना, उनका नाम लेना, उनके रूपमें तन्मय हो जाना ही मेरा तप है, यही मेरा योग, यही मेरा यज्ञ, यही मेरा ज्ञान, यही मेरा जप-ध्यान, यही मेरा कुलाचार और यही मेरा सर्वस्व है। कर्मके 'आदि, मध्य, अन्तमें' भगवान्‌का अखण्ड चिन्तन ही उन्होंने अपना स्वधर्म बताया है। कर्म-ज्ञान-योगमें जो-जो कमी हो उसकी पूर्ति हरि-प्रेमसे हो जाती

है इसलिये भक्ति-योग ही सबसे श्रेष्ठ योग है। तुकारामजीने आजन्म भक्ति-सुख-भोग किया और भक्तिका डंका बजाकर भक्तिकी महिमा गायी, भक्तिका ही प्रचार किया। नारायण भक्तिके वश होते हैं।

प्रेम सूत दोरी। नेतो तिकडे जातो हरी॥

'प्रेम-सूत्रकी डोरसे जिधर ले जाते हैं उधर ही भगवान् जाते हैं।' भक्ति-मार्गको श्रेष्ठ माननेके जो कारण तुकारामजीने बताये हैं वो सम्भव है कि किसी-किसीको वे न जँचें। ऐसे जो लोग हों उन्हें तुकारामजी यह उत्तर देते हैं कि 'यह मार्ग मुझे रुचा इसलिये मैंने इसे स्वीकार किया।' 'मत तो जहाँ-तहाँ बिखरे पड़े हैं, मेरे लिये जो उपयुक्त थे उन्हींको मैंने उठा लिया। भिन्न-भिन्न रुचिके लोग हैं, उनके साथ हम कहाँ-कहाँ नाचते फिरें! अच्छा तो यही है कि अपना जो विश्वास हो उसीका यत्न करें — अपनी ईश्वर-निष्ठा बनाये रखे, दूसरोंके रास्ते न जाय। भक्ति-सुख कभी बासी होनेवाला नहीं, उसका सेवन नित्य-नया स्वाद और सुख देनेवाला है।

'भक्ति-प्रेम-सुख औरोंसे नहीं जाना जाता, चाहे वे पण्डित बहुपाठी या ज्ञानी हों। आत्मनिष्ठ जीवन्मुक्त भी हों तो भी उनके लिये भी भक्ति-सुख दुर्लभ है। तुका कहता है कि नारायण यदि कृपा करें तो ही यह रहस्य जाना जा सकता है।

४ सगुण-निर्गुण-विवेक

संतोंका सिद्धान्त यही है कि सगुण-निर्गुण एक है। तथापि उन्होंने भक्तिकी महिमा बहुत बखानी है। अद्वैतमें द्वैत और द्वैतमें अद्वैत है जो निर्गुण है वही सगुण है और जो सगुण है वही निर्गुण है, यही निश्चय और स्वानुभव होनेसे उभयविध आनन्द उनकी वाणीमें भरा हुआ है। संत

द्वैतवादी नहीं और अद्वैतवादी भी नहीं, वे द्वैताद्वैतशून्य शुद्ध ब्रह्मके साथ समरस बने रहते हैं। ज्ञानेश्वर महाराजने कहा है, तुम्हें सगुण कहें या निर्गुण? सगुण-निर्गुण दोनों एक गोविन्द ही तो हैं।' तुकारामजीने भी वही कहा है—

सगुण निर्गुण जयाचीं हीं अंगें। तोचि आम्हासंगें क्रीडा करी॥

'सगुण और निर्गुण दोनों जिसके अङ्ग हैं वही हमारे सङ्ग खेला करता है।' जो निर्गुण है वही भक्तजनोंके लिये अपना निर्गुण भाव छोड़े बिना सगुण बना है। परब्रह्म तो मन वाणीके अतीत है, ऐसा नहीं है 'जो अक्षरोंमें दिखायी दे या कानोंसे सुन पड़े' ज्ञानेश्वर महाराज कहते हैं, 'वहाँ पहुँचनेसे पहले शब्द लौट आते हैं, सकल्पकी आयु समाप्त हो जाती है, विचारकी हवा भी वहाँ नहीं चलती। वह उन्मनावस्थाका लावण्य है, तुर्याका तारुण्य है, वह अनादि अगण्य परमतत्त्व है। विश्वका वह मूल है और योगद्रुमका फल है, वह केवलानन्दका चैतन्य है। वहाँ आकारका प्रान्त और मोक्षका एकान्त, आदि और अन्त सबका लय हो जाता है। वह महाभूतोंका बीज और महातेजका तेज है। वही हे अर्जुन! मेरा निजस्वरूप है।' (ज्ञानेश्वरी अ० ६। ३१९—३२३) ऐसा जो अचिन्त्य, अरूप, अनाम, अगुण, सर्वरूप सर्वगत परमात्मतत्त्व है वही निराकार, निर्विकार, निर्गुण परब्रह्मस्वरूप 'चतुर्भुज होकर प्रकट हुआ जब नास्तिकोंने भक्तोंको सताना आरम्भ किया; उसीकी शोभा इस रूपको प्राप्त हुई है।' (ज्ञानेश्वरी अ० ६। ३२४) 'हुआ है' या 'हुई है' कहना भी कुछ खटकता ही है। 'हुआ है' नहीं, बल्कि वह वही 'है'।

'योगी एकाग्र दृष्टि करके जिसकी झलक पाते हैं वह हमें अपनी दृष्टिके सामने दिखायी देता है। सुन्दर श्याम अङ्ग कान्तिकी प्रभा छिटकाते हुए

यहाँ कटिपर कर धरे सामने खड़े हैं। तुका कहता है, यह अभेद ही भक्तिसे प्रसन्न होकर निज कौतुकसे खेल रहा है।'

भगवान् स्वयं कहते हैं 'ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाहम्' (गीता १४। २७) अर्थात् मेरे अतिरिक्त ब्रह्म और कुछ नहीं है (ज्ञानेश्वरी)। 'सगुण ही निर्गुण है और गुण ही अगुण है ऐसा विलक्षण श्रीहरिका स्वरूप है, इसलिये ध्यानमें मनमें 'राम-कृष्ण' की ही भावना भक्ति किया करते हैं। स्वयं भगवान्ने ही गीताके बारहवें अध्यायमें बताया है कि अव्यक्तकी उपासना मोक्षकी देनेवाली है पर उसमें कष्ट बहुत है (क्लेशोऽधिकतरस्तेषाम्) और व्यक्तकी उपासना सुलभ और श्रेष्ठ है। 'व्यक्त और अव्यक्त—दो तुम्हीं एक निर्धारित' अर्थात् एकके ही ये दो रूप हैं, दोनों मिलकर एक ही हैं, पर भक्त भक्ति-सुखके लिये व्यक्तकी ही उपासना करते हैं। अव्यक्त अर्थात् निर्गुण-निराकार, निरुपाधिक, विश्वरूप ब्रह्म। व्यक्त अर्थात् सगुण-साकार सोपाधिक राम कृष्णादि रूप। भगवान् शङ्कराचार्यने व्यक्ताव्यक्तका विवरण इस प्रकार किया है कि अव्यक्त वह जो किसी भी प्रमाणसे व्यक्त न किया जा सके (न केनापि प्रमाणेन व्यज्यते) और व्यक्त वह जो इन्द्रिय-गोचर हो। व्यक्तकी उपासना सुलभ, सुखकर और सुसाध्य होनेके साथ मोक्षरूप फल देनेके साथ साथ भक्ति-प्रेमानुभवका आनन्द भी देनेवाली है। आचार्य उपासनाका लक्षण बतलाते हैं, 'यथाशास्त्रमुपास्यस्य सामीप्यमुपगम्य तैलधारावत्समानप्रत्ययप्रवाहेण दीर्घकालं यदासनं तदुपासनम्' अर्थात् 'सतत समानरूपसे गिरनेवाली तैल-धाराके समान एकाग्र होकर उपास्यकी ओर दीर्घकालतक लगे रहना ही उपासना है। देहवान् जीवोंके लिये व्यक्तकी उपासना ही सुखकर होती है। विश्वरूप देखकर भी अर्जुन चतुर्भुज सौम्य श्रीकृष्णरूप देखनेके लिये लालायित हो उठे—'किरीटिनं गदिनं चक्रहस्तमिच्छामि त्वां द्रष्टुमहं तथैव।'

'उपनिषदोंकी जिससे भेंट नहीं हुई' उस विश्वरूपको देखकर अर्जुन कहते हैं—

'विश्वरूपके ये जलसे देखकर नेत्र तृप्त हो गये, अब ये कृष्णमूर्ति देखनेके लिये अधीर हो उठे हैं। उस साकार कृष्णरूपको छोड़ इन्हें और कुछ देखनेकी रुचि नहीं, उस रूपको देखे बिना इन्हें कुछ अच्छा नहीं लगता। भुक्ति-मुक्ति सब कुछ हो पर श्रीमूर्तिके बिना उसमे कोई आनन्द नहीं। इसलिये इस सबको समेटकर अब तुम वैसे ही साकार बनो।' (ज्ञानेश्वरी ११—६०४—६०६)

सब भक्तोंकी चित्त-वृत्ति ऐसी ही होती है। यदि कोई कहे कि अव्यक्त सर्वव्यापक है और व्यक्त तो एकदेशीय है तो ज्ञानेश्वर महाराज बतलाते हैं कि सोनेका छड़ हो या एक रत्ती ही सोना हो दोनोंमें सोनापन तो समान ही है अथवा अमृतका कुम्भ हो या एक घूँट अमृत हो, दोनोंमें अमृतका गुण तो एक ही है, वैसे ही विश्वरूप और चतुर्भुज दोनों ही जीवको अमर करनेके लिये एक-से ही हैं। गीताके बारहवें अध्यायमें स्वय निज-जनानन्द जगदादिकन्द भगवान् श्रीमुकुन्दने ही कहा है कि व्यक्तकी उपासना ही श्रेयस्कर है। एकनाथ महाराजने भागवतमें (स्कन्ध ११ अध्याय ११ श्लोक ४६ की टीकामें) कहा है कि सगुण-निर्गुण दोनों समान हैं तो भी निर्गुणका बोध होना कठिन है, मन, बुद्धि और वाणीके लिये वह अगम्य है, वेद-शास्त्रोंको उसकी पहचान नहीं है, पर सगुणकी यह बात नहीं। सगुणका स्वरूप देखते ही भूख-प्यास भूल जाती है और मन प्रेममय हो जाता है। सोना और सोनेके अलकार एक ही चीज हैं, पर सोनेकी एक ईंट नववधूके गलेमें लटका दी जाय तो क्या वह भली मालूम होगी? या उसी सोनेके विविध अलकार उसके अङ्ग-प्रत्यङ्गपर शोभा दे सकेंगे? इनमेंसे शोभा किसमें है? दूसरी बात यह कि घी पतला हो या जमा हुआ

हो, है वह घी ही। पर पतले घीकी अपेक्षा जमा हुआ दानेदार घी ही जीभपर रखनेसे स्वादिष्ट मालूम होता है। इसी प्रकार 'निर्गुणके समान ही सगुणको समझो और उसका आनन्द अनुभव करो। भगवान्‌के सगुण-ध्यान-भजन-पूजनमें जो परम आनन्द है वह अन्य किसी साधनसे मिलनेवाला नहीं। सगुण-भजनके द्वारा अद्वैत आप ही सिद्ध होता है। समर्थ रामदास स्वामीने कहा है 'रघुनाथभजनसे मुझे ज्ञान हुआ।' 'भक्त्या मामभिजानाति' यह भगवान्‌ने भी कहा है। इस सम्बन्धमें एकनाथ महाराजने बड़ा उत्तम सिद्धान्त बताया है जो सदा ध्यानमें रखना चाहिये—

> दीपकलिका हातीं चढे। तें घरामीतरी प्रकाश सांपडे॥
> माझी मूर्ति जे ध्यानीं जडे। तें चैतन्य आतुडे सर्वांगीं॥

'दीपक हाथमें ले लेनेसे घरमें सब जगह उजाला हो जाता है। वैसे ही मेरी मूर्ति जब ध्यानमें बैठ जाती है तब समग्र चैतन्य हाथमें आ जाता है।'

भगवान्‌की मूर्तिका दर्शन, स्पर्शन, भजन-पूजन, कथा-कीर्तन, ध्यान-चिन्तन करते रहनेसे जिस उपास्य देवकी वह मूर्ति है वह उपास्य देव ध्यानमें बैठकर चित्तपर खेलने लगते हैं, स्वप्न देकर आदेश सुनाते हैं, ऐसी प्रतीति होती है कि वह पीठपर हैं और उनका प्रेम बढ़ता जाता है, तब उनसे मिलनेके लिये जी छटपटाने लगता है, तब प्रत्यक्ष दर्शन भी होते हैं और यह अनुभूति होती है कि वह निरन्तर हमारे समीप हैं, और अन्तमें यह अवस्था आती है कि अंदर-बाहर वही हैं और वही सब भूतोंके हृदयमें हैं, उनमें और मुझमें और कोई नहीं, मेरे अंदर वही हैं और मैं भी वही हूँ। तब सगुण-निर्गुणका कोई भेद नहीं रहता, सगुण भक्तिमें ही निर्गुणानुभव होता है और सब भेद-भाव मिट जाते

हैं । ऐसे समरस हुए भक्त भक्तिका आनन्द लूटनेके लिये भगवान् और भक्तका द्वैत केवल मनकी मौजसे बनाये रहते हैं। ऐसे भक्तको देखिये तो उसका कर्म भक्तका-सा होता है पर स्वय परमात्मा ही होता है यह देखनेवाले देख लेते हैं। इसी अभिप्रायसे तुकारामजीने यह कहा है कि–

अभेदूनि भेद राखियेला अगीं। वाढावया जगीं प्रेमसुख ॥

'अभेद करके भेदको बना रक्खा, इसलिये कि ससारमें प्रेमसुखकी वृद्धि हो।' महाराष्ट्रके सभी सत ऐसे ही हुए जिन्होंने सगुणमें निर्गुण और निर्गुणमें सगुण, द्वैतमें अद्वैत और अद्वैतमें द्वैत देखा और देखकर तदाकार हुए। आप उन्हें द्वैती कहें तो कोई हर्ज नहीं, अद्वैती कहे तो भी कोई उजुर नहीं। सगुणोपासक भी कह सकते हैं और निर्गुणानुभवी भी कह सकते हैं, क्योंकि वे हैं ऐसे ही जो अद्वैतानुभवमे द्वैत-सुखका भी आनन्द लिया करते हैं। अद्वैत और भक्तिका समन्वय करनेवाला ही तो यह भागवतधर्म है। ज्ञानेश्वर, समर्थ और तुकाराम तीनोंका अनुभव एक-सा ही है।

(१) ज्ञानेश्वर महाराज कहते हैं–

हवाको हिलाकर देखनेसे वह आकाशसे अलग जान पड़ती है, पर आकाश तो ज्यों-का-त्यों ही रहता है। वैसे ही भक्त शरीरसे कर्म करता हुआ भक्त-सा जान पड़ता है पर अन्तःप्रतीतिसे वह भगवत्स्वरूप ही रहता है। (ज्ञानेश्वरी अ० ७–११५, ११६)

(२) समर्थ रामदास स्वामी कहते हैं–

देहको उपासना लगी रहती है पर विवेकतः उसका आपा नहीं रहता। सतोंके अन्तःकरणकी ऐसी स्थिति होती है। (दासबोध दशक ६ समास ७)

(३) तुकाराम महाराज कहते हैं—

> आधीं होता संतसंग । तुका झाला पांडुरंग ॥
> त्याचें भजन राहीना । मूळ स्वभाव जाईना ॥

'पहले सत्सङ्ग था । पीछे तुका स्वयं ही पाण्डुरङ्ग हो गया । पर इस अवस्थामें भी उसका भजन नहीं छूटता; जिसका जो मूल स्वभाव है वह क्यों जायगा ?'

इन तीनों उद्धारोंसे यही स्पष्ट होता है कि शुद्ध ब्रह्मज्ञान और निष्ठायुक्त भजन दोनोंका पूर्ण एकत्र भक्तमें होता है। भक्तिका अद्वैतसे कोई झगड़ा नहीं यही नहीं बल्कि उनकी एकरूपता है। द्वैताद्वैत, सगुण निर्गुण, भगवान् और भक्त, जीव और ब्रह्म ये सब भेद केवल समझके हैं, वस्तुतः ये नहीं हैं। इसलिये साधु-संतोंने जिस भावसे सगुणोपासनाकी महिमा बखानी है उसी भावसे हमलोग भी सगुण-प्रेमकी कथा श्रवण करनेके लिये प्रस्तुत हों। तुकारामजीने भगवान्से विनोद किया है, कहीं स्तुतिके साथ-साथ व्याजसे निन्दा भी की है, विलक्षण कल्पनाएँ की हैं, प्रेमसे गालियाँ भी सुनायी हैं अवश्य ही मूलतः भगवान्के साथ अपना जो ऐक्य है उसे भूलकर ये गालियाँ न दी होंगी। महाराष्ट्रके सभी संतोंके समान तुकारामजीको अद्वैत सिद्धान्त सर्वथा स्वीकार था, यह बात जिनके ध्यानमें नहीं आती उन्हें इस बातका बड़ा आश्चर्य होता है कि तुकारामजीने भगवान्से इतनी घनिष्ठता कैसे बरती। सिद्धान्त अद्वैतका और मजा भक्तिका यही तो भागवतधर्मका रहस्य है। इसे ध्यानमें रखते हुए अब हमलोग सगुणभक्तिका आनन्द लेनेके लिये तुकारामजीका संग करें।

५ विट्ठल-शब्दकी व्युत्पत्ति

विठ्ठल-शब्दकी व्युत्पत्ति विदा ज्ञानेन ठान् शून्यान् लाति गृह्णाति

विट्ठलः' अर्थात् ज्ञानशून्य याने भोले-भाले अज्ञजनोंको जो अपनाते हैं वही विट्ठल है, यह व्याख्या विट्ठल शब्दकी 'धर्मसिन्धु' कार काशीनाथ बाबा पाध्येने की है। तुकारामजीके अभंगका एक चरण है—'वीचा केला ठोवा। म्हणोनि नाव विठोबा ॥' ('वी' का ठोवा (वाहन) किया, इसलिये नाम विठोबा हुआ।) 'वी' याने पक्षी—गरुड़, गरुड़को जिसने अपना वाहन बनाया उसका नाम विट्ठल हुआ। कुछ लोग ऐसा भी अर्थ करते हैं कि वी (विद्) याने ज्ञान उसका 'ठोवा' याने आकार अर्थात् ज्ञानका आकार, ज्ञान-मूर्ति, परब्रह्मकी सगुण साकार मूर्ति। व्युत्पत्ति-शास्त्रसे 'विष्णु' से 'विठु—विठोबा' होता है। प्राकृत भाषाके व्याकरणमें 'विष्णु' का 'विठु' रूप होता है। जैसे मुष्टिसे मूठ (मुट्ठी), पृष्ठसे पाठ (पीठ)' वैसे ही 'विष्णु' से 'विठु' हुआ। 'ल' प्रत्यय प्रेमसूचक है और 'वा' आदरसूचक। कोई विट्ठलको 'विटस्थल' याने वीट (ईंट) जिसका स्थल है याने जो ईंटपर खड़ा है ऐसा भी अर्थ लगाते हैं। सफेद मिट्टी होनेसे उस स्थानको पण्ढरपुर कहते हैं, वहाँ ईंटके भट्ठे रहे होंगे। पुण्डलीकने भगवान्‌के बैठनेके लिये उनके सामने जो ईंट रख दी, इसका कारण भी यही हो सकता है कि चारों ओर ईंटके भट्ठे होनेसे जहाँ-तहाँ ईंटें पड़ी रहती होंगी और लोग बैठनेके लिये भी उनका उपयोग करते होंगे। विठोबा शब्दका धात्वर्थ कुछ भी हो, पर विठोबा कहनेसे पण्ढरीमें ईंटपर खड़े भगवान् श्रीकृष्णकी मूर्तिका ही ध्यान होता है। श्रुतिने परमात्माका 'ॐ' नाम रखा, उसी प्रकार भक्तोंने उन्हीं परमात्मा-के व्यक्त रूपको—श्रीकृष्णको—'विट्ठल' नाम प्रदान किया है। ज्ञानेश्वर महाराजने 'ॐ तत्सदिति निर्देश' का व्याख्यान करते हुए प्रणवके सम्बन्धमें जो कुछ कहा है वही भगवान्‌के विट्ठल नामपर भी घट सकता है।

'उस ब्रह्मका कोई नाम नहीं, कोई जाति नहीं, पर अविद्यावर्गकी

उसमें उसे पहचाननेके लिये वेदोंने एक संकेत बनाया है। जब बालक पैदा होता है, तब उसका कोई नाम नहीं होता, पीछे उसका जो नाम रखा जाता है उसी नामपर वह 'हाँ' कहकर उठता है। संसार-दुःखसे दुःखी जीव जो अपना दुखड़ा सुनानेके लिये आते हैं वे जिस नामसे पुकारते हैं वह यह नाम—वह संकेत है। ब्रह्मका मौन भङ्ग हो, अद्वैत-मायासे वह मिले ऐसा मन्त्र वेदोंने करुणा करके निकाला है। उस एक संकेतसे आनन्दके साथ जिसने ब्रह्मको पुकारा, सदा उसके पीछे रहनेवाला वह ब्रह्म उसके सामने आ जाता है। (ज्ञानेश्वरी अ० १७। ३२१-३३३)

अनाम-अरूप ब्रह्मकी पहचान संसार-दुःखसे दुःखी जीवोंको हो, इसके लिये श्रुतिने जो नाम संकेत किया वह प्रणव-शब्दसे जाना जाता है, वैसे ही सन्तोंने जीवोंको श्रीकृष्णकी पहचान करानेके लिये उसीका 'विट्ठल' नामसे निर्देश किया है और इस नामसे जो कोई पुकारता है, श्रीकृष्ण भी उसके सामने प्रकट होते हैं। श्रीहरिवंश या श्रीमद्भागवतमें श्रीकृष्णको इस नामसे न भी पुकारा हो और भक्तोंने प्यारसे उनका यह एक नया ही नाम रखा हो तो भी नामकी नवीनतासे अच्युत श्रीकृष्णका कृष्णपन तो च्युत नहीं होता। कई पुराणोंमें पण्ढरपुरके श्रीविट्ठलका उल्लेख है। पद्मपुराणमें (उत्तरखण्ड—गीतामाहात्म्यमें)—

विदुर्ज्ञं विट्ठलं विष्णुं भुक्तिमुक्तिप्रदायकम्।

—यह उल्लेख है। गरुडपुराणमें 'विट्ठलं पाण्डुरङ्गे च भ्यद्गयाद्रौ रमारमम्' अर्थात् पण्ढरपुरमें विष्णुको विट्ठल कहते हैं ऐसा कहा है। स्कन्दपुराणमें भीमामाहात्म्यके अंदर 'पाण्डुरङ्ग इति ख्याता विष्णुर्विपुल-भूतिदः' यह उल्लेख है और फिर उसी पुराणके पाण्डुरङ्ग-माहात्म्यमें श्रीविट्ठलका कमलकरतलसे देवः करधारणतर्जनिः कहकर वर्णन किया है। इस प्रकार ब्रह्माण्डपुराण, भार्गवपुराण इत्यादि पुराणोंमें और श्रीमत् शङ्कराचार्यकृत

पाण्डुरङ्गस्तोत्रादिमें भी श्रीपण्ढरपुरनिवासी पाण्डुरङ्ग भगवान्‌का वर्णन आया है। पण्ढरी-क्षेत्र और श्रीविट्ठल देवता अत्यन्त प्राचीन हैं। पुराणोंके जो अवतरण ऊपर दिये उनसे यह स्पष्ट है कि विष्णु ही विट्ठल हैं।

६ ज्ञानेश्वरीमें विट्ठल-नाम क्यों नहीं ?

श्रीविट्ठल-स्वरूपका विचार अगले अध्यायमें किया जायगा, यहाँ विट्ठल अर्थात् विष्णु और सो भी श्रीविष्णुके पूर्णावतार श्रीकृष्ण हैं इस बातको ध्यानमें रखते हुए एक आक्षेपका विचार कर लें और आगे बढ़ें। कुछ आधुनिक विद्वानोंका यह तर्क है कि ज्ञानेश्वरीमें कहीं भी विट्ठल-नाम नहीं आया है, इससे यह जान पड़ता है कि ज्ञानेश्वर महाराज विट्ठलके उपासक नहीं प्रत्युत निर्गुण ब्रह्मके ही उपासक थे। ज्ञानेश्वर और एकनाथ दोनों ही अत्यन्त गुरुभक्त थे और ग्रन्थ-प्रणयनके समय उनके गुरु भी उनके सम्मुख उपस्थित थे। इसी कारण उनके ग्रन्थोंके मङ्गलाचरण गुरु-स्तुतिसे ही भरे हुए हैं। तथापि उनके ग्रन्थोंमें श्रीकृष्ण-प्रेमके जो अनुपम निर्झर हैं उनकी ओर ध्यान देनेसे एक अन्धा भी यह जान सकेगा कि उनका सगुण-प्रेम कितना अलौकिक था। श्रीकृष्णार्जुन-प्रेमका वर्णन करते हुए ज्ञानेश्वर महाराजने अपनी श्रीकृष्ण-भक्ति व्यक्त करनेकी लालसा पूरी कर ली है (ज्ञानेश्वर-चरित्र पाठक देखें)। और फिर जहाँ जहाँ श्रीकृष्णकी स्तुति करनेका अवसर मिला है वहाँ-वहाँ ज्ञानेश्वर महाराजकी वाणी कितनी प्रेममयी हो गयी है यह ज्ञानेश्वरीके पाठक समझ सकते हैं। विस्तार बढ़नेके भयसे अवतरण यहाँ नहीं देते। जो लोग देखना चाहें वे ज्ञानेश्वरीमें चौथे अध्यायकी १४ ओवियाँ और नवें अध्यायकी ४२५ से ४७५ तककी ओवियाँ अवश्य देखें। नवें अध्यायकी ५२१ वीं ओवीमें महाराज श्रीकृष्णका 'श्यामसुन्दर परब्रह्म भक्तकाम कल्पद्रुम श्रीआत्माराम' कहकर वर्णन करते हैं। ग्यारहवें अध्यायके उत्तरार्धमें और बारहवें अध्यायमें

रातमें उसे पहचाननेके लिये वेदोंने एक संकेत बनाया है। जब बालक पैदा होता है, तब उसका कोई नाम नहीं होता, पीछे उसका जो नाम रखा जाता है उसी नामपर वह 'हाँ' कहकर उठता है। संसार-दुःखसे दुःखी जीव जो अपना दुखड़ा सुनानेके लिये आते हैं वे जिस नामसे पुकारते हैं वह यह नाम—यह संकेत है। ब्रह्मका मौन भङ्ग हो, आवेश-मात्रसे वह मिले ऐसा मन्त्र वेदोंने करुणा करके निकाला है। उस एक संकेतसे आनन्दके साथ जिसने ब्रह्मको पुकारा सदा उसके पीछे रहनेवाला वह ब्रह्म उसके सामने आ जाता है। (ज्ञानेश्वरी अ० १७। ३२९–३३३)

अनाम-अरूप ब्रह्मकी पहचान संसार-दुःखसे दुःखी जीवोंको हो, इसके लिये श्रुतिने जो नाम संकेत किया वह प्रणव-नामसे जाना जाता है, वैसे ही संतोंने जीवोंको श्रीकृष्णकी पहचान करानेके लिये उसीका 'विठ्ठल' नामसे निर्देश किया है और इस नामसे जो कोई पुकारता है, श्रीकृष्ण भी उसके सामने प्रकट होते हैं। श्रीहरिवंश या श्रीमद्भागवतमें श्रीकृष्णको इस नामसे न भी पुकारा हो और भक्तोंने चाहे उनका यह एक नया ही नाम रखा हो तो भी नामकी नवीनतासे अच्युत श्रीकृष्णका कृष्णपन तो च्युत नहीं होता। अन्य पुराणोंमें पण्ढरपुरके श्रीविठ्ठलके उल्लेख हैं। पद्मपुराणमें (उत्तरखण्ड—गीतामाहात्म्य)—

त्रिभुजं विठ्ठलं विष्णुं श्रुतिस्मृतिसमाश्रयम्।

—यह उल्लेख है। गरुडपुराणमें 'विठ्ठलं पाण्डुरङ्गे च ब्रह्मयातो रमात्मजम्' अर्थात् पण्ढरपुरमें विष्णुको विठ्ठल कहते हैं ऐसा कहा है। स्कन्दपुराणमें भीममाहात्म्य 'भीमर पाण्डुरङ्ग इति ख्यातो विष्णुर्विठ्ठल-मूर्तिक' यह उल्लेख है और फिर उसी पुराणके पाण्डुरङ्ग-माहात्म्यमें श्रीविठ्ठलका 'ब्रह्मचारिणमो देवः कम्बुचारणगोऽपि' कहकर वर्णन किया है। इस प्रकार ब्रह्माण्डपुराण, भार्गवपुराण इत्यादि पुराणोंमें और श्रीमत् शङ्कराचार्यकृत

1

पाण्डुरङ्गस्तोत्रादिमें भी श्रीपण्ढरपुरनिवासी पाण्डुरङ्ग भगवान्‌का वर्णन आया है। पण्ढरी क्षेत्र और श्रीविट्ठल देवता अत्यन्त प्राचीन हैं। पुराणोंके जो अवतरण ऊपर दिये उनसे यह स्पष्ट है कि विष्णु ही विट्ठल हैं।

६ ज्ञानेश्वरीमें विट्ठल-नाम क्यों नहीं ?

श्रीविट्ठल-स्वरूपका विचार अगले अध्यायमें किया जायगा, यहाँ विट्ठल अर्थात् विष्णु और सो भी श्रीविष्णुके पूर्णावतार श्रीकृष्ण हैं इस बातको ध्यानमें रखते हुए एक आक्षेपका विचार कर लें और आगे बढ़ें। कुछ आधुनिक विद्वानोंका यह तर्क है कि ज्ञानेश्वरीमें कहीं भी विट्ठल-नाम नहीं आया है, इससे यह जान पड़ता है कि ज्ञानेश्वर महाराज विट्ठलके उपासक नहीं प्रत्युत निर्गुण ब्रह्मके ही उपासक थे। ज्ञानेश्वर और एकनाथ दोनों ही अत्यन्त गुरुभक्त थे और ग्रन्थ-प्रणयनके समय उनके गुरु भी उनके सम्मुख उपस्थित थे। इसी कारण उनके ग्रन्थोंके मङ्गलाचरण गुरु-स्तुतिसे ही भरे हुए हैं। तथापि उनके ग्रन्थोंमें श्रीकृष्ण-प्रेमके जो अनुपम निर्झर हैं उनकी ओर ध्यान देनेसे एक अन्धा भी यह जान सकेगा कि उनका सगुण-प्रेम कितना अलौकिक था। श्रीकृष्णार्जुन-प्रेमका वर्णन करते हुए ज्ञानेश्वर महाराजने अपनी श्रीकृष्ण भक्ति व्यक्त करनेकी लालसा पूरी कर ली है (ज्ञानेश्वर-चरित्र पाठक देखें)। और फिर जहाँ जहाँ श्रीकृष्णकी स्तुति करनेका अवसर मिला है वहाँ-वहाँ ज्ञानेश्वर महाराजकी वाणी कितनी प्रेममयी हो गयी है यह ज्ञानेश्वरीके पाठक समझ सकते हैं। विस्तार बढ़नेके भयसे अवतरण यहाँ नहीं देते। जो लोग देखना चाहें वे ज्ञानेश्वरीमें चौथे अध्यायकी १८ ओवियाँ और नवें अध्यायकी ८२५ से ८७५ तककी ओवियाँ अवश्य देखें। नवें अध्यायकी ५२८ वीं ओवीमें महाराज श्रीकृष्णको 'श्यामसुन्दर परब्रह्म भक्तकाम कल्पद्रुम श्रीआत्माराम' कहकर वर्णन करते हैं। ग्यारहवें अध्यायके उत्तरार्धमें और बारहवें अध्यायमें

सबमें उसे पहचाननेके लिये वेदोंने एक संकेत बनाया है। जब बालक पैदा होता है, तब उसका कोई नाम नहीं होता, पीछे उसका जो नाम रखा जाता है उसी नामपर वह 'हाँ' कहकर उठता है। संसार-दुःखसे दुःखी जीव जो अपना दुखड़ा सुनानेके लिये आते हैं वे जिस नामसे पुकारते हैं वह यह नाम—यह संकेत है। ब्रह्मका मौन भङ्ग हो, अद्वैत-भावसे वह मिले, ऐसा मन्त्र वेदोंने कृपा करके निकाला है। उस एक संकेतसे आनन्दके साथ जिसने ब्रह्मको पुकारा, सदा उसके पीछे रहनेवाला वह ब्रह्म उसके सामने आ जाता है।' (ज्ञानेश्वरी अ० १७। ३२९-३३३)

अनाम-अरूप ब्रह्मकी पहचान संसार-दुःखसे दुःखी जीवोंको हो, इसके लिये श्रुतिने जो नाम संकेत किया वह प्रणव-शब्दसे कहा जाता है, वैसे ही संतोंने जीवोंको श्रीकृष्णकी पहचान करानेके लिये उसीका 'विट्ठल' नामसे निर्देश किया है और इस नामसे जो कोई पुकारता है, श्रीकृष्ण भी उसके सामने प्रकट होते हैं। श्रीहरिवंश या श्रीमद्भागवतमें श्रीकृष्णको इस नामसे न भी पुकारा हो और भक्तोंने चाहे उनका यह एक नया ही नाम रखा हो तो भी नामकी नवीनतासे अच्युत श्रीकृष्णका कृष्णपन तो च्युत नहीं होता। कई पुराणोंमें पण्ढरपुरके श्रीविट्ठलके उल्लेख हैं। पद्मपुराणमें (उत्तरखण्ड—गीतामाहात्म्यमें)—

त्रिभुवं विट्ठलं विष्णुं भुक्तिमुक्तिप्रदायकम्।

—यह उल्लेख है। गरुडपुराणमें 'विट्ठलं पाण्डुरङ्गे च [illegible] रमापतिम्' अर्थात् पण्ढरपुरमें विष्णुको विठ्ठल कहते हैं, ऐसा कहा है। स्कन्दपुराणमें भीमामाहात्म्यके अंदर 'पाण्डुरङ्गे हरिं [illegible] विष्णुर्विठ्ठल-भूमिका' यह उल्लेख है और फिर उसी पुराणके पाण्डुरङ्ग-माहात्म्यमें श्रीविट्ठलका '[illegible] [illegible]' कहकर वर्णन किया है। इस प्रकार ब्रह्माण्डपुराण भार्गवपुराण इत्यादि पुराणोंमें और श्रीमत् शङ्कराचार्यकृत

पाण्डुरङ्गस्तोत्रादिमें भी श्रीपण्ढरपुरनिवासी पाण्डुरङ्ग भगवान्‌का वर्णन आया है। पण्ढरी-क्षेत्र और श्रीविठ्ठल देवता अत्यन्त प्राचीन हैं। पुराणोंके जो अवतरण ऊपर दिये उनसे यह स्पष्ट है कि विष्णु ही विठ्ठल हैं।

६ ज्ञानेश्वरीमें विट्ठल-नाम क्यों नहीं ?

श्रीविठ्ठल-स्वरूपका विचार अगले अध्यायमें किया जायगा, यहाँ विठ्ठल अर्थात् विष्णु और सो भी श्रीविष्णुके पूर्णावतार श्रीकृष्ण हैं इस बातको ध्यानमे रखते हुए एक आक्षेपका विचार कर लें और आगे बढ़ें। कुछ आधुनिक विद्वानोंका यह तर्क है कि ज्ञानेश्वरीमें कहीं भी विठ्ठल-नाम नहीं आया है, इससे यह जान पड़ता है कि ज्ञानेश्वर महाराज विठ्ठलके उपासक नहीं प्रत्युत निर्गुण ब्रह्मके ही उपासक थे। ज्ञानेश्वर और एकनाथ दोनों ही अत्यन्त गुरुभक्त थे और ग्रन्थ-प्रणयनके समय उनके गुरु भी उनके सम्मुख उपस्थित थे। इसी कारण उनके ग्रन्थोंके मङ्गलाचरण गुरु-स्तुतिसे ही भरे हुए हैं। तथापि उनके ग्रन्थोंमें श्रीकृष्ण-प्रेमके जो अनुपम निर्झर हैं उनकी ओर ध्यान देनेसे एक अन्धा भी यह जान सकेगा कि उनका सगुण-प्रेम कितना अलौकिक था। श्रीकृष्णार्जुन-प्रेमका वर्णन करते हुए ज्ञानेश्वर महाराजने अपनी श्रीकृष्ण-भक्ति व्यक्त करनेकी लालसा पूरी कर ली है (ज्ञानेश्वर-चरित्र पाठक देखें)। और फिर जहाँ-जहाँ श्रीकृष्णकी स्तुति करनेका अवसर मिला है वहाँ-वहाँ ज्ञानेश्वर महाराजकी वाणी कितनी प्रेममयी हो गयी है यह ज्ञानेश्वरीके पाठक समझ सकते हैं। विस्तार बढ़नेके भयसे अवतरण यहाँ नहीं देते। जो लोग देखना चाहे वे ज्ञानेश्वरीमें चौथे अध्यायकी १४ ओवियाँ और नवें अध्यायकी ४२५ से ४७५ तककी ओवियाँ अवश्य देखें। नवें अध्यायकी ५२१ वीं ओवीमें महाराज श्रीकृष्णका 'श्यामसुन्दर परब्रह्म भक्तकाम कल्पद्रुम श्रीआत्माराम' कहकर वर्णन करते हैं। ग्यारहवें अध्यायके उत्तरार्धमें और बारहवें अध्यायमे

भागवत, श्रीकृष्ण—श्रीविठ्ठलके परम भक्त थे फिर भी नाथ-भागवतमें श्रीविठ्ठलका नाम एक ही ओवीमें आया है, और ज्ञानेश्वरीमें तो विठ्ठलका नाम ही नहीं है, इस बातको बड़ा तूल देकर अनेक आधुनिक पण्डित यह कहा करते हैं कि ज्ञानेश्वरी तो तत्त्व-ज्ञान और निर्गुणोपासनाका ग्रन्थ है, वारकरी-सम्प्रदायसे उसका कुछ भी सम्बन्ध नहीं। यह बड़े आश्चर्यकी बात है। ज्ञानेश्वरीको कोई केवल तत्त्व-ज्ञानका ग्रन्थ भले ही समझ ले, पर वारकरियोंके लिये तो ज्ञानेश्वरी और एकनाथी भागवत ये दोनों ग्रन्थ उपासना-ग्रन्थ हैं। वारकरी श्रीकृष्णके उपासक हैं और ये ग्रन्थ श्रीकृष्णके परम भक्तोंके ग्रन्थ होनेसे उनके लिये प्रमाणस्वरूप हैं। ज्ञानेश्वर और एकनाथ श्रीकृष्ण-श्रीविठ्ठलके पूर्णभक्त और उनके ग्रन्थ श्रीकृष्ण—श्रीविठ्ठलकी भक्तिसे ओतप्रोत हैं इसीसे वारकरियोंको अत्यन्त प्रिय और मान्य हैं। ज्ञानेश्वर-एकनाथको नामदेव-तुकारामको अलग करनेकी इनकी चेष्टा व्यर्थ है, यह पहले सप्रमाण सिद्ध किया जा चुका है। रुक्मिणी—रखुमाई श्रीकृष्णकी पटरानी थीं उनकी चिद्-शक्ति—उनकी आदिमाया थीं यह सर्वश्रुत ही है। श्रीकृष्ण-रुक्मिणी ही श्रीविठ्ठल-रखुमाई हैं 'विठ्ठल-रखुमाई' ही वारकरियोंका नाम-मन्त्र है। ज्ञानेश्वरी और नाथ भागवत श्रीकृष्ण (श्रीविठ्ठल)-भक्तिप्रधान ग्रन्थ हैं यह बात आधुनिक विद्वान् ध्यानमें रखें तो ज्ञानेश्वर-एकनाथको पण्ढरीके भक्ति-पन्थसे अलग करना असम्भव है यह बात उन्हें भी स्वीकार करनी पड़ेगी। ज्ञानेश्वर, नामदेव, जनाबाई, एकनाथ, तुकाराम—ये सभी विठ्ठल-भक्त हैं। श्रीविठ्ठलकी उपासना तुकाराम महाराज यावज्जीवन करते रहे।

७ मूर्ति-पूजा-रहस्य

श्रीविठ्ठल-मूर्ति भक्तोंके प्राणोंका प्राण है। पण्डित भगवानलालके मतसे पण्ढरपुरकी यह मूर्ति कोई पन्द्रह सदीसे पहलेकी है। निर्गुण ब्रह्म और

सगुण भगवान् दोनों इस श्रीविठ्ठल-मूर्तिमें हैं। यह मूर्ति भक्तोंको चैतन्यघन प्रतीत होती है। इस मूर्तिके भजन-पूजनसे तथा ध्यान-धारणासे भावुक भक्तोंको भगवान्के सगुणरूपके दर्शन होते और अद्वयानन्दका अनुभव भी प्राप्त होता है। पहले हुआ है और अब भी होता है। श्रीविठ्ठल-भक्ति योग ज्ञानकी विश्राम-भूमिका है। यह भी कोई पूछ सकते हैं कि अद्वैतानन्दके लिये मूर्तिकी क्या आवश्यकता? पर मैं उनसे पूछता हूँ कि मूर्ति-पूजासे भक्तिरसास्वाद मिला और अद्वयानन्दमें भी कुछ कमी न हुई तो इस मूर्ति-पूजासे क्या हानि हुई? भगवान्, भक्त और भजनकी त्रिपुटी अद्वयानन्दके स्वानुभवपर खड़ी की गयी तो इसमें क्या बिगड़ा?

देव देऊळ परिवारू। कीजे कोरूनी डोंगरू।
तैसा भक्तीचा वेव्हारू। का न व्हावा॥

(अमृतानुभव प्र० ९—४१)

'देव, देवल और देव-भक्त पहाड़ खोदकर एक ही शिलापर खुदवाये जा सकते हैं। वैसा व्यवहार भक्तिका क्यों नहीं हो सकता?'

एक ही चित्र-शिलापर श्रीशङ्कर, मार्कण्डेय और शिव-मन्दिर या श्रीविष्णु, गरुड़ और विष्णु-मन्दिर यदि चित्रित हों तो क्या एकके अंदरकी इस त्रिविधतासे हरि-हर-भक्ति-रसास्वादनमें कुछ बाधा पड़ती है? सुवर्णके ही श्रीराम, सुवर्णके ही हनुमान् और उनपर सुवर्णके ही फूल बरसानेवाला सुवर्ण शरीर भक्त हो तो इस त्रिपुटीसे अद्वैत सुखकी क्या हानि होती है? यह सब तो उपासकके अधिकारपर निर्भर करता है। मूलका मूल बना रहे और ऊपरसे व्याज भी मिले तो इसे कौन छोड़ दे? वजन और कसमें कोई कसर न हो और अलङ्कारकी शोभा भी प्राप्त हो तो इस आनन्दको छोड़कर केवल सोनेका पासा छातीसे चिपकाये रहनेमें कौन सी बुद्धिमानी है? भक्तके अद्वैतबोधमें कुछ कमी न हो और वह

भागवत, श्रीकृष्ण—श्रीविट्ठलके परम भक्त थे फिर भी नाथ-भागवतमें श्रीविट्ठलका नाम एक ही ओवीमें आया है, और ज्ञानेश्वरीमें तो विट्ठलका नाम ही नहीं है इस बातको बड़ा तूल देकर अनेक आधुनिक पण्डित यह कहा करते हैं कि ज्ञानेश्वरी तो तत्त्व-ज्ञान और निर्गुणोपासनाका ग्रन्थ है वारकरी-सम्प्रदायसे उसका कुछ भी सम्बन्ध नहीं। यह बड़े आश्चर्यकी बात है। ज्ञानेश्वरीको कोई केवल तत्त्व-ज्ञानका ग्रन्थ भले ही समझ ले पर वारकरियोंके लिये तो ज्ञानेश्वरी और एकनाथी भागवत ये दोनों ग्रन्थ उपासना-ग्रन्थ हैं। वारकरी श्रीकृष्णके उपासक हैं और ये ग्रन्थ श्रीकृष्णके परम भक्तोंके ग्रन्थ होनेसे उनके लिये प्रमाणस्वरूप हैं। ज्ञानेश्वर और एकनाथ श्रीकृष्ण-श्रीविट्ठलके पूर्णभक्त और उनके ग्रन्थ श्रीकृष्ण—श्रीविट्ठलकी भक्तिसे ओतप्रोत हैं इसीसे वारकरियोंको अत्यन्त प्रिय और मान्य हैं। ज्ञानेश्वर-एकनाथसे नामदेव-तुकारामको अलग करनेकी इनकी चेष्टा व्यर्थ है, यह पहले सप्रमाण सिद्ध किया जा चुका है। रुक्मिणी—रखुमाई श्रीकृष्णकी पटरानी थीं उनकी चित् शक्ति—उनकी आदिमाया थीं यह सर्वश्रुत ही है। श्रीकृष्ण-रुक्मिणी ही श्रीविट्ठल-रखुमाई हैं, विट्ठल-रखुमाई ही वारकरियोंका नाम-मन्त्र है। ज्ञानेश्वरी और नाथ-भागवत श्रीकृष्ण (श्रीविट्ठल)-भक्तिप्रधान ग्रन्थ हैं यह बात आधुनिक विद्वान् ध्यानमें रखें तो ज्ञानेश्वर-एकनाथको पण्ढरीके भक्ति-पन्थसे अलग करना असम्भव है यह बात उन्हें भी स्वीकार करनी पड़ेगी। ज्ञानेश्वर नामदेव जनाबाई एकनाथ तुकाराम—ये सभी विट्ठल-भक्त हैं। श्रीविट्ठलकी उपासना तुकाराम महाराज यावज्जीवन करते रहे।

७ मूर्ति-पूजा-रहस्य

श्रीविट्ठल-मूर्ति भक्तोंके प्राणोंका प्राण है। पण्डित [illegible] रहते [illegible] यह मूर्ति कई शताब्दीसे पहलेकी है। निर्गुण ब्रह्म और

सगुण भगवान् दोनों इस श्रीविठ्ठल-मूर्तिमें हैं । यह मूर्ति भक्तोंको चैतन्यघन प्रतीत होती है । इस मूर्तिके भजन-पूजनसे तथा ध्यान-धारणासे भावुक भक्तोंको भगवान्के सगुणरूपके दर्शन होते और अद्वयानन्दका अनुभव भी प्राप्त होता है । पहले हुआ है और अब भी होता है । श्रीविठ्ठल-भक्ति योग ज्ञानकी विश्राम-भूमिका है । यह भी कोई पूछ सकते हैं कि अद्वैतानन्दके लिये मूर्तिकी क्या आवश्यकता ? पर मैं उनसे पूछता हूँ कि मूर्ति-पूजासे भक्तिरसास्वाद मिला और अद्वयानन्दमें भी कुछ कमी न हुई तो इस मूर्ति-पूजासे क्या हानि हुई ? भगवान्, भक्त और भजनकी त्रिपुटी अद्वयानन्दके स्वानुभवपर खड़ी की गयी तो इसमें क्या बिगड़ा ?

देव देऊळ परिवारू । कीजे कोरूनी डोंगरू ।
तैसा भक्तीचा वेव्हारू । कां न व्हावा ॥

(अमृतानुभव प्र० ९—४१)

'देव, देवल और देव भक्त पहाड़ खोदकर एक ही शिलापर खुदवाये जा सकते हैं । वैसा व्यवहार भक्तिका क्यों नहीं हो सकता ?'

एक ही चित्र-शिलापर श्रीशङ्कर, मार्कण्डेय और शिव-मन्दिर या श्रीविष्णु, गरुड़ और विष्णु-मन्दिर यदि चित्रित हों तो क्या एकके अदरकी इस त्रिविधतासे हरि-हर-भक्ति-रसास्वादनमें कुछ बाधा पड़ती है ? सुवर्णके ही श्रीराम, सुवर्णके ही हनुमान् और उनपर सुवर्णके ही फूल बरसानेवाला सुवर्ण शरीर भक्त हो तो इस त्रिपुटीसे अद्वैत सुखकी क्या हानि होती है ? यह सब तो उपासकके अधिकारपर निर्भर करता है ! मूलका मूल बना रहे और ऊपरसे ब्याज भी मिले तो इसे कौन छोड़ दे ? वजन और कसमें कोई कसर न हो और अलङ्कारकी शोभा भी प्राप्त हो तो इस आनन्दको छोड़कर केवल सोनेका पासा छातीसे चिपकाये रहनेमें कौन सी बुद्धिमानी है ? भक्तके अद्वैतबोधमें कुछ कमी न हो और वह

उस 'चतुर्भुज-रूप' का मधुर वर्णन भी पढ़नेयोग्य है। शारदके उपसंहारमें भगवान्‌का यश इस प्रकार गाते हैं—

'ऐसे यह निजजनानन्द जगदादिकन्द श्रीमुकुन्द बोले। संजय धृतराष्ट्रसे कहते हैं, राजन्! यह मुकुन्द कैसे हैं?—निर्मल हैं, निष्कलङ्क हैं, लोककृपालु हैं, शरणागतके स्नेहाश्रय हैं, शरण्य हैं। सुरसहायशील और लोकलालनलील हैं। प्रणतप्रतिपालन उनका खेल है। यह भक्तजनवत्सल, प्रेमिजनप्रतिपाल हैं। सत्यसेतु और सकल कलानिधि हैं। वैकुण्ठके यह श्रीकृष्ण निज भक्तोंके चक्रवर्ती हैं।' (२३९–२४०, २४३, २४४)

ऐसी गुण-रसखानी प्रेम-मधुरबानी सगुण-प्रेमीके सिवा और किसकी हो सकती है! निर्गुण-बोध और सगुण-प्रेम दोनों एक साथ उसी पुरुषमें मिलते हैं जो पूर्ण भक्त हो। चन्द्रमाकी द्युति या चन्द्रकी चाँदनी-जैसी अद्वैत-भक्ति है पर 'यह अनुभव करनेकी चीज है, कहनेकी नहीं' (ज्ञानेश्वरी १८–११५)। चतुर्भुज देवकीनन्दन (ज्ञाने ४–८) ही सर्वरूपाकार, सर्वाधीश और सर्वदेवनिवास (ज्ञाने १८–१४१०) परमात्मा हैं और भक्तोंकी प्रीतिसे वह अमूर्त होकर भी व्यक्त हुए हैं। भक्त-प्रीतिसे भगवान् व्यक्त हुए, इसीसे जगत्का कार्य बना। नहीं तो भला इन्हें कोई पकड़ सकता है! ज्ञानेश्वर महाराज कहते हैं कि यदि भगवान् प्रीत होकर व्यक्त न हों तो योगी उन्हें पा नहीं सकते, वेदार्थ उन्हें जान नहीं सकते, ध्यानके नेत्र भी उन्हें देख नहीं सकते' (ज्ञानेश्वरी ४–११) परमात्मा सगुण-साकार प्रकट हुए यह बहुत ही अच्छा हुआ। वही परमात्मा पुण्डलीककी भक्तिसे प्रसन्न होकर पण्ढरीमें ईंटपर कटिपर कर धरे खड़े हैं। भक्तोंने अपनी रुचिके अनुसार उनका नाम विट्ठल रखा है। जैसा जिसका भाव हो भगवान् वैसे ही हैं। भक्तोंका यह भाव रहता है कि यह अकिञ्चन परमात्मा हैं। उसी रूपमें उन्हें परमात्माकी प्रतीति होती

है। वह सर्वव्यापक हैं, आकाशसे भी अधिक व्यापक और परमाणुसे भी अधिक सूक्ष्म हैं। अखिल विश्वमें व्यापकर भक्तोंके हृदयमें विराज रहे हैं। समर्थ रामदास स्वामी कहते हैं—

जगीं पाहता सर्वही कोंदलेंसे।
अभाग्या नरा दृढ पाषाण भासे॥

'संसारमें देखिये तो वह सर्वत्र समाये हुए हैं। पर अभागे मनुष्यको यह सब कड़ा पत्थर-सा लगता है।' नामदेवराय, जनाबाई आदि सब संत श्रीविठ्ठलके उपासक थे। नाथ महाराज श्रीकृष्ण अर्थात् श्रीविठ्ठलके ही भक्त थे। ज्ञानेश्वरीमें जैसे श्रीविठ्ठलका नामोल्लेख नहीं है वैसे ही एकनाथी भागवतमें भी एक ओवीको छोड़ और कहीं भी विठ्ठल-नामका उल्लेख नहीं है। जिस ओवीमें यह नामोल्लेख है वह ओवी इस प्रकार है—

पावन पांडुरंगक्षिती। जे का दक्षिणद्वारावती।
जेथ विराजे विठ्ठलमूर्ति। नामें गर्जती पंढरी॥
(२९—२४५)

'वह पाण्डुरङ्ग-पुरी पावन है, वह दक्षिणकी द्वारका है। वहाँ श्रीविठ्ठल-मूर्ति विराज रही है। पण्ढरीमें उनका नाम गूँजता रहता है।' एकनाथी भागवतमें बस यही एक बार श्रीविठ्ठलका नाम आया है तथापि क्या ज्ञानेश्वरी और क्या एकनाथी भागवत दोनों ही ग्रन्थ श्रीकृष्ण-प्रेमसे ओतप्रोत हैं और जो श्रीकृष्ण है वही श्रीविठ्ठल हैं, इस कारण ही वारकरी-मण्डलमें ये दोनों ग्रन्थ वेद-तुल्य माने जाते हैं। एकनाथ महाराजके परदादा भानुदास महाराज विख्यात विठ्ठल-भक्त हुए, पैठणमें उनका बनवाया विठ्ठलमन्दिर है। इसी मन्दिरमें एकनाथ महाराज कथा बाँचते थे, यहीं श्रीविठ्ठलमूर्तिके सामने उनके कीर्तन होते थे, श्रीविठ्ठलकी स्तुतिमें एकनाथ महाराजके सकड़ों अभंग हैं। नाथ महाराज परम

उस 'चतुर्भुज-रूप' का मधुर वर्णन भी पढ़नेयोग्य है। भागवतके उपसंहारमें भगवान्‌का यश इस प्रकार गाते हैं—

'ऐसे वह नित्यानन्द, आद्यादिकन्द श्रीमुकुन्द बोले। [illegible] पुकारपुकारके कहते हैं, राजन्! वह मुकुन्द कैसे हैं!—निर्मल हैं, निष्कल हैं, लोककृपालु हैं, शरणागतके स्नेहमय हैं, शरण्य हैं। सुरसहायशील और लोकलालनलील हैं। प्रणतप्रतिपालन उनका खेल है। वे भक्तजनवत्सल, प्रेमीजनप्रतिपालक हैं। सत्यसेतु और सकल कलानिधि हैं। वैकुण्ठके वह श्रीकृष्ण निज भक्तोंके चक्रवर्ती हैं।' (१११-२४१ २४३, २४४)

ऐसी सुधा-रससानी प्रेम-मधुरवाणी सगुण-प्रेमीके सिवा और किसकी हो सकती है! निर्गुण-बोध और सगुण-प्रेम दोनों एक साथ उसी पुरुषमें मिलते हैं जो पूर्ण भक्त हो। 'चन्दनकी सुगन्धि या चन्द्रकी चाँदनी-जैसी अद्वैत-भक्ति है, पर यह अनुभव करनेकी चीज है, कहनेकी नहीं' (ज्ञानेश्वरी १८-११५)। चतुर्भुज देवकीनन्दन (ज्ञाने ४-८) ही सर्वरूपाकार, सर्वाधिनेश और सर्वदेवनिवास (ज्ञाने १८-१४१७) परमात्मा हैं और 'भक्तोंकी प्रीतिके वश, अमूर्त होकर भी व्यक्त हुए हैं। भक्त-प्रीतिसे भगवान् व्यक्त हुए, इसीसे जगत्‌का धर्म बना नहीं तो भला उन्हें कोई पकड़ सकता है! ज्ञानेश्वर महाराज कहते हैं कि यदि भगवान् प्रीत होकर व्यक्त न हों तो योगी उन्हें पा नहीं सकते, वेदार्थ उनका मान नहीं जानते ध्यानके नेत्र भी उन्हें देख नहीं सकते' (ज्ञानेश्वरी ४-११) परमात्मा सगुण-साकार प्रकट हुए यह बहुत ही अच्छा हुआ। यही परमात्मा पुण्डलीककी भक्तिसे प्रसन्न होकर पण्ढरीमें ईंटपर कटिपर कर धरे खड़े हैं। भक्तोंने अपनी रुचिके अनुसार उनका नाम विठ्ठल रखा है। जैसा जिसका भाव हो भगवान् वैसे ही हैं। भक्तोंका यह भाव रहता है कि यह सच्चिद्घन परमात्मा हैं। उसी रूपमें उन्हें परमात्माकी प्रतीति होती

वह सर्वव्यापक हैं, आकाशसे भी अधिक व्यापक और परमाणुसे भी अधिक सूक्ष्म हैं। अखिल विश्वमें व्यापकर भक्तोंके हृदयमें विराज रहे हैं। समर्थ रामदास स्वामी कहते हैं—

जगीं पाहता सर्वही कोंदलेंसे ।
अभाग्या नरा दृढ पाषाण भासे ॥

'संसारमें देखिये तो वह सर्वत्र समाये हुए हैं। पर अभागे मनुष्यको वह सब कड़ा पत्थर-सा लगता है।' नामदेवराय, जनाबाई आदि सब सन्त श्रीविठ्ठलके उपासक थे। नाथ महाराज श्रीकृष्ण अर्थात् श्रीविठ्ठलके ही भक्त थे। ज्ञानेश्वरीमें जैसे श्रीविठ्ठलका नामोल्लेख नहीं है वैसे ही एकनाथी भागवतमें भी एक ओवीको छोड़ और कहीं भी विठ्ठल-नामका उल्लेख नहीं है। जिस ओवीमें यह नामोल्लेख है वह ओवी इस प्रकार है—

पावन पांडुरंगक्षिती । जे का दक्षिणद्वारावती ।
जेथ विराजे विठ्ठलमूर्ति । नामें गर्जती पंढरी ॥
(२९—२४५)

'वह पाण्डुरङ्ग-पुरी पावन है, वह दक्षिणकी द्वारका है। वहाँ श्रीविठ्ठल-मूर्ति विराज रही है। पण्ढरीमें उनका नाम गूँजता रहता है।' एकनाथी भागवतमें बस यही एक बार श्रीविठ्ठलका नाम आया है तथापि क्या ज्ञानेश्वरी और क्या एकनाथी भागवत दोनों ही ग्रन्थ श्रीकृष्ण-प्रेमसे ओतप्रोत हैं और जो श्रीकृष्ण हैं वही श्रीविठ्ठल हैं, इस कारण ही वारकरी-मण्डलमें ये दोनों ग्रन्थ वेद-तुल्य माने जाते हैं। एकनाथ महाराजके परदादा भानुदास महाराज विख्यात विठ्ठल-भक्त हुए, पैठणमें उनका बनवाया विठ्ठलमन्दिर है। इसी मन्दिरमें एकनाथ महाराज कथा बाँचते थे, यहीं श्रीविठ्ठलमूर्तिके सामने उनके कीर्तन होते थे, श्रीविठ्ठलकी स्तुतिमें एकनाथ महाराजके सकड़ों अभंग हैं। नाथ महाराज परम

भागवत, श्रीकृष्ण—श्रीविट्ठलके परम भक्त थे, फिर भी नाथ-भागवतमें श्रीविट्ठलका नाम एक ही ओवीमें आया है, और ज्ञानेश्वरीमें तो विट्ठलका नाम ही नहीं है इस बातको बड़ा तूल देकर अनेक आधुनिक पण्डित यह कहा करते हैं कि ज्ञानेश्वरी तो तत्त्व-ज्ञान और निर्गुणोपासनका ग्रन्थ है, वारकरी-सम्प्रदायसे उसका कुछ भी सम्बन्ध नहीं। यह बड़े आश्चर्यकी बात है। ज्ञानेश्वरीको कोई केवल तत्त्व-ज्ञानका ग्रन्थ भले ही समझ ले, पर वारकरियोंके लिये तो ज्ञानेश्वरी और एकनाथी भागवत ये दोनों ग्रन्थ उपासना-ग्रन्थ हैं। वारकरी श्रीकृष्णके उपासक हैं और ये ग्रन्थ श्रीकृष्णके परम भक्तोंके ग्रन्थ होनेसे उनके लिये प्रमाणस्वरूप हैं। ज्ञानेश्वर और एकनाथ श्रीकृष्ण—श्रीविट्ठलके पूर्णभक्त और उनके ग्रन्थ श्रीकृष्ण—श्रीविट्ठलकी भक्तिसे ओतप्रोत हैं इसीसे वारकरियोंको अत्यन्त प्रिय और मान्य हैं। ज्ञानेश्वर-एकनाथसे नामदेव-तुकारामको अलग करनेकी इनकी चेष्टा व्यर्थ है, यह पहले सप्रमाण सिद्ध किया जा चुका है। रुक्मिणी—रखुमाई श्रीकृष्णकी पटरानी थीं उनकी चित्-शक्ति—उनकी आदिमाया थीं यह सर्वश्रुत ही है। श्रीकृष्ण-रुक्मिणी ही श्रीविट्ठल-रखुमाई हैं, 'विट्ठल-रखुमाई' ही वारकरियोंका नाम-मन्त्र है। ज्ञानेश्वरी और नाथ भागवत श्रीकृष्ण (श्रीविट्ठल)-भक्तिप्रधान ग्रन्थ हैं यह बात आधुनिक विद्वान् ध्यानमें रखें तो ज्ञानेश्वर-एकनाथसे पण्ढरीके भक्ति-पन्थको अलग करना असम्भव है यह बात उन्हें भी स्वीकार करनी पड़ेगी। ज्ञानेश्वर नामदेव, जनार्दन, एकनाथ तुकाराम—ये सभी विट्ठल-भक्त हैं। श्रीविट्ठलकी उपासना तुकाराम महाराज यावज्जीवन करते रहे।

७ मूर्ति-पूजा-रहस्य

श्रीविट्ठल-मूर्ति भक्तोंके प्राणोंका प्राण है। पण्डित भगवानलालके मतसे पण्ढरपुरकी यह मूर्ति ढाई हजार वर्षोंसे पहलेकी है। निर्गुण ब्रह्म और

सगुण भगवान् दोनों इस श्रीविठ्ठल-मूर्तिमें हैं। यह मूर्ति भक्तोंको चैतन्यघन प्रतीत होती है। इस मूर्तिके भजन-पूजनसे तथा ध्यान-धारणासे भावुक भक्तोंको भगवान्‌के सगुणरूपके दर्शन होते और अद्वयानन्दका अनुभव भी प्राप्त होता है। पहले हुआ है और अब भी होता है। श्रीविठ्ठल-भक्ति योग-ज्ञानकी विश्राम-भूमिका है। यह भी कोई पूछ सकते हैं कि अद्वैतानन्दके लिये मूर्तिकी क्या आवश्यकता ? पर मैं उनसे पूछता हूँ कि मूर्ति-पूजासे भक्तिरसास्वाद मिला और अद्वयानन्दमें भी कुछ कमी न हुई तो इस मूर्ति-पूजासे क्या हानि हुई ? भगवान्, भक्त और भजनकी त्रिपुटी अद्वयानन्दके स्वानुभवपर खड़ी की गयी तो इसमें क्या बिगड़ा ?

देव देऊळ परिवारू। कीजे कोरूनी डोंगरू।
तैसा भक्तीचा वेव्हारू। का न व्हावा॥

(अमृतानुभव प्र० ९—४१)

'देव, देवल और देव-भक्त पहाड़ खोदकर एक ही शिलापर खुदवाये जा सकते हैं। वैसा व्यवहार भक्तिका क्यों नहीं हो सकता ?'

एक ही चित्र-शिलापर श्रीशङ्कर, मार्कण्डेय और शिव-मन्दिर या श्रीविष्णु, गरुड़ और विष्णु-मन्दिर यदि चित्रित हों तो क्या एकके अंदरकी इस त्रिविधतासे हरि-हर-भक्ति-रसास्वादनमें कुछ बाधा पड़ती है ? सुवर्णके ही श्रीराम, सुवर्णके ही हनुमान् और उनपर सुवर्णके ही फूल बरसानेवाला सुवर्ण शरीर भक्त हो तो इस त्रिपुटीसे अद्वैत सुखकी क्या हानि होती है ? यह सब तो उपासकके अधिकारपर निर्भर करता है। मूलका मूल बना रहे और ऊपरसे व्याज भी मिले तो इसे कौन छोड़ दे ? वजन और कसमें कोई कसर न हो और अलङ्कारकी शोभा भी प्राप्त हो तो इस आनन्दको छोड़कर केवल सोनेका पासा छातीसे चिपकाये रहनेमें कौन-सी बुद्धिमानी है ? भक्तके अद्वैतबोधमें कुछ कमी न हो और वह

धन्य हैं भाग्यशील जिनका हृदय निर्मल है। प्रतिमाको देवता जो पूजता है संत कहते हैं कि उसीमें भाव है। तुका कहता है, भक्तोंका जो भाव है भगवान्‌को वैसा ही होना पड़ता है।'

श्रीविट्ठल-मूर्तिमें तुकारामजीकी निष्ठा ऐसी अविचल थी कि वह कहते हैं—

म्हणे विठ्ठल पाषाण। त्याच्या तोंडावरी वहाण॥

जो विट्ठलको पत्थर कहता है, उसके मुँहपर जूता।'

म्हणे विठ्ठल ब्रह्म नव्हे। त्याचें वचन नायकावें॥

'जो कहता है विट्ठल ब्रह्म नहीं, उसकी बात कोई न सुने।'

ये सब उत्कट प्रेमके उद्गार हैं। एकनाथी भागवत (अ० ११ श्लोक ४९) में कहते हैं—

'निर्गुणका बोध कठिन है। मन-बुद्धि-वाणीके लिये अगम्य है। शास्त्रोंके संकेत समझ नहीं पड़ते। वेद तो मौन साधे हैं। सगुण-मूर्तिकी यह बात नहीं। यह सुगम है सुलभ है उसके दर्शनसे भूख-प्यास भूल जाती है मन प्रेमसे भरकर शान्त हो जाता है। जो नित्यसिद्ध सच्चिदानन्द हैं प्रकृति-परेके परमानन्द हैं वही स्वानन्द-कन्द स्व-लीलासे सगुण-गोविन्द बने हैं। मेरी मूर्तिके दर्शनोंसे नेत्र कृतार्थ होते हैं जन्म-मरणका भरना उठ जाता है जिससे पाप नष्ट होते हैं।

प्रेममय अन्तःकरणसे मूर्ति-पूजा करनेवाले भक्तोंके लिये भगवान् मूर्तिमें ही प्रकट होते हैं इस बातके अनेक उदाहरण हैं। एकनाथ महाराज कहते हैं—

अब भी इस बातका प्रत्यक्ष प्रमाण है कि दासके वचनसे पाषाण प्रतिमामें आनन्दघन भगवान् स्वयं प्रकट हुए।

([illegible] —४८१)

एकनाथ महाराजने अपने अभंगोंमें भी कहा है—

मी तेचि माझी प्रतिमा । तेथें नाहीं आन धर्मा ॥१॥
तेथ असे माझा वास । नको भेद आणि सायास ॥२॥
कलियुगीं प्रतिमेपरतें । आन साधन नाहीं निरुतें ॥३॥
एका जनार्दनीं शरण । दोन्हीं रूपें देव आपण ॥४॥

'मैं जो हूँ वही मेरी प्रतिमा है, प्रतिमामें कोई अन्य धर्म नहीं। वहीं मेरा वास है। इसमें कोई भेद मत मानो और व्यर्थ कष्ट मत उठाओ। कलियुगमे प्रतिमासे बढकर और कोई साधन नहीं। एका (एकनाथ) जनार्दनकी शरणमें है, ये दोनों रूप आप भगवान् ही हैं।'

देव सर्वांठायीं वसे । परि न दिसे अभाविका ॥१॥
जलीं स्थलीं पाषाणीं भरला । रिता ठाव कोठें उरला ॥२॥

'भगवान् सब ठौर हैं, पर अभक्तोंको वह नहीं देख पड़ते। जलमें, थलमें, पत्थरमें सर्वत्र वह भरे हुए हैं, उनसे रिक्त कोई स्थान नहीं बचा है।'

* * *

अस्तु, तुकारामजीके तथा उनके सदृश अन्य संतोंके सगुणोपासन और मूर्तिपूजनके सम्बन्धमें जो विचार हैं उन्हे सक्षेपमें यहाँतक सूचित किया। यह कहनेकी आवश्यकता नहीं कि उनके आचार भी इन्हीं विचारोंके अनुसार थे। पण्ढरीकी श्रीविठ्ठलमूर्तिके उपासक विश्वम्भरबाबाके समयसे कुल देव श्रीविठ्ठलकी नित्य पूजा-अर्चा करनेवाले, विठ्ठल मन्दिरका जीर्णोद्धार करनेवाले और अन्ततक विठ्ठल-मन्दिरमें हरि-कीर्तन करनेवाले तुकारामजी मूर्ति-पूजक नहीं थे, ऐसा कौन कह सकता है? तुकारामजीके पुत्र नारायण बोवाकी देहूकी सनदमें भी ये स्पष्ट शब्द हैं—'तुकोबा गोसाईं श्रीदेवकी मूर्तिकी पूजा अपने हाथों करते थे।'

भगवान्‌की प्रतिमाके सामने बैठकर भजन-पूजनादिके द्वारा भक्ति-सुधामृत भी पान करे तो इससे वह क्या कभी आत्मानन्दसे वञ्चित होगा? भक्ति-सुखके लिये भक्त ही भगवान् और भक्त बनकर पूजनादि उपासना-कर्म करता है। परन्तु यह कौतुक सत्सङ्गमें बिना हिलमिल गये नहीं समझ पड़ता और यह बोध न होनेसे सगुणोपासना और प्रतिमा-पूजनका रहस्य भी कभी ध्यानमें नहीं आता। मूर्ति-पूजाका यह रहस्य न जाननेके कारण ही बहुत-से लोग 'मूर्ति-पूजा' का नाम सुनते ही चौंक उठते हैं और यह पूछ बैठते हैं कि क्या तुकाराम-से ज्ञानी-महात्मा भी मूर्तिपूजक थे? उनके इस प्रश्नका यही उत्तर है कि 'हाँ वह मूर्तिपूजक थे और आजन्म मूर्तिपूजक ही थे। हमारा-आपका सब समाज मूर्तिपूजक ही है, यही क्यों, सारा मनुष्य-समाज ही यथार्थमें मूर्तिपूजक है। वेदोंमें वरुण, सूर्य, उषा आदि देवताओंकी मूर्तियोंके स्तोत्र हैं। निराकारवादी जब ईश्वर-प्रार्थना करते हैं तब उनके चित्त-पटपर कोई-न-कोई रूप ही चित्रित होता होगा और यदि नहीं होता तो उनका प्रार्थना करना ही व्यर्थ है। भगवान् अमूर्त हैं और मूर्त भी, भक्त ही अपने अनुभवसे इस बातको जानते हैं। ईश्वर यदि सर्वत्र है तो मूर्तिमें क्यों नहीं? तुकारामजी पूछते हैं—

अवघें ब्रह्म रूप रिता नाहीं ठाव। प्रतिमा तो देव कैसा नव्हे॥

'सब कुछ ब्रह्मरूप है, कोई स्थान उससे रिक्त नहीं, तब प्रतिमा ईश्वर नहीं यह कैसे हो सकता है?'

ईश्वर सर्वव्यापी है पर प्रतिमामें नहीं यह कहना तो प्रतिमाको ईश्वरसे भी बड़ा मानना है! चाहे जिस पत्थरको तो भगवान् कहकर हम नहीं पूजते। ब्राह्मणोंद्वारा वेद-मन्त्रोंसे जिसमें प्राण-प्रतिष्ठा की गयी हो उसी मूर्तिको भगवान् कहकर हम पूजते और भजते हैं। भाव ही तो भगवान् हैं और भक्तका भाव जानकर भगवान् भी पत्थरमें प्रकट होते हैं। उनका

पत्थरपन नष्ट होता है और सच्चिदानन्दघन परमात्मा वहाँ प्रकट होते हैं। तुकारामबाबा कहते हैं—

पाषाण देव पाषाण पायरी। पूजा एकावरी पाय ठेवो ॥१॥
सार तो भाव सार तो भाव। अनुभवी देवतेचि झाले ॥२॥

'पत्थरकी ही भगवन्मूर्ति है और पत्थरकी ही पैडी है। पर एकको पूजते हैं और दूसरेपर पैर रखते हैं। सार वस्तु है भाव, वही अनुभवमें भगवान् होकर प्रकट होता है।'

गङ्गाजल और अन्य सामान्य जलोंके बीच कौन-सा बड़ा भारी अन्तर है ? पर भावनासे ही तो गङ्गाका श्रेष्ठत्व है। तुकारामजी कहते हैं, भावुकोंकी तो यही बात है, धर्माधर्मके पचड़ेमें और लोग पड़ा करें। जिसके निमित्त जो पूजनादि किया जाता है वह किसी भी मार्गसे, किसी भी रीतिसे किया जाय वह प्राप्त उसीको होता है। पत्र पुष्प फल तोय कुछ भी, कोई भी, कहीं भी, कैसे भी—पर विमल अन्तःकरणसे—अर्पण करे तो वह मुझे ही प्राप्त होता है—'तदहं भक्त्युपहृतमश्नामि प्रयतात्मनः' (गीता९।२६) यह स्वयं भगवान्का ही वचन है। 'शिव-पूजा शिवासि पावे। माती मातीशीं सामावे ॥' (शिवकी पूजा शिवको प्राप्त होती है और मिट्टी मिट्टीमें समा जाती है।) अथवा 'विष्णु-पूजा विष्णूसि अर्पे। पाषाण राहे पाषाणरूपें ॥' (विष्णुकी पूजा विष्णुके अर्पित होती है और पत्थर पत्थरके रूपमें रह जाता है।) यह तुकारामजी कह गये हैं। भगवान्की सुलभ सुडौल सुन्दर सुमधुर मूर्ति देख सहस्रों भक्त आनन्दित हुए और मूर्ति चैतन्यघन होकर उन्हें प्राप्त हुई।

धन्य भावशीळ। ज्याचें हृदय निर्मळ ॥ १ ॥
पूजी प्रतिमेचा देव। सन्त म्हणती तेथें भाव ॥ध्रु०॥
तुका म्हणे तैसे देवा। होणें लागे त्याच्या भावा ॥ २ ॥

धन्य हैं भाग्य उनके जिनका हृदय निर्मल है। प्रतिमाको देवता जो पूजता है, संत कहते हैं कि उसीमें भाव है। तुका कहता है, भक्तोंका जो भाव है भगवान्‌को वैसा ही होना पड़ता है।

श्रीविट्ठल-मूर्तिमें तुकारामजीकी निष्ठा ऐसी अविचल थी कि वह कहते हैं—

म्हणे विठ्ठल पाषाण । त्याच्या तोंडावरी वहाण ॥

जो विठ्ठलको पत्थर कहता है उसके मुँहपर जूता।

म्हणे विठ्ठल ब्रह्म नव्हे । त्याचे बोल नायकावे ॥

'जो कहता है विठ्ठल ब्रह्म नहीं, उसकी बात कोई न सुने।'

ये सब उत्कट प्रेमके उद्गार हैं। एकनाथी भागवत (अ० ११ श्लोक ४८) में कहते हैं—

'निर्गुणका बोध कठिन है। मन-बुद्धि-वाणीके लिये अगम्य है। शास्त्रोंके संकेत समझ नहीं पड़ते। वेद तो मौन साधे हैं। सगुण-मूर्तिकी यह बात नहीं। यह सुलभ है, सुखरूप है उसके दर्शनसे भूख-प्यास भूल जाती है, मन प्रेमसे भरकर शान्त हो जाता है। जो नित्यसिद्ध सच्चिदानन्द हैं प्रकृति-परेके परमानन्द हैं वही स्वानन्द-कन्द स्व-लीलासे सगुण-गोविन्द बने हैं। मेरी मूर्तिके दर्शनोंसे नेत्र कृतार्थ होते हैं जन्म-मरणका पड़दा उठ जाता है विषयोंके पाश कट जाते हैं।

प्रेममय अन्तःकरणसे मूर्ति-पूजा करनेवाले भक्तोंके लिये भगवान् मूर्तिमें ही प्रकट होते हैं इस बातके अनेक उदाहरण हैं। एकनाथ महाराज कहते हैं—

अब भी इस बातका प्रत्यक्ष प्रमाण है कि दासके वचनसे पाषाण प्रतिमामें आनन्दघन भगवान् स्वयं प्रकट हुए।

(नाथ-भागवत अ० ७—४८१)

एकनाथ महाराजने अपने अभगोंमें भी कहा है—

मी तेच्चि माझी प्रतिमा । तथें नाहीं आन धर्मा ॥१॥
तेथं अस माझा वास । नको भेद आणि सायास ॥२॥
कलियुगीं प्रतिमेपरतें । आन साधन नाहीं निरुतें ॥३॥
एका जनार्दनीं शरण । दोनीं रूपें देव आपण ॥४॥

'मैं जो हूँ वही मेरी प्रतिमा है, प्रतिमामें कोई अन्य धर्म नहीं। वहीं मेरा वास है। इसमें कोई भेद मत मानो और व्यर्थ कष्ट मत उठाओ। कलियुगमें प्रतिमासे बढकर और कोई साधन नहीं। एका (एकनाथ) जनार्दनकी शरणमें है, ये दोनों रूप आप भगवान् ही हैं।'

देव सर्वांठायीं वसे । परि न दिसे अभाविका ॥१॥
जलीं स्थलीं पाषाणीं भरला । रिता ठाव कोठें उरला ॥२॥

'भगवान् सब ठौर हैं, पर अभक्तोंको वह नहीं देख पड़ते। जलमें, थलमें, पत्थरमें सर्वत्र वह भरे हुए हैं, उनसे रिक्त कोई स्थान नहीं बचा है।'

* * *

अस्तु, तुकारामजीके तथा उनके सदृश अन्य सतोंके सगुणोपासन और मूर्तिपूजनके सम्बन्धमें जो विचार हैं उन्हें सक्षेपमें यहाँतक सूचित किया। यह कहनेकी आवश्यकता नहीं कि उनके आचार भी इन्हीं विचारोंके अनुसार थे। पण्ढरीकी श्रीविठ्ठलमूर्तिके उपासक विश्वम्भरबाबाके समयसे कुल देव श्रीविठ्ठलकी नित्य पूजा-अर्चा करनेवाले, विठ्ठल मन्दिरका जीर्णोद्धार करनेवाले और अन्ततक विठ्ठल-मन्दिरमे हरि-कीर्तन करनेवाले तुकारामजी मूर्ति-पूजक नहीं थे, ऐसा कौन कह सकता है? तुकारामजीके पुत्र नारायण बोवाकी देहूकी सनदमें भी ये स्पष्ट शब्द हैं— 'तुकोबा गोसाईं श्रीदेवकी मूर्तिकी पूजा अपने हाथों करते थे।'

८ तुकारामजीकी दर्शनोत्कण्ठा

श्रीविट्ठल-मूर्तिकी पूजा-अर्चा, ध्यान-धारणा और भजन नाम-स्मरण करते-करते तुकारामजीको भगवान्‌के साक्षात् दर्शनकी बड़ी तीव्र लालसा हुई। जिसकी मूर्तिकी नित्य पूजा करते हैं उसके दर्शन कब होंगे! दर्शनोंके लिये उनका चित्त व्याकुल हो उठा। प्रह्लाद और ध्रुव-जैसे बाल-भक्तोंको बचपनमें ही सगुण भगवान्‌के दर्शन हुए, नामदेवसे भगवान् प्रत्यक्षमें बातचीत करते थे, जनाबाईके साथ चक्की चलाते थे, ऐसे भक्तवत्सल मेरे प्यारे पण्ढरिनाथ मुझे कब मिलेंगे! प्रत्यक्ष दर्शनके बिना ब्रह्म-ज्ञान उन्हें तुच्छ-सा लगने लगा। ब्रह्म-ज्ञानकी बातें कहने और सुननेमें अब उन्हें आनन्द नहीं आता था। उनकी बाँहें भगवान्‌से मिलनेके लिये आगे बढ़ना चाहती थीं, नेत्र उन्हींकी ओर टकटकी बाँधे रहना चाहते थे। नेत्रोंसे यदि भगवान् न दिखायी देते हों तो इनकी आवश्यकता ही क्या है? नेत्र यदि भगवान्‌के चरणोंको न देख सकते हों तो वे फूट जायँ। ऐसे-ऐसे भाव ही उनके चित्तमें उठा करते थे। दिन-दिन मिलनकी यह लगन यह विकलता बढ़ती ही गयी। उस समयकी उनकी मनोऽवस्था बतानेवाले कुछ अभंग हैं—

हे पण्ढरिनाथ! तुमसे मिलनेके लिये जी व्याकुल हो उठा है। इस दीनकी इस दौड़पर कब कृपा करोगे मालूम नहीं। मेरा मन तो थक गया राह देखती-देखती आँखें भी थक गयीं। तुम जानते हो, मुझे तुम्हारा मुख देखनेकी ही भूख लगी है।

• • •

मार्गकी प्रतीक्षा करते-करते नेत्र थक गये। इन नेत्रोंको अपने चरण कब दिखाओगे? तुम माता मेरी मैया हो दयामयी छाया हो। २ विठ्ठल! किन्हींको तुमने उबार[illegible] और किन्हींको किसीके सुपुर्द

र दिया; ऐसा कठोर हृदय तुम्हारा क्यों हुआ ? तुका कहता है, मेरी बाहें हे पाण्डुरङ्ग ! तुमसे मिलनेको फड़क रही हैं।'

* * *

'तुम्हारे ब्रह्मज्ञानकी मुझे इच्छा नहीं, तुम्हारा यह सुन्दर सगुण रूप मेरे लिये बहुत है। पतितपावन ! तुमने बड़ी देर लगायी, क्या अपना वचन भूल गये ? संसार (घर-गिरस्ती) जलाकर तुम्हारे आँगनमें आ बैठा हूँ, इसकी तुम्हें कुछ सुध ही नहीं है। तुका कहता है, मेरे विठ्ठल ! रिस मत करो, अब उठो और मुझे दर्शन दो।'

* * *

'जीकी बड़ी साध यही है कि तुम्हारे चरणोंसे भेंट हो। इस निरन्तर वियोगसे चित्त अत्यन्त विकल है।'

* * *

'आत्मस्थितिका विचार क्या करूँ ? क्या उद्धार करूँ ? चतुर्भुजको देखे बिना धीरज ही नहीं बँध रहा है। तुम्हारे बिना कोई बात हो यह तो मेरा जी नहीं चाहता। तुका कहता है, अब चरणोंके दर्शन कराओ।'

* * *

'तुका कहता है, एक बार मिलो और अपनी छातीसे लगा लो।'

* * *

'ये आँखें फूट जायँ तो क्या हानि है जब ये पुरुषोत्तमको नहीं देख पातीं ! तुका कहता है, अब पाण्डुरङ्गके बिना एक क्षण भी जीनेकी इच्छा नहीं।'

* * *

'तुका कहता है, अब अपना श्रीमुख दिखाओ, इससे इन आँखोंकी भूख बुझेगी।'

* * *

८ तुकारामजीकी दर्शनोत्कण्ठा

श्रीविट्ठल-मूर्तिकी पूजा-अर्चा, ध्यान धारणा और अखण्ड नाम-स्मरण करते-करते तुकारामजीको भगवान्‌के साक्षात् दर्शनकी बड़ी तीव्र उत्कण्ठा हुई। जिनकी मूर्तिकी नित्य पूजा करते हैं उनके दर्शन कब होंगे! दर्शनोंके लिये उनका चित्त व्याकुल हो उठा। प्रह्लाद और ध्रुव-जैसे बाल-भक्तोंको बचपनमें ही सगुण भगवान्‌के दर्शन हुए, नामदेवसे भगवान् प्रत्यक्षमें बातचीत करते थे, जनाबाईके साथ चक्की चलाते थे, ऐसे भक्तवत्सल मेरे प्यारे पण्ढरिनाथ मुझे कब मिलेंगे! प्रत्यक्ष दर्शनके बिना ब्रह्म-ज्ञान उन्हें तुच्छ-सा लगने लगा। ब्रह्म-ज्ञानकी बातें कहने और सुननेमें अब उन्हें आनन्द नहीं आता था। उनकी बाँहें भगवान्‌से मिलनेके लिये आगे बढ़ना चाहती थीं, नेत्र उन्हींकी ओर टकटकी बाँधे रहना चाहते थे। नेत्रोंसे यदि भगवान् न दिखायी देते हों तो इनकी आवश्यकता ही क्या है! नेत्र यदि भगवान्‌के चरणोंको न देख सकते हों तो ये फूट जायँ। ऐसे-ऐसे भाव ही उनके चित्तमें उठा करते थे। दिन-दिन मिलनकी यह लगन, यह विकलता बढ़ती ही गयी। उस समयकी उनकी मनोऽवस्था बतानेवाले कुछ अभङ्ग हैं—

हे पण्ढरिनाथ! तुमसे मिलनेके लिये जी व्याकुल हो उठा है। इस दीनकी इस रोनेपर कब कृपा करोगे मालूम नहीं। मेरा मन तो थक गया राह देखते-देखते आँखें भी थक गयीं। तुका कहता है मुझे तुम्हारा मुख देखनेकी ही भूख लगी है।

• • •

मार्गकी प्रतीक्षा करते-करते नेत्र थक गये! इन नेत्रोंको अपने चरण कब दिखाओगे? तुम माता मेरी मैया हो, दयामयी छाया हो। हे विट्ठल! किसीको तुमने उबार लिया और किसीको किसीके सुपुर्द

कर दिया; ऐसा कठोर हृदय तुम्हारा क्यों हुआ ? तुका कहता है, मेरी बाहें हे पाण्डुरङ्ग ! तुमसे मिलनेको फड़क रही हैं ।'

* * *

'तुम्हारे ब्रह्मज्ञानकी मुझे इच्छा नहीं, तुम्हारा यह सुन्दर सगुण रूप मेरे लिये बहुत है । पतितपावन ! तुमने बड़ी देर लगायी, क्या अपना वचन भूल गये ? संसार (घर-गिरस्ती) जलाकर तुम्हारे आँगनमें आ बैठा हूँ, इसकी तुम्हें कुछ सुध ही नहीं है । तुका कहता है, मेरे विठ्ठल ! रिस मत करो, अब उठो और मुझे दर्शन दो ।'

* * *

'जीकी बड़ी साध यही है कि तुम्हारे चरणोंसे भेंट हो । इस निरन्तर वियोगसे चित्त अत्यन्त विकल है ।'

* * *

'आत्मस्थितिका विचार क्या करूँ ? क्या उद्धार करूँ ? चतुर्भुजको देखे बिना धीरज ही नहीं बँध रहा है । तुम्हारे बिना कोई बात हो यह तो मेरा जी नहीं चाहता । तुका कहता है, अब चरणोंके दर्शन कराओ ।'

* * *

'तुका कहता है, एक बार मिलो और अपनी छातीसे लगा लो ।'

* * *

'ये आँखें फूट जायँ तो क्या हानि है जब ये पुरुषोत्तमको नहीं देख पातीं ? तुका कहता है, अब पाण्डुरङ्गके बिना एक क्षण भी जीनेकी इच्छा नहीं ।'

* * *

'तुका कहता है, अब अपना श्रीमुख दिखाओ, इससे इन आँखोंकी भूख बुझेगी ।'

*

तुका कहता है कि अब आकर मिलो। पीठपर हाथ फेरकर अपनी छातीसे लगा लो।

• • •

विरहसे जलकर सूख गया हूँ, अस्थिपञ्जर रह गया है। अब तो हे पाण्डुरङ्ग! अपने दर्शन दो।

• • •

मुझसे आकर मिलोगे, दो-एक बातें करोगे तो इसमें तुम्हारा क्या खर्च हो जायगा? तुका कहता है, तुम्हारी बड़ाई मुझे न चाहिये, पर दर्शनोंकी तो उत्कण्ठा है।

• • •

जो लोग अरूपकी इच्छा करते हों उनके लिये आप अरूप बनिये। पर मैं तो सरूपका प्रेमी हूँ।

भगवन्! आपके निराकार रूपसे जिनका प्रेम हो उनके लिये आप निराकार ही बने रहिये पर मैं तो आपके सगुण साकार रूप-रसका प्यासा हूँ। आपके चरणोंमें मेरा चित्त लगा है। मैं तो अज्ञानी ही हूँ। अज्ञान बच्चा भी कहीं आपसे दूर रहनेयोग्य बननेके लिये सयानोंकी बराबरी कर सकता है? ज्ञानी पुरुषोंकी बराबरी मैं अज्ञान होकर कैसे कर सकता हूँ? बच्चा जब सयाना हो जाता है तब माता उसे दूर रखती है, अज्ञान शिशु तो माताकी गोद कभी नहीं छोड़ता। जो ब्रह्मज्ञानी हों उन्हें मोक्ष (छुटकारा) दे दो पर मुझे मत छोड़ो मुझे मोक्ष न चाहिये। तुम्हारे चरणोंका जो नेह लगा है वह अब छूटनेवाला नहीं। रसना तुम्हारे ही नामकी रसिक हो गयी है आँखें तुम्हारे ही चरणोंके दर्शनकी प्यासी हैं। यह भाव अब मेरा बदलनेवाला नहीं। इसलिये तुम अब मेरे इस प्रेम-रसको छुड़ाने मत दो। अपनेसे मुझे अब दूर मत करो। मैं तुम्हारा मोक्ष नहीं चाहता तुम्हींको चाहता हूँ।

मौन का धरिलें विश्वाच्या जीवन । उत्तर वचना देईं माझ्या ॥ १ ॥

'हे विश्वजीवन ! ऐसे मौन साधे क्यों बैठे हो ? मेरी बातका ज्वाब दो ।'

मेरा पूर्वसञ्चित सारा पुण्य तुम हो—

तू माझें सत्कर्म तू माझा स्वधर्म । तूचि नित्यनेम नारायणा ॥ ४ ॥

'तुम्हीं मेरे सत्कर्म हो, तुम्ही मेरे स्वधर्म हो, तुम्हीं नित्य-नियम हो, हे नारायण !' मैं तुम्हारे कृपा-वचनोंकी प्रतीक्षा कर रहा हूँ ।

तुका म्हणे प्रेमळाच्या प्रियोत्तमा । बोल सर्वोत्तमा मजसवें ॥ ५ ॥

'तुका कहता है, प्रेमियोंके हे प्रियोत्तम ! हे सर्वोत्तम ! मुझसे बोलो ।'

'शरणागतको, महाराज ! पीठ न दिखाओ, यही मेरी विनय है । जो तुम्हे पुकार रहे हैं, उन्हें चट उत्तर दो, जो दुखी हैं उनकी टेर सुनो—उनके पास दौड़े आओ, जो थके हैं उन्हे दिलासा दो और हमे न भूलो, यही तो हे नारायण ! मेरी तुमसे प्रार्थना है ।'

कम-से-कम एक बार यही न कह दो कि 'क्यों तग कर रहे हो, यहाँसे चले जाओ ।' 'हे नारायण ! तुम ऐसे निठुर क्यों हो गये ? 'साधु-सर्तोसे तुम पहले मिले हो, उनसे बोले हो, वे भाग्यवान् थे, क्या मेरा इतना भाग्य नहीं ?' आजतक किसीको तुमने निराश नहीं किया, और मेरे जीकी लगन तो यही है कि तुमसे मिलूँ, इसके बिना मेरे मनको कल न पड़ेगी ।

भगवन् ! 'हम यह क्या जानें कि तुम्हारा कहाँ क्या भेद है ?' वेद बतलाते हैं कि तुम अनन्त हो, तुम्हारा कोई ओर-छोर नहीं, तब किस ठौर हम तुम्हें ढूँढें ? सप्त पातालके नीचे और स्वर्गसे भी ऊपर तुम रहते हो, यह मच्छर तुम्हें इन ऑखोंसे कैसे देखे ? हे पण्ढरिनाथ ! हे विठ्ठलनाथ !

तुम इतने बड़े हो पर अपने प्यारे भक्तोंके लिये चाहे जितना छोटा रूप धारण कर सकते हो।

हुई मज ऐसा मज तैसा। साना सुकुमार हृषीकेशा॥
पुरवी माझी आस। मुख चारी दावी॥ २॥

हे हृषीकेश! मेरे लिये भी वैसे ही बनो, वैसे ही छोटे सुकुमार, और मेरी आशा पूरी करो। चार भुजाओंवाली छवि दिखाओ।'

अब तुम्हारी ही शरण ली है' क्योंकि तुम्हारा कोई भी दास विफलमनोरथ नहीं हुआ। मैं भी तुम्हारा दास हूँ, मेरी इच्छा भी पूरी होगी ही। पर हे दयानिधे! मुझपर तुम्हारी दृष्टि पड़े।' और 'ईंटपर खड़े हे पण्ढरिनाथ! अब जल्दी दौड़ आओ।

'अन्नाभावपीड़ित भूखे' के सामने मिष्टान्न परोसा हुआ थाल रखा जाय अथवा पालनेमें बैठी हुई किसी मक्खनका गोला देख ले' तो उसकी जो हालत होती है वही मेरी हालत हुई है—तुम्हारे चरणोंमें मन लगा है, मिलनेके लिये प्राण सूख रहे हैं।

हम बच्चे-भोंदोंकी कौन खबर लेता है! —हे पाण्डुरङ्ग! तुम्हारे बिना मुझपर ममता रखनेवाला इस विश्वमें और कौन है! किससे हम अपना सुख दुःख कहें कौन हमारी भूख-प्यास बुझायेगा!'

हमारे तापको हरनेवाला और कौन है? हम अपना हवाल किसको सुनायें? कौन हमारी पीठपर प्यारसे हाथ फेरेगा? इसलिये अब इतनी ही बिनती है कि—

धाव [illegible] आई। आता पाहतोसी काई॥ १॥
धीर नाही माझे पोटी। झालो वियोगें हिंपुटी॥ [illegible]॥
[illegible] [illegible]। [illegible] [illegible] [illegible]॥ ३॥

तुका म्हणे होई । कधीं ठेवीन हे पाई ॥ २ ॥

'दौड़ी आओ, मेरी मैया ! अब क्या देखती हो ? अब धीरज नहीं रहा, वियोगसे व्याकुल हो रहा हूँ । अब जीको ठण्डा करो, अबतक रोते ही बीता है । कब यह मस्तक तुम्हारे चरणोंमें रखूँगा, यही एक ध्यान है ।'

९ भगवान्‌से प्रेम-कलह

भगवान्‌के दर्शनोंके लिये जी छटपटा रहा है, ऐसी अवस्थामें तुकारामजी भगवान्‌पर कभी गुस्सा होते, कभी प्रेम-भिक्षा माँगते, कभी बड़ा ही विचित्र युक्तिवाद करते, कभी उन्हें निठुर कहते, कभी कहते, मेरे स्वामी बड़े भोले, बड़े कोमल हृदयवाले हैं, कहकर उसी प्रेम-ध्यानमें मग्न हो जाते, कभी कहते 'देखो, पाण्डुरङ्ग कैसे खीज उठे हैं । पर नामकी चुटिया हम पकड़े हुए हैं' और यह कहते हुए अपनी विजय मनाते और कभी अपनेको पतित समझकर लजासे सिर नीचा कर लेते, कभी भगवान्‌को संतोंकी पञ्चायतमें खींच लाते और उन्हें छली-कपटी, दरिद्री, दिवालिया ठहराते और कभी 'क्यों मैंने घर-गिरस्तीपर लात मार दी !' 'क्यों संसार सुखकी होली जला दी ?' इत्यादि कहकर दीन होकर बैठ जाते, कभी गालियोंकी झड़ी लगाते और कभी कहते 'तुम मातासे भी अधिक ममता रखनेवाले हो, चन्द्रसे भी अधिक शीतल हो, प्रेमके कल्लोल हो' और इस प्रकार उनकी दयालुताका ध्यान करते करते उसीमें लीन हो जाते, कभी अपनेको पतित कहते, कभी भगवान्‌से बराबरी करते, कभी भगवान्‌को निर्गुण कहते, कभी सगुण कहते, कभी द्वैतकी भावना करते, कभी अद्वैतरंगमें रँग जाते । इस प्रकार तुकारामजी भगवान्‌का प्रेम-सुख अनन्त प्रकारसे भोग करते, उनके भगवत्प्रेमके अनेक रंग थे, अनेक ढंग थे ! उनके हृदयके वे प्रेम कल्लोल कुछ उन्हींके शब्दोंमें देखें—

'जिनसे हे भगवन् ! तुम्हें नाम और रूप प्राप्त हुआ' वे हम पतित

ही तुम्हारे सच्चे भगवान् हैं। हमलोग हैं इसीसे तो तुम्हारी महिमा है। अँधेरेसे दीपकी शोभा है, रोगोंके होनेसे धन्वन्तरिकी ख्याति है जिसके होनेसे अमृतका महत्त्व है और पीतलके होनेसे ही सोनेका मूल्य है।

हम तुम्हारे कहाते हैं—पर तुम हमारा यह उपकार नहीं मानते कि हमारी ही बदौलत तुम्हें नाम-रूपका ठिकाना है। क्या कभी इस उपकारको याद करते हो?

एक जगह तुकारामजी कहते हैं—भगवन्! हम भक्तोंने तुम्हारी इतनी ख्याति बढ़ायी, नहीं तो तुम्हें कौन पूछता?

सोलह हजार तुम बन सकते हो—सोलह हजार नारियोंके लिये तुम सोलह हजार रूप धारण कर सकते हो पर इस तुकाके लिये एक रूप धारण करना भी तुम्हारे लिये इतना कठिन हो रहा है।

भगवन्! मेरी आरति और स्वप्नका मेल नहीं है। हाँ, तुम्हारी उदारता मैं समझ गया। मैं तो तुम्हारे चरणोंपर मस्तक रखूँ और तुम अपने गलेका हार भी मेरी अञ्जलिमें न डालो! हाँ, समझा! जो कुछ भी नहीं दे सकता वह भोजन क्या करायेगा!

भगवन्! पहले जो भक्त तर गये वे अपने पुरुषार्थसे तर गये, उन्होंने अपना सर्वस्व तुम्हें दिया तब तुमने अपना हृदय उन्हें दिया। पर मुझ तुकानेमें कौन-सा बड़ा भारी धर्म है? मेरे-जैसे पुरुषार्थहीन पतितको तुम तारोगे तभी उदार कहानेयोग्य होगे।

भगवन्! आज तुमने मेरा प्रेम-भङ्ग किया अब मेरी जीभ यदि क्षुब्ध हुई तो मैं संतोंमें तुम्हारी फजीहत कराऊँगा। तुम ऐसे निठुरपनेका बर्ताव करोगे तो तुम्हारा विश्वास कोई कैसे करेगा?

जिसके स्वामी तुम-से हों उस सेवकका जीना कष्टदायक है। देख

विदेशमें जिसकी बातकी धाक है उसका कुत्ता भी अच्छा है। जिसका नाम लेते संसार थरथर काँपने लगता है उसके द्वारपर कुत्ता होकर रहनेमें भी इज्जत है। यह विचार हे भगवन्! मेरे चित्तमें क्यों उठा, यह तुम्हीं जानो—जिसकी बात वही जाने।

सचमुच ही इस बड़प्पनको धिक्कार है। इस महिमाका मुँह काला। द्वारपर खड़ा मैं कबसे पुकार रहा हूँ, पर 'हाँ' तक कहनेकी जरूरत आप नहीं समझते। शिष्टाचारकी इतनी-सी बात भी आपको नहीं मालूम? 'कोई अतिथि आ जाय तो शब्दोंसे उसको सन्तोष दिलानेमें क्या खर्च हुआ जाता है?' हे श्रीहरि! यह सब तुम्हींको शोभा देता है। हम मनुष्य तो इतने बेहया नहीं हैं।

जबतक तुम्हारे मुँहसे दो बातें मैं न सुन लूँगा तबतक ऐसे ही बकता-झकता रहूँगा। पर तुम्हें पुण्डलीककी शपथ है, जरा भी जबान हिलायी तो।

भगवन्! तुम भरमाने-भटकानेमें बड़े कुशल हो और मैं भी बड़ा लतखोर हूँ। हमारा भाग्य ऐसा जो तुम्हें मौन साधे बैठ रहना ही अच्छा लगता है। हमारे साथ तुमने दुराव किया इसलिये हमने यह विनोद किया।

'सचमुच ही, भगवन्! तुमसे ही तो मैं निकला हूँ। तब तुमसे अलग कैसे रह सकता हूँ?' मुझमें कौन सी कमी है वही बता देते। चलो, संतोंके सामने वहीं तुमसे निपटूँगा।

'तुम अमर हो यह सही है, पर तुका कब अमर नहीं है? तुम्हारा यदि कोई नाम नहीं तो मेरा भी नामपर कोई दावा नहीं। तुम्हारा यदि कोई रूप नहीं तो मेरा भी रूपपर कोई हक नहीं। और जब तुम लीला करते हो तब मैं क्या अलग रहता हूँ? तो क्या, तुम झूठे हो? तुका कहता है, तो मैं भी वैसा ही हूँ।'

भगवन्! तुम्हारे प्रेमकी खातिर, तुम्हारी एक बातके लिये, तुम्हारे

दर्शन पानेके लिये। मैंने ऋद्धियोंका होलिका-दहन किया, संसार-सुखका परित्याग किया। यह जानकर तो दर्शन दो।

भगवान्! तुम बड़े या मैं बड़ा जरा यह भी देख लें। मैं पतित हूँ यह बात तो जनी-जनायी है और तुम जो पतित-पावन हो तो तुमने साबित करके अभीतक नहीं दिखाया। मैं भेद-भावको अपने प्राणोंसे लिपटाये बैठा हूँ, पर तुमसे भी उसका छेदन नहीं बन पड़ता है। मेरे दोष इतने बलवान् हैं कि उनके सामने तुम्हारी कुछ नहीं चलती। मेरा मन दसों दिशाओंमें भटकता रहता है पर तुम उसके भयसे बहुत दूर (मनसस्तु परा बुद्धिर्बुद्धेः परतस्तु सः) जा छिपे हो! अब बतलाओ तुम बड़े हो या मैं बड़ा!

भगवान्! मेरे सब स्वजन-प्रियजन मर गये और तुम कैसे नहीं मरे! तुम्हें देखते ही मेरे पिता गये, दादा गये, परदादा गये। तुम्हीं हे विठले! कैसे बचे हो! यह भेद मुझे बतलाओ। मेरे पीछे बचपन, यौवन, बुढ़ापा लगा है। पर विठले! इन सबसे तुम कैसे बचे हो, यह मुझे बताओ।

भगवान्! तुम वैसे अच्छे हो पर इस मायाकी संगतमें आकर स्त्री-बुद्धिवाले बन गये हो, इसकी सोहबतमें तुमने ये सब रंग-ढंग सीखे हैं।

तुम तो बड़े अच्छे थे, पर इस रॉडने तुम्हें बिगाड़ा। किसीकी जो चीज है उसे वह ला देने नहीं देती। तुम्हें बकती है, खाने दौड़ती है।

भगवान्! मैंने आजतक तुम्हारी कितनी स्तुति की, कितनी निन्दा की पर तुम पूरे हो! बात ही नहीं करते नामतक नहीं लेते। तो लो, अब मैं तुमसे कहे देता हूँ—

मरो देवा देव भाव। मरता स्वामी भक्त ॥ १ ॥

मेरे लिये तो भगवान् मर गये जिनके लिये भय हो, उनके लिये हुआ करें।

'क्या किसी पर्वकाल, तिथि, नक्षत्रका विचार कर रहे हो ?'—साइत देख रहे हो ! मेरा चित्त तुमसे मिलनेके लिये छटपटा रहा है। मैं अन्यायी हूँ, दोषोंकी खानि हूँ, इसलिये मुझपर क्रोध मत करो। इस अनजान बालकको रुलाओ मत !

भगवन्! तुम घरके लेनेवाले हो। 'जहाँ-तहाँ लेनेकी ही बात है,' कोई बिना कुछ लिये देता नहीं, तब तुम्हीं अकेले उदार क्यों बनो ?

आधीं वरी हात या नावें उदार। उसण्याचें उपकार फिटाफिट ॥

'पहले ही जिसका हाथ ऊपर रहता है उसको उदार कहते हैं। उधार लियेका उपकार क्या ? वह तो पटेपाट है।' सच्ची उदारता दिखाओ, मुझसे जो सेवा बन पड़ती है वह तो मैं करता ही हूँ।

भगवन्! मैं क्या सचमुच ही पापी हूँ ?

पापी म्हणों तरी आठवितों पाय। दोष बळी काय तयाहूनी ? ॥

'पापी कहूँ तो आपके चरणोंका स्मरण करता हूँ। मेरा पाप क्या आपके चरणोंसे भी अधिक बलवान् है ?'

'उपजना-मरना' तो हमारी बपौती है, इससे छुड़ाओ तब तुम्हारी बड़ाई जानें!

भगवन्! आप सदाके बली और हम सदाके दुर्बल, यह क्या ? हमने क्या दुर्बल बने रहनेका पट्टा लिख दिया है ? हम याचक और आप दाता, ऐसा ही नाता सदा क्यों रहे ? 'हमारे भी कुछ उपकार रहने दो, अकेले बने रहनेमें क्या बड़ाई है ?'

भगवन्! हम विष्णुदास हैं, हमारा सब बल-भरोसा तुम हो पर इस कालको देखते हैं, हमारे ही ऊपर हुकूमत चला रहा है।

मैं अनन्य हूँ। भला, एक भी ऐसा गवाह मेरे विरुद्ध खड़ा कीजिये जो यह कहे कि 'तुम्हारे सिवा और भी कहीं तुकारामका मन रमता है।'

भला, मेरे-जैसे किसीको भी आपने तारा है? 'हाथके कगनको आरसी क्या? मै ता जैसे-का-तैसा ही बना हुआ हूँ।'

हातींच्या काकणा कासया आरसा। असों मी जसा-तैसा आहे॥

हम भक्तोंके कारणसे तुम्हे देवत्व प्राप्त हुआ, यह बात क्या तुम भूल गये? पर उपकार भूल जाना तो बड़ोंकी एक पहचान ही है।

समर्थासी नाहीं उपकारस्मरण। दिल्या आठवण वाचोनिया॥

'समर्थोंको, स्मरण कराये बिना उपकार स्मरण नहीं होता।'

मैं अब ऐसे माननेवाला भी नहीं! प्रेम-दान कर मुझे मना लो।

भगवन्! मैं पतित हूँ और आप पतितपावन। पहले मेरा नाम है, पीछे आपका।

जरी मी नव्हतों पतित। तरी तू कैचा पावन यथ॥ ४॥
म्हणोनि माझें नाम आधीं। मग तू पावन कृपानिधि॥ २॥

'यदि मै पतित न होता तो आप कहाँसे पावन होते? इसलिये मेरा नाम पहले है, और पीछे आप हैं हे पावन कृपानिधे!'

भगवन्! इस क्रमको अब मत बदलिये—

नवें करूं नये जुनें। सांभाळावें ज्याचें त्यानें॥ १॥

'नया कुछ न करे, सनातनसे जिसके जिम्मे जो काम है उसे वह सम्हाले।'

भगवन्! मैंने आपकी बड़ी निन्दा की, पर 'वह जीकी छटपटाहट है, झगड़नेकी मुझे बान पड़ गयी है, कोई शब्द छूट गये हों तो क्षमा करें। मेरा सच्चा धर्म क्या है सो मैं जानता हूँ—

'आपके चरणोंमें मैं क्या जोर आजमाऊँ ! मेरा तो यही अधिकार है कि दास होकर कृपाकी भिक्षा माँगूँ ।'

तुम्हारे श्रीमुखके दो शब्द सुन पाऊँ, तुम्हारा श्रीमुख देख लूँ, बस यही एक भाव लगी है । भगवन् ! आप जल्दी क्यों नहीं आते !

विठाबाई ! विश्वम्भर ! भवच्छेदके !
कोठें गुंतलीस अगे विश्वव्यापके ॥ १ ॥
न करीं न करीं न करीं आता । आळस अंतर
मायबापा प्रकट कैसें दुरी अंतर ॥ २ ॥

विठमाई ! विश्वम्भरे ! भवच्छेदके ! हे विश्वव्यापके ! तुम कहाँ उलझ रही हो ! अब आलस्य न करो न करो न करो, तिरस्कार न करो । प्रकट होनेके लिये दूर-पास क्या !

भगवन् ! मुझसे आप कुछ बोलते नहीं क्यों इतना दुःखी कर रहे हैं ! प्राण कण्ठमें आ गये हैं, मैं आपके चरणोंकी बाट जोह रहा हूँ । मैं भगवान्‌का कहाता हूँ और भगवान्‌से ही भेंट नहीं इसकी मुझे बड़ी लज्जा आती है ।

भगवन् ! मेरे प्रेमका तार मत तोड़ो । आपकी कृपा होनेपर मैं ऐसा दीन-हीन न रहूँगा । पेट भरनेपर क्या संसारसे यह कहना पड़ता है कि मेरा पेट भरा ! तृप्ति चेहरेसे ही मालूम हो जाती है । चेहरेकी प्रसन्नता ही उसकी पहचान है ।

अस्तु, इस प्रकार तुकारामजी प्रेमावेशमें भगवान्‌से उत्तर-प्रत्युत्तर और विनोद-परिहास किया करते थे । कभी कोई-कोई शब्द बाहरसे बड़े कठोर होते थे पर उनके अंदर आन्तरिक प्रेमका जो गहरा रंग भरा रहता था वह उन विकट शब्दोंसे ढके ही छिपा रहता था ! भगवान् तो अंतरकी जानते हैं ! तुकाराम उनसे जैसे झगड़ते थे वैसे झगड़ना प्रेमके

बिना थोड़े ही बनता है ? उत्कट प्रेमके बिना झगड़नेकी भी हिम्मत कहाँसे हो सकती है ? तुकारामजीने भगवान्‌से हुज्जत की, हँसी-मजाक किया, अपनी दीनता भी दिखायी और बराबरीका दावा भी किया। उनके हृदयके ये विविध उद्गार उनका उत्कट भगवत्प्रेम ही व्यक्त करते हैं। उनके जीकी बस यही एक लगन थी कि भगवान् अपने सगुण रूपका दर्शन दें। जबतक भगवान्‌के प्रत्यक्ष दर्शन नहीं होते, 'केवल सुनते हैं कि वेद ऐसा कहते हैं, प्रत्यक्ष अनुभव कुछ भी नहीं, तबतक केवल इस कहने सुननेमें क्या रखा है ? सतीको वस्त्रालङ्कार पहनाकर चाहे जितना सिंगारिये पर जबतक पतिका सङ्ग उसे नहीं मिलता तबतक वह मन ही-मन कुढा करती है। वैसे ही भगवान्‌के दर्शन बिना तुकारामजीको कुछ भी अच्छा नहीं लगता था।

पत्रीं कुशलता भेटीं अनादर। काय तें उत्तर येईल मानें ॥ १ ॥
आलों आलों ऐसी दाऊनियाँ आस। बुडों बुडतयास काय द्यावें ॥ २ ॥

'चिट्ठी-पत्रीमें तो कुशल-क्षेमका समाचार लिखते हैं पर स्वय आकर मिलनेकी इच्छा नहीं करते। ऐसे कुशल-समाचारको मैं क्या समझूँ ? अब आता हूँ और तब आता हूँ, ऐसी आशा दिलाना और जो डूब रहा है उसे डूबने देना क्या उचित है ?' यह उन्होंने भगवान्‌से पूछा है।

केवल नानाविधि पक्वान्नोंका नाम ले लेनेसे ही भोजन नहीं होता, इसलिये भगवन् ! अपने दर्शन दो ! प्रभु ! दर्शन दो ! यही एक पुकार वह मचाये हुए थे।

भगवन् ! तुमसे यदि मेरी प्रत्यक्ष भेंट नहीं हुई और कोरी बातें ही करते रहे तो ये सत मुझे क्या कहेंगे ! इसको भी तनिक विचारो।

मज ते हासतील सत। जिन्हीं देखिलेति मूर्तिमत।
म्हणोनि उद्वेगिलें चित्त। आहाच भक्त ऐसा दिसे ॥

वे संत मुझे हँसेंगे जिन्होंने तुम्हें मूर्तिमन्त देखा है, कहेंगे—यह भक्त ऐसा ही है (केवल भक्तिकी बातें करता है, भगवान्‌से इसकी भेंट कहाँ!), इससे चित्त और भी उद्विग्न होता है।

मेरे मन और कीर्तिका डंका बजनेसे ही मुझे सन्तोष नहीं हो सकता। जबतक मैं तुम्हारे चरण नहीं देखूँगा तबतक मेरे चित्तको कल न पड़ेगी और लोगोंका भी चित्त सुखी न होगा।'

सर्वांसि कारणें समाधान। मज ही दर्शनावांचून॥ २॥
रूप दाखवीं रे आतां। सहस्र भुजांच्या मंडिता॥ २॥

'आपके दर्शन बिना सबको समाधान न होगा। इसलिये हे सहस्रभुज! अब अपना रूप दिखाओ।

तुम्हारा रूप जब मैं एक बार देख लूँगा तब मैं उसीको अपने चित्तपर सदाके लिये खींच लूँगा और तब संत भी मुझे मानेंगे। जिन्होंने भगवान्‌के साक्षात् दर्शन नहीं किये संतोंमें उनकी मान्यता नहीं। संत और भक्त वही है जिसे भगवान्‌का सगुण-साक्षात्कार हुआ हो। तुका कहता है, भोजनके बिना तृप्ति कहाँ!

१० मिलन-मनोरथ

भगवन्मिलनकी व्याकुलता इस प्रकार बढ़ती ही गयी तब जागनेमें भी तुकारामजी उसी मिलनके मनोराज्य सुख-स्वप्न देखने लगे। अब मैं कथा (भागवती भी भाषा) उनके अभंगोंमें यह कहते हैं—

'भगवान् आलिङ्गन देकर प्रीतिसे इन अङ्गोंको शान्त करेंगे और अमृतकी दृष्टि डालकर मेरे जीको ठंडा करेंगे। गोदमें उठा लेंगे और भूख-प्यासको पूछेंगे और पीताम्बरसे मेरा मुँह पोंछेंगे। प्रेमसे मेरी ओर देखते हुए मेरी ठुड्डी पकड़कर मुझे सान्त्वना देंगे। तुका कहता है मेरे

माँ-बाप हे विश्वम्भर ! अब ऐसी ही कुछ कृपा करो ।' ऐसे-ऐसे मीठे विचारोंमें उनका मन मग्न होने लगा। प्रत्यक्ष मिलनकी अपेक्षा उस मिलनके प्रसङ्गकी पूर्व आशाओंमें कुछ और ही सुख होता है। मिलनमें एक बार ही आकण्ठ प्रेमोत्कण्ठा स्थिर हो जाती है। पर -मिलनके पूर्वके मनोरथ बड़े बड़े मनोहर दृश्य दिखाकर विलक्षण सुख-वेदनाओंका अनुभव कराते हैं। बच्चोंके लिये खिलौने खरीदने चलिये उस क्षणसे खिलौने बच्चोंके हाथोंमें आनेके क्षणतक बच्चोंके मुख कैसे-कैसे सुखोंकी कल्पनाओंमें आनन्दोत्फुल्ल हो उठते हैं। खिलौने हाथमें आ जानेके पीछे वह आनन्द नहीं रहता। उस आनन्दमें बच्चे कैसी कैसी उछल-कूद मचाते हैं, पीछे वह बात नहीं रहती—फिर तो शान्ति आ जाती है। कहते हैं, वस्तु-लाभके सुखकी अपेक्षा उसकी प्रतीक्षाका सुख अधिक है—विलक्षण है। अब यह आनन्द देखिये—

'पहलेके सत वर्णन कर गये हैं कि भगवान् भक्तिके वश छोटे बन गये सो कैसे बने वह हे केशव ! मेरे माँ बाप ! मुझे प्रत्यक्ष बनकर दिखाइये। आँखोंसे देख लूँगा, तब तुमसे बातचीत भी करूँगा, चरणोंमें लिपट जाऊँगा। फिर चरणोंमें दृष्टि लगाकर हाथ जोड़कर सामने खड़ा रहूँगा। तुका कहता है, यही मेरी उत्कण्ठ-वासना है, नारायण ! मेरी यह कामना पूरी करो'।'

पहले यह बता गये कि भगवान् मिलेंगे तब वह क्या करेंगे और इस अभगमें यह बतलाया कि मैं क्या करूँगा। मैं भगवान्‌को आँखें भरकर देखूँगा, प्रेमसे हृदय भरकर उनके पैर पकड़ूँगा, चरणोंपर दृष्टि रखकर हाथ जोड़ सामने खड़ा रहूँगा और भगवान्‌से हृदय खोलकर, जी भरकर बातें करूँगा। तुकारामजीके अनेक अभग हैं जिनमें उनकी भगवन्मिलनकी यह उत्कण्ठा लालसा व्यक्त हुई है। एक स्थानमें वह कहते

है कि भगवान्‌को जो देखा मैं आस्वादन करता रहा वह सही थी या उसमें कुछ गलती थी, यह मैं उन्हींसे पूछूँगा। और उनसे कहूँगा कि अब आप अपने मुखसे मुझे कुछ बतावें यह मैं चाहता हूँ। और अभिलाषा मेरी यह है कि—

> बोलें परस्परें भावनेसे सुख । पहावें श्रीमुख देखिलसी ॥ ३ ॥
> तुका म्हणे सत्य सांगतों वचन । धरूनी चरण सांगे तुज ॥ ४ ॥

आपकी-मेरी बातचीत हो और उससे सुख बढ़े। आँखें भरकर आपका श्रीमुख देखूँ। तुका कहता है, यह मैं आपके चरणोंको साथी रखकर सच-सच कहता हूँ। याने और कुछ मैं नहीं चाहता।

भगवान्! आप कहिये कि तुमने शास्त्रोंको पढ़ा है, पुराणोंको देखा है, संतोंका संग किया है, कीर्तन-प्रवचन सुनकर तथा ब्रह्मविद्याके ग्रन्थोंका अध्ययनकर तुमने यह जाना है कि ब्रह्मका स्वरूप क्या है, उस व्यापक रूपको छोड़ अब मेरी छोटी-सी मूर्ति किसलिये देखना चाहते हो! सुनिये—

> ब्रह्मज्ञानी ऐसी ज्ञानें जीवन्मुक्त । सद्गुणिया भीत प्रेमसुख ॥ १ ॥
> सुख भक्तांसाठी केलें हें निर्माण । निर्गुण तो काय कामें ध्यावा ॥ २ ॥

यह प्रेम-सुख छोड़कर हम जीवन्मुक्त किसलिये हों! आपने हमारे लिये यह सुख निर्माण किया है। कौन ऐसा अभागा होगा जो इसे लात मार दे!

मेरी उत्कण्ठा-कामना क्या है सो एक बार स्पष्ट शब्दोंमें तुमसे कहे देता हूँ—

> नको ब्रह्मज्ञान आत्मस्थितिभाव । मी भक्त तूं देव ऐसें करी ॥ १ ॥
> दावीं रूप मज गोपीरमण । ठेवूं दे चरणावरी माथा ॥ २ ॥

पाहेन श्रीमुख देईन आलिंगन । जीवें लिंबलोण उतरीन ॥ २ ॥
पुसता सांगेन हितगुजमात । बैसोनि एकान्त सुखगोष्टी ॥ ३ ॥
तुका म्हणे यासी न लावीं उशीर । माझें अभ्यंतर जाणोनिया ॥ ४ ॥

'ब्रह्मज्ञान—आत्मस्थितिभाव मुझे न चाहिये । ऐसा करो कि मैं भक्त बना रहूँ और आप भगवान् बने रहें । हे गोपिकारमण ! अब मुझे अपना रूप दिखाओ जिसमें मैं अपना मस्तक आपके चरणोंपर रखूँ । तुम्हारा श्रीमुख देखूँगा, तुम्हें आलिङ्गन करूँगा, तुम्हारे ऊपरसे राई-नोन उतारूँगा । तुम पूछोगे तब अपनी सब बात कहूँगा, एकान्तमें बैठकर तुमसे सुखकी बातें करूँगा । तुका कहता है, मेरे हृदयका हाल जानकर अब देर मत करो ।'

'मुझ अनाथके लिये' हे नाथ ! अब तुम एक बार चले ही आओ । क्या कहूँ !

'तुम्हारे लिये जी तड़प रहा है, हृदय अकुला रहा है । चित्त तुम्हारे चरणोंमें लगा है । तुम्हारे बिना अब रहा नहीं जाता है ।'

भगवान्से मिलनेकी ऐसी लालसा लगी कि अब उसके बिना एक क्षण भी चैन नहीं । 'पुकारते-पुकारते कण्ठ सूख गया ।' आयु तो बीत चली, इस सोचसे भगवान्के सिवा अब चित्तमें और कोई सङ्कल्प ही न रहा । सब सकल्प जब नष्ट हो गये, अकेले भगवान् रह गये, तब वह शेष, वह माता लक्ष्मी और वह गरुड ध्यानमें स्थिर हो गये । तब तुकारामजी उनसे प्रार्थना करते हैं ।

'गरुडके पैरोंपर बार-बार मस्तक रखता हूँ, हे गरुडजी ! उन हरिको शीघ्र ले आइये, मुझ दीनको तारिये । भगवान्के चरण

है कि भगवान्‌की जो सेवा मैं आजतक करता रहा वह सही थी या उसमें कुछ गलती थी, यह मैं उन्हींसे पूछूँगा। और उनसे कहूँगा कि अब आप अपने मुखसे मुझे सेवा बतावें, यह मैं चाहता हूँ।' और अभिलाषा यही यह है कि—

करें परस्पर बातचीत सुख। पाऊँ श्रीमुख देखूँगा॥ ३॥
तुका कहे सत्य भाखतो वचन। अपनी चरण साथ तुझे॥ ४॥

आपसमें-मेरी बातचीत हो और उससे सुख बढ़े। आपको नयनभर आपका श्रीमुख देखूँ। तुका कहता है, यह मैं आपके चरणोंको छाती रखकर सच-सच कहता हूँ। इससे और कुछ मैं नहीं चाहता।

भगवन्! आप कहेंगे कि 'तुमने ग्रन्थोंको पढ़ा है, पुराणोंको देखा है, संतोंका संग किया है, कीर्तन-प्रवचन सुनकर तथा ब्रह्मविद्याके ग्रन्थोंका अध्ययनकर तुमने यह जाना है कि ब्रह्मका स्वरूप क्या है, उस व्यापक रूपको छोड़ अब मेरी छोटी-सी मूर्ति किसलिये देखना चाहते हो?' सुनिये—

अपनासे अपनी जाने श्रीमुख। साधुनियाँ पीत प्रेमसुख॥ १॥
सुख अपनासरखी करें हैं निर्माण। निर्गुण तो कौन हमें सखा॥ २॥

प्यार प्रेम-सुख छोड़कर हम ब्रह्मसुख किसलिये लें? आपने हमारे लिये यह सुख निर्माण किया है। कौन ऐसा अभागा होगा जो इसे लात मार दे!

मेरी उत्कण्ठा-कामना क्या है सो एक बार स्पष्ट शब्दोंमें तुमसे कह देता हूँ—

नाचे आनन्दमें भक्तविस्मय। मैं भक्त तू देव ऐसे करो॥ १॥
हमीं रूप भव मोहिस्वरूप। उन्हें दे चाहमारी माया प्रभु॥

उठते-बैठते, जागते-सोते, घर-बाहर तथा समाधि व्युत्थानमें भगवान्‌के किस रूपकी ओर उनकी लौ लगी थी, यह देखें। लोग कहेंगे कि तुकारामजी श्रीपाण्डुरङ्ग (श्रीविट्ठल) के भक्त थे, यह तो प्रसिद्ध ही है, इसमें ढूँढ-खोज करनेकी कौन-सी बात है ? इसपर मेरा उत्तर यह है कि, यह बात सचमुच ही ढूँढ-खोज करनेकी है। कम से-कम मुझे जिस दिन इसका पता लगा उस दिन एक बड़ी उलझन सुलझ गयी वह क्या बात है सो आगे लिखते हैं। तुकारामजीके कुलदेव विठ्ठल थे, बचपनसे ही वह विठ्ठलकी उपासनामें थे, उनके अभङ्गोंमें भी सर्वत्र पाण्डुरङ्ग (विठ्ठल) का ही नाम-कीर्तन है जिससे यह स्पष्ट है कि वह विठ्ठलका ही ध्यान करते थे। 'विठ्ठल' पदसे (विष्णु—विठु—विठ्ठल—विठोबा) श्रीविष्णुका ही बोध होता है । 'विष्णु' पदका अर्थ है 'व्यापक'— 'व्याप्नोतीति विष्णुः'—सर्वव्यापी 'अत्यतिष्ठद्दशाङ्गुलम्' भगवान् महाविष्णु। महाविष्णुकी उपासना वेदोंमें भी है। वेदोंका विष्णुसूक्त प्रसिद्ध है। महाराष्ट्रमें भगवद्भक्तोंको विष्णुदास, वैष्णव कहते हैं। 'हम विष्णुदासोंको अपने चित्तमें भगवान्‌का चिन्तन करना चाहिये,' 'विष्णुमय जग देखना वैष्णवोंका धर्म है,' 'वैष्णव वही है जो भगवान्‌पर ही ममत्व रखता है' इत्यादि वचन तुकारामजीके प्रसिद्ध ही हैं। तुकारामजीने 'विठोबा' नामकी व्युत्पत्ति 'गरुडवाहन,' 'गरुडध्वज' लगायी है, यह हम पहले देख ही चुके हैं। अब—

'तुम क्षीर-सागरमें थे। पृथ्वीमें असुर भर गये, इसलिये ग्वालोंके घर तुम्हारा अवतार हुआ। पुण्डलीक तुम्हें पण्ढरीमें ले आये। भक्तिसे तुम हाथ लगते हो।'

भगवान् विष्णुने युग-युगमें असख्य अवतार धारण किये हैं। यह पाण्डुरङ्ग 'बुद्धिके जाननेवाले और लक्ष्मीके पति हैं। इन्होंने अनेक

तो अनाथके नाथ और शरणागतोंके आश्रय हो। मेरी यह कामना पूरी करो।'

उद्धव और अक्रूरको नित्य दर्शन देनेवाले, पाण्डवोंको दुःखमें दर्शन देनेवाले, द्रौपदीकी लाज रखनेवाले, गोपियोंकी मनोवाञ्छा पूरी करनेवाले, गौ-ग्वालोंको सङ्ग-सुख देनेवाले श्रीकृष्णके ही दर्शनोंके लिये तुकाराम तरस रहे थे। स्पष्ट ही कहते हैं, 'श्यामरूप चतुर्भुज-मूर्ति श्रीकृष्ण नाम ही चित्तका सङ्कल्प है।' वह श्रीमुख और श्रीचरण मुझे दिखाओ, उन्हें देखनेके लिये मेरा मन उतावला हो गया है।

विट्ठल आमुचें जीवन। आगमनिगमाचें स्थान॥

विठ्ठल ही हमारे जीवन हैं। विठ्ठल ही आगम-निगमके स्थान हैं।'

कृष्ण माझी माता कृष्ण माझा पिता।

'कृष्ण ही मेरी माता हैं, कृष्ण ही मेरे पिता हैं।

विठ्ठल और श्रीकृष्ण दोनों नाम जहाँ-तहाँ एक ही लक्ष्यके बोधक हैं। जीके जीवन एक श्रीकृष्ण ही हैं। तुकारामजी श्रीकृष्णका ध्यान करते थे और अब हम यह देखेंगे कि वह ध्यान बालरूप बालकृष्णका था। बाल्यकालके तीन मुख्य भाग होते हैं, सात वर्षतक केवल बाल, चौदह वर्षतक कौमार और इक्कीस वर्षतक पौगण्ड। श्रीकृष्णकी जिन प्रेममय लीलाओंके पीछे भक्तजन पागल हो जाते हैं वे लीलाएँ प्राय पहले सात वर्षकी ही हैं।

एक अभङ्गमें तुकारामजीने गूलरके 'कीड़ों' का दृष्टान्त देकर पुरुषोत्तम श्रीअनन्तकी विराट्ता दिखायी है। गूलर-फलमें असख्य कीड़े होते है। उन कीड़ोंको उतना सा गूलर फल ही ब्रह्माण्ड प्रतीत होता है। ऐसे असख्य फल गूलरके वृक्षमें होते हैं। ऐसे असख्य वृक्ष इस नव खण्ड

पृथ्वीपर हैं। हम जिसे ब्रह्माण्ड समझते हैं ऐसे असंख्य ब्रह्माण्ड उस विराट् पुरुषके एक रोमपर हैं और ऐसे असंख्य रोम उस विराट् पुरुषके शरीरपर हैं और ऐसे अनन्तकोटि विराट् पुरुष जिसके पेटमें समाये हुए हैं उन परमपुरुषको हम कहाँ ढूँढ़ें कहाँ देखें।

तो हा नंदाचा बाळमुकुंद । तान्हा म्हणवी परमानंद ॥

‘यही वह नन्दके बालमुकुन्द हैं। यही परमानन्द यहाँ दुधमुँहे नन्हे बालक बने हैं।’

‘अनन्त ब्रह्माण्ड जिसके एक रोमपर हैं ऐसा वह महापुरुष (परमपुरुष) यह देखिये ग्वालोंके यहाँ ग्वालोंके घर देहली लाँघते हुए हाथोंको देहलीपर टेककर चलते हैं और यही बड़े-बड़े दैत्योंको धरतीपर मार गिराते हैं, पुराण उन्हींके गीत गाते हैं। बुद्धि थकती है, उनमें सब समाये हैं।

तत्त्वज्ञानके भूखे विद्वानोंके लिये श्रीकृष्णने गीता गायी है। कथाओंके प्रेमियोंके लिये महाभारत मौजूद है। पर भावुक भोले-भाले भक्तजन और साधु-संत श्रीकृष्णपर मुग्ध हुए वे उनके दिव्य प्रेममय बाल-चरित्रोंपर ही मुग्ध हुए हैं। ‘नन्द-नन्दन’ कहानेवाले वह नन्हे कन्हैया वंशीके बजानेवाले गोप-गोपियोंको प्रेमके दीवाने बनानेवाले गोपालोंकी छाछ खानेवाले वह दही-दूध माखन-चोर—

पियोली वनिता । म्हणे यशोदेसी माता ॥
(पिपासा वनिता । म्हणी यशोदेसी माता ॥)

* * *

‘अनन्त ब्रह्माण्ड जिसके उदरमें हैं वह हरि नन्दके घर बालक हैं। कैसी अचरजकी बात है? कन्हैयाकी पहेली कुछ समझमें नहीं आती।

पृथ्वीको जिसने सन्तुष्ट किया, यशोदा उसे खिलाती हैं। विश्वव्यापक जो कमलापति हैं उन्हें ग्वालिनें गोदमें उठा लेती हैं। तुका कहता है, वह ऐसे नटवर हैं कि भोग भोगकर भी ब्रह्मचारी हैं।'

* * *

'सुन्दर नवल-नागर बालरूप है और फिर वही कालीय सर्पको नाथनेवाला कालरूप है। वही गौओं और ग्वालोंके साथ पुण्डलीकके पास आ गये। वही यह दिगम्बर ध्यान है, कटिपर कर धरे शोभा पा रहे हैं। मूढजनोंको तारनेकी उन्होंने पुण्डलीकसे शपथ की है। तुका कहता है, वैकुण्ठवासी भगवान् भक्तोंके पास आकर रहे हैं।'

बालरूप भक्तोंको बड़ा ही प्यारा लगता है। गौ-ग्वालोंके सङ्गका बालरूप ही तुकारामजीके जीका जीवन था। कालीयदहमें कालीयके काल बननेवाले यह 'बाल' कृष्ण ही भक्तोंके प्राण-धन बन बैठे हैं। वह 'भोले-भाले -बाल-पाण्डुरङ्ग' जिन्होंने 'काग-बक आदि दैत्योंको बचपनमें ही मार डाला उन्हें मुझे दिखाओ। वह नन्द-नन्दन मेरे जीवनके आनन्द हैं।'

इन्हीं 'भोले बाल-पाण्डुरङ्ग' की ओर तुकारामजीकी लौ लगी थी।

पाडुरंग ध्यानीं पाडुरंग मनीं। जागृतीं स्वप्नीं पाडुरंग ॥

* * *

आत हरि बाहेर हरि। हरिनें घरीं कोंडिलें ॥

'अंदर हरि बाहर हरि, हरिने ही अपने अंदर बंद कर रखा है।'

बाल कृष्णने ही उन्हें अपना चसका लगा रखा था। तुकारामजीके निदिध्यास और कीर्तनके विषय भी श्रीबालकृष्ण ही थे।

दीन आणि दुर्बळासी । सुखराशि हरिकथा ॥ १ ॥
चरित्रें आपुलें । केलें देवें गोकुळें ॥ २ ॥

सानुलें रूपडें चोखटें विठ्ठलें । उभें पंढरीचें विटेवरी ॥ १ ॥
कोटिचंद्रांची भणी पाडली न पुरे । समचरणीं पुरे मन माझें ॥ ध्रु० ॥
प्राण निघो माझे कुडी हे सांडोनि । श्रीमुख नयनीं न देखतां ॥ २ ॥
चित्त मोहियेलें नंदाच्या नंदनें । तुका म्हणे येणें मनमोहनें ॥ ३ ॥

दीन और दुर्बलोंके लिये हरि-कथा ही सुखका संचय है । यह चरित्र-कीर्तन करना चाहिये सो भगवान्ने गोकुलमें किया ।

यह श्यामरूप चित्त-चोर पण्ढरीकी ईंटपर खड़ा है । उसको देखते हुए नेत्र कभी तृप्त नहीं होते, उसीके लिये मेरा जी तड़पता रहा है । उन श्रीमुखको इन आँखोंसे न देखते हुए प्राण इस कलेवरको छोड़कर निकलना चाहते हैं । इस मदनमोहन नन्दनन्दनने चित्त मोह लिया है ।

इन सब उक्तियोंसे यह स्पष्ट हो जाता है कि इन नन्दनन्दन श्याम ने ही तुकारामजीका मन मोह लिया था और तुकाराम उन्हींके दर्शनोंके लिये व्याकुल हो रहे थे ।

२ ज्ञानेश्वर-नामदेवादिकी सम्मति

विठ्ठल नाम श्रीकृष्णके बालरूपका ही है । इस बातको ध्यानमें रखनेसे यह समझमें आ जाता है कि हमारे साधु-संतोंने श्रीकृष्णकी केवल बाल लीलाओंको ही ऐसे विलक्षण प्रेमसे क्यों गाया है । सूरदास, मीराबाई, नरसी मेहता आदि उत्तरापथके श्रीकृष्ण-भक्त और ज्ञानेश्वर, नामदेव, एकनाथ, तुकाराम, निळोबाराय प्रभृति महाराष्ट्रके श्रीकृष्ण भक्त श्रीकृष्ण की बाल-लीलाओंका ही बड़े प्रेमसे वर्णन करते हैं । महाराष्ट्रके कृष्ण भक्तोंके श्रीकृष्णकी बाललीलाका वर्णन भिन्न-भिन्न भाषाओंमें छपे हुए

हैं । ज्ञानेश्वर और एकनाथने अध्यात्मदिक् दिखाते हुए बाललीलाका वर्णन किया है । इन्होंने तथा नामदेव, तुकारामजी और निलाजीने श्रीकृष्णका बाल-चरित्र कंस-वधतक वर्णन करके तथा यह सूचित करके कि श्रीकृष्ण द्वारकाधीश हुए, बाललीला-वर्णन समाप्त किया है । श्रीहरि-हरकी एकात्मता और श्रीविष्णुके सब अवतारोंकी—विशेषकर राम और कृष्णकी—भक्तिका यद्यपि इन सबने ही वर्णन किया है, तथापि एकनिष्ठ सगुणोपासनकी दृष्टिसे देखा जाय तो ये पाँचों संत श्रीकृष्णके उपासक थे और श्रीकृष्णके भी बालरूप—बालचरित (श्रीविठ्ठल) के ही उपासक थे, यह बात निर्विवाद है । क्या ज्ञानेश्वरीमें और क्या एकनाथी भागवतमें श्रीकृष्ण-चरित-सम्बन्धी जो-जो उल्लेख हैं वे उनकी बाललीलासे ही सम्बन्ध रखते हैं । इसके कुछ उदाहरण यहाँ देते हैं—

(वि) ज्ञानेश्वर महाराजके अभंगोंमें श्रीविठ्ठलभगवान्‌की स्तुतिके प्रसङ्गमें 'वसुदेव-कुँवर देवकी-नन्दन' 'वृन्दावन-विहारी ब्रह्मनन्द-नन्दन' ऐसे ही विशेषण आये हैं और वर्णन भी इसी प्रकारका है कि, 'उपनिषदों-के अन्तर्यामी हैं पर सशरीर चरणोंपर खड़े हैं,' 'कैसा सुन्दर गोपवेष है,' 'पेड़के पत्तोंके गुच्छे सिरपर खड़े किये, अधरोंपर वंसी रखे, नन्दलाल ग्वालकी शोभा क्या बखानूँ,' 'इन्दु-वदन-मेला लगा है, वहाँ वृन्दावनमें आप रासक्रीडा कर रहे हैं' यह मनोहर वर्णन श्रीकृष्णके बालरूपके ध्यानसे निकला है । ज्ञानेश्वरीमें भी 'वृष्णीना वासुदेवोऽसि' (गीता १० । ३७) पर भाष्य करते हुए ज्ञानेश्वर महाराज कहते हैं—

'जो वसुदेव-देवकीके कारण पैदा हुआ, जो यशोदाकी कन्याके बदलेमें गोकुल गया वह मैं हूँ । पूतनाको प्राणोंसमेत जो पी गया वह मैं हूँ । बचपनकी कली अभी खिली भी नहीं कि पृथ्वीके दानवोंका जिसने संहार किया, जिसने अपने हाथपर गोवर्धन-गिरिको उठाकर महेन्द्रका

गर्व हरण किया। जिसने कालीयका दमनकर कालिन्दीके हृदयका दुःख दूर किया। जिसने मस्तक उठी हुई आगसे गोकुलकी रक्षा की। जिसने ब्रह्माको, बछड़े हर के ले जानेके कारण, दूसरे बछड़े निर्माणकर, नादान बना दिया। बचपनके भोरमें ही जिसने कंस-जैसे बड़े-बड़े दैत्योंको देखते-ही-देखते सहज ही मार डाला, वह मैं ही हूँ।' (ज्ञानेश्वरी अ० १० । १८८–१९१)

ज्ञानेश्वरीमें 'विट्ठल' नाम नहीं' कहनेवालोंको चाहिये कि इस अवतरणको अच्छी तरह पढ़कर मनन करें। यादवोंमें जो वासुदेव हैं वह मैं ही हूँ इसका व्याख्यान करते हुए ज्ञानेश्वर महाराज कंसवधतककी ही श्रीकृष्ण-लीलाका वर्णन करते हैं और आगेका हाल तो तुम जानते ही हो यह कहकर आगे कुछ कहना टाल देते हैं इससे भी क्या यह स्पष्ट नहीं होता कि ज्ञानेश्वर महाराज मुख्यतः बाल-कृष्णकी ही भक्ति करते थे? जो वर्णन उन्होंने किया है वह श्रीविट्ठलका है और श्रीविट्ठल ही उनके उपास्य थे इस बातके प्रमाणस्वरूप यह अवतरण पर्याप्त है।

(६) नामदेवरायके अभंगोंमें भी विट्ठल-स्वरूपका ऐसा ही स्पष्ट बोध होनेयोग्य अनेक प्रसङ्ग हैं। 'अनिर्वचनीय ब्रह्म' कहकर निगम जिसका वर्णन करते हैं जो उपनिषदोंको मथकर निकाला हुआ अर्थ है वेद जिसे सारका सार, अव्यक्तोंका अव्यक्त, मन्त्रोंका मन्त्र, ज्ञानका दर्पण और सब भूतोंका व्यापक, जिसको चेतानेवाला, बुद्धिका पालन करनेवाला मन और इन्द्रियोंको चलानेवाला, निर्विकल्प निराकार निरालम्ब निराधार, निर्गुण, अपरम्पार कहते हैं वह परमात्मा नामदेव कहते हैं कि

'गोकुल-ग्वाल बनकर यशोदाका बालक कहाता है—वही जो चिन्मय चिद्रूप अक्षय अपार परात्पर कहा जाता है।

'उन्हींको देखो, भीमाके तटपर समचरण विठ्ठलरूप होकर ईंटपर खड़े हैं। ज्ञानियोंका ज्ञेय और योगियोंका ध्येय वहाँ कैसे पहुँचा? वेणु-नादसे प्रसन्न होकर भगवान् पण्ढरीमें इस रेतके मैदानमें आये। उस चतुर्भुज-मूर्तिको पुण्डलीकने जब देखा तब एक ईंट उनके सामने रख दी। उसी ईंटपर विठ्ठल खड़े हुए। वह छवि त्रिभुवनपर छा गयी।'

* * *

'निर्गुणका वैभव भक्तिके भेषमें आ गया, वही यह विठ्ठल-वेष बन गया। पुण्डलीकने अपनी साधनाके द्वारा जो भक्ति-सुख दिया उससे भावमय भगवान् मोहित हो गये।'

* * *

वह भगवान् कौन हैं?—

'वह भगवान् हरि हैं, गोकुलके, वसुदेव-कुलके, यशोदाकी गोदके बाल-कृष्ण हैं।'

नामदेवरायके स्तुति-स्तोत्रमें भी—

श्रीधरा अनंता गोविंदा केशवा। मुकुंदा माधवा नारायणा॥
देवकीतनया गोपिकारमणा। भक्तउद्धरणा केशिराजा॥

* * *

गोवर्धनधरा गोपीमनोहरा। भक्तकरुणाकरा पांडुरंगा॥

भगवान् 'पाण्डुरङ्ग' को इन्हीं बाल-कृष्ण नामोंसे पुकारा है।

श्रुतिके लिये जो परब्रह्म दुर्बोध है वह सगुण कैसे हुआ? इसका उत्तर यह है कि 'जलमें जैसे जलके ओले होते हैं, वैसे निराकारमें साकार होता है। सगुण-निर्गुण-भेद केवल समझानेके लिये है, यथार्थमें पाण्डुरङ्ग 'पूर्णताके साथ सहज-में-सहज हैं। वही भक्तोंके लिये ईंटपर खड़े हैं।

उनके नाम-सङ्कीर्तनसे, नामदेव कहते हैं कि, मेरा मनस्ताप नष्ट हुआ, चित्तको शान्ति मिली। परब्रह्म सच्चिन्मय और आनन्दरूप है, पर हमें तो प्रेमसे पनहानेवाली मिठाई ही प्यारी लगती है।'

(ख) एकनाथ महाराजने बाल-कृष्ण भक्तिकी हद कर दी है। पहले ही अध्यायमें वह कहते हैं—

'भगवान् अनेक अवतार धरते हैं। पर इस अवतारकी नवलता कुछ और ही है। इसका अभिप्राय देवता भी नहीं जानते। उस अगम्य हरिलीलाको देखते ही बनता है। पैदा होते ही मैयासे अलग हुए, अपनी लीलासे आप ही लालित-पालित होकर बढ़े। बचपनमें ही मुक्तिका आनन्द दिखाने लगे। पूतनादि राक्षसोंको सायुज्यसे मुक्ति अर्पण की। बालक होकर बलवानोंको ही मारा, संसारके देखते सिंह-जैसे महान् पराक्रमी थे पर बालपनके बाहर तिलभर भी नहीं गये। स्त्री-पुत्र रहते, वे ब्रह्मचारी; यह कौतुक भी उन्होंने दिखाया। भक्ति, मुक्ति और युक्ति तीनोंको एक पंक्तिमें बिठाया। इनकी कीर्ति मैं क्या बखानूँ! मिट्टी खाकर इन्होंने विश्वरूप दिखाया।

जो चरित्र मनुष्यको अत्यन्त प्रिय होता है उसका जी खोलकर वर्णन किये बिना उससे नहीं रहा जाता। श्रीकृष्णके बालपन और यौवनका अनुपम वर्णन एकनाथी भागवतके इसी अध्यायमें (२१८ से २७१ तक और २८१ से ३ ९ तक) अवश्य पढ़नेयोग्य है। सकल लोकमङ्गल बाल-कृष्ण जिनकी मङ्गल-सङ्गमभावसे संसारको शोभा प्राप्त हुई, सुमङ्गल परब्रह्म ही हैं।

घी जमा हुआ हो या पिघला हुआ, वह है घी ही, उसका घीपन ही कहीं नहीं गया; वैसे ही ब्रह्म जो अव्यक्त है वही साकार बन गया, इससे उसका ब्रह्मत्व तो कहीं नहीं गया। उसीकी यह मूर्ति है,

परब्रह्म तो उसमें भरा हुआ है। परब्रह्मके सगुणरूप यह श्रीकृष्ण सकल सौन्दर्यके अधिवास, मनोहर नटवेष धारण किये लावण्य-कलान्यास और स्वयं जगदीश हैं। इनके इस नित-नवल सौन्दर्य और तेजको देखकर इनके सर्वाङ्गमें लोगोंकी आँखें गड़ जाती हैं और मन कृष्णस्वरूपको आलिङ्गन करता है। नेत्र आतुर हो उठते हैं, उस लोभसे ललचाते हैं, नेत्रोंके जिह्वाएँ निकल पड़ती हैं। ऐसी उन स्वानन्दगर्भ साकार श्रीकृष्णकी शोभा है। जिस दृष्टिने उन श्रीकृष्णको देखा वह दृष्टि फिर पीछे फिरकर नहीं देखती, श्रीकृष्णरूपको ही अधिकाधिक आलिङ्गन करती है, सारी सृष्टि श्रीकृष्णमय ही देखती है।'

* * *

'कटिमें सुवर्णाम्बर सुशोभित हो रहा है, और गलेमें पैरोंतक वनमाला लटक रही है। उन सुन्दर मधुर घनश्यामको देखते हुए नेत्रोंसे मानो प्राण निकल पड़ते हैं।'

श्रीकृष्ण लीलाविग्रह हैं। उनका शरीर लोकाभिराम और ध्यान-धारण मङ्गल है। वेदोंका जन्मस्थान, षट्शास्त्रोंका समाधान, षड्दर्शनोंकी पहेली—ऐसा यह श्रीकृष्णका पूर्णावतार है। (नाथ-भागवत ३१-३६८) और 'उसमें भी बालचरित्र ही सबसे अधिक मधुर, सुन्दर और पवित्र है' (८२) और वही सब भक्तोंको प्रिय है। वही श्रीकृष्णकी बालमूर्ति पण्ढरीमें विठ्ठल-नाम-रूपसे ईंटपर खड़ी है। यही हमारे महाराष्ट्रके संतोंके उपास्य देव हैं।

श्रीकृष्ण ही श्रीविठ्ठल हैं, यह बात संतोंके वचनोंसे प्रमाणित हो चुकी। पर इसी सम्बन्धमें एक ऐतिहासिक प्रमाण भी मिला है। श्रीकृष्णावतारको हुए पिछली याने संवत् १९९० की जन्माष्टमीको पूरे ५०१८ वर्ष बीते। श्रीकृष्णका जन्म विक्रम संवत्के ३०२८ वर्ष पूर्व

भाद्रकृष्ण ८ को रोहिणी नक्षत्रपर मध्यरात्रिमें हुआ। रावबहादुर चिन्तामणि विनायक वैद्यने अपने 'श्रीकृष्ण-चरित्र' के परिशिष्ट-भागमें ज्योतिष-गणनाके आधारपर यह लिखा है कि उस दिन बुधवार था। इसको पढ़ते ही यह बात ध्यानमें आ गयी कि वारकरी बुधवारको इतना पवित्र और पूज्य क्यों मानते हैं कि उस दिन पण्ढरीसे प्रस्थान नहीं करते और विट्ठलका वार कहकर वह दिन श्रीविट्ठलके भजन-पूजनमें ही बिताते हैं। वह दिन श्रीकृष्णका जन्म-दिन है, यह बात ज्ञात होनेपर बड़ा आनन्द हुआ। पण्ढरीके वारकरी सम्प्रदायके आदिप्रवर्तकोंको यह बात निश्चय ही ज्ञात रही होगी कि बुधवारके दिन श्रीकृष्णका जन्म हुआ है, अन्यथा बुधवार ही खास तौरपर भगवान्‌का दिन न निश्चित किया जाता।

३ श्रीकृष्णकी बाललीलाएँ

ज्ञानेश्वर, नामदेव, एकनाथ, तुकाराम और निम्बार्कादिद्वारा वर्णित श्रीकृष्णलीलाओंमें श्रीकृष्णके बालचरित्र अर्थात् बाल्य और कौमार अवस्थाके चरित्र ही गाये गये हैं। कंसादि असुरोंके अत्याचार-भारसे दुःखी हुई पृथ्वी क्षीरसागरमें शयन करनेवाले श्रीविष्णुकी शरणमें गयी विष्णुने उसे अभय-दान किया वसुदेव-देवकीके विवाह-समयमें आकाशवाणी हुई और कंसको यह मालूम हुआ कि देवकीका आठवाँ पुत्र मेरा काल होगा, उसने उसके सात बच्चे मार डाले कारागारमें ही श्रीकृष्ण प्रकट हुए। वसुदेवने उन्हें गोकुल नन्दके घर पहुँचा दिया, मार्गमें कालेकी अँधियारी बढ़ाव हट गयी और यमुना मैयाने रास्ता दिया, कृष्णके मनोहर बालरूपने सब गोप-गोपियोंका चित्त मोह लिया कृष्णको मारनेको किये कंसके भेजे पूतना शकटासुर, तृणावर्त वत्सासुर, प्रलम्ब अघासुर, बक केशी धेनुकासुर आदि असुरोंको श्रीकृष्णने बचपनमें ही सहज ही मार डाला उँगलीपर गोवर्धन गिरि उठाया यशोदाको अपने मुँहमें

ब्रह्माण्ड दिखाया, ब्रह्माका गर्व उतारा, वृन्दावनमें गोपोंके साथ अनेक प्रकारके खेल खेले, दूध-दही मक्खन चुराकर गोपियोंका चित्त चुराया, श्रीकृष्ण-प्रेमसे वे पति पुत्र, घर-द्वार भूल गयीं, गोकुल और वृन्दावनकी लीलाओंसे आबाल-वृद्ध वनिता सभी कृष्ण-प्रेममें पागल हो गये, पीछे कृष्णने मथुरामें आकर चाणूर मुष्टिकादि मल्लोंको मारकर अन्तमें कंसका भी अन्त किया, कुछ काल बाद श्रीकृष्ण द्वारकाधीश हुए । इन सब घटनाओंको श्रीकृष्ण भक्त सन्त कवियोंने बाल-लीलामें अत्यन्त प्रेमसे बखाना है । कान्होके अभङ्ग, ग्वालिन, गेंदोंका खेल, आजी-नाती, कबड्डी इत्यादि खेलोंपर जो अभङ्ग हैं उनका भी बाल लीलावर्णनमें ही समावेश होनेसे इसमें कुछ भी सन्देह नहीं रह जाता कि गोकुल-वासी वृन्दावन विहारी श्रीकृष्ण ही हमारे भक्त सन्तोंके भगवान श्रीविठ्ठल हैं । श्रीकृष्णका उत्तर चरित सबको विदित ही है । तुकारामजीके ही वचनके अनुसार 'जिन्होंने गीताका उपदेश किया वही यह मेरी माता है जो ईंटपर खड़ी है,' अर्जुनको भगवद्गीता और उद्धवगीता बतलानेवाले, पाण्डवके सहायक, द्वारकाधीश श्रीकृष्ण कौरव पाण्डव युद्धके कारण महाभारतके द्वारा परम राजनीतिज्ञके रूपमें संसारपर प्रकट हुए तथापि हमारे भक्तों और सन्तोंको जो श्रीकृष्ण परम प्यारे हैं वह गोकुलके ही श्रीकृष्ण हैं । गोकुलके ही श्रीकृष्ण कुरुक्षेत्रके गीता-वक्ता हैं । श्रीकृष्ण एक ही हैं । तथापि श्रीकृष्णने जगदुद्धारके लिये गोकुल वृन्दावनमें जो भक्ति रस-परिप्लावित परमानन्ददायिनी लीलाएँ कीं वे ही भक्तोंके प्रेमकी वस्तु हैं । इस कारण गोकुलके श्रीकृष्ण ही उनके उपास्य हैं । स्वामी विवेकानन्दने* कहा है—'श्रीकृष्ण सब मनुष्योंका उद्धार करनेके लिये अवतार लिये हुए परमात्मा हैं और गोपी लीला मानवधर्मान्तर्गत भगवत्प्रेमका सारसर्वस्व है । इस प्रेममें जीव-भावका लय होकर परमात्मासे तादात्म्य हो जाता है । श्रीकृष्णने

---

* 'प्रबुद्ध भारत' सन् १९१५ जनवरी मासका अङ्क ।

गीतामें 'सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज' जो उपदेश दिया है उसकी प्रतीति इसी लीलामें होती है । भक्तिका रहस्य जानना हो तो आओ और वृन्दावन-लीलाका आश्रय करो । श्रीकृष्ण दीन-दुखियोंके, भिखारी-कंगालोंके, पापी-पामरोंके, बाल-बच्चोंके, स्त्री-पुरुषोंके, सबके परम उपास्य हैं । चतुर पण्डित और धार्मिक तत्त्वज्ञोंसे वह दूर हैं, भोले-भाले भक्तजनोंके समीप हैं । उन्हें ज्ञानका शौक नहीं, वह शुद्ध प्रेमके भूखे और भोक्ता हैं । गोपियोंके लिये श्रीकृष्ण और प्रेम एकरूप हो गये थे । द्वारकामें श्रीकृष्णने कर्मयोग सिखाया और वृन्दावनमें भक्ति-प्रेमकी शिक्षा दी । श्रीकृष्ण प्रेम, दया और क्षमाके सागर हैं ।'

४ श्रीतुकारामद्वारा लीला-वर्णन

तुकारामजीने अपने उपास्य भगवान् श्रीविठ्ठलकी जो बाललीलाएँ गायी हैं उनमें भी ग्वाल-बालिकाओंकी अलौकिक भक्ति और श्रीकृष्णकी भक्तवत्सलता अत्यन्त प्रेमसे बखानी है ।

भक्तिकाजी ब्रह्म आकार धारणकर दैत्योंका संहार करने आ गया । भक्तजनोंका पालन करनेके लिये गोकुलमें राम और कृष्ण आ गये । गोकुलमें आनन्द-सुख प्रकट हुआ । घर-घर लोग उत्सवका आनन्द मानने लगे ।

गोपियोंकी अगाध कृष्ण-भक्ति देखिये—

उनके पूर्व पुण्यका हिसाब कौन लगा सकता है जिन्होंने मुरारीको खेलाया—अन्तःसुखसे खेलाया और बाह्य सुखसे भी, और उन्हें पाकर मुखका चुम्बन किया ! भगवान्‌ने उन्हें अन्तःसुख दिया जिन्होंने एकनिष्ठ भावसे उन्हें भजा । श्रीकृष्णमें जिनका तन-मन लग गया, जो घर-द्वार और पति-पुत्रादिको भूल गयीं उनके लिये धन मान और जन विष-से हो गये ।

'चारों वेद जिसकी कीर्ति बखानते हैं वह ग्वालिनोंके हाथों बँध जाता है। मक्खन चुराने उनके घरोंमें घुसता है।········'अन्दर-बाहर एक-सा है, इससे चोरी पकड़ी नहीं जाती। यह भेद वे जानती हैं कि यह अकेला ही, और सब रास्तोंको बंद करके हमें लैटा लेगा। इसलिये वे निश्चिन्त एकान्तमें निःसङ्ग होकर कृष्णके ही ध्यानमें अचल लगी रहीं। योगियोंके ध्यानमें जो एक क्षणके लिये भी नहीं आता, भावुक ग्वालिनें उसे पकड़ रखती हैं। उन भक्तिनोंके पास वह गिड़गिड़ाता हुआ आता है, और सयाने कहते हैं कि वह तो मिलता ही नहीं।'

* * *

'देहकी सारी भावना बिसार दी तब वही नारायणकी सम्पूर्ण पूजा-अर्चा है। ऐसे भक्तोंकी पूजा भगवान् भक्तोंके जाने बिना ले लेते हैं और उनके माँगे बिना उन्हें अपना ठाँव दे देते हैं।'

* * *

'मनसे सारी इच्छाएँ हरिरूपमें लग गयीं। ग्वालिनोंकी ये वधुएँ उन्हींके लिये व्यग्र देख पड़ती हैं। सबके चित्तमें एक भाव नहीं है। इसलिये जैसा प्रेम वैसा रूप। बच्चेको छोटे-बड़ेका ख्याल नहीं होता, नारायण भी वैसे ही कौतुकके साथ खेलते रहते हैं।'

* * *

अब ग्वालोंका भक्ति-भाग्य देखिये—

'राम और कृष्णने गोकुलमें एक कौतुक किया। ग्वालोंके सङ्ग गौएँ चराते थे। सबके आगे चलते हुए गौएँ चराते थे और पीठपर छाकें बाँधे रहते थे। उनकी वह लाठी और कामरी धन्य हुई। ग्वालिनों-का भी कैसा महान् पुण्य था, वे गाय-भैंस और अन्य पशु भी कैसे भाग्यवान् थे।'

* * *

छोड़ दोगी और अनन्तको सङ्ग लेकर वनमें जाओगी। इसे फिर अपने प्राणोंसे अलग न करोगी। दूसरोंसे भी इस बच्चेको लेनेके लिये कहोगी। इस बालकको जो अपने घर ले जाती है उसकी-सी वही है।'

* * *

'तुका कहता है, जो कृष्णको ले जाती हैं वे फिर लौटकर नहीं आतीं। कृष्णके साथ खेलते ही सारा दिन बीतता है। कृष्णके मुँहकी ओर निहारते हुए, चाहे दिन हो या रात, उन्हें और कुछ नहीं सूझता। सारा शरीर तटस्थ हो जाता है, इन्द्रियाँ अपना व्यापार भूल जाती हैं। भूख-प्यास, घर-द्वार वे सब ही भूल जाती हैं। यह भी सुध नहीं रहती कि हम कहाँ हैं। हम किस जातिकी हैं, यह भी भूल गयीं। चारों वर्णोंकी गोपियाँ एक हो गयीं। कृष्णके साथ खेल खेलती हैं, चित्तमें उनके कोई शङ्का नहीं उठती। बस, एक ठाँवमें, तुका कहता है कि श्रीगोविन्द-चरणोंमें भावना स्थिर हो गयी।'

* * *

इन्होंने अपने आपको जाना। जाना कि यह ससारी खेल जो खेल रहे हैं वह झूठा है। असलमें हमारे सगे-सम्बन्धी, भाई-दामाद, जो कुछ कहिये, सबमें एक वही हैं। उन्हींमें हम सब एक हैं। इसलिये निःशङ्क होकर खेल सकती हैं। हम किसके सङ्ग क्या खाती हैं और मुँहमें उसका क्या स्वाद मिलता है, यह सब कुछ नहीं जानतीं। दूसरोंकी आवाज भी कान नहीं सुनते। क्योंकि ध्यानमें मनमें हरि बैठे हैं।

* * *

काँदोके अभङ्गोंमें भी यही अनुपम रस भरा हुआ है। श्रीगोपाल-कृष्ण अपने सखाओंके साथ गौएँ चरानेके लिये मधुवनमें जाया करते थे। वहाँ अपनी-अपनी छाकें खोलकर सबने जो भोजन किये तथा जो-जो खेल खेले उनका बड़ा ही चित्तरञ्जक वर्णन तुकारामजीने किया है। भगवान्

फिर सब अपनी लकुटी और कम्बल उठा गौएँ चराने गये। उनमें कई टेढ अङ्गवाले, तोतले, नाटे, लँगड़े, लूले आदि भी थे, पर श्रीकृष्ण उन सबके प्रिय थे और भगवान् भी उनके भावसे प्रसन्न थे। गौएँ चराते हुए ग्वाल-बाल श्रीकृष्णको मध्यमें किये डंडोंके खेल आदि खेलते जा रहे हैं।

बालक्रीड़ाके अभङ्गोंमें तुकारामजीने आध्यात्मिक भाव ध्वनित किये हैं। गोपियाँ रास-रङ्गमें समरस हुईं; उसी प्रकार हमारी चित्त-वृत्तियाँ श्रीकृष्ण-प्रेममें सराबोर हो जायँ और तन्मयताका आनन्द-लाभ करें, यही इन अभङ्गोंका आध्यात्मिक भाव है। भक्तोंके पूर्व-सञ्चितको देखकर भगवान् उसमें अपना प्रसाद डालकर उनके जीवनको मधुर बनाते हैं और 'नीचेका द्वार बद करते हैं' याने अधोगतिका रास्ता बद करते हैं। अस्तु, श्रीकृष्ण प्रेममें तुकारामजी रमे हुए थे यह कहनेकी आवश्यकता नहीं।

५ श्रीपण्ढरीके विट्ठलनाथ

पण्ढरपुरमें श्रीविठ्ठलनाथकी जो मूर्ति है उसे अच्छी तरह देखनेसे भी यह मालूम हो जाता है कि यह भगवान्की बाल मूर्ति ही है। कुछ आधुनिक पण्डितोंने जो यह तर्क लड़ाया है कि यह मूर्ति बौद्धों या जैनोंकी है उसमें कुछ भी दम नहीं है। यह मूर्ति श्रीमहाविष्णुके अवतार श्रीगोपालकृष्णकी ही है। भगवान् ईंटपर खड़े हैं। ईंटपर भगवान्के बड़े ही कोमल पद-कमल हैं। इन पादपद्मोंमें कोटि-कोटि भक्तोंने अपने मस्तक नवाये हैं, प्रेमाश्रुओंसे सहस्रश. इन्हें नहलाया है, अपने चित्तको निवेदन किया है। इन चरणोंने लाखों जीवोंके हृत्ताप हरण किये हैं, उनके नेत्रोंको कृतार्थ किया है, उनका जीवन धन्य बनाया है। सहस्रों पापात्माओं और मुक्तोंने, बद्धों और मुमुक्षुओंने, सिद्धों और साधकोंने, रकों और रावोंने, पतितों और पतित-पावनोंने इन चरणोंके ध्यान और भजनसे अपना जीवन सफल किया है। लाखों जीवोंके लिये यह दुस्तर

ग्यारहवाँ अध्याय

सगुण-साक्षात्कार

भक्तसमागमें सर्वभावें हरी । सर्व काम करी न सांगता ॥ १ ॥
सांठविला राहे हृदयसंपुटीं । बाहेर धाकुटी मूर्ति उभा ॥ २ ॥

'भक्तसमागमसे सब भाव हरिके हो जाते हैं, सब काम बिना बताये हरि ही करते हैं। हृदय-सम्पुटमें समाये रहते हैं और बाहर छोटी-सी मूर्ति बनकर सामने आते हैं।'

१ सत्यसङ्कल्पके दाता नारायण

भगवान्के सगुण दर्शनोंकी कैसी तीव्र लालसा तुकारामजीको लगी थी यह हमलोग नवें अध्यायमें देख चुके हैं। अब उस लालसाका उन्हें क्या फल मिला सो इस अध्यायमें देखेंगे। जीवमात्रको उसीकी इच्छाके अनुरूप ही फल मिला करता है। 'जैसी वासना वैसा फल।' मनुष्यकी इच्छा-शक्ति इतनी प्रबल है, उसके सङ्कल्पके कर्म-प्रवाहकी गति इतनी अमोघ है कि वह जो चाहे कर सकता है। 'नर जो करनी करे तो नरका नारायण होय' यह कबीरसाहबका वचन प्रसिद्ध ही है। जो कुछ करनेकी इच्छा मनुष्य करे उसे वह कर सकता है, जो होनेकी इच्छा करे वह हो सकता है, जो पानेकी इच्छा करे वह पा सकता है। पर होना यह चाहिये कि उस इच्छा-शक्तिको शुद्ध आचरण, दृढ निश्चय, सद्भावना और निदिध्यासका पूरा सहारा हो। सङ्कल्पका पूरा होना सङ्कल्पकी शुद्धता और तीव्रतापर निर्भर करता है। मनकी शक्ति असीम है पर निष्ठाके साथ उसका पूर्ण उपयोग कर लेनेवालेके लिये। बूँद-बूँद पानी बाँध-बाँधकर इकट्ठा

किया जाय तो सर्वेश्वर बन सकता है। एक-एक पैसा जमा करके व्यापारी लखपति बनते हैं। सूर्य-किरणोंको एक जगह केन्द्रीभूत करें तो अग्नि तैयार हो जाती है और ऐसे ही भापको इकट्ठा करनेसे रेलगाड़ियाँ चलती हैं। इसी प्रकार मनकी शक्ति भी सामान्य नहीं है, बड़ी प्रचण्ड है। हजारों रास्तोंसे यदि उसे दौड़ने दिया जाय तो वह दुर्बल हो जाता है पर एक जगह यदि स्थिर किया जाय तो वही ब्रह्मपद-प्राप्त करा देनेतककी सामर्थ्य रखता है। मन ही मनुष्यके बन्धन और मोक्षका कारण है। विषयोंमें चरनेके लिये उसे छोड़ दिया जाय तो वह मरकर दुर्बल हो जाता है परमात्मामें लगाया जाय तो वही परमात्मरूप बन जाता है। मन माने "ध्यान-शक्तिको इधर-उधर बिखरने न देकर एकाग्र करनेसे, एक ब्रह्मपदपर स्थिर करनेसे उसकी शक्ति बेहद बढ़ती है। परमात्मा सब भूतोंमें रम रहे हैं; जल, थल काठ पत्थर सबमें विराज रहे हैं भू, जल, तेज, समीर, गगन—इन पञ्च महाभूतोंको और स्थावर-जङ्गम सब पदार्थोंको व्यापे हुए हैं। उनके सिवा ब्रह्माण्डमें दूसरी कोई वस्तु ही नहीं, यही शास्त्र-सिद्धान्त है और यही संतोंका अनुभव है। 'या उपाधिमाजि गुप्त चैतन्य असे सर्वगत' अर्थात् इस उपाधिमें गुप्तरूपसे चैतन्य सर्वत्र भरा हुआ है। (ज्ञानेश्वरी अ० २-१२९) प्राचीन ऋषि-मुनियों और संत-महात्माओंको इसकी प्रतीति हुई है और इस जमानेमें भी कलकत्तेके विख्यात अध्यापक श्रीजगदीशचन्द्र बसु महाशयने नवीन यन्त्रोंकी सहायतासे यही सिद्धान्त संसारके सामने प्रत्यक्ष करके दिखा दिया है। पेड़ोंमें और पत्थरोंमें भी चैतन्य भरा हुआ है। संत उसी चैतन्यका निदिध्यासन करते हैं और निदिध्यासनसे ही उन्हें उसका साक्षात्कार होता है। विश्वमें इससे पुनीत, प्रिय और श्रेय विषय और नहीं है। उसी चैतन्यमें सम्पूर्ण इच्छाशक्ति घनीभूत होनेसे पुण्यात्मा पुरुष अघटनघटन करते हैं। वेदोंने उसीका वर्णन किया है। ज्ञानी, योगी और संत उसीमें तन्मय होते हैं। अन्य

नश्वर पदार्थोंपर मनको जाने न देकर अर्थात् वैराग्यसम्पन्न होकर वे उसीके मननमें लग जाते हैं। मन, वाणी और इन्द्रियोंसे उसका पता नहीं चलता पर मनको उसीकी लौ लग जानेसे मन उसे चाहे जिस रंगमें रँग लिया करता है। शास्त्र उसे चैतन्य कहते हैं, वेद आत्मा कहते हैं और भक्त उसीको नारायण कहते हैं।

वेदपुरुष नारायण। योगियांचें ब्रह्म शून्य॥
मुक्ता आत्मा परिपूर्ण। तुका म्हणे सगुण भोळ्यां आम्हां॥

वेदोंके लिये जो नारायण पुरुष हैं, योगियोंके लिये शून्य ब्रह्म हैं, मुक्तात्माओंके लिये जो परिपूर्ण आत्मा हैं, तुका कहता है कि हम भोले-भाले लोगोंके लिये वह सगुण-साकार नारायण हैं।'

तुकोबारायने उस अनाम-अरूप-अचिन्त्य परमात्माको नाम और रूप प्रदानकर चिन्त्य बना डाला। गोकुलमें गोप-गोपियोंको रमानेवाली वह सुरम्य श्यामल बालमूर्ति तुकारामजीके चित्त-चिन्तनमें आ गयी, तुकारामजीका चित्त उसीको समर्पित हुआ, इन्द्रियोंको उसीके ध्यान-सुखका चसका लग गया, शरीर भी उसीकी सेवामें लगा। इस प्रकार मन, वचन और कर्मसे वह कृष्णमय हो गये। ऐसी अवस्थामें वह यदि कृष्णरूप इन्हीं आँखोंसे देखनेकी लालसा रखें तो वह कैसे न पूरी हो?

निश्चयाचें बळ। तुका म्हणे तेंचि फळ॥

तुका कहता है, निश्चयका बल ही तो फल है।' निश्चयके बलका मतलब ही फलकी प्राप्ति है। अहंकारकी हवा कहीं न लग जाय, इसलिये भक्तलोग कहा करते हैं—

सत्यसंकल्पाचा दाता नारायण। सर्व करी पूर्ण मनोरथ॥

'सत्यसंकल्पके देनेवाले नारायण हैं, वही सब मनोरथ पूर्ण करते हैं।' भक्तोंका यह कहना सच भी है। जीवोंका शुद्ध संकल्प या निश्चयका बल

और नारायणकी कृपा इन दोनोंके बीच बहुत ही थोड़ा अन्तर है। तुकारामजीने श्रीकृष्णको प्रसन्न करके प्रकटानेके लिये युद्ध और दीन स्वरूप धारण किया और नारायणको प्रकट होना ही पड़ा। यह भक्तकी महिमा है या भगवान्‌की भक्तवत्सलताकी या इन दोनोंके एक-दूसरेके प्यार और दुलारकी। ऐसे भक्त और भगवान्‌के अन्योन्य प्रेमसे संसारको एक कौतुक देखनेको मिला। ऐसे निश्चयसे हर कोई अपनी शक्तिके अनुसार अपना जीवन सफल कर सकता है। तुकारामजीकी जैसी भावना थी तदनुसार भगवान्‌ने उन्हें रूप और वैसे दर्शन दिये यह भी देखना चाहिये।

२ रामेश्वर-तुकाराम-विरोध

भगवान्‌को तुकारामजीकी दर्शन-आकांक्षा पूरी करनी ही थी, पर इसे उन्होंने एक प्रसङ्गका निमित्त करके किया। रामेश्वर भट्टने तुकारामजीसे सब बहीखाता डुबा देनेको कहा और तुकारामजीने ब्राह्मणकी आज्ञा सिर माथे उठाकर बहीखाता डुबा दिया और फिर भगवान्‌ने उन सब कागजोंको जलसे बचा लिया यह बात लोकप्रसिद्ध है। इसी प्रसङ्गसे तुकारामजीको भगवान्‌के साक्षात् दर्शन हुए, इसलिये हमलोग अब इसी प्रसङ्गको देखें। रामेश्वर भट्ट कोई साधारण आदमी नहीं थे। यह बड़े सत्पात्र और महाविद्वान् ब्राह्मण पूनेसे दक्षिणमें नौ मीलपर वाघोली नामक स्थानमें रहते थे। बड़े धीमान्, कर्मनिष्ठ और रामोपासक तथा धर्माधिकारी भी थे। तुकारामजीका नाम चारों ओर हो रहा था उसे उन्होंने भी सुन रखा था। जब उन्होंने सुना कि तुकाराम शूद्र हैं और ब्राह्मण भी उनके पैर छूते हैं तथा उनके भजनोंमें वेदार्थ प्रकट होते हैं तब तुकारामजीके विषयमें और सामान्यतः वारकरी सम्प्रदायके विषयमें भी उनकी धारणा प्रतिकूल हो गयी थी। पर यह बात नहीं थी कि तुकारामजीकी कीर्ति उनसे न सही गयी या उन्हें उनसे द्वेष हुआ और

किसी तरहसे उन्हें कष्ट पहुँचानेके लिये क्षुद्र बुद्धिसे उन्होंने कोई काम किया हो। हम आप तुकारामजीपर सादर और सप्रेम गर्व करते हैं, पर जो कोई तुकारामजीके समयमें कुछ कालतक तुकारामके प्रतिपक्षी होकर सामने आये उनके विषयमें हम-आप कोई गलत धारणा न कर बैठें। जब वाद विवाद चलता है तब प्रतिपक्षीके सम्बन्धमें अपना मन कलुषित कर लेना सामान्य जनोंका स्वभाव-सा हो गया है। पर यह पक्षपात है। इसे चित्तसे हटाकर प्रतिपक्षीके भी अच्छे गुणोंको मान लेना विचारशील पुरुषोंका स्वभाव होता है। प्रतिपक्षीके कथनमें क्या विचार है और क्या अविचार है यह देखकर अविचारवाले अंशभरका ही खण्डन करना होता है और सो भी आवश्यक हो तो। रामेश्वर भट्ट, कोंडे मम्बाजी बावा नहीं थे। उनके विचार करनेकी दृष्टि भी विचारने योग्य है। तुकारामजी जिस भागवतधर्मके झंडेके नीचे खड़े होकर भगवद्भक्तिका प्रचार कर रहे थे उस भागवत-धर्मकी कुछ बातोंसे उनका प्रामाणिक विरोध था। यह विरोध बहुत पहलेसे ही कुछ न-कुछ चला आया है और आज भी वह सर्वथा निर्मूल नहीं हुआ है। आलन्दी और पैठणके ब्राह्मणोंने जिन कारणोंसे ज्ञानेश्वर महाराजका और एकनाथसुत पण्डित हरिशास्त्रीने अपने पिता एकनाथ महाराजका विरोध किया उन्हीं कारणोंसे रामेश्वर भट्ट तुकाराम महाराजके विरुद्ध खड़े हुए। स्पष्ट बात यह है कि ज्ञानेश्वर महाराजके समयसे वैदिक कर्ममार्गी ब्राह्मणोंकी यह धारणा-सी हो गयी है कि यह भागवतधर्म वर्णाश्रमधर्मको मिटानेपर तुला हुआ एक बागी सम्प्रदाय है। भागवतधर्म वस्तुतः वैदिक कर्मका विरोधी नहीं है यही नहीं प्रत्युत वैदिक धर्मका अत्यन्त उज्ज्वल, व्यापक और लोकोद्धारसाधक स्वरूप भागवतधर्ममें ही देखनेको मिलता है। वैदिक कर्म और भागवतधर्मके बीच जो वाद-सा छिड़ गया उसका उत्तर सन्तोंने अपने चरित्रोंसे ही दिया है। वारकरी सम्प्रदायके भगवद्भक्त जाति पाँति पूछे बिना एक दूसरेके पैर छूते हैं, संस्कृत

भाषामें संचित ज्ञान-रहस्य प्राकृत भाषामें प्रकट करते हैं और उससे देशभाषी अभिज्ञ होते हैं, कर्मको गौण बताकर भक्ति और भगवन्नामकी ही महिमा सबसे अधिक मानी जाती है। ये बातें हैं जो पुराने ढंगके अनेक शास्त्री पण्डितोंको तथा वैदिक कर्मनिष्ठोंको ठीक नहीं जँचतीं। सभी शास्त्री पण्डित इसी विचारके पहले थे या अब हैं ऐसी बात नहीं। तथापि ऐसे विचारके लोगोंद्वारा भागवतधर्म-प्रचारक ज्ञानेश्वर और एकनाथको जैसे पहले कष्ट पहुँचाया गया वैसे ही तुकारामजीके समयमें तुकारामजीको रामेश्वर भट्ट कष्ट पहुँचानेके लिये मिले। ये दो सनातन-सम्मत पक्ष हैं। संस्कृत भाषामें ही सम्पूर्ण ज्ञान और धर्म बना रहे और यह ब्राह्मणोंके मुखसे अन्य सब वर्णोंके लोग सुनें यह संस्कृताभिमानी वैदिक कर्ममार्गियोंका दावा है और—

> भाषा संस्कृत अथवा प्राकृत । जेथ वर्णिली हे हरि-कथा ॥
> ते पावनचि तत्त्वतां । सत्य सर्वथा मानली ॥

अर्थात् भाषा संस्कृत हो या प्राकृत, जिसमें भी हरि-कथा हुई वही भाषा तत्त्वतः पवित्र, सर्वथा सत्य मानी गयी है। यह भागवतधर्मावलम्बियोंका कथन है। (नाथ-भागवत १–११९) एकनाथ महाराज संस्कृत भाषाभिमानियोंसे पूछते हैं कि केवल संस्कृत भाषा ही भगवान्ने निर्माण की तो क्या प्राकृत भाषाको दस्युओंने निर्माण किया? संस्कृतको धन्य और प्राकृतको निन्द्य कहना तो अभिमानवाद है यह कहकर एकनाथ महाराज सिद्धान्त बतलाते हैं—

> देवासि नाहीं वाचाभिमान । संस्कृत प्राकृत त्या समान ॥
> ज्या वाणी आवडे ब्रह्मकथन । त्या मान्य श्रीकृष्ण संतोषे ॥
>
> (एकनाथी भागवत अ० ११–१ । १९)

अर्थात् भगवान्‌को भाषाका अभिमान नहीं है, संस्कृत-प्राकृत दोनों उनके लिये समान हैं। जिस वाणीसे ब्रह्म-कथन होता है उसी वाणीसे श्रीकृष्णको सन्तोष होता है। दूसरी बात जात-पाँतकी। वैदिक कर्ममार्गी जाति-बन्धनके विषयमें कड़े कट्टर होते हैं। अन्त्यजसे लेकर ब्राह्मणतकके सब ऊँच-नीच भेदोंकी ही उनके समीप विशेष प्रतिष्ठा है। भागवतधर्मने जात-पाँतको न तो बढाया है न उसपर खड्ग ही उठाया है। भागवत-धर्मका यह सिद्धान्त है कि मनुष्य किसी भी वर्ण या जातिमें पैदा हुआ हो वह यदि सदाचारी और भगवद्भक्त है तो वही सबके लिये वन्दनीय और श्रेष्ठ है। एकनाथ महाराज कहते हैं—

हो का वर्णामाजी अग्रणी। जो विमुख हरिचरणीं॥
त्याहूनि श्वपच श्रेष्ठ मानी। जो भगवद्भजनी प्रेमलु॥

(नाथ-भागवत ५—६०)

अर्थात् कोई वर्णसे यदि अग्रणी याने श्रेष्ठ हो (ब्राह्मण हो) पर वह यदि हरि-चरणोंसे विमुख है तो उससे उस चाण्डालको श्रेष्ठ मानो जो भगवद्भजनका प्रेमी है। इस कारण श्रेष्ठता केवल जातिमें ही नहीं रह गयी, बल्कि यह सिद्धान्त हुआ कि जो भगवद्भक्त है वही श्रेष्ठ है। कसौटी जाति नहीं रही, कसौटी हुई सत्यता—साधुता—भगवद्भक्ति। इस कारण प्राचीन मताभिमानियोंकी यह धारणा हो गयी कि यह भागवतधर्म-सम्प्रदाय ब्राह्मणोंकी मान-प्रतिष्ठा नष्ट करनेके लिये उत्पन्न हुआ है। ज्ञानेश्वर महाराजको तंग करनेके लिये ये दो ही कारण थे। तुकारामजीको तंग करनेके लिये तीसरा और एक कारण उपस्थित हुआ। संत ही जब श्रेष्ठ हुए तब यह श्रेष्ठत्व केवल ब्राह्मणोंमें न रहा, संत जो कोई भी हुआ वही श्रेष्ठ माना जाने लगा। तुकारामजीका संतपना जैसे-जैसे सिद्ध होकर प्रकट होने लगा, उनके शुद्ध आचरण, उपदेश और भक्ति-प्रेमका जैसे-

जैसे लोगोंपर प्रभाव पड़ने लगा वैसे-वैसे ही लोग उन्हें मानने और पूजने लगे। तुकारामजीके इन भक्तोंमें अनेक ब्राह्मण भी थे जैसे देहूके कुलकर्णी महादाजीपन्त, चिंचवडीके कुलकर्णी मल्हारपन्त, पूनेके कोंडोपन्त लोहोकरे, तळेगाँवके गङ्गाराम मवाळ इत्यादि। तुकारामजीकी अमृत-वाणी सुनकर ये उनके चरणोंमें भ्रमर से लीन हो गये। जिसे जिसकी अपनी इच्छित वस्तु मिलती है उसका उसके पीछे हो लेना स्वाभाविक ही है। लोग चाहते थे विशुद्ध धर्मज्ञान और सच्चा प्रेमानन्द। ऐसा गुरु चाहते थे जो भगवान्‌की कथा आन्तरिक प्रेमसे बतावे। उन्हें ऐसे गुरु तुकाराम मिले और इसलिये तुकारामजीको वे पूजने लगे। लोगोंको सच्चे-झूठेकी पहचान होती है। तुकारामजीके ही पड़ोसमें मम्बाजी अपनी महन्तीकी दूकान लगाये बैठे थे। पर लोग जो कुछ चाहते थे वह उनके पास नहीं था इसलिये लोग भी उनकी वैसी ही कदर करते थे। मम्बाजी और तुकाराम—एक नकली सिक्का और दूसरा असली। लोगोंने दोनोंको ठीक परखा। तुकारामजीका स्वभाव और प्रेम उन्हें प्रिय हुआ। तुकारामजी जातिके शूद्र थे पर यदि वे ब्राह्मण होते तो भी इतने ही प्रिय होते और यदि अति शूद्र होते तो भी इतने ही प्रिय होते। मम्बाजी ब्राह्मण थे पर स्वयं ब्राह्मणोंने भी उनको नहीं माना। तब तुकारामजीका द्वेष करनेके लिये तीसरा कारण जो उत्पन्न हुआ वह यह था कि तुकाराम शूद्र हैं, ब्राह्मण इनके पैर छूते हैं और ये गुरु बनते हैं ब्राह्मणोंके यह बात तो सनातन-धर्मके विपरीत है। रामेश्वर भट्टने तुकारामजीको जो कष्ट दिया वह इसी कारणसे कि एक तो वह शूद्र होकर प्राकृत भाषामें धर्मका रहस्य प्रकट करते हैं और दूसरे ब्राह्मण इनके पैर छूते हैं। प्राचीन मताभिमानसे प्रेरित होकर रामेश्वर भट्ट यदि तुकारामजीके विरुद्ध खड़े न होते तो और कोई वैदिक शास्त्री पण्डित इस कामको करता। ज्ञानेश्वर महाराजने सब कष्ट सहकर यह बात सिद्ध कर दी कि धर्म-रहस्य प्राकृत भाषामें

प्रकट करनेमें कोई दोष नहीं है और तबसे यह रास्ता खुल गया। अब यह होना बाकी था कि शूद्र भी धर्म-रहस्य * कथन कर सकता है। कारण, धर्म-रहस्य चाहे जिस जातिके शुद्धचित्त मनुष्यपर प्रकट हो जाता है। इसके लिये तुकारामजीका तपाया जाना और उस तापसे उनका उज्ज्वल होकर निकलना आवश्यक था। सुवर्णको इस प्रकार तपाकर देखनेका मान रामेश्वर भट्टको प्राप्त हुआ। ज्ञानेश्वर और एकनाथकी अलौकिक शक्तिसे आलन्दी, पैठण और काशीके ब्राह्मणोंपर उनका पूरा प्रभाव पड़ा और महाराष्ट्रमें सर्वत्र भागवत-धर्मका जय-जयकार और प्रचार हुआ। इस जय-जयकारका स्वर और भी ऊँचा करके प्रचारका कार्य और आगे बढाकर भागवत-धर्मके रथको एक कदम और आगे बढानेका यश भगवान् तुकारामजीको दिलाना चाहते थे। इसी प्रसङ्गको अब देखें।

३ देहूसे निर्वासन!

रामेश्वर भट्टको तुकारामजीके भागवत-धर्मके सिद्धान्त अस्वीकृत हुए। पर इन सिद्धान्तोंके विरोधका जो सीधा रास्ता हो सकता था उस रास्तेको छोड़कर यह टेढे रास्ते चलने लगे। उन्होंने सोचा यह कि देहूमें यह व्यक्ति कीर्तन करता है और अपना रङ्ग जमाता है और यहीं इसके विठ्ठलदेवका भी मन्दिर है, यही जड़ है। इसलिये यही अच्छा होगा कि यहींसे इसको जिस तरहसे हो भगा दो, ऐसा कर दो कि यहाँ यह रहने ही न पावे। महीपतिबाबा भक्तलीलामृत अध्याय ३५ में कहते हैं—

'मनमें ऐसा विचारकर गाँवके हाकिमसे जाकर कहा कि तुका शूद्र जातिका है और शूद्र होकर श्रुतिका रहस्य बताया करता है। हरि-

* मनुस्मृति अध्याय २ श्लोक २३८—२४१ देखिये। मनुका यह वचन है कि विद्या, रत्न, धर्म, शिल्पज्ञान 'समादेयानि सर्वत' जहाँसे भी मिले, अवश्य ले।

कीर्तन करके इसने भोले-भाले भक्तोंपर जादू डाला है। आजकल उसको नमस्कार करने लगे हैं। यह बात तो हमलोगोंके लिये अपमानजनक है। सब धर्मोंको इसने उड़ा दिया है और केवल नामकी महिमा बताया करता है। लोगोंमें इसने ऐसा भक्ति-पन्थ चलाया है कि भक्ति-वश्चित कर्मको केवल पाखण्ड मान पड़ता है।

देहूके ग्रामाधिकारीको रामेश्वर भट्टने चिट्ठी लिखी कि तुकारामको देहूसे निकाल दो। ग्रामाधिकारीने यह चिट्ठी तुकारामजीको पढ़ सुनायी तब वह बड़ी मुसीबतमें पड़े। उस समयके उनके उद्गार हैं—

'क्या जाऊँ अब कहाँ जाऊँ! गाँवमें रहूँ किसके भरोसे! पाटील नाराज गाँवके लोग भी नाराज! अब भीख मुझे कौन देगा! कहते हैं अब यह उच्छृङ्खल हो गया है, मनमानी करता है; हाकिमने भी यही फैसला कर डाला भले आदमीने* जाकर शिकायत की आखिर मुझ दुर्बलको ही मार डाला। तुका कहता है ऐसोंका संग अच्छा नहीं, चलो अब विठलको ढूँढ़ते चलें।'

४ अभंगोंकी बहियाँ दहमें ?

तुकारामजी आळंदि जाते तो बीचमें वाघोली पहुँचे। वहीं रामेश्वर भट्ट रहा करते थे। इस समय रामेश्वर भट्ट स्नान करके सन्ध्या-पूजामें बैठे थे। तुकारामजी उनके समीप गये और उन्हें दण्डवत् किया और बड़े प्रेमसे भगवान्का नामोच्चार करके हरिकीर्तन करने लगे। कीर्तन करते हुए उनके मुखसे धारा-प्रवाह अभंगवाणी निकलती जाती थी। उनके प्रसादकी बात क्या कही जाय! यह प्रासादिक निर्मल और अभंग-

---

* 'भला आदमी' यहाँ तुकारामजीने रामेश्वर भट्टको कहा है यह व्यङ्ग्य [illegible] है। इसमें एक श्लेष-व्यङ्ग्य भी है सो स्पष्ट है।

स्म्रापणीक्स ह्रद और मामनाथ

वाणी सुनकर रामेश्वर भट्ट बोले 'तुम बड़ा अनर्थ कर रहे हो। तुम्हारे अभंगोंसे श्रुतिका अर्थ प्रकट होता है और तुम हो शूद्र। इसलिये ऐसी वाणी बोलनेका तुम्हें कोई अधिकार नहीं है। यह तुम्हारा काम शास्त्रके विरुद्ध है, श्रोता-वक्ता दोनोंको नरक देनेवाला है। आजसे ऐसी वाणी बोलना तुम छोड़ दो।'

इसपर तुकारामजीने कहा—पाण्डुरङ्गकी आज्ञासे मैं ऐसी बानियाँ बोलता रहा हूँ। यह वाणी व्यर्थ ही खर्च हुई। आप ब्राह्मण ईश्वर-मूर्ति हैं। आपकी आज्ञासे अब मैं कविता करना छोड़ दूँगा पर अबतक जो अभग रचे गये उनका क्या करूँ ?'

रामेश्वर भट्टने कहा—'तुम अपने अभगोंकी सब बहियाँ जलमें ले जाकर डुबा दो।'

तुकारामजीने कहा—'आपकी आज्ञा शिरोधार्य है।'

यह कहकर तुकारामजी देहू लौट आये और अभगोंकी सब बहियोंको पत्थरोंमें बाँधकर और ऊपरसे रुमाल लपेटकर इन्द्रायणीके किनारे गये और बहियोंको दहमें डाल दिया। अभगोंकी बहियोंके इस तरह डुबाये जानेकी वार्ता कानों कानों चारों ओर तुरत फैल गयी। भक्तजनोंको इससे बड़ा दुःख हुआ और कुटिल खल निन्दक इससे बड़े सुखी हुए, मानो उन्हें कोई बड़ी सम्पत्ति मिल गयी हो। दूसरोंका कुछ भी हीनत्व देखकर जिनकी जीभ निन्दा करनेके जोशमें आ जाती है, ऐसे लोग तुकारामजीके पास आकर उनका तरह-तरहसे उपहास करने लगे। कहने लगे—'पहले भाईसे लड़कर सब बही-खाता डुबाया और अब रामेश्वर भट्टसे भिड़कर अभग डुबा दिये। दोनों तरफ अपनी फजीहत ही करायी! और कोई होता तो ऐसी हालतमें किसीको फिर अपना मुँह न दिखाता, चुल्लूभर पानीमें डूब मरता।' ऐसी-ऐसी बातें

सुनकर तुकारामका हृदय दो टूक हो गया। मन-ही-मन उन्होंने सोचा लोग तो ठीक ही कहते हैं। प्रयागमें मैंने ही तो आग लगायी और उसमेंसे बाहर निकल आया इसलिये प्रयागमें जो कुछ भी नाम हँसाई हुई हो उससे मुझे क्या? मरना है ही फायदा। पर इतना सब करके भी यदि भगवान् नहीं मिले इन भाषावोंका निवारण यदि उन्होंने नहीं किया, दुर्जनोंके मुँह बंद नहीं किये और अपने भक्तवत्सल होनेके विरदकी लाज नहीं रखी तो भी करके भी क्या होगा? इसलिये भगवान्के ही चरणोंमें अन्न-जल छोड़कर, चरण-चिन्तन करता पड़ा रहूँ, यही उचित है; आगे उन्हें जो करना हो करेंगे।' इस प्रकार विचार करके तुकारामजी श्रीविठ्ठल-मन्दिरके सामने तुलसीके पेड़के समीप एक शिलापर तेरह दिन अन्न-जल त्यागे भगवत्-चिन्तनमें पड़े थे।

५ उस अवसरके उन्नीस अभंग

शिलापर पड़े हुए उनके मुखसे उन्नीस अभंग निकले। उस समयकी उनकी मनःस्थिति इन अभंगोंमें अच्छी तरहसे प्रतिबिम्बित हुई है—

'हमें भूल गये क्या भगवन्! बड़े आश्चर्यकी बात है। भक्तिकी यह परिसीमा हुई जो लोगोंकी बड़ी फजीहत हो गयी! अनुसरण किया तो उसका फल यह मिला कि छटपटाहट ही पल्ले पड़ी। तुका कहता है भगवन्! अब समझमें आया कि मेरी सेवा कितनी निकम्मी थी।

हे भगवन्! भूतमात्रमें भगवद्भाव रखते हुए, किसी भी प्राणीसे ईर्ष्या-द्वेष न करके भूतपति भगवन्! आपका ही सदा चिन्तन करते रहनेपर भी (हमारे ऊपर भूत आवें) हमें पीड़ा पहुँचावें यह बड़े आश्चर्यकी बात है। हमने आजतक आपकी जो भक्ति की उसकी मानो यही परिसीमा हुई कि हमारे अंदर ऐसे दोष आकर बस गये कि लोग

उनके कारण निन्दा और द्वेष करने लगे। एकादशी और हरि-कीर्तनके आजतक जो जागरण किये उनका यह फल हाथ लगा कि चित्त छटपटाने लगा। पर आपको मैं क्या दोष दूँ, मुझसे सेवा ही कुछ न बन पड़ी।

'सम्पूर्ण जीव-भाव जबतक तुम्हारी सेवामें समर्पित नहीं करता हूँ तबतक तुम्हारा क्या दोष ?

'अब, या तो तुम्हें जोड़ूँगा या इस जीवनको छोड़ूँगा।'

अब फैसलेका दिन आया है, मैं कविता करूँ या न करूँ, लोगोंको कुछ बताऊँ या न बताऊँ, यह सब तुम्हें स्वीकार है या अस्वीकार, इसका फैसला अब तुम्हीं करनेवाले हो। बरबस तो कविता मैं नहीं करूँगा। तुम कहो तो तुम्हारी ही आज्ञासे तुम्हारे लिये ही कविता करूँगा। 'तुका कहता है, *अब मुझसे नहीं रहा जाता!*' तुम सुनो, इसलिये तो मैं कविता करता रहा। तुम नहीं सुनते तो शब्दोंका यह भूसा मैं किसलिये व्यर्थ पछोरूँ ? अब तो यही करूँगा कि एक ही जगह बैठा रहूँगा, तुम स्वयं आकर उठाओगे तब उठूँगा। तुम्हारे दर्शनोंके लिये बहुत उपाय किये। अब और कबतक प्रतीक्षा करूँ ? आशाका तो अन्त हो चला। अब इस पार या उस पार, जो करना हो कर डालो। भगवन्! मेरे ये शब्द आपको अच्छे नहीं लगते। तो अब किसलिये जीभ चलाता फिरूँ ? 'शब्दोंमें जब तुम्हारी रुचि नहीं तब तुकाके लिये इनका उपयोग ही क्या रहा ? तुम मिलो, यही तो मेरा सत्यसङ्कल्प है, इसे पूरा न करके प्रसन्नताकी जरा-सी झलक दिखाकर छिप जाते हो। यही आजतक करते रहे हो। अब ऐसा करो कि—

'तुम प्रसन्न होओ! इसीलिये ये कष्ट उठाये। अभंग रचकर तुम्हारी प्रार्थना की। पर उन सब शब्दोंको तुमने व्यर्थ कर दिया।

तब मुझे यह समाधान हो कि मेरा शब्द नीचे धरतीपर न गिरे—वह व्यर्थ न हो। अब दर्शन दो और प्रेम-संलाप होने दो।

तुम्हारे मधुर शब्द सुननेके लिये मैं कान लगाये बैठा हूँ। और सब धन्धे छोड़कर मैंने अब तुम्हारा ही धन्धा पकड़ा है। तुम उदार हो, भक्तवत्सल हो, तुम्हारे इन सब गुणोंका डंका बजानेकी ही दूकान मैंने खोल रखी है, पर तुम्हीं अब मुझसे कृपा करते हो तब तो मुझे अपनी दूकान उठा ही देनी पड़ेगी। अकेले एक जीवका उद्धार तो तुम्हारे नामसे हो ही जायगा, पर इन सब लोगोंका उद्धार हो इसीलिये तो मैंने यह फैलाव फैला रखा है। मैं अपने कर्मोंसे पतित नहीं हूँ, पर भक्तपर आये हुए संकटका तुम नहीं निवारण करोगे तो तुम्हारे नामकी शान नहीं रह जायगी, तुम्हारी निन्दा होगी और उसे मैं नहीं सुन सकूँगा।

तुम्हारी और तुम्हारे नामकी दुनियामें हँसाई न हो और तुम्हारे प्रति लोगोंकी ममता न घटे यही हो—इतना ही हो—मैं चाहता हूँ। कुछ माँगना तो हमारे लिये अनुचित है। माँगना तो हमारी कुल-रीति ही नहीं है। पहले जो अनेक ज्ञानी भक्त हो गये हैं, उन्होंने निष्काम भक्तिका सुन्दर आदर्श सामने रख दिया है। उसे मैं देख रहा हूँ। उसीको देखकर चल रहा हूँ, इसलिये मैं कुछ माँगता नहीं हूँ। देहादि सब उपाधियोंको तुच्छ करके तुमको आपकी सलाम लगा दिया है।' तुका कहता है, इस देहको वारकर (छत्तीस तत्त्वोंकी देहको उन उन तत्त्वोंमें बाँटकर) मैं अलग हो गया हूँ और केवल उपकारके लिये रह गया हूँ।

आपके नाम और कीर्तिमें धब्बा न लगे और आपके प्रति लोगोंकी श्रद्धा घटे इसीलिये आपसे यह प्रार्थना है कि आप प्रकट होकर दर्शन दें और यहाँ कलियुगमें जो आपका हुआ है उससे उसकी रक्षा

करें । आपको मैं इतना कष्ट दूँ, क्या यह अधिकार मेरा नहीं है ? मैं क्या आपका दास नहीं हूँ ?'

'हे पण्ढरीश ! यह विचारकर बताइये कि मै आपका दास कैसे नहीं हूँ ? बताइये, प्रपञ्चकी होली मैंने किसके लिये जलायी ? इन पैरोंको छोड़कर और भी कोई चीज मेरे लिये थी ? सत्यता है, पर धैर्य नहीं है तो वहाँ आपको धीरज बँधाना चाहिये । उलटे बीजको ऐसे नहीं जलाना चाहिये कि वह जमे ही नहीं । तुका कहता है, मेरे लिये इह-परलोक और कुल-गोत्र तुम्हारे चरणोंके सिवा और कुछ भी नहीं है ।'

तुम्हारे चरणोंमें ऐसी अनन्य प्रीति रखते हुए भी 'मुझे देशनिकाला मिले, क्या यह उचित है ?' बच्चोंका भार तो माताके ही सिरपर होता है । क्या माता अपने बच्चेको कभी अपने पाससे दूर करती है ? इसलिये मेरे माँ-बाप श्रीपाण्डुरङ्ग ! 'अब दर्शन देकर मेरे जीको ठण्डा करो । मैं तुम्हारा कहाता हूँ, पर इस कहानेकी कोई पहचान मेरे पास नहीं है ।' इसीसे मेरी नाम हँसाई होती है । इसीसे मेरी समझमे यह नहीं आता कि 'तुम्हारी स्तुति भी किससे और कैसे करूँ, तुम्हारी कीर्ति भी कैसे सुनाऊँ ।' कारण, इसकी पहचान ही कुछ नहीं कि मैं जो कुछ कहता हूँ, वह सत्य है । आजतक जो कुछ बकवाद की वह सब व्यर्थ हो गयी । 'शब्द मुँहसे निकला और आकाशमे मिल गया' यह देख मैं चकित हो गया हूँ । मेरा चित्त तो तुम्हारे चरणोंमें है, इसलिये भगवन् ! आओ और ऐसे दर्शन दो कि भव-बन्धकी ग्रन्थि खुल जाय ।

'तुम्हारे रूपने चित्तको वशमें कर लिया है । चित्त अब निश्चिन्त होकर तुम्हारे ही चरणोंमें है । भगवन् ! तुम अशेष सुन्दर हो । तुम्हारा मुख देखनेसे दु:खसे भेंट नहीं होती, इन्द्रियोंको विश्रान्ति मिलती है ।

तुमसे अलग होकर भटकनेवालोंको पीड़ा होती है। इसलिये भगवन्! मुझे दर्शन दो जिससे भवबन्धकी ग्रन्थि खुल जाय।

इस प्रकार श्रीपाण्डुरङ्ग भगवान्‌के साक्षात् दर्शनोंकी लालसा लगाये तुकारामजी देहूमें श्रीपाण्डुरङ्ग-मन्दिरके सामने उस शिलापर चिन्तन करते हुए, आँखें बंद किये तेरह दिन पड़े रहे। इन तेरह दिनोंमें उन्हें अन्न-जलकी सुध भी नहीं रही। हृदयमें श्रीपाण्डुरङ्गका अखण्ड ध्यान बालक ध्रुवके समान मग्न हुआ था।

६ भट्टजीपर दैवी कोप

उधर वाघोलीमें भट्ट रामेश्वरजीपर दैवी कोप हुआ। भगवान्‌का कुछ ऐसा स्वभाव है कि उनसे कोई द्वेष करे तो उसे वह सह ले सकते हैं पर अपने भक्तका द्रोह उनसे नहीं सहा जाता। कंस-रावणादि हरि-द्रोही भगवान्‌से मुक्ति पा गये पर भक्तका द्रोह करनेवाला यदि समय रहते सावधान होकर पश्चात्तापको न प्राप्त हो और उसी भक्तकी शरण न ले तो वह निश्चय ही नरकगामी होता है। सब प्राणियोंके हितमें रत रहनेवाले मन-वचन-कर्मसे सबका हित साधनेवाले महात्माओंका अन्तःकरण सबके अन्तर व्यापे रहता है। इस कारण उन्हें कष्ट हुआ तो भूतपति भगवान्‌को ही जाकर लगता है और उससे क्षोभ होता है। इसलिये साधु-द्वेषके समान कोई पाप नहीं। रामेश्वर भट्ट वाघोलीसे पूनेमें नागनाथके दर्शन करने चले। नागनाथ बड़े जाग्रत् देवता हैं और रामेश्वर भट्टकी उनमें बड़ी श्रद्धा थी। रास्तेमें ही एक स्थानमें अनगड़सिद्ध नामक कोई औलिया रहते थे। उन्होंने अपने बगीचेमें एक बावली बनवायी थी। वह बावली और अनगड़शाहका तकिया अब भी वहाँ मौजूद हैं। ज्यों ही इस बावलीमें रामेश्वर भट्ट नहाये त्यों ही उनके सारे शरीरमें जलन होने लगी। किसीने कहा कि यह उस पीरका कोप है और किसीने कहा कि तुकारामजीसे द्वेष

तुलसीवन और शिला

धारा पूर्ण अंशपर रखा। वह तेरह दिन लगातार अन्न-जल त्याग और प्राणोंकी कोई परवा न कर भगवत्मिलनकी परम उत्कण्ठासे प्रतीक्षा करते हुए उस शिलापर आँखें मूँद किये पड़े रहे। अब भगवान्‌के लिये प्रकट होनेके सिवा और उपाय नहीं था। भक्तिकी सचाईकी परीक्षा होनेको थी; तुकारामजीकी भक्ति कसौटीपर कसी जानेको थी; भगवान्‌की यह प्रतिज्ञा कि 'तब मैं अपनोंका पक्ष लेकर साकार होकर उतर आता हूँ' (ज्ञानेश्वरी ४-५१) संसारको सत्य करके दिखानी थी; और तो क्या स्वयं भगवान्‌के ही भगवान्‌पनेकी परीक्षा होनेको थी। वेद, शास्त्र, पुराण, सत्य-वचन और भक्तचरित्रकी लाज रखना भगवान्‌के लिये अनिवार्य होनेसे भगवान् सगुण-साकार होकर इस समय तुकारामजीके सामने प्रकट हुए, तुकारामजीको उन्होंने दर्शन दिये और हाथमें ऊँची हुई बहियोंको उबार। फिर एक बार, बार-बार सिद्ध हुई यह बात प्रत्यक्ष हुई कि भक्त-कार्यके लिये भगवान् अपने भक्तको दयाकर गुण और आकारमें आकर भक्तोंसे मिलते हैं। संसार बड़ा संशयी है। तुकारामजीके इस आपत्कालमें भी यदि भगवान् प्रकट होकर तुकारामजीको न सम्हाल लेते तो भी तुकारामजीकी निष्ठा विचलित न होती, पर लोगोंकी समझको तो कोई प्रकाश न मिलता। देहूमें तुकोबाराय तेरह दिन शिलापर पड़े रहे, उन्हें दर्शन देकर भगवान्‌ने उनका संकट हरण किया। तुकारामजी अपनी भक्तिके प्रतापसे निर्गुणको खींच लाये और उस निराकारसे उन्होंने आकार धारण कराया। भगवान्‌से रूप और आकार धारण कराऊँगा निराकार न होने दूँगा यह जो उनकी असीम भक्तिकी सामर्थ्य का उद्गार है इसकी प्रतीति संसारको करानेका अब समय उपस्थित हुआ तब श्रीहरिने बालवेष धारणकर उन्हें दर्शन दिये और आलिङ्गन देकर उनका पूर्ण समाधान किया। तुकारामजीको भगवान्‌के साक्षात् दर्शन प्राप्त हुए, सगुण-साक्षात्कार हुआ। उस समय भगवान्‌ने उनसे कहा

प्रह्लादकी जैसे मैंने बार-बार रक्षा की वैसे नित्य ही तुम्हारी पीठके पीछे खड़ा हूँ और जलमें भी तुम्हारे अभंगोंकी बहियोंको मैंने बचाया है। भगवानके श्रीमुखसे निकली यह वाणी सुनकर तुकारामजी सन्तुष्ट हुए और भगवान् भी भक्तके हृदयमें अन्तर्द्धान हो गये। इस समय बाहरसे देखते हुए तुकारामजीका शरीर मृतप्राय हो गया था, श्वासोच्छ्वासकी गति मन्द हो गयी थी, हिलना-डोलना बद हो गया था। कुटिल खल-कामियोंने समझा कि सब खतम हो गया, पर भक्तोंको उनके चेहरेपर अपूर्व तेज दिखायी दे रहा था और मध्यमा वाणीसे नामस्मरण होते रहनेकी मन्द ध्वनि भी सुनायी दे रही थी। इस प्रकार तेरह दिन बीतने-पर गङ्गाराम मवाळ प्रभृति भक्तोंको चौदहवें दिन प्रातःकाल भगवान्‌ने स्वप्न दिया कि, 'अभंगोंकी बहियाँ जलपर लहरा रही हैं उन्हें तुम जाकर ले आओ।' सब भक्तोंको बड़ा कुतूहल हुआ, वे दहकी ओर दौड़ गये और उन्होंने बहियोंको लौकीकी तरह जलपर तैरते हुए देखा। उनके आश्चर्य और आनन्दका ठिकाना न रहा। वे जोर-जोरसे 'राम कृष्ण हरि' नाम सङ्कीर्तन करते हुए दसों दिशाएँ गुँजाने लगे। दो-चार जने पानीमें कूदकर उन बहियोंको निकाल ले आये, इधर तुकारामजीने नेत्र खोले तो देखा कि भक्तजन दल बाँधे आनन्दमें बेसुध हुए श्रीहरि-विट्ठल नाम-सकीर्तन करते हुए चले आ रहे हैं। सर्वत्र आनन्द-ही-आनन्द छा गया। भक्तोंके आनन्दका वारापार नहीं रहा, कुटिल-खल-कामियोंके चेहरे काले पड़ गये। हवाके झोंकेके साथ कभी इधर, कभी उधर झोंका खानेवाले अधकचरोंकी चित्त वृत्तियाँ स्थिर और प्रसन्न हुईं। पाण्डुरङ्गका कौतुकी-पन यादकर तुकारामजीके हृदयमें वह प्रेमावेग न समा सका और उनके नेत्रोंसे प्रेमाश्रुधारा बहने लगी।

८ उस समयके सात अभंग

इस अवसरपर तुकारामजीके श्रीमुखसे अत्यन्त मधुर सात अभंग

करनेका यह परिणाम है। रामेश्वर भट्टका सारा शरीर जैसे दग्ध होने लगा। ताप शमनके अनेक उपचार शिष्योंने किये, पर सब व्यर्थ। उनका शरीर उस असह्य तापसे जलने लगा। दुर्वासाने अम्बरीपको छला तब सुदर्शन चक्र उस मुनिके पीछे लगा और उनके होश उड़ गये। (भागवत ९। ४। ५) वही गति तुकारामजीको छलनेवाले रामेश्वर भट्ट-की हुई। 'साधुषु प्रहित तेजो प्रहर्तु कुरुतेऽशिवम्' साधु पुरुषको हतप्रभ करके उसपर अपना रंग जमाने, रोब गाँठनेवालेका अकल्याण ही होता है। यही न्याय अम्बरीषके आख्यानमें भगवान्‌ने अपने श्रीमुखसे कथन किया है। भगवान्‌ने फिर यह भी कहा है कि—

> तपो विद्या च विप्राणा निःश्रेयसकरे उभे।
> ते एव दुर्विनीतस्य कल्पेते कर्तुरन्यथा ॥ ७० ॥

तप और विद्या दोनों साधन ब्राह्मणोंके लिये श्रेयस्कर हैं, पर ब्राह्मण यदि दुर्विनीत हो तो ये उलटा ही फल देते हैं। अर्थात् अधोगतिको प्राप्त कराते हैं। दुर्विनीत ब्राह्मण तपस्वी होकर भी कैसे सङ्कटमें पड़ जाता है यह दुर्वासाके दृष्टान्तसे मालूम हो जाता है और दुर्विनीत ब्राह्मण विद्वान् होकर कैसी आफतमें पड़ता है यह रामेश्वर भट्टके उदाहरणसे स्पष्ट हो जाता है। सब उपचार करके भी जब दाह शान्त नहीं हुआ तब रामेश्वर भट्ट आलन्दीमें जाकर ज्ञानेश्वर महाराजका जप करने लगे।

७ सगुण-साक्षात्कार, बहियोंका उद्धार

रामेश्वर भट्टकी दुष्टताके कारण तुकारामजीपर देशनिकालेकी नौबत आ गयी, अपने श्रीविट्ठल-मन्दिर और श्रीविट्ठल मूर्तिसे बिछुड़नेका समय आ गया। प्रपञ्च और परमार्थ दोनोंसे ही रहे! इस कारण लोगोंकी बातें सुनने और आजतक किये हुए कीर्तनों और रचे हुए अभगोंपर पानी फिरनेका अवसर आ गया! तब उनके वैराग्य और भगवत्प्रेमका

पारा पूर्ण अंशपर चढ़ा । वह तेरह दिन लगातार अन्न-जल त्यागे और प्राणोंकी कोई परवा न कर भगवन्मिलनकी परम उत्कण्ठासे प्रतीक्षा करते हुए उस शिलापर आँखें बंद किये पड़े रहे । अब भगवान्‌के लिये प्रकट होनेके सिवा और उपाय नहीं था । भक्तिकी उत्कटताकी परीक्षा होनेको थी; तुकारामजीकी भक्ति कसौटीपर कसी जानेको थी; भगवान्‌की यह प्रतिज्ञा कि 'जब मैं भक्तोंका पक्ष लेकर साकार होकर उतर आता हूँ' (ज्ञानेश्वरी ४-५१) संसारको सत्य करके दिखायी जानेको थी। और तो क्या स्वयं भगवान्‌के ही भगवान्‌पनेकी परीक्षा होनेको थी। वेद, शास्त्र, पुराण सन्त-वचन और भक्तचरित्रकी लाज रखना भगवान्‌के लिये अनिवार्य होनेसे भगवान् सगुण-साकार होकर इस समय तुकारामजीके सामने प्रकट हुए, तुकारामजीको उन्होंने दर्शन दिये और दयामें डूबी हुई बाहोंसे उबारा । फिर एक बार, बार-बार सिद्ध हुई यह बात प्रत्यक्ष हुई कि भक्त-कार्यके लिये भगवान् अपने अव्यक्तको छोड़कर गुण और आकारमें आकर भक्तोंसे मिलते हैं । संसार बड़ा अभागी है । तुकारामजीके इस भाग्यक्षणमें भी यदि भगवान् प्रकट होकर तुकारामजीको न सम्हाल लेते तो भी तुकारामजीकी निष्ठा विचलित न होती पर लोगोंको समझाने तो कोई प्रमाण न मिलता । देहूमें तुकोबाराय तेरह दिन शिलापर पड़े रहे उन्हें दर्शन देकर भगवान्‌ने उनका कष्ट हरण किया । तुकारामजी अपनी भक्तिके प्रतापसे निराकारनिर्गुणको खींच लाये और उस निराकारसे उन्होंने आकार धारण कराया । 'भगवान्‌से रूप और आकार धारण कराऊँगा निराकार न होने दूँगा' यह जो उनकी मनीषा भक्तिकी सामर्थ्य का उद्गार है इसकी प्रतीति संसारको करानेका जब समय उपस्थित हुआ तब श्रीहरिने आकार धारणकर उन्हें दर्शन दिये और आलिङ्गन देकर उनका पूर्ण समाधान किया । तुकारामजीको भगवान्‌के साक्षात् दर्शन प्राप्त हुए सगुण-साक्षात्कार हुआ । उस समय भगवान्‌ने उनसे कहा

प्रह्लादकी जैसे मैंने बार-बार रक्षा की वैसे नित्य ही तुम्हारी पीठके पीछे खड़ा हूँ और जलमें भी तुम्हारे अभगोंकी बहियोंको मैंने बचाया है। भगवानके श्रीमुखसे निकली यह वाणी सुनकर तुकारामजी सन्तुष्ट हुए और भगवान् भी भक्तके हृदयमें अन्तर्धान हो गये। इस समय बाहरसे देखते हुए तुकारामजीका शरीर मृतप्राय हो गया था, श्वासोच्छ्वासकी गति मन्द हो गयी थी, हिलना-डोलना बंद हो गया था। कुटिल खल-कामियोंने समझा कि सब खतम हो गया, पर भक्तोंको उनके चेहरेपर अपूर्व तेज दिखायी दे रहा था और मध्यमा वाणीसे नामस्मरण होते रहनेकी मन्द ध्वनि भी सुनायी दे रही थी। इस प्रकार तेरह दिन बीतने-पर गङ्गाराम मवाळ प्रभृति भक्तोंको चौदहवें दिन प्रातःकाल भगवान्‌ने स्वप्न दिया कि, 'अभगोंकी बहियाँ जलपर लहरा रही हैं उन्हें तुम जाकर ले आओ।' सब भक्तोंको बड़ा कुतूहल हुआ, वे दहकी ओर दौड़े गये और उन्होंने बहियोंको लौकीकी तरह जलपर तैरते हुए देखा! उनके आश्चर्य और आनन्दका ठिकाना न रहा। वे जोर-जोरसे 'राम कृष्ण हरि' नाम-सङ्कीर्तन करते हुए दसों दिशाएँ गुँजाने लगे। दो-चार जने पानीमें कूदकर उन बहियोंको निकाल ले आये, इधर तुकारामजीने नेत्र खोले तो देखा कि भक्तजन दल बाँधे आनन्दमें बेसुध हुए श्रीहरि-विट्ठल-नाम-सकीर्तन करते हुए चले आ रहे हैं। सर्वत्र आनन्द-ही-आनन्द छा गया। भक्तोंके आनन्दका वारापार नहीं रहा, कुटिल-खल-कामियोंके चेहरे काले पड़ गये। हवाके झोंकेके साथ कभी इधर, कभी उधर झोंका खानेवाले अधकचरोंकी चित्त-वृत्तियाँ स्थिर और प्रसन्न हुईं। पाण्डुरङ्गका कौतुकी-पन यादकर तुकारामजीके हृदयमें वह प्रेमावेग न समा सका और उनके नेत्रोंसे प्रेमाश्रुधारा बहने लगी।

८ उस समयके सात अभंग

इस अवसरपर तुकारामजीके श्रीमुखसे अत्यन्त मधुर सात अभग

भार रखना कैसा होता है, मैं क्या जानूँ। यह जो कुछ हुआ अनुचित ही हुआ, पर तुका कहता है, अब आगेकी सुध लो।

(४)

मै पापी तुम्हारा पार क्या जानूँ? धीरज रखूँ तो तुम क्या न करोगे, मैं मतिमन्द हीनबुद्धि अधीर हो उठा, पर हे कृपानिधे! तुमने फटकार बताकर मुझे अलग नहीं कर दिया। तुम देवाधिदेव हो, सारे ब्रह्माण्डके जीवन हो, हम दासोंको दयाकी भिक्षा क्यों माँगनी पड़े? तुका कहता है, हे विश्वम्भर! मै सचमुच पतित ही हूँ जो यह दूसरा अन्याय किया कि तुम्हारे द्वारपर धरना देकर बैठ गया

(५)

मुझे कुछ ग्राहने नहीं पकड़ रखा था, न व्याघ्र ही पीठपर चढ बैठा था जो मैंने तुम्हारी पुकार मचाकर आकाश-पाताल एक कर डाला, दोनों जगह तुम्हे बँट जाना पड़ा, मेरे पास और दहमें भी, कहींसे अपने ऊपर चोट मैंने नहीं आने दी। माँ बाप भी इतना नहीं सहते, जरा-से अन्यायपर ही मारे क्रोधके प्राणोंके ग्राहक बन जाते हैं। सहना सहज नहीं है। सहना तो तुम्हीं जानते हो। तुका कहता है, हे दयालो! तुम्हारे-जैसा दाता कोई नहीं। मैं क्या बखानूँ, मेरी वाणी आगे चलती नहीं।

(६)

तुम मातासे भी अधिक ममता रखनेवाले हो, चन्द्रमासे भी अधिक शीतल हो, जलसे भी अधिक तरल हो, प्रेमके आनन्दमय कल्लोल हो। हे पुरुषोत्तम! तुम्हारी उपमा तुम्हारे सिवा किस चीजसे दूँ? मै अपने आपेको तुम्हारे नामपर न्योछावर करता हूँ। तुमने अमृतको मीठा किया पर तुम उसके भी परे हो, पाँचों तत्त्वोंके उत्पन्न करनेवाले सबकी सत्ताके नायक हो। अब और कुछ न कहकर तुम्हारे चरणोंमें अपना मस्तक रखता हूँ। तुका कहता है, पण्ढरिनाथ! मेरे अपराध क्षमा करो।

(७)

मैं अपना योग और अभ्यास कहाँतक करूँ ? विठ्ठल माई ! मुझे अपने चरणोंमें ले लो । यह संसार अब बस हुआ, कर्म बड़ा ही दुस्तर है—एक स्थानमें स्थिर नहीं रहने देता । वृत्तियाँ अनेकों तरहकी हैं, ये क्षण-क्षण अपना रंग बदलती हैं, उनका संग करते हैं तो ये बाधक बनती हैं । तुका कहता है, अब मेरा चिन्ता-जाल काट डालो और हे पण्ढरिनाथ ! मेरे हृदयमें आकर अपना आसन जमाओ ।

प्रथम अभंगमें यह स्पष्ट ही कहा है कि श्रीकृष्णने बालरूपमें आकर प्रत्यक्ष दर्शन देकर आलिङ्गन किया ।

९ कथाका महत्त्व

इन सात अभंगामृत-कुम्भोंमें भरा हुआ प्रेमरस' महीपतिबाबा कहते हैं कि अत्यन्त अद्भुत है और भक्त उसे यथेष्ट पान करते हैं ।' महीपतिबाबा आगे फिर यह भी बतलाते हैं कि भगवान्‌ने तुकारामजीके अभंगोंकी बहियोंको जलमें बचा लिया, यह बात देश-विदेशमें फैल गयी और इससे भूमण्डलमें तुकारामजी प्रख्यात हुए । महीपतिबाबाका यह कथन मार्मिक और विचारने योग्य है। यह बात सचमुच ही इतनी बड़ी है कि उससे तुकारामजी भगवद्भक्तके नाते दिग्दिगन्तमें विख्यात हुए । प्रत्येक महात्माके चरितमें एक-न-एक ऐसा महान् प्रसङ्ग होता है जिससे उस महात्माके सब सद्गुण उपर आकर समुज्ज्वल होकर प्रकट होते हैं और वह महात्मा सज्जन-मान्य और भगवान्‌के नित्य-समागम अधिकारी होता है । श्रीमच्छङ्कराचार्यने काशीमें रहकर सैकड़ों विद्वान् शिष्योंको अपने अद्वैत-सिद्धान्तका ज्ञान प्रदान किया, परन्तु उनका जगद्गुरुत्व लोकमें तभी प्रसिद्ध हुआ और उनकी सत्कीर्ति-पताका दिग्देशमें तभी फहरायी जब मण्डन मिश्र-जैसे दिग्गजको बुद्धि-कौशलसे शास्त्रार्थमें परास्तकर वह अपने

चरणोंमें ले आये । ज्ञानेश्वर महाराजने भैंसेसे वेद-मन्त्र कहलवाकर पैठणके विद्वानोंको चकित किया और जड़ भीतको चलाकर चाङ्गदेव-जैसे दीर्घायु तपःसिद्ध पुरुषको अपने चरणों लेटाया तभी सतमण्डलमें वह धर्मसंस्थापकके नाते पूज्य हुए । शिवाजी महाराजने अनेक दुर्ग और रण जीते पर बाजी बदकर आये हुए महाप्रतापी अफजलखॉसे उन्होंने प्रतापगढपर नाकों चने चबवाये तभी स्वजनों और परजनोंपर भी उनकी धाक जमी और लोग उन्हें महापराक्रमी स्वराज्य-संस्थापक मानने लगे । इसी प्रकार तुकाराम महाराजकी भी बात है । रामेश्वर भट्टसे उनकी जो भिड़न्त हो गयी उससे रामेश्वर भट्ट-जैसा वेद-वेदान्त-वेत्ता, षट्शास्त्री और कर्मठ ब्राह्मण तुकाराम महाराजकी अलौकिक भक्ति सामर्थ्यको देखकर अन्तको उनकी शरणमें आ ही गया, और जिस सगुण-भक्तिका डका बजाते हुए उन्होंने सैकड़ों कीर्तन सुनाकर और सहस्रों अभग रचकर लोगोंको भक्ति-मार्गपर चलानेका कङ्कन हाथमें बॉधा था । उस सगुण-भक्तिके उत्कर्षके लिये भगवान्‌ने स्वय सगुणरूप धारणकर उनकी बहियॉ जलसे बचायीं और उन्हें प्रत्यक्ष दर्शन देकर उनकी बॉह पकड़ ली । तभी उनकी और भागवतधर्मकी विजय हुई और भक्तोत्तम-मालिकामें तुकाराम महाराजका नाम सदाके लिये अमर हो गया ।

१० रामेश्वर भट्ट शरणागत

ज्ञानेश्वर महाराजकी चरण-सेवामे लगे हुए रामेश्वर भट्टको एक दिन रातको स्वप्न आया कि, 'महावैष्णव तुकारामसे तुमने द्वेष किया, इस कारण तुम्हारा सब पुण्य नष्ट हो गया है । सत-छलनके पापसे ही तुम्हारी देह जल रही है । इसलिये अन्त.करणको निर्मल करके सद्भावसे तुकाराम-की ही शरणमें जाओ, इससे इस रोगसे ही नहीं, भवरोगसे भी मुक्त हो जाओगे ।' इसे ज्ञानेश्वर महाराजका ही आदेश जानकर रामेश्वर भट्ट अपने कियेपर बहुत पछताये । इसी बीच उन्हें यह वार्ता सुन पड़ी कि दहमें

फेंकी हुई अभंगकी बहियाँ जलसे भगवान्‌ने उबार लीं। तब तो उनके पश्चात्तापका कुछ ठिकाना ही न रहा ! वह फूट-फूटकर रोने लगे। उनकी आँखें खुल गयीं और उनका सौभाग्य उदय हुआ। उनके चित्तमें यह बात जम गयी कि भक्तिके सामने वेदाभ्यास और पाण्डित्य कोई चीज नहीं है—नर-देहकी सार्थकता भजन करते हुए भगवान्‌का प्रसाद पानेमें ही है। उन्होंने यह जाना कि तुकाराम, भगवान्‌के अत्यन्त प्रिय, महान् विभूति हैं और यह जानकर उनका अहङ्कार चूर-चूर हो गया। भक्तका कार्य बनानेके लिये स्वयं भगवान् साकार होते हैं और हमारे पाण्डित्यमें इतनी भी सामर्थ्य नहीं कि भक्तके द्वारा होनेवाले दाहको शमन कर सकें। यह जानकर उनका अभिमान पानी-पानी हो गया। चित्तसे दुरभिमान जब चला गया तब रामेश्वर भट्ट जो पहले शुद्ध ही थे, और भी शुद्ध हो गये। तुकोबारायके प्रति उनके चित्तमें बड़ा आदरभाव जगा। तुकाराम महाराजकी शरणमें वह गये। एक पत्र लिखकर अपना सारा कच्चा चिट्ठा उन्होंने तुकाराम महाराजको निवेदन किया और गद्गद अन्तःकरणसे उनकी बड़ी स्तुति की। तुकारामजीने उसके उत्तरमें यह अभंग लिख भेजा—

चित्त शुद्ध तरी शत्रु मित्र होती। व्याघ्र हे न खाती सर्प तया॥ १ ॥
विष ते अमृत आघात ते हित। अकर्तव्य नीत होय त्यासी॥ ध्रु ॥
दुःख ते देईल सर्वसुखफळ। होती जळी शीतळ अग्निज्वाळा॥ २ ॥
आवडेल जीवा जीवाचिये परी। सकळां अंतरी एक भाव॥ ३ ॥
तुका म्हणे कृपा केली नारायणें। जाणिजेते येणें अनुभवें॥ ४ ॥

अपना चित्त शुद्ध हो तो शत्रु भी मित्र हो जाते हैं, सिंह और साँप भी अपना हिंसा-भाव भूल जाते हैं। विष अमृत होता है, आघात हित होता है, दूसरोंके दुर्व्यवहार अपने लिये नीतिका बोध करानेवाले होते हैं। दुःख सर्वसुखस्वरूप फल देनेवाला बनता है, आगकी लपट

ठण्डी ठण्डी हवा हो जाती है। जिसका चित्त शुद्ध है उसको सब जीव अपने जीवनके समान प्यार करते हैं, कारण, सबके अन्तरमें एक ही भाव है। तुका कहता है, मेरे अनुभवसे आप यह जानें कि नारायणने ऐसी ही आपदाओंमें मुझपर कृपा की।'

इस अभङ्गको रामेश्वर भट्टने पढा और फिर पढा, और खूब मनन किया। बात उन्हें जँच गयी। अनुतापसे दग्ध हुए उनके चित्तमें बोधका यह बीज जमा। उनके शरीर और मनका ताप भी उससे शमन हुआ। रामेश्वर भट्ट अब वह रामेश्वर भट्ट न रहे। वह तुकाराम महाराजके चरणोंमें लीन हो गये। अब रामेश्वर भट्ट तुकारामजीके साथ ही निरन्तर रहना चाहते हैं और उस अजातशत्रु महात्माको यह मजूर है। इस प्रकार तुकारामजीका विरोध करने चले हुए रामेश्वर भट्ट उनके शिष्य बन गये। तुकारामजी पारस थे। लोहा पारसपर आघात ही करे तो इससे पारसको क्या ? आघात करनेवाला लोहा भी पारसके स्पर्शमात्रसे सोना हो जाता है। तुकारामजीके स्पर्शसे रामेश्वर भट्टकी कायापलट हो गयी।

११ रामेश्वर भट्टके चार अभङ्ग

रामेश्वर भट्टके चार अभङ्ग प्रसिद्ध हैं जो उन्होंने तुकाराम महाराजके सम्बन्धमें कहे हैं। कहते हैं, 'मुझे तो इसका खूब अनुभव हुआ कि मैंने जो उनका द्वेष किया उससे शरीरमें व्याधि उत्पन्न हुई, बड़ा कष्ट पाया और जगमें हँसी भी हुई।' यह कहकर आगे बतलाते हैं कि किस प्रकार ज्ञानेश्वर महाराजने स्वप्न दिया और उसके अनुसार मैं उनकी शरणमें आ गया हूँ। और तबसे मैं नित्य उनका कीर्तन सुनता हूँ। 'उनकी कृपासे मेरा शरीर नीरोग हो गया।' अपने दूसरे अभङ्गमें रामेश्वर भट्ट यह बतलाते हैं कि भक्तकी जाति पाँति कोई न पूछे, भक्त किसी भी वर्णका हो, उसके पैर छूनेमें कोई दोष नहीं। गुरु परब्रह्म हैं, उन्हें

मनुष्य मानना ही न चाहिये—कारण, जो श्रीहरिके नामरंगमें रँग गये वे श्रीरंग ही हैं।

उंचनीच वर्ण म्हणावा कोणी । जे का नारायणीं प्रिय प्राणी ॥ १ ॥
चार्‍ही वर्णांसी हा असे अधिकार । करितां नमस्कार दोष नाहीं ॥ २ ॥

'जो कोई नारायणके प्रिय हो गये उनका उत्तम या कनिष्ठ वर्ण क्या! चारों वर्णोंका यह अधिकार है, उन्हें नमस्कार करनेमें कोई दोष नहीं।'

यह स्वीकृति थी है वेदवेदान्तपारग श्रीरामेश्वर भट्टने, जिन्होंने अपने अनुभवसे श्रीतुकाराम महाराजकी अन्तरंग झाँकी देखी। तीसरे अभङ्गमें उन्होंने *तुकाराम महाराजकी महत्ता बखानी है। 'यह तुकाराम कौन हैं? ब्रह्मानन्द-कन्दसे ब्रह्म-पुरुष बने हुए तुकाराम हैं, विश्व-सखा हैं; यह विश्व-सखा ही विश्वमें यह लीला कर रहे हैं।'* 'विश्व-सखा' कहकर रामेश्वर भट्टने उनकी लोकप्रियता भी सूचित की है। फिर यह कहा है कि धर्मको क्षयरोग लगा था, उसे इस धन्वन्तरिने दूर किया। तुकारामजीका आचरण देखकर रामेश्वर भट्ट कहते हैं, 'हे भगवान्! ज्ञान और विज्ञानका इनमें कहीं भी विरोध नहीं है।

तुकाराम महाराजने रामेश्वर भट्टके कथनानुसार, 'अद्वैतस्वभावसे *भक्तिका विहार किया अर्थात् अद्वैत-सिद्धान्तको पचाके रहकर भक्तिका* खेल खेलाया। देव-द्विजोंकी सर्वभावसे पूजा की'—देवताओं और ब्राह्मणोंकी भक्ति-भावसे सेवा की। 'शान्ति सतीसे उन्होंने विवाह रचा, क्षमाकी मूर्ति अपनी देहमें ही खड़ी की उसकी प्राणप्रतिष्ठा की।' संसारका अज्ञानतिमिर नष्ट करनेके लिये संतरूप भानु-मण्डलमें तुकाराम स्वयं ही उदीयमान हुए। इत्यादि प्रकारसे रामेश्वर भट्टने इस अभङ्गमें तुकाराम महाराजकी स्तुति की है और यह पश्चात्ताप किया है कि देहबुद्धिके कारण

तथा वर्णाभिमानसे' मैंने आपको नहीं जाना और बड़ा कष्ट पहुँचाया, पर आप दयाघन हैं, मुझे शरण दीजिये, अब मेरी उपेक्षा मत कीजिये। पश्चात्तापपूर्वक ऐसी विनय करते हुए अभङ्गके अन्तिम चरणमें अपने आराध्यदेव श्रीरामचन्द्रसे यह प्रार्थना की है कि, 'इन चरणोंमें मेरी ओरसे बुद्धिका कोई व्यभिचार न हो' अर्थात् महाराजके चरणोंके प्रति मेरे अन्तःकरणमें जो यह निर्मल भाव उत्पन्न हुआ है वह कभी मलिन न हो।

रामेश्वर भट्ट इस प्रकार रूपान्तरित हो गये। रामेश्वर भट्ट विद्वान् कर्मनिष्ठ ब्राह्मण थे। पर तुकाराम महाराजके सामने उनके ज्ञान, कर्म हाथ जोड़कर खड़े हो गये और चित्त श्रीतुकारामजीके चरणोंमें लीन हो गया। रामेश्वर भट्ट हाथमें करताल लिये तुकारामजीके पीछे खड़े होकर नाम-सकीर्तनमें उनका साथ देनेमें ही अपना अहोभाग्य समझने लगे। रामेश्वर भट्ट स्वभावसे तो शुद्ध ही थे, बीचमें अहङ्कारसे उनकी बुद्धि मलिन हो गयी थी। गुरुके दर्शनोंसे उनकी मैल कट गयी और उनके नेत्र खुले।

रामेश्वर भट्टका चौथा अभङ्ग तुकाराम महाराजके सदेह वैकुण्ठ-गमनके बादका है। रामेश्वर भट्टने श्रीतुकाराम महाराजके चरण जो एक बार पकड़ लिये, फिर उन्होंने उन्हें कभी न छोड़ा। दस-पद्रह वर्ष तुकारामजीके सङ्ग रहे। इतने दीर्घकालतक ऐसा अपूर्व सत्सङ्ग-लाभ करनेके पश्चात् ही उनका चौथा अभङ्ग बना है। तुकारामजीकी वाणीको उन्होंने मुँह भरकर 'अमृत' कहा है। और इस अमृतकी नित्य 'वर्षा' का अनुभवानन्द व्यक्त किया है। अन्तमें कहा है, 'भक्ति, ज्ञान और वैराग्यका ऐसा परम शुभ सयोग इन आँखोंने अन्यत्र नहीं देखा।' रामेश्वर भट्टकी यह सम्मति जगन्मान्य हुई। श्रीकृष्ण दर्शनानन्दमें नित्य रमण करनेवाले अन्तराराम श्रीतुकाराम और उनके चरण-चञ्चरीक बनकर उनके स्वरूपमें समरस हुए पण्डित श्रीरामेश्वर भट्ट, दोनोंको अनन्यभावसे वन्दन कर इस प्रसङ्गको यहीं समाप्त करते हैं।

१२ समाधान

इस प्रसङ्गके पश्चात् तुकारामजी स्वानुभवके आनन्दके साथ यह कहनेमें समर्थ हुए कि 'मैंने भगवान्‌को देखा है।' एक बार श्रीकृष्णने उन्हें अपने बालरूपकी झाँकी दिखायी, तबसे उन्हें भगवान्‌के चाहे जब, चाहे जहाँ दर्शन होने लगे, यह कहनेकी आवश्यकता नहीं। भगवान् भक्तके कैसे दास बन जाते हैं कि 'निर्गुणमें सदा छिपे रहनेवाले भगवान् देखते ही सामने आकर खड़े हो गये। तुकारामजी कहते हैं कि 'भगवान्‌की जब कृपा हुई तब देर-सबेर यह ही नहीं गया। नित्य न्यासका ही रंग चढ़ता गया। भगवान्‌के पहले दर्शन हुए, पीछे भगवान् मुझसे मिले, मेरे प्राणधन मुझे मिले। तुमलोग भी भगवान्‌के चरणोंको पकड़ रखो तो तुम्हें भी भगवान् मिलेंगे। तुकाराम महाराजके कीर्तनोंमें अब ऐसी स्वानुभव रसभरी बातें सुनकर श्रोताओंमें अभूतपूर्व आनन्दोत्साह अनुभूत होने लगा। ज्ञानाबाई नामदेवराय एकनाथ आदि संतोंसे जो भगवान् मिले वह मुझे भी मिले, अब मेरी पछताहट दूर हो गयी, अब संतोंके सामने अपना मुँह दिखा सकता हूँ तुकारामजीने अपने मनमें कभी ऐसा कहा भी होगा। भगवान्‌के मिलनेके बाद उस मिलनका आनन्द उनके कई अभंगोंमें व्यक्त हुआ है।

> कोठें धांव घाली मन । तुझे चरण देखिलिया ॥ १ ॥
>
> भाग गेला शीण गेला । अवघा झाला आनंद ॥ ३ ॥

'तुम्हारे चरण देखे, अब मन कहाँ दौड़कर जायगा! थकावट शकावट सब निकल गया। अब केवल आनन्द-ही-आनन्द है।'

जो कभी न होनेकी बात सो ही हुई—भगवान्‌के चरण (इन आँखोंसे) देख लिये । अब क्या भगवन् ! पीछे फिरकर जाना है ! बहुत दिनोंसे यह आस लगी हुई थी सो आज पूरी हुई—सब परिश्रम सफल हो गये ।

* * *

श्रीकृष्ण-दर्शनसे 'नेत्र खुलकर कृष्णाञ्जनसे समुज्ज्वल हो गये ।' भगवान्‌का जो बालरूप देखा वही नेत्रोंमें स्थिर हो गया । 'वह छवि आँखोंमें ऐसी समा गयी कि बार-बार उसीकी स्मृति होती है ।' उस दिव्य दर्शनके स्मरण और निदिध्यासका आनन्द बढता ही गया, ऐसी तन्मयता हो गयी कि--

तुका म्हणे वेध झाला । अगा आला श्रीरग ॥

'तुका कहता है, लौ लग गयी और अङ्ग-अङ्गमें श्रीरङ्ग समा गये ।' चौसरके एक अभङ्गमें तुकारामजी कहते हैं कि, 'चित्तकी उलटी चालमें मैं भी फँस गया था, मृगजलने मुझे भी धोखा दिया था, पर भगवान्‌ने बड़ी कृपा की जो मेरी आँखें खोल दीं ।' फिर 'तुमने मेरी गुहार सुनी, इससे मैं निर्भय हो गया हूँ ।

सर्वसाधारण जीवोंको भक्तिकी शिक्षा देते हुए तुकारामजीने कहीं-कहीं स्वानुभवका भी हवाला दिया है—

धीर तो कारण । साह्य होतो नारायण ।
होऊ नेदी शीण । वाहू चिंता दासासी ॥ १ ॥
सुखें करावें कीर्तन । हर्षे गावे हरिचे गुण ।
वारी सुदर्शन । आपणचि कळिकाळा ॥ ध्रु० ॥
जीव वेंची माता । बाळा जड भारी होता ।
हा तो नव्हे दाता । प्राकृता या सारिखा ॥ २ ॥

वेदपुरुष नारायण । योगियाचें ब्रह्म शून्य ।
मुक्ता आत्मा परिपूर्ण । तुका म्हणे सगुण भोळ्या अम्हा ॥ ५ ॥

मुख्य उपासना सगुण-भक्ति है। इससे सभी अवस्थाएँ सध जाती हैं। इससे, शुद्ध भाव जानकर, हृदयकी मूर्ति प्रकट हो जाती है। हरिका नाम ही बीज है और हरिका नाम ही फल है। यही सारा पुण्य और सारा धर्म है। सब कलाओंका यही सार मर्म है। इससे सब श्रम दूर होते हैं। जहाँ हरिके दास लोकलाज छोड़कर हरि-कीर्तन और हरि-नाम-सकीर्तन किया करते हैं वहाँ सब रस आकर भर जाते हैं और ससारके बाँध लाँघकर बहने लगते हैं। जब भगवान् अदर आकर आसन जमाकर बैठ जाते हैं तब उनके कारण उनके सभी लक्षण भी आप ही आकर बस जाते है। फिर इस मृत्युलोकका मरना-जीना, आना-जाना कुछ नहीं रह जाता। इसके लिये अपने आश्रमको या जिस कुलमें पैदा हुए उस कुलके धर्मको छोड़नेकी कोई आवश्यकता नहीं, और कुछ भी नहीं करना पड़ता, केवल एक विठ्ठल (बाल श्रीकृष्ण) का नाम काफी है। वेद जिसे पुरुष या नारायण कहते हैं, योगियोंका जो शून्य ब्रह्म है, मुक्त जीवोंका जो परिपूर्ण आत्मा है, तुका कहता है, वह हम भोलेभाले जीवोंके लिये सगुण (साकार श्रीविट्ठल—श्रीबाल-कृष्ण) हैं।'

श्रीहरिके इस सगुण रूपकी भक्ति ही भगवत्-भक्तोंकी मुख्य उपासना है। नाम-स्मरण सम्पूर्ण पुण्य-धर्म, फल और बीज है। निर्लज्ज नाम-सकीर्तनमें सब रसोंका आनन्द एक साथ आता है। जिसके हृदयमें भगवान् आकर बैठ गये उसमें ज्ञानीके सभी लक्षण आप ही आकर टिकते हैं। अपना आश्रम या कुल-धर्म आदि छोड़नेका कुछ काम नहीं, केवल हरि-नाम ही उद्धारका साधन है। चित्तके शुद्ध होते ही, हृदयसे हम जिस मूर्तिका ध्यान करते हों वह मूर्ति सामने आकर खड़ी हो जाती है।

रामेश्वर भट्ट तुकाराम महाराजके अनुगामी बन गये पर उनके प्रति तुकारामजीकी विनयशीलतामें ज़रा फर्क न पड़ा। तुकारामजी उनके पैरोंपर गिरते थे। 'भक्तलीलामृत' कार अध्याय १७ में कहते हैं—

"रामेश्वर-सा ब्राह्मण तुकारामजीका सम्प्रदायी बना। पर इस विदेही महात्माको देखिये कि वह रामेश्वरके चरणोंपर गिर-गिर पड़ते हैं, महत्त्वपना तो इन्हें छू नहीं गया। यह जानकर भी कि यह मेरा शिष्य है, वह रामेश्वरको देवताके समान ही मानते थे। इसीको कहना चाहिये अद्वैत-भजनसे परम शान्तिको प्राप्त जगद्गुरु पूर्ण ज्ञानी।"

१३ मध्यम खण्डका उपसंहार

श्रीतुकाराम महाराजके चरित्रका यह मध्यम खण्ड यहीं समाप्त होता है। इसलिये अब किंचित् सिंहावलोकन कर लें और फिर उत्तर खण्डको आरम्भ करें। पूर्वखण्डमें मंगलाचरणके अनन्तर काल-निर्णय, पूर्वकुल और संसारका अनुभव—ये तीन अध्याय हैं और इनमें महाराजके इहलौकिक वर्तनका चरित्र कथन किया गया है। तुकारामजी संसारके कटु अनुभवोंसे इस संसारसे उपराम होने लगे यहाँतकका विवरण इस खण्डमें आ चुका है। उनके परमार्थ-साधनका इतिहास मध्यमखण्डमें आ गया। महाराज जिस साधन-सोपानसे सगुण-साक्षात्कारतक चढ़ गये वह साधन-क्रम पाठकोंकी समझमें अच्छी तरहसे आ जाय और इससे उन्हें भी यह मार्ग दिखायी देने लगे इसलिये इस खण्डमें उसका विस्तार किया है और यह विस्तार भी महाराजके वचनोंके सहारे किया है जिसमें मुमुक्षु साधकोंके लिये यह खण्ड पर्याप्तरूपसे बोधप्रद हो। इस खण्डके चौथे अध्यायमें 'जाती शूद्र वैश्य केला वेवसाय' (जातिका शूद्र हूँ और वैश्यकी वृत्ति थी) इस अभंगको ही आधार बनाकर और इसीको बीजाध्याय मानकर उसपर (१) वारकरी सम्प्रदायका साधन-मार्ग, (२) ग्रन्थाध्ययन, (३) गुरु-कृपा और कवित्व-स्फूर्ति, (४) चित्त-

शुद्धिके उपाय, (५) सगुण-भक्ति और दर्शनोत्कण्ठा, (६) श्रीविठ्ठल-स्वरूप तथा (७) सगुण-साक्षात्कार—इन सात अध्यायोंकी सप्तपदी खड़ी की है। पाँचवें अध्यायमें पाठकोंने वारकरी सम्प्रदायका स्वरूप देखा और एकादशी-व्रत, पण्ढरीकी वारी, हरि-कीर्तनका आनन्द, निष्कपट भक्तिभावका मर्म तथा परोपकारका अभ्यास—इन विषयोंकी आलोचना की। छठे अध्यायमें अन्तःप्रमाणोंके साथ यह देखा कि तुकारामजीने किन-किन ग्रन्थोंका अध्ययन किया था और अध्ययनके महत्त्वकी ओर पूरा ध्यान देते हुए यह भी देखा कि तुकारामजीने कैसी अवस्थाके साथ मूलमें ही गीता, भागवत, कुछ पुराण, विष्णुसहस्रनामादि स्तोत्र तथा ज्ञानेश्वरी, एकनाथी भागवत आदि ग्रन्थोंका कितनी बारीकीके साथ अध्ययन किया था और नित्य पाठ भी वह कितनी लगनके साथ करते थे और फिर अन्तमें यह भी देखा कि तुकारामजीको ज्ञानेश्वर और एकनाथसे अलगानेका कुछ आधुनिक विद्वानोंका प्रयत्न कितना बेकार और निःसार है। ७ वें अध्यायमें गुरु-कृपा और कवित्व-स्फूर्तिका विवेचन हुआ है। पहले सद्गुरु-कृपाका महत्त्व, तुकारामजीकी गुरु-दर्शन-लालसा, बाबाजी चैतन्यद्वारा स्वप्नमें उपदेश, फिर तुकारामजीकी त्रयी परम्पराकी दो शाखाएँ, केशव और बाबाजीका एक ही व्यक्ति न होना, बंगालके श्रीकृष्णचैतन्यसे तुकारामजीकी भक्तिके आविर्भावकी कल्पनाका अप्रामाणिकत्व—इन बातोंकी चर्चा की है। ८ वें अध्यायमें 'चित्त-शुद्धिके उपाय' मुख्यत साधकोंके लिये विस्तारपूर्वक लिखे गये हैं। तुकारामजीकी विरागता और सावधानता, उनकी साधन-स्थितिका मर्म और उनकी लोकप्रियताका रहस्य इत्यादि बातोंको देखते हुए यह देखा कि तुकारामजीने किस प्रकार अपने मनको जीता, जन-सङ्ग और दुष्टजनोंकी उपाधिसे उकताकर उन्होंने कैसे एकान्तवास किया और एकान्तका आनन्द लूटा, अपने दोषोंको भगवान्से निवेदन करके उन्हें

कैसे-कैसे पुकारा और भजन तथा नाम संकीर्तनके साथ कैसे साधनोंकी सब सीढ़ियाँ चढ़ गये। यह सम्पूर्ण अध्याय साधकोंके लिये अत्यन्त बोधप्रद होगा। नवें, दसवें और ग्यारहवें अध्यायमें भगवान्‌के सगुण साकार साक्षात्कारके अत्यन्त मधुर और मनोहर प्रसङ्गका वर्णन किया है। नवें अध्यायमें भक्तिमार्ग ही सबसे श्रेष्ठ क्यों है तथा सगुण और निर्गुण किस प्रकार एक ही हैं—यह बतलाकर तुकारामजीकी सगुणनिष्ठा कैसी दृढ़ थी यह देखा है। तुकारामजीके उपास्यदेव श्रीविट्ठल हैं। इसलिये विट्ठल शब्द कैसे बना, इसे देख लिया है और यह दिखलाया है कि ज्ञानेश्वरीमें 'विट्ठल' नामका उल्लेख न होनेसे कुछ आधुनिक विद्वान् जो यह कहने लगते हैं कि ज्ञानेश्वरीसे वारकरी सम्प्रदायका कोई सम्बन्ध नहीं है वह कितना अप्रामाणिक और निःसार है, फिर तुकारामजी मूर्तिपूजक थे और मूर्ति-पूजामें कितना बड़ा रहस्य छिपा हुआ है, इन बातोंका विचार करके तुकारामजीकी भगवद्दर्शन-लालसा, भगवान्‌से उनकी प्रेमकलह और मिलनकी निश्चयता और निरन्तर प्रतीक्षाके मधुर प्रसङ्गोंका वर्णन किया है। १ वें अध्यायमें श्रीविट्ठल भगवान्‌का स्वरूप देखा, पण्ढरपुरकी श्रीविट्ठल-मूर्तिको निहारा, संतोंके वचनोंका अवलोकन किया और यह जाना कि श्रीविट्ठल गोप-वेष-धारी श्रीबालकृष्ण ही हैं। ११ वें अध्यायमें रामेश्वर भट्टका प्रसङ्ग छिड़ा जिसके निमित्तसे भगवान्‌ने बालरूपमें तुकारामजीको दर्शन दिये। रामेश्वर भट्टकी योग्यता तथा उनके विरोधमें प्रवृत्त होनेके मर्मोंका विश्लेषण करते हुए इस बातका विवेचन किया कि कर्मठोंके विरोधसे इसी प्रकार भागवतधर्मका सदा जय-जयकार होता चला आया है। फिर तुकाराम महाराजके वचनोंके ही आधारपर यह देखा गया कि तुकारामजीने अपने अभङ्गोंकी पोथियाँ इन्द्रायणीके दहमें डुबा दी थीं और स्वयं भगवान्‌ने उनकी रक्षा की। तुकारामजीकी अर्थात् भागवतधर्मकी विजय हुई और रामेश्वर भट्ट

उनकी शरणमे आ गये। इन सात अध्यायोंमे सत्सङ्ग, सत्-शास्त्र, गुरु-कृपा और सगुण-साक्षात्कार—इन चार मजिलोंको पार करके तुकारामजी कृतकृत्य हुए, यहाँतक हमलोग आ गये। अब पाठक इस मध्यखण्डमे जो 'आत्म चरित्र' अध्याय है उसे फिर एक वार देख लें विशेषकर 'याती शूद्र वैश्य केला वेवसाय' (जातिसे शूद्र हूँ और वृत्ति वैश्यकी की) इस अभगका विवरण तो अवश्य ही पढ लें, इससे पाठकोंके ध्यानमें यह वात आ जायगी कि यही अध्याय इस मध्य खण्डका वीजाध्याय है। रामेश्वर भट्टने जो उपाधि की उसी प्रसङ्गसे तुकारामजीको भगवान्‌के सगुण-साक्षात्कारका परमलाभ हुआ।

'आतम-चरित्र' अध्यायमें तुकारामजीने जो यह कहा है कि 'निषेधका कुछ आघात लगा, उससे जी दुखी हुआ, वहियाँ डुवा दीं और धरना देकर वैठ गया, तव नारायणने समाधान किया।' (१६) इसका मर्म अब पाठकोंकी समझमें आ गया होगा। इसके वाद तुकारामजी कहते हैं—

'भक्तकी उपेक्षा नारायण कदापि नहीं करते। वह ऐसे दयालु हैं, यह वात अब मेरी समझमें आ गयी। (१७) अब जो कुछ है वह सामने ही है, आगेकी भगवान् जानें।' (१८)—

—उसे हमलोग आगेके खण्डमें देखें।

बारहवाँ अध्याय

मेघ-वृष्टि

शैलेयेषु शिलातलेषु च गिरेः शृङ्गेषु गर्तेषु च
श्रीखण्डेषु विभीतकेषु च तथा पूर्णेषु रिक्तेषु च ।
स्निग्धेन ध्वनिनाखिलेऽपि जगतीचक्रे समं वर्षतो
वन्दे वारिदसार्वभौम ! भवतो विश्वोपकारिव्रतम् ॥ १ ॥

१ लोकगुरुत्वका अधिकार

सगुण-साक्षात्कारका अलौकिक आलोक सारे शरीरपर जगमगा रहा है, इन्द्रियोंसे शान्तिकी दिव्य शीतल छटा छिटक रही है, प्रखरतर वैराग्यके सब लक्षण देहपर देदीप्यमान हो रहे हैं, प्राप्तव्यकी प्राप्तिका प्रेममय समाधान नेत्रोंमें चमक रहा है—ऐसी वह तुकारामजीकी श्याम सुन्दर-छवि जिन नेत्रोंने निहारी होगी वे नेत्र सचमुच ही धन्य हैं । श्रीतुकोबारायके मुखसे, इसके अनन्तर सतत पन्द्रह वर्षतक जो सुधा धारा प्रवाहित होती रही उसमें डूबकर उस परम रसका आस्वादन करनेका सौभाग्य जिन प्रेमी रसिक श्रोताओंको प्राप्त हुआ होगा उनके सौभाग्यकी क्या प्रशंसा की जाय ! भगवान्‌की सुनी हुई बातें सुननेवाले बहुत मिलते हैं, पर जिसने भगवान्‌को देखा हो, भगवान्‌का वरद हस्त अपने मस्तकपर रखाया हो, भगवान्‌से जिसने एकान्त किया हो, ऐसे स्वानुभवसम्पन्न परम सिद्ध भगवद्भक्तको जिन्होंने देखा हो, उसके श्रीमुखसे श्रीहरि-कीर्तन और हरि-लीला सुनी हो, सदाचार, ज्ञान और वैराग्यका उपदेश श्रवण किया हो वे सचमुच ही बड़े भाग्यवान् हैं । देहू और पूना और पूर्ण महाराष्ट्रका परम भाग्योदय हुआ जो तुकाराम महाराज अपने श्रीविठ्ठल-मन्दिरसे भक्ति-

उत्तर खण्ड

ज्ञान-काण्ड

भावके उत्तमोत्तम रत्नाभरण निकालकर पण्ढरपुरके हाटमें भजने लगे। तुकारामजीकी वाणी अब विट्ठलकी न रही, स्वानुभव ज्ञानसे सनाथ होकर प्रेम-निमग्न आनन्दमें नृत्य करनेवाली हुई। अब उनकी वाणीसे विश्व विज्ञानके प्रमानन्द-बाजारकी मुहरें निकल-निकलकर श्रोताओंके हृदयोंपर गिरने लगीं और लोग यह मानने लगे कि जीवके उद्धारका उपदेश करनेका अधिकार इन्हींको है। इनकी वाणी बरसाते हुए मेघोंकी भाँति अपनी अमृतवर्षासे अगाध चित्तको अपनी ओर खींच चुकी थी और इस कारण दाम्भिक दुर्जनोंपर इनका जो वाक्प्रहार, उन्हींके उद्धारके निमित्त हुआ करता था उससे लोग सावधान और शुद्ध होने लगे और इनका बाजार उजड़ने लगा, सर्वत्र तुकारामजीका साम्राज्य हुआ—उन्हींके बोल बोले जाने लगे।

आपण जेऊन प्रेमी नेणों । सन्तर्पण करी सुख ॥

'स्वयं भोजन कर लोगोंको खिलाता है, ऐसा सन्तर्पण सुख करता है।' इस विश्वरूप उक्तिका प्रत्यक्ष अनुभव सब लोगोंने कर लिया।

देहूमें परमार्थका मानो एक नवीन विद्यापीठ स्थापित हुआ। तुकारामजी स्वयं उसके अध्यापक और सूत्रधार बने। आस-पासके गाँवोंसे तथा दूर-दूरसे भी भगवान्‌के प्रेमी आ-आकर इस विद्यापीठमें शिक्षा-लाभ करने लगे। देहू, लोहगाँव, येलवाड, पूना, पण्ढरपुर तथा पण्ढरपुरके रास्तेके सब स्थानोंमें तुकारामजीके कीर्तनोंकी धूम मच गयी। सहस्रों ही लोग उन्हें गुरु बनाकर पूजने लगे। ऐसे इन्द्रियविजयी वैराग्य-सम्पन्न पुरुष, पूर्णकाम विश्वप्रेमी, आप्तकामस्वरूप लोकगुरु इस स्वार्थी संसारमें कहाँ मिलते हैं! जिनका बड़ा भाग्य होता है उन्हींको ऐसे जग-दुर्लभ गुरु प्राप्त होते हैं। पूर्ण पुरुषका यह सहज धर्म होता है कि वह अपनी तृप्तिका आनन्द सबको दिलाना चाहता है। तृप्ति नाम इसीका है। जो अपने पूर्ण आत्म-कल्याणको प्राप्त होता है वह लोक-कल्याणमें प्रवृत्त होता है। लोककल्याण भी

कामना तृप्त-आप्तकाम पुरुषोंके स्वभावमें ही होती है। यही तुकाराम-जीने कहा है कि 'अब तो मैं उपकार जितना हो उतनेके लिये ही हूँ।'

२ मेघ-वृष्टिवत् उपदेश

गुरु होनेकी पूर्ण पात्रता होनेपर भी तुकारामजीने गुरुपनेको अपने पास फटकने नहीं दिया और किसीको अपना शिष्य भी नहीं कहा। इसी प्रकार उन्होंने जो उपदेश दिये हैं उन्हें उपदेश न कहकर उन्होंने 'मेघ-वृष्टि' कहा है। हम भी इसे मेघ-वृष्टि ही कहें।

तुका 'किसीके कानमें मन्त्र नहीं फूँकता, न एकान्तका कोई गुह्य ज्ञान रखता है।' अर्थात् तुकारामजी एकान्तमें उपदेश या मन्त्र नहीं दिया करते। हरि-चिन्तनका आनन्द लेते हैं और उसमें सबको सम्मिलित कर लेते हैं। गुरुपनेसे तो दूर ही रहते हैं। एक जगह उन्होंने कहा है कि 'लोगोंको भरमानेकी कोई कपटविद्या मैं नहीं जानता। भगवन्! तुम्हारा ही कीर्तन करता हूँ, तुम्हारे ही उत्तम गुणोंको गाता फिरता हूँ।' यह कहकर उन्होंने सामान्य लौकिक गुरु-नाम-धारियोंका निषेध-सा किया है। आगे फिर उन्होंने यह भी कहा कि मेरे पास कोई जड़ी-बूटी नहीं, कोई ऐन्द्रजालिक चमत्कार नहीं, मैं जमीन-जायदाद जोड़नेवाला कोई महन्त-मण्डलेश्वर नहीं, ठाकुरजीकी पूजा जहाँ बिकती हो ऐसी मेरी कोई दूकान नहीं, मैं कथावाचक नहीं जो कहे कुछ और करे कुछ और। मैं पण्डित भी नहीं जो घट-पटकी खटपटका शास्त्रार्थ कर सकूँ, ऐसा भवानी-भक्त भी नहीं जो मस्तकपर जलती हुई आगका घट लेकर चलूँ, गोमुखीमें हाथ डालकर माला जपनेवाला जपी मैं नहीं, जारण-मारण-उच्चाटन करने-वाला कोई ओझा भी मैं नहीं हूँ। भगवन्! तुम्हारे कीर्तनके सिवा मैं और कुछ नहीं जानता। मेरे भगवान् मैदानमें हैं, मेरा 'राम-कृष्ण-हरि' मन्त्र प्रकट है, मेरा उपदेश भी सीधी-सादी बात है। मुझे जो कुछ कहना होता है, सब हरि-कीर्तनमें कहता हूँ—कोई छिपाव नहीं, कोई दुराव

नहीं। तुकारामजीका सब काम ही ऐसा निष्कपट, निर्मल और सरल है। तुकारामजी कहते हैं—

> गुरुशिष्यपण । हे तो अधमलक्षण ॥ १ ॥
> अवघी नारायण सारा । आप तैसाचि दुसरा ॥ धु० ॥

'गुरु बनना और चेला बनाना, यह तो अधमलक्षण है। भूतमात्रमें नारायण है, अब यह सार सब है कि जैसे हम हैं वैसे ही दूसरे भी हैं' नारायण हमारे अंदर हैं वैसे ही दूसरोंके अंदर भी हैं। तुकारामजी गुरु बनकर—गुरु-शिष्यका नाता जोड़कर—एकदूसरेके भावको भेदकर, तोड़कर—गुरुके नाते नहीं बोलते। नारायण प्रेरणा करके जैसे बुलवाते हैं वैसे बोलते हैं—बोलते क्या हैं, मेघकी तरह बरसते हैं।

> मेघवृष्टीने करावा उपदेश । परि गुरूनें न करावा शिष्य ॥
> वांटा घ्यावा त्याचा । केल्या अर्धे कर्माचा ॥२॥

'उपदेश ऐसे करे जैसे मेघ बरसे। पर गुरु बनकर किसीको शिष्य न बनावे। जो कर्म करे उसका आधा भाग उसको मिलता है।'

इसलिये अच्छा तो यही है कि—

> एकमेकां साह्य करूं । अवघे धरूं सुपंथ ॥

'आपसमें हमलोग एक-दूसरेकी सहायता करें और सभी एक साथ सन्मार्गपर चलें।'

हम-आप सबसे एक साथ होकर नारायणका अमृत गुणगान करें और भवसागर पार करें। अधिकारके न होते भी चमत्कारसे उपदेश करनेवाले और सुननेवाले गुरु और शिष्य अन्तमें पश्चात्तापके भागी होते हैं।

> अनधिकारी तुका । मेघवृष्टीने आइका ॥
> संकल्पाची पोळा । सहज तें उत्तम ॥४॥

'सुनो, तुका मेघ-वृष्टिसे उपदेश करता है। सङ्कल्पमें धोखा है, सहज जो है वही उत्तम है।'

मेघ-वृष्टि-सा उपदेश करना प्रेम-रसके मघोंका बरसना है—प्रेमसे जो निकल पड़े, उसमें सहजपना होता है—असली रग होता है। और फिर जैसे मेघ-वृष्टि जहाँ कहीं भी हो—पथरीले चट्टानों पर हो या जोत-जातकर तैयार किये हुए खेतोंमें हो, उससे खेत लहलहा उठें या चट्टान धुलकर स्वच्छ हो जायँ, अथवा जल जम जाय या वह जाय, मेघोंको इसकी कुछ भी परवा नहीं होती। वे बरसते हैं, जिसको जो लाभ होना होता है हो जाता है। नहीं होना होता उसे नहीं होता। मेघ अपना कार्य करते हैं। परमार्थका साधन तो साधकको स्वय ही करना पड़ता है। जो कमर कस-कर लड़ेगा वह अवश्य विजयी होगा, जो कायर होगा वह रण छोड़कर भाग जायगा। यह सबके अपने करतबपर निर्भर करता है। मेघ-वृष्टि सदृश उपदेशके द्वारा तुकारामजी सबको ही एक सा अमृत-पान कराते हैं। पान करना न करना सबकी अपनी इच्छापर निर्भर है। स्वहितका साधन तो स्वय किये विना नहीं होता।

'चोरके हृदयमें उसीका लाञ्छन खटका करता है। इसको हम क्या करें, हम तो वर्षा-सा बरसते हैं।'

जिसके जो दोष होते हैं उन्हें वह जानता रहता है। हम गुणोंकी स्तुति करते हैं और दोषोंका त्याग करानेके लिये दोषोंकी निन्दा करते हैं। किसीके मर्मपर चोट करनेके लिये कोई बात नहीं कहते, किसी व्यक्तिको लक्ष्य करके कोई बात नहीं कहते। यह तो हरि-गुण-गानकी अमृतधारा है।

परम अमृताची धार। वाहे देवाही समोर॥ १॥
ऊर्ध्ववाहिनी हरिकथा। मुकुटमणी सकळां तीर्थां॥ २॥

'सब तीर्थोंकी मुकुटमणि यह हरिकथा है—यह ऊर्ध्ववाहिनी प्रेमामृतकी धार भगवान्‌के सामने बहती रहती है।'

भगवान्‌पर इस सुधाधारका अभिषेक होता रहता है। और लोगोंको उपदेशके तौरपर जब तुकारामजी कुछ कहते हैं तब भी 'मेघ यह नहीं पूछते कि कौन-सा खेत कैसा है।'

जल बरसकर खेतोंमें खेतीके काम आता है या मोरियोंमेंसे बह जाता है, इसका विचार मेघ नहीं किया करते। उनकी सबपर समान वृष्टि होती है। पतितपावनी गङ्गा पतित और पावन दोनोंको ही समान भावसे नहलाती हैं। अग्निके द्वारा देवताओंको हविष्यान्न मिलता है और चाण्डालका भी पाक होता है। पर किसीका स्पर्श-दोष अग्निको नहीं लगता। उसी प्रकार तुकारामजीकी मेघ-वृष्टि-सदृश उपदेश-वृष्टि सज्जन-दुर्जन दोनोंपर समानरूपसे ही पड़ती है, सज्जन सुखी होकर स्तुति करेंगे और दुर्जन सिरपर चोट लगनेसे तिलमिलाकर निन्दा करने लगेंगे; पर—'मेरे लिये यह भी कुछ नहीं, वह भी कुछ नहीं; मैं तो दोनोंसे अलग हूँ।'

'मेघ बरसते हैं अपने स्वभावसे। भूमि जो अङ्कुरा उठती है वह अपने दैवसे।'

२ तुकारामजीकी उपदेशपद्धति

सबको समान उपदेश करनेका अभिप्राय सबको एक ही उपदेश करनेसे नहीं है। हरि-कीर्तनके द्वारा होनेवाला उपदेश तो सबके लिये एक ही है; अन्यथा अधिकार देखकर उपदेश जैसा जिसका अधिकार वैसा ही उसको उपदेश किया जाता है—जिससे जितना बोझ उठाया बनेगा उतना ही उसपर लादा जायगा। चींटीकी पीठपर हाथीका हौदा नहीं रखा जाता। बढ़ईके पास कुल्हाड़ी रन्दा और आरा सभी होते हैं, पर इन सबका उपयोग मौके-मौकेपर किया जाता है। कुटिल लक-

कृपण, ससारी, विरक्त, विलासी, शूर, पापी, पुण्यात्मा सभीको और सभी जातियोंको उनके सस्कार और अधिकारके अनुसार उपदेश करना होता है। अच्छी जातिका अच्छा घोड़ा हो तो वह केवल इशारेसे चलता है। और अड़ियल टट्टू हो तो विना चाबुकके वह एक कदम भी नहीं चलता। धर्म-नीति व्यवहारका कुछ उपदेश सबके लिये समान होता है। सभीके सभी समय ग्रहण करनेयोग्य होता है और कुछ उपदेश ऐसा भी होता है जो एकके लिये आवश्यक तो दूसरेके लिये अनावश्यक भी होता है। किसे किस उपदेशका प्रयोजन होता है यह तो सबके अपने ही निर्णय करनेकी बात है। तुकारामजीने किस प्रसङ्गसे किसके लिये कौन-सा अभग कहा यह जाननेका तो अब कोई उपाय नहीं रहा है। तथापि तुकारामजीके श्रोताओंमें सामान्यतः जिस प्रकारके लोग थे उसी प्रकारके लोग आज भी मौजूद हैं। जितने प्रकार उस समय रहे होंगे उतने आज भी हैं और सदा ही रहेंगे। इसलिये हर कोई तुकारामजीके अभगोंसे अपना-अपना अधिकार जानकर बोध प्राप्त कर सकता है। सत सद्वैद्योंके समान होते हैं, उनके पास सभी रोगोंकी ओषधियाँ और भस्मादि होते हैं। अपने रोग और प्रकृतिके अनुसार हर कोई ओषधि लेकर अनुपानके साथ सेवनकर नीरोग हो सकता है। सत भवरोगको दूर करते हैं। वैद्य तो खैर दाम और पुरस्कार भी चाहते हैं, पर सत परोपकाररत और निष्काम भक्त होते हैं, उन्हें और कोई मतलब गाँठना नहीं होता, वे चतुर्विध पुरुषार्थका दान करनेमें ही सुख मानते हैं। तुकारामजीके उपदेशोंमें नितान्त सौम्य उपायसे लेकर 'पकड़ने, बाँधने और दागने' तकके उपाय शामिल हैं। उनके 'अभग'-दर्पणमें अपना मुँह देखकर अपनी बीमारीको पहचाने, औषध सेवन करे, पथ्यसे रहे और आरोग्य लाभ करे। वैदिक ब्राह्मणोंको तथा स्वराज्य-सस्थापनके महत्कार्यमें लगे हुए शिवाजी महाराजको, सिद्धोंको और पापात्माओंको, सच्चे भक्तोंको और दाम्भिकोंको, भलोंको और खलोंको,

वीरोंको और कायरोंको सबको तुकारामजीके अभंगोंमें उपदेश मिलेगा । निवृत्तिमार्गियों और प्रवृत्तिमार्गियों, दोनोंको तुकारामजीने उपदेश दिया है, अर्थात् विवेकके मुख्य-मुख्य सिद्धान्त बता दिये हैं । संत और तत्त्वदर्शी मुख्य सिद्धान्त ही बतलाया करते हैं उनका ब्योरा नहीं, ब्योरेकी बातें व्यवहारसे तथा दूसरोंका आचरण देखकर मालूम होती हैं । सिद्धान्तभर वे बतला देते हैं । संतोंका मुख्य कार्य जीवोंको माया-मोहकी निद्रासे जगा देना होता है । स्वयं जगे रहते हैं दूसरोंको जगा देते हैं । और धर्मका रहस्य बतलाकर उद्धारका मार्ग दिखा देते हैं । भक्ति, ज्ञान, वैराग्यका बोध कराकर उनकी देहबुद्धि नष्ट कर देते हैं उनकी जीवदशा-का दारिद्र दूर करके उन्हें स्वात्मसुखके सुखासनपर बिठा देते हैं जीवोंको अभयदान देते हैं और अपने पुण्यचरित्र तथा अनुभवके प्रबोध शक्तिसे जीवोंका दैन्य नष्ट कर उन्हें स्वानन्द-साम्राज्य-पदपर आरूढ करते हैं । संतोंके उपकार माता-पिताके उपकारोंसे भी अधिक हैं । सब छोटी-बड़ी नदियाँ जिस प्रकार अपने नाम-रूपोंके साथ आकर ऐसी मिल जाती हैं जैसे उनका कोई अस्तित्व ही न हो, उसी प्रकार त्रिभुवनके सब सुख-दुःख संतोंके बोधमहार्णवमें विलीन हो जाते हैं । तुकाराम महाराज ऐसे विश्वोद्धारक महामहिम महात्माओंकी प्रथम श्रेणीमें हैं । आइये, पाठक ! हम-आप उनके अमोघ उपदेशकी मेघ-वृष्टिके नीचे विनम्र भावसे अपना मस्तक नवाकर इस अमृतकणोंकी बौछारका आनन्द लें ।

४ हरि-भक्तिका सामान्य उपदेश

हरि-भक्तिका उपदेश सबके लिये एक ही है—

खोल खोल, आँखें खोल । बोल अभीतक क्या जाग नहीं खुली ? अरे अपनी माताकी कोखमें तू क्या पत्थर पैदा हुआ ? तुझे यह जो नर-तनु मिला है यह बड़ी भारी निधि है जिस विधिसे बन सके

इसे सार्थक कर। संत तुझे जगाकर पार उतर जायँगे। (तू भी पार उतरना चाहे तो कुछ कर।)'

* * *

'अनेक योनियोंमें भटकनेके बाद यह (नर-नारायणकी) जोड़ी मिली है। नर-तनु-जैसा ठाँव मिला है, नारायणमें अपने चित्तका भाव लगा।'

* * *

'सुन रे सज्जन! अपने स्वहितके लक्षण सुन। मनसे पण्ढरिनाथका सुमिरन कर। नारायणका गुणगान कर, फिर बन्धन कैसा? भव-सिन्धुको तो यह जान ले कि इसी किनारेमें समा जायगा, फिर पार करना क्या? सब शास्त्रोंका सार और श्रुतियोंका मर्म और पुराणोंका आशय तो यही है। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र तथा चाण्डालको भी इसका अधिकार है; बच्चोंको, स्त्रियोंको, पुरुषोंको और वेश्यादिकोंको भी इसका अधिकार है। तुका कहता है कि—अनुभवसे हमने यह जाना है। इस आनन्दको लेनेवाले और भी भक्त हैं (जो यही कहेंगे जो मैं कह रहा हूँ)।'

जो मन करोगे वही पाओगे। अभ्याससे क्या नहीं होता?

'उद्योग करनेसे असाध्य भी साध्य हो जाता है अभ्यास ही फल देनेवाला है।'

श्रीहरिकी शरणमें जाओ, उन्हींके होकर रहो, उनके गुणगानमें मग्न हो जाओ, ससार जो हौआ बनकर सामने आया है उसे भगा दो, और 'इसी देहसे, इन्हीं आँखोंसे मुक्तिका आनन्द लूटो।' हरि-नाम-सकीर्तनसे भव-सिन्धु यहीं सिमट जाता है, यह तो तुकाराम महाराज अपने 'अनुभव' से कहते हैं। हरि-भजनमें क्या आनन्द है सो तुकारामजीमें ही देख लीजिये—

'दिन-रातका पता नहीं, यहाँ तो अखण्ड ज्योति जगमगा

इसे सार्थक कर। सत तुझे जगाकर पार उतर जायँगे। (तू भी पार उतरना चाहे तो कुछ कर।)'

*　　*　　*

'अनेक योनियोंमें भटकनेके बाद यह (नर-नारायणकी) जोड़ी मिली है। नर तनु-जैसा ठाँव मिला है, नारायणमें अपने चित्तका भाव लगा।'

*　　*　　*

'सुन रे सज्जन। अपने स्वहितके लक्षण सुन। मनसे पण्ढरिनायका सुमिरन कर। नारायणका गुणगान कर, फिर बन्धन कैसा ? भव-सिन्धुको तो यह जान ले कि इसी किनारेमें समा जायगा, फिर पार करना क्या ? सब शास्त्रोंका सार और श्रुतियोंका मर्म और पुराणोंका आशय तो यही है। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र तथा चाण्डालको भी इसका अधिकार है; बच्चोंको, स्त्रियोंको, पुरुषोंको और वेश्यादिकोंको भी इसका अधिकार है। तुका कहता है कि—अनुभवसे हमने यह जाना है। इस आनन्दको लेनेवाले और भी भक्त हैं (जो यही कहेंगे जो मैं कह रहा हूँ)।'

जो मन करोगे वही पाओगे। अभ्याससे क्या नहीं होता ?

'उद्योग करनेसे असाध्य भी साध्य हो जाता है अभ्यास ही फल देनेवाला है।'

श्रीहरिकी शरणमें जाओ, उन्हींके होकर रहो, उनके गुणगानमें मग्न हो जाओ, ससार जो हौआ बनकर सामने आया है उसे भगा दो, और 'इसी देहसे, इन्हीं आँखोंसे मुक्तिका आनन्द लूटो।' हरि-नाम-सकीर्तनसे भव-सिन्धु यहीं सिमट जाता है, यह तो तुकाराम महाराज अपने 'अनुभव' से कहते हैं। हरि-भजनमें क्या आनन्द है सो तुकारामजीमें ही देख लीजिये—

'दिन-रातका पता नहीं, यहाँ तो अखण्ड ज्योति जगमगा

रही है । इसका आनन्द जैसे हिलोरें मारता है उसके सुखका वर्णन कहाँतक करें ?'

श्रीहरिके प्रसादसे सब दुःख नष्ट हो जाते हैं—

'नाम भवरोगकी ओषधि है । जन्म, जरा और सब व्याधि इससे दूर हो जाती हैं । हानि तो कुछ भी नहीं होती षड्रिपुओंका हनन अवश्य हो जाता है । छहों शास्त्र, चारों वेद और अठारहों पुराणोंके जो सार सर्वस्व हैं उन श्यामसुन्दरकी छबिको अपनी आँखों देख लो, कुटिल काल-कामिनियोंका स्पर्श अपनेको न होने दो, मुखसे निरन्तर विष्णुसहस्रनाम-माला फेरते रहो ।'

'अपने (निज स्वरूपसे) घरसे बाहर न निकलो, बाहरकी (वेद-बुद्धिकी) हवा न लगने दो बहुत बोलना छोड़ दो और दूसरे (अनात्म) वस्तुसे सावधान होकर बचते रहो ।'

अनुताप-तीर्थमें नहा लो और दिग्-वस्त्रको ओढ़ लो जिसमें आधाव्याध पसीना निकल जाय । तब तुम वैसे ही हो जाओगे जैसे पहले थे (अर्थात् मूल सच्चिदानन्दस्वरूप) । इसलिये तुका कहता है, वैराग्य-भेस करो ।'

अनुताप करते हुए भगवान्से यह कहो—'मैं तो अन्याय हूँ, अपराधी हूँ, कर्महीन हूँ मन्दमति और जड़बुद्धि हूँ । हे कृपानिधे ! हे मेरे माता-पिता ! अपनी वाणीसे मैंने कभी तुम्हें नहीं याद किया । तुम्हारा गुण-कथन भी न सुना और न गाया । अपना हित छोड़ लोक-लाजके पीछे मरा किया । हरि-कीर्तनमें संतोंका संग मुझे कभी अच्छा नहीं लगा । पर-निन्दामें बड़ी रुचि थी, दूसरोंकी खूब निन्दा की । परोपकार न मैंने किया न दूसरोंसे कभी कराया दूसरोंको पीड़ा पहुँचानेमें कभी दया न आयी । ऐसा व्यवसाय किया जो न करना चाहिये और उससे बनाया क्या तो अपने कुटुम्बका भार ढोता फिरा । तीर्थोंकी कभी यात्रा नहीं की,

केवल इस पिण्डके पालन करनेमें हाथ पैर हिलाता रहा। मुझसे न सत-सेवा बनी, न दान-पुण्य बना, न भगवान्‌की मूर्तिका दर्शन और पूजन-अर्चन ही बना। कुसङ्गमें पड़कर अनेक अन्याय और अधर्म किये। स्वहित क्या है, उसमें क्या करना होता है, कुछ समझ नहीं पड़ता, क्या बोलूँ, क्या याद करूँ यह कुछ भी नहीं जान पड़ता। मैंने अपना आप ही सत्यानाश किया, मैं अपना आप ही बदला लेनेवाला वैरी बना। तुका कहता है, भगवन्! तुम दयाके निधान हो, मुझे इस भवसागरके पार उतारो।'

भगवान्‌से इस प्रकार पश्चात्तापके साथ गद्गद-कण्ठसे अपने सब कृत कर्मों और अपराधोंको कह जाना चाहिये, उनसे करुणाकी भिक्षा और सहायता माँगनी चाहिये, उनकी शरण हो जाना चाहिये, जो दोष पहले हो चुके उन्हें फिरसे न करनेके सम्बन्धमें सावधान रहना चाहिये और सदा ही भगवान्‌का स्मरण, भगवान्‌का गुण-गान और भगवान्‌का ध्यान करते रहना चाहिये। इससे वह दीनवत्सल अवश्य दया करेंगे और ऊपर उठा लेंगे। शुद्ध-चित्तसे भगवान्‌के गुण गावे, सतोंके चरण पकड़े, दूसरोंके गुण-दोषोंकी व्यर्थ चर्चा करनेमें समय नष्ट न करे, शरीरको सफल करे और इस प्रकार भगवान्‌का प्रसाद लाभ करे।

* * *

'भवसागरको तैरकर पार करते हुए, चिन्ता किस बातकी करते हो? उस पार तो वह कटिपर कर धरे खड़े हैं। जो कुछ चाहते हो उसके वही तो दाता हैं। उनके चरणोंमें जाकर लिपट जाओ। वह जगत्स्वामी तुमसे कोई मोल नहीं लेंगे, केवल तुम्हारी भक्तिसे ही तुम्हें अपने कन्धेपर उठा ले जायँगे। तुका कहता है, पाण्डुरङ्ग जहाँ प्रसन्न हुए वहाँ भक्ति और मुक्तिकी चिन्ता क्या?—वहाँ दैन्य और दारिद्र्य कहाँ?'

५ संसारमें रहते हुए सावधान

हम संसारी लोग भला संसारको कैसे छोड़ सकते हैं ?' ठीक है, संसारमें ही बने रहो पर हरिको न भूलो। हरिनाम लेते हुए सब काम न्याय-नीतिसे किये चलो। इससे संसार भी सुखकर होता है। नहीं तो स्वभाव न अभाव कमर टूटी गुफामें बासी मसक ही परिसमाप्ति हुई तो क्या संसार बना ? यह बना कुछ तो पशुओंका-सा संसार बना, मनुष्योंका तो नहीं। इस संसारमें सुख है ही नहीं। कारण सुख जौभर है तो दुःख पहाड़भर। संसारके विषयमें सबका यही अनुभव है। माँ-बाप, स्त्री-पुत्र, भाई-बान्धव, धन-दौलत, राजा-महाराजा कोई भी क्या हमें मृत्युसे बचा सकते हैं ? यह 'शरीर तो कालका कलेवा है।'

(१) कौड़ी-कौड़ी जोड़कर करोड़ रुपये इकट्ठे करो पर साथ तो एक लँगोटी भी न जायगी।

(२) संगी-साथी एक-एक करके चले। अब तुम्हारी भी बारी आवेगी क्या गाफिल होकर बैठे हो ? अब आगे क्या करोगे ? काल सिरपर सवार है। अब भी सावधान हो जाओ इससे निस्तार पानेका कुछ उपाय करो।

(३) तुम्हारी देह तो नहीं रहेगी, इसे काल खा जायगा। अब भी जागो, नहीं तो तुम्हें करना है, धोखा खाओगे (नदीके बीच मारे जाओगे)।

इस बातको ध्यानमें रखो और अंदर सावधान रहते हुए प्रपञ्च करो।

सच्चाईको बिना छोड़े उत्तम व्यवहारसे धन जोड़ो और उसमें मनको बिना लगाये निःशङ्क होकर उसका उपभोग करो। पर उपकार करो, पर-निन्दा मत करो और पर-स्त्रियोंको माँ-बहिन समझो। प्राणिमात्रमें

दया-भाव रखो, गाय-बैल आदिका पालन करो। जंगलमें जहाँ कोई जलाशय न हो, वहाँ प्यासेको पानी पिलाओ।'

इस प्रकार अपना आचरण बना लोगे तो गृहस्थाश्रम ही परमार्थका साधन हो जायगा। और इस आचरणमें कुछ कठिनाई भी नहीं है।

'पर-स्त्रीको माता माननेमें हमारा क्या खर्च हुआ जाता है?'

पर-द्रव्यकी इच्छा या पर-निन्दा हम नहीं करेंगे ऐसा निश्चय यदि कोई कर ले तो 'इसमें उसके पल्लेका क्या जायगा? बैठे-बैठे राम-राम रटा करें, संत-वचनोंपर विश्वास रखें, सत्य-भाषणका व्रत ले लें तो इससे क्या हानि होगी?'

'तुका कहता है, इनसे तो भगवान् मिल जायँगे, और कुछ करनेका काम ही नहीं।'

पर घर-गृहस्थीके प्रपञ्चमें लगे रहते हुए एक बात न भूलना। क्या?—

'यह क्षणकालीन द्रव्य, दारा और परिवार तुम्हारा नहीं है। अन्तकालमें जो तुम्हारा होगा वह तो एक विठ्ठल ही है, तुका कहता है, उसीको जाकर पकड़ो।'

तुकाराम महाराजका यही मुख्य उपदेश है। 'मुख्य उपासना सगुण भक्ति' के विषयमें विस्तारपूर्वक विवेचन इससे पहले किया जा चुका है। यथार्थमें तुकारामजीके सभी अभंग इसी प्रकारकी मेघ-वर्षा हैं। हमारे ऊपर इस अमृत-वर्षाकी झड़ी लगे और हमलोगोंमेंसे हर कोई कृतार्थ होनेका अपना रास्ता ढूँढ ले। 'भगवान्, भक्त और भगवन्नाम' के विषयमें तुकारामजीके उपदेश इससे पहले अनेक बार उल्लिखित हो चुके हैं, इसलिये यहाँ उनकी पुनरावृत्ति न करके अब यह देखें कि सर्व-सामान्य व्यवहार-नीतिके सम्बन्धमें विविध प्रकारके लोगोंको उन्होंने किस किस प्रकारके उपदेश दिये हैं।

६ संसारियोंको उपदेश

निष्काम भक्तिका डंका बजानेके लिये ही तुकारामजीका जन्म हुआ था। जो लोग भक्ति और जो मत भक्तिके विरोधी थे उनकी खबर लेना तुकारामजीके लिये इस प्रकारसे आवश्यक हुआ, यही नहीं प्रत्युत भक्ति-मार्गके भी कई स्वाँग और ढोंग उन्हें जड़-मूलसे उखाड़कर फेंकने पड़े। भक्तिके नामपर समाजमें प्रतिष्ठा पाये हुए अनेक अभिमानी, मिथ्याचारी, अनाचारी, पेटके पुजारी और दाम्भिक लोग अपना-अपना उल्लू सीधा कर रहे थे। यह आवश्यक था कि उन्हें सच्चा भक्ति-मार्ग दिखाया जाता और इसके लिये यह भी आवश्यक हुआ कि उनके दोष उन्हें दिखाये जाते।

भगवान्‌के कहलाकर भगवान्‌का ही अनादर करते हैं। यह देखकर बड़ा ही आश्चर्य होता है। अब उन साधारण लोगोंको क्या ही क्या सकते हैं जिन बेचारोंपर गृहस्थीका बोझ लदा हुआ है।

भगवान्‌का आदर-सत्कार कैसे किया जाता है हाथ जोड़कर कैसी नम्रताके साथ उनके सामने खड़ा रहना पड़ता है भगवान्‌के सामने कोई कोलाहल न मचे इसका प्रबन्ध करके कैसी शान्ति, शुद्धता और अनन्यताके साथ उनका पूजन करना चाहिये उत्तमोत्तम पदार्थ भगवान्‌के लिये कैसे चुनके जाते हैं कम-से-कम भगवान्‌के सामने तो मनके सारे मलिन विकार दूर करके कैसी अन्तर्बाह्य शुचिताके साथ जाना चाहिये, ये सीधी सादी बातें अपनेको भगवान्‌के भक्त बतानेवाले लोग न जानें यह तो बड़े ही दुःख और आश्चर्यकी बात है। कथा-कीर्तनमें कथा-कीर्तनको एक तमाशा-सा या एक बहुत मामूली रस्म-सी समझते हुए अपने-अपने मान-मानकी बड़ाईमें फूले रहकर गप-शपमें वह समय किसी प्रकार बिता देना, खेल-खेलमें गोलमाल, सत्तोषका सत्कार करनेसे मुँहपर पान चबाते हुए या अशुचि-अवस्थामें भगवान्‌के सामने जाना, भगवान्‌की पूजाके

लिये सड़ी सुपारियाँ रखना, मोटे चावल और सस्ते-से-सस्ता घी हवनके लिये लाना, ऐसी असख्य बातें हैं जो लोग जाने बे-जाने किया करते हैं ? भगवान्‌को चाहते हो तो चित्तको मलिन क्यों रखते हो ? अभिमान, अकड़, आलस्य, लोक लाज, चञ्चलता, असद्व्यवहार, मनोमालिन्य इत्यादि कूड़ा-करकट किसलिये जमा किये हो ? कम-से-कम भगवान्‌के भक्त कहानेवालोंको तो ऐसा नहीं चाहिये। केवल बाहरी भेस बना लेनेसे थोड़े ही कोई भक्त होता है ?

'आग लगे उस बनावटी स्वाँगमें जिसके भीतर कालिमा भरी हुई है।'

वस्त्रोंको लपेटकर पेट बड़ा कर लेनेसे, गर्भवती होनेकी बात उड़ानेसे, दोहदका स्वाँग भरनेसे 'बच्चा थोड़े ही पैदा होता है, केवल हँसी होती है ?'

'इन्द्रियोंका नियमन नहीं, मुखमें नाम नहीं, ऐसा जीवन तो भोजनके साथ मक्खी निगल जाना है, ऐसा भोजन क्या कभी सुख दे सकता है ?'

* * *

'विषय-विलासमें पड़े मिष्टान्नका भोजन करके इस पिण्ड पोसनेकी ही जिसे सूझती है उसका ज्ञान तो बड़ा ही अधम है। एक-एक कौर बड़े स्वादसे मुँहमें डालता है और यह नहीं जानता कि यह पिण्ड तो क्षणभर ही साथ रहनेवाला है, इसे पोसनेसे क्या हाथ आनेवाला है।

'इतना भी सोच-विचार जिसमें नहीं उसे क्या कहा जाय ? शुक, जनक-जैसे महायोगी अपने वैराग्य-बलसे ही परमपदके अधिकारी हुए। संसारकी सारी आशाओं और अभिलाषाओंका त्याग किये बिना भगवान् नहीं मिलते।

'आशाको जड़-मूलसे उखाड़कर फेंक दो तब गोसाईं कहलाओ, नहीं तो संसारी बने रहो अपनी फजीहत क्यों कराते हो ?'

'श्रीहरिसे मिलना चाहते हो तो आशा-तृष्णासे बिल्कुल खाली हो जाओ। जो नाम हरिका लेते हैं पर—काम क्रोधमें फँसाये रहते और असत्, अन्याय और अनीतिको लिये चलते हैं वे अपने पुरखोंको नरकमें गिराते हैं और नरकके कीड़े बनाते हैं।'

• • •

'अभिमानका मुँह काला ! उसका काम अँधेरा ही फैलाना है। सब काम मटियामेट करनेके लिये पीछे लोक-लाज लगी हुई है।'

दम्भ, आशा, तृष्णा अभिमान भजन करते लोकलाज—इन सब दोषोंसे कम-से-कम वे लोग तो बचें जो अपनेको भगवान्‌के प्यारे कहलाते हैं। जो जी-जानसे भगवान्‌को चाहते हैं वे अपने प्रेमको सावधानीसे बचाये रहें प्रतिष्ठाको सूअरकी विष्ठा समझें, वृथा वादमें न उलझें अहंकारी तार्किकोंसे सदासे दूर रहें और कोई ढोंग-पाखण्ड न रचें।

'ढोंग बनानेसे भगवान् नहीं मिलते। निर्मल चित्तकी प्रेमभरी चाह नहीं तो जो कुछ भी करो अन्त केवल भार ही है। दुःख कहता है, जानते हैं पर जानकर भी अन्धे बनते हैं।

• • •

'अपने अलग-अलग राग हैं, उनके पीछे अपने मनको मत बाँधते फिरो। अपने विश्वासको सलामत रखो, दूसरोंके रंगमें न आओ।

• • •

'वाद-विवाद जहाँ देखा हो वहाँ खड़े रहोगे तो उस फंदेमें फँसोगे। मिलो उन्हींसे जो सर्वतोभावसे चरण-रजमें मिले हों। वे ही तुम्हारे कुल-परिवार हैं।

—

भक्तोंके मेलेका जो आनन्द है उसका कुछ भी आस्वाद अविश्वासी-को नहीं मिलता और वह सिद्धान्तमें ककड़ीकी तरह अलग ही रहता है।

'भगवान्‌की पूजा करो तो उत्तम मनसे करो। उसमें बाहरी दिखावेका क्या काम? जिसको जनाना चाहते हो वह अन्तरकी बात जानता है। कारण, सच्चोंमें वही सच है।'

परन्तु—

'भक्तिकी जाति ऐसी है कि सर्वस्वसे हाथ धोना पड़ता है।'

* * *

'नेत्रोंमें अश्रुबिन्दु नहीं, हृदयमें छटपटाहट नहीं तो भक्ति काहे-की? वह तो भक्तिकी विडम्बना है, व्यर्थका जन-मन-रञ्जन है। स्वामीकी सेवामें जो सादर प्रस्तुत नहीं हुआ उसे मिल ही क्या सकता है? तुका कहता है जबतक दृष्टि से-दृष्टि नहीं मिली तबतक मिलन नहीं होता।'

'यह तो क्रियायुक्त अनुभवका काम है।'

अहता नष्ट हो। भगवान्‌के स्तुति-पाठमें सच्ची भक्ति हो, हृदयकी सच्ची लगन हो। हरि-चरणोंमें पूर्ण निष्ठा हो तब काम बने।

'सेवकके तनमें जबतक प्राण हैं तबतक स्वामीकी आज्ञा ही उसके लिये प्रमाण है।'

देव-धर्मगुरुओंकी आज्ञाका इस प्रकार निष्ठापूर्वक पालन करके भगवान्‌के होकर रहो। ज्ञान-लव-दुर्विदग्ध तार्किकोंकी अपेक्षा अपढ़, अनजान भोले भाले लोग ही अच्छे होते हैं। तुकारामजी कहते हैं कि, 'मूर्ख बल्कि अच्छे हैं, ये विद्वान् तार्किक तो किसी कामके नहीं।'

तुकारामजीका कीर्तन सुनने या दर्शन करने जो लोग आया करते थे उनमें संसारी लोग ही प्रायः हुआ करते थे। तुकारामजीने अपनी गृहस्थीकी होली जला दी, एकनाथ महाराजकी गृहस्थी अनुकूल गृहिणीके होनेसे सुखसे निभ गयी और समर्थ रामदास गृहस्थीके बन्धनमें पड़े ही

नहीं । ये तीनों ही महात्मा विरक्त थे, तीनों ही अंदरसे पूर्ण त्यागी थे, बाहरी धनकी बात तो किसी भी हालतमें गौण ही होती है । पर सर्वसाधारण मनुष्य ऐसे कैसे बन सकते हैं ? सब तो बाल-बच्चे, घर-द्वार, काम-धंधेमें ही उलझे रहते हैं, उनसा नहीं रहता एकाध ही कोई । इसलिये इन महात्माओंने संसारको संसारके अनुरूप ही उपदेश दिया है । पर गिरस्तीका सब काम करो, पर भगवान्‌को मत भूलो, मुखसे 'हरि, हरि' उचारते और सदाचारसे रहो, श्रुति-स्मृति-पुराणोक्त धर्मका पालन करो, इससे अधिक सामान्य जनोंको और क्या उपदेश दिया जा सकता है ? भगवान्‌के लिये सर्वस्वसे हाथ धोनेको तैयार हो जाना पूर्व-पुण्यके बिना नसीब नहीं होता । इसलिये अब सामान्य जनोंको तुकारामजीने तरह-तरहसे कैसे समझाया है, कभी मनाकर और कभी डाँट डपटकर कैसे सावधान किया है, पटरीपरसे नीचे उतर आयी हुई समाजकी गाड़ीको धर्मनीति-व्यवस्थाकी पटरीपर फिरसे कैसे लाकर खड़ा किया, लोगोंके दोष दूर करनेके लिये उन दोषोंको कैसे निधड़क चौड़े ले आये और कैसी उन्होंने उनमें भगवान्, भक्त और धर्मके प्रति सच्चा प्रेम जगानेके प्रयत्नकी हद कर दी, इसको अब संक्षेपमें देखें ।

'इस संसारमें आये हो तो अब जल्दी करो और उन उदार पाण्डुरंगकी शरणमें जाओ । यह देह तो देवताओंकी है, धन सारा कुबेरका है इसमें मनुष्यका क्या है ? देने-दिलानेवाला ले जाने लिवा ले जानेवाला तो कोई और ही है, इसका यहाँ क्या-क्या है ? निमित्तका धनी बनाया है इस प्राणीको और यह 'मेरा-मेरा' कहकर व्यर्थ ही दुःख उठाता है । तुका कहता है, रे मूर्ख ! क्यों नाशवान्‌के पीछे भगवान्‌की ओर पीठ फेरता है ?'

बुद्धिमानोंके लिये यह एक ही वचन बस है । पातक चिन्तन पीछा न कर सब समय प्रेमसे गाते रहो । नामके समान और कोई

सुलभ साधन नहीं है । यह निश्चयका मेरु है । सबसे हाथ जोड़कर तुकारामजी यह विनती करते हैं कि, 'अपने चित्तको शुद्ध करो ।'

'भगवान्‌का चिन्तन करनेमें ही हित है । भक्तिसे मनको शुद्ध कर लो । तब, तुका कहता है, दयानिधि, इस नामके कारण, पार उतारेंगे ।'

कथा-कीर्तन सुनते नींद आ जाती है और पलङ्गपर पड़-पड़ा यह संसारकी उधेड़-बुनमें छटपटाता जागकर रात बिताता है । 'कर्म-गति ऐसी गहन है, कोई कहाँतक रोये !' यही जागरण और यही छटपटाहट भगवान्‌के चिन्तनमें क्यों नहीं लगा देते ? भगवान्‌ने जो इन्द्रियाँ दी हैं उन्हें भगवान्‌के काममें क्यों नहीं लगा देते ?

'मुखसे उनका कीर्तन करो, कानोंसे उनकी कीर्ति सुनो, नेत्रोंसे उन्हींका रूप देखो । इसीके लिये तो ये इन्द्रियाँ हैं । तुका कहता है, अपना कुछ तो स्व-हित साध लेनेमें अब सावधान हो जाओ ।'

❀ ❀ ❀

'संसारका बोझ सिरपर लादे हुए दौड़नेमें बड़े खुश हैं । टट्टी जानेके लिये पत्थर इकट्ठे करते हैं, मनमें भी उसीके सङ्कल्प रखते हैं । लोक-लाज केवल नारायणके काममें है, यहाँ कुछ बोलते हुए जीभ भी लड़खड़ाने लगती है । तुका कहता है, अरे निर्लज्ज ! अपने संसारीपन-पर—बैलकी तरह इस बोझके ढोनेपर इतना क्यों इतराता है ?'

ऐसे अत्यन्त आसक्त संसारियोंके लिये तुकारामजीका उपदेश है—

'श्रीहरिके जागरणमें तेरा मन क्यों नहीं रमता ? इसमें क्या घाटा है ? क्यों अपना जीवन व्यर्थमें खो रहा है ? जिनमें अपना मन अटकाये बैठा है वे तो तुझे अन्तमें छोड़ ही देंगे । तुका कहता है, सोच ले, तेरा लाभ किसमें है ?'

* ❀ ❀

'पर-द्रव्य और पर-नारीका अभिलाष जहाँ हुआ वहींसे भाग्यका ह्रास आरम्भ हुआ।'

'स्त्री और धन बड़े खोटे हैं। बड़े-बड़े इनके चक्करमें मटियामेट हो गये। इसलिये इन दोनोंको छोड़ दे इसीसे अन्तमें सुख पायेगा।'

यह उपदेश तुकारामजीने बार-बार किया है। अपनी स्त्रीके "इशारेपर नाचकर स्त्रैण न बने और पर-स्त्रीको तृण माने। इससे गृहस्थीका काम उदासीन भावसे करते हुए साथ मन परमार्थमें लगाये रखता है। अपनी स्त्रीसे भी केवल युक्त सम्बन्ध ही रखे, तभी कुछ पुरुषार्थ बन सकता है। इसी अभिप्रायसे एक स्थानमें तुकारामजीने कहा है कि 'स्त्रीको दासीकी तरह रखे।' श्रीमद्भागवतमें भी स्त्री और स्त्रैणका सङ्ग बड़ा ही हानिकर बताया है।

'विधिपूर्वक सेवन विषय-त्यागके ही समान है।' विषयीपन स्त्री और पुरुष दोनोंकी हानि करनेवाला है।

* * *

अहिंसा तो भागवतधर्मकी एक खास चीज है। वारकरियोंमें कोई भी मांसाहारी नहीं होता यदि कोई हो तो उसे कुल-कलंक समझना चाहिये। 'सबमें भगवान्‌को देखो' यही तो संतोंकी मुख्य शिक्षा है। प्राणिमात्रमें हरिके सिवा और कोई दूसरा न देखे। इस स्थितिको जो प्राप्त होना चाहे उसके लिये हिंसा तो त्याज्य ही है। धिक्कार है उस दुर्जनको जिसमें भूत-दया नहीं। सब जीवोंको जो अपने समान जीव नहीं समझता उस पापात्माको क्या कहा जाय!

'दुष्ट कहता है दूसरोंके गलेपर छुरी फेरते तो इसे मजा आता है पर जब अपनी बारी आती है तब रोता है।

'कालीमाईके सामने अपनी मनौती पूरी करने या पेट भरनेके लिये— पशुओंके सिर काटते हैं इस निर्दयताकी कोई हद नहीं! बकरी

दूसरोंके सिर क्या काटते हैं, उधार लेकर खाते हैं और यमपुरीमें जाकर उसे चुकाते हैं। दूसरोंकी गर्दनपर, जो छुरी चलाता है, यह नहीं जानता कि इन जीवोंमें भी जान है, उसके-जैसा पापी वही है। आत्मा नारायण घट-घटमें है, पशुओंमें भी है, इतनी-सी बात क्या वह नहीं समझ सकता! जीवको बिलखता-चिल्लाता देखकर भी इस निर्दयीका हाथ उसपर जाने कैसे चलता है!'

ऐसे चाण्डालको यह भी नहीं सूझता कि इस कामसे हम दूसरे जन्मके लिये अपने वैरी निर्माण कर रहे हैं!

'बड़े शौकसे उसका मास खाते हैं, यह नहीं जानते कि इस तरह वैरी जोड़ते हैं।'

* * *

कन्या, गौ और हरि-कथाका विक्रय करके नरकका रास्ता नापनेवालोंको तुकारामजीने बहुत-बहुत धिक्कारा है। 'गायत्री वेचकर जो पेट पापीको पालते हैं, कन्याका विक्रय करते हैं और नाम-गानकर जो द्रव्य माँगते हैं, वे घोर नरकमे जा गिरते हैं, उनका सङ्ग हमें पसन्द नहीं। ये मनुष्य-योनिमें 'कुत्ते और चाण्डाल हैं।' 'शास्त्रोंमें सालकृत कन्यादान, पृथ्वीदान समान' कहा है। पर जो कन्याका विक्रय करते हैं, गो-रक्षण और गो-पालन अपना स्व-धर्म होते हुए भी जो गौओंको वेचनेका व्यवसाय करते हैं, जो हरि-कथा-माता और नामामृतको वेचते फिरते हैं वे अधमोंसे भी अधम हैं।'

* * *

स्त्री-जातिको तुकारामजीका सामान्य उपदेश इतना ही हुआ करता था कि स्त्री पतिव्रता बनी रहे, शीलकी रक्षा करे, धर्मकार्यमे पतिके अनुकूल आचरण करे, घर-ऑगन झाड़-बुहार, लीप-पोतकर स्वच्छ रखे, तुलसी और गौकी पूजा करे, अतिथियोंका आतिथ्य और ब्राह्मणोंका सत्कार करे, कथा-कीर्तन श्रवण करे, घरमें सबको सुखी और शान्त रखने-

'स्त्रीके अधीन जिसका जीवन हो जाता है, उसके दर्शनसे बड़ा अपशकुन होता है। मदारीके बदर-से ये जीव जाने क्यों जीते हैं।'

स्त्रीके मिष्ट-भाषणपर लट्टू होकर किस प्रकार कामी पुरुष अपने हित-नातको छोड़ देता है, इसका बड़ा ही मजेदार वर्णन उन्होंने तीन-चार अभगोंमें किया है।

एक लाडली स्त्री अपने पतिसे कहती है, 'क्या करूँ! मुझसे अब खाया भी नहीं जाता। दिनमें तीन बार मिलाकर एक मन गेहूँ ही बस होते हैं। परसों ही आप चीनी ले आये सो सात दिनमें दस सेर ही खपी। पेटमें पीड़ा रहती है, इसलिये और तो कुछ नहीं, केवल दूधके साथ चावल खाती हूँ और अनुपानके लिये घी और चीनी चाट जाती हूँ! किसी तरह दिन काटती हूँ। नींद आती नहीं इसलिये बिस्तरके नीचे फूल बिछा लेती हूँ, बच्चोंको पास सुलाऊँ तो सहन नहीं होता इतनी तो दुर्बल हो गयी हूँ, इसलिये आपहीसे कहती हूँ कि बच्चोंको सँभाल लिया करो। मस्तकमें सदा ही पीड़ा रहती है इसलिये चन्दनका लेप लगाना पड़ता है। मेरी तो यह हालत है। मरी जाती हूँ, पर आपको क्या! मेरे तो हाड़ गल गये और यह मास फूल आता है। कहाँतक रोऊँ और किसके पास रोऊँ!'

'तुका कहता है, जीते-जी ही गधा बना और मरकर सीधे नरक पहुँचा।'

पतिकी यह गति करनेवाली ऐसी सिर-चढी जबरजग स्त्री पतिके कान फूँका करती है और फलते फूलते घरमें फूट डाल देती है। 'पतिसे घुल-घुलकर बातें करती है, कहती है, मेरी-जैसी दुखिया और कोई नहीं। मुझे सतानेमें तुम्हारी माँ, मेरी देवरानी, जेठानी, देवर, जेठ, ननद—सबने जैसे एका कर लिया हो। अब किसकी छायामें रहूँ, बताओ!'

'प्राणोंको मुट्ठीमें लिये बन-ठनके चलती हूँ जिसमें कोई कुछ, जाने

नहीं, पर आपको अभीतक कुछ समाज नहीं, कुछ दया नहीं। अब अपना घर अलग करो तो मैं रह सकती हूँ, नहीं तो अब प्राण ही दे दूँगी।'

लड़की स्त्रीका ऐसा निश्चय जब सुना तब वह कमजोर लम्पट पति अपनी स्त्रीसे कहता है, तुम ऐसा दुःख मत करो, देखो मैं कल ही माँ-बाप, भाई-बहिन सबको अलग करता हूँ और तब—

तुम्हें सिकड़ी बाजूबन्द और और गैरी सब बनवा दूँगा। फिर मेरी-तुम्हारी जोड़ी खूब बनेगी।

'कुत्ता कहता है, स्त्रीने उसे गधा बनाया और यह भी उसके हौसलेका बोझ लादे उसके पीछे-पीछे चला।'

ऐसे स्त्रैण पुरुषोंका जीवन बिल्कुल बेकार है। उसका न परलोक बनता है न इहलोक ही। न वह प्रपञ्च अच्छी तरह कर सकता है न परमार्थ ही साध सकता है। हिन्दू-समाज सदासे ही सम्मिलित कुटुम्ब पद्धतिका माननेवाला है। माँ-बाप भाई-बहिन देवर-जेठ देवरानी-जेठानी सास-ननद अतिथि-अभ्यागत—इन सबसे भरा हुआ गोकुल-सा बना हुआ घर यह भाग्यका ही लक्षण समझा जाता है। पर ऐसे घरमें यदि एक भी पुरुष स्त्रैण बना तो फिर उस घरकी मान-प्रतिष्ठा धूलमें मिलते देर नहीं लगती परम्परा टूट जाती है और कुल-धर्म नष्ट हो जाता है। इसीलिये तुकारामजीने इस स्त्रैण पुरुषोंको धिक्कारा है। 'मियाँ-बीवी' बनकर रहनेवाले दुर्बुद्धियोंके संसार धर्म-कर्मका लोप ही होता है। फिर यही होता है कि—

'स्त्री ही माँ बन जाती है और स्वयं ही बाप बन जाता है। बातें तो लम्बी होती हैं पर सब पदार्थ अपनाव बन जाते हैं।

प्यारीको कह देता इस भावसे वह देवधर्म और पितृधर्म सबको बार देता है। भाव-पक्षमें स्त्री ही माताके स्थानमें और स्वयं पिताके स्थानमें बैठकर यथेष्ट भोजन करते हैं और हाथ-पैर फैलाकर सो जाते हैं।

खर्च खूब बढकर करते हैं। यों तो अपसव्य करनेका काम श्राद्ध या पक्षमें ही पड़ता है पर इनकी सब चेष्टाएँ अपसव्य याने वाम, धर्महीन होती हैं। ईश्वर, धर्म, पितर, संत इन सबकी ओर पीठ ही फेरे रहते हैं। तुकारामजीने ऐसोंको बहुत धिक्कारा है।

पर्वकालमें कोई ब्राह्मण आ गया तो उसे खाली हाथ लौटाना, एकादशीके दिन यथेष्ट भोजन करना, ब्राह्मणके लिये खाँड़ भी न जुटे और राजदरबारमें या राजद्वारपर बन-ठनकर जाना, कीर्तनसे भागकर चौसर खेलना या नटोंके नाच तमाशे देखना, संतोंकी निन्दा करना और रास्तेमें कोई संत मिल जायँ तो उनसे जॉगडचोरका-सा बर्ताव करना, गौकी सेवा न करके घोड़ेकी चाकरी करना, द्वारपर तुलसीका बिरवा न लगाना, देव-पूजन और अतिथि-सत्कार न करके भरपेट भोजन करना, द्वारपर भिखारी चिल्लाये तो चिल्लाता रहे उसे मुट्ठीभर अन्न भी न देना, कन्या-विक्रय करना, स्त्रीको कथा-कीर्तन सुनने जाने न देना इत्यादि अनेक अनाचारोंका बड़े कठोर शब्दोंमें तुकारामजीने निषेध किया है। पतित, दुराचारी, दाम्भिक कहीं भी मिल जाता तो तुकारामजी बिना उसकी खबर लिये नहीं छोड़ते थे। ब्राह्मणोंमें जो अनीति, अन्याय, ढोंग और दुराचार उन्होंने देखे उनपर भी खूब कोड़े लगाये हैं परन्तु इनसे किसी भी सद्ब्राह्मणको कोई चोट नहीं लगती और चोट लगे तो वह ब्राह्मण ही क्या। दोष किसीमें भी हों वे हैं तो निन्द्य ही। व्याज खानेकी वृत्ति करनेवाले, अन्त्यजोंके घर जाकर उनसे खिचड़ी माँगकर खानेवाले और उनसे लेन देन करते हुए उनका थूक अपने चेहरेपर गिरा लेनेवाले, गन्दी गालियाँ देनेवाले, आचारभ्रष्ट ब्राह्मणोंकी उन्होंने खूब खबर ली है। तुकारामजीके ये प्रहार किसी जातिपर नहीं, जिनके जो दोष हैं उनपर हैं, यह बात ध्यानमें रहे। ऐसे तो ब्राह्मणोंको तुकारामजी पूजनीय मानते थे। ब्राह्मणोंके प्रति उनका पूज्यता-भाव उनके सैकड़ों उद्गारोंद्वारा

प्रकट हुआ है । धर्म-कर्ममें ब्राह्मणोंको ही अग्रपूजाका मान वह दिया करते थे और सब वर्णोंको उनका यही उपदेश होता था कि ब्राह्मणोंको धर्मगुरु मानो । सब वर्ण भगवान्ने निर्माण किये हैं और सब वर्ण नारायणके ही हैं, यही उन्होंने कहा है । ब्राह्मण-विरोधी और ब्रह्म-द्वेषियोंको यह कहकर उन्होंने बड़ी फटकार बतायी है कि ये लोग ऐसे हैं कि ब्राह्मणोंको नमस्कार करते इनके चित्तमें भक्ति नहीं होती और तुरुकके सामने जाते हुए उसकी बाँदीके बेटे बनकर जाते हैं ।' तुकारामजी यह चाहते थे कि समाजमें ब्राह्मणोंका जो गुरुपद है उसकी प्रतिष्ठा बनी रहे और उनमें जो दोष आ गये हैं वे नष्ट हो जायँ ।

७ भण्डाफोड़

संसारी जीवोंको भगवद्भजन और सदाचार' का उपदेश करते हुए तुकाराम ढोंगियोंके दाम्भिकोंका भण्डाफोड़ भी बड़ी निर्भयतासे किया है । सीधा रास्ता दिखाते चलते हुए रास्तेमें मिले ठगोंको भी अलग करते चलना पड़ता है और ऐसे खोटे संसारी जीवोंकी अपेक्षा परमार्थका ढोंग रचानेवाले उपदेशक और गुरु बनकर पुजवानेवालोंमें ही अधिक होते हैं । हेमभूपी, भगत जोगी, मौनी, मानभाव आदि नामधारी वैरागी गोसाईं, भक्तिमार्गी साधक, मिथ्याध्यात्मवादी, मिथ्याचारी आदि नाना वेषधारी बहुरूपी बहुरूपियोंको उन्होंने लपेटा है । इन नानाविध पन्थोंमें जो अनीति और अनाचार, दम्भ और दुराचार, ढकना और बकना आदि प्रकार दिन-दिन बढ़ते ही जा रहे थे, उन सबको तुकारामजीने उधेड़ डाला है । 'लोग कहनेसे भगवान् मिलते हों ऐसा नहीं है' यह कहकर तुकारामजी बतलाते हैं कि ऐसे जो मत-वाद हैं उनमें तत्त्वज्ञान नहीं है । इसलिये इन 'पेट-पुजारी संतों' के फेरमें कोई न पड़े यही उन्होंने जनताको बार बार बताया है । इनके सिवा फिर कीर्तन-कथा-वाचक आदि, गुरु बने

विद्वान्, भक्त, संत आदि कहानेवालोंमें भी जो-जो खोटाई उनके नजर पड़ी उसको वह चौड़े ले आये हैं।

इन सब उपदेशकोंसे समाजका बहुत बड़ा काम निकलता है, समाजको इनकी आवश्यकता है, इससे लोग इन्हें मानते भी हैं इसलिये तो इन्हें अपने आपको अत्यन्त निर्दोष और निर्मल बना लेना चाहिये। पर ऐसी बुद्धि, ऐसा हृदय, ऐसी सत्यनिष्ठा बहुत ही कम लोगोंमें होती हैं। प्रायः बाजारू आदमी ही अधिक होते हैं। तुकारामजी उन्हें उपदेश देते हैं कि ऐसा ढोंगीपना छोड़ दो, हरि-प्रेममें लौ लगाओ और सदाचार-पालन करो। इस उपदेशके कुछ उदाहरण हमलोग भी देख लें। हरि-कीर्तनसे तुकारामजीकी अत्यन्त प्रीति होनेसे उनकी ऐसी लालसा थी कि कीर्तन करनेवालोंमें कोई भी दाम्भिक और ढोंगी कीर्तनकार न हो। पेटके लिये कोई कीर्तन न करे, कीर्तनको धन्धा न बना ले। कीर्तनके नामपर 'जो द्रव्य लेते-देते हैं, तुका कहता है, ये दोनों नरकमें गिरते हैं।' कीर्तनकार और व्यास समाजके गुरु हैं। उन्हें निर्लोभ, निःस्पृह और दम्भरहित होकर हरि-भक्ति और सदाचारका समाजमें प्रचार करना चाहिये, जैसा कहें वैसा स्वय रहना चाहिये। हरि-कीर्तन करनेवाले हरिदास, पौराणिक कथावाचक व्यास, शास्त्री, पण्डित, गुरु सजनेवाले, सत बने फिरनेवाले, वैदिक, कर्मठ, जपी, तपी, सन्यासी सबसे डङ्केकी चोट, तुकारामजीका यही कहना है कि 'ढोंग रचकर लोगोंको मत फँसाओ, इन्द्रियोंको जीतकर पहले अपने वशमे कर लो, स्वय न्याय-नीतिसे बरतो, कहनी-सी अपनी करनी बना लो, अर्थकरी उदरम्भरी विद्या और परमार्थकी खिचड़ी मत पकाओ, स्वय धोखा न खाओ और दूसरोंको धोखा न दो, निष्काम भजनसे भगवान्को प्रसन्न करो और निष्काम बुद्धिसे मनमे और जनमें उसीका गुण-गान करो, ज्ञानको महत्व मत बघारो, दम्भसे सर्वथा बचे रहो, भक्ति और उपासनामें रमो, भक्तिके बिना अद्वैतज्ञानकी लबी-चौड़ी बातें करके लोगोंको ठगा मत करो,

स्वयं तरो और फिर दूसरोंको तारो । यह उपदेश तुकारामजीने कहीं मीठे शब्दोंमें और कहीं कड़वे शब्दोंमें पर सर्वत्र सच्ची हार्दिक सद्भावनासे विस्तारसे किया है ।

'आधारके बिना क्या कह जाते हो ? पण्ढरिनाथका ही पक्ष नहीं पकड़ा तबतक कोरी बातोंमें क्या रक्खा है ? तुम्हारे इस शुष्क ब्रह्मज्ञानको मानता ही कौन है ?'

* * *

'अद्वैतमें तो बोलनेका ही कुछ काम नहीं है, इसलिये क्यों अपना सिरमगजन कर रहे हो ? गाना चाहते हो तो श्रीहरि (विठ्ठल) नाम गाओ नहीं तो चुपचाप बैठे रहो ।

अद्वैत कहनेकी बात नहीं है अनुभव होनेकी है । क्योंकि आधारपर पाण्डित्य बघारकर यदि अद्वैतका प्रतिपादन किया तो उससे श्रोताओंका कुछ भी लाभ होनेका नहीं । हरिका नाम-स्मरण करो भगवान्‌को भजो, इससे तुम रास्तेपर आ जाओगे, व्यर्थमें बड़ी ऊँची-ऊँची बातें कहनेमें बातोंको धक्का डालना ठीक नहीं ।

'राम और कृष्ण-नाम सीधे-सीधे लो और उस श्यामरूपको मनमें स्मरण करो ।

शान्ति, क्षमा, दया इन आभूषणोंसे अपने शरीर और मनको भूषित करो नारायणका भजन करो कामादि षड्रिपुओंको जीतो तब स्वयं ही ब्रह्म हो जाओगे । ब्रह्मज्ञानकी बातें करनेसे कोई ब्रह्म नहीं होता खाने पकाने पड़ते हैं इसके बाद ब्रह्मपदपर दखल करते बनता है । उत्कोचके लोभी काजी जैसे बिना खाने ही फतवा दे सकता है वैसे ही बिना जाने ही ब्रह्मका निरूपण करनेवालोंकी स्थिति है । ऐसे ब्रह्मज्ञानको कौन सच्चा माने ?

'दूसरोंको जो ब्रह्मज्ञान बतलाता है पर स्वयं कुछ नहीं करता उसके मुँहपर थूक दो वह वैखरीको व्यर्थ ही कष्ट देता है । इत्यादिक किंचित्

मिलनेकी आशासे वह ग्रन्थोंको देखता है और ब्रह्मकी ओर बुद्धिको दौड़ाता है यह सब पेटके लिये ढोंग बनाता है। वहाँ श्रीपाण्डुरङ्ग श्रीरङ्ग कहाँ ?'

* * *

अपनी बुद्धिके अनुसार मत-वाणीके प्रसादको मींजने-मसलनेवाले और 'सोनेके साथ लाखका जतन' के न्यायसे प्रासादिक कविवचनोंके दुशालेमें अपनी अकलके चीथड़े जोड़नेवाले 'कवीश्वर' क्या करते हैं ?—

'जूठे पत्तल इकट्ठे करके अपने कवित्वका चमत्कार दिखाते हैं।'

ऐसे कवियों और काव्योंके पाठकोंको 'इस भूसकी दवाईसे क्या हाथ आनेवाला है !' बड़ी विकलताके साथ फिर आप कहते हैं—

'जबतक सेव्य क्या और सेवकता क्या इसका पता नहीं चला तबतक ये लोग भटकते ही रहते हैं।'

उपासनाका रग जबतक इनपर नहीं चढा, उसका रसास्वादन इन्हें नहीं हुआ तबतक ये शब्दजालमें ही फँसे रहते हैं। हरिका प्रसाद पाने और सिद्ध-स्वानुभव सम्पन्न पुरुषोंके ग्रन्थोंमें रमते हुए हृदयग्रन्थि खुलवानेके सीधे सरल मार्गको छोड़ ये लोग 'कवि' बनकर न जाने क्यों ससारके सामने आते हैं ?

'घर-घर ऐसे कवि हो गये हैं जिन्हें प्रसादका कुछ स्वाद ही कभी न मिला। दूसरोंकी बनी-बनायी कविता ले ली, उसीमें कुछ अपनी बात मिला दी, बस, बन गयी इनकी कविता !'

तुकारामजीके समयमें सालोमाल नामके एक कविता-चोर थ। वह तुकारामजीकी कविता उड़ा लेते और उसमें 'तुका' की जगह अपना उपनाम बैठा देते और उसे अपनी कविता कहकर लोगोंमे प्रसिद्ध करते। तुकारामजीने इस कविता-चोरको अपनी वाणीमें गिरफ्तार कर नौ अभगोंके नौ बैंत लगाये हैं।

'संतोंके वचनोंको तोड़-मरोड़कर ऐसे कवि अपने आभूषण बना लेते हैं और संसारमें एक बुरी चाल चला देते हैं ।

• • •

विद्वानोंको देखिये तो क्या युवा और क्या प्रौढ़, प्रायः सभी अपनी ही धानमें मरे जाते हैं और साधु-संतोंका परिहास करनेमें ही अपनी विद्याको सफल समझते हैं ।

ज़रा-सी विद्यापर इतना इतराते हैं कि जिसकी कोई हद नहीं, गर्वके सिरपर तोड़नेवाली मणि बन जाते हैं । यह समझते हैं कि मुझसे बड़ा ज्ञानी और कोई नहीं । इतने अकड़ते हैं कि किसीको मानते ही नहीं और साधु-संतोंको तंग करते हैं । तुका कहता है ऐसे जो मामा-भानजे हैं उनके पास नमस्कार क्यों ।

परन्तु ये मानकी मानके भूखे होते हैं और इच्छा इनकी यह होती है कि चाहते हैं मान और होता है अपमान । अतः विद्याके मदके नशेमें चूर होकर संतोंकी निन्दा करके ये अपमानित ही होते हैं । गुरु बननेका धन्धा करनेवाले पेट पुजारियोंका भ्रष्ट आचार तुकारामजीको बहुत ही अखरता था । इनके बारेमें उन्होंने कहा है—

'गुरुपनके मदसे ये सब समय अतृप्त रहते हैं । कहते हैं, हममें कोई जाति-पाँति नहीं । कोई पोथाचारका पालनेवाला पवित्र पुरुष हुआ तो उसे ये काल समझकर उखाड़ फेंकना चाहते हैं । अनाभिक आस्तिकको ये मानते हैं । न जाने कैसा होम-हवन करते हैं और सब लोग एक साथ बैठकर खाते हैं । कहते हैं इसमें कोई पाप नहीं, यह तो मोक्षका द्वार है । तुका कहता है ऐसे पूरे गुरु और पूरे शिष्य, सच्चिदानन्दकी शपथ करके मैं कहता हूँ कि नरकगामी होते हैं ।

गला फाड़कर चिल्लाते हैं शास्त्रोंके नाम उपदेश करते हैं, स्त्रियों और बच्चोंपर भी अमल है, ऐसा कुछ उपाय रचते हैं जिससे कुछ पैसे

आमदनी होती रहे, ब्रह्मनिरूपण करते हैं पर जैसा कहते है वैसा करते कुछ भी नहीं, ऐसे बने हुए गुरुओं और सत बने फिरनेवाले दाम्भिकोंके कान, तुकारामजीने अच्छी तरह ऐंठे हैं।

'ऐसे पेट-पुजारी संतोंके पास भगवन्त कहाँ ?' पर-स्त्री, मद्य-पान, असत्य, दम्भ, मान इत्यादिके पीछे पड़कर परमार्थकी दूकान लगानेवालोंको तुकारामजीने कहा है कि 'ये पुरुष नहीं, चार पैरवाले हैं, मनुष्य होकर भी कुत्ते हैं।' वेदज्ञ, वेदान्तविद्, गुरु और सत कहानेवाले लोगोंमें बहुतेरे 'बकरे' होते हैं और अद्वैतका दुरुपयोग करके विषयवनमे चरा करते हैं।

'विषयमें जो अद्वय हैं उनसे हमलोग दूर रहें—उन्हें स्पर्श भी न करें। भगवान् वहाँ अद्वय नहीं, उससे अलग हैं, सबसे अलग, निष्काम हैं। जहाँ वासना लिपटी हुई है वहाँ ब्रह्मस्थिति कैसी ?'

❀ ❀ ❀

संसारमें नाम हो, इसके लिये तो तू गोसाईं बना। इसीके लिये तैंने ग्रन्थोंको पढा। इसीसे असली मर्म तुझसे दूर ही रहा। चित्तमें तेरे अनुताप नहीं हुआ तो झूठ-मूठ ही यह भगवा-वस्त्र पहन लिया और झूठी ही बकवाद करके अपनी जिह्वाको कष्ट दिया !'

विद्वानोंमें मत, तर्क और पन्थ तो बहुत होते हैं पर अनुपानसे शुद्ध होकर भगवान्‌के चरण पकड़नेवाला कोई विरला ही होता है।

'सीखे हुए बोल ये लोग बोल सकते हैं, पर अनुभव तो किसीको भी नहीं होता। पण्डित हैं, कथाओंका अर्थ बता देंगे, पर जिस अर्थसे इनका सुख बढे उससे ये कोरे ही रहते हैं !'

❀ ❀ ❀

'तार्किकोंके बड़े चतुर होनेमें सन्देह ही क्या है ? पर इनकी चतुराई-को श्रीविठ्ठलजीका कोई पता नहीं है। अक्षरोंकी बड़ाईमे ये चढा-ऊपरी

दाम्भिकोंके प्रति तिरस्कारभरे ऐसे ऐसे कठोर शब्द निकलते थे कि सुननेवालोंको कभी-कभी बड़ा आश्चर्य होता था कि हरि-प्रेमका यह कौन-सा लक्षण है ! तुकारामजीने इसका उत्तर यों दिया है कि 'प्राणिमात्रमें मेरे हरि ही विराज रहे हैं यह तो मैं जानता हूँ' पर रास्ता भूलकर टेढ़े रास्ते चलनेवालोंको सीधा रास्ता दिखानेके लिये ही मैं उनके दोष बताकर उनकी आँखें खोलता हूँ 'दुनियाकी निन्दा करनी पड़ती है' यह सही है, पर करूँ तो क्या करूँ ? 'दूसरोंके मतमें मेरे चित्तका मेल जो नहीं बैठता ।' मिठाईसे जब नहीं मानते, 'मुँहमें कौर डालते हैं तो मुँह जब फेर लेते हैं' तब हाथ पकड़कर और कभी कान पकड़कर भी सीधा करना ही पड़ता है । रोगीके मनकी करनेसे तो काम नहीं चलेगा, कठोर हुए बिना—कड़वी दवा पिलाये बिना उसका रोग कैसे दूर होगा ? इन लोगोंपर दया आती है, इनकी दशा देखकर हृदय रोता है, जब नहीं रहा जाता तब 'जिसे मैं स्वयं अनुभव करता हूँ वही जगत्‌को देता हूँ ।' भावुक लोग मेरे गलेमें माला पहनाते हैं, पैरोंपर गिर पड़ते हैं, मिष्टान्न भोजन कराते हैं, पर उससे मुझे सन्तोष नहीं होता । इसलिये अधीर होकर कहता हूँ, 'अरे ! भगवान्‌के चरणोंका चित्तमें चिन्तन करो ।' जब नहीं मानते तब कड़वी दवा पिलानी पड़ती है ! जो कुछ कहता हूँ इसीलिये कहता हूँ कि—

'इस भवसागरमें लोगोंको डूबते हुए इन आँखोंसे नहीं देखा जाता, हृदय तड़प उठता है ।'

मान या दम्भसे मैं किसीकी छलना तो नहीं करता, यह श्रीविट्ठलकी शपथ करके कहता हूँ ।

'संसारमें सर्वत्र ही भगवान् हैं, फिर भी जो मैं निन्दा करता हूँ यह मेरा स्वभाव है । ये लोग कालके गालमें गिरे जा रहे हैं यह देखकर दयासे रहा नहीं जाता ।'

फिर भी यदि मेरा इस प्रकार दम्भका भण्डाफोड़ करना किसीको

अप्रिय लगता हो इससे किसीको कुछ कष्ट होता हो तो मैं ही दुष्ट और चाण्डाल हूँ और इसलिये सबसे क्षमा माँगता हूँ।

८ धरना दिये ब्राह्मणको बोध

एक ब्राह्मण आलन्दीमें धरना दिये बैठा था। ज्ञानेश्वर महाराजने उसे तुकारामजीके पास भेजा। तुकारामजी बड़ाई चाहनेवाले नहीं थे, पर ज्ञानेश्वर महाराजकी आज्ञा जानकर उन्होंने इस ब्राह्मणको उपदेश किया। पर वह उस उपदेश और महाराजको वहीं छोड़कर चला गया। उस प्रसङ्गपर तुकारामजीने ग्यारह अभङ्ग कहे हैं। कुछका आशय नीचे देते हैं—

'भक्तोंके भरोसे मत पड़े रहो, बस इसी बातकी जल्दी करो कि मन-को देह-भावसे खाली करके भगवान्के प्रेमसे भगवान्को मनाओ और साधन करनेके मुँहमें राख देंगे, मर्मवालेके कर्मोंसे कोई भी मुक्त न करेगा।'

'भगवान्के पास मोक्षका कोई पोटला बाँध ही रक्खा है जो उसमेंसे थोड़ा-सा निकालकर वह तुम्हें भी दे देंगे। इन्द्रिय-विषयसे मनको रोको, निर्विषय बन जाओ। बस, मोक्षका यही मूल है। तुका कहता है, फल तो मूलके ही पास है उस मूलको पकड़ो। कोई-कोई श्रीहरिकी शरण लो।'

'उन भगवान्से करुणा माँगो अपने मनको खाली रखकर उन्हें पुकारो। कहीं दूर जाना-आना नहीं पड़ता, वह तो अन्तरमें शान्तिस्वरूप विराजमान हैं। तुका कहता है वह कृपाके सिन्धु हैं, मन-वचनको छोड़ते उन्हें कितनी देर लगती है।'

'भक्तोंको देखकर फिर कीर्तन करो तब उसमें (कानमें) फल लगेगा। नहीं तो व्यर्थ ही गाल बजाना और चाण्डाल जो हृदयमें रह ही गयी। तप-तीर्थाटन आदि कर्मोंकी सिद्धि तभी होगी जब बुद्धि हरिचरणमें स्थिर होगी। तुका कहता है अन्य उपायोंमें मत पड़ो। बस यही एक संसार-सार हरि-नाम धारण कर लो।'

'श्रीहरि-गोविन्द नामकी धुनि जब लग जायगी तब यह काया भी गोविन्द बन जायगी, भगवान्‌से कोई दुराव—कोई भेद-भाव नहीं रह जायगा। मन आनन्दसे उछलने लगेगा, नेत्रोंसे प्रेम बहने लगेगा। कीट भृङ्ग बनकर जैसे कीटरूपमें फिर अलग नहीं रहता वैसे तुम भी भगवान्‌से अलग नहीं रहोगे।'

'जो जिसका ध्यान करता है उसका मन वही हो जाता है। इसलिये और सब बातोंको अलग करो, पाण्डुरङ्गकी ध्यान-धारणा करो।'

❀ ❀ ❀

'सकुचकर ऐसे छोटे क्यों बन गये हो? ब्रह्माण्डका आचमन कर लो। पारण करके संसारसे हाथ धो लो। बहुत देर हुई, अब देर मत करो। बच्चोंके खेलका घर बनाकर उसमें छिपे बैठ रहनेसे अँधेरा छाया हुआ था, कुछ न सूझनेसे घबड़ाहट थी। खेलके इस जंजालको सिरपरसे उतार दिया और बगलमें दबा लिया। बस, इतना ही तो काम है।'

'अविश्वासीका शरीर अशौचमें रहता है, इसी पापीके भेदभाव होता और छूत लगता है। उसकी हृदय-वल्लीका लता-मण्डप नहीं बन सकता। जैसा विश्वास होता है, वही सामने आता है। अविश्वासी वैसा ही खोटा होता है जैसे सिद्धान्नमें कोई कंकड़ी।'

वह ब्राह्मण ज्ञानेश्वर महाराजको प्रसन्न करनेके लिये आलन्दीमें ४२ दिन-तक अन्न-जल त्याग धरना दिये बैठा था। ज्ञानेश्वर महाराजने उसे स्वप्न दिया कि तुकारामजीके पास जाओ, उनसे तुम्हारा अभीष्ट सिद्ध होगा। तुकारामजी लौकिक उपाधियोंसे उकता गये थे। कहा करते थे, 'लोगोंमें व्यर्थ ही मेरा इतना नाम हो गया, सच्चा दासत्व तो मैंने अभी जाना ही नहीं।' फिर भी ज्ञानेश्वर महाराजकी आज्ञाको कैसे टाल सकते थे? इसलिये उस ब्राह्मणको उपदेश देनेके लिये उन्होंने ग्यारह अभंग कहे। ब्राह्मण विक्षिप्त-सा था, उस उपदेशको वहीं छोड़कर चला गया। परमार्थ कोई सोनेकी चिड़िया

नहीं, पर बैठे छप्पर फाड़कर मिलनेवाला धन नहीं, बिना कुछ किये-कराये तब कुछ आप ही हो जाय ऐसा कोई चमत्कार नहीं। जो लोग इसे ऐसा समझते हैं वे उस ब्राह्मणकी तरह उपर्युक्त उपदेशको पढ़कर निराश ही होकर पड़ेंगे। पर जो परमार्थ-पथके पथिक हैं, उनके लिये इसमें बड़ा ही पक्का पाथेय है। इसको विस्तारसे समझानेकी आवश्यकता नहीं, पाठक स्वयं ही अपनी बुद्धिसे इसे ग्रहण करेंगे।

९ तुकाजी और शिवाजी

छत्रपति श्रीशिवाजी महाराजका जन्म* संवत् १६८६ (शाके १५५१) के फाल्गुन-मासमें अर्थात् तुकारामजीकी आयुके २१ वें वर्ष जो भयङ्कर दुर्भिक्ष पड़ा था उसी दुर्भिक्षके साल हुआ। शिवाजी महाराजने अपनी आयुके १० वें वर्ष तोरणकिलेपर अपना अधिकार जमाकर महाराष्ट्र स्वराज्य-संस्थापनके उद्योगका श्रीगणेश किया। इसके तीन वर्ष बाद संवत् १७०६ (शाके १५७१) में तुकारामजी वैकुण्ठ सिधारे। समर्थ रामदास स्वामीका जन्म-संवत् १६६५ (शाके १५३०) है। पुरश्चरण और तीर्थ-यात्रा करके संवत् १७०२ में समर्थ स्वामी कृष्णा-तटपर आये। तब संवत् १७०२ और १७०६ के बीच किसी समय समर्थ, शिवाजी और तुकारामजी तीनोंका समागम हुआ होगा। तुकारामजीके कीर्तन भी शिवाजीने इन्हीं तीन वर्षोंमें सुने होंगे। शिवाजीकी माता जिजाबाई और गुरु तथा कार्यकारी दादाजी कोण्डदेवके तत्त्वावधानमें और उनके प्रोत्साहनसे स्वराज्य-संस्थापनका उद्योग आरम्भ हुआ। तुकारामजी जैसे भगवद्भक्त पुरुष थे वैसे ही

---

* पहले यह धारणा थी कि संवत् १६८४ (शाके १५४९) में शिवाजी महाराज जन्मे हुए। अब पीछे जो नवीन इतिहास-संशोधन हुआ है उससे यह निर्विवादरूपसे प्रमाणित हो गया है कि महाराजका जन्म-संवत् १६८६ (शाके १५५१) ही है।

शिवाजी भी अवतारी पुरुष थे। दोनोंका ही मुख्य कर्मक्षेत्र पूना-प्रान्त था। तुकारामजीने धर्मको जगाकर लोगोंके उद्धारका पथ प्रशस्त किया। जिस समय तुकारामजीका कार्य खूब जोरोंके साथ हो रहा था उसी समय स्वराज्य-संस्थापनका कार्य आरम्भ हुआ। भारतवर्षके सभी अवतारी पुरुषोंका प्रधान ध्येय स्वधर्मरक्षण ही रहा है। 'धर्मके संरक्षणके लिये ही हमें यह सारा प्रपञ्च करना पड़ता है।' तुकारामजीकी इस उक्तिके अनुसार तुकारामजीका यह कार्य था, और 'हिन्दवी स्वराज्य श्रीने हमें दिया है,' 'हिन्दूधर्म-संरक्षणके लिये हमने फकीरी बाना कसा है' कहनेवाले शिवाजीका कार्य भी यही धर्म संरक्षण ही था। दोनोंका ध्येय और ध्यान एक ही था। राष्ट्रके अभ्युदय और निःश्रेयस दोनों ही धर्म-संरक्षणसे ही बनते हैं। धर्म-संरक्षणका प्रधान अङ्ग वर्णाश्रमधर्म-रक्षण है। कारण, वर्णाश्रम-धर्म ही सनातन-धर्मकी नींव है। तुकाराम, शिवाजी और रामदास—तीनों ही वर्णाश्रम-धर्मकी बिगड़ी हुई हालतको सुधारनेके लिये ही अवतीर्ण हुए थे। 'कलि प्रभाव'के अभंगोंमें तुकारामजीने उस समयका यथार्थ वर्णन करके बताया है कि किस प्रकार सब वर्ण भ्रष्ट हो चले थे। 'कोई वर्ण धर्म नहीं मानता, छूत-छात नहीं मानता, सब एकाकार होकर उच्छृङ्खलता कर रहे हैं' यह देखकर उन्हें बड़ा दुःख हुआ और ऐसे वर्ण-कर्म-वृत्ति संकरका उन्होंने निषेध किया। 'जप, तप, व्रत, अनुष्ठानादि करना लोगोंको बड़ा बोझ मालूम होता है पर इस मांसपिण्डको पोसना बड़ा अच्छा लगता है।' ईश्वर और धर्मको लोग भूल-से गये हैं—देहको ही देव और भोजनको ही 'भक्ति' समझ बैठे हैं, कर्तव्य-बोध कुछ रह ही नहीं गया, 'चारों वर्ण अठारहों जातियाँ एक पङ्क्तिमें बैठकर भोजन करनेवाले' सहभोज-प्रेमी बने हैं!

'कलिका प्रभाव है कि पुण्य दरिद्र हो गया और पाप बलवान् बन बैठा। द्विजोंने अपने आचार छोड़ दिये, निन्दक और चोर बन गये।

तिलक लगाना छोड़ पायजामेके शौकीन बने और यवनोंका आदर करने लगे। हाकिम बने फिरते हैं और लोगोंको बिना अपराध ही सताते हैं। नौकरी चाकरी करते हैं और भूल-चूक होनेपर मार खाते हैं। राजा प्रजाको पीड़न करता है ~ । वैश्य, शूद्रादि तो जन्मसे ही कनिष्ठ हैं। यहाँतक जब यह हाल है तब उनको क्या कहा जाय। चार वर्णोंकी एक उलटी लाँग है। तुका कहता है भगवन्! आप ऐसे कैसे हो गये, अब वेगसे दौड़ आइये।

धर्मभ्रष्ट होनेसे ही लोगोंका ऐसा बुरा हाल हुआ देखकर तुकारामजी-का हृदय व्याकुल हो उठता था। कहते हैं—

'अब और क्या होना बाकी है? राष्ट्रको पीड़ित देखकर अब धीरज नहीं रखते बनता।'

परन्तु धर्मके संरक्षण और पुनः स्थापनके लिये राष्ट्रमें क्षात्रतेजके उदय होनेकी आवश्यकता होती है। स्वधर्मके संरक्षणके लिये स्वराज्यका भी बल होना चाहिये, यह बात तुकारामजी जानते थे।

'दया नाम सबके पालन और कण्टकोंके निर्दलनका है।'

'दया' का यह लक्षण उन्होंने किया है—'परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्'—की ही यह प्रतिध्वनि है। गीतामें भगवान्ने कहा है, 'मामनुस्मर युध्य च।' समर्थ रामदासने कहा है, 'पहले हरि भजन और दूसरे राजकारण।' सबका तात्पर्य एक ही है। ब्रह्मतेज और क्षात्र तेजके संघ और एकीभूत हुए बिना राष्ट्रका अभ्युदय-निःश्रेयसरूप धर्म उदय नहीं होता। 'धाराधरि धराहपि' ऐसी उभयविध सामर्थ्य जब राष्ट्रमें उत्पन्न होती है तभी राष्ट्र-धर्म विजयी होता है। इन दो धर्मोंमेंसे एक धर्म तुकारामजीने अपने ऊपर उठा लिया और बड़े उत्तम रीतिसे पूरा

किया। अब इसे स्वधर्मीय राजसत्ताके सहारेकी आवश्यकता थी। लोग अपने आचार-धर्मसे विमुख हो गये थे, उन्हें रास्तेपर ले आनेके लिये दण्डशक्ति आवश्यक थी।

क्या करूँ भगवन्! मुझमें वह बल नहीं कि इन्हें दण्ड देकर आगेके लोगोंको रास्तेपर ले आऊँ।'

यह उनके हृदयका उद्गार है! इसके लिये वह भगवान्से प्रार्थना करते थे। उनकी यह इच्छा उनके जीवित कालमें ही पूरी हुई। कम-से-कम अन्तिम तीन-चार वर्ष तो शिवाजी उनके सामने ही थे। शिवाजी महाराज धर्म और धर्मप्रचारक साधु-सन्तोंसे हार्दिक स्नेह रखते थे। माता जिजाबाई और गुरु दादाजी कोंडदेव दोनोंकी ही उन्हें यही शिक्षा थी कि साधु सन्तोंके कृपाशीर्वादका बल भरोसा पाये बिना तेरा राजकाज सफल नहीं होगा। रामायण और महाभारतकी वीर-गाथाओंके सुननेका उन्हें बड़ा प्रेम था। साधु-सन्तोंसे मिलना, उनका सत्कार और सत्सङ्ग करना, यह तो उनका स्वभाव ही बन गया था। अन्तको उन्होंने समर्थ रामदास-स्वामीका बड़ा समागम किया और उनसे उपदेश भी लिया, यह बात तो प्रसिद्ध ही है। पर इससे भी पहले चिंचवडके चिन्तामणि देव और पूनेके अनगडशाहके दर्शनोंके लिये महाराज गये थे। मौनी बाबा और बाबा याकूबकी शिवाजीपर बड़ी कृपा थी, यह ब्रह्मेन्द्रस्वामीने कहा है। (महाराष्ट्र-इतिहास-साधन खण्ड ३) कृष्णदयार्णव 'हरिवरदा' ग्रन्थमें कहते हैं कि एकनाथ महाराजके शिष्य चिदानन्दस्वामी और उनके शिष्य स्वानन्दको 'शिव-भूपति अपनी कल्याणकामनासे प्रार्थना करके राय-दुर्गमें ले आये और वहाँ सब प्रकारसे उनकी सेवाका प्रबन्ध रखा। इससे दोनोंको बड़ा सन्तोष हुआ।' श्रीशिव छत्रपति ऐसे सत-समागम-प्रेमी थे। तुकाराम महाराजसे वह न मिलते, ऐसा कब हो सकता था?

१० शिवाजीके नाम पत्र

पहले-पहल, तुकारामजी जब लोहगाँवमें थे तब शिवाजीने अपने आदमियोंके साथ उनके पास मशालें, घोड़े और बहुत-से जवाहिरात भेजकर उनसे पूनेमें पधारनेकी विनती की। पर तुकारामजी ठहरे महाविरक्त। उन्होंने जवाहिरातको देखातक नहीं और वैसे ही शिवाजीके पास लौटा दिया, साथ ९ अभंगोंका एक पत्र भी भेजा।

* * *

'मशाल, छत्र और घोड़ोंको लेकर मैं क्या करूँ? यह सब तो मेरे लिये अच्छा नहीं है। इसमें हे पण्ढरिनाथ! अब मुझे क्यों डालते हो? मान और दम्भका कोई काम मेरे लिये सूकरी विष्ठा ही है। तुका कहता है, दौड़े आओ और मुझे इससे छुड़ा लो।'

'मेरा चित्त जो नहीं चाहता वही तुम किया करते हो, इतना तंग क्यों कर रहे हो?'

'संसारसे तो मैं अलग रहना चाहता हूँ, इसका संग चाहता ही नहीं। चाहता हूँ एकान्तमें रहूँ, किसीसे कुछ न बोलूँ। जन-धन तनको वमन जैसा माननेको जी चाहता है। तुका कहता है, चाहनेको तो मैं चाहता हूँ पर करने-धरनेवाले तो तुम्हीं हो।'

'मैं क्या चाहता हूँ, यह तुम जानते हो। पर अन्तर जानकर भी टाल देते हो! यह तो हमें मालूम हो गया कि जो भी तुम्हें चाहता है उसके सामने ऐसी-ऐसी चीजें लाकर रख देते हो कि वह उन्हींमें फँसकर तुम्हें भूल जाय। पर तुकाने तो तुम्हारे पैर पकड़ रखे हैं, देखें तो सही इन्हें कैसे छुड़ा लेते हो।'

अपने निश्चयके आसनको स्थिर रखते हुए तुकारामजी शिवाजी महाराजको उस पत्रमें लिखते हैं—'चींटी और मरुत्पति दोनों ही मेरे लिये

एक-से ही जीव हैं। मोह और आस जो कलिकालका फाँस है, अब कुछ भी नहीं रहा है। सोना और मिट्टी दोनों ही मेरे लिये बराबर हैं। तुका कहता है, सम्पूर्ण वैकुण्ठ ही घर बैठे आ गया है। मुझे कमी किस बातकी है ?'

'तीनों भुवनोंके सम्पूर्ण वैभवका धनी बन बैठा हूँ। भगवान् मेरे माता-पिता मुझे मिल गये, अब मुझे और क्या चाहिये ? त्रिभुवनका सम्पूर्ण बल तो मेरे अदर आ गया ! तुका कहता है, सारी सत्ता तो अब मेरी ही है।'

'आप हमे दे ही क्या सकते हो ? हम तो विठ्ठलको चाहते हैं। हाँ, आप उदार हो, चकमक पत्थर देकर पारसमणि चाहते हो, प्राण भी दो तो भी भगवान्‌की कहलायी एक बातकी भी बराबरी न हो सकेगी। धन क्या देते हो जो तुकाके लिये गोमासके समान है !'

हाँ, कुछ देना ही चाहते हो तो एक ही दान दो—

'उससे हम सुखी होंगे—मुखसे 'विठ्ठल, 'विठ्ठल' कहो। आपका और सारा धन मेरे लिये मिट्टीके समान है। कण्ठमें तुलसीकी कण्ठी पहन लो, एकादशीका व्रत करो, हरिके दास कहलाओ। बस, यही एक तुकाकी आस है।

इन सात अभगोंके सिवा दो अभग और हैं। इनमें वह कहते हैं, 'बड़े-बड़े पर्वत सोनेके बनाये जा सकते हैं, वन-वनके वृक्षोंको कल्पतरु बनाया जा सकता है, नदियों और समुद्रोंको अमृतकी नदियाँ और समुद्र बनाया जा सकता है, मृत्युको रोक रखा जा सकता है, भूत, भविष्य, वर्तमान बताया जा सकता है, ऋद्धि-सिद्धियोंको प्रसन्न किया जा सकता है, योगमुद्राएँ सिद्ध की जा सकती हैं, प्राणको ब्रह्माण्डमें चढाया जा सकता है, यह सब कुछ किया जा सकता है पर प्रभुके चरणोंमें प्रीतिलाभ करना परम दुर्लभ है ! इन सब सिद्धियोंसे उन चरणोंका लाभ नहीं होता। ऐसे

श्रीविट्ठलके अन्य-दुर्लभ परम पावन परमानन्दकर चरण महात्माओंसे मुझे मिले हैं, इनके सामने इन दीपदान छत्र और घोड़ोंको अपने हृदयमें मैं क्यों लगाऊँ?

मेघवृष्टि और गङ्गाप्रवाहका दृष्टान्त देते हुए दूसरे अभंगमें तुकाराम महाराज कहते हैं कि परती जमीन और खेत दोनोंपर मेघ-वृष्टि समान ही होती है और गङ्गाके प्रवाहमें पुण्यवान् और पापी समान ही स्नान कर पुनीत होते हैं, वैसे ही हमारा हरिकीर्तन अधिकारी और अनधिकारी, राजा और रङ्क सभीके लिये समानरूपसे होता है।*

एक अभंग और है जो शिवाजी महाराजके लिये लिखा गया होगा। उसका भाव यों है—

'आपने बड़े-बड़े बलवानोंको अपने मित्र बनाये हैं, पर अन्त-समयमें वे काम न आवेंगे। पहले रामनाम लो। इस उत्तम 'धन' को अपने भीतर भर लो। यह परिवार, यह लोक, यह सैन्य किसी काम न आवेगा। जबतक काल सिरपर नहीं सवार हुआ तभीतक आपका यह बल है। तुका कहता है प्यारे! लखचौरासीके चक्करसे बचो।'

११ सिपाहीपनेके अभंग

इसके पश्चात् श्रीशिवाजी महाराज स्वयं ही श्रीतुकाराम महाराजके दर्शनोंके लिये लोहगाँव गये। महाराजका कीर्तन सुनकर शिवाजी राजा

---

* तुकारामजीके इस नम्र-अभंगमें पहले प्रकट होनेवाले प्रखर वैराग्य और अलौकिक आत्मनिष्ठाका पूरेसे राजमण्डलपर तथा प्रजापर बड़ा प्रभाव पड़ा होगा, इसमें सन्देह ही क्या है? तुकारामके अभंगोंके कुछ संग्रहोंमें इन ९ अभंगोंके सिवा ५ बड़े-बड़े अभंग और हैं। इनमें छत्रपति श्रीशिवाजी महाराज इनके आश्रयदाता और समर्थ श्रीरामदासस्वामीके भी नाम आते हैं। परन्तु पारखियोंमें वे प्रक्षिप्त माने जाते हैं और मुझे भी प्रक्षिप्त ही जान पड़ते हैं। पर वे भी अभंग तुकाराम महाराजके ही हैं इसमें सन्देह नहीं।

बहुत ही प्रसन्न हुए। उनका कीर्तन सुननेका अब उन्हें चसका ही लग गया। कई दिनोंतक शिवाजी महाराजका यही नित्यक्रम रहा कि रातको ब्यालू करनेके बाद घोड़ेपर सवार होते और तुकारामजी देहू या लोहगाँव जहाँ भी होते वहाँ पहुँचकर उनका कीर्तन सुनते और प्रातःकाल आरती होनेके बाद पूनेमें लौट आते। करते-करते एक दिन शिवाजीके चित्तमें पूर्ण वैराग्य भर गया और नित्यकर्मके अनुसार वह पूना नहीं लौटे, देहूमें तुकारामजीके पास ही रह गये। जिजाबाईको यह भय हुआ कि शिवाजी राजकाज छोड़कर कहीं वैराग्य योग न ले लें। वह स्वय देहू पहुँचीं। तुकारामजीने हरि-कीर्तन करते हुए वर्णाश्रमधर्म बताया और क्षात्रधर्म—राजधर्मका रहस्य प्रकट करते शिवाजीको स्वकर्तव्यपर आरूढ़ किया। एक दिनकी बात है कि तुकाराम महाराज कीर्तन कर रहे थे, श्रोताओंमें शिवाजी बैठे सुन रहे थे, ऐसे अवसरपर एक हजार पठान चढ आये और उन्होंने मन्दिरको घेर लिया। शिवाजीको पकड़नेका इससे अच्छा अवसर और कौन सा हो सकता था! परन्तु तुकाराम महाराजके पुण्यप्रतापको देखिये या शिवाजी महाराजकी सावधानता सराहिये, शिवाजी-को पकड़नेके लिये आये हुए उन एक हजार पठानोंके सामने होकर एक हजार पुरुष ऐसे निकल गये जो देखनेमें शिवाजी-जैसे ही प्रतीत होते थे और इन सहस्र सख्यक शिवाओंको देखकर पठानोंके होश ही गुम हो गये, वे यह तमीज ही न कर सके कि इसमें कौन शिवाजी हैं और कौन नहीं है। शिवाजी ऐसे निकल भागे और मुगलसेनाके सिपाही हक्के बक्के-से रह गये। ये बातें सबको विदित ही हैं। महीपतिबाबाने इन बातोंका विस्तारपूर्वक वर्णन किया है। यहाँ उतना विस्तार न करके एक प्रसङ्गकी बात और लिख देते हैं।

एक बार तुकारामजी कीर्तन कर रहे थे और 'श्रीविठ्ठलके रणबाँकुरे वीर' श्रवण कर रहे थे। इन्हींमें श्रीशिवाजी और उनके धीर अमात्य तथा

और सैनिक भी बैठे सुन रहे थे। श्रोताओंकी नजरोंसे-नजर मिलते ही तुकारामजीके चित्तमें यह आया कि इन विविध श्रोताओंको अर्थात् विट्ठल-भक्त वारकरियोंको और स्वराज्य-संस्थापनके उद्योगियोंको एक साथ ही बोध कराया जाय। उस अवसरपर उन्होंने उसी समय रचते हुए शिवाजी-बाबाके ११ अभंग कहे। राजकाजमें हो या परमार्थके साधनमें हो, वीरत्व तो बड़ी दुर्लभ वस्तु है। पर गिरस्तीके प्रपञ्चमें, देशके राज-काजमें और परमात्माके परमार्थ-साधनमें कहीं भी देखिये, सामान्य लोगोंकी ही भरमार होती है। सामान्य जीव ही सर्वत्र दिखायी देते हैं और इसीलिये वे सामान्य कहलाते भी हैं। वीरत्व-गुण सम्पन्न पुरुष दुर्लभ होते हैं। वीरत्व कहीं भी हो उसकी जाति एक ही है। भीरु और वीर पामर और संत एक जातिके नहीं हैं। पशुओंमें वीर एक ही होता है—सिंह। मनुष्योंमें वीरत्व-गुणकी जाति होनेपर भी उसके प्रकार भिन्न-भिन्न हैं। एकान्तविध्वंसी अर्थात् कभी-न-कभी नष्ट होनेवाले इस शरीर और इस शरीर-सम्बन्धी सब विकारोंसे जो अलग हो जाता है वह वीर है। शरीर और शरीर-सम्बन्धी क्षुद्र बन्धनोंमें बँधा हुआ जो रहता है वह भीरु और जो इस दूषित-वायु मण्डलसे मनसा ऊपर उठ जाता हो वह वीर है। बुद्धिमत्ता, उद्योगरतता उत्कटेच्छता पराक्रम साहस लोककल्याणकर्मनिष्ठा इत्यादि सभी वीरके सहज गुण हैं। अँगरेज ग्रन्थकार कार्लाइल और अमेरिकन तत्त्ववेत्ता इमर्सनने वीर पुरुषोंकी अलग अलग कथाएँ लिखी हैं। उन्हीं कथाओंमें हम अपने यहाँके वीरोंको बैठाना चाहें तो यों कह सकते हैं कि श्रीशङ्कराचार्य और ज्ञानेश्वरादि तत्त्ववेत्ता और धर्मसंस्थापक एक ही कक्षा या जातिके वीर हैं। वाल्मीकि व्यास सूर और तुलसीदास दूसरी जातिके वीर हैं। विक्रमादित्य शिवाजी आदि धर्मराज्य-संस्थापक तीसरी जातिके वीर हैं। कैयट बिहारी और हरिभद्र आदि पण्डित और ग्रन्थकार चौथी जातिके वीर हैं। नानक कबीर आदि साधु-संत पाँचवीं जातिके वीर हैं। ये सब

वीर ही हैं। तुकाराम, रामदास और शिवाजी वीर ही थे। ये सब योद्धा थे, सिरको दोनों हाथोंमें छिपाकर रोनेवाले, नहीं, नहीं असाध्यको साधकर दिखानेवाले थे। शिवाजीने स्वराज्य संस्थापित करके दिखा दिया, तुकारामजीने भगवान्‌को प्रत्यक्ष किया। तुकारामजीने शूरवीर बननेका उपदेश करते हुए सिपाहीबानेके अभंग कहे। तुकारामजीने शिष्य और शिवाजीके सैनिक, धर्मवीर और रणवीर दोनोंको उपदेश किया है। उस उपदेशका महत्त्वपूर्ण अंश नीचे देते हैं। मर्मज्ञ इसका मर्म जानेंगे।

सिपाहीबानेके साथ सिद्धान्तपर आरूढ हो वीर बनो। वीरोंकी गाथा चित्तमें धारो। सिपाही बने बिना प्रजा पीड़नका अन्त नहीं होगा और प्रजाको सुख नहीं होगा। प्राण-दानमें उदार सिपाही बनो, सिपाहियोंकी कुशल-क्षेमका सब भार स्वामीपर है। सिपाहीपनके सुखसे जो कोरा ही रहा उसका जीवन व्यर्थ है, उसके जीवनको धिक्कार है! तुका कहता है, एक क्षणमें सब बात हो जाती है, फिर सिपाहीके सुखका कोई अन्त नहीं।'

* * *

'दनादन गोलियाँ लग रही हैं, बाणों-पर-बाण आकर गिर रहे हैं, यह सब वह सह लेता है और ऐसी मूसलाधार वृष्टि करता है कि जिसका कोई परिमाण ही नहीं। स्वामी और उनका कार्य ही सामने दिखायी दे रहा है। उस युद्धकी शोभा ही कुछ और है। जो शूर और वीर सिपाही हैं वे ऐसे युद्धमें अंदर और बाहर बड़ा सुख लूटते हैं।'

* * *

'सिपाहियोंको चाहिये कि आत्मरक्षा करें, परकीयोंको लूटें, उनका सर्वस्व छीन लें। अपने ऊपर चोट न आने दें, शत्रुको अपना पता भी न लगने दें। ऐसा जो सिपाही होता है, दुनिया उसे अपना नाथ मानती है। तुका कहता है, ऐसे जिसके सिपाही हैं वही तीनों लोकोंका अमित पराक्रमी सेनानायक है।

* * *

“सिपाहियोंने ही परधर्मियोंका मत तोड़कर पथ चलने योग्य बना दिया। परधर्मियोंकी छावनियाँ अपने हाथमें कर लीं और वहाँ अपने आदमी तैनात किये। जो लोग रास्ता छोड़कर चलते हैं उन्हें ये सिपाही मार देते हैं जिसमें दूसरोंको शिक्षा मिले। तुका कहता है, ये सिपाही विश्वास किये जिसको सुख दिये चलते हैं।

• • •

“जो सिपाही धनको तृण और सुवर्णको पाषाणके बराबर समझता है उससे उसके स्वामी भिन्न नहीं हैं। विश्वासके बिना सिपाहीका कोई मूल्य नहीं।

“भालोंपर खेलनेको उतारता जिन सिपाहियोंमें है वे ही सिपाही होते हैं और उनके बीचमें उनके नायक मुकुटमणिसे शोभा पाते हैं। भीरुओंको तो कुछ भाव ही नहीं है, जहाँ-तहाँ मरे पड़े हैं। उनके आने-जानेका ताँता लगा ही हुआ है। कहींसे भी वह नहीं टूटता है।

• • •

“एक ही स्वामी हैं उन्हींके सब सिपाही हैं। जो जितना बड़ा योद्धा हो उतना ही अधिक उसका मूल्य है। तुका कहता है मरनेवाले तो सभी हैं, पर मरनेसे डरना बेशर्मी होना है मूल्य जो कुछ है वह निर्भयताके पानीका है।

• • •

“अनन्य सिपाही ही सिपाहीको पहचानता है उसमें एक ही स्वामीके लिये आदर और निष्ठा होती है। पेटके लिये जो हथियार बाँधते हैं वे तो गौके कसाइयोंके ढोनेवाले गधे हैं। क्षत्रिय जो सच्चा है वह मारना और बचाना जानता है। वह क्या परधर्मियोंको अपना अस्तित्व सौंप देगा! तुका कहता है हम उन्हें देवता मानकर वन्दन करेंगे जो ऐसे हुए हों उनके लक्षण हम जानते हैं।

• • •

ऐसी ओजभरी वाणीसे तुकारामजीने भगवद्भक्तोंको और स्वराज्य-भक्तोंको, कण्ठीधारी वारकरियोंको और तलवारधारी रणरङ्गियोंको एक साथ ही उपदेश किया है। सच्चा वीर कौन है—सच्चा भगवद्भक्त कौन है और सच्चा राष्ट्रभक्त कौन है? इन्हींकी पहचान, इन्हींके लक्षण इन अभंगोंमें बड़ी खूबीके साथ बताये गये हैं।

इस प्रसङ्गके अतिरिक्त अन्यत्र भी तुकारामजीके अभंगोंमें वीरश्रीके अनेक उद्गार हैं—

'जो शूर-वीर है वही हाथका कौशल—मारना और बचाना जानता है। दूसरोंको यह क्या बताया जाय? तुका कहता है, शूरवीर बनो या मजूरी करके पेट भरो और आरामसे सो जाओ।'

समर्थ रामदास स्वामीने भी कहा है कि, 'जिसे प्राणका भय हो वह क्षात्रकर्म न करे, किसी उपायसे अपना पेट भरा करे।' यदि कभी लड़ना-झगड़ना हो तो सरदारका ही सामना करे, भगोड़ोंके पीछे न पड़े—

'यदि लड़ना ही हुआ तो पहले यह समझो कि, जीव कर ही क्या सकता है? भयको तो सामने आने ही मत दो। प्राणपणसे लड़ो, और कोई बात चित्तमें छिपाये न रहो। भीरु बनकर मत जीयो—ऐसे जीनेसे तो मरना अच्छा। तुका कहता है, शूर बनो, कालसे काल बनकर लड़ो।'

कुछ अतिरिक्त बुद्धिवालोंने तुकाराम महाराजको 'अकर्मण्य और भीरु' कहकर अपने ही ऊपर अपना थूक गिरानेका-सा उपहासास्पद दुस्साहस किया है।

१२ संतोंको भीरु आदि कहनेवालोंकी मूर्खता

ऊपर तुकारामजीके सिपाहीबानेके जो अभंग दिये हैं उनसे अधिक स्पष्ट और निर्भीक और उज्ज्वल तेज दूसरे किसके उपदेशमें प्रकट हुआ है? ऐसी मेघगर्जना-सी गम्भीर, आकाश-सी निर्मल, सूर्य-सी तेजस्विनी

वाणीसे उन्होंने जो उपदेश किया है वह अत्यन्त स्पष्ट, निर्भीक और प्रभावोत्पादक है। भगवान्‌की पुकार करनेमें, संतोंके गुण गानेमें, नामकी महिमा बतानेमें, दाम्भिकोंका भण्डाफोड़ करनेमें और विविध प्रकारके लोगोंको उपदेश करनेमें उनकी वाणीसे जो तेज निकलता है वही तेज इस धर्मरक्षणविषयक उपदेशमें भी है। और यह उपदेश उन्होंने किसी एकान्त स्थानमें बैठकर पुस्तकोंसे नहीं किया है बल्कि हरि-कीर्तनकी भरी सभामें किया है और उन उपदेश करके युवक वीर शिवाजी और उनके साथियोंको किया है जिन्होंने अभी-अभी स्वराज्य-संस्थापनके महान् उद्योगपर्वका आरम्भमात्र किया था। जिन तुकाराम महाराजका द्वारा जीवन रात-दिन अन्तर्बाह्य शान्त और मनसे शुद्ध करना और उसपर अपना स्वामित्व स्थापित करना सीखा, परस्त्रीमात्रको जिन्होंने माता माना और तदनुसार कर्तमें आयी हुई अप्सराको 'माता रखुमाई' कहकर विदा किया, जिन्होंने राजाकी ओरसे भेंटमें आये हुए बहुमूल्य रत्नोंको 'गोमांससमान' कह कर लौटा दिया, रामेश्वर भट्ट-जैसे दिग्गज विद्वान्‌को जिनके आध्यात्मिक तेजके सामने बरबस ही जिनमें नतमस्तक होकर अपना सारा गर्व जिसे मुख देना पड़ा शिवबा कासार-से धन-लोभीको जिन्होंने एक क्षणमें कीर्तनरंगमें ऐसा रँग डाला कि उसने सारा वैभव परित्याग कर वैराग्य ले लिया, शिवाजी महाराज-जैसे परम तेजस्वी, परम पराक्रमी महापुरुषको जिन्होंने अपनी अन्तर्बाह्य एकता और विशुद्ध दिव्य प्रबोधवाणीसे भक्ति-भावसमुद्रका आनन्द दिखाकर उसपर उनसे नृत्य कराया। जिन्होंने स्वयं परमात्माको निर्गुणसे सगुण साकार बननेको विवश किया और तीन सौ वर्षसे लाखों जीवोंके हृदयोंपर जिनका प्रभाव अखण्डरूपसे प्रवाहित होता और उन हृदयोंको परम प्रसाद देता चला आ रहा है उन तुकारामजीकी वाणी वीर्यवती न होगी तो और किसकी होगी! यह वाणी वीर्यवती तेजस्विनी अमोघफलदायिनी है। पर इसमें आश्चर्यकी कोई बात

नहीं। जैसे वीरशिरोमणि तुकाराम, वैसी ही वीर्यशालिनी उनकी अभंग-वाणी। आश्चर्य तो इस बातका है कि, ऐसे तेजःपुञ्ज परम पुरुषार्थी महापुरुषको तथा तत्तुल्य और तद्गुरुस्थानीय श्रीज्ञानेश्वर, एकनाथादि सिद्ध महापुरुषों और महात्माओं तथा सारे वारकरी सम्प्रदायको कुछ आधुनिक ढंगके 'देशभक्तों'ने 'अकर्मण्य, भीरु, राष्ट्रके किसी कामके लायक नहीं, राष्ट्रकी हानि करनेवाले' आदि दुष्ट विशेषणोंसे विद्रूप करके अपनी बुद्धिकी बड़ी सराहना की है, और दुःख इस बातका है कि इनके इस उच्छृङ्खल बुद्धिचाञ्चल्यसे अनेक नवयुवकोंका बुद्धिभेद हो जाता है! संतोंकी निन्दा भगवान्‌को प्रिय नहीं होती और समाजके लिये पथ्यकर नहीं होती। श्रीज्ञानेश्वर, एकनाथ, तुकारामादि भक्तोंने या वारकरी सम्प्रदायने इन नयी रोशनीवालोंका जाने क्या बिगाड़ा है। देशभक्तोंके सम्प्रदायको इस प्रकार संतोंकी निन्दा, संतोंका विरोध और धर्मका उच्छेद सूझे, यह बहुत ही बुरा है। भारतवासियोंके हृदयोंपर संतोंका इतना गहरा प्रभाव पड़ा हुआ है कि उसके सामने कोई निन्दा, विरोध और उच्छेदका दुस्साहस ठहर ही नहीं सकता। यदि भारतीय साहित्यमेंसे संतोंकी वाणी अलग कर दी जाय, यदि महाराष्ट्रके साहित्यसे ज्ञानेश्वर, एकनाथ, तुकाराम या हिन्दी-साहित्यसे सूर, तुलसी, कबीर आदिकी वाणी अलग कर दी जाय तो इन साहित्योंमें रह ही क्या जायगा? श्रीज्ञानेश्वर, एकनाथ, तुकाराम आदि संतोंने महाराष्ट्रमें धर्मको जगानेका प्रचण्ड कार्य किया, राष्ट्रकी मनोभूमि शुद्ध कर दी, लोगोंको धर्म, नीति और सदाचारके पाठ पढाये, विधर्मी राजसत्तासे पददलित अचेत जनताको धर्मकी सञ्जीवनीसे चैतन्य किया, वैदिक धर्मकी रक्षा की, बड़ी ही कठिन परिस्थितिमें हिन्दू-धर्म और हिन्दू-समाजको सँभाला और पालन किया, मराठी भाषाका वैभव वृद्धिंगत किया, अपने उज्ज्वल चरित्र और दिव्य प्रबोध-शक्तिसे महाराष्ट्रमें नवजीवनका सञ्चार

किया और इसीसे श्रीशिवाजी महाराज स्वराज्य-संस्थापनमें समर्थ हुए। सूर्यप्रकाशके समान देदीप्यमान इस घटनापरम्पराको देखते हुए भी जो लोग पाश्चात्योंकी देशप्रेमसम्बन्धी कल्पनासे गुमराह होकर इन लोककल्याण-कारी संतोंकी अवहेलना करते हैं उन्हें क्या कहा जाय! मनोजयके मूर्तिमान् आकार, निश्चयके मेरु, ज्ञान और वैराग्यके सागर, लोककल्याणके अवतार, अखिल महापुरुष जिन्हें माता-पितासे भी अधिक पूज्य, लोक-कल्याणकी इच्छा करनेवाले जिनके चरणोंके पास बैठकर आशीर्वाद पाकर बलवान् बनें ऐसे महामहिम ईश्वरतुल्य सिद्ध महात्माओंको 'अकर्मण्य और भीरु और राष्ट्रका मनोबल नष्ट करनेवाले' कहकर उनकी निन्दा करनेवाले आत्मघाती लोग कम-से-कम इतना तो करें कि पहले उनके सब ग्रन्थ पढ़ जायँ। इन लोगोंका यह ध्यान है कि राष्ट्रको इन संतोंने नष्ट ही कर डाला था, पर रामदासने आकर राष्ट्रको उबार लिया। समर्थ रामदास स्वामीकी स्तुति किसको प्रिय न होगी? जितनी करो थोड़ी है। पर इसके लिये यह आवश्यक नहीं कि अन्य संतोंकी निन्दा की जाय। शिवाजीको समर्थ रामदास परम और उत्तम गुरु, यह तो स्पष्ट ही है। पर समझनेकी बात यह है कि स्वराज्य-साधनके काममें शिवाजी महाराजको जो पराक्रमी ज्ञानवान्, सदाचारसम्पन्न, दृढ़निश्चयी और शीलवान् साथी और सेवक मिले जिन्होंने राष्ट्रधर्म साधनेके लिये अपना सर्वस्व शिवाजीके चरणोंपर न्योछावर कर दिया वे ज्ञानदेव और एकनाथ, तुकारामादि संतोंकी सञ्जीवनी वाणीसे नवजीवन पाये हुए महाराष्ट्रभूमिसे ही मिले था वे सब आत्मज्ञानसे दमक पड़े? संतोंने महाराष्ट्रको यदि भीरु बनाया था तो तुकारामजीकी मेघगर्जनासे निनादित महाराष्ट्रकी गिरिकन्दराओंमें ही शिवाजीको अपने प्यारे मावले सैनिक मिले थे या उन्हें उन्होंने कहींसे परदेशसे मँगवाया था? इतिहास तो मुक्तकण्ठसे यह स्वीकार करता है कि इन पहाड़ोंमें रहनेवाले कहार, ईमानदार और फकीर मावलोंसे

एकनिष्ठ सहायता और सेवा पाकर ही शिवाजी स्वराज्य स्थापित कर सके। मावले प्रायः किसान होते हैं और सब देशोंके किसानोंके समान इन्हें भी लावनियाँ और 'पोवाडे' गानेका शौक होता है। आज भी जाकर कोई मावलोंके प्रदेशमें घूम आवे तो उसे यह मालूम होगा कि तुकाराम महाराजके अभंग परम्परासे गाते हुए अबतक वे चले आये हैं। मावलोंका जो कुछ धर्म-सम्बन्धी ज्ञान है वह तुकारामके नाम और अभंगोंका स्मरणमात्र है। उनका सम्पूर्ण साहित्य इतना ही है। शिवाजीके मावलोंके बारह जिले एक-दूसरेमें मिले हुए हैं और एकसे ही बने हुए हैं। तानाजी मालुसरेके इतिहासप्रसिद्ध शेलार मामा देहूसे डेढ़ कोसपर शेलारवाड़ीमें ही रहा करते थे। पीछे शिवाजीके सफेदपोश सिपाहियोंपर समर्थ रामदासकी धाक जमी, इसमें कोई सन्देह नहीं। पर इसके पूर्व मावलोंको धर्म, नीति, व्यवहारकी अमोघ शिक्षा तुकारामजीके हरि-कीर्तनोंसे प्राप्त हुई थी, इसे कोई अस्वीकार नहीं कर सकता। मनुष्यसमाज विराट् पुरुष है और विराट् बने हुए महात्माके सिवा उसे और कोई हिला-डुला नहीं सकता। यह ऐरे-गैरे नत्थू-खैरोंका काम नहीं है। कलिकालके प्रभावसे राष्ट्रपर धर्मग्लानिकी घटा बीच-बीचमें घिर आया करती है और ऐसे समय लोग शक्तिहीन, दुर्बल, कापुरुष-से बन जाते हैं, पर धर्मरक्षाके निमित्त जब महापुरुष अवतीर्ण होते हैं तब यह घटा छिन्न-भिन्न होकर नष्ट हो जाती है। महापुरुषोंके प्रभावसे राष्ट्रमें सब प्रकारके पुरुषार्थी पुरुष उत्पन्न होते हैं और राष्ट्रकी सर्वांगीण उन्नति होती है। समाजके लिये, इह-परलोकमें संतोंके सिवा और कोई तारनेवाला नहीं। संतोंके नेतृत्व और कृपाशीर्वादके बिना राजकीय उद्योग ताशके पत्तोंका-सा खेल हो जाता है। उसका कोई मूल्य या महत्त्व नहीं। समर्थ रामदास स्वामीने भी तो यही कहा है कि 'पहिलें तें हरिकथा-निरूपण। दुसरें तें राजकारण' (पहले हरिभजन और तब राजशक्तिसाधन)।

साधु संतोंपर यह आक्षेप किया जाता है कि इन लोगोंने संसारको मिथ्या और नाशवान् कहा, इससे लोग अकर्मण्य बन गये। पर ऐसा आक्षेप करनेवालोंसे यह पूछना चाहिये कि क्या समर्थ रामदास स्वामीने संसारको सत्य और अविनाशी कहा है? यदि नहीं तो तुकाराम या अन्य संतोंने कौन-सी मिथ्या और विनाशकी बात कही? भगवान् श्रीकृष्णने भी तो यही कहा है कि, अनित्यमसुखं लोकमिमं प्राप्य भजस्व माम्॥ यह और शास्त्र क्या बतलाते हैं और अपना अनुभव भी आखिर क्या है यह भी तो देख लो। सच्चे देशभक्त श्रीशिवाजी महाराज संतोंके सेवक और बड़ोंको समझते थे और उनके चरणोंमें लीन रहते थे। राजशक्तिशासन यदि धर्म-विवेकको छोड़कर चलेगा तो दर-दर भटककर अन्तमें सिर पटककर रह जायगा। राजा भाग्यशीलोंके घरोंसे लाकर इलाया हानेके बाद जब पूज्य निराशा राष्ट्रको घेर लेती है तब राष्ट्र ईश्वर, धर्म और साधु-संतोंकी ओर झुकता है, तब उसे ठीक रास्ता मिलता है, सच्चा सात्त्विक प्रेम बन्धु-बान्धवोंका ऐक्य और आत्मरक्षिका तेज तथा धर्मका बल प्राप्त होता है और राष्ट्र अपने उद्योगमें यशस्वी होता है। जब समाज धर्म कर्म-रहित विवेकहीन और मूढ़ बन जाता है तब उसमें सर्वत्र गंदगी ही फैल जाती है सामान्य झाड़ू-बहारीसे वह नहीं धुल जाती उसके लिये मूसलधार वर्षाकी ही आवश्यकता होती है। ज्ञानेश्वर, एकनाथ तुकाराम और रामदास अपने मेघगर्जनसे सारे समाजको हिला डालते हैं। उनकी मेघवृष्टिसे समाजकी सारी गंदगी बह जाती है और कूएँ नदी, नाले पानीसे भर जाते हैं। पथरीली जमीनको छोड़कर शेष भूमि भीगती है और ऐसी उपजाऊ भूमिमेंसे शिवाजी-जैसे कुशल और समर्थ कृषक जाते बो अन्न उपजा लेते हैं और सम्पूर्ण राष्ट्र सुखी और समृद्ध आनन्द कनभुवन में परिणत हो जाता है। महाराष्ट्रकी ऐसी समृद्धि तुकारामजीके प्रयाणके पश्चात् बीस-बाईस वर्षके भीतर ही प्राप्त हुई। उस सुख-समृद्धिको

देखकर भूमिकी और उसे कमानेवालोंकी, खेतोंकी हरियालीकी, उस अन्नप्रचुरताकी तथा उसे भोगनेवालोंके सौभाग्यकी चाहे जितनी प्रशंसा कीजिये, वह उचित ही है और उसमें सभी सहमत हैं। पर प्रेमसे इतनी ही विनय और है कि उस आनन्दमें मेघके उपकारको न भूलें। हताश, परवश, धर्मशून्य बने हुए महाराष्ट्रमें उस मेघवृष्टिके होते ही दीन, दरिद्र दुखिया महाराष्ट्र 'आनन्दवनभुवन' हो गया। उस आनन्दवनभुवनका माहात्म्य हम श्रीसमर्थ रामदास स्वामीके ही मेघगर्जनसे सुनकर इस मेघसंघातको विनम्रभावसे वन्दन करें। श्रीशिवाजी महाराजके राज्याभिषेक-का परम मङ्गलमय शुभ कार्य सुसम्पन्न होनेके पश्चात् समर्थ रामदास स्वामीने बड़े आनन्दके साथ कहा—

'यह देश अब आनन्दवनभुवन बन गया। स्नान-सन्ध्या, जप-तप, अनुष्ठानके लिये पवित्र उदककी अब कोई कमी न रही। जो लिखा सो ही हुआ, बड़ा आनन्द हो गया, अब प्रेम इस आनन्दवनभुवनमें दिन दूना, रात चौगुना बढता जायगा। पाखण्ड और विद्रोहका अन्त हो गया, शुद्ध अध्यात्म बढा, राम ही कर्ता और राम ही भोक्ता इस आनन्दवनभुवनके हो गये। भगवान् और भक्त एक हो गये, सब जीवोंका मिलन हुआ और सब जीव इस आनन्दवनभुवनको पाकर सन्तुष्ट हुए। स्वर्गकी रामगङ्गा जहाँ आकर बहने लगीं, ऐसे इस आनन्दवनभुवन तीर्थ-की उपमा किस तीर्थसे दी जाय? स्वधर्मके मार्गमें जो विघ्न थे वे सब दूर हो गये। भगवान्ने स्वयं कितने ही कुटिल खल-कामियोंको उठाकर पटक दिया, कितनोंको मसल डाला और कितनोंको काट भी डाला। सभी पापी खतम हुए, हिन्दुस्थान दनदनाकर आगे बढा, अब आनन्द-वनभुवनमें भक्तोंकी जय और अभक्तोंकी क्षय हुई। भगवान्के द्रोही गल गये, भाग गये, मर गये, निकाल बाहर किये गये। पृथ्वी पावन हो गयी और जो आनन्दवनभुवन था वह आनन्दवनभुवन हो गया।'

तेरहवाँ अध्याय

चातक-मण्डल

पिपासाक्षामकण्ठेन याचितं चाम्बु पक्षिणा ।
नवमेघोज्झिता चास्य धारा निपतिता मुखे ॥

तुकारामजीके मुख्य शिष्य

तुकाराम महाराजने स्वयं गुरु बननेकी कभी इच्छा नहीं की। मेघवृष्टि-से उपदेश किया करते थे। तथापि मेघकी ओर अनन्यगतिक होकर देखनेवाले चातक नारायणकी सृष्टिमें उत्पन्न हुआ ही करते हैं। इसमें मेघकी इच्छा-अनिच्छाकी कोई बात नहीं। तुकारामजीका कीर्तन सहस्रों श्रोता सुना करते थे सुनकर सुखी होते थे और फिर तुरंत अपने पुराने अभ्यासको छोड़ भी जाते थे। परन्तु इनमें अनेक ऐसे भी थे जिन्होंने मन वचन कर्मसे तुकारामजीका अनुसरण भी किया। ऐसे बड़भागी जीवोंके पावन नामों और उनके पुण्य चरित्रोंका इस अध्यायमें वर्णन करें।

देहू ग्राममें एक पुराने ग्रंथमें तुकारामजीके प्रधान-प्रधान शिष्योंके नाम एक साथ लिखे हुए मिले हैं—१–निळोबाराय पिंपळनेरकर २–रामेश्वर भट्ट वाघोलीकर, ३–गङ्गाराम मवाळ कडूसकर, ४–महादजी

पन्त कुळकर्णी देहूकर, ५-कोंडो पन्त लोंढोकरे, ६-मालजी गाडे येलेवाडीकर, ७-गवर शेटवाणी सुदुम्रेकर, ८-मल्हार पन्त कुलकर्णी चिखलीकर, ९-आबाजी पन्त लोहगाँवकर, १०-कान्होबा बन्धु देहूकर, ११-सन्ताजी जगनाडे तळेगाँवकर, १२-कोंड पाटील लोहगाँवकर, १३-नावजी माळी लोहगाँवकर और १४-शिवबा कासार लोहगाँवकर।

ये चौदह नाम हैं। इनमें सबसे पहला नाम निलोबाराय (या निलाजी राय) का है। यह नामोल्लेख इसलिये नहीं हुआ है कि तुकारामजीके साथ करताल बजानेवालोंमें यह रहे हों बल्कि इसलिये हुआ है कि तुकारामजीके शिष्योंमें यही सबसे बढकर हुए। इन १४ शिष्योंमें ७ ब्राह्मण थे और ७ अन्य वर्णोंके। यह जो कभी-कभी सुननेमें आता है कि 'ब्राह्मणोंने तुकारामजीको सताया' सो ब्राह्मणशिष्योंके इन नामोंसे व्यर्थ-सा ही जान पड़ता है। यह भेद-भाव वारकरी-सम्प्रदायमें तो कभी था ही नहीं। तुकारामजीकी छत्रछायामें सभी शिष्य भगवत्कथामृत-पानमें ही मस्त रहते थे और उनका परस्पर प्रेम भी अवर्णनीय था। निळाजीको छोड़ शेष तेरह शिष्य पूना प्रान्तके ही अधिवासी और देहूकी पञ्चक्रोशीके ही भीतरके थे। कान्होबा बन्धु और मालजी गाडे जँवाई तो घरके ही आदमी थे। इन चौदह शिष्योंके अतिरिक्त कचेश्वर ब्रह्मे तथा बहिणाबाईका हाल इधर दस वर्षोंके अंदर ही मालूम हुआ है, इसलिये इस अध्यायमें इनका भी समावेश होना चाहिये। पहले तेरह शिष्योंकी वार्ता सुनें। तेरहमें चार लोहगाँवके हैं। लोहगाँवमें तुकारामजीका ननिहाल था और वहाँके लोग तुकारामजीको बहुत प्यार भी करते थे इसलिये पहले तेरह शिष्योंका परिचय प्राप्तकर पीछे लोहगाँवको चलेंगे। और इसके बाद कचेश्वर और बहिणाबाईके दर्शन करेंगे और अन्तमें निलाजी रायका चरित्र देखेंगे। इन सोलह शिष्योंमेंसे निलाजी राय, कान्हजी और बहिणाबाईके अभंग मौजूद हैं, रामेश्वर भट्टके भी चार अभंग और दो आरतियाँ हैं।

१ महादजी पन्त

यह देहूके ज्योतिषी कुलकर्णी थे, तुकारामजीके आरम्भसे ही परम भक्त थे। तुकारामजीके घरानेके साथ इनके घरानेका स्नेह पहलेहीसे चला आता था। तुकाराम महाराजके गृहस्थाश्रमकी चिन्ता इन्हींको अधिक रहती थी। जिजाबाईको समय-समयपर अन्नादि और द्रव्यादि देकर यह उनकी मदद करते थे उनकी खबर रखते थे और आपत्ति-कालमें सहाय होते थे। महादजी पन्तका यह सारा व्यवहार घरके बड़े-बूढ़ोंका-सा था। इन्द्रायणीके तटपर जहाँ देवोंकी अनेक मूर्तियाँ एक साथ हैं वहाँ तुकारामजी भजन करते थे और भजनमें तल्लीन हो जाते थे। एक बार पड़ोसका एक किसान तुकारामजीको अपने खेतकी रखवालीके लिये बैठाकर किसी कामसे एक दूसरे गाँवमें गया। तुकारामजीको अपने तनकी सुधि तो रहती ही नहीं थी, भजनमें ही रमे रहते थे चिड़ियाँ आकर दाना चुगने लगतीं तो इन्हें तो उनमें नारायणकी मूर्तियाँ दिखायी देती थीं इससे पक्षी भी निश्चिन्त प्रसन्नताके साथ खेत चुग जाते थे हाथ जोड़े ही बैठे रहते। वह किसान इस रखवालीके बदले आधा मन अनाज देनेकी बात तुकारामजीसे कह गया था पर वह जब लौटकर आया तो सब बाल खाली एकमें भी दाना नहीं। मारे क्रोधके हाथ-पैर पटकता हुआ वह पञ्चोंके पास गया। पर पञ्च जब देखनेके लिये खेतपर आये तब सारा दृश्य ही उलट गया। जहाँ एक भी दाना नहीं था वहाँ दो सौ मन अनाज निकला। पञ्चोंने सौ मन अनाज तुकारामजीको दिलाया। पर तुकारामजीने आधे मनसे अधिक लेना अस्वीकार किया। तब लोगोंके कहनेसे महादजी पन्तने उस अन्न राशिको अपने घरमें रखवा लिया और श्रीविठ्ठल-मन्दिरके जीर्णोद्धारके काममें उसे सचाईके साथ खर्च किया।

२ गङ्गाराम मवाल

यह तुकारामजीके कीर्तनमें ध्रुपद अलापते थे। तुकारामजीके यही

पहले ध्रुवपदी थे। यही तुकारामजीके एक मुख्य लेखक भी थे। प्रधान लेखक दो थे, एक यह और दूसरे सन्ताजी तेली चाकणकर। गङ्गाराम मवाल वत्सगोत्री यजुर्वेदी ब्राह्मण थे और दाभाडेतले गाँवमें रहते थे। इनके पिताका नाम नाभाजी था। यह सराफीका काम करते थे, और सम्पन्न थे। स्वभावसे बड़े सात्त्विक, शान्त, सहिष्णु और प्रेमी थे। इनका कुल नाम महाजन था। इनके मृदु सौम्य स्वभावके कारण तुकारामजी इन्हें विनोदसे 'मवाल' (नरम) कहा करते थे। गोपालबुवाने इनके अन्तःकरणको 'मोमसे भी मुलायम' कहकर इनका वर्णन किया है, गङ्गारामजीकी तरह ही सन्ताजी तेलीका भी स्वभाव था। स्वभाव दोनोंका मिलता था, इससे दोनों एक दूसरेके बड़े प्रेमी भी थे। ऐसे प्रेमी, ऐसे नैष्ठिक और ऐसे दुराशारहित ध्रुवपदिये—प्रेममें मस्त होकर नाचनेवाले मञ्जुल स्वरसे स्वर-में-स्वर मिलानेवाले और तन-मनसे तुकारामजीका अनुगमन करनेवाले, तुकारामजीके पीछे खड़े रहकर उनके भजनकी टेक या स्थायी पद गानेवाले ध्रुवपदिये—थे, इससे तुकारामजीके कीर्तनमें रगदेवता नाच उठते थे और श्रोताओंपर बड़ा अद्भुत प्रभाव पड़ता था, इन गङ्गाराम नरमके वंशज आज भी पूना और कड्डूसमें मौजूद हैं। पहले-पहल तुकारामजीसे इनका साक्षात् भामनाथ पर्वतपर हुआ। गङ्गाराम नरम अपनी खोयी हुई भैंसको ढूँढते-ढूँढते वहाँ पहुँचे थे। तुकारामजी उस समय भजनके आनन्दमें थे। इन्हें देखकर उनके मुँहसे एक बात निकल गयी। उन्होंने कहा, 'जाओ, घर लौट जाओ, भैंस तो तुम्हारे घरमें ही बँधी है।' यह लौटे, घर पहुँचकर देखते हैं कि सचमुच ही भैंस बँधी खड़ी है। चार दिनसे उसका पता नहीं था, ढूँढते-ढूँढते गङ्गाराम हैरान हो गये, आज वह भैंस आप ही लौट आयी। गङ्गारामने इसे उस साधुके वचनका ही प्रभाव जाना। उनका यह ज्ञान अन्यथा भी नहीं था। कारण, साधुओंके सहज वचनोंमें ऐसी ही क्रियासिद्धि होती है। गङ्गारामने दूसरे ही दिन उत्तम भोजन तैयार कराया

१ महादजी पन्त

यह देहूके ज्योतिषी कुलकर्णी थे, तुकारामजीके आरम्भसे ही परम भक्त थे। तुकारामजीके घरानेके साथ इनके घरानेका स्नेह पहलेहीसे चला आता था। तुकाराम महाराजके परिवारकी चिन्ता इन्हींको अधिक रहती थी, जिजाबाईको समय-समयपर धनादि और द्रव्यादि देकर यह उनकी मदद करते थे उनकी खबर रखते थे और आपत्ति-कालमें सहाय होते थे। महादजी पन्तका यह सारा व्यवहार घरके बड़े-बूढ़ोंका-सा था। इन्द्रायणीके तटपर जहाँ देवीकी अनेक मूर्तियाँ एक साथ हैं, वहाँ तुकारामजी भजन करते थे और भजनमें तल्लीन हो जाते थे। एक बार पड़ोसका एक किसान तुकारामजीको अपने खेतकी रखवालीके लिये बैठाकर किसी कामसे एक दूसरे गाँवमें गया। तुकारामजीको अपने तनकी सुधि तो रहती ही नहीं थी, भजनमें ही रमे रहते थे चिड़ियाँ आकर दाना चुगने लगतीं तो इन्हें तो उनमें नारायणकी मूर्तियाँ दिखायी देती थीं इससे पक्षी भी निश्चिन्त प्रसन्नताके साथ खेत चुग जाते थे ये हाथ जोड़े ही बैठे रहते। यह किसान इस रखवालीके बदले आधा मन अनाज देनेकी बात तुकारामजीसे कह गया था, पर यह जब लौटकर आया तो सब साफ खाली एक कण भी दाना नहीं। मारे क्रोधके हाथ-पैर पटकता हुआ वह पञ्चोंके पास गया। पर पञ्च जब देखनेके लिये खेतपर आये तब सारा दृश्य ही उलट गया। जहाँ एक भी दाना नहीं था वहाँ दो सौ मन अनाज निकला। पञ्चोंने सौ मन अनाज तुकारामजीको दिलाया। पर तुकारामजीने आधे मनसे अधिक लेना अस्वीकार किया। तब लोगोंके कहनेसे महादजी पन्तने उस अन्न राशिको अपने घरमें रख लिया और श्रीविठ्ठल-मन्दिरके जीर्णोद्धार कार्यमें उसे व्याजके साथ खर्च किया।

२ गङ्गाराम मवाल

यह तुकारामजीके कीर्तनमें ध्रुवपद अलापते थे। तुकारामजीके यही

पहले ध्रुवपदी थे। यही तुकारामजीके एक मुख्य लेखक भी थे। प्रधान लेखक दो थे, एक यह और दूसरे सन्ताजी तेली चाकणकर। गङ्गाराम मवाल वत्सगोत्री यजुर्वेदी ब्राह्मण थे और दाभाडेतले गाँवमें रहते थे। इनके पिताका नाम नाभाजी था। यह सराफीका काम करते थे, और सम्पन्न थे। स्वभावसे बड़े सात्त्विक, शान्त, सहिष्णु और प्रेमी थे। इनका कुल नाम महाजन था। इनके मृदु सौम्य स्वभावके कारण तुकारामजी इन्हें विनोदसे 'मवाल' (नरम) कहा करते थे। गोपालबुवाने इनके अन्तःकरणको 'मोमसे भी मुलायम' कहकर इनका वर्णन किया है, गङ्गारामजीकी तरह ही सन्ताजी तेलीका भी स्वभाव था। स्वभाव दोनोंका मिलता था, इससे दोनों एक दूसरेके बड़े प्रेमी भी थे। ऐसे प्रेमी, ऐसे नैष्ठिक और ऐसे दुराशारहित ध्रुवपदिये—प्रेममें मस्त होकर नाचनेवाले मञ्जुल स्वरसे स्वर-में-स्वर मिलानेवाले और तन-मनसे तुकारामजीका अनुगमन करनेवाले, तुकारामजीके पीछे खड़े रहकर उनके भजनकी टेक या स्थायी पद गानेवाले ध्रुवपदिये—थे, इससे तुकारामजीके कीर्तनमें रंगदेवता नाच उठते थे और श्रोताओंपर बड़ा अद्भुत प्रभाव पड़ता था, इन गङ्गाराम नरमके वंशज आज भी पूना और कडूसमें मौजूद हैं। पहले-पहल तुकारामजीसे इनका साक्षात् भामनाथ पर्वतपर हुआ। गङ्गाराम नरम अपनी खोयी हुई भैंसको ढूँढते-ढूँढते वहाँ पहुँचे थे। तुकारामजी उस समय भजनके आनन्दमें थे। इन्हें देखकर उनके मुँहसे एक बात निकल गयी। उन्होंने कहा, 'जाओ, घर लौट जाओ, भैंस तो तुम्हारे घरमें ही बँधी है।' यह लौटे, घर पहुँचकर देखते हैं कि सचमुच ही भैंस बँधी खड़ी है। चार दिनसे उसका पता नहीं था, ढूँढते-ढूँढते गङ्गाराम हैरान हो गये, आज वह भैंस आप ही लौट आयी। गङ्गारामने इसे उस साधुके वचनका ही प्रभाव जाना। उनका यह ज्ञान अन्यथा भी नहीं था। कारण, साधुओंके सहज वचनामें ऐसी ही क्रियासिद्धि होती है। गङ्गारामने दूसरे ही दिन उत्तम भोजन तैयार कराया

और एक थालमें पूरन-पूरी आदि सब पदार्थ सजाकर रखे और उस थालको सिरपर रखकर वह भामनाम पर्वतपर तुकारामजीके समीप ले गये । तुकारामजीके सामने थाल रखकर उनकी चरण-वन्दना की और भोजन पानेकी बड़ी दीनतासे विनती की । तुकारामजीने इनके निष्कपट स्नेहको जानकर भोजन किया । पर ऐसी उपाधि बढ़नेकी आशङ्कासे वह कुछ ही दिन बाद उस स्थानको छोड़कर भण्डारा पर्वतपर चले गये । गङ्गारामजीके चित्तपर तो तुकारामजीकी मूर्ति खिंच गयी । और वह भण्डारा पर्वतपर भी तुकारामजीके पास आने-जाने लगे । यह समागम अब इतना बढ़ा कि तुकारामजीके समीप दो आदमी सदा ही छाया-से रहने लगे—एक गङ्गाराम और दूसरे सन्ताजी । तुकारामजीकी सभाकी यह युगल-जोड़ी ही थी । तुकारामजीको माघ शुद्ध दशमीके दिन गुरूपदेश हुआ था । इस निमित्त तुकारामजीसे अनुमति लेकर गङ्गारामजी कडूसमें इस दिन आनन्दोत्सव मनाने लगे । यह उत्सव गङ्गारामजीके वंशज अभीतक बड़े ठाटके साथ पंद्रह दिनतक लगातार किया करते हैं । इन उत्सवके दिनोंमें उनके यहाँ अशौच या वृद्धि नहीं होती और किसी बच्चेको माता भी नहीं निकलती । अभीतक यही मान्यता चली आयी है और महाराष्ट्रीयजन इसे तुकारामजीका प्रसाद मानते हैं । गङ्गारामके पुत्रका नाम विठ्ठल था । इनके वंशमें रामकृष्ण नामके एक महात्मा भी हुए, जो परमहंस-वृत्तिसे पण्ढरपुरमें रहा करते थे ।

२ सन्ताजी तेली

इनका कुछ हाल पीछे ऊपर आ ही चुका है । यह चाकणके रहनेवाले, कुल-नाम इनका जगनाडे । इनके पुत्रका नाम बालाजी । इनके वंशज तळेगाँवमें मौजूद हैं । सन्ताजीके हाथकी लिखी हुई तुकारामजीके अभंगों-की बहियाँ तळेगावमें हैं । कहते हैं तुकारामजी और सन्ताजीके बीच यह शपथ-प्रतिज्ञा थी कि हम दोनोंमेंसे जिसकी मृत्यु पहले हो उसे जो जीवित

रहे वह मिट्टी दे। तुकारामजी तो मरे नहीं, अदृश्य हुए। उनके अदृश्य होनेके कई वर्ष बाद सन्ताजीका चोला छूटा। उनके घरके लोग उन्हें मिट्टी देने लगे पर कितनी भी मिट्टी दी तो भी सन्ताजीका मुँह मिट्टीसे नहीं तोपा जा सका, वह मिट्टीके ऊपर खुला ही रहा। किसी तरह मुँह नहीं तोपा गया, तब मध्यरात्रिके समय उस स्थानमें तुकारामजी स्वयं प्रकट हुए और उन्होंने अपने हाथसे मिट्टी दी, तब मिट्टी देनेका काम पूरा हुआ। उस अवसरपर सन्ताजीके पुत्र बालाजीको तुकारामजीने तेरह अभंग दिये। उसमेंसे एकका भाव इस प्रकार है—

'गौओंको चराते हुए मैंने जो वचन दिया था उससे मुझे एक तेलीके लिये आना पड़ा। तीन मुट्ठी मिट्टी देनेसे उसका मुँह मुँदा। (यह तो बाहरी बात है, असलमें) तुका कहता है, मैं इसे विष्णुलोकमें लिवा जानेके लिये आया हूँ।'

सन्ताजीकी समाधि भण्डारा पर्वतके नीचे सुदुम्बर नामक ग्राममें है।

४ गवर सेठ बनिया

यह कर्णाटकके लिङ्गायत बनिया सुदुम्बरमें रहते थे। बड़े सात्त्विक थे। तुकारामजीके महाप्रयाणके पश्चात् इनकी देह छूटी। मृत्युके पूर्व इन्होंने रामेश्वर भट्ट और कान्हजीको अपने समीप बुला लिया था और उनके मुखसे तुकारामजीके अभंग सुनते हुए इन्होंने देहत्याग किया। उस समय तुकारामजीके रूपकी ओर इनकी ऐसी लौ लग गयी थी कि अन्त समयमें तुकारामजी प्रकट हुए। इन्होंने अपने हाथसे तुकारामजीके ललाटमें चन्दन लेपन किया और गलेमें फूलोंका हार डाला। तुकारामजीको और किसीने नहीं देखा पर सबने अधरमें हार लटका हुआ देखा और तुकारामजीके नामकी जयध्वनि की, उसी ध्वनिमें मिलकर गबर सेठके प्राण चले गये।

५ मालजी

यह तुकारामजीके जँवाई याने उनकी कन्या भागीरथीके पति थे। पति-पत्नी दोनोंकी ही तुकारामजीपर बड़ी भक्ति थी। तुकारामजीने मालजी-को नित्य पाठके लिये गीताकी पोथी दी थी।

६ तुकामाई कान्हजी

तुकारामजीके भाई कान्हजी पहले तुकारामजीसे घर-बखरा बटाके अलग हो गये थे पर पीछे इनके ऊपरकर तुकारामजीका प्रभाव पड़ा और यह तुकारामजीकी शरणमें आकर शिष्य बने। यह तुकाभाई कहलाने लगे। तुकारामके अभंगोंकी गाथामें इनके भी अनेक उत्तम अभंग हैं। तुकारामजीके महाप्रयाणपर इन्होंने जो विलाप किया है और भगवान्को जो खरी-खोटी सुनायी है उस विषयके अभंग तो बड़े ही करुणारसपूर्ण हैं।

७ मल्हार पन्त चिखलीकर

यह भी तुकारामजीके बड़े नियमनिष्ठ भक्त थे और कीर्तनमें करताल बजाते थे।

८ कोंडो पन्त लोहोकर

यह भी भुवरद गाया करते थे। एक बार इन्होंने तुकारामजीपर अपनी यह इच्छा प्रकट की कि मैं काशीयात्राको जाना चाहता हूँ आपके अनेक धनी-मानी भक्त हैं, उनसे कुछ कह दीजियेगा तो मैं आरामसे पहुँच जाऊँगा। तुकारामजीने बात सुनी और अपने आसनके नीचेसे एक मोहर निकालकर उनके हाथपर रखी और कहा कि यह लो इसे भँजाकर जरूरी सामान लिया करो पर जो भी खर्च करो एक पैसा रोकड़ बचा रखो इससे उसी पैसेकी दूसरे दिन मोहर बन जाया करेगी। कोंडो पन्तने बड़े कुतूहलके साथ वह मोहर अपनी टेंटमें खोंसी और वहाँसे विदा

लेकर उसी दिन उसका चमत्कार आजमाया। पैसेकी अशर्फी बन जाती है, यह प्रत्यक्ष देखकर उनके कुतूहलका ठिकाना न रहा। तुकारामजीने उनसे यह कह रखा था कि यह बात और किसीसे न कहना। अस्तु। तुकारामजीने उनके साथ काशीमें तीन अभग भेजे थे। पहले अभगमें गङ्गाजीको माता कहकर पुकारा है और यह प्रार्थना की है—

(१)

'भगवति मात. ! मेरी विनती सुनो। आपके चरणोंमें मैं अपना मस्तक रखता हूँ। आप महादोषनिवारिणी भागीरथी सब तीर्थोंकी स्वामिनी हैं। जीवन्मुक्ति देनेवाली हैं, आपके तीरपर मरना मोक्षलाभ करना है, इहलोक और परलोक दोनोंके लिये आप सुख देनेवाली हैं। सतोंने जिसे पाला-पोसा वह श्रीविष्णुका दास तुका यह वचन-सुमन आपकी भेंट भेजता है।'

(२)

दूसरे अभगमें श्रीकाशीविश्वनाथसे प्रार्थना करते हैं—

'आप विश्वनाथ हैं, मैं दीन, रङ्क, अनाथ हूँ। मैं आपके पैरों गिरता हूँ, आप कृपा कीजिये, जितनी कृपा करेंगे वह थोड़ी ही होगी, क्योंकि मैं (आपकी कृपाका) बड़ा भुक्खड़ हूँ। आपके पास सब कुछ है और मेरा सन्तोष अल्पसे ही हो जाता है। तुका कहता है भगवन् ! मेरे लिये कुछ खानेको भेजिये।'

(३)

'विष्णु-पदमें अपने करोंसे पिण्डदान कर चुका हूँ। गयावर्णन मेरा हो चुका है। पितरोंके ऋणसे मैं मुक्त हो चुका हूँ। अब मैंने कर्मान्तर कर लिया है। हरिहरके नामसे बम-बम बजा चुका हूँ। तुका कहता है, मेरा सब बोझ अब उतर गया है।'

इन तीन अभंगोंमें भागीरथी, काशीविश्वेश्वर और विष्णुपदकी प्रार्थना की है। कोंडोजीने तुकारामजीसे मिली हुई सुवर्णमुद्रासे सम्पूर्ण यात्रा पूरी की। चातुर्मास्य उन्होंने काशीमें किया और तब लोहगाँवको लौट आये। तुकारामजीके चरणवन्दन किये और यात्राका सब हाल निवेदन किया। पर एक बात छूट गयी थी। उन्हें यह डर हुआ कि तुकारामजी अपनी सुवर्ण-मुद्रा कहीं वापस न माँग बैठें। इसलिये उन्होंने बड़ी समयसूचकताके साथ पहले ही कह दिया कि यात्रासे लौटते हुए सुवर्ण-मुद्रा जाने कहाँ खो गयी। तुकारामजीने कहा, तथास्तु। घर लौटकर कोंडोकी पत्नीने देखा कि दुपट्टेके छोरमें बाँधकर रखी हुई मुद्रा न जाने कहाँ गायब हो गयी। तुकारामजी-जैसे सर्वसमर्थ पुरुषसे ऐसा कपट किया, इस बातपर उन्होंने बड़ा पश्चात्ताप किया और तुकारामजीके चरणोंमें गिर उनसे अपना अपराध क्षमा कराया।

९ रामेश्वर भट्ट

रामेश्वर भट्ट तुकारामजीके विरोधी थे, पीछे उनके परम भक्त हुए, यह कथा पहले कही जा चुकी है। वाघोलीमें रामेश्वर भट्टके मारुति स्थापित हैं और बहुळ नामक स्थानमें स्वयं रामेश्वर भट्टके वंशज हैं। रामेश्वर भट्टके परदादा आनन्द भट्ट कर्णाटक प्रदेशमें बाराशी नामक स्थानमें रहते थे। वहाँसे यह पूनेमें आये और वहीं बस गये। इनके पूर्वज कर्णाटकी ही थे। इन्हींके समयसे यह घराना महाराष्ट्रीय हुआ है। आनन्द भट्टके पुत्र पाण्ड या पाण्ड भट्ट, पाण्ड भट्टके पुत्र मल्ल भट्ट और मल्ल भट्टके पुत्र रामेश्वर भट्ट हुए। रामेश्वर भट्टके पुत्र विठ्ठल भट्ट हुए। विठ्ठल भट्टका वंश बहुळ ग्राममें विद्यमान है। रामेश्वर भट्टके कुलमें वेदाध्ययन पूर्वपरम्परासे ही चला आता था। इन्होंने सम्पूर्ण वेद अपने पितासे ही पढ़े। यह रामके उपासक थे। जिस मूर्तिकी यह पूजा करते थे, वह मूर्ति बहुळ ग्राममें इनके वंशजोंके पास है। वाघोलीमें व्याघ्रेश्वर महादेवका स्थान

प्रसिद्ध है। रामेश्वर भट्टने यहाँ बड़ा अनुष्ठान किया था। घरकी श्रीराम-मूर्तिकी पूजा-अर्चा करके यह नित्य ही व्याघ्रेश्वरके मन्दिरमें आकर एकादण्णी (एकादश रुद्रपाठ) करते थे। इनके वंशज 'बहुलकर' कहलाते हैं और इनकी पैतृक ज्योतिषी वृत्तिके वाघोली, भावडी, बहुल, चिंचोली और शिंदेगह्वाण—ये पाँच गाँव अभीतक इनके अधिकारमे हैं। रामेश्वर भट्ट जब तुकारामजीके शिष्य हुए तबसे वारकरी मण्डलमे उनकी बड़ी प्रतिष्ठा हुई। तुकारामजीके पीछे कीर्तनमें यह झाँझ लेकर खड़े होते थे। दस-बारह वर्ष यह तुकारामजीके सत्सङ्गमें रहे, तुकारामजीने महाप्रस्थान किया तब यह देहूमें ही थे और कुछ झगड़ा पड़नेपर वहाँ इन्होंने ही शास्त्रीय व्यवस्था दी थी। इनकी समाधि वाघोलीमें है। बहुलकरोंके यहाँ मार्गशीर्ष शुक्ल १४ को इनकी तिथि मनायी जाती है।

१० शिवबा कासार

लोहगाँवमें तुकारामजीका ननिहाल था और लोहगाँवके लोग भी इन्हे बहुत चाहते थे, इससे लोहगाँवमें तुकारामजीका आना-जाना बराबर लगा रहता था। वहाँ तुकारामजीके कीर्तनका रग और भी गाढा रहता था। सारा लोहगाँव उनके कीर्तनपर टूट पड़ता था और आसपासके भी सैकड़ों लोग आ जाते थे। पर नहीं आता था शिवबा कासार, और केवल आता ही नहीं था सो नहीं, घर बैठे तुकारामजीकी खूब निन्दा भी किया करता था। वह जैसा दुष्ट, भ्रष्ट और कुटिल था, सब जानते थे। पर तुकारामजीका दयार्द्र अन्त.करण तो यही चाहता था कि कोई कैसा भी दुष्ट प्रकृतिका मनुष्य हो, वह कीर्तन-श्रवण करे, भक्तिगङ्गामें नहा ले और शुद्ध होकर तर जाय। लोगोंके बहुत कहने-सुननेपर वह एक दिन लोगोंकी बात रखनेके ही विचारसे कीर्तन सुनने आ ही तो गया। दूसरे दिन उसका मन कहने लगा कि चलो, जरा कीर्तन ही सुन आओ, फिर वही मन यह भी

कहा कि अरे, कहाँ जाते हो, कहाओ बखेड़ा; पर उसके पैर उसे घसीट ही लाये। तीसरे दिन कोई विघ्न नहीं पड़ा, अपनी ही इच्छासे आप ही बड़ी प्रसन्नताके साथ कीर्तन सुनने आया। इसके बाद तीन दिनतक उसकी उत्कण्ठा बढ़ती ही गयी। सातवें दिन तो वह तुकारामजीका भक्त ही बन गया। तुकारामजीके निर्मल हृदयकी कमाल-बानीका यह प्रसाद था जिसने सात दिनमें एक बड़े दुर्जनको सुधारकर भगवान्‌का प्रेमी बना दिया। तुकारामजीने कहा है कि सन्त दुर्जनको निर्मल सुजन बना देंगे। गधेको घोड़ा बनाकर दिखा देंगे। शिवबा कासारको सचमुच ही उन्होंने कुछ-का-कुछ बनाकर दिखाया—यह पत्थरको ही पिघलानेका-सा काम था। तुकारामजीके सङ्गसे शिवबाका रूपान्तर हो गया। उसकी स्त्री अपने पतिका नया रूप, रंग और ढंग देखकर बहुत घबड़ायी। उसके जो पतिदेवता नित्य दाम पैदा। दाम पैदा करते हुए पैसेके लिये जाने क्या-क्या काण्ड कर डालते थे वे अब विरक्त। विरक्त। भजन और आँख मूँदकर बैठ रहने लगे। भजन यह कोई संसारियोंका काम है। संसारमें आपद उस स्त्रीको तुकारामजीपर बड़ा क्रोध आया। उसने तुकारामजीसे इसका बदला चुकानेका निश्चय किया और वह समयकी प्रतीक्षा करने लगी। एक दिन शिवबा तुकारामजीको बड़े प्रेम और सम्मानके साथ अपने घर लिवा गये। तुकारामजी जब स्नान करने बैठे तब इस कर्कशा ने जान-बूझकर उनके बदनपर अदहनका उबलता हुआ पानी डाल दिया। उससे शरीरकी क्या हालत हुई वह तुकारामजीके ही शब्दोंमें सुनिये—

सारा शरीर जलने लगा है शरीरमें जैसे दावानल धधक रहा हो। अरे राम! हरे नारायण! शरीर-कान्ति जल उठी रोम-रोम जलने लगे ऐसा होलिकादहन सहन नहीं होता बुझाये नहीं बुझता। शरीर फटकर जैसे दो टुकड़े हुआ जाता हो मेरे माता-पिता केशव! दौड़ आओ मेरे हृदयको क्या देखते हो? जल लेकर वेगसे दौड़े आओ। यहाँ और

किसीकी कुछ नहीं चलेगी । तुका कहता है, तुम मेरी जननी हो, ऐसा सङ्कट पड़नेपर तुम्हारे सिवा और कौन बचा सकता है ?''

फूलसे भी कोमल जिनका चित्त होता है, उन परोपकाररत महात्माओं-के साथ नीच लोग जब ऐसी नीचता करते हैं, तब थोड़ी देरके लिये तो इस ससारसे अत्यन्त घृणा हो जाती है और जी यह चाहता है कि यहाँसे उठ चलो । उस चुड़ैलने उन करुणानिधिके कोमल अङ्गोंपर उबलता हुआ पानी छोड़ा, इन शब्दोंको सुनते ही बदन जल उठता है । तुकारामजी शिवबाकी स्त्रीपर जरा भी क्रुद्ध नहीं हुए पर भगवान्‌का उसपर कोप हुआ । उसके शरीरपर कोढ फूट निकला । उसकी व्यथासे वह छटपटाने लगी । रामेश्वर भट्टके कहनेसे तुकारामजीको स्नान कराना सोचा गया था । दैवी लीला कुछ विचित्र ही होती है । तुकारामजीके इस स्नानसे जो मिट्टी भीगी वही मिट्टी शिवबाने अपनी स्त्रीके सारे शरीरमें मल दी । इससे वह महारोग दूर हो गया । उसके भी भाग्योदयका समय आया । उसने बड़ा पश्चात्ताप किया, बिलख बिलखकर खूब रोयी, तुकारामजीके चरणोंपर गिरी, तुकारामजीने उसे आश्वासन देकर शान्त किया । शेष जीवन उसका अपने पतिके साथ 'श्रीराम कृष्ण हरि विठ्ठल' भजनमें बड़े सुखसे बीता ।

११ नावजी माली

यह भी लोहगाँवके रहनेवाले थे । तुकारामजीके बड़े भक्त थे, सुगन्धित पुष्पोंकी मालाएँ बड़े प्रेमसे गूँथ-गूँथकर यह तुकारामजीको पहनाते थे । इस प्रकार उन्होंने अपनी कला ही तुकारामजीको अर्पण की थी । माला गूँथकर बेचना तो उनकी जीविका ही थी, पर वह अपनी जीविकाका बहुत-सा समय भगवत्प्रेममें लगाते थे—बड़े प्रेमसे श्रीविठ्ठलनाथ, श्रीतुकाराम और श्रीहरिकीर्तनके श्रोताओंके लिये

बड़े सुन्दर हार और गजरे तैयार कर ले आते थे और बारी-बारीसे सबको पहनाते थे। उन्होंने अपने बागमें बड़ी भक्तिसे तुलसीके बिरवे लगा रखे थे। नाना प्रकारके सुन्दर सुगन्धित फूलोंके पेड़ और पौधे भी लगा ही रखे थे। उनकी क्यारियोंमें घास निराते हुए, जल सींचते हुए, फूल तोड़ते हुए, माला गूँथते हुए यह श्रीविट्ठलका ध्यान करते हुए निरन्तर नाम स्मरण करते रहते थे। बड़े प्रेमसे भजन करते थे। इनके प्रेम-मधुर भजन और नृत्यको देखकर तुकारामजी इनसे बहुत ही प्रसन्न रहते थे। नावजी जब कीर्तनमें आ बैठते तब तुकाराम यही कहकर उनका स्वागत करते कि हमारे प्राण-विश्राम आ गये।

१२ अम्बाजी पन्त

यह लोहगाँवके पोथी कुलकर्णी थे। इन्होंने तुकारामजीकी चरण-सेवासे कृतार्थता लाभ की। यह एकाग्रचित्त होकर कथा सुनते थे। श्रोताओंमें ऐसी एकाग्रता और किसीकी नहीं होती थी। एक समयकी बात है कि लोहगाँवमें मध्यरात्रिमें यह तुकारामजीका कीर्तन सुनते हुए तल्लीन हो गये थे और उसी समय उनके घरपर उनके बच्चेका प्राणान्त हुआ। बच्चेकी माँ उस दुःखसे पागल-सी हो गयी। और बच्चेके मृतकको उठाकर कीर्तन-स्थानमें ले आयी; वहाँ मृतकको नीचे रखकर अपने पति और तुकारामको खूब खोटी-खरी सुनाने और प्रलाप करने लगी। उसके प्रलाप और विलापको देखते हुए तुकारामजीके मुखसे एक अभङ्ग निकला। इस अभङ्गमें तुकारामजीने भगवान्‌से प्रार्थना की—

हे नारायण! आपके लिये निष्प्राणको चैतन्य कर देना कौन-सी बड़ी बात है। हे स्वामिन्! पहलेके गीत हम क्या जानें। अब यहीं उन बातोंको प्रत्यक्ष करके क्यों न दिखा दें। हमारा भाग्योदय है जो आपकी शरणमें हैं आपके दास कहलाते हैं। तुका कहता है अपनी सामर्थ्य दिखाकर अब इन नेत्रोंको कृतार्थ कीजिये।

इसी प्रकार भगवान्से विनय करते और भगवान्का भजन करते एक प्रहर बीत गया, तब तुकारामजीके हृदयकी गुहार भगवान्को सुननी पड़ी और उस मृत बालकको प्राण-दान कर उठाना पड़ा। भक्तोंके चरित्रोंसे ऐसी-ऐसी अद्भुत घटनाएँ हो जाया करती हैं, पर इस विषयमें ध्यानमें रखनेकी बात यही है कि भक्तके चित्तमें यह भाव नहीं होता कि यह काम मैंने किया या मेरे कारण बना। ऐसा अभिमान उनके चित्तको दूरसे भी स्पर्श नहीं कर पाता। भक्त जब पूर्ण निरभिमान होता है और इसी ज्ञानमें लीन रहता है कि करने करानेवाले भगवान् हैं, तभी उनकी वाणी भी भगवान्की ही हो जाती है—जो कुछ भक्तके मुँहसे निकल जाता है, भगवान् उसे क्रियाफलपरिपूर्ण करते हैं।

१३ कोंड पाटील

तुकारामजी जब लोहगाँव जाते तब इन्हींके यहाँ ठहरते थे। यह ताल देनेमें बड़े प्रवीण थे। तुकारामजीके बड़े प्रिय थे।

लोहगाँव

शिवबा कासार, नावजी माली, अम्बाजी पन्त और कोंड पाटील—ये चारों शिष्य लोहगाँवके अधिवासी थे। तुकारामजी देहू और लोहगाँव, इन्हीं दो गाँवोंमें सबसे अधिक रहते थे, इन्हीं दो गाँवोंमें उनके स्वजन और प्रियजन अधिक थे। देहूमें तो उनका अपना घर ही था, और लोहगाँवमें उनका ननिहाल था। देहूसे भी अधिक लोहगाँवके लोग इन्हें चाहते थे। महीपति बाबा अपने भक्तलीलामृतमें कहते हैं—

'श्रीकृष्णका जन्म तो मथुरामें हुआ पर उनका असीम आनन्द गोकुलको ही मिला, वैसे ही श्रीतुकारामका सारा प्रेम लोहगाँववालोंने ही लूटा।'

वहाँका बड़ा भारी महारवाडा, वहाँके मालियों और चमारोंके पुराने मकान तथा गाँवका ढाँचा देखकर ऐसा जान पड़ता है कि तुकारामजीके समयमें यह कोई बहुत बड़ा कसबा रहा होगा। लोहगाँवसे पैदल रास्तेसे आलन्दी अढ़ाई कोस, देहू सात कोस और सासवड नौ कोस है। लोहगाँवमें कासार, मोढे, खादवे और माली पुराने अधिवासी हैं। कोंड पाटील खादवे, नावजी माली और शिवबा कासार (तुकारामजीके शिष्य) इसी लोहगाँवके थे। मालियोंमें भालेकर, घोरपडे, गरुड और नूकण—ये चार घर वेतनवाले हैं अर्थात् परम्परासे जीविकाके लिये जागीर पाये हुए हैं। · · गाँवमें तुकारामजीका मन्दिर है। इस मन्दिर-को छोड़ तुकारामजीका स्वतन्त्र मन्दिर और कहीं नहीं है। यह मन्दिर गुण्डोजी बाबाके शिष्य द्वारा बनवाया बताया जाता है। पुनवाडीकी ओरसे गाँवमें घुसते ही 'कासारविहीर' (बावली) आती है। यह बावली बहुत बड़ी और रमणीक है। बावलीकी पूर्व, पश्चिम और दक्षिण तीन दिशाओंमें बड़े-बड़े आले हैं और बावलीके भीतर ही चारों घाटोंमें इतनी बड़ी जगह है कि पचास पचास ब्राह्मण एक साथ बैठकर सन्ध्या-वन्दन कर सकते हैं। बावलीमें दक्षिण ओर एक शिलालेख खुदा हुआ है। यह शाके १५३४का है। शिलालेखपर तुलाका चिह्न बना है। मध्यका मुख्य लेख अच्छी तरह पढ़ा जाता है। अगल-बगलके अक्षर शिलाके कोन किनारे घिस जानेसे नहीं पढ़े जाते। इस शिला लेखसे यह जान पड़ता है कि संवत् १६६९में यह गाँव 'कसबा लोहगाँव' था।

यहाँके एक पट्टेमें यह लिखा हुआ मिला कि अमुक 'कान्होजी रायगढमें महाराजकी चाकरीमें था, वह मरनेके लिये गाँवमें आया।' इससे भी इस बातकी पुष्टि होती है कि तुकारामजीके हरिकीर्तनसे निनादित मावल प्रान्तसे ही शिवाजीकी शूरवीर सेना तैयार हुई।

१४ कचेश्वर ब्रह्मे

भारत इतिहास-संशोधक मण्डलके शाके १८३५ के वार्षिक विवरणमें श्री-पाण्डुरङ्ग पटवर्धनने कचेश्वर कविकी आत्मचरित्रात्मक १११ ओवियाँ कुछ अभङ्ग-पत्र और दो आरतियाँ प्रकाशित की हैं। आरतियाँ तो इससे पहले ही हमें मिल चुकी थीं। आत्मचरित्र नहीं मिला था, यह आत्मचरित्र बड़े महत्त्वका है। चाकणमें ब्रह्मे नामका वेदपाठी ब्राह्मणकुल प्रसिद्ध है। कचेश्वर इसी कुलमें उत्पन्न हुए। बचपनमें यह बड़े नटखट और ऊधमी थे। जीर्णपुर (वर्तमान जुन्नर) से श्रीक्षेत्रपुरतक आप गाथा गाते आये। पीछे, कचेश्वर कहते हैं, 'मुझे कुछ चमत्कार दिखायी दिया, जिससे मुझे गीतासे प्रेम हो गया। इसके बाद यह विष्णुसहस्रनामका भी पाठ करने लगे। एक बार किसीने उन्हें भोजनमें मिला विष खिला दिया उससे उन्हें दमा हो गया। किसीने बताया कि भण्डारा पर्वतपर तुकारामजीके अभङ्गोंका सप्ताह है, वहाँ जाओ और तुकारामजीके अभङ्ग पढ़ो इससे तुम्हारी बीमारी दूर हो जायगी। कचेश्वरको यह सलाह जँची और यह देहूमें आये। वहाँ—

भगवान्‌के दर्शन करके मन प्रसन्न हुआ। सन्तोंके मुखसे हरिकीर्तन सुना ऐसा जान पड़ा जैसे तुकारामजी स्वयं ही कीर्तन कर रहे हों और आनन्दसे झूम रहे हों। आँधीसे जैसे कदली हिलती है हरि-प्रेमसे तुकाराम वैसे ही डोल रहे थे। कचेश्वरको ऐसा प्रतीत हुआ कि तुकारामजी नृत्य करते-करते अब कहीं नीचे न गिर पड़ें इसलिये उन्होंने तुकारामजीको कन्धेका सहारा देकर उन्हें सँभाल-सा लिया। दूसरे दिन तुकारामजीकी आज्ञासे कचेश्वर स्वयं ही कीर्तन करने लगे। उनकी व्याधि दूर हो गयी। इनके पिताको यह बात पसंद नहीं थी कि कचेश्वर इस तरह सन्तोंके मेलेमें नाचा-गाया करें। कचेश्वर अपने आपमें नहीं थे भगवत्कथा और हरि नामसंकीर्तनके आगे वह किसीकी कुछ सुनते ही नहीं थे। पिताने आखिर

उन्हें घरसे निकाल दिया। यह निकल आये। कुछ समय बाद इन्हें अपनी जमीन-जायदाद मिली, योगक्षेमकी कुछ चिन्ता न रही, कथा कीर्तनमें समय व्यतीत करने लगे, चित्त परमार्थके परम रसका अधिकाधिक आस्वादन करने लगा। कचेश्वरकी कुछ कविताएँ भी प्रसिद्ध हैं। इन्होंने एक बार एक चमत्कार भी दिखाया था। शाके १६०७ में चाकणचौगसी गाँवोंमें अवर्षणके कारण बड़ा भयकर दुर्भिक्ष पड़ा, यज्ञादि अनेक अनुष्ठान किये गये पर इन्द्र भगवान् प्रसन्न नहीं हुए। तब सब लोगोंके कहनेसे कचेश्वरने वर्षाके लिये हरिकीर्तन किया। कचेश्वरके हरिकीर्तनके प्रतापसे मेघ घिर आये और जोरोंसे बरसने लगे, यह कथा प्रसिद्ध है, इस सम्बन्धके कागजपत्र भी अब प्रकाशित हो गये हैं। पर्जन्यके लिये कीर्तन करना स्वीकार करते हुए उन्होंने यह कहा था कि 'श्रीहनुमान्‌जीके मन्दिरमें आनन्दगिरि मठमें हरिकथाके लिये मण्डप खड़ा करो। श्रीहरिकी कथा-कीर्तन करेंगे, भगवान्‌को पुकारेंगे, उससे पर्जन्यवृष्टि अवश्य होगी।' कथा सकीर्तन आरम्भ हुआ, नाम सकीर्तन होने लगा और उसी क्षण वृष्टि आरम्भ हुई और दिन और रात २४ घटे इतने जोरोंकी मूसलाधार वृष्टि हुई कि लोग तृप्त हो गये और कहने लगे कि अब वृष्टि थम जाय तो अच्छा! इस प्रकार सब लोग बड़े सुखी हुए। इस कथाका समर्थक ऐतिहासिक प्रमाण भी मौजूद है। कचेश्वरके वशज पूना और सतारामें जागीरदार हैं।

१५ बहिणाबाई

तुकारामजीके शिष्यमण्डलमें बहिणाबाईका स्थान बहुत ऊँचा है। यह कई वर्ष देहूमें तुकारामजीके सत्सङ्गमें रहीं, उनके कीर्तन सुनती रहीं और उनकी कृपासे स्वानुभवसम्पन्न भी हुई। उन्होंने कुछ अभग आत्म-चरित्रात्मक और कुछ उपदेशात्मक रचे हैं। निलोबा राय तथा महीपति-बाबाके वचनोंकी बड़ी मान्यता है, पर एक तरहसे इनसे भी अधिक महत्त्व

बहिणाबाईके वचनोंका है। कारण बहिणाबाईने तुकारामजीके सम्बन्धमें जो कुछ लिखा है वह तुकारामजीको प्रत्यक्ष देखकर तथा उनके सत्सङ्गसे लाभ उठाकर अधिकारयुक्त वाणीसे लिखा है। बहिणाबाईके अभंगोंका संग्रह संवत् १९७० में तलाव गाँवके श्रीउमरखानने प्रकाशित किया था। पर मुझे इन अभंगोंकी अपनी हस्तलिखित प्रति बहिणाबाईके शिऊर (शिवपुर) ग्राममें बहिणाबाईके वंशज श्रीरामजीसे प्राप्त हो गयी है। इसी शिऊर गाँवमें बहिणाबाईकी तथा निळोबा रायके शिष्य शंकरस्वामीकी समाधि है। इनके वंशज भी इसी स्थानमें रहते हैं। बहिणाबाईका नाम तुकारामजीके शिष्योंके नामोंमें है और रामदास स्वामीके शिष्योंकी नामावलीमें भी है। इसलिये यथार्थ बहिणाबाई वारकरी थीं या रामदासी, या बहिणाबाई एक नहीं दो थीं यह एक विवाद ही था। पर शिऊरमें तीन दिन रहकर सब पोथियों और कागज-पत्रोंको देख लेनेपर यह निश्चय हुआ कि बहिणाबाई दो नहीं एक ही हैं। इन्होंने तुकारामजीसे दीक्षा ली थी और पीछे उत्तर वयसमें यह रामदासके सत्सङ्गमें रहीं। समर्थ रामदासने हनुमान्‌जीकी एक पारेषमात्र (बित्ताभर) मूर्ति दी थी। यह मूर्ति बहिणाबाईके राम-मन्दिरमें अभीतक है। बहिणाबाईपर कब कैसे तुकारामजीने अनुग्रह किया इसका वर्णन स्वयं बहिणाबाईने अपने अभंगोंमें किया है। बहिणाबाईके अभंगोंकी मूल हस्तलिखित प्रतिमें भी कई जगह ‘सद्गुरु तुकाराम समर्थ’ ‘श्रीतुकाराम रामतुका’ कहकर गुरुरूपमें श्रीतुकाराम महाराज तथा श्रीरामदास स्वामी दोनोंकी ही वन्दना की है।

बहिणाबाईका जन्म संवत् १६६९ में हुआ। वह बारह वर्षकी थीं तब स्वप्नमें तुकारामजीने उनपर अनुग्रह किया। इनके अभंग-संग्रहमें आत्मचरित्रके १२ निर्याणके १४ तथा भक्ति वैराग्य, ज्ञान और नाम विषयक पञ्चपदी त्रिगुण अनुवाद संत सद्गुरु ज्ञान मनोबोध प्रकरण

पतिव्रताधर्म प्रवृत्ति इत्यादि विषयोंपर अनेक अभंग हैं। निळोबा रायकी-सी ही इनकी वाणी प्रासादिक है। यह पूर्वजन्मकी योगभ्रष्टा थीं, पूर्व पुण्यके प्रतापसे उत्तम कुलमें जन्म ग्रहण कर इन्होंने तुकारामजीका अनुग्रह प्राप्त किया, रामदास स्वामीका भी सत्सङ्ग-लाभ किया और परम पदको प्राप्त हुईं। तुकारामजीका उनपर जो अनुग्रह हुआ उसी प्रसङ्गको यहाँ देखना है। कोल्हापुरमें जयराम स्वामीके कीर्तन हुआ करते थे। बहिणाबाई उस समय बालिका थीं। वह इन कीर्तनोंको सुना करती थीं। इन्हीं कीर्तनोंमें तुकारामजीके अभंग उन्होंने सुने और चित्तपर ये अभंग जम-से गये। उनके पुण्यसंस्कार-घटित मनपर उसी बालवयसमें तुकारामजीकी वाणी नृत्य करने लगी और तुकारामजीके दर्शनोंके लिये वह तरसने लगीं। बहिणाबाई स्वयं ही बतलाती हैं—

'तुकारामजीके प्रसिद्ध अद्वैत पदोंके पीछे चित्त उनके दर्शनोंके लिये छटपटाने लगा है। जिनके ऐसे दिव्य पद हैं वह यदि मुझे दर्शन देते तो हृदयको बड़ा सन्तोष होता। कथामें उनके पद सुनते-सुनते उन्हींकी ओर आँखें लग गयी हैं। हृदयमें तुकारामजीका ध्यान करती हूँ और उस ध्यानका घर बनाकर उसके भीतर रहती हूँ। बहिन कहती है, मेरे सहोदर सद्गुरु तुकाराम जब मुझे मिलेंगे तो अपार सुख होगा।'

* * *

'मछली जैसे जलके बिना छटपटाती है वैसे मैं तुकारामके बिना छटपटा रही हूँ। जो कोई अन्तःसाक्षी होगा वही अनुभवसे इस बातको समझेगा। सञ्चितको दग्ध कर डाले, ऐसा सद्गुरुके बिना और कौन हो सकता है? बहिन कहती है, मेरा जी निकला जाता है, तुकाराम! तुझे क्यों दया नहीं आती?'

आर्त चातककी दशापर करुणाघनको भला दया कैसे न आवेगी? सात दिन और सात रात तुकारामजीका ही निरन्तर ध्यान था, और किसी

लोहोकरेसे भेंट हुई। कोंडाजीने इन सबको बड़े आग्रहके साथ अपने यहाँ भोजनके लिये बुलाया। इनसे उन्होंने कहा—

'यहाँ श्रीविठ्ठल मन्दिरमें नित्य हरि-कथा होती है। कथा स्वयं तुकारामजी करते हैं जो हम वैष्णवोंकी साक्षात् माता हैं। आपलोग यहीं रहिये, खाने-पीनेकी कुछ चिन्ता मत कीजिये, उसका प्रबन्ध हमलोग कर लेंगे। यह पुण्य भी हमें लाभ होगा। बहिन कहती है तब हमलोग तुकारामके लिये देहूमें रह गये।'

तुकारामजीके दर्शन, कीर्तन और सत्सङ्गका परम सुख लूटनेवाली महाभाग्यवती बहिणाबाई कहती हैं--

'मन्दिरमें सदा ही हरि कथा होती रहती है और मैं भी दिन-रात श्रवण करती हूँ। तुकारामजीकी कथा क्या होती है, वेदोंका अर्थ प्रकट होता है। उससे मेरा चित्त समाहित होता है। तुकारामजीका जो ध्यान पहले कोल्हापुरमें स्वप्नमें देखा था, वही ज्ञानमूर्ति यहाँ प्रत्यक्ष देखी। उससे नेत्रोंमें जैसे आनन्द नृत्य करने लगा हो। दिनमें या रातमें निद्रा तो एक क्षणके लिये भी नहीं आती कैसे आवे ? अब तो तुकाराम ही अंदर आकर बैठ गये हैं। बहिन कहती है कि आनन्द ऐसी हिलोरें मारता है कि मैं क्या कहूँ, जो कोई इसे जानता है, अनुभवसे ही जानता है।'

मम्बाजीकी कथा

बहिणाबाई तो इस प्रकार अन्य भक्तोंके साथ जिस समय तुकारामजीके दर्शन और उपदेशका आनन्द ले रही थीं उस समय गोस्वामी मम्बाजी बाबा क्या कर रहे हैं यह देखना अब जरूरी है। इस अध्यायमें हमलोगोंने तुकारामजीके भक्तोंको ही देखा कि वे तुकारामजीको कितना मानते और कैसे पूजते थे तथा उनसे कितना गाढा स्नेह रखते थे। पर इस मिष्टान्न-

भोजनके साथ कुछ खटाई भी तो होनी चाहिये, सुन्दर सुशोभित प्यारे मुखड़ेको नजर न लगने देनेके लिये एक काली बिन्दी भी तो होनी चाहिये। यदि ऐसा न हो तो यह संसार संसार ही न रह जायगा। इसलिये खटाईके रूप इन गोसाईंको, मम्बाजीरूप इस काली बिन्दीको भी जरा निहार लें। मम्बाजी गोसाईं तुकारामजीको मानो पीड़ा पहुँचानेके लिये ही पैदा हुए थे। तुकारामजी तो निष्काम भजन करते थे और मम्बाजीने खोल रखी थी परमार्थकी दूकान! तुकाराम भगवान्की भक्तिसे लोगोंके हृदय भरा करते थे और मम्बाजी लोगोंसे पैसा बटोरकर अपना घर भरते थे। पर इनके इस व्यवसायमें तुकारामजीके कारण बड़ी बाधा पड़ती थी। लोग तुकारामजी-की ओर ही झुकते उन्हींके जाकर पैर पकड़ते थे, यह देख मम्बाजी उनसे मन-ही-मन बहुत जलते थे, उनके नामसे चिढ़ते थे उनसे बड़ा द्वेष करते थे। तुकारामजीको इन बातोंका कुछ ख्याल ही नहीं था। 'वासुदेवः सर्वमिति' का अनुभव करनेवाले, भूतमात्रमें भूतभावन भगवान्को देखनेवाले सर्वभूतहितरत भगवद्भक्त महात्माके हृदयमें भगवान्के सिवा और किसी वस्तुके लिये अवकाश ही कहाँ! पर भगवान्का कौतुक देखिये कि अपने प्रियतम भक्तकी शान्तिका अलौकिक तेज दिखानेके लिये कहिये, या भक्त-की शान्तिकी परीक्षाके लिये कहिये उन्होंने एक कसौटी पैदा की जो तुकारामजीके घरके बिल्कुल बगलमें मम्बाजीको लाकर रखा। दुर्जनके बिना सज्जनका सौजन्य छिपा ही रह जाता है संसारपर उसका प्रकाश फैलने नहीं पाता।

'बुरे भलेको दिखा देते हैं, हीन उत्तमको बता देते हैं। तुका कहता है नीचोंसे ऊँचोंका पता लगता है।

मम्बाजीने तुकारामजीसे बैर ठाना। पर तुकारामजीकी भक्ति इतनी ऊपर उठी हुई थी कि वह निरन्तर [illegible] परम सुखासनपर ही विराजमान रहते थे। मम्बाजी तुकारामजीका कीर्तन सुनने आया करते थे

अवश्य ही द्वेषबुद्धिसे आया करते थे पर तुकारामजीको इससे क्या ? वह तो मम्बाजीपर प्रेमकी ही दृष्टि रखते थे। यदि किसी दिन मम्बाजी कीर्तनमें न आते तो तुकारामजी उनके लिये कीर्तन रोक रखते, उनकी प्रतीक्षा करते, उन्हें बुलानेके लिये किसीको भेज देते और उनके आनेपर उनका बड़ा स्वागत करते। पर 'औंधे घड़ेका पानी' किस कामका ? मम्बाजीपर कुछ भी असर न होता। वह अपने द्वेषको ही सुलगाते रहते। आखीर एक दिन मम्बाजीके द्वेषको भभक उठनेके लिये अच्छा अवसर मिला।

तुकारामजीके श्रीविठ्ठल-मन्दिरसे सटा हुआ-सा ही मम्बाजीका मकान था। उनके मकान और तुकारामजीके मन्दिरकी परिक्रमाके बीच रास्तेमें ही मम्बाजीने फूलोंके कुछ बिरवे लगा रखे थे और एक छोटा-सा बगीचा-सा ही तैयार किया था। उस बगीचेके चारों ओर काँटोंकी बाड़ लगा दी थी। एक दिनकी बात है कि तुकारामजीको उनके ससुर अप्पाजीसे मिली हुई भैंस बाड़को रौंदती हुई मम्बाजीके बागीचेके अदर घुस गयी। बस फिर क्या था! मम्बाजी तुकारामजीपर लगे गालियोंकी बौछार करने। परिक्रमाके रास्तेमें काँटे छितरा गये थे। दूसरे दिन एकादशीका दिन था, यात्रियोंकी उस दिन बड़ी भीड़ होती, परिक्रमा करते हुए उनके पैरोंमें कहीं काँटे न गड़ें, इसलिये तुकारामजीने स्वय ही अपने हाथों उन काँटोंको वहाँ-से हटाया और रास्ता साफ किया। पर उधर मम्बाजीके द्वेषको भभक उठनेका भी अच्छा रास्ता मिला। साँपपर भूलसे भी यदि पैर पड़ जाय तो वह जैसे काल-सा बनकर काट खानेको दौड़ता है वैसे ही मम्बाजी भी मारे क्रोधके दाँत पीसते हुए तुकारामजीपर टूट पड़े और उन्हीं काँटोंकी बाड़ोंसे उन्हें मारने लगे। मुँहसे गालियाँ बकते जाते थे और हाथसे बाड़ें मारते जाते थे। मारते-मारते तुकारामजीको अधमरा-सा कर डाला। तुकारामजीकी शान्तिकी परीक्षाका यही समय था और तुकारामजी इस परीक्षामें पूर्णरूपसे उत्तीर्ण हुए। तुकारामजीने मम्बाजीकी बेदम मार चुपचाप सह ली, मुँहसे

एक भी शब्द उन्होंने नहीं निकाला और कोई प्रतीकार भी नहीं किया। महीपतिबाबा कहते हैं कि मम्बाजीने तुकारामजीकी पीठपर दस-बीस मारें छोड़ीं। तुकारामजी शान्त रहे शान्तिसे इसकी फरियाद मन्दिरमें भगवान्‌के पास ले गये। उस अवसरपर उन्होंने जो अभंग कहे, उनमेंसे एकका भाव इस प्रकार है—

बड़ा अच्छा किया भगवन्! आपने बड़ा अच्छा किया जो समाधान मन्त्र देनेके लिये काँटोंकी बाड़ोंसे पिटवाया, गालियोंकी वर्षा करायी, लकड़ियोंसे ऐसी विडम्बना करायी और अन्तमें कोपसे पूजा भी किया।

काँटोंका रास्ता साफ करने कहा तो 'काँटोंसे ही कटवाया' इससे तुकारामजीका चित्त कुछ दुःखित तो हुआ पर भगवान्‌ने 'कोपसे जो पूजा किया' इसीका उन्हें बड़ा सन्तोष था। शिष्योंने बड़ी सावधानीके साथ एक-एक करके उनके बदनसे सब काँटे निकाले और उन्हें आरामसे सुला दिया। फिर जब कीर्तनका समय उपस्थित हुआ और मन्दिरमें कीर्तनकी तैयारी हो चुकी और तुकारामजीने देखा कि मम्बाजी अभीतक नहीं आये तब वह स्वयं उनके घर गये उन्हें साष्टाङ्ग प्रणाम किया और उनके पैर दबाते हुए पैरोंके पास बैठ गये। मम्बाजीके चित्तमें कुछ ऐसी कोर कसर उन्होंने नहीं रखी। सरल और विनम्र भावसे यही कहने लगे कि क्रोध तो ऐसा ही है। मैंने यहीं तो पीड़ा न पहुँचायी होती तो आपको भी क्षोभ न होता। मुझे बड़ा दुःख है कि आपके हाथ और बदन मेरे कारण दर्द कर रहे होंगे। यह कहकर आँखोंमें जल भरकर सिर नीचा करके वह उनके पैर दबाने लगे। तुकारामजीका यह विलक्षण शीलस्वभाव देखकर मम्बाजीका कठोर हृदय भी थोड़ी देरके लिये पसीज उठा। मन-ही-मन वह बहुत ही लज्जित हुए और तुकारामजीके साथ कीर्तनमें चले गये। तुकारामजीकी शान्ति, क्षमा और दयाने न जाने कितने लोगोंके हृदयोंमें अपना घर कर लिया।

मम्बाजीकी यह कथा बहुत प्रसिद्ध है। पर इतनेसे इनके क्रोधी और ईर्ष्यालु स्वभावका पूरा इलाज नहीं हो पाया। उनके ईर्ष्या-द्वेषकी आगकी लपटें बहिणाबाईके भी जा लगीं। बहिणाबाई अपने सब सामानके साथ इन्हींके यहाँ ठहरी थीं। मम्बाजीकी यह इच्छा थी कि ऐसी श्रद्धालु स्त्रियों को तो हमारे जैसे आचारवान गुरुओंसे ही दीक्षा लेनी चाहिये। बहिणाबाई-की समझ तो इतनी बड़ी नहीं थी, इसलिये यही उनके पीछे पड़े और कहने लगे कि, 'तुका शूद्र है, उसका कीर्तन सुनने मत जाया करो। शूद्रके भी कहीं ज्ञान होता है! हाँ, उपदेश तुम्हें लेना है, तो हमसे लो।' रोज-रोज यही बात सुनते सुनते बहिणाबाई थक गयीं और एक रोज उन्होंने मम्बाजीको कोरा जवाब सुना ही तो दिया कि, 'मैं उपदेश ले चुकी हूँ। अब मुझे उपदेशकी आवश्यकता नहीं है।' यह सुनते ही मम्बाजीके क्रोधकी आग भभक उठी। बहिणाबाईकी एक गौ थी, उसे इन्होंने पकड़कर बाँधा और बड़ी क्रूरतासे उसपर डडे चलाये। गौकी पीठपर जो डडे पड़े उनके चिह्न, लोगोंने तुकाराम महाराजकी पीठपर बने देखे। बहिणाबाई ऐसे-ऐसे अत्याचारोंसे बहुत ही तग आ गयीं। तब महादजी पन्तने उन्हें अपने घरमें टिकाया। यह सारा हाल बताकर बहिणाबाई आगे कहती हैं—

'तुकारामजीकी स्तुतिका पार कौन पा सकता है? तुकारामको इस कलियुगके प्रह्लाद समझो। अपने अन्तःकरणका साक्षी करके जो भी इनकी स्तुति करते हैं वे निजानन्दमें रमते हैं। बहिन कहती है, लोग उनकी तरह तरहसे स्तुति करते हैं। पर एक शब्दमें उनकी यथार्थ स्तुति यही है कि तुकाराम केवल पाण्डुरङ्ग थे।'

१६ निलाजी राय

पिंपल्नेरके निलोबा या निलाजी राय तुकारामजीके शिष्योंमें शिरोमणि हुए। प्राय सभी शिष्य भोले भाले, श्रद्धालु, प्रेमी और निष्ठावान् थे और

तुकारामजी सबसे अत्यधिक प्रेम करते थे। रामेश्वर भट्ट विद्वान् थे और कर्मकाण्डका अधिकार बड़ा था, पर तुकारामजीके उपदेशोंकी परम्परा जारी करनेवाले और त्रिभुवनमें उनका झण्डा फहरानेवाले जो एक शिष्य हुए वह थे निळोबा राय ही। तुकारामजीके तीन पुत्र थे, उनमें परमार्थके नाते नारायण बाबा अच्छे थे पर निळोबाके अधिकारको पानेवाला कोई भी न हुआ। इनका अधिकार तुकारामजीकी ही कृपाका फल था, इसमें सन्देह नहीं पर था यह अधिकार तुकारामजीके अधिकारकी बराबरीका ही। निळोबा रायका चरित्र, यह समझिये कि तुकाराम महाराजके ही चरित्रका नया संस्करण था। वारकरी सम्प्रदायके देवस्थानमें ये ही तो पाँच देवता हैं—ज्ञानेश्वर, नामदेव, एकनाथ, तुकाराम और निळोबा। यह पञ्चायतन सर्वमान्य और सर्वप्रिय है। उत्कट भगवत् प्रेम, प्रखर वैराग्य, अलौकिक ज्ञानभाग्य इत्यादि गुण निळोबामें अपने गुरु तुकारामके समान ही थे। लोकदृष्टिमें उनका आदर भी ऐसा ही था कि तुकोबा और निळोबा एक ही माने जाते थे और यह मान्यता समुचित भी थी। निळोबाकी गुरुसम्प्रदायका विवरण पहले आ ही चुका है। गुरु-कृपाके सम्बन्धमें निळोबा कहते हैं—

'परम कृपालु श्रीसद्गुरुनाथ तुकाराम स्वामी आये। उन्होंने अपना हाथ मेरे मस्तकपर रखा और प्रसाद देकर आनन्दित किया। मेरी बुद्धिको जगा दिया और गुणगान करनेकी स्फूर्ति प्रदान की। निळा कहता है, बोलता हुआ मैं दीखता हूँ पर यह वाचा उनकी है।'

अबतक निळोबाका कोई स्वतन्त्र चरित्र नहीं था। महीपतिबाबाने अपने भक्तविजय ग्रन्थ (अध्याय ५१) में इनकी दो-एक बातें कहकर अपने इन गुरुभाईको गौरवान्वित किया है। पर अब मुझे निळोबाके सम्पूर्ण प्रासादिक चरित्रकी हस्तलिखित पोथी उन्हींके वंशजोंसे मिल गयी है। इस लघुचरित्र में २ अध्याय हैं जिनमें सब मिलकर १४ ओवियाँ

हैं। इस चरित्र ग्रन्थसे यह पता चलता है कि निलाजी तुकारामजीके समकालीन नहीं थे, तुकारामजीको उन्होंने देखातक नहीं था। तुकारामजीके वैकुण्ठधाम सिधारनेके २५-३०वर्ष बाद सवत् १७३५ (शाके १६००) के लगभग तुकारामजीने उन्हें स्वप्नमें दर्शन दिये और उनपर अनुग्रह किया। पिंपल्नेर स्थान नगर जिलेके अदर पर पूना जिलेकी सरहदपर है। निलाजी पीछे यहीं आकर रहे, पर उनका जन्मस्थान वहाँसे कुछ दूर नैर्ऋत्य कोनेमे शिऊर नामसे प्रसिद्ध है। यह शिऊरके जोशी कुलकर्णी थे। इनके दादा गणेश पन्त और पिता मुकुन्द पन्त सुखी और सम्पन्न थे। ये ऋग्वेदी देशस्थ ब्राह्मण थे। धन-धान्यमे समृद्ध थे, गोठ गाय-बैलोंसे भरा था, अच्छी वृत्ति थी, सभी बातें अनुकूल थीं।

निलाजी जब १८ वर्षके हुए तभी प्रपञ्चका सारा भार उनपर आ पड़ा। इनकी स्त्री मैनाबाई बड़ी साध्वी, शीलवती और धर्माचरणमें पतिके सर्वथा अनुकूल थी। उनके साथ बड़े सुखसे इनका समय व्यतीत होता था। इन्हें जैसे वैराग्य प्राप्त हुआ, उसकी कथा बड़ी मनोरञ्जक है। इनका यह नित्यक्रम था कि प्रात काल स्नानादि करके यह श्रीरामलिङ्गका बड़ी भक्तिसे पूजन करते और उसके बाद कुलकर्णका काम देखते थे। एक बार ऐसा सयोग हुआ कि यह पूजामें बैठे थे और कचहरीमें इनकी बुलाहट हुई। इन्होंने कहला दिया कि 'अच्छा, आता हूँ।' पर पूजामेंसे बीचमें ही कैसे उठते? इस बीच चार बार चपरासी आ गया पर इनकी पूजा समाप्त नहीं हुई। तब आखिरको यह पकड़वा मँगाये गये। कचहरी पहुँचनेपर इन्होंने अपना हिसाब दिया और वहाँसे जो लौटे सो यही निश्चय करके बैठ गये कि अब इस चाकरीको अन्तिम नमस्कार है।

ज्ञानकी ओर दृष्टि करके विवेकसे अपने अदर देखा और कहने लगे, ऐसे ससारमें आग लगे, ऐसा प्रपञ्च जलकर भस्म हो जाय जो परमार्थमें बाधक होता है। यदि मैं स्वाधीन होता तो क्या देवतार्चनको ऐसे बीचमें

ही छोड़ देता ! धिक्कार है पराधीन होकर जीनेको ! खोटे काम करो, किसानोंको लूटो नीच बनकर दूसरोंका धन हरण करो और अपना और अपने कुटुम्ब-परिवारका पेट भरो, इससे अधिक अपमानजनक जीवन और कौन सा है ? धिक्कार है ऐसे जीवन का !!!

निम्बाजीने उसी दिन उस वृत्तिका त्याग किया और यह निश्चय कर लिया कि संसार दारिद्र्यको नष्ट करनेके लिये अब साधु-संतोंका संग करेंगे और परमार्थरूपी धन जोड़ेंगे। उन्हें अपने जीवनपर बड़ा अनुताप हुआ। अनुतापसे देह जलने लगी, कण्ठ भर आया और नेत्रोंसे अश्रुधारा बह चली। अपनी सहधर्मिणीपर अपना निश्चय प्रकट करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं तो अब भगवान्‌को ढूँढ़नेके लिये घर-बार छोड़कर जंगल ही जाऊँगा। पर मैं वन जाऊँ और तुम इसी मायामें छटपटाती हुई पड़ी रहो, यह मुझे कब पसन्द होने लगा ? इसलिये यदि तुम अखण्ड परमार्थ-सुख चाहती हो तो मेरे साथ चलो। मैनाबाई लज्जासे मुँह नीचा करके बोली, मैं मन, वचन कर्मसे आपके चरणोंकी दासी हूँ। आप आज्ञा करें और मैं उसका पालन करूँ यही तो मेरा धर्म है। माया-मोहके समुद्रमें मैं डूबी जा रही हूँ और आप अपने हाथका सहारा देकर मुझे उबार रहे हैं इससे बढ़कर सौभाग्य और मेरे लिये क्या होगा ? नाथ ! आपके बिना मैं यहां नहीं रह सकती ऐसे रहनेसे तो मर जाना अच्छा है। आप जहां भी जायँ, मैं बड़ी प्रसन्नतासे आपके पीछे-पीछे चलूँगी। ठाकुरजीके बिना मन्दिर, जलके बिना कमल बनकर मैं नहीं रहूँगी। दीप-ज्योतिके समान मेरा-आपका अटूट सम्बन्ध है।

यह सुनकर निम्बाजी बहुत प्रसन्न हुए और अपना घर-बार गाय-बैल सब दान करके सहधर्मिणीको संग लिये उन्होंने प्रस्थान किया। घूमते-फिरते पण्ढरीमें आये वहाँके अपार प्रेमानन्दमें दोनों ही तल्लीन-से हो गये। उस समय तुकारामजीकी कीर्ति सर्वत्र फैली हुई थी। तुकारामजीकी

महिमा जानकर ये पति-पत्नी आलन्दी होकर देहूमें आये। देहूमें उस समय तुकारामजीके पुत्र नारायणबाबा थे। उनके साथ निलाजीकी बड़ी घनिष्ठता हुई। नारायणबाबासे उन्होंने तुकारामजीका सम्पूर्ण चरित्र सुना। इससे तुकारामजीके चरणोंमें उनका चित्त स्थिर हो गया। कुछ काल वहाँ रहनेके बाद निलाजी पन्त और मैनावती तीर्थयात्रा करने आगे बढ़े। अनेक तीर्थोंमें भ्रमण किया। ज्ञानेश्वरी, नाथभागवत, तुकारामजीके अभंग आदिका श्रवण-मनन बराबर होता रहा। अन्तको उन्हें तुकाराम-जीका ऐसा ध्यान लगा कि—

तुका ध्यानमें और तुका ही मनमें
दीखे जनमें तुका, तुका ही बनमें।
ज्यों चातककी लगी रहे लौ घनमें
नीला रटता तुका! तुका! त्यों मनमें॥

तुकारामजीके दर्शनोंके लिये मन अत्यन्त व्याकुल हो उठा। बस, यही एक धुन लग गयी कि 'तुका! अपने चरण दिखाओ।' अन्तको उन्होंने अन्न-जल भी छोड़ दिया, धरना देकर बैठ गये, तब तुकारामने स्वप्नमें दर्शन दिये और उपदेश किया।

'तुकारामजीने उनके मस्तकपर हाथ रखा और उठाकर बैठाया। कहा, 'नीला! सावधान हो जा, भ्रान्तिसे बंद हुआ नेत्र अब खोल।' तुकारामजीने फिर मन्त्र दिया, उसके भालमें कस्तूरी-तिलक लगाया, अपने गलेकी तुलसीमाला उतारकर निलाके गलेमें डाली।'

तुकारामजीने निलाजीके गलेमें यह अपने सम्प्रदायकी ही माला डाल दी और यह आज्ञा की कि 'आबालवृद्ध नर-नारी सबको भक्तिपन्थमें लगाओ।'

ही छोड़ रखा ! धिक्कार है पराधीन होकर जीनेको ! खोटे श्रम करो, किसानोंको लूटो, नीच बनकर दूसरोंका धन हरण करो और अपना और अपने कुटुम्ब-परिवारका पेट भरो, इससे अधिक अपमानजनक जीवन और कौन-सा है ! धिक्कार है ऐसे जीवन का !!!

निळबाजीने उसी दिन उस वृत्तिका त्याग किया और यह निश्चय कर लिया कि संसार दारिद्र्यको नष्ट करनेके लिये अब साधु-संतोंका संग करेंगे और परमार्थरूपी धन जोड़ेंगे। उन्हें अपने जीवनपर बड़ा अनुताप हुआ। अनुतापसे देह जलने लगी, कण्ठ भर आया और नेत्रोंसे अश्रुधारा बह चली। अपनी सहधर्मिणीपर अपना निश्चय प्रकट करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं तो अब भगवान्को ढूँढ़नेके लिये घर-बार छोड़कर जंगल ही जाऊँगा। पर मैं वन जाऊँ और तुम इसी मायामें छटपटाती हुई पड़ी रहो यह मुझे कब पसन्द होने लगा ! इसलिये यदि तुम अखण्ड परमार्थ-सुख चाहती हो तो मेरे साथ चलो।' मैनावती लजासे मुँह नीचा करके बोली, 'मैं मन, वचन, कर्मसे आपके चरणोंकी दासी हूँ। आप आज्ञा करें और मैं उसका पालन करूँ, यही तो मेरा धर्म है। माया-मोहके समुद्रमें मैं डूबी जा रही हूँ और आप अपने हाथका सहारा देकर मुझे उबार रहे हैं, इससे बढ़कर सौभाग्य और मेरे लिये क्या होगा ! नाथ ! आपके बिना मैं यहाँ नहीं रह सकती, ऐसे रहनेसे तो मर जाना अच्छा है। आप जहाँ भी जायँ, मैं बड़ी प्रसन्नतासे आपके पीछे-पीछे चलूँगी। ठाकुरजीके बिना मन्दिर, जलके बिना कमल बनकर मैं नहीं रहूँगी। दीप-ज्योतिके समान मेरा-आपका अटूट सम्बन्ध है।'

यह सुनकर निळबाजी बहुत प्रसन्न हुए और अपना घर-बार, गाय-बैल सब दान करके सहधर्मिणीको साथ लिये उन्होंने प्रस्थान किया। घूमते-फिरते पण्ढरीमें आये। यहाँके अपार प्रेमानन्दमें दोनों ही तल्लीन-से हो गये। उस समय तुकारामजीकी कीर्ति सर्वत्र फैली हुई थी। तुकारामजीकी

महिमा जानकर ये पति-पत्नी आलन्दी होकर देहूमें आये। देहूमें उस समय तुकारामजीके पुत्र नारायणबाबा थे। उनके साथ निलाजीकी बड़ी घनिष्ठता हुई। नारायणबाबासे उन्होंने तुकारामजीका सम्पूर्ण चरित्र सुना। इससे तुकारामजीके चरणोंमें उनका चित्त स्थिर हो गया। कुछ काल वहाँ रहनेके बाद निलाजी पन्त और मैनावती तीर्थयात्रा करने आगे चले। अनेक तीर्थोंमें भ्रमण किया। ज्ञानेश्वरी, नाथभागवत, तुकारामजीके अभंग आदिका श्रवण मनन बराबर होता रहा। अन्तमें उन्हें तुकाराम-जीका ऐसा ध्यान लगा कि—

> तुका ध्यानमें और तुका ही मनमें
> दीखे जनमें तुका, तुका ही बनमें।
> ज्यों चातककी लगी रहे लौ घनमें
> नीला रटता तुका! तुका! त्यों मनमें॥

तुकारामजीके दर्शनोंके लिये मन अत्यन्त व्याकुल हो उठा। बस, यही एक धुन लग गयी कि 'तुका! अपने चरण दिखाओ।' अन्तको उन्होंने अन्न-जल भी छोड़ दिया, धरना देकर बैठ गये, तब तुकारामने स्वप्नमें दर्शन दिये और उपदेश किया।

'तुकारामजीने उनके मस्तकपर हाथ रखा और उठाकर बैठाया। कहा, 'नीला! सावधान हो जा, भ्रान्तिसे बंद हुआ नेत्र अब खोल।' तुकारामजीने फिर मन्त्र दिया, उनके भालमें कस्तूरी-तिलक लगाया, अपने गलेकी तुलसीमाला उतारकर निलाके गलेमें डाली।'

तुकारामजीने निलाजीके गलेमें यह अपने सम्प्रदायकी ही माला डाल दी और यह आज्ञा की कि 'आबालवृद्ध नर-नारी सबको भक्तिपन्थमें लगाओ।'

अपना संचित किया हुआ सब धन जैसे पिता अपने पुत्रको दे जाता है वैसे ही सद्गुरु (तुकाराम) ने अपना सम्पूर्ण आत्मज्ञान इन्हें दे डाला।

निळाजीपर तुकाराम पूर्ण प्रसन्न हुए। तुकाराम पण्ढरीकी जो वारी किया करते थे उसे निळाजीने जारी रखा। निळाजी हरिकीर्तन करने लगे, श्रोताओंपर उनका बड़ा प्रभाव पड़ा। उनकी प्रासादिक स्फूर्तिदायिनी वाणी श्रोताओंके हृदयोंको अपनी ओर खींच लेती थी। उनके मुँहसे धाराप्रवाह अभंग निकलने लगे। पाण्डुरङ्ग भगवान् पूर्ण प्रसन्न हुए। पिंपळनेरका पाटील उनके आशीर्वादसे रोगमुक्त हुआ तब बड़े सत्कारके साथ वह निळाजीको पिंपळनेर लिवा लाया और उनकी बड़ी सेवा करने लगा। निळाजी वहीं रहने लगे, उनका संकीर्तन-समाज खूब बढ़ा। उनका यश बढ़ानेवाले अनेक ऐसे चमत्कार हुए। निळाजीकी कन्याका जब विवाह हुआ तब उसकी सब सामग्री भगवान्ने स्वयं ही प्रस्तुत की। ऐसी-ऐसी अनेक अद्भुत घटनाएँ हुईं। नगरमें सतत दो मास कीर्तन होते रहे। नगरका यह कानून था कि दो पहर रात बीतनेपर कीर्तन समाप्त हो जाया करे। तदनुसार इनके कीर्तनके लिये भी नगरके कोतवालने यही हुक्म जारी करना चाहा। पर भगवान्का दरबार ठहरा। वहाँ मनुष्योंकी सुनवायी कब होने लगी! निळाजी कीर्तन कर रहे हैं दो पहरके बदले तीन पहर रात बीत जाती है तो भी कीर्तन बंद नहीं होता। तब कोतवाल सिपाहियोंके एक दलके साथ कीर्तन बंद करने खुद चला आया। आकर बैठा बैठते ही हरिका नाम और भक्तकी वाणी उसके कानोंमें पड़ी। संकीर्तनके प्रेमानन्दने उसके हृदयपर ऐसा अधिकार जमाया कि कोतवाल कीर्तन बंद करनेकी बात भूलकर वहीं जम गया और निळाजीके चरणोंमें गिरकर उनका शिष्य बना। निळाजी भी—

मूर्ति ठिगनी-सी थी वर्ण गोरा था नाक सरल थी, नेत्र बड़े-बड़े

थे। हृदय विशाल और कमर पतली थी। डील डौल सब तरहसे सुहावना था।'

गलेमे तुलसीकी माला पड़ी रहती, हाथमें फूलोंके गजरे होते। कीर्तनके लिये खड़े होते तब बड़े ही सुहावने लगते और कीर्तनरगमें ब्रह्मस्वरूप ही प्रतीत होते थे। कीर्तनकी शैली ऐसी सरल और सुबोध होती थी कि आबाल वृद्ध-वनिता तथा तेली-तमोलीतक सब अनायास ही समझ लेते और उससे लाभ उठाते थे। निलाजीका कीर्तन सुनने एक बनजारा आया था। यह बड़े ही क्रूर स्वभावका आदमी था पर निलाजीका कीर्तन सुनते सुनते इसे पश्चात्ताप हुआ और यह निलाजीकी शरणमें आया और वारकरी बन गया। निलाजी एक बार इसके अनुरोधसे इसके घरपर भी गये। इसने उनकी बड़ी सेवा की। पर इनकी स्त्रीने निलाजीको बहुत बुरा भला कहा, 'तुमलोग बड़े खोटे, कपटी और ढोंगी हो। मेरे पतिको फुसलाकर तो तुमलोगोंने मेरा सत्यानाश कर डाला। बड़े कुटिल, लोभी और पापी हो इत्यादि।' यह सुनकर निलाजी स्वामी उसके समीप दौड़े गये और उसके पैर पकड़ लिये और बोले, 'माता! तुम सच कहती हो, मैं ऐसा ही पतित हूँ, मन्दबुद्धि हूँ, तुमने बड़ा अच्छा उपदेश किया। अब मेरी समझमें आया। अब जननीके इन वचनोंको मैं हृदयमें धारण करूँगा।'

निलाजीका अधिकार महान् था, यह उनकी अभगवाणीसे भी स्पष्ट प्रतीत होता है। उनके वैराग्य, क्षमा, शान्ति और उपदेशपद्धतिने लोगोंके हृदयोंमें घर कर लिया। तुकारामजीके पश्चात् वारकरी भक्ति-पन्थका प्रचार जितना निलाजीने किया, उतना और कोई भी न कर सका। उन्होंने सचमुच ही सम्पूर्ण महाराष्ट्रपर भागवत-धर्मका झडा फहरा दिया।

१७ श्रीतुकाराम महाराजके पश्चात्

निळोबाके प्रधान शिष्य शिऊरके गर्भश्रीमान् यजुर्वेदी ब्राह्मण शङ्कर स्वामी थे, इनके परपोतेके पोते इस समय मौजूद हैं। इनका कुल-नाम खस था पुराने कमाविसदार थे, सरकारी काम करते थे। शंकर स्वामी जब पूनेमें थे तब निळोबाके साथ भाउजी और पण्ढरीकी यात्रा करते थे। इनपर जब निळोबाजीका पूर्ण प्रसाद हुआ तब यह शिऊरमें जाकर रहने लगे। शंकर स्वामीके शिष्य मल्लप्पा वासकर नामक एक लिंगायत वणिक् थे जो निजाम-राज्यमें माळवी नामक ग्राममें रहते थे। मल्लप्पा वासकरने ही पहले पहल वारकरी मण्डलकी एक नवीन शाखा निर्माण की और आषाढ़ी एकादशीके दिन ज्ञानेश्वर महाराजकी पालकी आळन्दीसे भजनसमारम्भके साथ पण्ढरपुर ले जानेकी प्रथा चलायी। तुकारामजीके पुत्र नारायणबाबाने छत्रपति शाहू महाराजसे पुरस्काररूप तीन गाँव प्राप्त किये। इनके पुत्र जागीरदारोंके ढंगसे रहने लगे। एक बार पण्ढरपुरमें मल्लप्पा कीर्तन कर रहे थे और वहाँ तुकारामजीके पोते गोपालबाबा पधारे। मल्लप्पाने उनकी चरण-वन्दना की और यह निवेदन किया कि श्रीहरिका कीर्तन करनेका अधिकार यथार्थमें आपका है। आपकी अनुपस्थितिमें मुझसे जैसा बन पड़ा मैंने कीर्तन किया, अब आप ही कीर्तन सुनाकर इन कानोंको पवित्र करें। कहते हैं कि उस समय गोपालबाबाके मुखसे दो अभंग भी शुद्धरूपमें नहीं निकले। इससे उनकी बड़ी नामोशी हुई और मल्लप्पाने खूब खरी-खरी सुनायी। गोपालबाबाके चित्तपर इसका बड़ा प्रभाव पड़ा। वह भण्डारा पर्वतपर १२ वर्ष रहे वहाँ उन्होंने तुकारामजीके अभंग ज्ञानेश्वरी आदिका अध्ययन किया और फिर कीर्तन भी करने लगे। उन्होंने वारकरी सम्प्रदायकी एक और शाखा निकाली। यह देहूकी शाखा हुई। तबसे वारकरी सम्प्रदायकी दो शाखाएँ चली आती हैं। तीसरी गुरुपरम्परासे चली आयी हुई शाखा

वासकरोंकी है, इसलिये यही विशेष मान्य है। विगत सौ-दो सौ वर्षके भीतर वारकरी सम्प्रदायमें अनेक महात्मा उत्पन्न हुए और सभी जातियोंमें हुए। संतोंके चरित्रलेखक और तुकारामजीके अनुगृहीत महीपतिबाबाका (संवत् १७७२—१८४७) विस्मरण भला कैसे हो सकता है ? सखाराम बाबा अम्मलनेरकर, बाबा अझरेकर, नारायण अप्पा, प्रह्लादबुवा बडवे, चातुर्मासे बोवा, त्र्यम्बक बुवा भिडे, हैबत राव बाबा, गङ्गु काका, गोदाजी पाटील, ठाकुर बोवा, भानुदास बोवा, भाऊ काटकर, सखरे बोवाके मूलगुरु केमकर बोवा, बाबा पाध्ये, ज्योतिपन्त महाभागवत, पूनेके खण्डोजी बोवा इत्यादि अनेक भक्त हुए जिनके नाम संस्मरणीय हैं। साखरे बोवा, विष्णु बोवा जोग, व्यङ्कट स्वामी प्रभृति लोगोंने भी वारकरी सम्प्रदायकी बड़ी सेवा की है। विगत छः सौ वर्षमें भागवतधर्म महाराष्ट्रमें अच्छी तरहसे व्याप्त हो गया है। कोल्हापुर, सतारा, सोलापुर नगर, पूना, नासिक, खानदेश, बरार, नागपुर और निजामराज्यके मराठा भाषा-भाषी सब स्थानोंमें ज्ञानेश्वर महाराज, नामदेव राय, एकनाथ-जनार्दन, तुकाराम महाराज और निलोबाराय तथा अनेक सत्पुरुष भागवतधर्मका प्रचार कर गये हैं। ज्ञानेश्वर महाराजने जिसकी नींव डाली, नामदेवने जिसका विस्तार किया, एकनाथने जिसपर भागवतका झंडा फहराया और अन्तमें तुकाराम महाराज जिसके शिखर बने, उस भागवतधर्मका अखण्ड और अभंग दिव्य भवन त्रिभुवनसुन्दर श्रीकृष्ण विट्ठलकी कृपा-छत्रछायामें आज भी अपने अति मनोहररूपमें खड़ा है। ऐसे इस भागवतधर्मकी निरन्तर जय हो !

चौदहवाँ अध्याय

तुकाराम महाराज और जिजामाई

स्त्री, पुत्र, घर-द्वार सब कुछ रहे, पर इनमें आसक्ति न हो। परमार्थ-युक्त साधनके द्वारा चित्तवृत्ति सदा सावधान बनी रहे।

—श्रीमद्भागवत ७ । १४

१ जिजामाईकी गिरस्ती

तुकारामजीकी प्रथम पत्नी रखमाबाई अकालमें ही कालकवलित हुईं और तबसे तुकारामजीकी घर-गिरस्ती क्या थी, यथार्थमें उनकी द्वितीय पत्नी जिजाबाईकी ही गिरस्ती थी। तुकारामजीकी आयुके १७ वर्ष भी पूरे नहीं हो पाये थे जब जिजाईके साथ उनका विवाह हुआ और महाराज जब वैकुण्ठ सिधारे तब जिजाईके पाँच महीनेका गर्भ था। इस तरह दोनोंका समागम २५ वर्ष रहा। इस बीच इनके अनेक सन्तान हुए और बड़ी तंग हालतमें जिजाईको दिन काटने पड़े। तुकारामजी अपने वयके २२ वें वर्ष संसारसे विरक्त हुए और संसारसे जो उन्होंने मुँह मोड़ा तो फिर कभी संसारसे उन्हें आसक्ति नहीं हुई।

लोकाचारके लिये वह ससारी बने थे पर कहते यही थे कि मेरा चित्त इस प्रपञ्चमें नहीं है, मेरे शरीरतककी मुझे सुध नहीं रहती। लोगोंसे आओ, विराजो कहकर लोकाचारका पालन करना भी, ऐसी अवस्थामें, उनसे कैसे बन सकता था ? एक अभगमे उन्होंने कहा है, 'मुझे अपने कपड़ोंकी सुध नहीं, मैं दूसरोंकी इच्छाका क्या ख्याल करूँ।'

उन्होंने अपना सब बहीखाता इन्द्रायणीके भेंट किया तबसे कभी उन्होंने धनको स्पर्शतक नहीं किया। इसलिये लोकदृष्टिसे उनकी अवस्था अच्छी नहीं थी। जिजाईके मात-पिता और भाई पूनेमें रहते थे और वे सम्पन्न भी थे। जिजाई शुरू-शुरूमें उनसे सहायता लेकर जहाँतक बन पड़ता था, तुकारामजीकी गिरस्ती सम्हाले रहती थीं। अपने भाईकी मध्यस्थतासे उन्होंने कई बार व्यापारके लिये तुकारामजीको रुपया दिलाया, कई बार तो स्वय भी तमस्सुक लिखकर महाजनोंसे रुपया लेकर तुकारामजीके हाथोंमें दिया। पर तुकारामजी ठहरे साधु पुरुष और ऐसे साधु पुरुषोंसे उचित-अनुचित लाभ उठानेवालोंकी इस ससारमें कोई कमी नहीं, इस कारण जो भी व्यापार उन्होंने किया उसीमें उन्हें नुकसान ही देना पड़ा और पीछे जब कान्हजी अपने भाईसे अलग हो गये तब तो जिजाईको गिरस्ती चलाना बड़ा ही कठिन हो गया। ऐसी दशामें जिजाईके सन्तान भी होते ही रहे। पतिदेव ऐसे कि कहींसे एक पैसा कमाकर लाना जानते नहीं और घरमें बाल-बच्चोंके लिये अन्नके लाले पड़े हुए थे। ऐसी विचित्र चिन्ताजनक दशा होनेके कारण जिजाईका स्वभाव चिड़चिड़ा और झगड़ालू हो गया हो तो कोई आश्चर्य नहीं। उनका यदि ऐसा स्वभाव न होता तो कदाचित् इस तरह बार-बार घरसे भण्डारा पर्वतकी ओर न उठ दौड़ते। और ससारका सारा भार अकेली जिजाईपर यदि न पड़ता और अन्न-वस्त्रके भी ऐसे लाले न पड़ते तो जिजाई भी कदाचित् ऐसे चिड़चिड़े मिजाजकी न बनतीं, पर 'क्या होता, क्या न होता' का

विचार तो गौण ही है 'क्या था या है' यही देखना मुख्य है। प्रारब्ध कहिये या ईश्वरका कौतुक कहिये तुकारामजी और जिजाईको सारा जीवन एक साथ ही रहकर व्यतीत करना पड़ा। पूरोक्त वस्त्रेषा साधु सुकराकी भी यही अरधांग थी। लोग कभी-कभी जिजाईका इसी स्त्रीकी उपमा देते हैं। परन्तु जिजाईमें अनेक उत्तम गुण भी थे और तुकारामजीका नित्य समागम होनेसे उनकी उत्तरोत्तर उन्नति हो रही थी। तुकारामजीके वैराग्य और सम्मार्गके लिये जिजाईका शह बड़ा उपयुक्त था। इसलिये यही कहना चाहिये कि भगवान्‌ने अच्छी ही जोड़ी मिलायी। इस जोड़ीके मिलानेमें 'अच्युत' कहानेवाले भगवान् च्युत हुए या चूक गये ऐसा तो नहीं कह सकते। समुद्रमें कोई काठ कहींसे बहता चला आया और कोई कहींसे और दोनों मिल जाते हैं और फिर अलग भी होकर भिन्न-भिन्न दिशाओंमें चले जाते हैं, ऐसा ही जीवोंका भी संयोग वियोग हुआ करता है। प्रत्येक जीवका प्रारब्धकर्म भिन्न है प्रत्येक अपने कर्मानुसार जीवदशा भोगता है, सुख-दुःख कोई किसीको दिया नहीं करता। यही यदि सत्यसिद्धान्त है और जीव स्वकर्मसूत्रमें बंधा हुआ है तो जिजाई और तुकारामजीके परस्पर समागम और सुख-दुःखका कारण भी उनका प्रारब्ध ही है। जिजाईके स्वभावमें कुछ कटुता थी और वह कटुता परिस्थितिसे और भी कटु हो गयी, यह बात सच है, पर उनका कोई ऐसा महान् पुण्यबल भी था जिससे उन्हें इस जन्ममें ऐसे महान् भगवद्भक्तका समागम प्राप्त हुआ और भगवान् धर्म और सन्तोंके पुण्यप्रद महात्म्यकारी सत्सङ्गका लाभ हुआ।

२ 'योगक्षेमं वहाम्यहम्'

भक्तोंका योगक्षेम भगवान् कैसे चलाते हैं, कैसे उनकी पत रखते और उनकी बात ऊपर रखते हैं, इसकी कुछ कथाएँ महीपतिबाबाने बड़े प्रेमसे वर्णन की हैं। एक बार तुकारामजीने क्या किया कि जिजाईकी साड़ी

किसी अनाथा स्त्रीको दे डाली और जिजाईके पास बस यही एक साड़ी थी जिसे वह कहीं आना-जाना हुआ या लोगोंके सामने निकलना हुआ तो पहना करती थीं। अब उनके पास ऐसी कोई साड़ी नहीं रह गयी। तन ढाकनेभरका कोई फटा-पुराना कपड़ा पहने रहने और उसी हालतमें लोगोंके सामने निकलनेकी नौबत आ गयी, तब भक्तवत्सल भगवान् पाण्डुरङ्गने स्वयं ही जरीका काम की हुई ओढनी उन्हें ओढा दी और उनकी लाज रखी।

तुकारामजीके प्रथम पुत्र महादेव पथरीकी बीमारीसे पीड़ित हुए। जिजाईने लाख उपाय किये पर किसीसे कोई लाभ नहीं हुआ। सब उपाय करके जब वे हार गयीं तब उन्हें उन्माद सा चढ आया और उसी अवस्थामें वे अपने बेटेको ले जाकर श्रीविट्ठलके पैरोंपर पटक देनेके विचारसे मन्दिरमें गयीं। मन्दिरमें प्रवेश करते ही बच्चेको पेशाब हुआ और बच्चा अच्छा हो गया।

एक घटना और बतलाते हैं। गिरस्तीका सारा जंजाल सम्हालते, सम्हालते जिजाईके नाकों दम आता था, फिर भी इसी हालतमें तुकाराम जीके लिये भोजन तैयार करके पर्वतपर ले जाना पड़ता था। यह आने-जानेका झंझट ऐसा लगा कि इसके मारे कभी-कभी उनके क्षोभका पारावार न रहता। एक दिनकी घटना है कि जिजाई इसी तरह रोटी और जल लिये पर्वतकी चढाई चढ रही थीं, बड़ी तेज धूप पड़ रही थी, पैर जल रहे थे, कंकड़ गड़ रहे थे, सारा शरीर झुलसा जा रहा था, सिरपर तो जैसे अंगारे बरस रहे थे, जिजाईके प्राण व्याकुल हो उठे, इसी हालतमें ऊपर चढते चढते उनके पैरके तलवेमें एक बड़ा-सा काँटा ऐसा भिदा कि भिद-कर पैरके ऊपर निकल आया। जिजा तलमला उठी और बेहोश होकर गिर पड़ी। जलपात्र हाथसे छूटा—जल धरतीपर गिरा और पैरसे बड़े वेगके साथ रक्तकी धारा बह निकली। कुछ काल बाद उन्हें होश आया,

अपने ही हाथसे काँटेको निकालना चाहा पर वह किसी तरह नहीं निकला। काँटेको निकालनेकी चेष्टामें लगी हैं। सोच रही हैं जिजाबाई करतूतको, रो रही हैं अपने ऐसे दुर्भाग्यको, कोस रही हैं अपने पिताको कि कैसे अच्छे पति ढूँढ दिये और सबसे अधिक दाँत पीस रही हैं उस कस्तूरेपर जिसका प्रेम पाकर तुकाजी लगे हैं और चाहती हैं किसी तरहसे यह काँटा तो निकल आवे। पर काँटा तो ऐसा मिला है कि किसी तरहसे निकलता ही नहीं। पैरसे रक्त निकल रहा है और जिजाईके मनोमय नेत्रोंके सामनेसे होकर अपने ऐसे पतिके साथ विवाह होनेके समयके दृश्य एक-एक करके गुजरते जा रहे हैं। वह सोच रही है, कैसे ठाट-बाटके साथ पिताने मुझे ब्याह दिया, भाईने किस उत्साह और धाम-धूमके साथ बरयात्रा करायी और तुम भी थे। मायकेमें बीते हुए सुखके वे दिन याद कर-करके तुकाजीके संग रहनेसे होनेवाले कष्टोंपर वह फूट-फूटकर रोने लगी। आँखोंसे दुःख अश्रुधारा निकल रही है और पैरसे रक्तधारा। इधर तुकारामजीके पेटमें भूखकी ज्वाला उठी और उधर उसकी लपट श्रीविठ्ठलनाथके हृदय-पर जा लगी। जिजाईके कष्टोंने भी वहाँ पहुँचकर दयामेघको जगाया। कारण ये सब एक पतिव्रताके स्वधर्म-निर्वाहके कष्ट थे। स्वधर्माचरण करनेवालोंपर भगवान् दया करते ही हैं। दयाके निधान श्रीपाण्डुरङ्ग भगवान् उस तपती धूपमें धूपकी जलन और काँटेकी चिलकसे तड़पती हुई जिजाईके सम्मुख प्रकट हुए। जिन्होंने जिजाईके सम्पूर्ण पापसमूहको स्वयं ही हर लिया था और इस कारण जिजाई जिन्हें अपने सुखका द्रोही जानकर ही भजती थीं वह नारायण भी वैसे भक्तके अधीन हो गये। श्रीविठ्ठलनाथजीकी यह श्याम सगुण आनन्दमूर्ति सम्मुख खड़ी देखकर क्या जिजाईको कुछ सन्तोष हुआ? नहीं, वहाँ तो क्रोधाग्नि और भी वेगसे भड़क उठी और जिजाई क्रोधके अंगारे बरसाने लगीं। कहने लगीं, "यही है वह काला-कलूटा जिसने मेरे पतिको पागल बना दिया। अरे ओ

निर्दयी ! तू अब भी पीछा नहीं छोड़ता ! क्या अब मेरे पीछे पड़ना चाहता है ? मेरे सामने अपना यह काला मुँह लेकर क्यों आया है ?' यह कहकर जिजाईने भगवान्‌की ओर पीठ फेर दी और दूसरी ओर मुँह करके बैठ गयी । जिजाईकी उस विलक्षण दृढ़ताको देखकर भगवान्‌के भी जीमें कुछ कौतुक करनेकी इच्छा हुई । वह लीलानटवर जिस ओर जिजाईने मुँह फेरा था उसी ओर सम्मुख होकर खड़े हुए । जिजाईने झुँझलाकर फिर मुँह फेर लिया, भगवान् वहाँ भी सम्मुख हो गये । आठों दिशाएँ जिजाई घूम गयीं, पर जिधर देखो उधर वही काले कृष्णकन्हैया जिजाईके छलैया खड़े हैं, इधर देखो तो वही, उधर देखो तो वही, ऊपर देखो तो वही, नीचे देखो तो वही, कहाँ किधर वह नहीं ? यह हालत जिजाईकी उस समय हो गयी !

रावण, कंस, शिशुपाल इत्यादिको जिन्होंने उनके भगवद्विद्वेषके कारण ही तारा उन लीलानटवर श्रीविठ्ठलने अपने परम भक्तकी सहधर्मिणी-के चारों ओर चक्कर लगाकर उसकी दृष्टि अपनी ओर खींच ली तो इसमें आश्चर्य ही क्या है ? किसी भी निमित्तसे हो भगवान्‌की ओर जहाँ चित्त लगा तहाँ जीवका सब काम बना । जिजाई जिस ओर दृष्टि डालतीं उसी ओर उन्हें श्रीकृष्ण दृष्टि आते । आखिर, उन्होंने अपने दोनों नेत्र दोनों हाथोंसे खूब कसकर बंद कर लिये, तब तो भगवान् अन्तरमें भी दिखायी देने लगे । पिता जिस प्रकार अपनी पुत्रीपर हाथ फेरे उसी प्रकार भगवान्‌ने जिजाईके अङ्गपर अपना कमलकर फिराया और जिजाईका पाँव अपनी पालथीपर रखकर ऐसी सुविधासे कि जिजाईको किञ्चित् भी वेदना नहीं प्रतीत हुई, वह काँटा चटसे निकाल लिया । तब जिजाई और उनके साथ-साथ भगवान् तुकारामजीके समीप गये । तुकारामजीने इन दोनोंको एक साथ जो देखा तो उन्हें रात्रि और दिवाकरके साथ ही साथ आनेका भान हुआ । तुकारामजीके साथ-साथ भगवान् और जिजाईने भी भोजन

किया । यहीं बैठे-बैठे भगवान्‌ने एक पत्थर हटाया तो वहाँसे स्वच्छ जलका झरना बहने लगा ।

२ दोषका भागी कौन ?

तुकारामजी और जिजाईके झगड़ेमें दोषका भागी कौन है—तुकाराम या जिजाई ? यह प्रश्न उपस्थित करके दूसरोंके झगड़ोंमें पञ्च बनकर पड़नेवाले कई विद्वानोंने इसकी बड़ी चर्चा की है । कितनोंका यह कहना है कि तुकारामजी जब गृहस्थ थे एक स्त्रीका पाणिग्रहण कर उसे घर ले आये थे उससे उनके सन्तान भी थी तब उन्हें उस स्त्री और उन सन्तानोंका अवश्य ही पालन-पोषण करना उचित था । यह उनका कर्तव्य ही था । इस कर्तव्यका पालन उन्होंने नहीं किया इसलिये तुकाराम ही सर्वथा दोषी हैं । पाठक ! हम आप भी जरा इस प्रश्नपर इस अवसरपर विचार करें । सारे जगत्‌को उपदेश करनेवाले तुकारामजीको क्या इतना भी ज्ञान नहीं था कि अपने स्त्री और सन्तानके प्रति अपना कर्तव्य वह न समझ सकते ? और ऐसी बात भला कौन कह सकता है ? और ऐसी बात हो भी कैसे सकती है ? इसलिये बात कुछ और है । तुकारामजी और जिजाईकी जो नहीं बनी इसमें यथार्थमें दोष तो किसीका भी नहीं है । तुकारामजीके अभंग-संग्रहोंमें तुकारामजीके प्रति उनकी स्त्रीके कठोर वचन सूचक सात अभंग हैं । इन अभंगोंको कुछ लोग असली मानते हैं और कुछ नहीं मानते । जो हो पर उन अभंगोंसे इतना तो अवश्य ही जाना जा सकता है कि तुकारामजीपर जिजाईके कौन-कौन-से आक्षेप हो सकते थे । जिजाईका मानो यही कहना था कि—

(१) यह कोई काम काज नहीं करते, कुछ उपार्जन नहीं करते, विवाह करके मेरे पति तो बन बैठे पर इनके तथा बच्चोंके लिये अन्न-वस्त्र मुझे ही जुटाना पड़ता है । कीसी जाति मैं कितना दुःख उठाऊँ और किस-किसके सामने अपना दीन वदन दिखाऊँ ।

(२) इन्हें अपने तनकी कोई चिन्ता नहीं, न सही पर इन्हें हमारी कोई चिन्ता हो सो भी नहीं।

(३) स्वय तो कुछ कमाकर लाते नहीं, पर यदि कहींसे कुछ आ जाय तो वह भी लुटा देते हैं। अन्न हो, वस्त्र हो अथवा और कोई वस्तु हो, जो भी जो कुछ माँगता है, वह अपने बच्चोंको पूछतेतक नहीं, और उसे दे डालते हैं। दूसरोंके पेट भरते हैं पर मेरी या बच्चोंकी कोई परवा नहीं करते। कभी एक पैसा कमाना नहीं, हॉ, घरमें यदि कुछ पड़ा हो तो उसे भी गॅवा देना, यही इनका धधा है।

(४) घरमें तो रहना जानते ही नहीं, जब देखो तब वनको ही दौड़े जाते हैं, इन्हें ढूँढकर पकड़ लाना पड़ता है तब इनका आगमन होता है।

(५) सब कीर्तनियाँ मिलकर रातको बड़ा कोलाहल मचाते हैं, किसीको सोने नहीं देते। इनके सङ्ग-साथसे इनके साथी भी घरबारत्यागी विरागी बन रहे हैं और उनकी स्त्रियॉ भी घरोंमें बैठी मेरी तरह रो रही हैं।

जिजाईके ये आक्षेप हैं। इन्हें झूठ तो तुकारामजी भी नहीं बतलाते। जिन सात अभगोंकी ये बातें हैं उनमेंसे प्रत्येक अभगके अन्तिम चरणमें तुकारामजीका उत्तर भी रखा हुआ है। उत्तर एक ही है कि, 'सञ्चितका भाग मिथ्या है, मिथ्याका भार ढोनेमें व्यर्थ ही माथा खपाना है।'

जिजाबाईका कहना जिजाबाईकी दृष्टिसे ठीक है, सामान्य ससारी जनोंकी दृष्टिसे भी ठीक है, ससारको सत्य माननेकी दृष्टिसे भी बिल्कुल ठीक है। जिजाईको अकेले तुकारामजीकी गिरस्तीका सारा भार अपने सिरपर उठाना पड़ा, इससे उन्हें बहुत कष्ट हुए, कष्टोंसे उनका मिजाज चिड़चिड़ा बन गया, चिड़चिड़ेपनसे जो कुछ उन्होंने कहा वह इस तरहसे बिल्कुल सही है और उनके दु:खोंसे ससारी जीवोंको स्वाभाविक ही

सहानुभूति होती है। पर तुकारामजीकी ओर देखिये और तुकारामजीकी दृष्टिसे विचारिये तो उनका भी कोई दोष नहीं दिखायी पड़ता। संसारका मिथ्यात्व जब प्रकट हो गया, उससे मन उपराम हो गया और सांसारिक सुख-दुःखके विषयमें चित्त उदासीन हो गया तब उस सुख-दुःखसे उत्पन्न होनेवाले कर्तव्य ही कहाँ रह गये? इसलिये इसमें तो तुकारामजीका कोई दोष नहीं दिखायी पड़ता। सूर्यके सामने जब अन्धकार ही नहीं रहा, जाग उठनेपर स्वप्नागत संसार ही जब नहीं रहा, नदीके उस पार पहुँचे हुए पर नदीकी लहरें आकर नहीं गिरीं तो इसमें सूर्य, जाग्रत् और उसीपार पुरुषको कोई भी विवेकी पुरुष दोषी कह सकता है? जागता हुआ पुरुष और स्वप्नमें बड़बड़ानेवाली स्त्री इन दोनोंका मिलन जैसा है वैसा ही तुकारामजी और जिजाईका जीवन-मिलन है। स्वप्नमें बड़बड़ानेवाली स्त्रीके शब्दोंका जाग्रत् पुरुषके समीप कोई मूल्य नहीं होता, प्रत्युत जागता हुआ पुरुष उसे भी जगानेका ही प्रयत्न करता है। उसी प्रकार तुकारामजीने जिजाईको जगानेके लिये पूर्वोक्त कई अभंग कहे हैं। तुकारामजी और जिजाईका झगड़ा सत्त्वगुण और रजोगुणका झगड़ा है, परमार्थ और प्रपञ्चका या ब्रह्म और मायाका झगड़ा है। प्रकृतिके राज्य और प्रकृतिके सब कामोंको ही ठीक समझते हैं पर प्रकृतिप्रभु पुरुषके सामने प्रकृति आती ही नहीं फिर उसका कार्य क्या और उसका अभिनिवेश ही क्या? पुरुष तो अनादि और उदासीन है, निर्धन और एकान्ती है, अणुसेभी अति सूक्ष्मसे भी सूक्ष्म है। पर अकर्ता, उदासीन और अभोक्ता होनेपर भी पतिव्रता प्रकृति उससे भोग कराती है। वह अविकारी है, पर वह (प्रकृति) स्वयं उसमें विकार बन जाती है, वही उस निष्कामकी कामना परिपूर्णकी परितृप्ति, अकुलका कुल और गोत्र बन जाती है। इस प्रकार प्रकृति पुरुषमें पैठकर अविकारी पुरुषको विकारवान् बना लेती है। ज्ञानेश्वरी (अ० १३) पुरुष ऐसा और प्रकृति

ऐसी है ! तुकारामजी पुरुष और जिजाई प्रकृतिका यह विवाद अनादिकाल-से चला आता है। यह तो अध्यात्मदृष्टि हुई, पर लोकदृष्टिसे भी देखें तो भी तुकारामजी दोषी नहीं ठहराये जा सकते । संसारी बने रहो और परमार्थ भी साधो, यह कहना तो बड़ा सरल है, पर 'दो नावोंपर पैर रखनेवाला किसी एक नावपर भी नहीं रहता' इस लोकोक्तिके अनुसार सभी महात्माओंका अनुभव है। समर्थ रामदास स्वामीने भी (पुराना दासबोध समास १८ में) यही कहा है। बचपनमें माता-पिताने ब्याह कर दिया, पीछे वैराग्य हुआ, ऐसी अवस्थामें कोई भी सच्चा साधक ऐसे ही रह सकता है जैसे तुकारामजी रहे। बाल-बच्चोंका पेट भरना और इसके लिये नौकरी-चाकरी या कोई बनिज-व्यापार करना तो सभी करते हैं। तुकारामजी भी यदि वैसा ही करते तो परम अर्थकी जो निधि उनके हाथ लगी वह न लगी होती और जो धन उन्होंने ससारमें वितरण किया वह भी न कर सकते, यह तो स्पष्ट ही है। कुछ त्यागे बिना कुछ हाथ नहीं लगता। प्रपञ्च, लोभ छोड़े बिना परमार्थ-लाभ नहीं हो सकता। तुकाराम-जीके चित्तने ससारको जड़मूलसहित त्याग दिया, इसीसे परमार्थका मूल उनके हाथ लगा। महान् लाभके लिये अल्पका त्याग करना ही पड़ता है। दो कर्तव्योंके बीच जब झगड़ा चले तब श्रेष्ठ कर्तव्यके लिये कनिष्ठ कर्तव्य त्यागना पड़ता है। सर्वस्व-त्यागी बनना पड़ता है तभी फलोंका भी फल, सुखोंका भी सुख, ध्येयोंका भी ध्येय जो परमात्मा है उसकी प्राप्ति होती है। उस प्राप्तिके लिये तुकारामजीने कभी न कभी नष्ट होनेवाले ससारका त्याग किया तो क्या गलती की ? सीप फेंककर पारस लेना बुद्धिमानोंका काम ही है। नारायणके लिये गृह-सुत दारादि ससारकी अहंता ममताकी मैल काटकर ही उन्होंने ससारको सुवर्ण बना दिया। ससारमें सुवर्णकी माया जोड़नेवाले ससारको सुवर्ण नहीं बनाते, प्रत्युत जो अपने हृदयसम्पुटमें नारायणके चरण जोड़ते हैं उन्हींका ससार सुवर्ण हो

जाता है। उनके असंख्य जन्मोंके संसार-बन्ध टूट जाते हैं और संसार सुखमय हो जाता है। तुकारामजीने एक संसारीके नाते अपनी कोई कसर नहीं रखी यह चाहे अब कोई कहा करें पर उनकी अपनी दृष्टिमें और उनके सच्चे दृष्टिवालोंकी दृष्टिमें उनका संसार उनका प्रपञ्च उनका जीवन सुखमय, श्रममय और परम सौभाग्यमय ही हुआ। इस सुख श्रम और सौभाग्यको अगले अध्यायमें विस्तारसे देखेंगे।

४ जिजाबाईका पूर्णबोध

खोटेको जलाना गुमराहको राहपर लाना अपना सुख दूसरोंको वितरण करना यही सच्चा परोपकार है। तुकारामजीने संसारको अपनाया, उसी संसारमें जिजाई भी आ गयी। परन्तु जिजाईको खास तौरपर अलग भी तुकारामजीने उपदेश करके लोकदृष्टिसे भी अपने कर्तव्यका पालन किया। जिजाईके लिये जो उपदेश उन्होंने किया उस 'पूर्णबोध' के बारह अभंग हैं। जिजाई भजन करनेवाले वारकरियोंके कोलाहलसे ऊबकर कैसे कठोर वचन कहा करतीं उसपर तुकारामजी उन्हें बड़ी शान्तिसे समझाते— हमारे घर क्यों कोई आने लगा! सबको अपना-अपना काम काज लगा हुआ है! कौन ऐसा निठल्ला बैठा है जो बिना किसी मतलबके हमारे यहाँ आया करे! जो कोई भी आता है वह भगवान्‌के प्रेमसे आता है भगवान्‌के लिये ही अखिल ब्रह्माण्ड अपना हो जाता है। इसलिये जो तुम ऐसी कठोर बातें कहती हो सो न कहकर मृदु वचन कहो तो इसमें तुम्हारा क्या खर्च हो जायगा। आदर-मानके साथ तुमसे प्रेमवश इतने लोग आते हैं कि जिनका कोई हिसाब नहीं।

'पूर्णबोध' का पहला अभंग कुछ कूट-सा है—'लोगोंमें जो उत्तम होती है उसमें हमारे प्यारे चौधरी पाण्डुरङ्ग हमें बाँट देते हैं। व्यापारका अभी ७ रुपये देना बाकी है सो वह माँग रहे हैं, अलबत्ता १ रुपये तो दिये हैं। घरमें ढेरा बर्तन हैं गोठमें गाय बैल हैं यही एवज दिखाते हुए

दालानमें खाटपर बैठे हुए हैं। मैंने कहा, 'भाई! ले लो, एक बारमें ही सब लहना चुका लो, इस तरह जब मैं उनसे उलझ पड़ा तब आप चुप हो गये!'

भाव यह है कि इस शरीररूपी खेतके प्रभु पाण्डुरङ्ग हैं, उन्होंने यह नर-तन हमें बर्तनेके लिये दिया है। वह हमें भूखों नहीं मरने देते। इस खेतका लगान ८० रुपये हैं। इसमेंसे हम अबतक १० दे चुके हैं, ७० बाक़ी हैं, सो यह माँग रहे हैं। अर्थात् यह शरीर ८० तत्त्वोंका है, ये ही ८० तत्त्व उन्हें गिना देने होंगे। इनमेंसे ५ कर्मेन्द्रिय और ५ ज्ञानेन्द्रिय हैं, उन्हें तो मैंने भजनमें लगा दिया है। इस तरह ८० लगानके १० दे चुके, अब बाकीका तक़ाजा है। खाटपर बैठे हैं याने हृदयमें विराज रहे हैं।

श्रीमद्भगवद्गीतामें तत्त्वसंख्या (अ० १३ श्लोक ५-६) ३६ दी हुई है। श्रीमद्भागवतमें (स्कन्ध ११ अ० २२) इन तत्त्वोंकी संख्याका कई प्रकारसे हिसाब लगाकर ४ से लेकर २८ तक भिन्न-भिन्न संख्याएँ बतायी गयी हैं। श्रीमद्दासबोधमें (दशक १७ समास ८-९) तत्त्वोंकी संख्या ८२ बतायी है जो कारण और महाकारण देहको अलग रखनेसे ८० ही रह जाती है। अन्तःकरण ५, प्राण ५, ज्ञानेन्द्रिय ५, कर्मेन्द्रिय ५ और विषय ५, इस प्रकार २५ तत्त्व हुए। इन २५ के दो-दो भेद—२५ सूक्ष्म और २५ स्थूल, इस प्रकार ५० हुए। इनमें स्थूल और सूक्ष्म देह मिलानेसे ५२ हुए। इन ५२ में ४ स्थान, ४ अवस्थाएँ, ४ अभिमानी, ४ भोग, ४ मात्राएँ, ४ गुण और ४ शक्ति याने २८ तत्त्व—ये मिलानेसे तत्त्वोंकी कुल संख्या ८० हुई। ८० तत्त्व इस प्रकार गिना देनेसे 'एको विष्णुर्महद्-भूतम्' की प्रतीति और वैकुण्ठकी प्राप्ति होती है।

देहूमें तुकारामजीके अभंगोंके एक पुराने संग्रहमें इस अभंगका आशय यों सूचित किया है—'उपजा=स्वरूप, खेत=भक्ति, हमें=चार

जाता है। उनके असंख्य जन्मोंके संसार-बन्ध टूट जाते हैं और संसार सुखमय हो जाता है। तुकारामजीने एक संसारीके नाते अपनी कोई कसर नहीं रखी यह चाहे आप कोई कहा करें, पर उनकी अपनी दृष्टिमें और उनके महान् रसिकोंकी दृष्टिमें उनका संसार उनका प्रपञ्च उनका जीवन सुखमय आनन्दमय और परम सौभाग्यमय ही हुआ। इस सुख, आनन्द और सौभाग्यको अगले अध्यायमें विस्तारसे देखेंगे।

४ जिजाबाईका पूर्णबोध

लोगोंको जगाना, गुमराहोंको राहपर लाना, अपना सुख दूसरोंको वितरण करना, यही सच्चा परोपकार है। तुकारामजीने संसारको जगाया, उसी संसारमें जिजाई भी आ गयीं। परन्तु जिजाईको साथ लेकर अपना भी तुकारामजीने उपदेश करके लोकदृष्टिसे भी अपने धर्मका पालन किया। जिजाईके लिये जो उपदेश उन्होंने किया उस 'पूर्णबोध' के बारह अभंग हैं। जिजाई भजन करनेवाले वारकरियोंके चोचलोंसे ऊबकर ऐसे कठोर वचन कहा करतीं उसपर तुकारामजी उन्हें बड़ी शान्तिसे समझाते—'हमारे घर क्यों कोई आने लगा? सबको अपना-अपना काम काज लगा हुआ है। कौन ऐसा निठल्ला बैठा है जो बिना किसी मतलबके हमारे यहाँ आया करे? जो कोई भी आता है वह भगवान्के प्रेमसे आता है भगवान्के लिये ही अतिथि अभ्यागत अपना हो जाता है। भक्तोंके लिये जो तुम ऐसी कठोर बातें कहती हो सो न कहकर मृदु वचन कहो तो इसमें तुम्हारा क्या खर्च हो जायगा। आदर-मानके साथ बुलानेसे प्रेमभाव इतने लोग आते हैं कि जिनका कोई हिसाब नहीं।'

'पूर्णबोध' का पहला अभंग कुछ कूट-सा है—'खेतमें जो उपज होती है उसमें हमारे प्यारे चौधरी पाण्डुरङ्ग हमें बाँट देते हैं। लगानका अभी ७ रुपये देने बाकी हैं तो वह माँग रहे हैं अबतक १ रुपये ही दिये हैं। घरमें इतना बर्तन है, गोठमें माल ढेर है, यही पसारा दिखाते हुए

दालानमें खाटपर बैठे हुए हैं। मैंने कहा, 'भाई! ले लो, एक बारमें ही सब लहना चुका लो, इस तरह जब मैं उनसे उलझ पड़ा तब आप चुप हो गये।'

भाव यह है कि इस शरीररूपी खेतके प्रभु पाण्डुरङ्ग हैं, उन्होंने यह नर-तन हमें बर्तनेके लिये दिया है। वह हमें भूखों नहीं मरने देते। इस खेतका लगान ८० रुपये हैं। इसमेंसे हम अबतक १० दे चुके हैं, ७० बाकी हैं, सो यह माँग रहे हैं। अर्थात् यह शरीर ८० तत्त्वोंका है, ये ही ८० तत्त्व उन्हें गिना देने होंगे। इनमेंसे ५ कर्मेन्द्रिय और ५ ज्ञानेन्द्रिय हैं, उन्हें तो मैंने भजनमें लगा दिया है। इस तरह ८० लगानके १० दे चुके, अब बाकीका तकाजा है। खाटपर बैठे हैं याने हृदयमें विराज रहे हैं।

श्रीमद्भगवद्गीतामें तत्त्वसंख्या (अ० १३ श्लोक ५-६) ३६ दी हुई है। श्रीमद्भागवतमें (स्कन्ध ११ अ० २२) इन तत्त्वोंकी संख्याका कई प्रकारसे हिसाब लगाकर ४ से लेकर २८ तक भिन्न-भिन्न संख्याएँ बतायी गयी हैं। श्रीमद्दासबोधमें (दशक १७ समास ८-९) तत्त्वोंकी संख्या ८२ बतायी है जो कारण और महाकारण देहको अलग रखनेसे ८० ही रह जाती है। अन्तःकरण ५, प्राण ५, ज्ञानेन्द्रिय ५, कर्मेन्द्रिय ५ और विषय ५, इस प्रकार २५ तत्त्व हुए। इन २५ के दो-दो भेद—२५ सूक्ष्म और २५ स्थूल, इस प्रकार ५० हुए। इनमें स्थूल और सूक्ष्म देह मिलानेसे ५२ हुए। इन ५२ में ४ स्थान, ४ अवस्थाएँ, ४ अभिमानी, ४ भोग, ४ मात्राएँ, ४ गुण और ४ शक्ति याने २८ तत्त्व—ये मिलानेसे तत्त्वोंकी कुल संख्या ८० हुई। ८० तत्त्व इस प्रकार गिना देनेसे 'एको विष्णुर्महद्भूतम्' की प्रतीति और वैकुण्ठकी प्राप्ति होती है।

देहूमें तुकारामजीके अभंगोंके एक पुराने संग्रहमें इस अभंगका आशय यों सूचित किया है—'उपजा=स्वरूप, खेत=भक्ति, हमें=चार

स्थान चार वाणीके बीजोंको बाँट=अधिकार, चौपदी=स्थूल, सूक्ष्म, कारण और महाकारण=इन चार देहोंके धारक चतुर्धर चौसरी प्यारे=पुरुषोत्तम, पाण्डुरङ्ग=सगुण सत्तर अस्सा=अक्षर दस दस=दस माप, दिये=सगुण भक्तिको समर्पित किये। ईंडा=अहङ्कार, वर्तन=पञ्चमहाभूत, गाय-बैल=इन्द्रियाँ, दावन=बन्धन, काठ=पर्यङ्क जब मैं उसका पड़ा तब आप चुप हो गये=दस माप समर्पित कर दिये तब जीवभाव नष्ट हुआ, अपने शिवस्वकी प्रतीति हुई तब तुकाराम भगवान्से लड़ पड़े और कहने लगे कि मेरा सब हिसाब साफ हो गया, अब मेरे जिम्मे कुछ बाकी न रहा इस प्रकार ८ छन्द बन गये।'

इस प्रसंगमें पञ्चीकरण सूचित किया है। सद्गुरु जब शिष्यको उपदेश करते हैं तब पहले एकान्तमें पञ्चीकरण समझा देते हैं। तुकाराम-जीने एकान्तमें शिवाजीको पञ्चीकरण समझा दिया होगा। इससे शिवाजीका अधिकार भी सूचित होता है। तुकारामजी आगे कहते हैं—

विवेकसे यह सारा एकतन्त्र साम्राज्य है। एक ही सिंहासनाधीन सम्राट् हैं। उनके सिवा और कौन मुझे अपनी पीठपर बैठा सकता है!

भगवान्के सिवा और है ही कौन! इनका खेत मैंने जोता-बोया, असामी बनकर रहा और अब यह मेरी जानको लग गये। इनका पाखण्ड इसी देहमें रहकर खूब देखेका मैंने निश्चय कर लिया है। अच्छे मालिक मिले! ऐसे हरि हैं कि सब कुछ हर लेते हैं इसीलिये कोई इनके पास मारे भयके फटकतक नहीं। जिनोंको इन्होंने लूट लिया और जिनों-को लँगोटीकी जमानतपर छोड़ रखा है। इनकी निठुरता देखकर लोग इनके नामपर हँसते हैं। यह सर्वस्व छीन लेते हैं पर यह बात है कि सर्वस्व छीनकर वैकुण्ठपद देते हैं। हम इनके चंगुलमें खूब फँसे। इस प्रकार बोध कराते हुए शिवाजीसे तुकारामजी कहते हैं कि मेरे विचारमें तुम अपना विचार मिला दो तो मेरा-तुम्हारा विरोध मिट जाय, भगवान्

से तो मेरा अन्तरङ्ग स्नेह हो चुका है। यह मेरे करनेसे नहीं हुआ, उन्हींके आदेशसे हुआ है। तुम्हारे लिये यही उपदेश है—

'बच्चेके लिये यह हो और वह हो, यह हवस छोड़ दो। जिन्होंने इसे जन्म दिया, उन्हींका यह है। वही इसकी देख-भाल करेंगे। तुम अपना गला छुड़ा लो, गर्भवासकी यातनाओंसे बचो।'

वासना छोड़ दो, माया जोड़नेकी बुद्धि छोड़ दो। वासनासे ही यमदूत गलेमें अपना फंदा डालते हैं। उनकी मार बड़ी भयङ्कर है, स्मरण करनेमात्रसे 'मेरा तो कलेजा काँपने लगता है।' यदि तुम्हें मेरी चाह हो तो अपने चित्तको बड़ा करो। चित्तको ऐसा उदार बनाओ कि—

'सज्जनोंका सङ्ग तुम्हारे अनुकूल पड़े, संसारमें तुम्हारी कीर्ति बढ़े। यह कहनेके लिये तैयार हो जाओ कि मेरे गाय-बैल मर गये, बासन-छाजन चोर चुरा ले गये और बच्चे तो मेरे पैदा ही नहीं हुए। आस छोड़ हृदयको वज्र सा बना लो। इस क्षुद्र सुखपर थूक दो, अक्षय परमानन्द लाभ करो। तुका कहता है, भव-बन्धनोंके टूटनेसे बड़े भारी कष्टोंसे परित्राण होगा।'

मैं तो जल्द ही वैकुण्ठधामको जानेवाला हूँ, तुम भी मेरे साथ चलो। वहाँ हम-तुम आदर पायेंगे। घर-द्वारपर तुलसीपत्र रखकर ब्राह्मणों-को दान करके इस जंजालसे निकल आओ। विचार लो, अच्छी तरह देख लो। 'मैं-मेरा' का सर्वथा त्याग करो, भूख-प्यास, द्रव्यादि लोभ, ममत्व—इन सबसे अपने-आपको छुड़ा लो और ऐसी सुखी बनो जैसा मैं हूँ—

'मेरी भूख प्यास कैसी स्थिर है, अस्थिर मन भी जहाँ-का-तहाँ ही स्थिर होकर बैठा है।'

'गुरु कृपासे भगवान्‌ने मुझसे जो कहलवाया, वही मैं तुमसे कह रहा हूँ।'

'सचमुच ही भगवान्‌ने मुझे अंगीकृत कर लिया है, अब और कुछ

विचारनेकी बात ही कहाँ रही ! तुम्हारे लिये मय यही उपदेश है कि कटिबद्ध होकर बलवती बनो ।

तुकाराम महाराजने जिजाबाईको यही अन्तिम उपदेश किया । यह उपदेश वृथा नहीं हुआ । सिद्धोंकी वाणी भला वृथा कैसे हो सकती है ! जिजामाईका आचरण शुद्ध, निष्कलङ्क, पवित्र और पातिव्रत-धर्मानुकूल था । पतिको भोजन कराये बिना उन्होंने कभी भोजन नहीं किया । लौकिक व्यवहारमें पतिसे उनकी नहीं पटती थी तथापि पतिके प्रति उनके प्रेमका स्रोत अत्यन्त शुद्ध और निरन्तर था । तुकारामजीको वह प्राणोंसे भी अधिक प्यार करती थीं । उनका पतिप्रेम अत्यन्त निष्कपट और निर्मल था । तुकारामजीके उपदेशोंका परिणाम उनके ऊपर बहुत ही अच्छा हुआ । दूसरे ही दिन उन्होंने अपना सब घर द्वार ब्राह्मणको दान कर दिया और सांसारिक बन्धनोंसे मुक्त हो गयीं । तुकाराम-ऐसे महात्माका सत्सङ्ग अकारथ ही कैसे जाता ! तुकाराम भी भगवान्‌से खूब झगड़े-झगड़े, पर उनका भगवत्प्रेम अत्यन्त था । ऐसी ही बात जिजामाईकी भी समझनी चाहिये । प्रेमके बिना झगड़ा नहीं होता । झगड़ेकी सचाईसे निष्कपट प्रेम, शुद्ध आचरण और सच्ची निष्ठा ही प्रकट होती है ।

५ सन्तान

जिजामाईके काशी भागीरथी और गङ्गा—ये तीन कन्याएँ और महादेव, विठ्ठल और नारायण—ये तीन पुत्र हुए । इनमें काशी सबसे बड़ी थीं और नारायण सबसे छोटे । तुकारामजीके महाप्रस्थानके समय जिजामाई गर्भवती थीं अर्थात् तुकारामजीके प्रयाणके पश्चात् इनका जन्म हुआ । तुकारामजीने अपने इन पुत्रको इन आँखोंसे नहीं देखा और इन्होंने भी अपने पिताको नहीं देखा । सबसे बड़ी काशी उनसे छोटे महादेव इनके बादकी भागीरथी तब विठ्ठल, विठ्ठलसे छोटी गङ्गा और गङ्गासे छोटे नारायण । नारायणका जन्म हुआ उस समय गङ्गा बहुत छोटी थीं । उन्हें

सम्हालनेके लिये बुधाई नामकी एक दासी रखी गयी थी। तुकारामजी जब भण्डारा या भामनाथ पर्वतपर पहुँचकर भगवान्‌के भजनमें तल्लीन हो जाते तब उन्हें भूख प्यासकी सुध न रहती, पर जिजामाई उन्हें भोजन कराये बिना स्वयं कभी न खाती थीं। कभी तो वह स्वयं भोजन लिये वन-जंगलमें उन्हें ढूँढती फिरतीं और कभी काशीको भेज देतीं। महादेव और विठ्ठलका चित्त प्रायः खेल कूदमें ही लगा रहता, इससे जिजामाईका कहना वे सदा मानते ही हों, ऐसा नहीं था। कन्याओंके विवाह आदि बड़े गरीबी ढंगसे हुए। कन्याओंके लिये तुकारामजीने वर भी ऐसे ढूँढे कि वर ढूँढने घरसे यों ही बाहर निकले, थोड़ी दूर जाकर देखा, रास्तेमें कुछ बालक खेल रहे हैं, वहीं खड़े हो गये। उनमें अपनी जातिके दो बालकोंको उन्होंने देखा, उन्हींको घर लिवा लाये और वधू-वरको हलदीसे रँगकर विवाह कर दिया। जँवाइयोंकी न तो कोई बारात सजी, न दावतें दी गयीं, न कोई नजर भेंट की गयी और न रीसने-रूठनेका ही कोई अभिनय हुआ। 'दूधके साथ भात खिला दिया और पञ्चामृत पान करा दिया।' उन बालकोंके माता-पिता सम्पन्न थे और तुकारामजीकी ओर उनके भक्त लोग भी तैयार थे, इसलिये पीछेसे चार दिन विवाहका मङ्गलोत्सव होता रहा। इससे जिजामाईको कुछ सन्तोष हुआ। तुकारामजीके ये जँवाई भोंसे, गाडे और जाम्बुलकर घरानेके थे। तुकारामजीकी मझली कन्या भागीरथी बड़ी पितृभक्त और भगवद्भक्त थी। तुकारामजीने प्रयाणके पश्चात् जिन लोगोंको दर्शन दिये उनमें एक भागीरथी भी हैं। तुकारामजीके तीनों पुत्रोंमें नारायणबोवा अच्छे पुरुषार्थी निकले। देहू आदि गाँव इन्होंने ही अर्जित किये। देहूके पाटील इगलेकी कन्या इन्हें व्याही थी। नारायणबोवाके पश्चात् भी तुकारामजीके वंशजोंके साथ देहूके पाटील इगलोंका सम्बन्ध होता रहा। इस समय देहूमें प्रायः तुकाराम महाराजके वंशजोंके ही घर हैं।

पंद्रहवाँ अध्याय

धन्यता और प्रयाण

मनकी स्थिरतासे जो स्थिर हो जाता है, भक्तिकी भावनासे जिसका अन्तःकरण भर जाता है और योगशक्तिसे सुसज्जित होकर जो ठिकाने आ जाता है वह केवल परात्पर, परम पुरुष कहानेवाला मेरा निजधाम होकर रहता है। (ज्ञानेश्वरी अ० ८ । ९८, ९९)

जिस स्वरूपको प्राप्त होनेसे नीचे गिरना नहीं होता वह श्रीकृष्ण-स्वरूप है। श्रीकृष्णकी कीर्ति गाते-गाते भक्त स्वयं ही श्रीकृष्णरूप हो जाते हैं। (नाथभागवत अ० ११)

१ परमार्थ-सुख

परमार्थसाधन करना होता है परम सुखके लिये। पुण्यवानोंने प्रपञ्चको तिलाञ्जलि देकर परमार्थसाधन किया अर्थात् स्वल्प-क्षणिक सुखका त्याग करके अनन्त अविनाशी सुख लाभ किया। प्रपञ्चका अर्थ है पाँच विषयोंका फैलाव। शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्धसे सुख प्राप्त करनेकी इच्छा करना और उनके पीछे भटकते फिरना। सब जीव प्रपञ्ची हैं और इसीसे दुःखी हैं। नरतन सब तनोंमें सबसे श्रेष्ठ तन (रत्न) है। सब सुखोंमें जो सर्वोत्तम सुख है, जिसके मिलनेसे अन्य किसी सुखकी इच्छा नहीं रह जाती

जिस सुखका कभी क्षय नहीं होता, जिसकी अन्य किसी सुखसे उपमा नहीं दी जा सकती वह परम सुख इसी नरतनमें ही प्राप्त किया जा सकता है, नरसे नारायण हुआ जा सकता है, सच्चिदानन्दपदवीको प्राप्त किया जा सकता है। इस मनुष्यदेहके द्वारा चारों अर्थ—धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष जोड़े जा सकते हैं। इनमें अर्थ और काम अस्थिर और क्षणभङ्गुर हैं, इनसे परे धर्म है और धर्मसे भी परे मोक्ष है। यही परम अर्थ—परम पुरुषार्थ है। चतुर्वर्गका यही परम ध्येय है। यही सकलदुःखनिःस्वसकारी महानन्द है। प्रत्येक जीव सुखके लिये छटपटाता रहता है। प्रपञ्ची जीवोंके समान पारमार्थिक जीव भी सुखके ही पीछे दौड़ रहे हैं। अन्तर इतना ही है कि कोई विषयको ही सुखका स्रोत समझकर उसीमें गोते खा रहे हैं और कोई विषयोंसे परे जो निर्विषय आनन्द है उसमें गोते लगा रहे हैं। विषय-सुख पूर्ण सुख नहीं है, इसलिये पारमार्थिक इस सुखको त्याग कर अथवा इससे उदासीन रहकर अखण्ड सुखकी साधनामें लगे रहते हैं। देहेन्द्रियविषय सन्निकर्षसे होनेवाले सुखसे ऊबकर वे देहातीत, इन्द्रियातीत, विषयातीत सुखके पीछे पड़ जाते हैं। यह परमार्थ-मार्ग ऐसा है कि इसपर पैर रखते ही परम सुखका रसास्वादन आरम्भ हो जाता है। सम्पूर्ण मार्ग सुखानुभवकी वृद्धिका ही मार्ग है, पद पदपर अधिकाधिक आनन्द है। परमार्थके सम्बन्धमें बहुतोंकी बड़ी विचित्र धारणाएँ हो जाती हैं। उनके चित्तमें यह बात बैठ जाती है कि परमार्थ ससारका रोना है, परमार्थसाधन करना रोते हुए चलना और ऐसी जगह पहुँचना है जहाँ मिट जानेके सिवा और कुछ हाथ नहीं आता। पर यह समझ सूर्यके प्रकाशको आँखें बद करके घोर अन्धकार मान लेनेकी-सी बात है। यथार्थमें परमार्थ रोना नहीं, रोनेको हँसाना है, मरना—मिट जाना नहीं, अजर-अमर पद लाभ करना है, दुःखके आँसू नहीं, आपूर्यमाण आनन्द-समुद्र है। जीवका वास्तविक हित, वास्तविक लाभ, वास्तविक शान्ति और समाधान इसीमें है। इसीलिये तो

इसे परमार्थ, परम सुख, परम पुरुषार्थ कहते हैं। पारमार्थिक लोग पापके भाजन, दीवाने, हाथ-पर-हाथ धरके बैठ रहनेवाले, आलसी, कापुरुष दुनियासे बेखबर और अन्धे नहीं होते; जिस संसारमें हम रहते हैं उसे वे ही अच्छी तरहसे देखते और समझते हैं, सदा सावधान रहते, अज्ञान और मोहका धीरतासे सामना करते, एक क्षण भी उद्योगसे खाली नहीं जाने देते लाभ हानिका हिसाब ठीक-ठीक रखते हैं, इसलिये बचते और लाभ उठाते हैं। परमार्थके साधन भिन्न-भिन्न हो सकते हैं। स्वभावसम्बन्धी श्रद्धा और विश्वास अथवा कल्पनाके प्रकार भिन्न-भिन्न हो सकते हैं; पर सबका संयोग उसी एक सकलदुःख-वियोगरूप अनन्त सुखके महायोगमें ही होता है। तुकारामजीने इस परमार्थ-मार्गपर जबसे पैर रखा तबसे उनका वैकुण्ठ-पदप्रयाणपर्यन्त सम्पूर्ण चरित्र इसी परम सुखकी बढ़ती हुई बाढ़का ही इतिहास है। यहाँ दुःख बाढ़की हद हो जाती है, पर बढ़की मात्रा ही यहाँ नहीं रह जाती, आत्माकी परिपूर्णता और सुखकी ओतप्रोतताका अनुभव होता है यही मोक्ष है यही वैकुण्ठधाम है। विषयोंका सम्बन्ध जहाँ इच्छा-पूर्वक विच्छिन्न हो गया वहाँ आनन्द-सागर उमड़ने लगता है और ऐसी बाढ़ बढ़ी चली आती है कि आनन्दकी उस बाढ़में अपूर्व आनन्द-सरोवर आपका-सा बढ़ता हुआ उस पार जा लगता है जहाँ आर है न पार, ओर है न छोर। यही कृतकृत्यताकी परमानन्द पदवी है। श्रीतुकाराम इस परमानन्द पदवीको प्राप्त हुए और तीनों लोकोंमें धन्य हुए। उनका लौकिक जीवन नाना दुःखों और यातनाओंमें बीता उनके अपयशका रङ्ग सदा ही दुःखद रहा; पर यह बाह्य दृष्टि है बहिर्मुखीन अल्पमति लोक-दृष्टिका अभिप्राय है अन्तर स्थिर दृष्टिका नहीं। इन दुःखद दुःखों और यातनाओंसे घिरे हुए तुकारामजीका जन्म हुआ था। किस लक्ष्यपर उनकी दृष्टि लगी थी किस ओर वह इन दुःखों और यातनाओंमेंसे होकर जा रहे थे और कैसे उन्होंने अपना मार्ग परिष्कृत कर लिया, कहाँ पहुँचे और क्या

पाया ? उन्होंने अपना लक्ष्य पा लिया, दु:खों और यातनाओंके भीषण रूपको देखकर वह डर नहीं गये, परिस्थितिके चक्रके पीछे चकराते, चक्कर काटते, भूलते-भटकते ही नहीं रह गये, दु:खों और यातनाओंके घिरावको तोड़कर, परिस्थितिको भेदकर अपने लक्ष्यपर लगी दृष्टिसे निश्चित इष्टमार्ग-पर चलते गये और लक्ष्यपर पहुँच गये। उनकी यात्रा पूरी हुई, साधना सफल हुई, सम्पूर्ण सुख, सम्पूर्ण आनन्द, सम्पूर्ण ज्ञान, सम्पूर्ण भक्ति सभी तो मिल गया, सर्वेश्वर श्रीपाण्डुरङ्ग स्वय ही निजाङ्ग हो गये, भवाम्बुधिके पार उतर गये, कृतकृत्य हो गये, धन्य हो गये ! उस कृतकृत्यता और धन्यताके साधनपथपर चलते हुए तथा क्रमसे साध्यको साधते हुए जो जो आनन्द उन्होंने लाभ किया उसके उद्गार हमलोग इस ग्रन्थमें सुनते ही रहे हैं। अब उस अनिर्वचनीय रसका भी कुछ आस्वादन कर सकें तो कर लें जो अनिर्वचनीय होनेपर भी तुकारामजीकी दयासे उनके वचनोंसे टपक रहा है। सब साधनोंकी परिसमाप्ति किस प्रकार अखण्ड नामस्मरणमें जाकर हुई यह हमलोग पहले देख चुके हैं। नाम और नामी, गुणी और निर्गुण, शिव और जीव, इनकी एकरूपताके आनन्दमें निमग्न तुकाराम प्रेमसे नाचते हैं, गाते हैं, गाते गाते उसीमें मिल जाते हैं।'

२ आत्मतृप्तिकी डकारें

वहाँ साधन, सम्प्रदाय, भगवान् और भक्त, वर्णधर्म, पाप-पुण्य, धर्माधर्म सब एकमें मिल जाते हैं। इसीके लिये 'सारा अट्टहास था !' सब प्रयत्न सफल हुए। विश्रान्ति मिली। 'तृष्णाकी दौड़ समाप्त हुई।'

'लज्जा, भय, चिन्ता कुछ भी न रहा ! सारे सुख आकर पैरोंपर लोटपोट करने लगे।'

* * *

'भक्तिप्रेममाधुरीसे हृदय भर गया, उससे चित्तको आनन्द-ही-आनन्द

मिलने लगा। श्रीविट्ठलने मस्तकका पटल खोल डाला, उससे समस्त ही ब्रह्मानन्दसे भर गया।'

● ● ०

'संसारकी स्मृति-विस्मृति होकर पीछे ही रह गयी। चित्त लग गया श्रीरङ्गकी ओर। उस माधुरीका जितना पान करो उतनी प्यास उतनी ही बनी रहती है। उस प्रेम-मिलनमें जितना मिलो, उस मिलनकी रुचि उतनी ही बढ़ती है, पाण्डुरङ्गमें मन कभी अघाता नहीं, जी कभी उकताता नहीं। इन्द्रियोंकी भूख तृप्त हो जाती है पर चिन्तन सदा बना ही रहता है। भूख लगती है, पेट भर जाता है पर उसकी भूख बनी रहती है। यह सुख ऐसा है कि इसकी कोई उपमा नहीं, कल्पनाकी वहाँतक पहुँच ही नहीं। यह सुन्दर, मधुर, श्रीमुख सत्यम् सुखमामाधुरी ही है। उसे देखनेके साथ शोक-मोह-दुःख नष्ट हो जाते हैं।

● ० ●

'सगुण-निर्गुण एकरस है, वह चिदानन्द है, उसीमें चित्त डूबा रहता है। मन अपनी सारी वृत्तियोंके साथ उसीमें डूब जाता है, देहमें देहभावकी सुधि नहीं रहती।

श्रीरङ्गकी ओर चित्त लगा, उनके चिन्तनका सुख ऐसा है कि उससे कभी जी नहीं ऊबता उससे कभी तृप्ति नहीं होती, ओरकी इच्छा बनी ही रहती है। अब कोई संसार-चिन्ता नहीं रही, अविद्याजन्य भय भाग गया मोह-दुःख-शोक सब हवा हो गये, अब तो केवल एक श्रीहरि ही हैं, अंदर भी वही हैं बाहर भी वही हैं। ('तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः' ईशावास्य उपनिषद्में इस आनन्दका वर्णन किया गया है।)

तुकारामजीके 'चिन्तन' के २५ अभंग हैं। अध्यात्मका रंग शृङ्गार-की भाषामें कोई देखना चाहे तो इन अभंगोंको अवश्य देखे। इस प्रसङ्गका परिचय मैंने दिया, उससे मेरी वासना तृप्त न हो पायी; इसलिये

मैंने 'परपुरुष' से सहवास किया। यह भेद लोगोंपर प्रकट हो गया इससे लोग मुझे सताने लगे, मैं तो परपुरुषमें ही रत हो गयी, उसीमें रँग गयी और अब सबसे यह कहे देती हूँ कि इस व्यभिचारको मैं त्रिकालमें भी न छोड़ूँगी—इस रँगमें तुकाराम स्त्रीत्व स्वीकार कर कुछ वाग्विलास कर गये हैं। ब्रह्मका स्वरूप 'न स्त्री न पण्ढो न पुमान् न जन्तुः' जैसा है और उन्हींसे तुकारामजीका यह सख्य और तादात्म्य है। इसलिये तुकारामजीने यह मनोविनोद किया है। इन अभंगोंमें स्वानुभवका प्रसाद भरा हुआ है।

'लोग मुझे छिनार कहकर बिरादरीके बाहर भले ही निकाल दें, पर यह बनवारी तो मुझे एक क्षण भी अपनेसे अलग नहीं करता। लोकलाज तो उतारकर मैंने खूँटीपर टाँग दी है, उससे उदास होकर बैठी हूँ, मुझे अब अपने जीका ही कोई डर नहीं रहा और न किसीसे कोई आस लगाये बैठी हूँ। मैं तो उसीको रात दिन पास बैठाये रखना चाहती हूँ, उसके बिना एक क्षण भी मुझसे नहीं रहा जाता। लोग अब मेरा नाम छोड़ दें, समझ लें कि मैं मर गयी, तुकिया अब अनन्तके पास पड़ी रहती है। इसीमें उसे सुख मिलता है। यही उसका नेम है। गोविन्दके पास बैठ गयी, अब मैं पीछे फिरनेवाली नहीं। श्यामसलोने परब्रह्मको मैंने वर लिया, अब उनकी पटरानी होकर बैठी हूँ। अब कुछ देखना, सुनना सुनाना नहीं चाहती, चित्तमें अकेले चितचोर आकर बैठ गये हैं। बलीको पाकर हम बलवती बन बैठी हैं, सारे संसारपर अपना अधिकार जमावेंगी। पलभर पीड़ा सह ली, अब अपुरन्त निजानन्द जोड़ लिया है। अब हँसेंगी, रूठेंगी और अपुरन्त अन्तर्मधुरिमाको बढ़ावेंगी। सेवा सुखसे विनोद-वचन कहती हैं कि हम और कोई नहीं, केवल एक नारायण हैं। तुका कहता है कि अब हम द्वन्द्वके ऊपर उठ आयी हैं, स्वच्छन्द ग्वालिनोंके साथ चल रही हैं।'

तब मेरा गर्भवास कैसा ? तुका कहता है, यह सारा योग है, घट-घटमें पाण्डुरङ्ग हैं।'

बीज भूँजकर जब लाई बना ली तब वह बोनेके काम नहीं आ सकती, उसी प्रकार तुकाराम कहते हैं कि हमारा कर्म ज्ञानाग्निसे दग्ध हो चुका है इसलिये हमारा जन्म-मरण अब नहीं हो सकता। ईखसे चीनी बनती है पर चीनी होकर ईखपनेको वह नहीं लौट सकती, उसी प्रकार देहका आश्रय करके हम ब्रह्मस्थितिमें आ गये, अब यह ब्रह्मस्थिति लौट कर देह नहीं बन सकती। घट-घटमें भगवान् हैं और हम भी तद्रूप हैं। हमारी देहतक भगवान् बन गयी है, अब नाशवान् शरीरसे हमारा कोई सम्बन्ध नहीं रहा।

'देहभाव प्रेतभाव हो गया'—सब देहधर्म लय हो गये। काम-क्रोधादि अनाश्रित होकर फूट-फूटकर रो रहे हैं और यमराज आहें भर रहे हैं! शरीर वैराग्यकी चितापर ज्ञानाग्निसे जल रहा है। देह घटको भगवान्के चारों ओर घुमाकर उनके चरणोंके समीप फोड़ डाला और महावाक्य-ध्वनि करके बम-बमका घोष किया। कुल और नामरूपको तिलाञ्जलि दी। तुकाराम कहते हैं, यह शरीर जिनका था उन्हींको (पञ्चमहाभूतोंको) सौंपकर मैं निश्चिन्त हो गया।

'अपने हाथों अपनी देहमें आग लगा दी'—पाञ्चभौतिक देहको ब्रह्मबोधकी आगमें जला डाला। ज्ञानाग्निसे दहकती हुई चितापर अमृत-सञ्जीवनी छिड़ककर भूमिको शान्त किया, घर कोड़ डाला, उसी क्षण सब कर्म समाप्त हो गये। अब केवल श्रीहरिके नामसे ही नाता रह गया है। 'तुका कहता है, अब आनन्द ही-आनन्द है, सर्वत्र गोविन्द हैं, जिधर देखो उधर गोविन्द ही हैं।'

'पिण्डदान इसी पिण्डको देकर कर दिया'—इस देहपिण्डको ही दान कर दिया और पिण्डकी मूलत्रयी और त्रिगुणकी तिलाञ्जलि दी।

देशकालवस्तु भेद सब नाशा ।
आत्मा अविनाशी विश्वाकार ॥ २ ॥
कहा था प्रपंच यह है परब्रह्म ।
अहं सोऽहं ब्रह्म जाना जाना ॥ ३ ॥
तत्त्वमसि विद्या ब्रह्मानंद साग ।
सोहि तो निजाग तुका भय ॥ ४ ॥

रक्त (रज), श्वेत (सत्त्व), कृष्ण (तम) और पीत–इन गुण-प्रकाशसे परे जो चिन्मय अञ्जन है वह श्रीगुरुने मेरे नेत्रोंमें लगाया, उससे मेरी दृष्टि दिव्य हो गयी, द्वैत और अद्वैतकी भेदकल्पना जाती रही और निर्विकल्प ब्रह्मस्थिति प्राप्त हुई। देशगत, वस्तुगत, कालगत भेद सब नष्ट हो गये, एक अविनाशी विश्वाकार आत्मा प्रत्यक्ष हुआ। यह समझमें आ गया कि प्रपञ्च तो कहीं था ही नहीं, केवल एक परब्रह्म ही है। जीव-शिव एक हो गये। तुका सशरीर ब्रह्म हो गये।

* * *

उछरत सिंधु सरित हि मिलत ।
आप ही खेलत आप ही सों ॥ १ ॥
मध्य परी सारी उपाधि घनेरी ।
मेरे तेरे हरी बीच खड़ी ॥ टेक ॥
घट मठ आये आकासके जाये ।
गिरा जो गिराये उत ही तें ॥ २ ॥
तुका कहे बीजे बीज दिखराये ।
फूल पात आये अकारथ ॥ ३ ॥

समुद्र भाप बनकर ऊपर जाता और मेघरूपसे वृष्टि करके नदीमें आकर मिलता है और फिर नदी-प्रवाहके साथ समुद्रमें जा मिलता है, इस प्रकार समुद्र आप ही अपनेसे खेलता है, ऐसा ही सम्बन्ध हे भगवन्!

'सर्वं विष्णुमयं जगत्' का रहस्य खुल जानेसे सम्पूर्ण सम्प्रदायका कर्म समाप्त हो गया । 'तुका कहता है सबका ऋण उतार दिया, अब एक बार सबको अन्तिम नमस्कार करता हूँ ।'

'अपनी मृत्यु अपनी आँखों देख ली । उस आनन्दका क्या कहना है ! तीनों भुवन आनन्दसे भर गये, सर्वात्मभावसे उस आनन्दको लूटा । जन्म-मरणके अशौचसे अपने आपके सूतकसे मैं निवृत्त हो गया ।'

इस प्रकार तुका नारायणस्वरूप हुए । सदेह वैकुण्ठ जानेका निश्चय होनेसे हो सकता है उन्हें यह खयाल पड़ा हो कि मेरे यहाँ जानेके पीछे मेरा क्रिया-कर्म कोई न कर पायेगा इसलिये जीते-जी ही उन्होंने अपना सारा क्रिया-कर्म स्वयं ही कर डाला और सम्पूर्ण कर्मबन्धसे मुक्त हो लिये। जिसको कँपानेवाले कलिकालको भी उन्होंने मात किया ! 'विद्ययामृतमश्नुते' 'मृत्योः स मृत्युमाप्नोति' इत्यादि उपनिषद्वचनोंके अनुसार तुकोबाराय मृत्युको मारकर स्वयं जीवित रहे ।

'निरञ्जनमें बाँधा हमने अपना घर ।'—इसका विलक्षण माधुर्य (अञ्जन) जहाँ कोई स्पर्श तक नहीं, उस निरञ्जनमें हमने अखण्ड निवास किया है । भवद्वारकी धूल छूट गयी और अब शुद्ध-बुद्ध नित्यमात्र परमात्म-रसमें समरस होकर रहते हैं ।

'पाण्डुरङ्गने ही की कृपा पूर्ण'—पाण्डुरङ्ग प्रभु ही यह कृपासागर है । 'मेरी विठामाई मैयाने मुझे निजरूपके पालनेमें सोया दिया है और यह आनन्दसे अनाहत ध्वनिसे गान गा रही है ।'

• • •

एक बेरा कृष्ण पीत प्रभा सिर ।
किन्तन अंजन केशिनव अंजन ॥ १ ॥
तेरी अंजन आवे दिन रहि पली ।
फन्दा सिपारी तेंतीस ॥ २ ॥

देशकालवस्तु भेद सब नाशा ।
आत्मा अविनाशी विश्वाकार ॥ २ ॥
कहा था प्रपञ्च यह है परब्रह्म ।
अहं सोऽहं ब्रह्म जाना जाना ॥ ३ ॥
तत्त्वमसि विद्या ब्रह्मानंद सागर ।
सोऽहि तो निजसार तुका मंये ॥ ४ ॥

रक्त (रज), श्वेत (सत्त्व), कृष्ण (तम) और पीत-इन गुण-प्रकाशसे परे जो चिन्मय अञ्जन है वह श्रीगुरुने मेरे नेत्रोंमें लगाया, उससे मेरी दृष्टि दिव्य हो गयी, द्वैत और अद्वैतकी भेदकल्पना जाती रही और निर्विकल्प ब्रह्मस्थिति प्राप्त हुई। देशगत, वस्तुगत, कालगत भेद सब नष्ट हो गये, एक अविनाशी विश्वाकार आत्मा प्रत्यक्ष हुआ। यह समझमें आ गया कि प्रपञ्च तो कहीं था ही नहीं, केवल एक परब्रह्म ही है। जीव-शिव एक हो गये। तुका सशरीर ब्रह्म हो गये।

* * *

उछरत सिंधु सरित हि मिलत ।
आप ही खेलत आप ही सों ॥ १ ॥
मध्य परी सारी उपाधि घनेरी ।
मेरे तेरे हरी बीच खड़ी ॥ टेक ॥
घट मठ आये आकासके जाये ।
गिरा जो गिराये उत ही तें ॥ २ ॥
तुका कहे बीजे बीज दिखराये ।
फूल पात आये अकारथ ॥ ३ ॥

समुद्र भाप बनकर ऊपर जाता और मेघरूपसे वृष्टि करके नदीमें आकर मिलता है और फिर नदी-प्रवाहके साथ समुद्रमें जा मिलता है; इस प्रकार समुद्र आप ही अपनेसे खेलता है, ऐसा ही सम्बन्ध है भगवन्!

हमारे मानके बीच है । बीचमें जो नाम रूपादि उपाधि है वह व्यर्थ है । मुण्डकोपनिषद्में है—

'यथा नद्यः स्यन्दमानाः समुद्रे
अस्तं गच्छन्ति नामरूपे विहाय ।'

यही दृष्टान्त इस अभंगमें स्पष्ट हुआ है । जहाँसे श्रुति बोली वहींसे तुकारामकी गिरा गिरी है इससे उनकी वाणीको श्रुतित्व प्राप्त हुआ है ।

• • •

अधिक संसार-सुखको तिलाञ्जलि देकर तुकारामजीने जो अखण्ड अक्षय परमात्मसुख भोग किया उसका आस्वादन वे ही कर सकते हैं जो उसी भूमिकापर हों । यहाँ केवल दिग्दर्शनमात्र करनेका प्रयास किया है इसमें ज्ञान और उपासना एक हो गयी है । यह केवल द्वैत नहीं है, केवल अद्वैत भी नहीं है । यह अद्वैतभक्ति, मुक्तिसे परेकी भक्ति, अभेदभक्ति है । यह अभेदभक्ति ही भागवतधर्मका रहस्य है, इसका पहले विवेचन किया जा चुका है । उसकी प्रतीति उपस्थित प्रसङ्गसे पाठकोंको हो सकेगी । अखिल आकाशको जिसने व्याप्त किया है पर नामको तुकारामने अविनाशी कहा है । इससे भी यह स्पष्ट है कि ज्ञानके पश्चात् प्रेमाभक्तिका आनन्द बढ़ता ही जाता है । 'यही भक्ति यही ज्ञान । एक विट्ठल ही जान ॥' यह ज्ञानोत्तर भक्तिका मर्म है । सगुण-निर्गुणरूप जो हरि हैं उन 'मुख्य एक (श्रीहरि) के बिना उसके लिये यह सारा जगत् और यह स्वयं भी कुछ नहीं है । ऐसे भक्तकी सहज स्थिति ही ज्ञानभक्ति है । उसे ज्ञानी कहिये, भक्त कहिये, कुछ भी कहिये, सब सुहाता है । उसके अध्यात्मरंगमें भक्तिका रस होता है और भक्तिके रंगमें अध्यात्मरस होता है । 'ॐ तत्सदिति सूत्रका सार । कृपाके सागर पाण्डुरङ्ग ॥' इस प्रकार श्रीहरिके रास-रंगमें तल्लीन हो गये और भक्तिके वही हो गये—हरिरूप हो गये । देहकी सुध तो जाती ही

विष्णुप्रयागके स्थानमें मोतुरगीका वृक्ष

रही थी। अब उनके महाप्रस्थानका समय उपस्थित हुआ। श्रोताओंका सौभाग्य सिमट चला। तुकारामजीका अवतारकार्य समाप्त हुआ। संवत् १७०६ (शाके १५७१) का फाल्गुन मास आया। तुकारामजीकी वैकुण्ठ स्थिति अचल हो रही। द्वादशीके दिन जिजामाईको पूर्ण बोध किया। कृष्णपक्ष (अर्थात् पूर्णिमान्त मासके हिसाबसे चैत कृष्णपक्ष की प्रतिपदाकी रात्रिमें गोपालपुरा नामक स्थानमें नान्दुरगीके वृक्षके नीचे कीर्तन करनेके लिये तुकाराम खड़े हुए। कीर्तन आरम्भ हुआ।

३ प्रयाण

निर्याणके अभंग प्रसिद्ध हैं। तुकारामजीकी देह ज्ञानभक्तियोगसे ब्रह्मरूप हो चुकी थी। उन्होंने उस दिन नाम-सङ्कीर्तनभक्तिकी अमृत-वर्षा की। प्रेमामृत पानकर संत-सज्जनोंके हृदय आनन्दसे भर गये। नाम-भक्तिका उत्कर्ष दिखानेके लिये तुकारामजीका अवतार हुआ था।

ढूँढ़त ही न बने। तासों चरण चित लीने॥ १॥
ऐसी करो दयानिधि। देखें जन ना कधी॥ २॥

'घोटें सब लार जेते ब्रह्मज्ञानी' यह अभंग चला, तुकाराम कहने लगे, जो जो ब्रह्मज्ञानी मुक्त, तीर्थयात्री, यज्ञ, दान, तप, कर्म-कर्ता हैं उन सबके मुँहमें नाम-सङ्कीर्तन-रसकी मिठास उत्पन्न करूँगा, वे तब लार घोटा करें। ज्ञानसहित सब साधनोंको कीर्तन-भक्तिके आनन्दके सामने छिपा दूँगा। मैं जब चला जाऊँगा तब लोग मेरे धन्यवाद गायेंगे और श्रोता अपने बाल-बच्चोंसे कहेंगे कि 'बड़े भाग्य हमारे जो तुका दिखाने।'

भगवन्नामकी महिमा गाते-गाते, तुकोबाराय जिस वैकुण्ठसे मृत्युलोकमें आये थे वह वैकुण्ठ, वह श्रीमहाविष्णु, वे सनकादि संत, वह सुरऋषि नारद, वह वाहनेश्वर गरुड, वह आदिमाया श्रीमहालक्ष्मी, वे समग्र

वैकुण्ठवासी भक्तजन सब नेत्रोंमें समा गये और उन्हींमें यह भी तन्मय हो गये। जागतेमें जिसका ध्यान लगा रहता है, पलक लगते ही वह सामने आ जाता है, वैसे ही सारा जीवन जिस ध्यानमें बीतता है वही मृत्युसमयमें हृदयमें समा जाता है। तुकारामजीके नेत्र जो कुछ देखते थे, कान जो कुछ सुनते थे, मन जो कुछ मनाता था, वाणी जो कुछ बोलती थी, चित्त जो कुछ चिन्तन करता था, अंदर-बाहर जो कुछ भाव-भराव था वह सब विट्ठलमय था; इस कारण प्रयाणकालमें श्रीविठ्ठलके सिवा उनके लिये और कोई गति ही नहीं थी। विष्णुसहस्रनाममें 'वैकुण्ठः पुरुषः प्राणः' वैकुण्ठको *महाविष्णुके नामोंमें गिनाया है। उनका लोक भी वैकुण्ठ ही है। सब परम* विष्णुभक्त वैकुण्ठमें ही रहते हैं। वैकुण्ठसे जगत्-कल्याणके लिये नीचे मानवलोकमें आते हैं और धर्मकार्य करके पुनः निजधामको चले जाते हैं। सम्पूर्ण विश्व अव्यक्तसे व्यक्तिमापन्न होता है और फिर अव्यक्तमें ही जाकर लीन होता है। जो जहाँसे आता है वहींको लौट जाता है। तुका वैकुण्ठसे आये, जीवनभर वैकुण्ठकी ओर ही ध्यान लगाये रहे और प्रयाण भी वैकुण्ठको ही कर गये।

'हे सनकादि संत! आप बड़े कृपावन्त हो। इतना उपकार हो कि भगवान्से मेरा नमस्कार कहो और करुणा उपजाकर वैकुण्ठके राजासे यह विनती करो कि तुका कहता है कि अब मेरी सुधि लो और जल्द सवारी भेज दो।'

यह कहकर तुकारामजीने गरुड़जीसे प्रार्थना की कि 'भगवान्को शीघ्र ले आओ। शेषनागके सामने भी गिड़गिड़ाये कि स्वामी हरीकेशको जगा दो। 'मेरा चित्त उन्हींके आनेकी ओर लगा है, माइके आनेकी बाट जोह रहा हूँ। अब माँ-बाप स्वयं ही मुझे लिवा ले जायेंगे।' इसके पश्चात् तुकारामजीके अंगपर शुभ चिह्न उदय होने लगे। मन वैकुण्ठ-गमन करनेको उत्कण्ठित हो गया। दृष्टि वैकुण्ठकी ओर चली देहभाव

ताता रहा। प्रपञ्चकी हवा, मृत्युलोकके सङ्गकी दूषित वायु उनके लिये असह्य हो उठी। सनकादि सत वैकुण्ठमें भगवद्दर्शनके नित्य आनन्दमें निमग्न रहते, गरुड़-से एकनिष्ठ भक्त जहाँ परिचर्या करनेमें सदा तत्पर रहते, साक्षात् आदिमाया लक्ष्मी जहाँ अपने कोमल करोंसे भगवान्के कोमलतर चरणोंको दबाती हुई अखण्ड परमानन्दमें निवास करती हैं उस शुद्ध सत्त्व पावन दिव्य वैकुण्ठधामको जानेके लिये तुकारामजीका मन अत्यन्त उत्कण्ठासे फड़फड़ा रहा था। श्रीमहाविष्णु तब 'तुकाको अकेला देख' वैकुण्ठसे आ गये। भगवान्को और किसीने भी नहीं देख पाया।

'श्रीहरि आ पहुँचे। उनके हाथोंमें शख चक्र सुशोभित थे। गरुड़जी फड़फड़ाते हुए बड़े वेगसे दौड़े आये, उनके फड़ात्कारसे 'नामी-नामी' ध्वनि निकल रही थी। भगवान्के मुकुट-कुण्डलोंकी दीप्तिके सामने गभस्तिमान् अस्त हो गये। मेघ-श्याम वर्ण, विशाल नेत्र, सुन्दर मधुर चतुर्भुजमूर्ति प्रकाशित हुई। गलेमें वैजयन्तीमाल लटक रही थी, पीताम्बर ऐसा दमक रहा था जैसे दसों दिशाएँ जगमगा उठी हों। तुका सन्तुष्ट हुआ जो घर ही वैकुण्ठपीठ चला आया।'

यह कहते-कहते तुकाराम अन्तर्धान हो गये। उनका शरीर फिर किसीने नहीं देखा। वह अदृश्य होकर अदृश्यमें मिल गये, सशरीर वैकुण्ठमें मिल गये।

तुकाराम महाराजके पुत्र नारायणबोवाने एक लेखमें लिख रखा है कि 'तुकोबाराय कीर्तन करते-करते अदृश्य हो गये।' हाथ आया हुआ चिद्रत्न खो गया, यह कहकर सब शिष्य फूट फूटकर रोने लगे। वह चैत्र कृष्ण (अमान्त मास फाल्गुन कृष्ण) द्वितीयाका दिन था जिस दिन तुकाराम महाराज अदृश्य हुए। पञ्चमीके दिन उनका करताल, तम्बूरा और कम्बल मिला। पाँच दिन भक्तोंने कीर्तन भजन-महोत्सव किया। तुका सशरीर वैकुण्ठ गये, इसलिये उनका क्रियाकर्म करनेका कुछ प्रयोजन नहीं

रहा। यही शास्त्रीय व्यवस्था सबसबोंके दिन परमेश्वर महाराजने की ओर इसे अपने शिरोधार्य किया। तबसे तुकाराम महाराजका प्रयाण-महोत्सव देहूमें प्रतिवर्ष उसी मासकी कृष्ण १ से ५ तक हुआ करता है।

तुकाराम महाराज चले गये तब उनके भक्तोंके शोकका कोई पारावार न रहा। उस प्रसङ्गपर कान्होबाने बत्तीस अभंग रचे जिनसे यह कल्पना करते बनती है कि दुःखसे उनका हृदय कितना विदीर्ण हो गया था—

'दुःखसे हृदय फटा जाता है, कण्ठ रुँध गया है। हाय! हमारे सखा! ऐसा क्या अपराध हमने किया कि यों तुम हमें ऐसे बीहड़ वनमें छोड़कर चले गये! ऐसे करुण स्वरसे बच्चे तुम्हें पुकार पुकारकर रो रहे हैं कि धरती फटा चाहती है। हम सब तुम्हारे भक्त थे न! हमें क्या अपने साथ तुम नहीं ले जा सकते थे! तुम जानते हो तुम्हारे सिवा दोनों लोकोंमें हमारा कोई सखा नहीं है। 'कान्हा' कहता है तुम्हारे बिछोहसे हम सब अनाथ हो गये। आओ, प्यारे! एक बार आकर मिल तो जाओ!

•　　•　　•

'भक्ति, मुक्ति, ब्रह्मज्ञान तेरा भाड़में जाय। पहले मेरा भाई मुझे लाकर ला दो। ऋद्धि सिद्धि मोक्ष—सब सूँघीपर टाँग दो। पहले मेरा भाई मुझे लाकर ला दो। अब ले जाओ अपने वैकुण्ठको। पहले मेरा भाई मुझे लाकर ला दो' तुकाभाई कहता है 'पाण्डुरङ्ग! सावधान! कहीं ऐसा न हो कि तेरे सिर हत्या लगे!'

४ सदेह वैकुण्ठ-गमन

तुकाराम जो सदेह वैकुण्ठको चले गये इससे आधुनिक विद्वानोंके दिमाग चकरा गये हैं चर्चाका चस्का चलकर अपना-अपना विचार भी प्रकट कर रहे हैं। इन विचारोंके खण्डन-मण्डनके फेरमें पड़नेका कोई

प्रयोजन नहीं है। पर बहुतोंने मुझसे यह प्रश्न किया है कि 'तुकाराम सशरीर वैकुण्ठको कैसे चले गये ?' इस प्रश्नका उत्तर भला मैं क्या दे सकता हूँ ? ऐसा तो है नहीं कि मैं वैकुण्ठसे चला आ रहा हूँ और यहाँ आकर अपने 'मुमुक्षु' पत्रके कार्यालयमें बैठकर यह चरित्र लिख रहा हूँ! मैं वैकुण्ठका आँखों देखा हाल भला कैसे बता सकता हूँ ? प्रत्यक्षप्रमाण जहाँ न हो वहाँ शब्द-प्रमाण माना जाता है, सो इस प्रसङ्गमें भरपूर है और वही मैं पेश कर सकता हूँ! और अधिक-से-अधिक, तुकारामजीके सदेह वैकुण्ठ-गमनके विषयमें यही कह सकता हूँ कि इस अद्भुत घटनापर मेरा पूर्ण विश्वास है। यह जमाना आधिभौतिक शास्त्रोंके प्रचारका है अर्थात् इन चर्मचक्षुओंसे जो दिखायी दे उसीको मानने, दृश्य सृष्टिसे परेकी अदृश्य शक्तियोंका अस्तित्व अस्वीकार करने, शब्द-प्रमाणको उड़ा देने और मनमानी बातोंको लिख मारनेका जमाना है। सामान्य विद्वानोंकी ऐसी ही प्रवृत्ति है। ऐसे समयमें जब श्रद्धाकी सुध ही नहीं है, धर्मकी धारणा-शक्तिका सहारा ही छूटा-सा जा रहा है तब तुकारामजीके सदेह वैकुण्ठ गमनकी-सी विलक्षण बातें बुद्धिको जँचा देना असम्भव ही है। और मेरी तो इतनी योग्यता भी नहीं कि इस विषयमें अपने अनुभवकी कोई बात कह सकूँ। भगवान्‌की दयासे थोड़ा-सा सत्सङ्ग-लाभ इस जीवनमें हो गया और सत-समागममें कई ऐसी बातें देखनेमें आयीं जिनतक आधिभौतिक विज्ञानकी पहुँच नहीं है। ऐसी बातें मैंने देखी हैं, बहुतोंने देखी होंगी। कृमि-कीटसे लेकर मनुष्य-देहतक कुछ किञ्चिज्ज्ञता हमलोगोंको प्राप्त हुई है पर ऐसा कोई ज्ञान हमें नहीं प्राप्त हुआ है, न कोई ऐसा प्रमाण हमारे पास है जिससे हम यह कह सकें कि मनुष्ययोनिसे परे देव-गन्धर्वादि लोक हैं ही नहीं! मन, बुद्धि, अन्तरात्माका कौन-सा निश्चित ज्ञान हमें मिल गया है ? देहके विषयमें भी हमारा ज्ञान कितना है ? स्वप्नसृष्टिकी पहेली तो अभीतक समझी ही नहीं गयी ? जागृतिका किञ्चिज्ज्ञान, स्वप्नसृष्टिका कुछ नहीं-सा

ज्ञान और उसके परे शून्य ज्ञान—यही तो हमारे ज्ञानकी पूँजी है। इतनेसे ज्ञान यानी लगभग पूर्ण अज्ञानके बलपर हम अध्यात्मयोग तथा साधु-संतोंकी सब बातोंको उड़ा देनेका दुस्साहस करें तो यह केवल 'मुखमस्तीति वक्तव्यम्' के सिवा और कुछ नहीं हो सकता। यह केवल बचकानापन ही है। ऐसे अनधिकारी विद्वान् ज्ञानवालोंको अधिकारी अनुभवी पुरुष मुस्कुराते बालक रूप समझकर ही चुप रहते हैं। यूरोप और अमेरिकामें मनोविज्ञान तथा अन्य गूढ़ विज्ञानोंकी खोज नवीन रीतिसे आरम्भ करनेका प्रयत्न हो रहा है। अध्यात्मज्ञानका यह केवल श्रीगणेश-सा कहा जा सकता है। भारतवर्ष देश अध्यात्मज्ञानकी खानि है। न जाने कितनी शताब्दियोंसे यहाँ इस गूढ़ ज्ञान-विज्ञानका अध्ययन-अध्यापन ही क्यों, अनुभव और आनन्द लाभ हुआ है। कितने प्रत्यक्षदर्शी महात्मा हो गये हैं, उसकी कोई गणना नहीं। तुकारामजी इसी देशमें, इसी देहके साथ कैसे वैकुण्ठको प्राप्त हुए। वैकुण्ठ क्या है और कहाँ है। वहाँ कोई कैसे पहुँचता है, इत्यादि बातोंका ज्ञान वैसे ही स्वानुभवसम्पन्न पुरुष बता सकते हैं कि जिनकी तुकारामजीकी-सी पहुँच हो। गणितकी पहेलियाँ गणितज्ञ ही समझ सकता है, मोट ढोनेवाला बेचारा उन्हें क्या समझे! वह यदि मोट ढोनेको ही गणितका सम्पूर्ण ज्ञान मान ले और गणितशास्त्रमें अपनी टाँग अड़ावे तो उसे हम क्या कुछ कह सकते हैं? यही उन विद्वानोंको भी क्या कहना जो आधिभौतिक व्यापारकी कुछ बाह्य जीवनोपयोगी व्यवहारकी बातोंका ज्ञान ढोते फिरते हैं। पर भीतरी अध्यात्मका जिन्हें कोई पता नहीं! तुकारामजीने भक्तियोगका पर पार देखा, उनका भक्तियोगसे खिंचकर अष्ट महासिद्धियाँ उनके द्वारपर आकर हाथ जोड़े खड़ी रहती थीं। 'पिण्डमें पिण्डका पिण्ड' पारकर अर्थात् शरीरका पार्थिव अंश आपमें, पानीका तेजमें तेजका वायुमें वायुका आकाशमें इस प्रकार पाञ्चभौतिक देहका लय करके वह वैकुण्ठवासी हुए। यही शास्त्रोंका यही कथन है।

गुलाबराव महाराज कहा करते थे कि देहके साथ वैकुण्ठ जाया जा सकता है। शब्द-प्रमाणको देखते हुए रामेश्वर भट्टका वचन है और अन्य अनेक संतों और कवियोंके वचन हैं, सबका यही अभिप्राय है कि तुकाराम सदेह वैकुण्ठ गये।

रामेश्वर भट्ट कहते हैं—'पहले जो बड़े-बड़े कवीश्वर हुए उन सबसे पूछा कि आपके कलेवर कौन ले गया? सबसे पूछकर वह विमानमें बैठ चले गये।' निलोबारायने 'मानवदेहको लिये निजधाम चले' इस आशयकी आरतीमें कहा है कि 'श्रीतुकारामके योगकी यही सिद्धि थी कि वह काया-सहित मुक्त हुए।' कचेश्वरकी उक्ति है कि 'श्रीतुकारामने संतोंमें जो बड़ी कीर्ति पायी वह यही है कि उन्होंने इस देहको भी सायुज्य गति दी।' भक्तमञ्जरिमालाकार भी यही कहते हैं कि 'तुकारामने इस जड़ देहको विमानपर बैठाया।' रङ्गनाथ स्वामीका एक बड़ा मजेदार पद इस प्रसङ्गपर है जिसका आशय इस प्रकार है—

'नरदेह लिये वणिक् जो वहाँ पहुँचा, वह वाणी सुनो। घटको फोड़कर जनकादिने मिट्टी अनुभव की, यह तुका वैसा नहीं है, इसने घटको रखकर चित्तमें उसे धारण कर लिया। औरोंने दूधको छोड़कर पानी पीया, यह तुका वैसा नहीं है, इसने दूधको रखकर उसका मक्खन चाखा। औरोंने 'कोऽहम्' का छिलका निकालकर 'सोऽहम्' का रस पान किया; यह तुका वैसा नहीं है, यह 'कोऽहम्' को बिना छीले ही खाकर पचा गया। औरोंने इस मिश्रपुटमेंसे जड़को फेंक दिया, यह तुका वैसा नहीं है। इसने पारससे लोहेको भी सोना बना लिया। जड़बुद्धि 'अहम्' वाले इस देहको निजस्वरूपमें ढो ले गया, निज रंगमें इसका रंग देखनेका ही श्रीरंगने निश्चय किया। अस्तु, इस वाणीका अब सार मर्म कहता हूँ कि योगियोंका जन्म क्या है?—जगत्‌को दिखायी देना। और मरण क्या है?—

कमात्से अदृश्य हो जाना। स्वधामगत होनेके ये अमरित धर्म योगियोंके अपने रंग हैं।'

मेरे विद्यार्थीन गुरु और विख्यात संस्कृतज्ञ पण्डित गोपाळ राव नन्दरगीकर शास्त्रीजीने सशरीर स्वर्ग सिधारनेके चार-पाँच दृष्टान्त वाल्मीकि-रामायणसे ढूँढ़कर दिये हैं। उन्हें मैं पाठकोंके आगे रखता हूँ—

(१) कौशिककी बहिन सत्यवती इस शरीरके साथ ही स्वर्ग सिधारी।

सशरीरा गता स्वर्गं भर्तारमनुवर्तिनी।

(बाल १४। ८)

(२) बालकाण्ड ५७—६ में त्रिशंकुकी समग्र कथा पाठक देखें, त्रिशंकुके चित्तमें यह तीव्र अभिलाषा थी कि एक महायज्ञ करके सदेह स्वर्गको जायँ—'गच्छेयं स्वशरीरेण देवतानां परां गतिम्।' (५७। १२) पर वसिष्ठने इसका विरोध किया और यह शाप दिया कि तुम चाण्डालत्वको प्राप्त होगे त्रिशंकु चाण्डाल हुआ। तब वह विश्वामित्रकी शरणमें गया। विश्वामित्रने उसे यह वरदान दिया कि—

अनेन सह रूपेण सशरीरो गमिष्यसि॥

(५९। ४)

और यज्ञ रचनेके लिये ब्राह्मणोंको बुलाकर विश्वामित्रने उनसे कहा—

स्वेनानेन शरीरेण देवलोकजिगीषया।
यथायं स्वशरीरेण देवलोकं गमिष्यति॥
तथा प्रवर्त्यतां यज्ञो भवद्भिश्च मया सह।

(६। १-४)

'तुम-आप मिलकर ऐसा यज्ञ रचें जिससे यह राजा इसी शरीरसे स्वर्गको चला जाय।'

१

यज्ञ आरम्भ हुआ। देवताओंको हविर्भाग देनेका जब समय आया तब विश्वामित्रने उनका आवाहन किया पर देवता नहीं आये, तब विश्वामित्रका क्रोध भड़का और उन्होंने कहा—

> स्वार्जितं किञ्चिदप्यस्ति मया हि तपस फलम् ॥
> राजस्त्वं तेजसा तस्य सशरीरो दिव व्रज ।
> उक्तवाक्ये मुनौ तस्मिन् सशरीरो नरेश्वर ॥
> दिव जगाम काकुत्स्थ मुनीना पश्यतां तदा ।
>
> (६० । १४–१६)

'मैंने जो कुछ तपका फल स्वय अर्जन किया है, हे राजन्! उसके तेजसे तुम सशरीर स्वर्गको जाओ।' मुनिके इस वचनके प्रतापसे वह राजा सब मुनियोंके देखते हुए सशरीर दिव्यलोकको चला गया।

(३) अयोध्याकाण्ड सर्ग ११० मे महर्षि वसिष्ठने श्रीरामचन्द्रजीसे रघुकुलके पूर्व पुरुषोंकी नामावली निवेदन की है। उसमे राजा त्रिशकुके सम्बन्धमें यही कहा है कि 'स सत्यवचनाद्वीर' सशरीरो दिव गत'।' अर्थात् वह वीर पुरुष सत्य वचनके द्वारा सशरीर दिव्यलोकको प्राप्त हुआ।

(४) वन-वन घूमते हुए एक बार एक वनमें आनेपर सुग्रीव श्रीरामचन्द्रजीसे उस वनका इतिहास कहते हुए बतलाते हैं—

> अत्र सप्तजना नाम मुनय' शंसितव्रता ।
> सप्तैवासन्नध शीर्षा नियत जलशायिन. ॥
> सप्तरात्रे कृताहारा वायुनाचलवासिन ।
> दिवं वर्षशतैर्याता सप्तभि सकलेवरा ॥
>
> (किष्किन्धा० १३ । १८-१९)

(५) अदृश्य सर्वमनुजै सशरीरं महाबलम् ।
प्रगृह्य लक्ष्मण शक्रस्त्रिदिवं सविवेश ह ॥

(उत्तर० १०६ । १७)

(६) स्वयं श्रीरामचन्द्र अपने शरीर तथा भ्राताओंसहित वैष्णवलोकमें प्रवेश कर गये—

विवेश वैष्णवं तेजः सशरीरः सहानुजः ॥
(उत्तर ११ । ११)

महाभारत (स्वर्गारोहण पर्व अ० ३ । ४१-४२) में यह वर्णन है कि धर्मराज युधिष्ठिरने मानव-देह त्याग कर दिव्य वपु धारण किया और देवताओंके साथ दिव्य धामको गये—

गङ्गां देवनदीं पुण्यां पावनीमृषिसंस्तुताम् ।
अवगाह्य ततो राजा तनुं तत्याज मानुषीम् ॥
ततो दिव्यवपुर्भूत्वा धर्मराजो युधिष्ठिरः ।

तुकाराम महाराज सशरीर वैकुण्ठको गये और कीर्तन करते-करते यह अदृश्य हो गये, यह घटना अपूर्व तो है ही, पर इसी प्रकारकी गति और भी कुछ महात्माओंने पायी है। मुक्ताबाई इसी प्रकारसे देखते-देखते ही गुप्त हो गयीं। कबीरसाहबके विषयमें भी ऐसी ही बात कही जाती है। कबीरसाहबने १ १ वर्षकी आयुमें एक दिन अपने शिष्योंसे गुलाबके फूलोंकी सेज तैयार करनेको कहा। सेज तैयार हुई, कबीरसाहब उसपर एक दुशाला ओढ़कर लेट गये। कुछ समय बाद शिष्योंने दुशाला उठाकर देखा कबीरसाहब तो नहीं हैं। फूलोंमें वह गुप्त हो गये। यह घटना अनेक हिन्दू और मुसलमान लेखकोंने आँखों देखी बतलाकर लिख रखी है। (अवकर मुमेंसिन मार्च १९१५) सिक्ख सम्प्रदायके संस्थापक गुरु नानकका भी अन्त इसी प्रकार हुआ। सम्वत्के ७ वें वर्ष उनकी इहयात्रा समाप्त हुई। उनका अन्त्येष्टि-संस्कार हिन्दू-धर्मकी विधिसे किया जाय या इस्लामके अनुसार, यह झगड़ा उनके शिष्योंमें छिड़ गया। यही विवाद चल रहा था कि जब एक शिष्य-ने उनके शव शरीरपरसे ज्यों चद्दर उठायी त्यों ही वह शरीर गायब हो

गया, इससे दहन-दफनका झगड़ा भी मिटा। (एनीबेसण्टकृत 'दि रिलीजिअस प्राब्लेम इन इण्डिया') द्राविड़-देशके संत तिरुपन्न (अलवर) और शैव साधु माणिक्यके विषयमें ऐसी ही सशरीर हरिस्वरूप हो लेनेकी कथाएँ उस ओर प्रसिद्ध हैं। ईसाइयोंके धर्मशास्त्र बाइबलमें 'प्रेषितोंके कृत्य' प्रकरणमें इसी प्रकारका वर्णन है। सब साधु-संत, रामायण, महाभारत-जैसे ग्रन्थ, कालिदास से कवीश्वर (रघुवंश सर्ग १५) और अन्य धर्मग्रन्थ भी एकमत होकर 'सदेह वैकुण्ठ-गमन करने और कीर्तन करते-करते अदृश्य हो जाने' की घटनाकी सत्यता प्रमाणित कर रहे हैं। फिर भी इस सत्कथा-प्रसङ्गपर जिनका विश्वास न जमता हो वे कृपा करके श्रीतुकाराम महाराजके अभंगोंका 'विश्वास और आदर' के साथ शान्त चित्तसे अध्ययन करें और महाराजने भगवत्प्रसाद लाभ करनेका जो स्वानुभूत साधन-मार्ग उन्हीं अभंगोंमें बताया है उसपर चलें। यही प्रार्थना करके—

'श्रीतुकाराम महाराजकी जय'

—के घोषमें उनके इस चरित्रग्रन्थको पूर्ण करते हैं और यह नव वाक्पुष्प श्रीपाण्डुरङ्ग भगवान्‌के चरणोंमें समर्पित कर पाठकोंसे विदा लेते हैं।

इति

"ॐ तत् सत् श्रीकृष्णार्पणमस्तु"

श्रीहरि.

सचित्र, संक्षिप्त भक्त-चरित-मालाकी पुस्तकें

(सम्पादक—श्रीहनुमानप्रसादजी पोद्दार)

भक्त बालक—पृष्ठ ७२, सचित्र, इसमें गोविन्द, मोहन, धन्ना, चन्द्रहास और सुधन्वाकी कथाएँ हैं। मूल्य ... ।-)

भक्त नारी—पृष्ठ ६८, एक तिरंगा तथा पाँच सादे चित्र, इसमें शबरी, मीराबाई, करमैतीबाई, जनाबाई और रबियाकी कथाएँ हैं। मूल्य ।-)

भक्त-पञ्चरत्न—पृष्ठ ८८, एक तिरंगा तथा एक सादा चित्र, इसमें रघुनाथ, दामोदर, गोपाल, शान्तोबा और नीलाम्बरदासकी कथाएँ हैं। मूल्य ... ।-)

आदर्श भक्त—पृष्ठ ९६, एक रंगीन तथा ग्यारह सादे चित्र, इसमें शिबि, रन्तिदेव, अम्बरीष, भीष्म, अर्जुन, सुदामा और चक्रिककी कथाएँ हैं। मूल्य ... ... ।-)

भक्त-चन्द्रिका—पृष्ठ ८८, एक तिरंगा चित्र, इसमें साध्वी सखूबाई, महाभागवत श्रीज्योतिपन्त, भक्तवर विट्ठलदासजी, दीनबन्धुदास, भक्त नारायणदास और बन्धु महान्तिकी सुन्दर गाथाएँ हैं। मूल्य ।-)

भक्त-सप्तरत्न—पृष्ठ ८६, सचित्र, इसमें दामाजी पन्त, मणिदास माली, कूबा कुम्हार, परमेष्ठी दर्जी, रघु केवट, रामदास चमार और सालबेगकी कथाएँ हैं। मूल्य ... ।-)

भक्त-कुसुम—पृष्ठ ८४, सचित्र, इसमें जगन्नाथदास, हिम्मतदास, बालीग्रामदास, दक्षिणी तुलसीदास, गोविन्ददास और हरिनारायणकी कथाएँ हैं। मूल्य ... ।-)

प्रेमी भक्त—पृष्ठ ८८, एक तिरंगा चित्र, इसमें बिल्वमङ्गल, जयदेव, रूप-सनातन, हरिदास और रघुनाथदासकी कथाएँ हैं। मूल्य ... ।-)

प्राचीन भक्त—पृष्ठ १५२, चार बहुरंगे चित्र, इसमें मार्कण्डेय, महर्षि अगस्त्य और राजा ऋभु, कण्डु, उतङ्क, आरुणक, पुण्डरीक, पोतपाल और विष्णुदास, देवमाली, सुदर्शन, राजा सुरथ, दो मित्र भक्त, चित्रकेतु, वृत्रासुर एवं तुलाधार आदिकी कथाएँ हैं। मूल्य ॥)

भक्त-सौरभ—पृष्ठ ११ , एक तिरंगा चित्र, इसमें श्रीव्यासदासजी, स्वामी श्रीप्रयागदासजी, ठाकुर पण्डित, प्रतापराय और गिरधरकी कथाएँ हैं। मूल्य ।–)

भक्त-सरोज—पृष्ठ १ ४, एक तिरंगा चित्र, इसमें गङ्गाधरदास, श्रीनिवास आचार्य, श्रीधर, गदाधर भट्ट, लोकनाथ, लोचनदास, मुरारिदास, हरिदास, मुकुन्दसिंह चौहान और भक्तवरसिंहकी कथाएँ हैं। मूल्य ।≈)

भक्त-सुमन—पृष्ठ ११२, दो तिरंगे तथा दो सादे चित्र, इसमें विष्णुचित्त, विठोबा, नामदेव, राँका-बाँका, धनुर्दास, पुरन्दरदास, गणेशनाथ, जोग परमानन्द, मनकोजी बोधला और सदन कसाईकी कथाएँ हैं। मूल्य ।≈)

भक्त-सुधाकर—पृष्ठ १ , भक्त रामचन्द्र, लाखाजी गोवर्धन रामदास, शाहू महाराज आदिकी १२ कथाएँ हैं, चित्र १२, मूल्य ॥)

भक्त-महिलारत्न—पृष्ठ १ रानी रत्नावती हरदेवी, निर्मला, ... सरस्वती आदिकी ९ कथाएँ हैं, चित्र ७ मूल्य ।≈)

भक्त-दिवाकर—पृष्ठ १ भक्त सुव्रत वैश्वानर, पद्मनाभ, विप्र और नन्दी वैश्य आदिकी ८ कथाएँ हैं, चित्र ८ मूल्य ।≈)

भक्त-रत्नाकर—पृष्ठ १ , भक्त माधवदासजी भक्त विमलतीर्थ, महेश-मण्डल, मङ्गलदास आदिकी १४ कथाएँ हैं, चित्र ८, मूल्य ।≈)

ये बड़े-बालक, स्त्री पुरुष—सबके पढ़ने योग्य, बड़ी सुन्दर और शिक्षाप्रद पुस्तकें हैं। एक-एक प्रति अवश्य पास रखने योग्य है।

पता—गीताप्रेस, पा० गीताप्रेस (गोरखपुर)

श्रीहरिः

श्रीजयदयालजी गोयन्दकाकी कुछ पुस्तकें—

१—श्रीमद्भगवद्गीता—तत्त्वविवेचनी नामक हिंदी-टीकासहित,
पृष्ठ ६८४, रंगीन चित्र ४, कपड़ेकी जिल्द, मूल्य ४)
२—तत्त्व-चिन्तामणि—(भाग १) पृष्ठ ३५२, मू० ॥=) सजिल्द १)
३— „ „ (भाग २) पृष्ठ ५९२, मू० ॥।=) सजिल्द १।)
४— „ „ (भाग ३) पृष्ठ ४२४, मू० ॥≈) सजिल्द १-)
५— „ „ (भाग ४) पृष्ठ ५२८, मू० ॥।-) सजिल्द १≡)
६— „ „ (भाग ५) पृष्ठ ४९६, मू० ॥।-) सजिल्द १≡)
७— „ „ (भाग ६) पृष्ठ ४५६, मू० १) सजिल्द १।=)
८— „ „ (भाग ७) पृष्ठ ५३०, मू० १=) सजिल्द १॥)
९— „ „ (भाग ४) छोटे आकारका संस्करण,
सचित्र, पृष्ठ ६८४, मू० ।=) सजिल्द ॥=)
१०—रामायणके कुछ आदर्श पात्र—पृष्ठ १६८, मूल्य ।=)
११—परमार्थ-पत्रावली—(भाग १) ५१ पत्रोंका संग्रह, मूल्य ।)
१२— „ (भाग २) ८० „ मूल्य ।)
१३— „ (भाग ३) ७२ „ मूल्य ॥)
१४— „ (भाग ४) ९१ „ मूल्य ॥)
१५—महाभारतके कुछ आदर्श पात्र—पृष्ठ १२६, मूल्य ।)
१६—आदर्श नारी सुशीला—सचित्र, पृष्ठ ५६, मूल्य ≈)
१७—आदर्श भ्रातृ प्रेम—सचित्र, पृष्ठ १०४, मूल्य ≡)
१८—गीता-निबन्धावली—पृष्ठ ८०, मूल्य =)॥
१९—नवधा भक्ति—सचित्र, पृष्ठ ६०, मूल्य =)
२०—बाल-शिक्षा—सचित्र, पृष्ठ ६४, मूल्य =)
२१—श्रीभरतजीमें नवधा भक्ति—सचित्र, पृष्ठ ४८, मूल्य =)
२२—नारीधर्म—सचित्र, पृष्ठ ४८, मूल्य -)॥

पता—**गीताप्रेस, पो० गीताप्रेस (गोरखपुर)**